# दैनिक अयोध्या टाइम्स

RNI NO.: UPHIN/2015/67284

समस्या आपकी-आवाज हमारी

Email:dainikayodhyatimes@gmail.com www.dainikayodhyatimes.in/.page

वर्ष : 8 अंक : 158 पब्लिकेशन स्थानः कानपुर नगर पृष्ठ : 08, मूल्य : 2 रुपये, रविवार 07 अगस्त 2022 (डाक पंजीयन संख्याः 272 / 2021–23)


## संक्षिप्त समाचार

### नीति आयोग की बैठक से नीतीश कुमार ने बनाई दूरी, प्रधानमंत्री की मीटिंग में नहीं होंगे शामिल

पटना। बिहार की राजनीति में लगातार नए–नए कयास लगाए जा रहे हैं। नीतीश कुमार की चुप्पी के सही मायने भी निकाले जा रहे हैं। इन सबके बीच नीतीश कुमार का एक और बड़ा फैसला किया है। नीतीश कुमार ने ऐसा फैसला लिया है जिसके बाद इस बात की



चर्चा और जोरों पर हो जाएगी कि क्या बिहार के मुख्यमंत्री वाकई भाजपा से नाराज चल रहे हैं? दरअसल, 7 अगस्त को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में नीति आयोग की बैठक होनी है। इस बैठक में सभी राज्यों के मुख्यमंत्री शामिल होते हैं। लेकिन नीतीश कुमार ने फिलहाल इस बैठक से दूरी बना ली है। हालांकि, इस दूरी का कारण अब तक पता नहीं चल पा रहा है। खबर तो यह भी है कि नीतीश कुमार उपमुख्यमंत्री तारकिशोर प्रसाद को इस बैठक के लिए भेजना चाहते थे। लेकिन उनसे साफ–साफ कहा गया है कि इसमें केवल मुख्यमंत्री ही शामिल होता है। उनका कोई प्रतिनिधि नहीं।

### मनी लान्ड्रिंग केस में सत्येंद्र जैन की पत्नी पूनम जैन को कोर्ट से बड़ी राहत, निजी मुचलके पर मिली अंतरिम जमानत

नई दिल्ली।दिल्ली की एक अदालत से केजरीवाल सरकार के मंत्री सत्येंद्र जैन की पत्नी को बड़ी राहत मिली है। कोर्ट की तरफ से पूनम जैन को अंतरिम जमानत दी गई है।



दिल्ली की एक अदालत ने मनी लॉन्ड्रिंग मामले में दिल्ली के मंत्री सत्येंद्र जैन की पत्नी पूनम जैन की अंतरिम जमानत की अर्जी स्वीकार कर ली। कोर्ट ने अंतरिम जमानत देते हुए कहा कि जांच के दौरान उसे गिरफ्तार नहीं किया गया था। इसके लिए पूनम जैन को एक लाथ रुपये का मुचलका भरना पड़ेगा। इस बीच, दिल्ली के मंत्री सत्येंद्र जैन ने भी अपनी अंतरिम जमानत याचिका वापस ले ली। उन्होंने पहले चिकित्सा आधार पर अंतरिम जमानत दी थी। उनके वकील ने कहा कि उन्हें आज अस्पताल से छुट्टी मिल रही है और वे अंतरिम जमानत के लिए आवेदन वापस लेना चाहते हैं। बता दें कि प्रवर्तन निदेशालय ने दिल्ली सरकार के मंत्री सत्येंद्र जैन के खिलाफ चल रहे मनी लॉन्ड्रिंग मामले में पूनम को भी आरोपी बनाया है। ईडी की टीम की तरफ से पूनम जैन से पूछताछ भी की जा चुकी है। पूनम जैन ने गिरफ्तारी से बचने के लिए कोर्ट में याचिका दायर की थी। मामले की अगली सुनवाई 20 अगस्त को होगी।

### महेश शर्मा ने सोसायटी की महिलाओं से की बात, कहा- 48 घंटे में गिरफ्तार किया जाएगा श्रीकांत त्यागी

नोएडा।उत्तर प्रदेश में गौतबुद्धनगर जिले में पुलिस ने एक महिला के साथ अभद्रता करने वाले नेता श्रीकांत त्यागी के खिलाफ उत्तर प्रदेश



पुलिस ने सख्त कार्रवाई शुरू कर दी है। त्यागी के खिलाफ कल जहां वीडियो के आधार पर मामला दर्ज किया गया था, वहीं अब वह फरार बताया जा रहा है। बीजेपी की स्थानीय इकाई ने उसे अपना सदस्य होने से इनकार किया है। इसके साथ ही नोएडा से बीजेपी के सांसद और पूर्व केंद्रीय मंत्री महेश शर्मा ग्रैंड ओमैक्स सोसाइटी पहुंचे। सोसायटी के कॉमन एरिया में बड़ी संख्या में महिलाओं की मौजूदगी रही।

### महिला क्रिकेट टीम ने पक्का किया मेडल, सेमी फाइनल मुकाबले में इंग्लैंड को 4 रनों से हराया

नई दिल्ली। कॉमनवेल्थ गेम्स के सेमीफाइनल मुकाबले में भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने इंग्लैंड को दिलचस्प मुकाबले में 4 रनों से हरा दिया है। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी टीम इंडिया ने इंग्लैंड के समक्ष 164 रन बनाए थे। जीत के लिए इंग्लैंड की टीम को 165 रन बनाने थे। हालांकि, इंग्लैंड की टीम 6 विकेट गंवाकर 160 रन ही बना सकी। इस जीत के साथ ही टीम इंडिया फाइनल में पहुंच गई है और कम से कम सिल्वर मेडल पक्का हो गया है। दूसरा सेमीफाइनल मुकाबला ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड के बीच होगा। इन दोनों टीम के विजेता टीम से टीम इंडिया का फाइनल में मुकाबला होगा। फाइनल में जीतने पर टीम इंडिया को गोल्ड मेडल मिलेगा। भारत की ओर से सधी हुई गेंदबाजी हुई जिसकी बदौलत इंग्लैंड की टीम लक्ष्य को हासिल नहीं कर सकी। इंग्लैंड की ओर से डेनियल वाइट ने 35 रन बनाए। वाइट ने सोफिया के साथ मिलकर इंग्लैंड को अच्छी शुरुआत दिलाई थी।

## विपक्ष की साझा उम्मीदवार मार्गरिट अल्वा को हराया देश के अगले उपराष्ट्रपति होंगे जगदीप धनखड़

राम कृपाल सिंह
नेशनल ब्यूरोचीफ

नई दिल्ली। देश के अगले उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ होंगे। जगदीप धनखड़ ने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी मार्गरेट अल्वा को हरा दिया है। उपराष्ट्रपति चुनाव में जगदीप धनखड़ एनडीए के उम्मीदवार थे। वही मार्गरेट अल्वा विपक्ष की साझा उम्मीदवार थीं। कुल 725 सांसदों ने वोट डाला था। जगदीप धनखड़ के पक्ष में 528 वोट पड़े जबकि मार्गरेट अल्वा को 182 वोट मिले हैं। 15 वोट रद्द किए गए हैं। आपको बता दें कि उपराष्ट्रपति चुनाव में संसद के दोनों सदन के सदस्य ही मतदान करते हैं।



लोकसभा महासचिव उत्पल के सिंह ने बताया कि एनडीए के उम्मीदवार जगदीप धनखड़ ने कुल 725 मतों में से 528 मतों के साथ 346 मतों से जीत हासिल की। जबकि 15 को अवैध करार दिया गया, विपक्षी उम्मीदवार मार्गरेट अल्वा को चुनाव में 182 वोट मिले। राज्यसभा के निर्वाचित और मनोनीत सदस्यों और लोकसभा के निर्वाचित सदस्यों वाले 780 मतदाताओं में से 725 मतदाताओं ने अपने मत डाले। कुल मतदान – 92.94 प्रतिशत रहा। बताते चलें कि निवर्तमान उपराष्ट्रपति एम वेंकैया नायडू का कार्यकाल 10 अगस्त को खत्म हो रहा है। 11 अगस्त को जगदीप धनखड़ का शपथ ग्रहण समारोह होगा। नए राष्ट्रपति के लिए आज चुनाव कराए गए थे। चुनाव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत केंद्रीय मंत्री, मनमोहन सिंह, विपक्ष के नेताओं ने मतदान किया। जगदीप जी देश के पहले ओबीसी उपराष्ट्रपति होंगे। जगदीप धनखड़ के जीत से उनके गांव में जश्न का माहौल है। जमकर आतिशबाजी भी की जा रही है।

## समय अब यूपी का है, यूपी की अर्थव्यवस्था 10 खरब डालर बनाने के लिए डेलायट इंडिया के साथ करारः सीएम

राम कृपाल सिंह
नेशनल ब्यूरोचीफ

लखनऊ। उत्तर प्रदेश सरकार और डेलॉयट इंडिया संस्था के बीच शुक्रवार को एक अनुबंध पत्र हस्ताक्षर हुए. सरकार ने प्रदेश की अर्थव्यवस्था को 10 खरब डॉलर तक लाने के लिए संस्था को हाल में सलाहकार के रूप में नियुक्त किया था।

शुक्रवार को जारी सरकारी बयान के अनुसार, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की उपस्थिति में कंसल्टेंट एजेंसी श्डेलॉयट इंडियाश और उत्तर प्रदेश सरकार के बीच अनुबंध पत्र हस्ताक्षरित हुए. बयान में कहा गया है कि देश की सबसे बड़ी आबादी वाले



राज्य उत्तर प्रदेश की समृद्धि के लिए प्रदेश सरकार ने डेलॉयट इंडिया को यह बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है।

बताते चलें कि उत्तर प्रदेश सरकार ने 19 जुलाई को राज्य की अर्थव्यवस्था को 10 खरब डॉलर तक लाने के लिए डेलॉयट इंडिया संस्था को एक सलाहकार के रूप में नियुक्त करने का फैसला किया था. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में हुई मंत्रिपरिषद की बैठक में एक उच्चाधिकार समिति की सिफारिश पर इस संबंध में निर्णय लिया गया था. अनुबंध पत्र हस्ताक्षर के मौके पर मुख्यमंत्री योगी ने कहा, अब समय उत्तर प्रदेश का है, अपनी क्षमता का पूरा लाभ उठाते हुए उत्तर प्रदेश देश के बहुआयामी विकास का सबसे महत्वपूर्ण आधार बनेगा।

सीएम योगी ने कहा कि 2027 तक उत्तर प्रदेश 10 खरब डॉलर की अर्थव्यवस्था के साथ सबका साथ–सबका विकास की नीति का मानक बनेगा. अगले 90 दिनों के भीतर डेलॉयट इंडिया संस्था अद्यतन स्थिति के अनुसार सेक्टरवार अध्ययन करते हुए गहन विवेचना के साथ भावी कार्य योजना प्रस्तुत करें।

## एक्सीडेंट में घायलों को मिलेगी मदद, पुलिस के जवानों को दी जा रही है स्पेशल ट्रेनिंग

राम कृपाल सिंह
नेशनल ब्यूरोचीफ

लखनऊ। यूपी ओर्थोपेडिक एसोसिएशन इस समय यूपी



पुलिस के जवानों को विशेष ट्रेनिंग दे रहा है कि कैसे सड़क किनारे किसी घायल की जान बचाई जा सके.असल में इंडियन ऑर्थोपेडिक एसोसिएशन का 1 से 7 अगस्त तक बोन एंड ज्वाइंट वीक होता है. इस बार की थीम ईच वन सेव वन है. इसी के तहत लखनऊ पुलिस लाइन में भी एसोसिएशन की तरफ से पुलिस के जवानो को ट्रेनिंग दी जा रही है। ट्रेनिंग देने पहुंचे यूपी ऑर्थोपेडिक एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रो. आशीष कुमार ने बताया कि अक्सर ऐसा देखते हैं की कोई व्यक्ति सड़क पर जा रहा और अचानक हार्ट अटैक आ गया या एक्सीडेंट में घायल हो गया. कई बार लोग इनकी मदद को नहीं आते या आते हैं तो उन्हें अंदाज नहीं होता की कैसे मेडिकल सपोर्ट आने तक इनका जीवन बचाया जाये. ऐसे मामलों में पुलिस कर्मी, ड्राइवर या अन्य आदमी सबकी भूमिका है।

इसी के तहत यहां के पुलिस कर्मियों का प्रशिक्षण किया जा रहा है कि कैसे किसी के हार्ट को हाथ से पंप करके, मुंह से सांस देकर बचाया जा सकता है.अगर हड्डी टूटी है तो क्या करें. डॉ. आशीष ने बताया की एएसपी राहुल श्रीवास्तव के माध्यम से एडीजी एलओ प्रशांत कुमार के साथ बैठक कर कार्यक्रम तय हुआ था. प्रदेश के विभिन्न जिलों की पुलिस लाइन में ऐसी ही ट्रेनिंग करा रहे हैं. लखनऊ पुलिस लाइन में ही प्रतिदिन करीब 200 लोगों की ट्रेनिंग हो रही है।

## तिरंगे का नाम लेकर दंगे का नाम जोड़ना महापाप अखिलेश यादव इस वक्त हैं विचलितः केशव प्रसाद मौर्य

राम कृपाल सिंह
नेशनल ब्यूरोचीफ

लखनऊ। डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने एक बार फिर सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव पर निशाना साधा है. ये निशाना उन्होंने अखिलेश यादव के उस बयान पर साधा है जिसमें उन्होंने बीजेपी की तिरंगा यात्रा के दौरान दंगे की आशंका की बात कही थी. केशव प्रसाद मौर्य ने कहा अखिलेश यादव इस समय विचलित और बेचौन हैं. जब आजादी का अमृत महोत्सव मनाया जा रहा, हर घर तिरंगा लगाने का अभियान चलाया जा रहा. यह पूरा देश उत्सव के वातावरण में हो. उस समय तिरंगे का नाम लेकर के दंगे का नाम जोड़ना महापाप है।

डिप्टी सीएम मौर्य ने कहा, अखिलेश यादव को अपना कार्यकाल याद आता है क्योंकि उनके कार्यकाल में हर दिन दंगे होते थे. बीजेपी सरकार के कार्यकाल में एक भी दंगा नहीं हुआ. दंगाइयों को भी चेतावनी देना चाहता हूं कि गलती से भी उत्तर प्रदेश में दंगा के बारे में न सोचे. मैं जानता हूं कि सपा के पास अपराधी है, गुंडे हैं, माफिया हैं, दंगाई हैं।

केशव प्रसाद ने आगे कहा, श्उनके पास इस प्रकार के लोगों की कमी नहीं है लेकिन पांच साल में वह जान गए हैं कि अगर ऐसा गड़बड़ करेंगे तो बख्शे नहीं जाएंगे. मुझे नहीं लगता कि अगर अखिलेश यादव चाहेंगे तो भी कोई दंगाई दंगा करने की साजिश करेगा और अगर करेगा



तो कठोर कार्रवाई का सामना करेगा. हमारा विभाग और सरकार सब लोग मिलकर तैयारियों में जुटे हैं. विभाग की दृष्टि से कहें तो हमारी महिला स्वयं सहायता समूह भी तिरंगा निर्माण के काम में लगी है. इससे जहां उन्हें रोजगार मिला है तो दूसरी तरफ भारत माता की पूजा के लिए वह अपना योगदान दे पा रही हैं।

## बिजनौर में अज्ञात लोगों ने की मंदिर के पुजारी की पीट-पीटकर हत्या, इलाके में फैली सनसनी

बिजनौर।उत्तर प्रदेश के बिजनौर जिले के शेरकोट थाना क्षेत्र में 70 वर्षीय पुजारी की पीट–पीट कर हत्या कर दी गई. एक पुलिस अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी. अधिकारी ने बताया कि पुलिस को घटना की पीसीआर कॉल शनिवार सुबह करीब 5.40 बजे मिली. मृतक पुजारी की पहचान बेगराज के रूप में हुई, जिसे मंदिर परिसर मे मृत पाया गया।

पुलिस अधीक्षक (बिजनौर) दिनेश सिंह ने बताया, शेरकोट थाना क्षेत्र में नेशनल हाईवे–74 पर स्थित मनोकामना मंदिर के 70 वर्षीय पुजारी की अज्ञात लोगों ने डंडों से पीट–पीटकर हत्या कर दी. पुजारी का शव मंदिर परिसर में मृत पाया गया. शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए शवगृह भेजा गया है. दरअसल, यह मामला बिजनौर के शेरकोट इलाके के मनोकामना मंदिर का है जहां पर शनिवार सुबह 4 और साढ़े चार बजे के आसपास अज्ञात बदमाश मंदिर में घुसे और 70 साल के बुजुर्ग पुजारी बेगराम की लाठी डंडो से पीट पीटकर हत्या कर दी. जिसके बाद मोके पर पहुंची पुलिस ने पुजारी के शव को कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और जांच शुरू कर दी है. है. अज्ञात बदमाशों को पकड़ने के लिए पुलिस ने तीन टीमें गठित कर दी है. मौके पर डॉग स्क्वायड और फिंगर प्रिंट के एक्सपर्ट जांच पड़ताल में जुट गए है। पुलिस अधीक्षक ने बताया, कि फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल पर जांच कर साक्ष्य जुटाए हैं. पुलिस ने स्थानीय पुलिस थाने में अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 302 के तहत हत्या की प्राथमिक रिपोर्ट दर्ज की. घटना का जल्द खुलासे के लिए तीन टीमें गठित की गई हैं. आगे जांच की जा रही है।

## राजनाथ सिंह को सौंपी गई छात्राओं द्वारा तैयार की गई राखियां शौर्य स्थल अध्यक्ष तरुण विजय का सीमांत जवानों को राखियां अभियान

राम कृपाल सिंह नेशनल ब्यूरोचीफ उत्तराखंड। आज रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को उत्तराखंड, तमिलनाडु और इन राखियों को बनाया। आईटीआईटीआई दून संस्कृति विद्यालय के जनजातीय छात्रों ने संथाली जनजातीय राखियाँ



दिल्ली की छात्राओं द्वारा हस्तनिर्मित दो लाख राखियाँ शौर्य स्थल अध्यक्ष तरुण विजय द्वारा ससम्मान भेंट की गयीं। राजनाथ सिंह ने इस अभियान की प्रशंसा करते हुए कहा कि प्रत्येक राखी वीर सैनिकों के लिए देशवासियों के प्रेम और सम्मान का प्रतीक है और वे इन राखियों को सेना के तीनों अध्यक्षों को प्रदान करेंगे ताकि थल जल और वायु सैनिकों तक यह राखियाँ पहुँचे।

देहरादून से केंद्रीय विद्यालय की विभिन्न इकाइयों ने आयुक्त मीनाक्षी जैन के मार्गदर्शन में बना कर राष्ट्रपति के प्रति सम्मान प्रकट किया। तमिलनाडु से डॉक्टर राम सुब्रमण्यम देहरादून से कुमारी शांभवी दिल्ली से राजकुमार भाटिया ने राखियाँ अर्पित कीं। स्व जनरल बिपिन रावत जी के संरक्षण में 'सैनिकों के लिए राखियाँ ' अभियान छः वर्ष पूर्व आरम्भ किया गया था। इसके साथ ही प्रसिद्ध गीतकार मनोज मुंतशिर इस अवसर पर विशेष रूप से उपस्थित थे। उन्होंने अपना लोकप्रिय गीत– मिट्टी में मिल जावां३ गाकर सबको आह्लादित कर दिया।

## एनटीटी दिल्ली का तीसरा दीक्षांत समारोह सम्पन्न शिक्षा राज्य मंत्री सुभाष सरकार थे विशिष्ट अतिथि

नई दिल्ली।राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान दिल्ली ने शनिवार, 06 अगस्त, 2022 को अपना तीसरा दीक्षांत समारोह आयोजित किया। समारोह का आयोजन विज्ञान भवन में किया गया। इस अवसर पर 793 छात्रों को उपाधि देकर सम्मानित किया गया , जिसमें 34 पीएच.डी., उपाधि प्राप्त करने वाले छात्रों और एनआईटी दिल्ली परिवार को अपनी शुभकामनाएं भेजी। मुख्य अतिथि महोदय विशेष परिस्थितियों के कारण समारोह में सम्मिलित नहीं हो पाए। अपने संदेश में उन्होंने संस्थान द्वारा 16 प्रायोजित परियोजनाओं (प्रोजेक्टस) के



567 बी.टेक, और 192 एम.टेक के छात्र शामिल हैं। संस्थान ने असाधारण शैक्षणिक योग्यता हासिल करने वाले 08 छात्रों को राष्ट्रपति के स्वर्ण पदक, 30 छात्रों को निदेशक स्वर्ण पदक, और 20 छात्रों को संस्थान रजत पदक से सम्मानित किया। इस अवसर पर सुपर–30 कार्यक्रम के संस्थापक श्री आनंद कुमार को डॉक्टर ऑफ फिलॉसफी की मानद उपाधि से भी सम्मानित किया गया।

समारोह के मुख्य अतिथि केन्द्रीय शिक्षा मंत्री माननीय, श्री धर्मेंद्र प्रधान जी थे। मुख्य अतिथि माननीय, श्री धर्मेंद्र प्रधान जी ने अपने भेजे संदेश में क्रियान्वयन और राष्ट्रीय, अंतर्राष्ट्रीय पत्रिकाओं, सम्मेलनों और प्रतिष्ठित पुस्तकों में एक हजार (1139) से अधिक अकादमिक प्रकाशन के लिए संस्थान के शिक्षकों की सराहना की। उन्होंने देश की प्रगति में नवाचार और सुशासन के लिए कुशल समाधान प्रदान करने की संस्थान के प्रयासों को महत्वपूर्ण माना। उन्होंने देश के सामाजिक–आर्थिक विकास के लिए नवाचार और सक्रिय अनुसंधान की भावना को मजबूत करने के लिए एनआईटी दिल्ली, इसके छात्रों और संकाय सदस्यों की क्षमता में पूर्ण विश्वास दिखाया।

## कुल बिजली उत्पादन में नवीकरणीय ऊर्जा का 29 प्रतिशत योगदानः आरके सिंह

नयी दिल्ली। केंद्रीय बिजली मंत्री आर के सिंह ने कहा है कि बिजली की बढ़ती मांग के बीच कुल बिजली उत्पादन में अक्षय ऊर्जा का योगदान 25 प्रतिशत से लेकर 29 प्रतिशत रहा है। बिजली मंत्रालय ने



एक बयान में कहा है कि बृहस्पतिवार शाम को हुई बिजली और नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय के लिए संसदीय सलाहकार समिति की बैठक में मंत्री ने यह जानकारी दी। सिंह ने संसद सदस्यों के सवालों का जवाब देते हुए कहा कि हाल के महीनों में जब बिजली की मांग बढ़ी है, तो अक्षय ऊर्जा का (आरई) कुल बिजली उत्पादन में 25 से 29 प्रतिशत हिस्सा रहा। बैठक में लघु एवं मध्यम उपक्रम (एसएमई) के लिए किए गए ऊर्जा दक्षता हस्तक्षेप की उपलब्धियों को भी साझा किया गया। इसके अलावा ऊर्जा संरक्षण के उपायों पर एक प्रस्तुति दी गई। इस बैठक में बताया गया कि मंत्रालय ने राज्यों को मुख्य सचिवों के अधीन ऊर्जा बदलाव के लिए राज्य स्तरीय संचालन समितियों का गठन करने को कहा है। कई राज्य पहले ही इन समितियों का गठन कर चुके हैं।

# संक्षिप्त समाचार

## आनलाईन प्रवेश परीक्षा के आधार पर जनपद कानपुर देहात में संचालित निःशुल्क कोचंग केन्द्र पर प्रतियोगी परीक्षा

संवाददाता राधा ठाकुर कानपुर देहात। जिला समाज कल्याण अधिकारी डॉ0 प्रज्ञा शंकर द्वारा मुख्यमंत्री अभ्युदय योजनान्तर्गत उ0प्र0 शासन एवं प्रबंधन अकादमी लखनऊ (mike) अवगत कराया गया कि वर्ष 2022–23 में आयोजित कराई गई ऑनलाईन प्रवेश परीक्षा के आधार पर जनपद कानपुर देहात में संचालित निःशुल्क कोचंग केन्द्र पर प्रतियोगी परीक्षा UPSC/UPPSC, IIT&JEE, NDA/CDS, NEET कोर्स में पंजीकृत छात्रों के सापेक्ष छात्रों की उपस्थिति में कमी रहने के दृष्टिगत ऐसे उत्साही छात्र/छात्राओं को निःशुल्क कोचिंग लेने हेतु पंजीकरण कराने के लिये आमंत्रित किया जाता है, जो UPSC/UPPSC, IIT&JEE, NDA/CDS, NEET की आगामी प्रतियोगी परीक्षाओं में सम्मिलित होना चाहते हैं। परन्तु वह ऑनलाईन प्रवेश परीक्षा में सम्मिलित नहीं हो सके इच्छुक छात्र/छात्रायें कार्यालय जिला समाज कल्याण अधिकारी, कानपुर देहात (विकास भवन माती, कानपुर देहात) से पंजीकरण आवेदन प्राप्त कर सकते है।

## रेलवे लाइन में मिला अधेड़ का शव लोगों ने जताई हत्या की आशंका, पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा

आनन्द बाबा कानपुर दक्षिण। गोविंद नगर थाना क्षेत्र में स्थित गुजैनी सी ब्लॉक में रहने वाले ज्ञान सिंह 60 वर्ष का शव गुजैनी के– ब्लॉक समीप खारजा नहर के ऊपर से गुजर रही झांसी रेलवे लाइन पर सुबह तकरीबन 07:30 बजे मिला जिसे देख वहां से गुजर रहे राहगीरों ने पुलिस को सूचना दी। जिनकी सूचना पाते ही मौके पर पहुंची क्षेत्रीय चौकी रतनलाल पुलिस, जिन्होंने शव की जांच पड़ताल की जिसके पास से मिली डायरी में लिखे नंबरों के माध्यम से फोन कॉल कर लोगो को घटनाक्रम में बुलवा कर शव की पहचान कराई गई जिससे मृतक की पहचान हो सकी। जानकारी के अनुसार' मृतक दादा नगर में



लोडर चलाने का काम करता था और सी– ब्लॉक गुजैनी में किराए का कमरा लेकर काफी समय से अकेला रह रहा था पत्नी प्रभा मायके रहती थी और बेटा साहिल जोकि दिल्ली में रह कर काम करता है। मृतक की पहचान होते ही पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया साथ ही प्राप्त जानकारी के अनुसार' मृतक अधेड़ पर लगभग 1 सप्ताह पहले ही मारपीट गाली–गलौज व जाती सूचक शब्द का प्रयोग करने पर हरिजन एक्ट का मुकदमा पड़ोस में ही रहने वाले युवक के द्वारा लिखाया गया था।

## आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर शासन व प्रशासन द्वारा हर घर तिरंगा अभियान का विचार लाया

ब्यूरोचीफ अनुज प्रताप सिंह कानपुर देहात। आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर शासन व प्रशासन द्वारा हर घर तिरंगा अभियान का विचार लाया गया है। किसी भी राष्ट्र के नागरिकों की पहचान सुनिश्चित करने हेतु अपने प्रतीकों का अलग महत्व होता है। इन प्रतीकों में हमार राष्ट्रीय ध्वज का अलग एवं विशिष्ट स्थान रखता है। जब भी व्यक्ति द्वारा कोई विशिष्ट कार्य किया जाता है, उस विशिष्ट कार्य के फलस्वरूप जब उस देश का ध्वज सबसे ऊंचा फहराया जाता है तो मन स्वाभिमान व गर्व से प्रफुल्लित हो जाता है। भारतीय स्वतंत्रता आन्दोलन में अनेको शहीद इस तिरंगे के साथ हस्त हस्ते अपने प्राणों की आहूति दे गए। भारत का रोम–रोम उन देश भक्तों के सम्मुख नतमस्तक है, जिन्होंने तिरंगे की शान में अपने प्राणों का बलिदान दे दिया। हर घर तिरंगा अभियान का भी यही उद्देश्य है कि व्यक्ति देश के प्रति अपने कर्तव्यों को समझे, उसका ईमानदारी व निष्ठा के साथ निर्वहन करें। साथ ही साथ व्यक्ति के अंदर अपने राष्ट्र के प्रति समर्पण की भावना का संचार हो सके। इस हेतु हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री जी ने हर नागरिक से अपील की है कि हर घर तिरंगा से जुड़े और अपना योगदान देश के प्रति समर्पित करें। भारत की आजादी की 75वी वर्षगाँठ को अविस्मरणीय मनाने हेतु हर घर तिरंगा अभियान की शुरुआत की गयी है। एक राष्ट्र के रूप में राष्ट्रीय ध्वज को सामूहिक रूप में लाने से न केवल तिरंगे के साथ व्यक्तिगत जुडाव कायम हो जाता है बल्कि राष्ट्र निर्माण के प्रति हमारी प्रतिबद्धता और सम्मान का प्रतीक भी जाता है जनपद कानपुर देहात में इस हेतु जिलाधिकारी नेहा जैन के नेतृत्व में कुछ विशिष्ट कार्य किये जा रहे हैं, जैसे बच्चों द्वारा प्रभात फेरी का आयोजन दीवाली पर वाल पेटिम, के माध्यम से आजादी की गाथा का अंकन किया जा रहा है। इसके अलावा इस अवसर पर नयी पहल के रूप में जिलाधिकारी द्वारा अमृत रत्न खोज, अमृत अभिव्यक्ति की पत्रिका प्रकाशन कर सभी के विचारों को कविताओं के माध्यम से प्रसारित करना, वृद्धजन जिनकी आयु 80 वर्ष से अधिक है उनके पास अनगिनत अनमोल यादें, स्मृतियों एवं बहुमूल्य अनुभवों को सभी बच्चों एवं नई पीढ़ी के साथ साझा करना एवं अमृत आजादी फिल्म फेस्टिवल के माध्यम से देश भक्ति की फिल्मों का दृश्य प्रचार कर देश भक्ति की भावना को जाग्रत करना, इस तरह से कानपुर देहात इस समय तिरंगे के रस में सराबोर है। व्यक्ति इस अवसर को पूर उमंग और उत्साह के साथ मानने हेतु तत्पर दिखाई दे रहे हैं।

## ललित अग्रवाल बने जयहिंद नेशनल पार्टी के राष्ट्रीय सचिव मिला राजस्थान का अतिरिक्त कार्यभार

जोधपुर। जयहिंद नेशनल पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ आशीष श्रीवास्तव जी ने पत्रकारिता के क्षेत्र में कार्यरत कलम के सिपाही और सनातन हिंदू धर्म के लिए हिंदू वीर धर्म रक्षक के रूप में कार्य कर रहे ललित अग्रवाल को राष्ट्रीय सचिव पद पर मनोनीत करते हुए राजस्थान का अतिरिक्त कार्यभार का दायित्व प्रदान किया है।कलम के सिपाही ललित अग्रवाल वर्तमान में राष्ट्रीय स्तर राष्ट्रहित में विभिन्न संगठनों में अपनी सेवाएं दे रहे हैं राजनीतिक क्षेत्र में यह उनकी शुरुआत है और उन्होंने इस मौके पर कहा कि इसका पूरा पूरा श्रेय जय हिंद नेशनल पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉक्टर आशीष श्रीवास्तव व बड़े भाई समान प्रदीप कुमार जायसवाल जी को जाता है।

## प्रदेश में वर्ष 2022 में राज्य अध्यापक पुरस्कार के चयन हेतु सभी जनपदों से आवेदन मांगे

संवाददाता राधा ठाकुर कानपुर देहात। जिला विद्यालय निरीक्षक अरविन्द कुमार द्विवेदी द्वाराबशासन से आये पत्रके क्रम में अवगत कराया है कि प्रदेश में वर्ष 2022 में राज्य अध्यापक पुरस्कार के चयन हेतु सभी जनपदों से आवेदन प्राप्त करने हेतु प्रदेश में राजकीय/अशासकीय सहायता प्राप्त एवं संस्कृत विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों को राज्य अध्यापक पुरस्कार हेतु नीति / व्यवस्था निर्धारित की गई है, जिसके क्रम में शैक्षिक सत्र 2022–23 में राज्य अध्यापक पुरस्कार चयन के सम्बन्ध में आन लाइन बेवसाइट http://school.upmsp.edu.in पर आवेदन पत्र प्राप्त करते हुए समय सारणी के अनुसार समयबद्ध कार्यवाही सुनिश्चित की जानी है। उन्होंने राज्य अध्यापक पुरस्कार के आवेदन हेतु निर्धारित नियमों व समय सारिणी के संबंध में बताया कि शिक्षको द्वारा http://school.upmsp.edu.in पर आन लाइन आवेदन दिनांक 04 अगस्त से 13 अगस्त, 2022 को रात्रि 11:59 बजे तक किया जाएगा, जिसके उपरान्त जनपदीय समिति द्वारा प्राप्त आवेदन पत्रों का सत्यापन कर पात्र अध्यापकों का चयन कर मण्डलीय समिति को 14 अगस्त से 20 अगस्त 2022 तक विवरण उपलब्ध कराया जाएगा।

तदोपरान्त मण्डलीय समिति द्वारा पुर्न परीक्षण/सत्यापन कर पात्र अध्यापकों का चयन राज्य चयन समिति के सदस्य सचिव शिक्षा निदेशक (मा०) को 21 अगस्त से 25 अगस्त, 2022 तक प्रस्ताव उपलब्ध कराया जाएगा एवं 26 अगस्त से 30 अगस्त, 2022 के मध्य राज्य स्तरीय समिति द्वारा चयन कार्यवाही की जाएगी, जिसके उपरान्त सम्बन्धित शिक्षक गण द्वारा अपने समस्त अभिलेख/ उत्कृष्ट कार्यों का विवरण आवेदन पत्र के साथ आन लाइन अपलोड किया जायेगा, जिससे सम्बन्धित शिक्षकगण द्वारा अपने उत्कृष्ट कार्यों के सम्बन्ध में अपने 5 मिनट का वीडियो भी अपलोड किया जायेगा इस प्रक्रिया में यह स्पष्ट है कि आफ लाइन आवेदन स्वीकार्य नहीं किये जायेंगे इस हेतु शैक्षिक सत्र 2022 में राज्य अध्यापक पुरस्कार हेतु शासनादेश दिनांक 10–7–2022 के द्वारा निर्धारित मानदण्डों के अनुरूप कार्यवाही सुनिश्चित कराते हुए सम्बन्धित शिक्षकों से निर्धारित समय सारिणी के अनुसार आन लाइन बेवसाइट http://school.upmsp.edu.in पर आवेदन स्वीकार्य किये जायेंगे।

## ग्रीन पार्क विजिटर गैलरी का जल्द ही सेकंड फेस का कार्य भी कंप्लीट कर लिया जाएगा और इसे आम जनता के लिए खोल दिया जायेगा

कानपुर। "संग्रहालय एक ऐसा स्थान होता है, जहां सब खोजा और संजोया जा सकता है।" ग्रीन पार्क विजिटर गैलरी का जल्द ही सेकंड फेस का कार्य भी कंप्लीट कर लिया जाएगा और इसे आम जनता के लिए खोल



दिया जायेगा। बताना चाहेंगे कि इस कड़ी में देश/प्रदेश के संभ्रात लोगो का भरपूर सहयोग प्राप्त हो रहा है, उसी कड़ी में आज श्री बब्बू लांबा जी के द्वारा ग्रीन पार्क स्टेडियम के इतिहास की धरोहर के कुछ आइटम/सामग्रियां दिये गये हैं। आपको बताते चले श्री लांबा जी निवास पर भी छोटा सा म्यूजियम बना है, और अपने इसी म्यूजियम से श्री लांबा जी ने ग्रीन पार्क स्टेडियम/क्रिकेट खेल से जुड़े कुछ आइटम्स् और सामग्रियां ग्रीन पार्क को प्रदान की गयी हैं।



श्री बब्बू लांबा द्वारा बताया गया कि–

1. सन् 1944 में जब खिलाड़ी रगबी खेला करते थे, तब दर्शक इस ब्रिटिश कालीन दूरबीन के माध्यम से मैच को देखकर लुफ्ठ उठाते थे।
2. इण्डिया बनाम वेस्ट इण्डीज के मैच में सन् 1978 का बुल वर्कर (खिलाड़ी एक्सरसाइज इंस्ट्रूमेंट) उपयोग किया गया।
3. सन् 1959 के माह दिसम्बर में हुए मैंच इण्डिया बनाम आस्ट्रेलिया में इस पेपर वेट का उपयोग हुआ था।
4. सन् 1952 के माह जनवरी में हुए मैंच इण्डिया बनाम इंग्लैण्ड में इस आईस बाक्स का उपयोग हुआ था।
6. सन् 1944 में इस स्याही दवात का अंग्रेजों द्वारा घुड़सवारी के समय इस्तेमाल किया जाता था।
7. 1950 की पुरानी किताबे, अखबार कटिंग
8. सन् 1945 में ग्रीन पार्क में क्रिकेट मैच खेलने आये खिलाड़ियों द्वारा गंगा नदी में मछली पकड़ने में इस ओल्ड फिशिंग स्टिक का इस्तेमाल किया जाता था।
9. सन् 1942 में ईस्ट इण्डिया कम्पनी द्वारा निर्मित इस वाटर फिल्टर का कानपुर ग्रीन पार्क स्टेडियम में खिलाड़ियों को पानी पीने हेतु इसका उपयोग किया जाता था।
10. सन 1945 में इन दोनों पुराने ताले के द्वारा ग्रीन पार्क के कमरों को बन्द करने में इसका उपयोग किया जाता था।
11. सन् 1960 के माह दिसम्बर में निर्मित ट्रांजिस्टर (रेडियो)।
12. सन् 1945 में इंग्लैण्ड में निर्मित इस स्मॉल शेविंग किट का उपयोग खिलाड़ियों द्वारा किया जाता था।

यह विजिटर गैलरीध्म्यूजियम, ग्रीन पार्क उपलब्धियों को दर्शाएगा और कानपुर में मौजूद ग्रीन पार्क स्टेडियम मे क्रिकेट खेल पर भी ध्यान आकर्षित करेगा। इस संग्रहालय का लक्ष्य, देश में "खेलों" को जीवन शैली के रूप में लोकप्रिय बनाना है। इस संग्रहालय में कैफेटेरिया, एक एक्टिविटी जोन, यादगार वस्तुएं/सोविनियर शॉप और प्ले एरिया भी होगा। मण्डलायुक्त ने उपरोक्त आइटम्स को देखकर खुशी जाहिर की और उन सभी व्यक्तियों, जिन्होंने विजिटर गैलरी में क्रिकेट से जुड़ी सामग्रियों को प्रदर्शित करने हेतु सामग्रिया प्रदान की हैं, को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया, जिनका विवरण निम्नवत् है

1. श्री मयंक बाजपेयी
2. मोहम्मद कैफ
3. श्री कुलदीप यादव
4. श्री पीयूष चावला
5. श्री अंकित राजपूत
6. श्री चन्दन अग्रवाल
7. श्री बब्बू लाम्बा
8. अनस बकई
9. सौरभ चतुर्वेदी

उपरोक्त के अतिरिक्त अन्य सभी लोगों, जिन्होंने इस कार्य में अपना योगदान दिया है, उन्हें प्रशस्ति पत्र प्रदान किया। मण्डलायुक्त ने सभी आम–जनमानस से अपील की कि जो व्यक्ति इस विजिटर गैलरी में प्रदर्शित करने हेतु कानपुर ग्रीन पार्क के इतिहास से जुड़ी वस्तुओं/सामग्रियों देना चाहता है, तो वे श्रीमती मुद्रिका पाठक, उप निदेशक, खेल, क्षेत्रीय खेल कार्यालय, ग्रीन पार्क, कानपुर मो0नं0 9650680022 से सम्पर्क कर कार्यालय में दे सकते हैं और उन्हें कार्यालय के ओर से इस आशय का प्रमाण पत्र भी उपलब्ध कराया जायेगा।

## जन शिकायतों की सुनवाई और उनका समय और गुणात्मक निवारण उत्तर प्रदेश सरकार की प्राथमिकता : कमिश्नर

कानपुर। जन शिकायतों की सुनवाई और उनका समय और गुणात्मक निवारण उत्तर प्रदेश सरकार की प्राथमिकता है। उपरोक्त उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए आज आयुक्त ने कानपुर नगर के तहसील सदर में आयोजित समाधान दिवस में औचक रूप से पहुँचकर जन शिकायतों के निस्तारण की व्यवस्थाओं, सुविधाओं एवं गुणवत्ता का जायजा लिया। यहां तहसील दिवस में सम्बन्धित विभागों के कुछ अधिकारियों के साथ वरिष्ठ अधिकारियों में श्री अनुराज जैन, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/ उप जिलाधिकारी, कानपुर नगर उपस्थित मिलें। आयुक्त द्वारा दी गई टिप्पणियों और निर्देशों के महत्वपूर्ण बिंदु हैं:–

निरीक्षण के दौरान समाधान दिवस में 7 अधिकारी तहसील दिवस में अनुपस्थित मिलें।

1. अपर पुलिस अधीक्षक
2. पुलिस क्षेत्राधिकारी
3. सहायक वन संरक्षक
4. सहायक/अवर अभियंता, जल निगम, 5. सहायक/अवर अभियंता, नलकूप, 6. सहायक अभियंता, लोक निर्माण विभाग
7. अधिशाषी अधिकारी (नगर पालिका/नगर पंचायत)

उपरोक्त अधिकारियों के अतिरिक्त तहसील क्षेत्रान्तर्गत पुलिस विभाग के कई थानों के थानाध्यक्ष /दरोगा समाधान दिवस में अनुपस्थित मिले तथा कई थानों के थानाध्यक्षों/ थाना प्रभारी द्वारा उपस्थिति पंजिका पर हस्ताक्षर नहीं किये गये। इस पर आयुक्त ने जिलाधिकारी को शासनादेश के क्रम में बिना सूचना के अनुपस्थित सभी अधिकारियों को कारण बताओं नोटिस जारी कर उनका जवाब प्राप्त करने तथा तद्नुसार आवश्यक कार्यवाही करने को कहा। इसके साथ ही समाधान दिवस में सभी अधिकारियों की समय से उपस्थिति सुनिश्चित करने हेतु सभी अधिकारियों को समय पर होने व उपस्थिति पंजिका में अनिवार्य रूप से हस्ताक्षर करने हेतु अपने स्तर से निर्देशित करने को कहा।

आज के तहसील समाधान दिवस में विभिन्न विभागों और मुद्दों से सम्बन्धित कुल 139 आवेदन प्राप्त हुए। यह देखा गया कि समाधान दिवस में शिक्षा के अधिकार अधिनियम के तहत अधिकांश संख्या में आवेदन प्राप्त हुये हैं, जिनमें उनके आवदेकों का कहना है कि शिक्षा के अधिकार अधिनियम के तहत विद्यालयों में आवेदन देने पर विद्यालय द्वारा अनावश्यक आपत्तियां लगाकर एडमिशन (दाखिला) लेने से इंकार कर दिया जा रहा है। आज इस तरह के लगभग 25 आवेदन प्राप्त हुए हैं। इस पर आयुक्त ने जिलाधिकारी को निर्देशित किया गया कि ऐसे जितने भी आवेदन प्राप्त हुए हैं, उन सभी आवेदनों को विद्यालयवार सूचीबद्ध करते हुए आगामी 15 दिनों में सम्बन्धित विद्यालयों के प्रबन्धक/ प्रधानाचार्यों, शिक्षा विभाग के अधिकारियों एवं आवेदकों को नोटिस देकर बुलाकर बैठक कर लें और इस तरह के सभी आवेदनों का वन–टू–वन निस्तारण कराये जाने के सम्बन्ध में उचित निर्णय लेते हुए उनका एक माह के अन्त तक उनका निस्तारण कराया जाना सुनिश्चित करें।

यह भी देखा गया कि समाधान दिवस में कानपुर नगर निगम के हाउस टैक्स से सम्बन्धित अधिकांश शिकायते प्राप्त हुयी है, जिसमें शिकायतकर्ताओं द्वारा बताया गया कि नगर निगम द्वारा मकान मालिकों को हाउस टैक्स की नोटिसें नियमानुसार समय पर नही भेजी जा रही है तथा कभी–कभी नोटिस भेजी ही नहीं जा रही हैं, जिस कारण उनका हाउस टैक्स बकाया रह जाता है। आयुक्त ने नगर आयुक्त को निर्देशित किया गया कि हाउस



टैक्स निर्गत किये जाने में सुसंगत नीति के अनुसार सभी को हाउस टैक्स के लिए नियमानुसार एक माह में नोटिस निर्गत करें, ताकि सम्पत्ति के मालिक को कितना हाउस बकाया है और उसे किस निर्धारित तिथि तक जमा किया जाना है, के सम्बन्ध में जानकारी हो सके और वह नियमानुसार बकाया धनराशि को जमा कर सके।

इसके आयुक्त ने नगर आयुक्त को इसका साप्ताहिक आधार पर अनुश्रवण करने को भी कहा। 5) आयुक्त ने उपस्थित सभी अधिकारियों को समय पर गुणात्मक रूप से मुद्दों/समस्याओं को हल करने और एक सप्ताह के भीतर एसडीएम को रिपोर्ट भेजने के निर्देश दिए। साथ ही निस्तारण की एक प्रति आवेदक/ शिकायतकर्ता को भी उसके पते पर भिजवाने के लिए ताकि वह अपनी शिकायत/आवेदन पर की गई कार्रवाई से अवगत हो सके।

## तहसील सम्पूर्ण समाधान दिवस में 235 शिकायतें हुई प्राप्त, चार शिकायतों का मौके पर हुआ निस्तारण

- आजादी के अमृत महोत्सव के तहत हर घर तिरंगा अभियान में सभी लोग करें प्रतिभाग
- तहसील में साफ सफाई एवं पत्रावलियों के रख रखाव में अधिकारी एवं कर्मचारी दे विशेष ध्यान : जिलाधिकारी
- जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक, मुख्य विकास अधिकारी ने तहसील परिसर में किया पौधरोपण

ब्यूरोचीफ अनुज प्रताप सिंह कानपुर देहात। जिलाधिकारी नेहा जैन की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन तहसील डेरापुर में आयोजित हुई, सम्पूर्ण समाधान दिवस में विभिन्न विभागों की 235 शिकायतें प्राप्त हुई जिसमें चार शिकायतों का निस्तारण मौके पर कराया गया।

इसमें राजस्व की 130, पुलिस 32, विकास 35, विद्युत 14, नगर विकास 06, पूर्ति विभाग 06, पीओ डूडा एवं सिंचाई 2–2, कृषि 04, बेसिक शिक्षा विभाग 01, पी0डब्लूडी 03 प्राप्त हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि राजस्व की सबसे ज्यादा शिकायतें प्राप्त हुई हैं, उन्होंने उप जिलाधिकारी डेरापुर को निर्देशित किया कि तहसील राजस्व की शिकायतों का निस्तारण अभियान चलाकर करायें, उन्होंने कहा कि शासन के सख्त निर्देश है कि जनता की समस्याओं को अधिकारीगण सुने और प्राथकिता के आधार पर निस्तारण कराये।

उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया करते हुए कहा कि जिन विभागों को जो शिकायतें प्राप्त हुई है उनका गुणवत्ता व समयवद्धता के साथ निरीक्षण करें, इसमें किसी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नही की जायेगी। उन्होंने कहा कि आजादी के अमृत महोत्सव के दृष्टिगत हर घर तिरंगा अभियान में प्रतिभाग करें। वहीं उन्होंने उपस्थित फोर्स के जवानों को तिरंगा झंडा भेंट किया। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक सुनीति ने भी पुलिस से सम्बन्धित शिकायतों को सुना तथा सम्बन्धित अधिकारियों को निस्तारण करने के निर्देश दिये। वहीं मुख्य विकास अधिकारी सौम्या पाण्डेय ने भी शिकायतों को सुना और निस्तारण हेतु सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया। वहीं जिलाधिकारी ने आम का पौधा, पुलिस अधीक्षक ने सहजन का पौधा, मुख्य विकास अधिकारी ने जामुन का पौधा लगाकर वृक्षारोपण किया। तदोपरान्त जिलाधिकारी द्वारा तहसील के अन्तर्गत विभिन्न पटलों का औचक निरीक्षण किया।

जिसमें तहसीलदार डेरापुर को साफ सफाई व्यवस्था सुनिश्चित कराये जाने एवं विभिन्न पटलों पर कार्यो का नियमित आकलन करने के निर्देश दिये। उन्होने विभिन्न पटलों के निरीक्षण के दौरान नाजिर तहसील डेरापुर को पंजिकाओं में अंकन प्रक्रिया व्यवस्थित करने, पत्रावलियों के रख रखाव पर विशेष ध्यान दिये जाने, अभिलेखागार पंजिकाओं को नियमित अद्यतन स्थिति में रखने के सख्त निर्देश दिये। उन्होंने निर्वाचन आयोग के निर्देशों के क्रम में मतदाता आधार पंजीकरण की स्थिति का भी आकलन किया, जिसमें पंजीकरण की स्थिति सही न पाये जाने पर उप जिलाधिकारी डेरापुर को नियमित स्थिति का जायजा लेते हुए आयोग द्वारा निर्धारित फार्म 6बी में आधार नम्बर एकत्रीकरण की कार्यवाही पर तेजी से कार्य किये जाने के निर्देश दिये। वहीं उन्होंने उप जिलाधिकारी न्यायालय व तहसीलदार न्यायालय का भी निरीक्षण कर पंजिकाओं का जायजा लिया एवं लंबित वादों को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण करने के निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान मुख्य विकास अधिकारी, उप जिलाधिकारी डेरापुर, तहसीलदार डेरापुर आदि उपस्थित रहे।

## मण्डलायुक्तकी अध्यक्षता में मलिहाबाद तहसील में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन

- सम्पूर्ण समाधान दिवस मलिहाबाद में 162 शिकायती प्रकरण आये एवं 11 प्रकरणों का निस्तारण मौके पर किया गया
- त्वरित एवं समयबद्ध तरीके से गुणवत्ता पूर्वक निस्तारण करायें सम्बन्धित अधिकारी : मण्डलायुक्त

लखनऊ। मण्डलायुक्त डा0 रोशन जैकब की अध्यक्षता में आज तहसील मलिहाबाद में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजन किया गया। मौके पर फरियादियों की समस्या सुनकर उनका निस्तारण करने के लिए सम्बन्धित अधिकारी को निर्देशित किया गया। उन्होंने कहा कि सरकार की मंशानुरूप जन समस्याओं का त्वरित निस्तारण हो। जनसामान्य की शिकायतों का स्थानीय स्तर पर समाधान किया जाना सरकार की प्राथमिकता है जिसके क्रम में तहसील व थानों में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया जाता है। इसमें स्थानीय



नागरिक उपस्थित होकर अपनी समस्याओं का समाधान करा सकते है। मण्डलायुक्त ने कहा कि सभी अधिकारी जनता की इन शिकायतों का निस्तारण त्वरित एवं समयबद्ध तरीके से गुणवत्तापूर्ण एक सप्ताह में करना सुनिश्चित करें। उन्होने कहा कि शिकायतों के निस्तारण में यदि कोई समस्या है तो उसका कारण स्पष्ट करते हुए अवगत कराना सुनिश्चित किया जाये। उन्होंने कहा कि सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों का वरिष्ठ अधिकारी मौके पर जाकर जांच कर गुणवत्तापूर्वक निस्तारण करायें और यदि संज्ञान में आया कि निस्तारण की गुणवत्ता से शिकायत कर्ता संतुष्ट नही है या निस्तारण में लापरवाही बरती गयी है तो सम्बन्धित के विरूद्ध दण्डात्मक कार्यवाही की जायेगी। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि वृद्धा पेंशन लाभार्थियों को अवश्य दें। वृद्धा पेंशन में अगर लाभार्थी के पास कोई डॉक्यूमेंट कम है तो पंचायत सचिव लाभार्थी की मदद करना सुनिश्चित करेंगे। मंडलायुक्त ने कहा समाज का हर अन्तिम व्यक्ति तक शासन द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ पहुंचे ऐसे मंशा के साथ कार्य करें अधिकारी। उन्होंने तहसील मलिहाबाद में सम्पूर्ण समाधान दिवस के पश्चात निस्तारण रजिस्टर चेक किया और निस्तारित प्रकरणों की गहनता से जांच की और समाधान दिवस में आने वाले सम्बन्धित अधिकारियों की उपस्थिति पंजिका की जांच की। आज के सम्पूर्ण समाधान दिवस मलिहाबाद में 162 फरियादियों ने प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किये । जिसमें 11 का निस्तारण मौके पर किया गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस में पुलिस के 11, राजस्व एवं संयुक्त के 10, राजस्व के 71, विकास के 15, शिक्षा के 3, समाज कल्याण के 15, चिकित्सा का 1 तथा अन्य के 36 आवेदन पत्र प्राप्त हुये। इस अवसर अपर जिलाधिकारी वित्त श्री विपिन मिश्रा, उपजिलाधिकारी मलिहाबाद, तहसीलदार मलिहाबाद सम्बन्धित अधिकारी/ कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## आजादी का अमृत महोत्सव के अभियान के तहत एन.डी.आर.एफ लखनऊ टीम ने किया वृक्षारोपण









लखनऊ। कमान्डेंट श्री मनोज कुमार शर्मा के कुशल दिशा–निर्देशन में एनडीआरएफ टीम, आपदा से बचाव एवं प्रबंधन हेतु विभिन्न संस्थानों और हितधारकों को सशक्त बनाने के लिए लगातार मॉक अभ्यास, क्षमता निर्माण कार्यक्रम व जन जागरुकता तथा वृक्षारोपण के अभियान चला रही है, साथ ही समाज का सबसे महत्वपूर्ण हिस्सा बच्चे एवं शिक्षण संस्थानों में आपदा से बचाव हेतु प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित कर रही है।

"आजादी का अमृत महोत्सव" के माध्यम से देश, अपने लोगों, संस्कृति और उपलब्धियों के गौरवशाली इतिहास का जश्न मना रहा है। उसी कड़ी में कल दिनांक 05 अगस्त 2022 को "आजादी का अमृत महोत्सवष अभियान के तहत 11 एन.डी.आर.एफ. लखनऊ टीम के द्वारा एस.डी.आर.एफ.परिसर बिजनौर मे "वृक्षारोपण कार्यक्रम" आयोजित किया गया। इस अवसर 11 एन.डी.आर.एफ. लखनऊ टीम और एस.डी.आर.एफ. टीम के द्वारा विभिन्न् प्रकार के पेड़–पौधे लगाये गये। यह वृक्षारोपण कार्यक्रम डा.सतीश कुमार(प्ैे कमान्डेंट एस.डी.आर.एफ.) और एन.डी.आर.एफ. के उप कमान्डेंट नीरज कुमार के मौजूदगी मे हुआ।

# धूमधाम से निकली कांवड़ यात्रा

श्रद्धा सिंह भदौरिया
लखीमपुर,खीरी। कस्बा मितौली से ओम शिव शंभू कांवड यात्रा मितौली से फर्रुखाबाद, घटियाघाट के लिए प्रस्थान कर गोला गोकर्णनाथ



कांवरिया सेवा समिति द्वारा 12वीं कांवड़ यात्रा बड़े धूमधाम से बम बम भोले, जय शिव शंभू, हर–हर महादेव के जयघोष के साथ पद यात्रा निकाली गई। पंचमुखी हनुमान मंदिर पहुंच कर भोले भक्तों ने हनुमान जी के दर्शन कर पूजन–अर्चन किया।
महिलाओं ने पुष्कर वर्ष कर कांवडियों को विदाई दी। में सोमवार को शिव जी को जलाभिषेक कर टेढ़े नाथ होते हुए पुनः मितौली वापसी होगी। इस अवसर पर श्रवण शुक्ला, रामचंद्र दीक्षित, रामसनेही दीक्षित, अखिलेश मिश्र, मुदित दीक्षित, विद्यारतन बाजपेई, गुड्डू बर्तन वाले, पप्पू गुप्ता, अमन शुक्ला, श्यामू मिश्र सहित काफी संख्या में माताएं, बहने और भक्तगण मौजूद रहे।

# पलिया-गौरीफंटा रोड पर जंगली हाथी ने रोका वाहनों का रास्ता

- रोड के बीचो बीच करीबन 30 मिनट खड़ा रहा जंगली हाथी
- हाथी के रोड पर होने के चलते रोड के दोनों ओर लगी रही वाहनों की कतार

अमन सिंह लखीमपुर,खीरी। दुधवा गौरीफंटा रोड पर एक विशालकाय जंगली हाथी आ जाने के चलते वाहनों की रफ्तार अचानक थम गई। करीब तीस मिनट तक जंगली हाथी रोड के बीचो बीच खड़ा रहा जिसके चलते दोनों ओर वाहनों की कतारें लग गईं। लोगों के चीखने चिल्लाने की आवाज पर हाथी जंगल में चला गया जिसके बाद यातायात सुचारू हो सका। दुधवा से गौरीफंटा तक करीब 30 किलोमीटर गौरीफंटा बॉर्डर का रास्ता घने जंगलों के बीच से होकर निकला है। अक्सर जंगल के बीच से निकली इस रोड पर बाघ, जंगली हाथियों का झुंड, भालू व हिरणों के झुंड आ जाते हैं। शनिवार की सुबह बारिश के बाद जंगल से निकलकर एक विशालकाय जंगली हाथी दुधवा से गौरीफंटा जाने वाली बीच रोड पर आकर खड़ा हो गया। जंगली हाथी के बीच रोड पर खड़े हो जाने के चलते वाहनों की रफ्तार एकाएक रुक गई करीब 30 मिनट तक जंगली हाथी बीच रोड पर खड़ा रहा। हाथी के रोड पर खड़े होने के चलते रोड के दोनों ओर वाहनों की लंबी–लंबी कतारें लग गईं। इस दौरान लोगों ने बीच रोड पर खड़े जंगली हाथी का वीडियो भी अपने अपने मोबाइल में शूट किया। लोगों के शोरगुल के बाद हाथी जंगल में चला गया जिसके बाद यातायात सुचारू हो सका।

# सम्पूर्ण समाधान दिवस में सात शिकायतों का हुआ निस्तारण

विमलेश भदौरिया
लखीमपुर,खीरी। मोहम्मदी तहसील सभागार में एसडीएम पंकज श्रीवास्तव की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें 31 शिकायतें प्राप्त हुए, जिसमें राजस्व विभाग की सात शिकायतों का मौके पर निस्तारण कराया गया। शनिवार को सभागार में आयोजित दिवस पर फरियादियों की संख्या बरसात और सावन के मेले के चलते कम आई। जिसमें राजस्व 15, पुलिस 8, विकास 4, नगर पालिका 3, पूर्ति विभाग की एक शिकायत दर्ज की गई। राजस्व विभाग की सात शिकायतों का त्वरित निस्तारण कराया गया। उधर शिकायत निस्तारण को मौके पर जाने वाले अधिकारियों द्वारा गुणवत्तापूर्वक निस्तारण न करने से शिकायतकर्ताओं का ऐसे आयोजनों से मोहभंग हो रहा है। गांव गुलौली के राजन सिंह, दिवाकर सिंह, रामकिशन संयुक्त रुप से कई बार दिए गए प्रार्थना पत्र में दबंगों द्वारा चक मार्ग पर फसल लगाकर मार्ग अवरुद्ध करने का निस्तारण न होने का आरोप लगाया है। इसी गांव के कई शिकायत पत्र लंबे समय से लंबित चल रहे हैं। जिनका निस्तारण निर्धारित समय पर न हो पाने से शिकायतकर्ता मायूस है। एसडीएम ने ऐसे शिकायतकर्ता की समस्या को सूचीबद्ध कराकर अभियान के तहत निस्तारण करने के आदेश दिए हैं। इस मौके पर विभाग से संबंधित कर्मचारी मौजूद रहे।

# आजादी के अमृत महोत्सव कार्यक्रम में छात्रों मे दिखा गजब का अनुशासन

मो मुनब्बर ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स कन्नौज
कन्नौज। आजादी के अमृत महोत्सव कार्यक्रम को लेकर जहा एक ओर पूरे देश में धूम मची है उसी श्रंखला में जनपद कन्नौज इंदरगढ़ स्थित कचाटीपुर सरदार पटेल इंटर कॉलेज में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया स
आजादी के अमृत महोत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत जनपद कन्नौज के थाना इंदरगढ़ क्षेत्र स्थित सरदार पटेल इंटर कॉलेज कचाटीपुर में बौद्ध कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें विद्यालय की छात्राओं द्वारा सामूहिक रूप से झंडा गीत का गायन किया गया जिसके पश्चात 2400 छात्रों की श्रंखला को वृत्ताकार पंक्तियों में बैठा कर भारत माता के प्रति श्रद्धा और सम्मान पोपट दर्शाते हुए आकृति का निर्माण किया गया इसके उपरांत विद्यालय के अध्यापकों और छात्रों के हाथों में तिरंगा लेकर राष्ट्र के प्रति सम्मान प्रदर्शित करते हुए प्रभात फेरी निकाली गई प्रभात फेरी कस्बे के तिराहा से बंबा रोड होते हुए विद्यालय में समाप्त हुई प्रभात फेरी और कार्यक्रम के समय विद्यालय के छात्र छात्राओं में अभूतपूर्व अनुशासन देखने को मिला कार्यक्रम में छात्रों को अनुशासन एवं एकजुटता के साथ–साथ राष्ट्रीय एकता की राजकीय इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य कप्तान सिंह द्वारा शपथ दिलाई गई कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय प्रबंधक विनोद कुमार कनौजिया प्रधानाचार्य अमर सिंह के साथ–साथ अध्यापक राजीव कटियार अशोक भारती ज्ञानेंद्र



कुमार अमित पटेल बृजेंद्र कमल आकांक्षा वर्मा डीपी सिंह उदय प्रताप राजेश कुमार योगेश सिंह टीपी वर्मा जयप्रकाश गौड़ का विशेष योगदान रहा।

# एनडीआरएफ ने छात्रों को दिया आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण

विमलेश भदौरिया
लखीमपुर,खीरी। डीएम महेंद्र बहादुर सिंह के निर्देशन में राष्ट्रीय आपदा मोचन बल द्वारा शनिवार को नकहा ब्लॉक स्थित श्री जवाहर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय केवलपुरवा में स्कूल सेफ्टी प्रोग्राम का आयोजन हुआ। एनडीआरएफ ने विद्यार्थियों, अध्यापकों, अन्य कर्मचारियों को आपदा प्रबंधन, बचाव के उपायों के बारे में विस्तृत जानकारी देकर प्रशिक्षित किया। एनडीआरएफ वाराणसी कमांडेंट मनोज कुमार शर्मा के कुशल नेतृत्व में वाराणसी से आई एनडीआरएफ की 11डी टीम ने जिलेभर में विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से आपदा प्रबंधन व जागरूकता का कार्य किया जा रहा है। इसी क्रम में आज एक स्कूल सेफ्टी प्रोग्राम का आयोजन नकहा विद्यालय में हुआ। प्रोग्राम में टीम ने भूकम्प से बचाव, आगजनी की घटना होने पर बचाव, अग्निशमन यंत्र का संचालन, सर्पदंश से बचाव, बाढ़ से बचाव, इंप्रोवाइज्ड राफ्ट बनाना, घायलों का प्राथमिक उपचार करना, घायल की ब्लीडिंग को रोकना, चोटों को एस्टेबलाइज करना एवं पीड़ित की जान बचाने हेतु सीपीआर देने के




बारे में बखूबी डेमो देकर बताया।
इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में टीम के रेस्क्यूवर के साथ ही साथ कई छात्रों व छात्राओं से बचाव उपायों को कराके सिखाया। इस कार्यक्रम से विद्यालय के सभी विद्यार्थी तथा स्टाफ बहुत लाभान्वित हुए। इस स्कूल सेफ्टी प्रोग्राम के दौरान एनडीआरएफ टीम से टीम कमांडर निरीक्षक चमन किशोर गुप्ता के साथ 10 सदस्यीय टीम, प्रधानाचार्य आदम प्रकाश, अध्यापकगण, विद्यालय के समस्त छात्र–छात्राएं एवम कई आपदा मित्र भी मौजूद रहे।

# शिकायतों का गुणवत्तापरक, समयबद्ध निस्तारण करें अफसर : डीएम



- डीएम की अध्यक्षता में हुआ सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन

श्रद्धा सिंह भदौरिया
लखीमपुर,खीरी। शनिवार को तहसील सदर के लोक सभागार में डीएम महेंद्र बहादुर सिंह की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित हुआ। इसमें मुख्य रूप से एसपी संजीव सुमन, सीडीओ अनिल कुमार सिंह मौजूद रहे।
डीएम ने कहा कि फरियादियों की शिकायतों का गुणवत्तापरक, समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। फरियादियों की फरियाद एक–एक कर सुनकर उनके निस्तारण हेतु सम्बन्धित अफसरों को निर्देशित किया। जनसमस्याओं का निस्तारण शासन की प्राथमिकताओं में है, इसलिए सभी अधिकारी रूचि लेकर गुणवत्तायुक्त ढंग से निस्तारण सुनिश्चित करे। इस कार्य में किसी भी स्तर पर लापरवाही क्षम्य नहीं होगी। भूमि संबंधी मामलों में राजस्व व पुलिस की संयुक्त टीमें मौके पर जाकर गुणवत्तापरक निस्तारण करें। डीएम ने संपूर्ण समाधान दिवस की पंजिका का अवलोकन कर गत संपूर्ण समाधान दिवसो में प्राप्त शिकायतों के निस्तारण पर शिकायतकर्ताओ से फोन पर फीडबैक प्राप्त किया।
सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 37 शिकायती प्रार्थना पत्र पंजीकृत किये, जिसमें 03 शिकायतों का मौके पर निस्तारण हुआ। सम्पूर्ण समाधान दिवस में राजस्व 16, पुलिस 09, विकास 02, नगर निकाय 03, आपूति 02, अन्य के 04 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुआ। जिन्हें पृष्ठाकिंत कर सम्बन्धित अधिकारियों को शीघ्र निस्तारण हेतु उपलब्ध करा दिया गया। इस मौके पर सीडीओ अनिल कुमार सिंह, एडीएम संजय कुमार सिंह, एसीएमओ डॉ वीसी पंत, डीडीओ अरविंद कुमार, डीडी कृषि अरविंद मोहन मिश्रा, जिला कृषि अधिकारी अरविंद चौधरी, एसओसी ओपी अंजोर, डीएसडब्लूओ सुधांशु शेखर, डीपीआरओ सौम्यशील सिंह, डीपीओ संजय निगम, सुनील श्रीवास्तव,एडीआईओ नरेंद्र कुमार, एसडीएम श्रद्धा सिंह, तहसीलदार सुशील प्रताप सिंह, ज़िला व तहसील स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

- डीएम व एसपी ने किया पौधरोपण

संपूर्ण समाधान दिवस के उपरांत डीएम महेंद्र बहादुर सिंह, एसपी संजीव सुमन, सीडीओ अनिल कुमार सिंह व एडीएम संजय सिंह ने तहसील परिसर में विभिन्न प्रजातियों के औषधीय, छायादार, फलदार पौधों का रोपण किया। इस मौके पर एसडीएम श्रद्धा सिंह, तहसीलदार सुशील प्रताप सिंह उपस्थित रहे।

# ई-केवाईसी पूरा करें वर्ना अकाउंट में नहीं आएगी 12वीं किस्त : डीडी कृषि

विमलेश भदौरिया
लखीमपुर,खीरी। पीएम किसान सम्मान निधि योजना के तहत भारत सरकार के निर्देश के क्रम में प्रत्येक लाभार्थी को ई–केवाईसी कराना जरूरी है। उक्त आशय की जानकारी उप कृषि निदेशक अरविंद मोहन मिश्रा ने दी।
उन्होंने बताया कि ई–केवाईसी न कराए जाने पर किसानों को 12वीं क़िस्त की धनराशि प्राप्त नहीं हो पाएगी। जनपद में कुल 646100 किसानों के सापेक्ष 419094 किसानों की ईकेवाईसी हो पायी है। इस प्रकार अभी कुल 227006 किसानों की ई–केवाईसी नहीं हो पाई है। किसान भाइयों से अनुरोध है कि पीएम किसान सम्मान निधि योजना अंतर्गत धनराशि प्राप्त करने के लिए तत्काल ई–केवाईसी करा लें, जिससे भविष्य में मिलने वाली धनराशि निरंतर मिलती रहे। जिन किसान भाइयों के आधार से मोबाइल नंबर लिंक है, वह किसान भाई अपने मोबाइल नंबर पर ओटीपी प्राप्त करके ई–केवाईसी करा सकते हैं। उन्होंने बताया कि जिन किसान भाईयों का मोबाइल नंबर उनके आधार से लिंक नहीं है, वह किसान भाई कॉमन सर्विस सेंटर में जाकर पहले अपना मोबाइल नंबर लिंक कराना करा लें और उसके बाद मोबाइल पर ओटीपी प्राप्त करके ई–केवाईसी कर सकते हैं। यह आसान है, तीसरे विकल्प के रूप में पास के कॉमन सर्विस सेंटर पर जाकर अपना ईकेवाईसी करा सकते हैं। किसी भी प्रकार की परेशानी होने पर कृषि विभाग के क्षेत्रीय कर्मचारी, विकास खंड पर स्थापित बीज गोदाम से संपर्क करके समस्या का समाधान कर सकते हैं। डीडी कृषि ने किसान भाइयों से अनुरोध करते हुए कहा कि शीघ्रातिशीघ्र पीएम किसान योजना के तहत अपनी ई–केवाईसी कराना सुनिश्चित करें, जिससे योजनान्तर्गत धनराशि मिलने में कोई परेशानी न हो।

# पीस कमेटी की बैठक कर लोगों को किया जागरूक

आकाश तिवारी
फूलबेहड़,खीरी। फूलबेहड़ के ग्राम पंचायत मकसोहा में मोहर्रम लेकर शांति व्यवस्था बनाने को लेकर बैठक का आयोजन हुआ। जिसमें कोतवाली सदर के कोतवाल चंद्रशेखर सिंह, चौकी इंचार्ज महेवागंज चेतन तोमर स्टॉप के साथ पहुंचे। बैठक में ग्राम प्रधान जगदीश प्रसाद, प्रमोद कुमार मौर्या, मनमोहन मौर्या, सुधीर त्रिवेदी अन्य प्रतिष्ठित व्यक्ति और ग्राम वासी उपस्थित रहे। कोतवाल चंद्रशेखर सिंह ने कहा कि हिंदू और मुस्लिम धर्म के जो त्यौहार होते हैं, वह आपसी भाईचारा सिखाते हैं। त्यौहारों के दौरान किसी भी तरह की नई परंपरा ना डालें। पूर्व में जिन मार्गों से ताजिए के जुलूस निकाले जाते रहे हैं उन्हीं रास्तों से ही निकाले। जुलूस के दौरान किसी भी तरह के अस्त्र–शस्त्र का प्रदर्शन नहीं होगा। बैठक के दौरान कोतवाल चंद्रशेखर सिंह ने ताजिएदारों से बातचीत की और कहा कि जुलूस शांतिपूर्ण ढंग से निकाला जाए।
शासन के आदेश का पूरी तरह से पालन किया जाए, अगर कोई भी शरारती तत्व त्यौहारों के दौरान विवाद उत्पन्न करने की कोशिश करेगा तो उसके खिलाफ सख्त से



सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी और ग्राम प्रधान को अवगत कराया गया कि जैसे मंदिर के सड़क किनारे बैरीकटिंग की व्यवस्था कराई जाए, जिससे किसी प्रकार की अराजकता न फैलने पाए और शांति पूर्ण त्यौहार मनाया जाए।

# राखी प्रतियोगिता एवं आजादी के अमृत महोत्सव की तैयारी शुरू



श्रद्धा सिंह भदौरिया
लखीमपुर,खीरी। आजादी के अमृत महोत्सव पर संविलियन विद्यालय गुरेला में राखी निर्माण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता शिक्षिका पारुल गुप्ता, गरिमा सिंह कुशवाहा की देखरेख में हुई। इस प्रतियोगिता में स्कूल के 150 बच्चों ने भाग लिया। बच्चे अपने घरों से इसके निर्माण में लगने वाली कच्ची सामग्री लाये। रंग–बिरंगी आकर्षक राखियों का निर्माण किया। सफल प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। प्रधानाध्यापक पारुल ने कहा कि बच्चों को हुनरमंद बनाना ही इस प्रतियोगिता के आयोजन का उद्देश्य है। प्रत्येक घर पंद्रह अगस्त पर झंडा लगाएंगे। शिक्षिका गरिमा सिंह कुशवाहा ने बताया कि भाई–बहन के अटूट रिश्ते का पर्व रक्षाबंधन निकट है। घरों में उपलब्ध सामग्रियों से कच्चे धागे, रूई, चावल के दाने से राखी बनाने में दक्ष हो सकते हैं। प्रतियोगिता में अंकुर, दीपक, शिवम, सत्यम, प्राची शालिनी, छाया, बरखा, नैंसी, माधुरी स्वाति सफलता प्राप्त की। कार्यक्रम को सफल बनाने में रेखा पुष्पाकर, निधि रानी, अंजलि तिवारी, रितु राठौर, सुमन देवी, गुलअफशा, अंजू देवी, वंदना कश्यप सहित बाल संसद के बच्चों ने महती भूमिका निभाई।

# होटल मालिक ने मोबाइल चोर को पकड़ा पुलिस को सौंपा

अमन सिंह लखीमपुर,खीरी। होटल पर गए एक युवक ने होटल मालिक का मोबाइल चोरी कर लिया। भनक लगते ही होटल मालिक में युवक का पीछा कर उसे पकड़ लिया। पकड़े गए युवक से मोबाइल बरामद करते हुए उसे पुलिस के हवाले कर दिया गया। कस्बे में स्थित वन बीट हॉस्पिटल के पास स्थित बालाजी फास्ट फूड कॉर्नर के मालिक खुशीराम ने बताया कि होटल पर एक अज्ञात युवक आया और उनका मोबाइल चोरी कर लिया। जब उन्हें मोबाइल चोरी होने की भनक लगी तो उन्होंने युवक का पीछा किया और उसे पलिया रोड पर रपटा पुल के पास पकड़ लिया।
आरोपी को उनके द्वारा पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया। पुलिस ने पकड़े गए आरोपी से पूछताछ की तो उसने अपना नाम जीवन नाथ पुत्र गणेश नाथ योगी निवासी संतोष टोल थाना कैलाली जिला धनगढ़ी नेपाल का होना बताया। पुलिस ने पकड़े गए आरोपी पर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज करते हुए न्यायालय भेज दिया।


# संक्षिप्त समाचार

## राखी मेकिंग प्रतियोगिता में होनहार हुए पुरस्कृत

विमलेश भदौरिया लखीमपुर,खीरी। शहर के दि इंडियन एकेडमी स्कूल में राखी मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें प्ले ग्रुप से कक्षा दो तक के बच्चों ने एक–दूसरे के कलाई पर राखी बांधी। कक्षा तीन में देव मल्लिका व आर्शी निषाद, कक्षा चार में सिमरन कौर, तनवीर सिंह, कक्षा पांच में आराध्या गुप्ता व वेदिका गुप्ता, कक्षा छह में मन्नत गुप्ता, खुशप्रीत कौर ने पहला स्थान प्राप्त किया। कक्षा सात में वंदना गुप्ता व फलक, कक्षा आठ में जसमन कौर व अवनी अग्रवाल को पहला स्थान मिला। जबकि दूसरा व तीसरा स्थान पाने वालों के साथ ही विजेता रहे। बच्चों को प्रबंध निदेशक उमेश गुप्ता व नवीन गुप्ता ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया। प्रधानाचार्या सोनिया मिश्रा ने भी बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए सभी को रक्षाबंधन की बधाई दी। इस दौरान समस्त टीचिंग स्टाफ व बच्चे मौजूद रहे।

## दबंगों के हौसले बुलंद पुरानी रंजिश के चलते दो को किया मरणासन्न


मो मुनब्बर ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स कन्नौज। योगी सरकार गुंडा माफिया और दबंगों पर किसी भी तरह रहम करने के मूड में दिखाई नहीं देती है वही इतनी सख्त कानून होने के बावजूद दबंग्ग अपनी दबंगई से बाज नहीं आते ऐसे ही दबंगई के चलते मारपीट कर दो व्यक्तियों को मरणासन्न करने का मामला जनपद की तहसील छिबरामऊ में देखने को आया। कन्नौज एक ओर योगी सरकार गुंडा माफिया और दबंगों पर नकेल कसने का कार्य कर रही है वही पुलिस की निष्क्रियता के चलते आज भी दबंगों के हौसले इस कदर बुलंद है जिसका जीता जागता उदाहरण मोहल्ला भैनपुरा थाना छिबरामऊ जनपद कन्नौज मे दुकान की पुरानी रंजिश के चलते नैना, छोटेलाल के साथ अनारकली सोनी किरण सोमवती अजय रवि द्वारा



मारपीट की शिकायत किए जाने की खुन्नस को लेकर बीती रात धर्मजीत पुत्र छोटेलाल अमरनाथ पुत्र होरीलाल को रवि, अजय, नरेंद्र, बृजेश शाक्य द्वारा धारदार हथियार और लाठी–डंडों से बुरी तरह पीट पीटकर मरणासन्न कर दिया जिसका इलाज कराने कन्नौज जिला अस्पताल पहुंचे पीड़ितों ने बताया कि अगर पुलिस 1 माह पूर्व में की गई घटना को संज्ञान में ले लेती तो दबंग इस घटना को अंजाम नहीं दे पाते।

## पूर्व ब्लाक प्रमुख ने कैंप लगाकर चलाया सदस्यता अभियान

मो मुनब्बर ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स कन्नौज। समाजवादी पार्टी के पूर्व ब्लॉक प्रमुख नवाब सिंह यादव ठठिया में समाजवादी पार्टी सदस्यता अभियान के अन्तर्गत कैम्प लगाकर सैकड़ो लोगो को समाजवादी पार्टी का सदस्य बनाया इस मौके पर पूर्व ब्लॉक प्रमुख नवाब सिंह यादव ने लोगो से समाजवादी पार्टी से जुड़ने की अपील करते हुये कहा कि समाजवादी पार्टी ही एक ऐसी पार्टी है जो गरीबो मजदूरो



किसानों नोजवानो की लड़ाई लड़ने का काम करती है आज जिस तरह केंद्र और प्रदेश की सरकारो ने जिस तरह महगांई और बेरोजगारी से आम जनता की कमर तोड़ने का जो काम किया है उससे अगर कोई न्याय दिलाने का काम कर सकती है तो वो केवल समाजवादी पार्टी है इस मौके संजय प्रधान बबलू यादव गोविन्द कुशवाहा महेन्द्र सिंह राणा सुमन दोहरे गीता यादव उमेश सक्सेना अशोक प्रधान लल्लू सिंह अनंत यादव आदि लोग मौजूद रहे।

## संचारी रोग नियंत्रण अभियान की खुली पोल गांव में फैली गंदगी और सड़कों पर जलभराव दे रहा लापरवाही का सबूत

मो मुनब्बर ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स कन्नौज। जलालाबाद विकास खंड क्षेत्र के मवई रिहायक गांव में संचारी रोग नियंत्रण अभियान ब आजादी के अमृत महोत्सव मनाने की पोल खुलती नजर आ रही है,गांव की नालिया कूड़े से बजबजा रही हैं। और सड़कों पर जलभराव है जिससे मच्छर जनित बीमारियों का खतरा बना हुआ है। ग्रामीणों की शिकायत पर अधिकारी ध्यान नहीं दे रहे। बीडीओ ने कहा जांच कराकर कार्रवाई की जाएगी । प्राप्त जानकारी के अनुसार ,शासन के निर्देश पर जगह जगह संचारी रोग नियंत्रण के तहत अभियान चलाकर गांव में फैली गंदगी ,कूड़े के ढेर को साफ सफाई कर हैंडपंप के आसपास जल निकासी की समुचित व्यवस्था की जा रही है। मच्छर जनित बीमारियों को से बचाने के लिए विशेष अभियान चलाकर गांवों की नाली का कूड़ा हटाकर साफ सफाई के अलावा आसपास चुना ब्लीचिंग का छिड़काव



किया जा रहा है। किंतु इन सब दावों की पोल खोलती कुछ तस्वीरें चौकाने वाली सामने आ रही हैं। जलालाबाद विकास खंड की ग्राम पंचायत मवई रिहायक का है। जहां संचारी रोग नियंत्रण अभियान के अन्तर्गत हो रही सफाई की पोल खोल रही है। गांव में गंदगी का अंबार लगा है गालियां में कूड़ा बजबजा रहा है। और सड़कों पर नाली के गंदे पानी का जलभराव है गलियों में कूड़े के जगह जगह ढेर लगे हुए हैं यही नहीं भारत रत्न संविधान निर्माता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा के आसपास नाली के गंदे पानी का जलभराव है। ग्रामीण नाली में पड़े कूड़े की बदबू के साथ जीने को मजबूर है ग्रामीणों ने बताया ग्राम प्रधान के द्वारा लापरवाही के चलते साफ सफाई महीनों से नहीं हुई है वह ग्रामीणों ने बताया कि गांव में गंदगी फैली होने पर लोग बीमारियों से ग्राषित हो रहे हैं ,गांव के कई बुजुर्ग डेंगू,मलेरिया के शिकार हो चुके हैं। गांव में सफाई कर्मी साफ सफाई आता भी है तो वह ग्राम प्रधान के घर तक सीमित रहता है ।बीडीओ आरके वर्मा ने बताया कि विकास खंड क्षेत्र में संचारी रोग नियंत्रण अभियान के अंतर्गत टीम गठित कर साफ सफाई कराई जा रही है ।जांच कराकर लापरवाह सफाई कर्मियों पर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा की गांव में मच्छरों से बचाव के लिए चुना ब्लीच के छिड़काव के साथ साथ फागिंग कराई जा रही है ।

## सम्पादकीय....

### क्यों वेतनभोगी दुधारू गाय कर के लिए बार-बार दूध दुही जाती है?

(आखिर एक तनख्वाह से, कितनी बार टेक्स दें और क्यों ? आयकर दाताओं को स्वच्छ पानी, सांस लेने योग्य हवा, निजी सुरक्षा और अब तेजी से टोल के रूप में सड़क उपयोग के लिए भुगतान करने के लिए मजबूर किया जाता है। देश के सांसद विशेषाधिकारों का आनंद लेते हैं जो कोई कर दान नहीं करता हैय वे अपना वेतन खुद तय करते हैं, और उनकी आय पर कर स्रोत पर नहीं काटा जाता है।)

–प्रियंका सौरभ

वेतन पाने वाले आय का उच्चतम प्रतिशत करों में देते हैं, बदले में कम मिलता है और उनके कर का रुपया वोटों के लिए उपयोग किया जाता है। भारत में सामाजिक समानता का मतलब है कि मुंबई में हर महीने 6,000 रुपये कमाने वाले एक क्लर्क को आयकर का भुगतान करना होगा, लेकिन पंजाब के गुरदासपुर में एक स्ट्रॉबेरी किसान को जिसकी हर महीने 1.5 लाख रुपये की कमाई है, उसे कर–मुक्त स्थिति का आनंद लेना चाहिए। देश भर में क्लर्क अभी भी आयकर का भुगतान करते हैं और अमीर नहीं। आप आय पर कितना कर देते हैं, यह इस बात पर निर्भर करता है कि आप कितना कमाते हैं और कितना आप छिपा सकते हैं – या आय को गैर–कर योग्य के रूप में दिखा सकते हैं। वेतन पाने वाला वर्ग सबसे अधिक वंचित वर्ग है क्योंकि उनके पास वेतन पहुंचने से पहले ही 100: आयकर ले लिया जाता है। इन्हे कुछ कर–मुक्त खर्चों की भी अनुमति नहीं है जो गैर–वेतन कमाने वालों की अनुमति है।

इन फाइलर्स–लेकिन–नॉट–पेयर्स का एक बड़ा वर्ग गैर–वेतन आय अर्जित करने वाला है। वास्तव में, जनसंख्या के प्रतिशत के रूप में, आय करदाताओं की संख्या में गिरावट आई है, जो अन्य बातों के अलावा, वेतनभोगी वर्ग पर और भी अधिक बोझ है। भारत की तुलना में अधिक आयकर दरों वाले देश हैं। लेकिन उन देशों में करदाताओं के पास उन सेवाओं तक पहुंच है जो या तो कभी अस्तित्व में नहीं हैं या भारत में मौजूद नहीं हैं। सार्वजनिक शिक्षा, स्कूल से कॉलेज तक और सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवा शहरी मध्यम वर्ग के जीवन से गायब हो गई है। भारत में शिक्षा और स्वास्थ्य पर निजी खर्च दुनिया में सबसे ज्यादा है। यह उस देश में है जहां सबसे अमीर 10% आबादी अमेरिका के सबसे गरीब 10% से भी गरीब है।

एक तनख्वाह से कितनी बार टेक्स दें और क्यों ? तीस दिन के काम के बदले तनख्वाह पर टैक्स दिया। मोबाइल खरीदा, टैक्स दिया। रिचार्ज किया, डेटा लिया, बिजली ली, घर लिया, टीवी फ्रीज आदि लिये, कार ली, पेट्रोल लिया, सर्विस करवाई, रोड पर चला, टोल दिया, लाइसेंस बनाया, गलती की तो टैक्स दिया। रेस्तरां मे खाया, पार्किंग की, पानी लिया, राशन खरीदा, कपड़े खरीदे, जूते खरीदे, किताबें ली – टैक्स दिया। टॉयलेट गया, दवाई ली, गैस ली, सैकड़ों और चीजें ली, टैक्स दिया। कहीं फीस दी, कहीं बिल, कहीं ब्याज दिया, कहीं जुर्माने के नाम पर तो कहीं रिश्वत के नाम पर पैसा देने पड़े, इन सब के बाद गलती से सेविंग मे बचा तो फिर टैक्स दिया। सारी उम्र काम करने के बाद कोई सोशल सेक्युरिटी नहीं, कोई पेंशन नही, कोई मेडिकल सुविधा नहीं, बच्चों के लिये अच्छे स्कूल नहीं, पब्लिक ट्रांस्पोर्ट नहीं, सड़कें खराब, स्ट्रीट लाईट खराब, हवा खराब, पानी खराब, फल–सब्जी जहरीली, हॉस्पिटल महंगे, हर साल महंगाई की मार, आकस्मिक खर्चे औरआपदाएं, उसके बाद भी हर जगह लाइनें।

सारा पैसा गया कहाँ? करप्शन में, इलेक्शन में, अमीरों की सब्सिड़ी में, माल्या जैसों के भागने में अमीरों के फर्जी दिवालिया होने में, स्विस बैंकों में, नेताओं के बंगले और कारों मे और हमें झण्डू बाम बनाने मे। अब किसे बोले कौन चोर है? आखिर कब तक हमारे देशवासी यूं ही घिसटती जिन्दगी जीते रहेंगे? समय आ गया है कि किसी की भक्ति से बढ़ कर देश व देशवासियों के बारे मे सोचें। आखिर क्यों करदाताओं की भारत की आबादी का लगभग एक प्रतिशत हिस्सा है?

आयकर दाताओं को स्वच्छ पानी, सांस लेने योग्य हवा, निजी सुरक्षा और अब तेजी से टोल के रूप में सड़क उपयोग के लिए भुगतान करने के लिए मजबूर किया जाता है। वेतन पाने वालों में से अधिकांश निजी क्षेत्र में हैं और वे जो कर देते हैं, वह उन्हें पेंशन, बेरोजगारी सहायता या सेवानिवृत्ति के बाद की स्वास्थ्य सेवा का अधिकार नहीं देता है। उच्च आयकर दरों वाले देशों में भी भारत की तुलना में अप्रत्यक्ष करों की दर बहुत कम है। उच्च आयकर दरों वाले अधिकांश देशों में कारों, स्मार्ट टीवी, स्मार्टफोन, लैपटॉप की कीमतें 20% से 80% कम हैं। भारत में एक मिड–लेवल कार के खरीदार को अपने कुल खर्च का 58% सरकार को देना पड़ता है। यदि वह किसी दुर्घटना का शिकार हो जाता है, तो सरकार उसके इलाज का खर्च वहन करने या नौकरी खोने पर आय सहायता प्रदान करने की संभावना नहीं रखती है।एक दुधारू गाय, आयकरदाताओं, विशेष रूप से वेतनभोगी वर्ग से, बार–बार दूध दुहने का कारण यह है कि बहुत सारी अन्य टांग चलाने वाली गायें हैं जिन पर सरकार कर लगाने से इनकार करती है। किसान, यहां तक कि सबसे अमीर भी, कर मुक्त आय का आनंद लेते हैंय वकील, डॉक्टर और कोचिंग सेंटर सबसे अधिक लाभदायक और तेजी से बढ़ते व्यवसायों में से सेवा कर से मुक्त हैं। फिर ऐसे सांसद हैं जो विशेषाधिकारों का आनंद लेते हैं जो कोई कर दान नहीं करता हैय वे अपना वेतन खुद तय करते हैं, और उनकी आय पर कर स्रोत पर नहीं काटा जाता है। उनकी अधिकांश आय कर–मुक्त भत्तों के रूप में है। साथी के साथ एक वर्ष में 34 मुफ्त उड़ानें, मुफ्त असीमित प्रथम श्रेणी ट्रेन यात्रा, मुफ्त स्वास्थ्य सेवा, किराए से मुक्त घर, 20,000 रुपये मासिक पेंशन।

यदि सांसदों को यह सुनिश्चित करना है कि उनके भुगतानकर्ता, करदाताओं को वे बुनियादी सेवाएं मिल रही हैं, जिनके लिए वे कर का भुगतान कर रहे हैं, तो इसमें से किसी को भी परेशान होने की जरूरत नहीं है। लेकिन ऐसा कम ही होता है।

प्रियंका सौरभ




## भारत के स्वतंत्रता संग्राम की समग्र गाथा, गर्व की अभिव्यक्तिकर युवाओं में देशभक्तिकी गहरी भावना पैदा करना समय की मांग

सोने की चिड़िया को सैकड़ों वर्षो के संग्राम के बाद आजाद कराने वाले उन महान वीर सपूतों,प्रख्यात और गुमनाम नायकों को पीढ़ी दर पीढ़ी हमेशा याद रखा जाएगा उनके सम्मान में हम वर्ष भर से आजादी का अमृत महोत्सव मना रहे हैं जो 15 अगस्त 2022 को पूर्ण होगा परंतु इस दिन के लिए संपूर्ण भारत सहित विदेशों में भी अभूतपूर्व उत्साह हो रहा है इस उत्साह का साक्षी बनने अनेक अनिवासी भारतीयों के भारत आने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता। नागरिकों में हर घर तिरंगा और बढ़ते चलो अभियानों से बहुत उत्साह है परंतु विशेष रुप से ध्यान देना होगा कि भारत के स्वतंत्रता संग्राम की समग्र गाथा, गर्व की अभिव्यक्ति कर युवाओं में देशभक्ति की गहरी भावना पैदा करना समय की मांग है, क्योंकि आज के युवा हमारे देश का भविष्य हैं और बागडोर इन्हीं के हाथों में जाने वाला है इसीलिए भविष्य की रूपरेखा की रणनीतिक परिकल्पना में युवाओं को उत्कृष्टता की नई ऊंचाइयों को छूने के लिए तैयार करने का समय आ गया है।

साथियों बात अगर हम बढ़े चलो अभियान की करें तो पीआईबी के अनुसार इसकी शुरुआत 5 अगस्त से हो गई। बढ़े चलो 5 से 11 अगस्त, 2022 तक हर दिन 10 शहरों में आयोजित किया जा रहा है। इन कार्यक्रमों का समापन 12 अगस्त, 2022 को नई दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में एक ग्रैंड फिनाले के साथ होगा। देश भर के युवाओं और लोगों को एक मंच पर जोड़ने और एक मंच पर लाने के लिए, बढ़े चलो की विशेषता फ्लैश डांस हैं, जहां नर्तक विशेष रूप से तैयार किए गए युवा गान पर प्रस्तुति देंगे। संगीत और पैरों की थाप के साथ बनाए गए गान को विशेष रूप से लिखा गया और श्बढ़े चलोश की विषय वस्तु पर तैयार किया गया है। यह सभी को आगे आने और अपने घरों में तिरंगा फहराने के लिए प्रोत्साहित करता है। आधुनिक और युवाओं को प्रेरणा देने वाले इस कार्यक्रम की विशेषता पूरे भारत के 75 शहरों में प्रमुख स्थानों पर होने वाला फ्लैश डांस होगा। इन फ्लैश डांस के माध्यम से मंत्रालय का उद्देश्य मनोरंजक और उत्साही तरीके से अमृत महोत्सव के संदेश और भावना लोगों को फैलाना है। साथियों आजादी का अमृत महोत्सव प्रगतिशील भारत के 75 साल पूरेहोने और इसके लोगों,संस्कृति औरउपलब्धियों के गौरवशाली इतिहास का स्मरण करने तथा उसका उत्सव मनाने की सरकार की एक पहल है। संस्कृति मंत्रालय भारत में कला और सांस्कृतिक विरासत को बढ़ावा देने का कार्य करता है और आजादी का अमृत महोत्सव के तत्वावधान में इसने अनेक पहल की हैं। देश के युवाओं से जुड़ने और उनमें देशभक्ति की गहरी भावना पैदा करने के उद्देश्य से, संस्कृति मंत्रालय ने अमृत महोत्सव से अधिक से अधिक लोगों को जोड़ने के लिए बढ़े चलो नाम से युवाओं पर केन्द्रित प्रेरणात्मक कार्यक्रम करने का निर्णय लिया है। इस कार्यक्रम को देश के युवाओं को आगे आने और हमारे लोकतंत्र की सच्ची भावना को आत्मसात करने तथा भारत की आजादी के 75 साल पूरे जोश के साथ मनाने के लिए उन्हें प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से तैयार किया गया है।

साथियों इस जन आंदोलन या जनभागीदारी पहल के माध्यम से संस्कृति मंत्रालय भी श्हर घर तिरंगाश आंदोलन को बढ़ावा देने और समर्थन करने का इरादा रखता है। इस आंदोलन की शुरुआत माननीय पीएम और गृह मंत्री द्वारा की गई है तथा यह हर भारतीय का आह्वान करता है कि वे 13–15 अगस्त, 2022 के बीच अपने घरों में तिरंगा फहराएं। बड़े चलो निश्चित रूप से एक ओर सभी में देशभक्ति की आग को फिर से जगाने के लिए, हमें अपने घरों में तिरंगा फहराने के लिए प्रोत्साहित करते हैं, हमारे दिलों में राष्ट्रीय गौरव और हमारे सिर ऊंचे हैं।

साथियों बात अगर हम धारावाहिक स्वराज की करें तो पीआईबी के अनुसार,धारावाहिक 'स्वराज– भारत के स्वतंत्रता संग्राम की समग्र गाथा' का शुभारंभ किया गया है।स्वराज' के बारे में – स्वतंत्रता संग्राम की समग्र गाथा, जो स्वराज एक 75 एपिसोड्स का धारावाहिक है जिसे 4केध्एचडी गुणवत्ता में बनाया गया है और 14 अगस्त से हर रविवार, रात 9 से 10 बजे ये दूरदर्शन पर प्रसारित होगा। इसे अंग्रेजी के साथ नौ क्षेत्रीय भाषाओं में डब किया जा रहा है। ये धारावाहिक तमिल, तेलुगू, कन्नड़, मलयालम, मराठी, गुजराती, उड़िया, बंगाली और असमिया क्षेत्रीय भाषाओं में 20 अगस्त से प्रसारित होगा। 1498 में वास्को–डी–गामा के भारत आने से शुरू होकर ये सीरियल इस धरती के वीरों की एक समृद्ध गाथा प्रस्तुत करेगा। इसमें रानी अब्बक्का, बख्शी जगबंधु, तिरोट सिंग, सिद्धू मुर्मू और कान्हू मुर्मू, शिवप्पा नायक, कान्होजी आंग्रे, रानी गाइदिन्ल्यू, तिलका मांझी जैसे कई गुमनाम नायक नायिकाओं से लेकर रानी लक्ष्मीबाई, महाराज शिवाजी, तात्या टोपे, मैडम भीकाजी कामा जैसे मशहूर स्वतंत्रता सेनानी शामिल हैं।

साथियों बात अगर हम कार्यक्रम स्वराज में केंद्रीय मंत्रियों के संबोधन की करें तो उन्होंने इस अवसर पर कहा कि दूरदर्शन और आकाशवाणी ने 550 से भी अधिक स्वतंत्रता सेनानियों के अदम्य साहस की गाथाओं को पुनरू जीवंत करने और इन गुमनाम नायकों से युवा पीढ़ी को परिचित कराने का अत्यंत सराहनीय कार्य किया है। केन्द्रीय गृह मंत्री ने आजादी का अमृत महोत्सव मनाने के अर्थ की व्याख्या की और कहा कि यह सिर्फ हमारे स्वतंत्रता संग्राम का उत्सव नहीं है, बल्कि आजादी के बाद से पिछले पचहत्तर वर्षों की उपलब्धियों, हमारे स्वतंत्रता संग्राम के प्रख्यात एवं गुमनाम नायकों के बलिदान को याद करने का उत्सव भी है। उन्होंने कहा कि यह एक ऐसा मौका भी है जब हम भारत के भविष्य की रूपरेखा की कल्पना कर रहे हैं और भारत यहां से बस उत्कृष्टता की नई ऊंचाइयों को छूने जा रहा है। अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर उसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि बढ़े चलो यह भारत के स्वतंत्रता संग्राम की समग्र गाथा, गर्व की अभिव्यक्ति कर युवाओं में देशभक्ति की गहरी भावना पैदा करना समय की मांग है आजादी के अमृत महोत्सव में बढ़ते चलो, धारावाहिक स्वराज्य,हर घर तिरंगा अभियानों का जबरदस्त उत्साह है पूरी दुनिया की नजरें भारत के उत्सवों पर लगी हैजो देश के हर नागरिक के लिए गर्व और प्रतिष्ठा की बात है।

–संकलनकर्ता लेखक – कर विशेषज्ञ स्तंभकार एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी गोंदिया

## जन्म कुंडली संग संस्कार और रुचियों का मिलान भी जरूरी

वैवाहिक रिश्तों के टूटने के किस्से जिस तरह बढतें जा रहें हैं, वह भारतीय समाज के लिए चिंता का जरूरी सबब बन गए हैं। विवाह के कुछ महीनों या सालों में सपनों का धाराशाही हो जाने की अनेकों कहानियां हमारे आसपास बिखरी पड़ी हैं। इन कहानियों में उनकी भी कहानियां हैं जिन्होंने ने ऊंचा खानदान देखकर जन्म कुंडलियों का मिलान करवाया था। अधिकांश गुण मिल भी गए थे। कार–बंगला देखकर पिता ने अपनी लाडली के भविष्य की मंगलकामनाएँ की थी। किन्तु यह क्या एक साल भी पूरा नही हुआ कि बेटी घर पर आ गयी कभी न जाने के लिए, यह स्थिति माता–पिता परिवार के लिए कितनी कठिन असहज ओर पीड़ादायी है इसकी कल्पना पीड़ित माता पिता या पीड़िता स्वयं ही कर सकती है। अमूमन भारतीय महिला बहुत सहनशील, धैर्यवान, समझदार होती हैं। बहुत अति होने पर ही वह परिवार के झंगड़े को अपने माता–पिता को बताती हैं। मानसिक एवं शारारिक पीड़ाओं के असहनीय हो जाने के बाद यह विवाद पुलिस और कोर्ट तक पहुचता हैं। न्यायालय में पारवारिक विवादों में अक्सर समझाइस देकर परिवार को टूटने से बचाने के प्रयास किये जातें हैं। ऐसा नहीं है कि इन विवादों में हर समय पुरुष पक्ष की गलती ही रहती हो, अनेकों बार महिला पक्ष भी इन विवादों को बढ़ाने के लिए जिम्मेदार होती हैं। पति–पत्नी के झगड़े में अक्सर जो बात निकलकर सामने आती है। उसमे पति के मारपीट करने, अधिक दहेज लाने का दबाव बनाने से जुड़ी होती हैं। भारतीय संस्कृति में विवाह का बड़ा महत्व हैं। विवाह के दौरान सात जन्मों के बंधनों में बंधने की कसमें खाने वाले पति–पत्नी साल दो साल में एक दूसरे से अलग रहने की सोचने लगते हैं। इन टूटते रिश्तों को टूटने से रोकने और स्थायित्व प्रदान करने के लिए क्या किया जाना चाहिए ? इन विषयों पर समाज और सामाजिक संस्थाओं को विचार करने की जरूरत हैं। वैसे सभी रिश्तें भावना प्रधान होतें हैं। चूंकि हम यहां पति–पत्नी के रिश्ते की बात कर रहे हैं तो यह समझना आवश्यक है कि पति–पत्नी के मध्य सम्बन्धो में निखार धान–दौलत, सम्पदा, आलीशान भवन, मोटर–कार या सुख–सुविधाओं से नहीं आता हैं। यह निखार अच्छे कपड़े शूट–बूट, सोना–चांदी से भी नहीं आ सकता हैं। भौतिक सुविधाओं से रिश्तों में मधुरता का आना महज एक अल्पकालीन ख्याल हैं। एक ऐसा ख्याल जो पूर्ण होतें ही भौतिक सुख सुविधाओं के स्थान पर भावनाओं के मलहम की तलाश में भटकने लगेगा। पति–पत्नी के रिश्तों में मजबूती एक दूसरे को समझने की भावनाओं से ही सम्भव हैं। यह प्रेम, सदभाव ओर समर्पण का रिश्ता हैं। अक्सर पुरुष महिलाओं की कोमल भावनाओं पर अपनी पुरुषोचित कठोर भावनाओं को थोपना चाहता हैं। अक्सर देखने मे आता हैं जन्मकुंडलियों के मिलान के बावजूद वैवाहिक रिश्ते लम्बे नहीं चल पाते और विवाह के एक दो बरसों में ही पुलिस , अधिवक्ता ओर कोर्ट के चक्कर खाकर धाराशाही हो जातें हैं। आखिर इन टूटते रिश्तों को कैसे रोका जा सकता हैं। एक अच्छे समाज के लिए एक अच्छे परिवार का होना बेहद जरूरी हैं। यह अच्छा परिवार पति–पत्नी के आपसी सामंजस्य से निर्मित होता हैं। हल्की–फुल्की नोकझोंक तो सभी परिवारों में होती हैं। किन्तु नोंकझोंक का मारपीट में बदल जाना और फिर रिश्तों का दांव पर लग जाने के किस्से हमारे समाज मे बहुतायत से घटित हो रहें हैं। इन बढ़ते किस्सों के पीछे बेमेल सम्बन्धो को माना जा सकता हैं। बेमेल सम्बन्धो से आशय जन्म कुंडलियों के गुणों के मिलान से नहीं हैं अपितु एक दूसरे की रुचियों ओर संस्कारों के मिलान से भी है। अपने आसपास बिखरें पड़े बहुत से किस्सों में श्रद्धा नामक युवती (काल्पनिक नाम) का किस्सा अक्सर मुझे बहुत परेशान करता है। श्रद्धा एक बेहद पढ़ी लिखी सुशिक्षित प्रतिभावान लड़की हैं जो हर काम मे अव्वल रहतें आई हैं। अपने स्कूल से लगाकर महाविधालयिन जीवन तक अव्वल बने रहना उसकी आदत में शुमार था। नृत्य, नाटक, वाद विवाद, चर्चा परिचर्चा, मेहंदी, रंगोली सभी में तो वह श्रेष्ठ ओर अव्वल थी। पिता भी शहर के करोड़पति थे। बीएससी के बाद श्रद्धा अपने जीवन मे कुछ करना चाहती थी। आगे पढ़ना ओर खुद के बल पर कुछ करना चाहती थी। किन्तु पिता श्रद्धा की भावनाओं को कहा समझ पा रहे थे। वह तो शादी कर पिता की जिम्मेदारी से मुक्त होना चाहते थे। इस लिए उन्होंने एक बड़े शहर के पूंजीपति खानदान में बिना संस्कार ओर आचार–विचार देखें इस प्रतिभाशाली लड़की का विवाह तुरत–फुरत करवा दिया। आलीशान ओर ऊंचे खानदान के इस बिगड़ैल नवाब में बहुत सी बुरी आदत थी। वह कुछ महीनों बाद ही अपनी असिलियत पर आ गया था। क्रूरताओं ओर यातनाओं से तंग श्रद्धा ने बहुत कोशिश की किन्तु जब बात हद से बाहर हो गयी तब अपने पिता को बताई ओर मायके रहने लगी। अब पिता बार–बार अपने पति के घर भेजने की सलाह देते रहें। एक दो बार पिता के कहने पर पति के घर भी आ गयी। किन्तु यातनाओं ओर क्रूरताओं का सिलसिला चलता रहा। श्रद्धा ने तय किया अब न वह पति के घर जाएगी और न पिता के अपनी स्कूली ओर कालेज जीवन के ज्ञान के बल पर पति से अलग रहकर जीवन जीने का निश्चय किया और निकल पड़ी कठिन महायात्रा पर इस यात्रा में ताने–उल्हानों ओर संकटो के बीच अपने दो बच्चों की उचित शिक्षा–दीक्षा कर अपने खोए सम्मान को प्राप्त किया यूं कहें श्रद्धा ने अपने साथ हुए अपमान का बदला लिया खुद के पैरों पर खड़े होकर अपनी विवाह पूर्व की भावनाओं को भी पूरा किया। श्रद्धा ने तो कठिन परीक्षा में विजय प्राप्त कर ली, किन्तु सभी महिलाओं मे इतना साहस नहीं होता हैं। इन कठिन और अपमानजनक परिस्थितियों से बचने के लिए विवाह के दौरान माता–पिता और परिवार को धन–दौलत कार–मकान देखने के साथ–साथ लड़को की रुचियाँ, उसका संस्कार, व्यवहार और गम्भीरता का भी आकलन करना चाहिए। यह भी ध्यान रखना चाहिए की जो परिवार अपने परिचित देखें–भाले हो वहां सम्बन्धो को प्राथमिकता देनी चाहिए। परिवारों ओर पति–पत्नियों के सम्बन्धो में धन एक साधन मात्र हैं। अक्सर आर्थिक रूप से गरीब या मध्यम वर्ग का प्रेम धनवानों के प्रेम से अधिक प्रगाढ़ दिखाई देता हैं। रिश्तें भावनाओं से संचालित होते हैं। एक दूसरे को समझने की भावना आपस मे निकटता पैदा करती हैं। यह निकटता 36 गुणों के मिलान से नहीं संस्कार और रुचियों के मिलान से ही सम्भव हैं।

——————

नरेंद्र तिवारी पत्रकार

## संयम मनुष्य का सर्वोत्तम चिकित्सक!

आजकल के समय में, सभी के अंदर धैर्य की बहुत कमी है, बहुत सी बार कर्मचारियों से गलती हो जाती है, पर उसे समझाने की जगह मालिक उस पर चिल्लाने लगता है, उसे डांटने लगता है! अब जब भी वह गलती करेगा उसे आपकी डांट याद आएगी, अगर यही बात हमने उन्हें समझदारी से समझाही होती तो जब भी वह यह गलती करता तो जानता की इसके पीछे क्या नुकसान है! बचपन में भी बहुत से बच्चों को इस चीज से गुजरना होता है, कभी–कभी माता पिता और टीचर्स में धैर्य की कमी से उन्हें डांट पड़ती है यहां तक की मार भी पड़ती है! अब वह छोटा सा बच्चा जब जब वह गलती करेगा तो उसे उनकी डॉट और मार ही याद आएगी! कितना अच्छा होता अगर उसके बड़े उसे प्यार से समझा दे और क्या सही है, क्या गलत है, सब में फर्क बताते, पर नहीं कभी–कभी बड़ों को यह लगता है, की शॉर्टकट रास्ता अपना लिया जाए , इस डांट फटकार से उस बच्चे पर क्या असर पड़ता है, उसका उन्हें अंदाजा भी नहीं, अब बड़े होते होते जब जब कोई और भी वह गलती करेगा तो वह बच्चा यही समझेगा की डांट ना और फटकारना इसका उपाय है क्योंकि उसने भी यही देखा, समझा, और सींखा! यहां तक की जब बड़ा हो जाएगा और कोई गलती करेगा तो खुद को सजा देगा इसीलिए आजकल बहुत से लोग कभी खुद को मारते हैं, चिल्लाते हैं, यहां तक की आत्महत्या तक कर लेते हैं क्योंकि उन्हें लगता है वह सजा के पात्र हैं! अगर हम इंसान है तो हमें हर बात में इंसानियत रखनी चाहिए! हम अपने बच्चों पर किसी तरह का दबाव तो नहीं डाल रहे हैं! क्या हम उन्हें छोटी–छोटी बात पर हाथ तो नहीं उठा रहे हे! क्या सबके सामने उनके बेज्जती तो नहीं कर रहे हो!

माता पिता और टीचरस भगवान का रूप माने जाते हैं पर यह भी इंसानी व्यवहार नहीं है की हम अपनों से छोटौ पर यहां तक कि किसी पर भी हाथ उठाए और क्रोध करें या मजाक उड़ाए! किसी की गरिमा को ठेस पहुंचाना, चाहे वह छोटा सा बच्चा ही क्यों ना हो, सरासर गलत है! यहां तक की गिड़गिड़ा कर, रो

कर अपनी बात को मनवा ना भी अधीरता है!

अक्सर एक वाक्य पूछा जाता है की अकल बड़ी या भैंस बड़ी? क्योंकि अगर इंसान दिमाग से और शांति से कोई बड़ी से बड़ी लड़ाई लड़े तो वह लड़ाई बहुत आसानी से लड़ सकता है , अपने दिमाग के बल पर ना कि हाथ पैरों से, और यही तो फर्क है इंसान और जानवर में!

जानवर अपने बच्चों को बोलकर और समझदारी से अपनी बातों को समझा नहीं सकते हैं पर इंसान कर सकता है! क्यों ना हमको ऊपर वाले ने माता पिता, टीचर, मालिक बनाया हो पर इन सभी रिश्तो को हम प्यार, अच्छे व्यवहार, शिष्टाचार, और धैर्य के साथ निभा सकते हैं!

छोटी सी जिंदगी है, तो क्यों ना हम सभी से प्यार से, खुशी से, शिष्टाचार से, धैर्य से, सम्मान से, सत्कार से, अच्छाई से, समझदारी से पेश आए और सोचे, समझे कि अगर हम उनकी जगह होते तो कैसा व्यवहार चाहते, ठीक वैसा ही व्यवहार हमें किसी की गलती पर करना चाहिए! विशेष रुप से छोटे बच्चे, अच्छे व्यक्ति के साथ!

हां अगर कोई अपराध करे तो, कानूनी कार्यवाही उन अपराधियों के खिलाफ की जाए पर हमें खुद को जीवन में शांति चाहिए, प्रसन्न मन चाहिए तो हमें खुद को और दूसरों को हर बात समझदारी और धैर्य से समझानि होगी! पहले तो हम अपने आप को यह बात समझाएं की हर एक चीज का समाधान हो सकता है! किसी पर भी अपने या अपनों से बड़ों के फैसले को दूसरों पर ना थोपे! बहुत से माता पिता अपने बच्चों की शादी जल्दबाजी मैं करा देते हैं क्योंकि उनके दादा दादी या नाना नानी की यह आखिरी इच्छा होती है, पर उन बच्चों के भविष्य का क्या? तो आप उन्हें प्यार और स्नेह देते हुए समझाएं!

बहुत से बच्चे शादी होते ही कुछ महीनों में अपने मां–बाप से अलग हो जाते हैं, क्योंकि उन्हें लगता है कि वह कभी नहीं समझेंगे की उनकी बहू बेटे उनसे क्या चाहते हैं! पर वो यह भूल जाते हैं की जब से वह मां–बाप बने है, तो उनकी चाहत के लिए ही तो जी रहे हैं, क्यों ना हम भी उन्हें ठीक वैसे ही समझाएं जैसे वह हमें बचपन में समझाते थे, जब उन्होंने हमें बचपन में नहीं छोड़ा तो हम उनको उनके बुढ़ापे में अलग क्यों कर दे!

धैर्य से काम ले, हर बात पर जल्दबाजी, दुर्व्यवहार करना, अपशब्द का उपयोग करना बंद करें!

अयोध्या टाइम्स के लिए **मुद्रक, प्रकाशक एवं स्वामी बृजेश कुमार मौर्य** द्वारा किशोर प्रिन्टर्स 124/659 बी ब्लाक गोविन्द नगर, कानपुर नगर से मुद्रित व संजय नगर, गोविन्द नगर, कानपुर उत्तर प्रदेश से प्रकाशित

**राम कृपाल सिंह**
मुख्य संपादक/नेशनल ब्यूरोचीफ
**मो. : 9956096265**
सम्पादक : डॉ अनवेश सिंह
मो. : 9918523251
आर.एन.आई. नं. : यूपीएचआईएन 2015/67284
**DAVP CODE 133691**
डाक पंजीयन सं.: 272/2021–23
E-mail : dainikayodhyatimes@gmail.com
Website: dainikayodhyatimes.page

### आवश्यक सूचना

समाचार पत्र से संबंधित समस्त प्रकार के विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर न्यायालय ही होगा। – संपादक

### : प्रसारित :

**दिल्ली, लखनऊ, औरैया, इटावा, चित्रकूट, फर्रुखाबाद, कन्नौज, कानपुर देहात, कानपुर नगर, उन्नाव, लखीमपुर खीरी, रायबरेली, सीतापुर, आगरा, मथुरा, हाथरस, कासगंज, प्रयागराज, फतेहपुर, प्रतापगढ़, पीलीभीत, संत कबीर नगर, बांदा, हमीरपुर, ललितपुर, मैनपुरी, बहराइच, बलरामपुर, गोंडा, श्रावस्ती, अमेठी, गाजीपुर, बाराबंकी, अयोध्या, सुल्तानपुर, देवरिया, बरेली, भदोही, आजमगढ़, गोरखपुर, महाराजगंज, जालौन, बिजनौर, सोनभद्र, मुरादाबाद, रामपुर, संभल, सहारनपुर, शामली, अन्य स्टेट : मध्य प्रदेश, बिहार, असम/त्रिपुरा, पश्चिम बंगाल, महाराष्ट्र**

# संक्षिप्त समाचार

## ''हर घर तिरंगा'' कार्यक्रम के तहत विकास भवन परिसर में चलाया गया जन जागरूकता अभियान

ब्यूरो चीफ श्रावस्ती ओंकार नाथ चौधरी श्रावस्ती। जिलाधिकारी नेहा प्रकाश के निर्देशानुसार विकास भवन परिसर में आजादी का अमृत महोत्सव के अन्तर्गत ''हर घर तिरंगा'' कार्यक्रम के तहत जन जागरूकता अभियान चलाया गया। इस माध्यम से आमजन को घरों में 13 से 15 अगस्त तक तिरंगा फहराने के लिए जागरूक किया गया। अभियान में सभी जनपद वासियों को देशभक्ति की भावना का परिचय देते हुए अपने–अपने घरों में तिरंगा झण्डा फहराए जाने हेतु प्रेरित किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत राज अधिकारी आनन्द प्रकाश ने कहा कि तिरंगा झण्डा हमारे देश के गौरव का प्रतीक है, जिसके लिए कपड़े से बने झण्डे का इस्तेमाल करें, प्लास्टिक के झण्डे का उपयोग न करें। इसके अतिरिक्त की जनपद के समस्त ग्राम पंचायत के पंचायत भवनों/ग्राम सचिवालयों पर खुली बैठक का आयोजन कर ग्राम वासियों को ''हर घर तिरंगा'' कार्यक्रम के बारे में अवगत कराया गया तथा राष्ट्रध्वज फहराने/लगाने के बार में भी बताया गया।



## एसडीएम के निरीक्षण में गोशालाओं में मिली गंदगी

दैनिक अयोध्या टाइम्स सरीला (हमीरपुर)। उपजिलाधिकारी खालिद अंजुम ने शुक्रवार को क्षेत्र की कई गोशालाओं का निरीक्षण किया। गंदगी मिलने पर नाराजगी जताई। सचिव व प्रधान के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिए है।शुक्रवार के शाम उप जिला अधिकारी खालिद अंजुम ने सरीला तहसील के गोहांड और सरीला ब्लॉक के छिबौली, ममना, सरीला, पवई, गोहांड, अलकछवा गांव की गोशालाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान गोहांड ब्लाक के पवई गांव के गोशाला परिसर में कीचड़ और गंदगी मिली। उन्होंने सचिव और प्रधान को फटकार लगाई। पवई गांव में 150 मवेशी बंद पाए गए। एसडीएम ने पशु चिकित्सक राम सिंह, शैलेंद्र सिंह को क्षेत्र के सभी गोशालाओं में बंद मवेशियों की स्वास्थ्य चेकअप के निर्देश दिए।

## छापामारी कर 170 लीटर सरसो का तेल किया सीज

दैनिक अयोध्या टाइम्स हमीरपुर। खाद्य सुरक्षा एवं औषधीय विभाग की टीम ने शहर में दुकानों में छापा मारा। दो स्थानों से सरसों के तेल का नमूना लेने के साथ 170 लीटर तेल सील कर दिया।सहायक आयुक्त खाद्य राम अवतार ने बताया कि शुक्रवार को अन्य विभागीय अधिकारियों के साथ शहर की दुकानों में छापा मारा। शहर के कालपी चौराहा स्थित तौखीरूल इस्लाम (भाई मियां) की दुकान से सरसों के तेल का नमूना लिया और 150 लीटर तेल को सीज किया है। वहीं कुरारा क्षेत्र के कुसौली पुरवा गांव निवासी विष्णु कुशवाहा की दुकान से 20 लीटर सरसों का तेल सील किया है। इस दौरान खाद्य सुरक्षा अधिकारी नंदलाल गुप्ता व आर के निरंजन आदि मौजूद रहे।

## नया सवेरा योजना अंतर्गत प्रेरको को किया गया प्रशिक्षित

ओंकार नाथ चौधरी। जनपद बलरामपुर उत्तर प्रदेश के बालश्रम से सर्वाधिक प्रभावित 20 जनपदों में श्रम विभाग और यूनिसेफ के सहयोग से बालश्रम उन्मूलन के लिए चलाई जा रही नया सवेरा योजना के अंतर्गत प्रेरको को बाल संगरक्षण के मुद्दे पर प्रशिक्षित किया गया। कार्यशाला का आयोजन विकास खंड सभागार बलरामपुर में किया गया कार्यक्रम की अध्यक्षता सहायक श्रमायुक्त श्री कुलदीप सिंह ने किया। मंडल तकनीकी रिसोर्स पर्सन श्री अनिल जी और जनपदीय तकनीकी रिसोर्स पर्सन श्री मनोज तिवारी ने प्रेरको को प्रशिक्षित करने का कार्य किया। इस दैरान प्रेरको को बालश्रम, बालविवाह, जे जे एक्ट तथा पोक्सो एक्ट की जानकारी दी गई तथा इसके साथ ही साथ सरकार द्वारा चली जा रही विभिन सामाजिक सुरक्षा योजनाओ की भी जानकारी दी गई। प्रशिक्षण में सहायक श्रमायुक्त बलरामपुर श्री कुलदीप सिंह, एडीओ पंचायत बलरामपुर, बाल कल्याण अधिकारी, नई पहल योजना बबली जायसवाल जिला समन्वयक , ब्लॉक समन्वयक और ग्रामीण बौद्ध कल्याण सेवा संस्थान के संस्था प्रमुख ओंकार नाथ चौधरी, श्रवण कुमार श्रीवास्तव विभिन सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।



## हर घर तिरंगा अभियान का यूथ आइकॉन डॉ अनुराग श्रीवास्तव द्वारा सरस्वती शिशु मंदिर चौक से शुभारंभ किया गया

दैनिक अयोध्या टाइम्स फतेहपुर। डॉ सत्यनारायण सेवा फाउंडेशन के तत्वाधान में हर घर तिरंगा अभियान का यूथ आइकॉन डॉ अनुराग श्रीवास्तव द्वारा सरस्वती शिशु मंदिर चौक से शुभारंभ किया गया।डॉ अनुराग द्वारा सभी बच्चों, अध्यापकों व कर्मचारियों कुल 105 को राष्ट्रीय ध्वज इस निवेदन के साथ दिया गया कि आगामी 13 अगस्त से 15 अगस्त तक हमारे आन बान शान का प्रतीक राष्ट्रीय ध्वज सम्मान के साथ अवश्य फहराए व अन्य लोगो को भी राष्ट्रीय ध्वज फहराने हेतु प्रेरित करें।सभी बच्चे भारतमाता की जय,वन्देमातरम, जय हिंद के गगनभेदी नारे लगा रहे थे।ततपश्चात डॉ अनुराग द्वारा सभी को चॉकलेट व बिस्कुट का वितरण किया गया।इस अवसर पर प्रधानाचार्य उमाकांत शुक्ल,कार्यालय प्रमुख शैलेन्द्र त्रिपाठी व अध्यापक जीवन,अर्जुन ,वंशराज,छविप्रकाश, विनोद,वेदांत व अध्यापिकाएं मीनाक्षी,प्रतिभा, वर्षा,सांत्वना एवं कर्मचारी जाया,बिटान,सुबोध सहित प्रमुख सहयोगी समाजसेवी अभिनव श्रीवास्तव उपस्थित रहे।



## अमृत महोत्सव कार्यक्रम के तहत बच्चो ने किया झंडा निर्माण प्रतियोगिता



दैनिक अयोध्या टाइम्स हमीरपुर। सरीला विकासखंड के उच्च प्राथमिक विद्यालय धौहल(1–8 कंपोजिट) सरीला हमीरपुर में आजादी के 75 अमृत महोत्सव कार्यक्रम के तहत संदीप सिंह ( शिक्षक संकुल) द्वारा समस्त छात्र–छात्राओं को झंडा गीत लिखवाते हुए झंडा गीत के महत्व और उद्देश्य के बारे में विस्तार से बताया गया तथा विद्यालय में चित्रकला प्रतियोगिता के तहत छात्र–छात्राओं द्वारा बड़े उल्लास के साथ झंडा निर्माण किया गया देश के प्रति समर्पित बच्चो में उत्साह भी देखने को मिला संदीप सिंह ( शिक्षक संकुल ) द्वारा विजेता छात्र– छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया ! इस प्रतियोगिता के तहत छात्र–छात्राओं में उत्साह एवं हर्ष का माहौल देखा गया इस कार्यक्रम में प्रधानाध्यापक बिंदा प्रसाद त्रिपाठी रूद्र स्वरूप ,शोभित गुप्ता, प्रीति गुप्ता, साधना यादव ,बलवान सिंह अभिभावकों एवं रसोईया उपस्थित रहे सभी उपस्थित सदस्यों ने छात्र–छात्राओं की कला एवं विद्यालय कार्यक्रम की सराहना करते हुए हर्ष जताया।

## पलंग के जुलूस में उमडी अकीदत मंदों की भीड़



दैनिक अयोध्या टाइम्स मौदहा हमीरपुर। इस्लामी कैलेंडर के पहले महीने मोहर्रम उल हराम का इस्लाम के शिया और सुन्नी सहित अन्य पंथों में विशेष महत्व है और इस महीने की दसवीं तारीख को इस्लाम के आखिरी पैगम्बर हजरत मोहम्मद के नवासे हजरत हुसैन की कर्बला के मैदान में शहादत हुई थी जिसके चलते सभी मुस्लिम समुदाय के लोग इस महीने को गम के महीने के रूप में मनाते हैं।हालांकि क्षेत्र में पांच मोहर्रम से अलग अलग शहीदों की याद मनाते हुए जुलूस निकाले जाते हैं।जिसके चलते सातवीं मोहर्रम को इमाम हुसैन के भाई और शेर ए खुदा हजरत अली के शाहबजादे हजरत अब्बास की शहादत मनाई जाती है।हालांकि कर्बला में हुई 72 शहीदों की शहादत का इस्लाम में विशेष महत्व है लेकिन हजरत हुसैन के साथ साया बनकर रहने वाले योद्धा हजरत अब्बास की शहादत का हजरत हुसैन की शहादत के बाद सबसे अधिक महत्व है।इसी की याद में कस्बे में सातवीं मोहर्रम को पलंग का जुलूस निकालकर मनाया जाता है।जिसके चलते कस्बे में जगह जगह पर भारी लंगर के साथ जगह जगह पर डीजे और साऊंड की धुन पर मर्सिया बजती देखी गई।

शनिवार दोपहर बाद कस्बे के मोहल्ला कजियाना स्थित फकीर अली पहलवान उर्फ गंधीगर के इमाम चौक से पलंग का जुलूस निकाला गया जो कजियाना, मोदी शहीद बाबा, गदाई, मांदा और छोटे अलाव होता हुआ डाक्टर यादव के पीछे स्थित इमाम चौक से होकर पुरवा और चौधराना, दीवान शहीद बाबा होते हुए सिजवहिया, हुसैनिया अथय्या, पीरबाबा, बडा कसौडा, औलिया मस्जिद, भुईयां रानी, होकर छोटे कसौडा से पुनः भुईयां रानी, चिकवा मोहाल होते हुए उपरौस, मराठीपुरा, कोतवाली गेट के सामने से होता हुआ जीजीआईसी, कोआपरेटिव बैंक के निकट स्थित इमाम चौक से होता हुआ मथुरा मंदिर नेशनल चौराहा, गुडाही बाजार से होकर पुनः नेशनल चौराहा से अपने गंतव्य गंधीगर के इमाम चौक पर रविवार तडके समापन होगा। जुलूस में जगह जगह पर भारी लंगर के साथ ही मर्सिया की धुने सुनाई देती रही।जुलूस में उमडी भीड़ को देखते हुए जुलूस के साथ ही सभी इमाम चौकों पर भारी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया था जबकि क्षेत्राधिकारी विवेक कुमार और कोतवाली प्रभारी पवन कुमार पटेल स्वयं जुलूस में भ्रमण कर जुलूस का जायजा लेते नजर आए जबकि पुलिस की लोकल यूनिट एल.आई.यू.भी लगातार जुलूस में टहलती दिखाई दी।

## जिला जेल बलरामपुर का निरीक्षण किया गया



ओंकार नाथ चौधरी। जनपद बलरामपुर माननीय जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बलरामपुर द्वारा जिला जेल, बलरामपुर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान माननीय जनपद न्यायाधीश ६ अध्यक्ष, जिला बलरामपुर द्वारा जिला कारागार में स्थित अस्पताल का निरीक्षण किया गया तथा अस्पताल में भर्ती बन्दी मरीजो का हाल चाल पूछा गया। फार्मेसीं में रखी दवाओं की एक्सपायरी डेट तथा दवाओं के उपयोग की जानकारी ली गयी। बन्दी मरीजों को समुचित इलाज उपलब्ध कराने हेतु जेल अधीक्षक को निर्देशित किया गया। महिला बैरिक का निरीक्षण किया गया। महिला बन्दियों से उनकी समस्याओं के बारे में पूछा गया। पुरूष बैरिकों का निरीक्षण किया गया तथा पुरूष बन्दियों से उनकी समस्याओं के बारे में पूछा गया तथा बन्दियों के पास अपने मामलें के पैरवी हेतु अधिवक्ताओं की उपलब्धता/पैरवी के संबंध में भी पूछताछ की गई। यदि किसी बन्दी के पास अपने मुकदमें के पैरवी हेतु आअधिवक्ता न हो तो जेल अधीक्षक के माध्यम से आपना प्रार्थना पत्र जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बलरामपुर को प्रेषित कर सकते है। पाकशाला का निरीक्षण किया गया है निरीक्षण के दौरान जेल मैनुअल के अनुसार भोजन उपलब्ध कराने हेतु जेल अधीक्षक को निर्देशित किया गया। जेल अधीक्षक कारागार की समुचित साफ सफाई बन्दियों को पीने के पानी की उपलब्धता एवं मच्छरों से बचने हेत् नियमित फागिंग कराये जाने तथा समुचित इलाज उपलब्ध कराने हेतु जेल अधीक्षक को निर्देशित किया गया। माननीच उच्चतम न्यायालय एवं माननीच उच्च न्यायालय के दिशा निर्देशों के अनुसार महिला बन्दियों के साथ रह रहे सभी बच्चों को सुविधाए उपलब्ध कराना सुनिश्चित करे। जिला कारागार में स्थापित लीगल एड क्लीनिक में नामित पीवएल० वी० द्वारा सभी बन्दियों को डाटा कम्प्यूटर पर अपलोड कराने हेतु जेल अधीक्षक को निर्देशित किया जिससे समय पर सूचना मिल सके। निरीक्षण के दौरान मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जेल अधीक्षक, जेलर एव डिप्टी जेलर उपस्थित रहे।

# जिलास्तरीय सम्पूर्ण समाधान दिवस डीएम की अध्यक्षता में मौदहा तहसील में सम्पन्न

- सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त 77 शिकायतों में से 07 का मौके पर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया
- 24 घंटे के अंदर खतौनी जारी करने पर डीएम ने दो लेखपालों को किया सम्मानित

दैनिक अयोध्या टाइम्स हमीरपुर। जिलाधिकारी डॉ चंद्र भूषण की अध्यक्षता में जनपद स्तरीय संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन तहसील मौदहा में संपन्न हुआ। इस अवसर पर कुल 77 शिकायतें प्राप्त हुई , जिसमें से 07 शिकायतों का मौके पर गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण किया गया।

बक्छा एवं सिजवाही ग्राम के लेखपालों द्वारा 24 घंटे के अंदर खतौनी जारी करने का प्रशंसनीय कार्य करने पर जिलाधिकारी ने दोनों लेखपालों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। ज्ञात हो कि बक्छा गांव में आकाशीय बिजली से एक व्यक्ति की 04 अगस्त को मृत्यु हुई थी तथा सिजवाही में एक व्यक्ति की स्वाभाविक मृत्यु हुई थी ।इन दोनों ही प्रकरणों में लेखपालों द्वारा बड़ी ही तत्परता से कार्य किया गया है। संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी ने जन समस्याओं को सुनने के पश्चात उनके गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया तथा कहा कि सम्पूर्ण समाधान दिवस ,आईजीआरएस , मुख्यमंत्री संदर्भ , 1076 के संदर्भ तथा मा0 जनप्रतिनिधियों से प्राप्त शिकायतों का निष्पक्षता पूर्वक एवं समयबद्ध ढंग से गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाए। कहा कि शिकायतों का निस्तारण उसी दिन में करने का प्रयास किया जाए यदि किसी कारणवश उस दिन निस्तारण न हो पाए तो एक सप्ताह में निस्तारण अनिवार्य रूप से कर दी जाए। उन्होंने कहा कि विभिन्न माध्यमों से प्राप्त शिकायतों का ससमय व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है अतः सभी अधिकारियों द्वारा शासन की मंशानुरूप कार्य किया जाए। शिकायतों के निस्तारण में गुणवत्ता का विशेष ध्यान दिया जाए ताकि शिकायतकर्ता को बार–बार परेशान ना होना पड़े ।कहा कि शिकायतों का ग्राउंड लेवल पर निस्तारण कर शिकायतकर्ता को संतुष्ट किया जाय । उन्होंने कहा कि जिस स्तर की शिकायत है उसका उसी स्तर पर निस्तारण अनिवार्य रूप से सुनिश्चित किया जाए। कहा कि शिकायतकर्ता को निस्तारण की समय अवधि सहित अन्य जरूरी बातों के बारे में बताया जाए ताकि शिकायतकर्ता को शिकायत के निस्तारण में लगने वाले समय व उसकी समस्या के समाधान संबंधी आवश्यक जानकारी तत्काल मिल सके । उन्होंने कहा कि अधिक से अधिक शिकायत निस्तारण आख्या का मौके पर पहुंचकर सत्यापन भी किया जाए।

इस मौके पर तहसील परिसर में विभिन्न विभागों द्वारा योजनाओं के प्रचार प्रसार हेतु लगाए गए



स्टॉलो का जिलाधिकारी ने निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए ।इस दौरान बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग, आवास ,शौचालय, कन्या सुमंगला योजना ,राशन कार्ड, पीएम किसान सम्मान निधि, शादी अनुदान, पेंशन आदि के आवेदन हेतु स्टॉल भी लगाया गया। डूडा ,प्रधानमंत्री आवास योजना ,मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना ,वृद्धावस्था ,निराश्रित महिला पेंशन योजना , सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत योजनाओं के प्रचार प्रसार के लिए स्टॉल भी लगाए ग इस दौरान पुलिस अधीक्षक शुभम पटेल, डीएफओ यूसी रॉय, डीडीओ विकास ,सीएमओ , एसडीएम व सीओ मौदहा तथा अन्य संबंधित विभागों के जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे ।

# तहसील बिन्दकी में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन जिलाधिकारी श्रीमती श्रुति एवं पुलिस अधीक्षक श्री राजेश कुमार सिंह की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ

दैनिक अयोध्या टाइम्स फतेहपुर। शासन की मंशा है कि आम जन को त्वरित, गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध तरीके से न्याय मिले के क्रम में दिन शनिवार को श्री सोहनलाल द्विवेदी, राजकीय बालिका इण्टर कालेज, तहसील बिन्दकी में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन जिलाधिकारी श्रीमती श्रुति एवं पुलिस अधीक्षक श्री राजेश कुमार सिंह की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ ।सम्पूर्ण समाधान दिवस में आज राजस्व, विकास, पुलिस, विद्युत् आदि विभागों से सम्बंधित कुल 223 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 28 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया गया तथा शेष 195 शिकायतों को समयबद्धता व गुणवत्ता के साथ निस्तारित किये जाने के लिए सम्बंधित





अधिकारियों को निर्देश दिए।

संपूर्ण समाधान दिवस में जन शिकायतों की सुनवाई करते हुए जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्राप्त सभी शिकायतों का निस्तारण समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण तथा संतुष्टि के आधार पर किया जाए और जन शिकायतों के निस्तारण में किसी प्रकार का विलम्ब नहीं होने पाये। शिकायत का निस्तारण करते समय शिकायतकर्ता से बात भी की जाए। उन्होनें कहा कि सभी अधिकारी आईजीआरएस और मुख्यमंत्री हेल्पलाइन की शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही न बरतें। शासन की मंशा के अनुरूप सम्पूर्ण समाधान दिवस में आये हर फरियादी की छोटी या बड़ी प्रत्येक समस्या को गम्भीरता से सुना जाए और धरातल पर शिकायतों का निस्तारण कर समय सीमा के अन्तर्गत ही उनका निराकरण भी सुनिश्चित किया जाए ताकि फरियादियों को इधर–उधर अपनी समस्याओं को लेकर न जाना पड़े। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक ने पुलिस विभाग से सम्बन्धित फरियादियों की समस्याओं को गम्भीरता से सुनकर उनके निराकरण हेतु क्षेत्राधिकारियों व थानाध्यक्षों को निर्देशित किया कि महिलाओं की शिकायतों को प्राथमिकता एवं गम्भीरता से सुनें तथा उनका समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण भी सुनिश्चित करें। इस मौके पर उपजिलाधिकारी बिन्दकी श्रीमती अंजू वर्मा, मुख्यचिकित्साधिकारी डॉ0 सुनील भारती, पुलिस क्षेत्राधिकारी, तहसीलदार बिन्दकी, परियोजना निदेशक डीआरडीए श्री एमपी चौबे सहित अनेक जिलास्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# सम्पूर्ण समाधान दिवस/तहसील दिवस में आयी शिकायतों का समय सीमा के अन्तर्गत निस्तारण करें सम्बन्धित अधिकारीगण : जिलाधिकारी

ब्यूरो चीफ श्रावस्ती ओंकार नाथ चौधरी श्रावस्ती। प्रदेश सरकार के निर्देशानुसार सभी संबंधित विभागीय अधिकारी कार्यालय में समय से बैठकर जन समस्याओं को सुनें, और समय सीमा के अंतर्गत उनका निराकरण कागज के साथ साथ धरातल पर भी सुनिश्चित किया जाए। समस्याओं के निराकरण गुणवत्तापूर्ण होना चाहिए, ताकि फरियादियों को बार–बार ब्लॉक तहसील व जनपद मुख्यालय का चक्कर ना लगाना पड़े। सम्पूर्ण समाधान दिवसध्तहसील दिवस में आये हर फरियादियों की छोटी बड़ी समस्याओं को गम्भीरता से सुना जाए। शिकायतों के निस्तारण के गुणवत्ता की जॉच की जायेगी। यदि निस्तारण में फर्जीवाड़ा मिला तो निश्चित ही निस्तारण करने वाले अधिकारियों/कर्मचारियों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जायेगी।

उक्त विचार तहसील इकौना में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवसध्तहसील दिवस में फरियादियों की समस्याओं को सुनकर उनका निस्तारण करने के दौरान मा0 विधायक रामफेरन पाण्डेय एवं जिलाधिकारी नेहा प्रकाश ने व्यक्त किया। इस अवसर पर मा0 विधायक ने सम्पूर्ण समाधान दिवस/तहसील दिवस में आये फरियादियों की समस्याओं को गम्भीरता से सुनकर उनकी समस्याओं का समय से निराकरण करने हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया।

इस दौरान जिलाधिकारी ने सम्पूर्ण समाधान दिवस/तहसील दिवस में आयी शिकायतों को गम्भीरता से उनका निस्तारण करने हेतु सम्बन्धित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि सरकार के मंशानुसार तहसील एवं ब्लाक स्तर पर तैनात अधिकारी अपने तैनाती स्थल पर प्रत्येक दशा में निवास करें, और सम्पूर्ण समाधान दिवसध्तहसील दिवस में आने वाले फरियादियों की समस्याओं का त्वरित निस्तारण मौके पर जाकर किया जाए। भूमि विवादों से सम्बन्धित प्रकरणों में राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम मौके पर जाकर निष्पक्ष ढंग से निस्तारण कराएं, इसमें कोई लापरवाही न बरती जाएं। उन्होने सभी लेखपाल एवं राजस्व निरीक्षक को निर्देश दिया कि सरकारी जमीनों में किसी भी प्रकार का अवैध अतिक्रमण न होने पाये इसका ध्यान रखा जाय, यदि किसी भी क्षेत्र में अवैध अतिक्रमण की शिकायत मिली तो सम्बन्धित क्षेत्र के लेखपालध्राजस्व निरीक्षक के विरूद्ध कार्यवायी सुनिश्चित की जायेगी।

इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक अरविन्द कुमार मौर्य ने समस्त थानाध्यक्षों को निर्देशित किया कि सम्पूर्ण समाधान दिवसध्तहसील दिवस में पुलिस विभाग से सम्बन्धित प्राप्त शिकायतों का निस्तारण समय–सीमा के अन्दर किया जाना सुनिश्चित करें। उन्होने यह भी कहा कि महिलाओं की जनशिकायतों को गम्भीरता से सुने तथा उनका गुणवत्ता पूर्ण ढंग से



निस्तारण भी सुनिश्चित करें। यदि जिले में किसी भी थाना क्षेत्र से कोई भी फरियादी द्वारा किसी भी थानाध्यक्ष की शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही बरतने की शिकायत मिली तो निश्चित ही सम्बन्धित थानाध्यक्ष के विरूद्ध दण्डात्मक कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी।

जिलाधिकारी के निर्देश पर जनपद के अन्य तहसीलों में भी सम्पूर्ण समाधान दिवस/तहसील दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य विकास अधिकारी, अपर जिलाधिकारी एवं सभी उपजिलाधिकारीगण उपस्थित रहे।सम्पूर्ण समाधान दिवस/तहसील दिवस इकौना में कुल 90 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुये जिसमें से मौके पर ही 10 शिकायतों का निस्तारण किया गया। शेष शिकायतों के समय सीमा के अन्तर्गत निस्तारण हेतु सम्बन्धित विभागीय अधिकारियों को उपलब्ध कराया गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस जमुनहा में 85 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें से मौके पर ही 06 शिकायतों का निस्तारण किया गया। तहसील भिनगा में कुल 42 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें से मौके पर ही 04 शिकायतों का निस्तारण किया गया।

इस अवसर पर उपजिलाधिकारी इकौना आर0पी0 चौधरी, पुलिस क्षेत्राधिकारी एम0पी0 शर्मा, जिला विकास अधिकारी राम समुझ, तहसीलदार इकौना प्रेमकुमार राय, जिला पंचायत राज अधिकारी आनन्द प्रकाश श्रीवास्तव, डी0सी0 एन0आर0एल0एम0, उपनिदेशक कृषि कमल कटियार, जिला कृषि अधिकारी अवधेश कुमार यादव, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डा0 जयइन्द्र सिंह, अधिशासी अभियंता सरयू नहर खण्ड–6 अजय कुमार, अधिशासी अभियंता बाढ़ कार्य खण्ड विनोद कुमार गुप्ता, उप प्रभागीय वनाधिकारी अर्चना रावत, जिला पूर्ति अधिकारी दीपक कुमार वार्ष्णेय, जिला प्रोबेशन अधिकारी सुबोध कुमार सिंह, जिला कार्यक्रम अधिकारी आशा सिंह, जिला समाज कल्याण अधिकारी श्रद्धा पाण्डेय, जिला विद्यालय निरीक्षक सन्त प्रकाश सहित सम्बन्धित विभागों के अधिकारीगण, राजस्व निरीक्षक, लेखपाल एवं फरियादीगण उपस्थित रहे।

# संक्षिप्त समाचार

## स्काउट गाइड प्रशिक्षण का अलग-अलग विद्यालयों में कार्यक्रम हुआ बृहद रूप से संपन्न

ब्यूरो चीफ घनश्याम वर्मा। जयसिंहपुर तहसील क्षेत्र के अंतर्गत सीएल इंटर कॉलेज छीतेपटटी स्काउट गाइड प्रशिक्षक महेंद्र कुमार वर्मा , सुभाष विश्वकर्मा ट्रेनिंग काउंसलर स्काउट मनीषा वर्मा ट्रेनिंग काउंसलर गाइड ने बताया तीन दिन के प्रशिक्षण में बच्चों को प्रार्थना ,झंडा गीत ,नियम, प्रतिज्ञा, सिद्धांत, बाया हाथ मिलाना, स्काउटिंग गाइडिंग का संक्षिप्त इतिहास, सेल्यूटिंग, रिपोर्टिंग, गांठ बंधन, प्राथमिक सहायता, मार्च पास्ट ,साहसी क्रियाकलाप , बिना बर्तन के भोजन बनाना, टेंट लगाना, का प्रशिक्षण दिया गया स्काउट गाइड के बच्चों ने आजादी के अमृत महोत्सव पर साहसी क्रियाकलाप कर तिरंगा फहराकर आए हुए अतिथियों का मन मोह लिया कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्य लालजी चतुर्वेदी जी ने माता सरस्वती जी जी का पूजन बंदन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया इस मौके पर विद्यालय के प्रवक्ता अरविंद कुमार पांडे, सत्यदेव दुबे, धीरज सक्सेना, डॉ अजय कुमार सिंह, विक्रम नारायण सिंह, दुर्गा शंकर उपाध्याय, स्काउट प्रभारी मंसाराम यादव, के साथ साथ पूरा विद्यालय परिवार उपस्थित रहा प्रधानाचार्य जी ने आए हुए सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया वहीं दूसरी तरफ गंगा प्रसाद शुक्ल विद्या मंदिर सोनबरसा रामापुर सुलतानपुर मैं आज प्रकाशित प्रशिक्षण का हुआ वृहद रूप से समापन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री विपेंद्र तिवारी और वीरेंद्र शुक्ला , प्रबंधक के द्वारा बच्चों की रंगोली टेंट खुले स्थान पर भोजन मुख्य रूप से चौका और बाटी का निरीक्षण कर बच्चों का उत्साहवर्धन किया गया विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री सिकंदर सिंह जी ने माला पहनाकर अतिथि का स्वागत किया बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए मुख्य अतिथि का स्वागत अभिनंदन वंदन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि का किया गया स्काउट गाइड प्रशिक्षण से हमारा सद्‌गुण विकास होता है प्रशिक्षण में जो भी कुछ बताया गया आप अपने जीवन में उतारें और उसका पालन करें जिसमें स्काउट प्रशिक्षक आदर्श शुक्ला जिला ट्रेनिंग काउंसलर सुल्तानपुर गाइड प्रशिक्षक निकिता यादव ट्रेनिंग काउंसलर गाइड सुल्तानपुर ने 3 दिन के प्रशिक्षण में बच्चों को प्रार्थना झंडा गीत नियम प्रतिज्ञा सिद्धांत बाया हाथ मिलाना स्काउटिंग गाइडिंग का संक्षिप्त इतिहास सेल्यूटिंग रिपोर्टिंग गठबंधन प्राथमिक सहायता राशि क्रियाकलाप बिना बर्तन के भोजन बनाना और शोषित कार्यक्रम का प्रशिक्षण दिया गया इस मौके पर विद्यालय के अध्यापक और अध्यापिका रहे मौजूद रहे इस स्काउट गाइड प्रशिक्षण को जानकर डॉ आरवजेव मौर्य ( प्रभारी जिला विद्यालय निरीक्षक), डॉक्टर दिनेश प्रताप सिंह जिला कमिश्नर स्काउट, अनुपम श्रीवास्तव जिला कमिश्नर गाइड, डॉक्टर गुलाब सिंह जिला सचिव, धर्मेंद्र प्रताप सिंह जिला प्रशिक्षण आयुक्त स्काउट, ज्योति सिंह जिला प्रशिक्षण आयुक्त गाइड, और उसे गौरव सिंह जिला संगठन आयुक्त स्काउट कांति सिंह जिला संगठन आयुक्त गाइड सभी पदाधिकारियों ने प्रशंसा करते हुए प्रशिक्षकों के उज्जवल भविष्य की कामना की।



## प्रत्येक घर में राष्ट्रीय ध्वज लहराए जाने की बनाई रूपरेखा

- टेंपो में बैठ कर गांव का भ्रमण करते ग्राम प्रधान प्रदीप कुमार गौरव

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो रामपुरा। आजादी के अमृत महोत्सव कार्यक्रम में स्वतंत्रता के 75 वर्ष पूर्ण होने पर प्रधानमंत्री के आवाहन पर ग्रामीण के प्रत्येक घर घर में राष्ट्रीय ध्वज लहराये जाने की रूपरेखा बनाई गई तथा ग्राम प्रधान प्रदीप कुमार गौरव ने टेंपो मैं बैठकर पूरे गांव का भ्रमण किया तथा राष्ट्रीय ध्वज लहराने को लेकर संगठन की ने तैयारी भी शुरू कर दी है तथा ग्राम प्रधान प्रदीप कुमार गौरव ने बताया है कि प्रत्येक घर में 13 से 15 अगस्त झंडे लहराए जाएंगे झंडे वितरण ग्राम प्रधान प्रदीप कुमार गौरव व उनके संगठन से 9से 11 अगस्त के बीच प्रत्येक घरों में किया जाएगा सम्मानित व्यक्तियों के घर घर जाकर छोटे सदस्य के द्वारा झंडा फहराने का कार्य किया जाएगा और किसी तारीख सुनिश्चित कर तिरंगा यात्रा का आयोजन की भी रूप रूपरेखा बनाई गई है जिसमें प्रभात फेरी राम धुन के माध्यम से गलियां व मोहल्लों के लोगों को इस ऐतिहासिक स्वतंत्रता दिवस मनाने को प्रेरित किया जाएगा रूपरेखा बैठक में ग्राम प्रधान प्रदीप कुमार गौरव मंडल महामंत्री भाजपा शिव कुमार गौर जॉनी गुप्ता के साथ आदि लोग मौजूद रहे।



## लोगों से बूस्टर डोज लगवाने का आवाहन किया जिला पंचायत अध्यक्ष ने

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो उरई(जालौन)। विशेष कोविड–19 टीकाकरण अभियान के अंतर्गत आज जिला पंचायत अध्यक्ष डा० घनश्याम अनुरागी ने बूस्टर डोज लगवाई साथ जिला पंचायत अध्यक्ष के समर्थकों ने भी बूस्टर डोज लगवाई। इस अवसर पर उपस्थित जिला प्रशिक्षण अधिकारी वीरेंद्र सिंह ने 18 वर्ष से अधिक आयु के सभी लोगों से बूस्टर डोज लेकर कोरोना वायरस को हराने की अपील की जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ घनश्याम अनुरागी के द्वारा भी लोगों से बूस्टर डोज लगवाने का आवाहन किया गया उन्होंने कहा कि मोदी सरकार के द्वारा बिल्कुल निशुल्क बूस्टर डोज लगाई जा रही है ।

जिसका फायदा आम जनमानस को उठा लेना चाहिए जिससे कोरोना वायरस जैसी महामारी का सफाया हो सके क्योंकि पिछले वर्ष कोरोना वायरस महामारी का तांडव हम सभी लोग देख चुके हैं इसलिए बूस्टर डोज अवश्य लगवाएं।




## डीएम ने कहा 11 अगस्त से 17 अगस्त मनाया जायेगा आजादी अमृत महोत्सव

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो उरई (जालौन)। जिलाधिकारी चांदनी सिंह ने आजादी के अमृत महोत्सव वर्ष 2022–2023 के अंतर्गत 11 अगस्त 2022 से 17 अगस्त 2022 तक ष्हर घर तिरंगाष कार्यक्रम के तहत खेल सप्ताह के आयोजन के संबंध में बताया कि भारत सरकार एवम उ०प्र० सरकार के निर्देशानुसार खेल विभाग के तत्वाधान में अमृत महोत्सव के अंतर्गत जनपद स्तरीय ओपेन पुरुष तथा महिला खेल प्रतियोगिता का आयोजन दिनांक 11 अगस्त से 17 अगस्त 2022 को इंदिरा स्टेडियम उरई में किया जा रहा है, जिसमे खिलाड़ियों हेतु सुरक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल व साफ सफाई किए जाने हेतु संबंधित अधिकारी को निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि 11 अगस्त को प्रभात फेरी एवम झंडा वितरण, दिनांक 12 अगस्त को जनपद स्तरीय ओपेन बालक एवम बालिका एथलेटिक्स प्रतियोगिता (इवेंटट्स– 100, 200, 400 एवम 800 मी०), 13 अगस्त को जनपद स्तरीय ओपेन बालक एवम बालिका खो–खो प्रतियोगिता, 14 अगस्त को जनपद स्तरीय ओपेन बालक एवम बालिका कबड्डी प्रतियोगिता, 16 अगस्त को जनपद स्तरीय ओपेन बालक एवम बालिका वालीबाल प्रतियोगिता, दिनांक 17 अगस्त को समापन एवम पुरूस्कार वितरण समारोह किया जाएगा, समस्त प्रतियोगिताएं इंदिरा स्टेडियम उरई में प्रातः 09:00 बजे से संपन्न होगी।

## सीएमओ ने कहा आजादी के अमृत महोत्सव के अन्तर्गत कोविड टीकाकरण अमृत अभियान संचालित किया जा रहा

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो उरई (जालौन)। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. एन. डी. शर्मा ने बताया कि आजादी के अमृत महोत्सव के अन्तर्गत कोविड टीकाकरण अमृत अभियान संचालित किया जा रहा है इसी क्रम में 07अगस्त रविवार जनपद के जिला चिकित्सालय महिला एवं पुरूष, मेडीकल कॉलेज, सभी सामुदायिक एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र कोंच, कालपी, जालौन, नदीगांव, डकोर, कदौरा, माधौगढ़, रामपुरा, पिण्डारी, छिरिया, कुठोंद, बाबई तथा समस्त हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर पर कोविड टीके की प्रीकाशन डोज लगाने का मैगा कैम्प आयोजित किया जा रहा है। भारत सरकार के दिशा निर्देशानुसार पर जिन 18 वर्ष से अधिक उम्र के व्यक्तियों को कोविड टीके की दो डोज लग चुकी है एवं दूसरी डोज लगे 6 माह (26 सप्ताह) से अधिक समय हो चुका है, कोविड के विरूद्ध प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने हेतु 1 अतिरिक्त प्रकाशन डोज लगाये जायेगी यह डोज पूर्णतः निःशुल्क लगाये जायेगी एवं पर्याप्त मात्रा में वैक्सीन मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ जी के विशेष प्रयास से भारत सरकार द्वारा उपलब्ध करा दी गयी हैं। यह अतिरिक्त डोज सभी कोविड वैक्सीनेशन सेन्टर पर कोविन पोर्टल पर आन लाइन अपाइन्टमेन्ट के माध्यम या सीधे केन्द्र पर जाकर लगवाई जा सकेगी। जिलाधिकारी महोदया के नेतृत्व में यह अभियान चिकित्सा स्वास्थ्य विभाग, विकास, राजस्व, शिक्षा, बाल विकास एवं पुष्टाहार पूर्ति विभाग के सहयोग से सफलता पूर्वक आयोजित किया जा रहा है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. एन. डी. शर्मा द्वारा बताया गया कि जनपद में 178 टीम के माध्यम से तैनात कर दी गयी है। वैक्सीन पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने सभी जनपद वासियों से अपील की कि जिन 18 वर्ष अधिक के व्यक्तियों जिन्हें दूरसी डोज लगने के 6 माह से अधिक हो गया है एवं अतिरिक्त बूस्टर डोज लगवा कर कोरोना के विरूद्ध लड़ाई में सहयोग करें।

## KNIPSS में आजादी के अमृत महोत्सव पर संगोष्ठी एवं जागरूकता रैली का हुआ आयोजन



दैनिक अयोध्या टाइम्स सुल्तानपुर ब्यूरो चीफ घनश्याम वर्मा। सुल्तानपुर के कमला नेहरू भौतिक एवं सामाजिक विज्ञान संस्थान में आज आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत संगोष्ठी एवं जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। संगोष्ठी के आयोजक असिस्टेंट प्रोफेसर सुधांशु प्रताप सिंह ने उपस्थित छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए बताया कि यह महोत्सव मूलतः आजादी के 75 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में मनाया जा रहा है जिसके अंतर्गत देश के महानायकों, विभिन्न स्वतंत्रता आंदोलनों व स्वतंत्रता सेनानियों की उपलब्धियों पर प्रदर्शनी, रैली, डॉक्यूमेंट्री एवं विभिन्न प्रतियोगिताओं के माध्यम से सामान्य जनमानस को अवगत कराना है।

इसी क्रम में प्रोफेसर ओ. पी. सिंह, भूगोल विभागाध्यक्ष ने छात्रों को संबोधित करते हुए बताया कि इस महोत्सव के अंतर्गत वर्तमानकालीन पर्यावरणीय मुद्दे भी शामिल हैं जिसके अंतर्गत देश के विभिन्न संस्थानों द्वारा पर्यावरणीय संरक्षण गतिविधि एवं वृक्षारोपण के माध्यम से जनजागरुकता अभियान चलाया जा रहा है। इस कार्यक्रम में 100 से अधिक छात्र छात्राओं के साथ साथ डॉ.आर. पी. मिश्रा, डॉ. अतुल कुमार सिंह, डॉ. अनिल कुमार यादव, डॉ. नम्रता वर्मा, डॉ.अतुल कुमार वर्मा एवं रामशब्द व प्रभात सिंह आदि उपस्थित रहे।

आजादी के अमृत महोत्सव कार्यक्रम के क्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना एवं संस्थान की अमृत महोत्सव समिति के बैनर तले घर घर तिरंगा अभियान पर भव्य जागरूकता रैली का आयोजन संपन्न हुआ। इस रैली में संस्थान के प्राचार्य प्रोफेसर आलोक कुमार सिंह ने राष्टीय ध्वज एवं अमृत महोत्सव के महत्व पर प्रकाश डालते हुए संस्थान से घर घर तिरंगा रैली को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। संस्थान के अमृत महोत्सव आयोजन समिति के सदस्य डॉ.सुधांशु प्रताप सिंह, भूगोल विभाग के अध्यक्ष डॉ. ओ. पी. सिंह, एन.एस. एस. के कार्यक्रमाधिकारी डॉ.आर. पी. मिश्रा एवं डॉ.अवधेश प्रताप सिंह के नेतृत्व में 600 से अधिक छात्र छात्राओं ने राष्ट्र के गौरव एवं राष्ट्र ध्वज की शान में नारा लगाते हुए संस्थान के विभिन्न संकायों एवं सुल्तानपुर अयोध्या राजमार्ग पर चल रहे राहगीरों को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर अपने अपने घरों पर तिरंगा फहराने की अपील की।

इस मौके पर संस्थान के उपप्राचार्य प्रोफेसर सुशील कुमार सिंह, निवर्तमान प्राचार्य प्रो. राधेश्याम सिंह, मुख्य अनुशास्ता प्रो. आर. पी. सिंह, अवध विश्वविद्यालय शिक्षक संघ के अध्यक्ष प्रो. वी. पी. सिंह, समाजशास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ. पी. के. सिंह, अन्य शिक्षक साथियों में डा. नम्रता वर्मा, डॉ दीपमाला द्विवेदी, डॉ निकहत रफीक आदि उपस्थित रहे ।आज के कार्यक्रम की सफलता हेतु अमृत महोत्सव आयोजन समिति की संयोजक प्रोफेसर प्रतिमा सिंह एवं संस्थान प्राचार्य ने कार्यक्रम आयोजकों व छात्र छात्राओं को बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

## डीएम व एसपी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ सम्पूर्ण समाधान दिवस समाधान दिवस में आने वाले फरियादों की समस्याओं को सुना

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो उरई (जालौन)। उत्तर प्रदेश सरकार के महत्वपूर्ण कार्यक्रम संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन जिलाधिकारी चाँदनी सिंह व पुलिस अधीक्षक रवि कुमार की अध्यक्षता में जालौन तहसील सभागार में आयोजित किया गया। आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में फरियादियों की शिकायतों को सुनते हुए उनके निस्तारण के संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने फरियादियों की शिकायतों का निस्तारण प्रभावी ढंग से समयबद्ध गुणवत्तापरक करने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि फरियादियों की शिकायतों के निस्तारण में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी यदि किसी भी अधिकारी के द्वारा फरियादियों की शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही की जाती है तो संबंधित अधिकारी के खिलाफ कड़ी कार्यवाही भी अमल में लाई जाएगी। संपूर्ण समाधान दिवस में 84 शिकायत प्राप्त हुई जिसमें से 6 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया तथा शेष शिकायतों को समयबद्धता व गुणवत्ता के साथ निस्तारित किए जाने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि प्राप्त सभी शिकायतों का निस्तारण समयबद्ध गुणवत्तापूर्ण तथा संतुष्टि के आधार पर किया जाए। उन्होंने कहा कि जन शिकायतों के निस्तारण में किसी प्रकार का विलंब नहीं होने पाए इसका विशेष ध्यान रखा जाए। शिकायत का निस्तारण करते समय शिकायतकर्ता से बात भी की जाए शिकायत निस्तारण से यदि शिकायतकर्ता संतुष्ट नहीं है तो शिकायत को निस्तारण नहीं माना जाएगा यह सुनिश्चित रखें।

उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप संपूर्ण समाधान दिवस में आए हर फरियादी की छोटी या बड़ी प्रत्येक समस्याओं को गंभीरता से सुना जाए और धरातल पर शिकायतों का निस्तारण कर समय सीमा के अंतर्गत ही उनका निराकरण भी सुनिश्चित किया जाए ताकि फरियादियों को इधर–उधर अपनी समस्याओं को लेकर न जाना पड़े। उन्होंने कहा कि शिकायतों के निस्तारण की गुणवत्ता की जांच की जाएगी यदि शिकायत के निस्तारण सही नहीं पाया गया तो निश्चित ही निस्तारण करने वाले संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। संपूर्ण समाधान दिवस में सबसे अधिक विद्युत विभाग की शिकायतें प्राप्त हुई जिस पर विद्युत विभाग के अधिकारियों की जमकर फटकार लगाई साथ ही निर्देशित किया कि विद्युत विभाग की जनपद में कोई भी शिकायत ना आए इसका अभियान चलाकर सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त करें। उन्होंने कहा कि छोटी–छोटी शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण करें इसमें किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए अन्यथा की स्थिति में आप के खिलाफ शासन को पत्र लिख कर अवगत कराया जाएगा। संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर सुंदरा देवी उम्र 80 वर्ष शिकायती पत्र लेकर वृद्धा पेंशन बनवाने को कहा जिस पर जिलाधिकारी ने त्वरित समाज कल्याण अधिकारी को निर्देशित किया कि तत्काल वृद्धा पेंशन हेतु आवेदन कराएं। इसी प्रकार शोभारानी निवासी रपटगंज ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र देकर कहा कि मेरी किसान सम्मान निधि किस खाता संख्या में जा रही है यह सुनिश्चित नहीं हो पा रहा है इस पर जिलाधिकारी ने उप कृषि निदेशक को निर्देशित कर त्वरित समाधान कराया गया। शिकायतकर्ता द्वारा शिकायती पत्र देकर अवगत कराया गया कि खलियान की जगह पर माफियाओं ने निर्माण करा लिया है। जिस पर डीएम ने उप जिलाधिकारी व तहसीलदार को निर्देशित किया कि खलियान की जगह की जांच कर अगर किसी व्यक्ति द्वारा निर्माण किया गया है तो उसके खिलाफ सख्त से सख्त कार्यवाही की जाए इसमें किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। उन्होंने समस्त संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि 13 अगस्त से 17 अगस्त तक हर घर तिरंगा अभियान चलाया जाएगा जिसमें सभी संबंधित विभाग की कार्य योजना दो दिवस के अंदर प्रस्तुत करें। उन्होंने कहा कि अधिकारी अभी से ही झंडा उपलब्ध कर ले बाद में कोई भी बहाना नहीं चलेगा यह सुनिश्चित रहे। उन्होंने कहा कि हर घर तिरंगा अभियान भव्य रूप से मनाया जाएगा जिसमें सभी की सहभागिता रहेगी। पुलिस अधीक्षक रवि कुमार ने पुलिस विभाग से संबंधित शिकायतों को सुनते हुए पुलिस विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि पुलिस विभाग से संबंधित शिकायतों का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर करें इसमें किसी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नही होगी। क्षेत्राधिकारीयों व थानाध्यक्षों को निर्देशित किया कि महिलाओं की शिकायतों को प्राथमिकता एवं गंभीरता से सुने तथा उनका समयबद्ध एवं गुणवत्ता पूर्ण ढंग से निस्तारण भी सुनिश्चित करें। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी राजेश, तहसीलदार बलराम गुप्ता, परियोजना निदेशक शिवाकांत द्विवेदी, डीएफओ जयप्रकाश नारायण तिवारी, जिला विकास अधिकारी सुभाष चंद्र त्रिपाठी, उप कृषि निदेशक एसके उत्तम, कृषि अधिकारी गौरव यादव आदि सहित संबंधित जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।



## हर घर झंडा तिरंगा जागरूकता के लिए सर्व समिति ने मिलकर एक जागरूकता रैली निकाली

दैनिक अयोध्या टाइम्स सुल्तानपुर रिपोर्ट विनय सेन। आजादी के अमृत महोत्सव के तहत आजादी की 75वीं वर्षगांठ धूमधाम से मनाने के लिए सुल्तानपुर में तैयारियां जोरों पर है इसी के तहत आज 6 अगस्त 2022 को कलेक्ट्रेट से तिरंगा झंडा यात्रा निकाली गई, ताकि हर घर तिरंगा लहराने के अभियान को शत–प्रतिशत सफल बनाया जा सके द्य इस तिरंगा यात्रा में सीआरपीएफ पुरूष व महिला की यूनिट, स्कूल कॉलेज के बच्चे, बार एसोसिएशन , उत्तर प्रदेश अपराध निरोधक समिति, नगर सुरक्षा संगठन ,अंकुरण,घर फाउंडेशन आदि कई सामाजिक संगठन शामिल हुए। वही जिलाधिकारी रवीश गुप्ता ने हरी झंडी दिखाकर इस यात्रा को रवाना किया। नगर के प्रमुख मार्गो से होती हुई यह यात्रा लोगों को इस बार अपने घरों में तिरंगा लगाने के लिए जागरूक करने के लिए भ्रमण किया।

जिला अधिकारी की माने तो सुल्तानपुर में सर्वे के हिसाब से करीब साढे छह लाख झंडे लगने हैं। तकरीबन 3•5 लाख झंडे की व्यवस्था भी की जा चुकी है। जिसमें स्वयं सहायता समूह के जरिए करीब एक लाख झंडे सरकार के तरफ से 2 लाख लाख झंडे आ गए हैं वही ग्राम प्रधान भी विभिन्न वेंडरों से तिरंगा झंडे का क्रय कर रहे हैं, ताकि आजादी का अमृत महोत्सव और 75 वीं वर्षगांठ धूमधाम से मनाई जा सके। इस तिरंगा झंडा यात्रा में उत्तर प्रदेश अपराध निरोधक समिति सुल्तानपुर की टीम अपने जिला सचिव/जेल विजिटर अमर बहादुर सिंह के नेतृत्व में भाग लिया। उत्तर प्रदेश अपराध निरोधक समिति सुल्तानपुर के कोषाध्यक्ष गोपाल अग्रहरी, सचिव आशीष तिवारी, लक्ष्मणपुर चौकी सचिव संतोष पाठक, जमाल गेट वार्ड सचिव सुशील कनोजिया, मीडिया प्रभारी विनय सेन, डिजिटल मीडिया प्रभारी मोहम्मद इस्माइल, चौक चौकी सचिव गोपाल जी सोनी, कोतवाली देहात थाना सचिव अशोक सिंह आदि पदाधिकारियों एवं सदस्यों एवं जिले के जाने–माने सर्जन डॉक्टर ए के सिंह, बाल रोग विशेषज्ञ डॉक्टर सुधाकर सिंह, काउंसिल ऑफ उद्योग व्यापार मंच के अध्यक्ष अशोक कसौधन, जिला मंत्री कुलदीप गुप्ता, जिला कोषाध्यक्ष अरविंद द्विवेदी, पूर्व नगर चेयरमैन प्रवीण अग्रवाल, बार अध्यक्ष गिरजा शंकर शुक्ला , वार सचिव समरजीत सिंह, समाजसेवी सरदार बलदेव सिंह, ने इस अमृत महोत्सव के 75वीं तिरंगा झंडा यात्रा में सम्मिलित होकर एवं नगर में भ्रमण कर जनमानस को हर घर तिरंगा के लिए जागरूक किया।



## पन्द्रह घण्टे बिजली आपूर्ति रही बाधित विभाग द्वारा की जा रही खानापूर्ति

दैनिक अयोध्या टाइम्स सुल्तानपुर ब्यूरो रिपोर्ट सुल्तानपुर। जयसिंहपुर तहसील क्षेत्र के विरसिंहपुर विजली उपकेंद्र का मामला आया सामने जहां पर क्षेत्र को की जानी वाली विजली आपूर्ति जम्फर कटने और उपकेंद्र पर एले खराब हो जाने के चलते क्षेत्र की विजली आपूर्ति करीब 15 घण्टे बाधित रही जिससे गाँवों में अंधेरा छाया रहा। लोग रातभर भीषण गर्मी और उमस से परेशान नजर आए। जयसिंहपुर तहसील क्षेत्र के विरसिंहपुर विजली उपकेंद्र से क्षेत्र को की जाने वाली विजली आपूर्ति शुक्रवार शाम करीब 8 बजे से शनिवार करीब 11 बजे तक बाधित रही।क्षेत्र में करीब 15 घण्टे विजिली आपूर्ति न होने से क्षेत्र के करीब 200 गावो में अंधेरा छाया रहा। लोग रात्रि भर भीषण गर्मी और उमस से परेशान हो सड़क पर घूमते फिरते नजर आए। शुक्रवार की शाम से ही विरसिंहपुर विजली उपकेंद्र को बनी से आने वाली 33 केबी की लाइन का जम्फर कट जाने से विरसिंहपुर उपकेंद्र ठप हो गया। विजली कर्मियों द्वारा रात में ही किसी तरह से जम्फर को जोड़कर लाइन चालू की गए तो विरसिंहपुर उपकेन्द्र पर 33 केबी लाइन का एले खराब ही गया जिससे विरसिंहपुर उपकेंद्र दुबारा पूरी तरह से ठप हो गया।जिससे उपकेंद्र के चारो फीडर सेमरी, छीटेपट्टी, नुमायें और हालापुर बन्द हो गए। रात में खराब एले को विजली कर्मियों द्वारा बदला नही गया जिससे चारो फीडरों से क्षेत्र की की जाने वाली विजली आपूर्ति पूरी तरह से बाधित रही।शनिवार की सुबह से ही विजली कर्मचारियों द्वारा एले बदलने का कार्य युध्द स्तर पर जारी रहा तो करीब 11 बजे जाकर क्षेत्र की विजिली आपूर्ति चालू हो सकी। इस संबंध में विरसिंहपुर जेई अनिल कुमार यादव से बात की गए तो उन्होंने बताया कि जम्फर कटने और उपकेंद्र पर 33 केबी लाइन का एले डैमेज होने की वजह से करीब 10 घण्टे विजली आपूर्ति बाधित रही जिसमे रोस्टिंग भी शामिल रही। क्षेत्र की विजली आपूर्ति बहाल कर दी गई है जो क्षेत्र को बिजली आपूर्ति नही हो सकी उसकी क्षति पूर्ति 12 बजे मध्य रात्रि तक कर दी जाएगी वहीं दूसरी तरफ महकमा उदासीन नजर दिख रहा है जिसको लेकर क्षेत्र में आक्रोश व्याप्त है।



## कार्यालय ग्राम पंचायत सतोह वि.ख. कोंच, जालौन

पत्रांकः मैमो संख्या/रा.वि./15वां वित्त/मनरेगा योजना अंतर्गत/2022–2023 — दिनांकः 07.08.2022

### सामग्री आपूर्ति हेतु

ग्राम पंचायत सतोह वि.ख. कोंच, जालौन में राज्य वित्त/15वां वित्त/मनरेगा योजना अंतर्गत 2022–23 में निम्न कार्यों हेतु सामग्री की आवश्यकता है। जिसकी आपूर्ति हेतु 07.08.2022 से 13.08.2022 तक ग्राम पंचायत सतोह वि.ख. कोंच, जालौन में प्रातः 10.00 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। जो उसी दिवस अपरान्ह 4 बजे तक निविदायें खोली जायेंगी। इच्छुक निविदादाता 100.00 रुपये का नगद भुगतान कर ग्राम पंचायत से निविदा प्राप्त कर सकते हैं।

| क्र.सं. | कार्य का नाम | कार्य स्थल | लागत |
|---|---|---|---|
| 01 | गौशाला में पड़ंजा निर्माण | ग्राम पंचायत सतोह गौशाला में पड़ंजा निर्माण कार्य | 549396.00 |
| 02 | गौशाला में नाला निर्माण | ग्राम पंचायत सतोह गौशाला में नाला निर्माण कार्य | 471418.00 |

प्रधान
ग्राम पंचायत सतोह
विकास खण्ड कोंच, जालौन

सचिव
ग्राम पंचायत सतोह
विकास खण्ड कोंच, जालौन

## समता पार्टी के प्रदेश महासचिव ने महंगाई को लेकर बीजेपी सरकार को घेरा कहा बीजेपी सांसद अपनी पत्नी से पूछें की वे रसोई कैसे चला रही है



साकेत कुमार प्रखंड संवाददाता (बेलछी प्रखंड) दैनिक अयोध्या टाइम्स देश में बढ़ती महंगाई को लेकर केंद्र सरकार पर समता पार्टी का हमला समता पार्टी के बिहार प्रदेश महासचिव नागेंद्र कुमार राजा ने भी केंद्र सरकार को निशाने पर लिया है। नागेंद्र कुमार राजा ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण पर निशाना साधते हुए कहा, "भारत का पैसा वित्त मंत्री के पास है। उन्हें कैसे पता चलेगा कि एक व्यक्ति कुछ खरीदने के लिए कितना खर्च करता है? नागेंद्र कुमार राजा ने कहा,की भाजपा के किसी मंत्री के लिए महंगाई नहीं है। भाजपा सांसदों को अपनी पत्नियों से पूछना चाहिए कि वे रसोई कैसे चला रही है? सरकार को चाहिए कि इस पर ध्यान दें, नहीं तो 2024 में महंगाई सरकार को खा जाएगी। उन्होंने कहा, महंगाई आसमान को छू गई। कुछ समय पहले महंगाई–महंगाई करके ही भाजपा सत्ता में आई थी। अब गरीबों की कमर टूट गई। महिलाएं घर नहीं चला पा रही हैं। गैस सिलेंडर मिल नहीं रहा है। डीजल के दाम आसमान छू रहे हैं। बाजार में सब्जी–दाल, चावल सब कुछ महंगा हो गया। 100 प्रतिशत से ज्यादा महंगा हो गया।इससे पहले शुक्रवार को कीमतों में वृद्धि और बेरोजगारी के खिलाफ कांग्रेस देशव्यापी विरोध में सड़कों पर उतरी। दिल्ली में कांग्रेस नेताओं ने प्रधानमंत्री आवास का घेराव और राष्ट्रपति भवन तक विरोध मार्च की योजना बनाई थी। वहीं देश भर के पार्टी कार्यकर्ताओं ने राजभवनों के बाहर विरोध प्रदर्शन और धरना दिया।

## डिफाल्टर पैक्स से सीएमआर जमा कराने के संबंध में निर्देश जारी

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार)। उप विकास आयुक्त, पूर्वी चंपारण, मोतिहारी के द्वारा अनुमंडल पदाधिकारी, अरेराज, पकड़ीदयाल एवं चकिया को डिफाल्टर पैक्स से सीएमआर जमा कराने के संबंध में निर्देश जारी किया गया है। जिसमें कहा गया है कि धान अधिप्राप्ति वर्ष 2021–22 में अधिप्राप्ति फेनहारा सिरहा ,प्रखंड पकड़ीदयाल पतापुर ,प्रखंड मेहसी परसौनी देवाजीत , खंड मेहसी पानापुर रंजीता , हरसिद्धि प्रखंड एवं पूर्वी मधुबनी, प्रखंड संग्रामपुर के समितियों से दिनांक 8 अगस्त 2022 तक CMR जमा कराया जाए। साथ ही समिति के अध्यक्ष की संपत्ति की जांच कराई जाए । निर्धारित तिथि



धान का ब्डत निर्धारित तिथि दिनांक 31 जुलाई 2022 तक निम्नांकित पैक्स का द्वारा सीएमआर जमा नहीं किया गया है । सीएमआर जमा करने की विस्तारित तिथि दिनांक 10 अगस्त 2022 तक निर्धारित है। संबंधित पैक्स रूपैलिया, प्रखंड तक CMR जमा नहीं करने की स्थिति में प्राथमिकी दर्ज करने के साथ–साथ नीलाम पत्रवाद दायर कराया जाए । संबंधित अनुमंडल पदाधिकारी पैक्स का निरीक्षण अंचलाधिकारी एवं थाना प्रभारी के साथ स्वयं करना सुनिश्चित करेंगे।

## डॉ अरुण कुमार मिश्रा का निधन दी गई श्रद्धांजलि : डा0 बिपिन बिहारी

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार)। ब्रह्मपुरा स्थित डॉ विपिन बिहारी की क्लीनिक पर डॉ अरुण कुमार मिश्रा के निधन पर श्रद्धांजलि सभा हुई इस दौरान सदस्यों ने उनकी तस्वीर पर माल्यार्पण व पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी अध्यक्षता नीमा के अध्यक्ष डॉ रमेश कुमार सिंह नेकी मौके पर मीडिया प्रभारी डॉ विपिन बिहारी ने कहा कि डॉक्टर अरुण कुमार मिश्रा विगत 15 वर्षों से रहुआ चौक पर अपना निजी क्लिनिक चलाते थे लोगों को निशुल्क भी चिकित्सा मुहैया कराते थे बे खादी भंडार चौक एवं कटरा में भी अपनी सेवा देते थे वे गरीबों के मसीहा थे अभी पराशर हॉस्पिटल में चिकित्सा प्रभारी के पद पर कार्यरत थे विगत 3 महीना से उनकी तबीयत खाराब थी आईजीएमएस पटना से इलाज चल रहा था वे सामाजिक कार्य में काफी बढ़ चढ़कर हिस्सा लेते थे डॉ मिश्रा नीमा के सक्रिय एवं जुझारू सदस्य एवं डॉ मिश्रा विश्व आयुर्वेद परिषद के उपाध्यक्ष पद पर कार्यरत थे बी आर एस एस के भी सक्रिय सदस्य थे उनका जाना मुजफ्फरपुर के लिए बहुत बड़ी चिकित्सा जगत में क्षति हुई है करोना काल में इन्होंने अपनी जान की बाजी लगाकर कितने मरीजों का जान बचाया था लेकिन इस बार जिंदगी से खुद जंग हार गए नीमा सचिव डॉ उषा कुमारी ने डॉ मिश्रा के मृत्यु पर जिले में चिकित्सा जगत में क्षति बताया महासचिव डॉ प्रमिला कुमारी डॉ सुरेश शाह डॉक्टर नीलू डॉक्टर विनोद डॉ बलराम प्रसाद डॉ मुरारी मिश्रा डॉक्टर अखिलेश सिंह डॉ राधेश्याम डॉक्टर रितेश डॉक्टर दीपक डॉ सुधा डॉक्टर पुष्प लता डॉ मिथिलेश डॉक्टर अनिल डॉक्टर विकास शर्मा डॉक्टर विनय झा डॉक्टर सत्या डॉ विकेश डॉक्टर महेश







नारायण चौधरी डॉ संजय कुमार डॉ एस. पी.सिंह डॉ इंदु मनोरमा भारती डॉक्टर अरुण भगत राघवेंद्र कुमार रजनीश भारती रणधीर कुमार डॉक्टर सुशील डॉक्टर पूनम डॉ प्रियंका आदि ने शोक संवेदना प्रकट की ।

## शास्त्रीय तथा व्यवहारिक दृष्टि से 12 अगस्त को ही रक्षाबंधन शुभ : आचार्य

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार) मोतिहारी। महर्षिनगर स्थित आर्षविद्या शिक्षण प्रशिक्षण सेवा संस्थान–वेद विद्यालय में रक्षाबंधन के मुहूर्त्त को लेकर विद्वानों के बीच उत्पन्न मतभेद की स्थिति को दूर करने के लिए कर्मकांड से जुड़े विद्वानों की एक विचार गोष्ठी प्राचार्य सुशील कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता में आयोजित की गयी। उपस्थित विद्वानों ने निर्णायक ग्रंथ व पंचांगों का अवलोकन एवं उसपर विचार–विमर्श करने के बाद सर्व–सम्मति से यह निर्णय लिया कि 12 अगस्त शुक्रवार को ही रक्षाबंधन का पर्व मनाया जाना उचित है। चूंकि श्रावणी तथा रक्षाबंधन भद्रा में नहीं किया जा सकता,भद्रा रहित पूर्णिमा में ही रक्षाबंधन करने का विधान है। इस वर्ष 11 अगस्त गुरुवार को दिन में 09:35 बजे से पूर्णिमा तिथि लगेगी जो 12 अगस्त शुक्रवार को प्रातः 07:16 बजे तक रहेगी।

भद्रा 11 अगस्त गुरुवार को पूर्णिमा तिथि के साथ ही दिन 09:35 से प्रारंभ होकर रात्रि 08:25 बजे तक रहेगी। इस प्रकार भद्रा से रहित पूर्णिमा 11 अगस्त गुरुवार को रात्रि 08रू25 से लेकर 12 अगस्त शुक्रवार को प्रातः 07रू16 बजे के मध्य रक्षाबंधन किया जा सकता है,परन्तु रात्रि में रक्षाबंधन करना व्यवहारिक दृष्टि से भी ठीक नहीं है। अतः शास्त्रीय तथा व्यवहारिक दृष्टि को ध्यान में रखते हुए 12 अगस्त शुक्रवार को ही भद्रा से रहित पूर्णिमा में प्रातः 07:16 बजे तक अथवा सूर्योदय की तिथि मानकर सायंकाल 06:30 बजे तक रक्षाबंधन,श्रावणी उपाकर्म तथा संस्कृत दिवस का पर्व मनाया जाएगा ।

गोष्ठी में पण्डित विनोद पाण्डेय, दयानन्द मिश्र,ब्रजेन्द्र ओझा, सुनील दत्त पाराशर,राकेश तिवारी,रुपेश ओझा,सुधीर दत्त पाराशर,विकास पाण्डेय,राज कुमार मिश्र,राजन पाण्डेय, सुधाकर पाण्डेय,कुन्दन पाठक,अभिषेक कुमार दूबे,पारसनाथ पाण्डेय,धर्मेन्द्र चौबे,मदनमोहन नाथ तिवारी, दीनानाथ पाठक,मुकुल मनोहर पाण्डेय,मुनि दूबे,राजन चौबे, पवन दूबे,रोहन पाण्डेय,अरुण तिवारी,मनोज दूबे,ओंकार नाथ तिवारी आदि शामिल थे। उक्त आशय की जानकारी प्राचार्य सुशील कुमार पांडेय ने दी।

## बैंकों की शिथिल रवैया से पीएमईजीपी आवेदक परेशान

## महाप्रबंधक उद्योग केंद्र मोतिहारी ने जांच कराने का दिया आश्वासन

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार) पूर्वी चम्पारण। महाप्रबंधक उद्योग केंद्र मोतिहारी को औपचारिक वार्ता के क्रम में अवगत कराया गया कि 01–शिल्पा कुमारी सीतलपुर का आवेदन भारतीय स्टेट बैंक शाखा सीतलपुर,02–गीता कुमारी सीतलपुर का आवेदन भारतीय स्टेट बैंक ऑफ इंडिया शाखा शीतलपुर 03–रविंद्र ठाकुर चकवारा निवासी का आवेदन पत्र को बैंक ऑफ इंडिया शाखा कूडिया 04– रंजीत कुमार पकड़ीदयाल का आवेदन पत्र भारतीय स्टेट बैंक शाखा पकरीदयाल 05–नंदू पासवान सदर प्रखंड मोतिहारी के टिकुलिया लक्ष्मीपुर निवासी का आवेदन पत्र भारतीय स्टेट बैंक छतौनी,,06–धनंजय कुमार श्रीवास्तव जितौरा निवासी का आवेदन पत्र बैंक ऑफ इंडिया शाखा चोरमा 07–त्रिविक्रम तिवारी परसौनी कपूर पताही प्रखंड निवासी का आवेदन पत्र भारतीय स्टेट बैंक शाखा पताही 08– मोहम्मद आरिफ डूमरवाना पकडीदयाल निवासी का आवेदन पत्र इलाहाबाद बैंक उर्फ इंडियन बैंक शाखा मधुबनी घाट को 09– सुबोध कुमार पताही प्रखंड के महमदा निवासी का आवेदन पत्र पंजाब नेशनल बैंक भंडार पचपकड़ी 10–अलाउद्दीन खान बाथना केसरिया निवासी का आवेदन पत्र सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया 11– छोटी कुमारी डीहपकड़ी पकड़ीदयाल निवासी का आवेदन पत्र भारतीय स्टेट बैंक शाखा पताही 12–उमाशंकर सिंह पकडीदयाल प्रखंड के हरनाथपुर निवासी इलाहाबाद बैंक उर्फ इंडियन बैंक शाखा बड़कागांव 13–अनिल कुमार पंडित का आवेदन 11 अक्टूबर 2021 को बैंक ऑफ इंडिया शाखा चोरमा को वित्तपोषण करने हेतु भेजा गया। बैंक ने आज तक उन्हें वित्त पोषण किया जा सका है,यह कह कर पल्ला झाड़ लिया कि आप ऋण चुकाने के योग्य नहीं है।

14–विनय कुमार गुप्ता का आवेदन पत्र भारतीय स्टेट बैंक शाखा पकड़ीदयाल 15– रीता देवी बांस घाट का आवेदन पत्र एवं 16–बबीता देवी बांसघाट का आवेदन पत्र 17–नागेंद्र कुमार प्रखंड कल्याणपुर के मेदनसिरसिया निवासी का आवेदन पत्र केनरा बैंक शाखा चकिया को भेजा गया है, 18–संदीप कुमार प्रखंड कल्याणपुर के दरमाहा टोला रामगढ़वा का आवेदन पत्र भारतीय स्टेट बैंक ऑफ इंडिया शाखा केसरिया 19–हीरा पंडित का आवेदन पत्र भारतीय स्टेट बैंक शाखा पकड़ीदयाल को भेजा गया है। किंतु आज तक भी वित्तपोषण नहीं किया जा सका है, आवेदक तक हार कर बैठ जाते हैं।

महाप्रबंधक सुमन कुमार उद्योग केंद्र मोतिहारी ने पीएमईजीपी योजना के अंतर्गत भेजे गए आवेदनों पर चिंता जताते हुए कहा की वित्त पोषण की धीमा गति को देखते हुए बैंकों का निरीक्षण करने हेतु आईओ को नियुक्त किया जाएगा। आईओ के जांच प्रतिवेदन पर दोषी बैंकों के विरुद्ध सख्त कदम उठाई जाएगी। महाप्रबंधक उद्योग केंद्र मोतिहारी द्वारा बताया गया कि हमारे जिला पदाधिकारी महोदय द्वारा स्पष्ट रूप से बैंकों को कह दी गई है कि जिन बैंकों के कारण सरकारी योजनाओं की विफलता आएगी, विशेषकर पीएमईजीपी योजना पर अभिरुचि नहीं लेने वाले बैंकों से सरकारी राशि की निकासी कर ली जाएगी, अकारण आवेदन रद्द करने पर बैंक प्रबंधक के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई भी की जाएगी।

## बिहार कुम्हार प्रजापति समन्वय ने अपनी मांगों को ले किया धरना प्रदर्शन

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार) मोतिहारी। कुम्हार प्रजापति समाज को अनुसूचित जाति में शामिल करने, बोर्ड की स्थापना करने ,राजनीति में उचित भागीदारी को लेकर धरना आयोजित की गई । बिहार कुम्हार प्रजापति समन्वयक समिति के बैनर तले सैकड़ों की संख्या में नगर भवन के मैदान से जुलूस के रूप में अपनी मांगों से संबोधित करते हुए बैनर के साथ नारेबाजी करते हुए अस्पताल चौक, बलुआ चौक, चांदमारी चौक एवं पटेल चौक होते हुए चरखा पार्क पहुंची और यह जुलूस सभा में तब्दील हो गई। धरना की अध्यक्षता अध्यक्ष उदय कुमार पंडित संचालन राम इकबाल पंडित जिला सचिव ने किया।कुम्हार प्रजापति समाज को अनुसूचित जाति में शामिल करने, बिहार में माटी कला वोट का गठन करने , सत्ता में उचित भागीदारी दिलाने, राज्य सरकार के विभिन्न आयोगों बोर्ड एवं निगमों में उचित प्रतिनिधित्व दिलाने, कौशल विकास के तहत कुम्हार उद्योग विकास संस्थान की स्थापना कराने, संविधान सभा के



प्रारूप सचिन रत्नप्पा कुम्भार को पटना में स्थापित कराने आदि मांगों को लेकर बिहार के सभी जिला मुख्यालय में जुलूस एवं धरना प्रदर्शन किया गया धरना को संबोधित करते हुए जिला उपाध्यक्ष श्री हरेंद्र कुमार पंडित युवा अध्यक्ष सुरेश पंडित उपसचिव नवल पंडित , युवा उपाध्यक्ष विकास कुमार, वरीय पदाधिकारी राम पंडित आदि उपस्थित थे। उक्त आशय की जानकारी जिला अध्यक्ष उदय कुमार पंडित ने दी।

## शिक्षिका प्रीति झा के आकस्मिक निधन से शिक्षकों में शौक की लहर : मनोज कुमार यादव





(आलोक बादल ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स सुपौल बिहार) सुपौल। टीईटी एसटीइटी उत्तीर्ण नियोजित शिक्षक संघ गोपगुट सुपौल के जिला अध्यक्ष मनोज कुमार यादव ने टीईटी शिक्षिका प्रीति झा के टाटा मेमोरियल कैंसर संस्थान मुम्बई में उपचार के दौरान निधन होने की सूचना पाकर जिलाध्यक्ष श्री मनोज कुमार यादव ने गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि एक विद्वान,कर्मठ, मृदुभाषी एवं सुयोग्य शिक्षिका का इस प्रकार अल्प समय में गुजर जाना शिक्षक, शिक्षा जगत और समाज के लिए अपूरणीय क्षति है,वही बिहार शिक्षा परियोजना परिषद सुपौल में चल रहे चहक प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षक चन्देश्वर राम,अलख कुमार अकेला एवं अनिता कुमारी की अगुवाई में सैकड़ों शिक्षकों ने स्वर्गीय प्रीति झा के आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन धारण कर भगवान से प्रार्थना किये। प्रशिक्षक श्री अलख कुमार अकेला ने कहा कि इस दुख की घड़ी में स्वर्गीय प्रीति झा के परिजनों के साथ हम सुपौल के शिक्षकों की गहरी संवेदना है,भगवान इस दुख की घड़ी से उबरने के लिए स्वर्गीय प्रीति झा के नौनिहाल बच्चों एवं परिजनों को संबल दें और उनको अपने चरणों में स्थान दें।वहीं प्रशिक्षु मिहिर कुमार मिश्रा ने कहा कि भगवान की मर्जी के आगे किसी की बस नहीं चलती है,अच्छे लोगों को भगवान अपने पास जल्द हीं बुला लेते हैं,ऐसे समय में उनके परिजनों को धैर्य धारण करने की आवश्यकता है।उक्त मौके पर कन्हैया कुमार,श्याम कुमार साह,संजय कुमार मेहता,दीपक कुमार झा,शफीक आलम,नरेश कुमार निराला,नरेश कुमार मंडल,सुशील कुमार सुमन, राजेश कुमार भारती, पंकज कुमार प्रणव,पप्पू कुमार गुप्ता, मुकेश कुमार,अशोक कुमार गुप्ता,सूरज कुमार,हेमंत कुमार, संतोष कुमार मलिक, विजय कुमार विवेका,विजय प्रकाश, रामानंद कुमार रमन,धनंजय कुमार, अलख कुमार अकेला, रविन्द्र कुमार झा, बिरेंद्र कुमार, तवरेज आलम,शंकर कुमार सुमन,प्रभाष कुमार यादव, रमेश सिंह नीरज कुमार, संतोष कुमार साह,मो.सद्दाम हुसैन, सुशील कुमार सुमन,कुंज बिहारी, यादव,निहाल अख्तर हासमी, अब्दुल अहमद अंसारी ,शलैन्द्र कुमार,आनंद कुमार सरदार,संजय कुमार राय, कुमार अभिषेक सुमन, सतीश कुमार राउत आदि शिक्षक मौजूद थे।

## केसरिया प्रखंड के सेमुआपुर वार्ड 06 में नल जल का हाल बेहाल

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार। पूर्वी चम्पारण, केसरिया प्रखंड अन्तर्गत सेमुआपुर वार्ड नंबर 06 मे नल जल का हाल बिल्कुल खराब है,स्थानिय ग्रामीणों को ना शुद्ध पानी सप्लाई दिया जा रहा है। और ना ही समय पर उसे चालू किया जाता है।इसी को लेकर निवर्तमान वार्ड सदस्य,राजेश सहनी ने एक पत्र लिखकर जिला अधिकारी शीर्षत कपिल अशोक से जांच की मांग की गई है। उन्होंने यह भी कहा की मुख्यमंत्री सात निश्चय योजना के अंतर्गत जो नल जल का कार्य है,वो बाधित पड़ा हुआ है।इसको लेकर वार्ड सदस्य ने प्रखंड विकास पदाधिकारी को एक सूचना दिए व आवेदन भी पत्र भी दिए है। साथ ही चकिया अनुमंडल दण्डाधिकारी को भी एक पत्र दिया है।

जो नल जल का एस्ट्रेकचर टुटने के कागार पर आ खड़ी है। वार्ड सदस्य ने आरोप लगाते हुए कहा की पंचायत सचिव द्वारा मुझ पर दबाव डाला जाता है। तुम पहले स्वच्छता कर्मी के चयन प्रकिया पर अपना हस्ताक्षर करो तब तुम्हे नल जल की रख रखाव की राशि तुम्हारे खाते में भेज दिए जाएंगे। अन्यथा नल जल का कार्य संचालन व देख रेख के कार्य से वंचित कर दिया जाएगा






ऐसी तमाम शिकायते जो आवेदन में निम्नलिखित है। इसी को लेकर उन्होंने जांच कर कार्रवाई करने की मांग की है।

शशिकान्त मेहता की रिपोर्ट

# संक्षिप्त समाचार

### छात्र राजद की बैठक में जयप्रकाश विश्वविद्यालय में मूलभूत सुविधाएं नदारद चिंता

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार) सारण। छात्र राजद जय प्रकाश विश्वविद्यालय के अध्यक्ष प्रिस कुमार सिंह के तत्वधान में छात्र महापंचायत का आयोजन शहर के आक्सफोर्ड हाल में किया गया। जिसमें मुख्य रुप से जयप्रकाश विश्वविद्यालय में शौचालय ,पानी , पुस्तकालय छात्रावास, शिक्षकों की कमी जैसी व्यवस्था पर चर्चा की गई। जिसमें मुख्य रुप से छात्र राजद के प्रदेश अध्यक्ष गगन यादव ने कहां कि जयप्रकाश विश्वविद्यालय में शौचालय की व्यवस्था, पुस्तकालय की व्यवस्था, पीने की पानी की व्यवस्था, शिक्षकों की कमी है जिसको लेकर उन्होंने नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव से इन सभी मुद्दों को लेकर बैठक कर विचार विमर्श किया जाएगा ताकि सड़क से सदन तक सारण प्रमण्डल के तमाम छात्रों के बातों को रखा जाएगा। मुख्य रूप से इस क्रार्यक्रम प्रदेश बेलाल खान ,प्रदेश सचिव नंदन यादव ,बिकास कुमार ,मनिष यादव इत्यादि सैकड़ों छात्र उपस्थित हुए।



### सरकारी स्कूलों में सांसें गिन रही शिक्षा भूखे पेट घर लौट रहे छात्र

दैनिक अयोध्या टाइम्स सुमित सिंह। आप सभी को इस संदर्भ में बता दिया जाए कि बिहार में पिछले दशक में साक्षरता वृद्धि की दर 17 फीसदी बढ़कर 63.8 प्रतिशत हो गई है फिर भी यह देश के अन्य राज्यों से कम है। और आप सभी को इस जानकारी से अवगत करा दिया जाए कि ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यालयों में कई–कई दिनों तक बच्चो को मध्यान्ह भोजन नहीं मिलता.जी इस तरह की शिकायत आयी है बिहार के शिवहर जिले के जाफ्फरपुर उत्क्रमित मध्य विद्यालय की है वहाँ के नन्हे छात्र एव छात्राओं ने बताया कि भोजन उन्हें पेट भर नही मिलता और वही बच्चो ने बताया कि खाने में अंडे जो दिए जाते वो भी फूटे और खराब मिलते और पढ़ाई भी सही ढंग से नही होती यही बात खत्म नही होती बच्चों ने बताया कि शिक्षक भी सही समय पे उपस्थित नही होते आप सभी मानस और जिम्मेदार लोगों के ध्यान न देने के कारण स्व–सहायता समूह भोजन व्यवस्था अपनी मर्जी से नियम के खिलाफ चला रहे है. जिससे शासन की जनहितकारी योजनाओं पर पानी फिर रहा है. सरकार का कहना हैं कि हमारे तरफ से मध्यान्ह भोजन की सामग्री भेजने में कोई भी लापरवाही नहीं बरती जा रही है, तो फिर गड़बड़ी कहां से हो रही है।इस मामले में सवालिया निशान लग रहा है।



### वारिसनगर थाना क्षेत्र में 12 वर्षीय बच्ची के साथ दुष्कर्म

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो चीफ समस्तीपुर निरंजन जायसवाल समस्तीपुर,वारिसनगर। समस्तीपुर जिले के वारिसनगर थाना क्षेत्र में 12 वर्षीय बच्ची के साथ दुष्कर्म का मामला प्रकाश में आया है। बच्ची के पिता ने बताया कि गुरुवार शाम उनकी पुत्री घर के दरवाजे पर थी। इस दौरान आरोपित उसे बहला फुसला सुनसान जगह पर ले गया और उसके साथ दुष्कर्म किया। जख्मी हालत में पीड़िता रोते बिलखते घर पहुंची और घटना की जानकारी परिजनों को दी। जिसके बाद सदर अस्पताल ले जाकर पीड़िता का उपचार कराया गया। आपको बता दें की स्थानीय लोगों ने आरोपित युवक को पकड़ पुलिस के हवाले कर दिया। आरोपित की पहचान गांव के ही अमरजीत राम के रुप में हुई है। शुक्रवार को पीड़िता के पिता ने महिला थाना में आवेदन देकर शिकायत दर्ज कराई है। इसमें पकडे गए आरोपित को नामजद किया है। महिला थाना के पुलिस अवर निरिक्षक दिनेश सिंह ने बताया कि आवेदन के आलोक में प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है। आरोपित युवक को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया है।



### हसनपुर पुलिस के द्वारा छापेमारी कर एक ट्रक से भारी मात्रा में विदेशी शराब बरामद

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो चीफ समस्तीपुर निरंजन जायसवाल। समस्तीपुर जिले के हसनपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत शासन गॉव के पास से गुप्त सूचना पर हसनपुर पुलिस के द्वारा छापेमारी कर एक ट्रक से भारी मात्रा में विदेशी शराब बरामद किया है यह शराब अवैध रूप में लाया गया था। इसकी पुष्टि करते हुए हसनपुर थाना अध्यक्ष निशा भारती ने बताई हैं की हमे गुप्ता सूचना मिली थी की ट्रक में भरी मात्रा में शराब लढ़ा हुआ है उसके बाद हमारी टीम के द्वारा मेरे नेतृत्व में छापेमारी कर उस ट्रक को पकड़ा गया, ट्रक से हरियाणा निर्मित कुल 300 कार्टून विदेशी शराब बरामद की गई है। इस संबंध में हसनपुर थाना में ट्रक चालक और खलासी के ऊपर प्राथमिकी दर्ज कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।



### पूर्वी चंपारण जिले के प्रत्येक प्रखंड के प्रत्येक पंचायत में यूरिया के लिए हाहाकार

(प्रदीप कुमार सिंह दैनिक अयोध्या टाइम्स तुरकौलिया)। ब्लॉक से सटे इफको बाजार में उर्वरक की किल्लत होने से किसानो में हाहाकार मची हुयी है! पहले पानी के कारण फसलें सूखने की कगार पे आ गई थी! अब पानी बरस रहा है तो यूरिया के लिए तरस रहे है किसान! माननीय DM साहेब ,BDO साहेब सेबिनती है कि इस कठिनाई को दूर करने किरपा करें ताकि किसानों के घर अनाज हो सके!बस्तु स्थिति की नजाकत को देखते हुए



किसान आक्रोशित होकर जन आंदोलन कर जिला मुख्यालय के समक्ष धरना प्रदर्शन करने का आह्वान किया है।

## गंगा घाट पर अवैध बालू लदे नाव में विस्फोट, 4 लोगों की मौत, कई घायल

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार) पटना। मनेर गंगा घाट पर गैस विस्फोट होने से 4 लोगों की मौत हो गई है. वहीं, कई लोग घायल बताए जा रहे हैं. घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है. नाव पर करीब 20 लोग सवार थे. घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई है।बताया जा रहा है कि अवैध बालू को नाव के जरिये एक जगह से दूसरे जगह पहुंचाया जा रहा था. इसी दौरान नाव पर गैस सिलेंडर के जरिये खाना बनाया जा रहा था. गैस लीकेज की वजह से नदी के बीच में ही नाव पर ब्लास्ट हो गया. घटना में 4 लोगों की मौत हो गई है. सूचना मिलने पर पहुंचे मनेर थाना अध्यक्ष ने 4 लोगों की मौत की पुष्टि की है। घटना के बाद नाव पर लादे बालू को खाली किया जा रहा है. नाव पर करीब 20 लोग मौजूद थे. इनमें से कई घायल बताए जा रहे हैं।घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं, पुलिस घटना स्थल पर पहुंचकर जांच में जुट गई है।



## जालसाज डीएसपी के ठिकानों पर EOU की रेड पेपर लीक मामले में जेल की हवा खा रहा रंजीत रजक

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार)। पटना स्थित बिहार विशेष सशस्त्र पुलिस –14 के पूर्व डीएसपी रंजीत रजक से जुड़ी हुई। जिनके ठिकानों पर आज आर्थिक अपराध ईकाई की टीम ने छापेमारी की है। उक्त छापेमारी बीपीएससी के 67वीं प्रारंभिक परीक्षा के पेपर लीक मामले में की गई है। जिसमें डीएसपी पहले से ही न्यायिक हिरासत में हैं। आरोप है कि डीएसपी ने अवैध तरीके से काफी धन अर्जित की है। 81.9 फीसदी अधिक संपत्ति होने का जिक्र,ईओयू के अनुसार बीएमपी –14 के पूर्व डीएसपी के पास उनकी आय से 81.9 फीसदी अधिक अवैध संपत्ति होने की बात कही गई। जिसमें एक दिन पहले ही उनके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। जिसमें कोर्ट से अनुमति के बाद आज डीएसपी रंजीत रजक के चार ठिकानों पर एक साथ ईओयू ने छापेमारी की है। इन ठिकानों में रूपसपुर थाना स्थित नीति बाग कॉलोनी के वीणा विहार फ्लैट 202ए, कटिहार के मनिहारी थाना स्थित हंसवर के पैतृक मकान, हंसवर स्थित हैप्पी फ्यूल पेट्रोल पंप और अररिया स्थित उनके ससुराल शामिल है।




## जिलाधिकारी मुजफ्फरपुर प्रणव कुमार की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में मुहर्रम पर्व-2022 के मद्देनजर जिलास्तरीय शांति समिति की बैठक आहूत की गई

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार)। जिलाधिकारी मुजफ्फरपुर प्रणव कुमार की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में मुहर्रम पर्व–2022 के मद्देनजर जिलास्तरीय शांति समिति की बैठक आहूत की गई। इस अवसर पर वरीय पुलिस अधीक्षक जयंत कांत,दोनों अनुमंडल पदाधिकारी ,सभी डीएसपी एवं सभी थानाध्यक्ष उपस्थित थे।

इस अवसर पर जिलाधिकारी प्रणव कुमार ने मुहर्रम–2022 के आलोक में शांति समिति के सदस्यों से फीडबैंक प्राप्त करने के उपरांत कहा कि सामाजिक सद्भावना ,प्रेम एवं भाईचारा कायम करने में शांति समिति के सदस्यों के अहम भूमिका रही है। कहा कि हमेशा की भांति इस बार भी शांति समिति के सदस्यों द्वारा शांतिपूर्ण मुहर्रम पर्व के आयोजन को लेकर अपने दायित्वों का निर्वहन किया जाएगा। वहीं उन्होंने अनुमंडल पदाधिकारी पूर्वी एवं पश्चिमी के साथ पुलिस उपाधीक्षकद्ध अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, सभी बीडीओ,सभी सीओ को निर्देश दिया है कि मुहर्रम पर्व के मद्देनजर अपने–अपने क्षेत्रों में प्रशासनिक निर्देशों का अक्षरशः अनुपालन कराना सुनिश्चित करें। साथ ही सभी संबंधित धार्मिक गुरुओं ध्प्रबंध कमेटी ध्प्रशासकद्ध सभी मस्जिदद्ध समुदाय के प्रबुद्ध व्यक्तियों एवं अन्य से समन्वय एवं संवाद बनाए रखेंगे। जिलाधिकारी ने मुहर्रम के दौरान निकलने वाले जुलूस को ध्यान में रखते हुए सभी संबंधित रूट को सत्यापित करने ताजिया की ऊंचाई का आकलन करते हुए बिजली के तार को दुरुस्त करने ,साफ सफाई का प्रबंध करने का निर्देश दिया है। उन्होंने सभी एसडीओ और एसडीपीओ को अपने क्षेत्र में लगातार सूचना संग्रह करने का निर्देश दिया। साथ ही बिना लाइसेंस के किसी को भी जुलूस निकालने नहीं देने का निर्देश दिया। उन्होंने स्पष्ट कहा कि जो रूट निर्धारित किया गया है उसी रूट का उपयोग अनिवार्य रूप से किया जाएगा। उन्होंने प्रखंड और अनुमंडल स्तरीय अधिकारियों को पर्व के दौरान सजग और सतर्क रहने को कहा है।साथ ही अफवाह फैला कर सांप्रदायिक माहौल बिगाड़ने वाले असामाजिक तत्वों पर नजर रखने का सख्त निर्देश दिया है। सभी संवेदनशील जगहों पर कड़ी निगरानी रखने और आदेशों का उल्लंघन करने वालों पर कठोर कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया।

इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक जयंत कांत ने कहा कि सामान्य तौर पर जिले में सांप्रदायिक सद्भाव कायम रहता है फिर भी आवश्यक एहतियात के तौर पर असामाजिक तत्वों पर विशेष निगरानी रखी जा रही है। साप्रदायिक माहौल बिगाड़ने वालों के विरुद्ध कार्रवाई के निदेश दिए गए हैं। जिले में सभी संवेदनशील स्थलों पर भी कड़ी निगरानी रखने का भी निर्देश दिया गया है। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर पैनी नजर रखी जा रही है। अफवाह फैलाने वाले और सामाजिक सद्भाव बिगाड़ने वाले तत्वों को बख्शा नहीं जाएगा बल्कि उनके विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी।

जिलास्तरीय शांति समिति की बैठक में सदस्यों द्वारा जानकारी दी गई कि मोहर्रम पर के दौरान ग्रामीण क्षेत्रों में विशेष रुप से ध्यान देने की जरूरत है। वरीय पुलिस अधीक्षक ने बैठक में उपस्थित पुलिस अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि संबंधित थाना प्रभारी अपने अपने क्षेत्रों में विशेष नजर रखेंगे और अलर्ट रहेंगे।उन्होंने सभी पुलिस पदाधिकारियों को सजग एवं सतर्क रहने का निर्देश दिया तथा कहा कि पर्व के दौरान अफवाह फैलाकर सांप्रदायिक माहौल बिगाड़ने वाले असामाजिक तत्वों पर नजर रखना सुनिश्चित करते हुए सभी आवश्यक कार्रवाई करें।

बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी पूर्वी– ज्ञान प्रकाश एवं पश्चिमी



–कुमार बृजेश, वसी उल हक रिजवी, रियाज अंसारी, प्रोफेसर शब्बीर अहमद , इरशाद हुसैन गुड्डू, के पी पप्पू , शीतल गुप्ता ,पाले खान, श्री लाल मोहम्मद, श्री रहमतुल्लाह ,अली अहमद एजाजी इत्यादि उपस्थित थे।

## नए कौशल पर आधारित रही शारीरिक शिक्षकों की कार्यशाला : विजय पंडित



दैनिक अयोध्या टाइम्स से नरकटियागंज संवाददाता दीपू साह। कला संस्कृति विभाग बिहार सरकार द्वारा आयोजित शारीरिक शिक्षकों की दो दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ उच्च विद्यालय के केदार प्रसाद सभागार में किया गया। मुख्य अतिथि जिला खेल पदाधिकारी विजय कुमार पंडित ने दीप प्रज्ज्वलित कर इस कार्यशाला का उद्घाटन किया। दो दिवसीय कार्यशाला कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाध्यापक रघुवर शरण ने की जबकि संचालन शिक्षक व कवि साहित्यकार मुकुंद मुरारी राम ने किया । मुख्य अतिथि सह मुख्य प्रशिक्षक जिला खेल पदाधिकारी ने कहा कि विद्यालय स्तरीय सभी खेलों के नियमों का पुनर्भ्यास नई तकनीकि के माध्यम से कराने हेतु इस कार्यशाला का आयोजन किया गया है । इसमें नरकटियागंज लौरिय,रामनगर और गौनाहा इन्हीं चार प्रखण्डों के सभी सरकारी माध्यमिक विद्यालयों के शारीरिक शिक्षक शिक्षिकाओं ने भाग लिया । ट्रेनर के रूप में शिक्षक श्याम कुमार और संदीप कुमार ने दोनों दिन कार्यशाला अवधि में प्रशिक्षण के सभी विषयों को सम्पन्न कराया।इसमें सैद्धांतिक और व्यावहारिक दोनों तरह के प्रशिक्षण के माध्यम से सभी को प्रशिक्षित किया गया। खेल शिक्षक शिव कुमार ने प्रशिक्षण स्थल पर संयोजक के रूप में बेहतर कार्य किया। वर्ग से ग्राउंड तक के सभी कायदे बताए और समझाए गए जिसमे फुटबॉल , कबड्डी , खो खो , वालीबॉल , बैडमिंटन जैबलिन थ्रो, डिस्कस थ्रो , गोला थ्रो से लेकर एथलेटिक्स के सभी विन्दुओं पर चर्चा परिचर्चा और प्रायोगिक विधि को मूर्तरूप दिया गया।

इस अवसर पर अतिथि डॉ. अरविंद तिवारी एवं शारीरिक शिक्षक अभय कुमार , उमेश कुमार , विजय कुमार सहित संबंधित प्रखंडों के सैकड़ों शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

समापन दिवस के दिन जिला खेल पदाधिकारी ने खेल निदेशक सुनील वर्मा को खेल जगत में उनके अद्भुत योगदान हेतु सम्मानित किया जहां लक्की कुमारी भारत की नव चयनित खिलाड़ी भी अपनी टीम के साथ सम्मानित हुईं। धन्यवाद ज्ञापन खेल शिक्षक शिव कुमार साह ने किया ।

## मोतिहारी में 6 लाख गबन करने वाले नाजिर पर बीडीओ मेहरबान, 15 दिन बाद भी नहीं दर्ज हुआ एफआईआर



(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार)। मोतिहारी जिला में एक प्रखण्ड के बीडीओ साहब की नाजीर पर मेहरबानी की चर्चा खूब जोरो पर है। प्रखण्ड चौक से लेकर जिला मुख्यालय तक मैनेजिंग के खेल की चर्चा हो रही है। बंजरिया बीडीओ ने प्रखण्ड नाजिर पर छह लाख रूपये गबन करने व प्रखण्ड कार्यालय से टीवी ,प्रिंटर सहित समान चोरी करने को लेकर प्राथमिकी दर्ज करने के लिए 22 जुलाई को बंजरिया थाना में आवेदन दिया था।

थाना अध्यक्ष ने आवेदन त्रुटिपूर्ण व अधूरा होने की बात कहकर दुबारा पूर्ण आवेदन देने का बात कही। थाना में कहा गया की आवेदन में नाजिर का नाम पता पूर्ण नहीं है। लेकिन मामला के 17 दिन बीतने के बाद भी बीडीओ साहब द्वारा दुबारा थाना को आवेदन नहीं दिया गया। अब क्षेत्र में चर्चा बना हुआ है की नाजिर के साथ प्रखंड प्रशासन मैनेजिंग का खेल चल रहा है। जिसके कारण थाना आवेदन का इंतजार करते रह गया और इधर मामला सेट हो गया। मामला जिला के बंजरिया प्रखंड का बताया जा रहा है।

इस सम्बन्ध में बंजरिया थाना अध्यक्ष संदीप कुमार ने बताया कि 22 जुलाई को बीडीओ द्वारा पूर्व नाजिर पर प्राथमिकी दर्ज करने के लिए आवेदन दिया गया था। आवेदन अपूर्ण होने के कारण पुनः दुबारा आवेदन की मांग किया गया .लेकिन 15 दिन बाद फिर से आवेदन नही आया है। आवेदन मिलते प्राथमिकी दर्ज किया जाएगा। वही बंजरिया बीडीओ से इस संबंध में पूछने पर बताया कि गबन की राशि की मिलान किया जा रहा है। साथ ही प्रखंड के सामान की भंडार पंजी से मिलान किया जा रहा है।मिलान के बाद वरीय पदाधिकारी से निर्देश प्राप्त करने के बाद प्राथमिकी दर्ज करायी जाएगी। वही प्रखंड से जिला मुख्यालय तक चर्चा है कि आखिर 15 दिन पूर्व बिना वरीय पदाधिकारी के निर्देश के व गबन की राशि मिलान किये थाना में प्राथमिकी के लिए आवेदन कैसे दिया गया। वही सामान चोरी का भी आरोप लगा दिया गया। आखिर अब क्या सेटिंग हो गयी।

## जिलाधिकारी सुपौल के अध्यक्षता में शिक्षा विभाग की मासिक बैठक आहूत की गई जिसमें जिलाधिकारी सुपौल द्वारा निम्न निर्देश दिए गए




(सुवेश जी अनुमंडल ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स सुपौल सुपौल ।जिला अधिकारी सुपौल के अध्यक्षता में शिक्षा विभाग की मासिक बैठक आहूत की गई जिसमें जिलाधिकारी सुपौल द्वारा निम्न निर्देश दिए गए। सभी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी , जिला सुपौल को पीवएमवपोषण योजना अंतर्गत बच्चों को मैन्यू के अनुसार भोजन दिए जाने और शौचालय की साफ सफाई पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया गया। क्षेत्र भ्रमण के दौरान विद्यालयों में बच्चों की कम उपस्थिति पर जिलाधिकारी सुपौल द्वारा खेद प्रकट किया गया साथ ही निर्देश दिया गया कि बच्चों की उपस्थिति बढ़ाने हेतु सभी शिक्षक अपने अपने पोषक क्षेत्र में भ्रमण करने एवं बच्चों के माता–पिता/अभिभावक के साथ मासिक गोष्ठी करने का भी निर्देश दिया गया। समग्र विकास अनुदान मद में प्राप्त राशि का 10ः उपयोग स्वच्छता पर एवं विद्यालय के रंग रोगन पर करने का निर्देश सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी , जिला सुपौल को दिया गया। बीते दिनों जिला स्तरीय पदाधिकारियों द्वारा जिले में संचालित कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय के औचक निरीक्षण में बच्चों की उपस्थिति नामांकन के विरुद्ध कम रहने पर जिलाधिकारी , सुपौल द्वारा खेद प्रकट करते हुए । सभी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी संचालक/ वार्डन को निर्देश दिया गया कि नामांकन के विरुद्ध शत–प्रतिशत बच्चों की उपस्थिति सुनिश्चित की जाए। बैठक में उपस्थित जिला शिक्षा पदाधिकारी,सुपौल/सभी जिला कार्यक्रम पदाधिकारी ध्सभी संभाग प्रभारी , बिहार शिक्षा परियोजना , सुपौल / सभी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी /सभी प्रखंड साधन सेवी पीवएमव पोषण योजना के कर्मी उपस्थित रहे।

## जिलाधिकारी, पूर्वी चंपारण की अध्यक्षता में जिला कौशल विकास समिति एवं ई-श्रम और बंधुआ मजदूर से संबंधित बैठक,आयोजित की गई



(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार)। जिलाधिकारी, पूर्वी चंपारण की अध्यक्षता में जिला कौशल विकास समिति एवं ई–श्रम और बंधुआ मजदूर से संबंधित बैठक, राधा कृष्णन भवन सभागार, समाहरणालय पूर्वी चंपारण मोतिहारी में आयोजित की गई! बैठक के क्रम में सत्य प्रकाश श्रम अधीक्षक, एवं मुकुंद माधव जिला नियोजन पदाधिकारी पूर्वी चंपारण, मोतिहारी द्वारा उपस्थित सभी पदाधिकारियों को संबोधित किया गया। अतुल श्रीवास्तव महात्मा गांधी नेशनल फेलो द्वारा कौशल विकास के कार्यक्रमों तथा जिला कौशल विकास योजना के बारे में प्रेजेंटेशन दिया गया। प्रेजेंटेशन में कृषि संबंधित तथा उद्यम एवं स्वरोजगार के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रमों को बढ़ावा देने पर जोर दिया गया। नियोजन पदाधिकारी ने विभिन्न कौशल विकास कार्यक्रमों के प्रगति के बारे में सूचना दी तथा विभिन्न कंपनियों जैसे टी. सी. येस., माइक्रोसॉफ्ट, आई. बी. एम. इत्यादि के शिक्षण संस्थानों के साथ मिलकर चलाये जा रहे कौशल विकास कार्यक्रमों से समिति को अवगत कराया, तथा सभी प्रशिक्षण संस्थानों द्वारा त्रैमासिक प्रतिवेदन उपलब्ध कराए जाने की बात कही गई। चौम्बर्स ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष द्वारा जिले में कुशल प्रशिक्षित युवकों का एक डाटाबेस बनाये जाने की बात कही, ताकि उस आधार पर प्रशिक्षित युवकों को जिले में रोजगार मुहैया कराया जा सके। मैनेजर, अग्रणी बैंक द्वारा प्रशिक्षित युवकों को स्वरोजगार के लिए लोन और सरकारी सहायता प्रदान करने का आश्वासन दिया गया। श्रम अधीक्षक द्वारा बताया गया कि ई–श्रम 2.0 अभियान का संचालन किया गया है! कारागार, पूर्वी चंपारण मोतिहारी में कैदियों का ई–श्रम कार्ड बनाने हेतु जिलाधिकारी महोदय से अनुमोदन प्राप्त हो चुका है, यथाशीघ्र कारागार अधीक्षक, पूर्वी चंपारण मोतिहारी से संबंध स्थापित कर सभी कैदियों का ई–श्रम कार्ड बनाने की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी जाएगी! साथ ही बंधुआ श्रमिक एवं बाल श्रमिक विमुक्ति की प्रक्रिया एक सतत प्रक्रिया है, इस पर नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है! उप विकास आयुक्त ने सभी कौशल विकास कार्यक्रमों के उचित प्रचार प्रसार तथा प्रशिक्षण संस्थानों का समुचित निरीक्षण करने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने नियोजनालय, चौम्बर्स ऑफ कॉमर्स तथा उद्योग विभाग को साथ में कार्य करने के निर्देश दिया, ताकि प्रशिक्षित युवकों को जिले में रोजगार उपलब्ध कराया जा सके। सत्य प्रकाश श्रम अधीक्षक, पूर्वी चंपारण मोतिहारी द्वारा बताया गया कि बाल श्रमिक से संबंधित शिकायत प्राप्त होने पर 24 घंटा के अंदर नियमानुकूल कार्रवाई की जाती है! साथ ही श्रम अधीक्षक,पूर्वी चंपारण, मोतिहारी के द्वारा बताया गया कि जिस प्रतिष्ठान में बाल श्रम से कार्य कराया जा रहा है उस प्रतिष्ठान के नियोजक सावधान हो जाएं क्योंकि जिस प्रतिष्ठान में बाल श्रमिक कार्यरत पाए गए! नियोजक पर कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी!

## विभूतिपुर के एक स्कूल में पढ़ने वाले छात्र की पोखर में डूबने से दो सगे भाइयों की मौत


दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो चीफ समस्तीपुर निरंजन जायसवाल समस्तीपुर,विभूतिपुर। समस्तीपुर के विभूतिपुर में एक दर्दनाक हादसा हुआ है जहां स्कूल में पढ़ने वाले छात्र पोखर में डूबने से दो सगे भाइयों की मौत हो गई है। घटना के बाद से परिवार में कोहराम मचा हुआ है। मामला विभूतिपुर थाना क्षेत्र के मुस्तफापुर वार्ड संख्या–7 की है। घटना के संबंध में बताया गया है कि दोनों बच्चे पढ़ने के लिए स्कूल गए थे, उसी दौरान शौच लगने पर पास के पोखर में चले गए। जहां पैर फिसलने से वह गहरे पानी में चले गये जिससे उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोगों की मदद से दोनों को बाहर निकाला गया। जहां अस्पताल में डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक बच्चे की पहचान निशांत और प्रिंस के रूप में हुई है।




# संक्षिप्त समाचार

## समस्तीपुर में शादी के दो महीने बाद युवक की सड़क दुर्घटना में मौत परिजनों में कोहराम

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो चीफ समस्तीपुर निरंजन जायसवाल। शादी के दो महीने बाद युवक की सड़क दुर्घटना में मौत, SP आवास के पास पेड़ में मारी जबरदस्त टक्कर दरअसल मामला समस्तीपुर जिला नगर थाना क्षेत्र के पुलिस अधीक्षक आवास के पास की है जहां शनिवार की सुबह लगभग 7 बजे एक बाइक (UP16AJ1279) पेड़ से टकरा कर दुर्घटनाग्रस्त हो गया, बाइक पर दो लोग सवार थे। इस तेज रफ्तार के कारण लगातार लोगों की मौत हो रही है। इसी कड़ी में एक बार फिर तेज रफ्तार बाइक ने एक पेड़ में जोरदार टक्कर मार दी। जिसमें एक बाइक सवार युवक की दर्दनाक मौत हो गई, वहीं एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया। मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। इस दौरान वहां मौजूद लोगों के द्वारा दोनों घायल को सदर अस्पताल ले जाया गया लेकिन एक की मौत रास्ते में ही हो गई। वहीं एक अन्य घायल का इलाज जारी है। मृतक की पहचान उजियारपुर थाना क्षेत्र के नाजीरगंज निवासी सुरेश दास के पुत्र नितीश कुमार (23) के रुप में की गई है। जबकी घायल की पहचान प्रवीण कुमार के रूप में की गई है। आपको बता दें की सबसे दुखद बात यह है मृतक नीतीश की शादी बीते 6 जून को दुधपुरा की ममता के साथ हुआ था। मृतक की पत्नी नवविवाहित ममता के हाथों की मेहंदी अभी उतरी भी नहीं थी की उसे विधवा होना पड़ा। बहरहाल मृतक नीतीश कहां जा रहा था यह अब तक पता नही चल सका है। उसका दोस्त प्रवीण भी अभी कुछ बताने की हालत में नहीं है। जानकारी मिलने के बाद परिजन सदर अस्पताल पहुंच चुके हैं। प्रवीण का इलाज जारी है।



## पूर्वी चंपारण जिले के प्रत्येक प्रखंड के प्रत्येक पंचायत में यूरिया के लिए हाहाकार

(नितेश कुमार तिवारी दैनिक अयोध्या टाइम्स संग्रामपुर)। ब्लॉक से सटे इफको बाजार में उर्वरक की किल्लत होने से किसानो में हाहाकार मची हुयी है!पहले पानी के कारण फसलें सूखने की कगार पे आ गई थी ! अब पानी बरस रहा है तो यूरिया के लिए तरस रहे है किसान!माननीय क्ड साहेब ,ठक्व साहेब से बिनती है कि इस कठिनाई को दूर करने किरपा करें ताकि किसानों के घर अनाज हो सके!बाजार मे यूरिया सब जगह अधिक दाम मे मिल रहा है इसको नजर अंदाज ना किया जाए.बस्तु स्थिति की नजाकत को देखते हुए किसान आक्रोशित होकर जन आंदोलन कर जिला मुख्यालय के समक्ष धरना प्रदर्शन करने का आह्वान किया है।

## कुम्हार प्रजापति हुआ उग्र प्रदर्शन 7 सूत्री मांगों को लेकर हुआ प्रदर्शन हजारों की तादात में शामिल हुए लोग

ब्यूरो चीफ सुभाष सहरसा बिहार। सहरसा में कुम्हार प्रजापति समन्वय समिति पटना के आह्वान पर सहरसा जिला मुख्यालय में एक दिवसीय विशाल धरना प्रदर्शन का आयोजन किया गया जिसमें 7 सूत्री मांगों को लेकर कुम्हार प्रजापति समाज के लोगों ने प्रदर्शन किया जहां जिलाधिकारी के माध्यम से बिहार के मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपा है कुम्हार प्रजापति समाज की मांग है कि कुमहार प्रजापति जाति को अनुसूचित जाति की सूची में शामिल किया जाए बिहार माटी कला बोर्ड की स्थापना का गठन किया जाए ,जनसंख्या बल के आधार पर राजनीतिक भागीदारी सुनिश्चित किया जाए राज्य सरकार के विभिन्न आयोगों बोर्ड एवं नियमों में उचित प्रतिनिधित्व किया जाए कुम्हार समाज के बच्चों के कौशल विकास के लिए मुफ्त प्रशिक्षण की व्यवस्था की जाए साथ ही साथ कुम्हारी उद्योग विकास संस्थान की स्थापना की जाए नगर निगम नगर पालिका अधिसूचित क्षेत्र समिति जिला परिषद तथा क्षेत्रीय विकास प्राधिकार द्वारा निर्मित दुकानों से कुम्हारों को अपनी कलाकृतियों की बिक्री हेतु रियायती दर पर 25 परसैन्ट दुकान आवंटित किया जाए संविधान सभा के सदस्य रत्नरपा कुम्हार की आदमकद प्रतिमा पटना में स्थापित किया जाए इन्हीं से मांग को लेकर आज प्रजापति के द्वारा सहरसा में विशाल धरना प्रदर्शन का आयोजन किया गया जहां हजारों की तादात में कुम्हार प्रजापति समाज के लोग प्रदर्शन में शामिल हुए।



## डीईओ पूर्वी चंपारण के अड़ियल रवैया के खिलाफ शिक्षकों ने जिले के सभी प्रखण्डों मे किया पुतला दहन

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार)

- नवप्रशिक्षित शिक्षकों के अंतर वेतन(एरियर) भुगतान सहित अन्य बकाया भुगतान मे विलंब को लेकर जिले के सभी शिक्षकों मे है डीईओ के खिलाफ भारी आक्रोश।

मोतिहारी। नवप्रशिक्षित शिक्षकों के वर्षों से बकाया अंतर वेतन(एरियर) भुगतान सहित अन्य बकाए एरियर भुगतान को लेकर शिक्षक संघर्ष समन्वय समिति के बैनर तले जिले के सभी प्रखण्डो मे डीईओ मोतिहारी का पुतला दहन किया गया। पुतला दहन की अध्यक्षता संयोजक–प्रमोद कुमार यादव एवं संचालक–सूर्यकांत पाठक ने किया। नेता द्वय ने जिले के सभी शिक्षकों को कार्यक्रम के सफल संचालन को लेकर धन्यवाद



ज्ञापित करते हुए आगामी 16 अगस्त के धरना–प्रदर्शन को सफल बनाने का आह्वान किए। अध्यक्ष मण्डल सदस्य अरबिंद कुमार सिंह,अबूल कमर,संजीत सिंह,पिंकू कुमार,मनीष कुमार,पंकज कुमार सिंह,नसीमुद्दीन सलफी,मो.कैश एवं दुर्गा पासवान ने संयुक्त रूप से कहा कि नवप्रशिक्षित शिक्षकों के एरियर भुगतान होने तक हमारा संघर्ष जारी रहेगा एवं हम पूरी मजबूती के साथ आगामी आंदोलन को सफल बनाएंगे। इसकी जानकारी शिक्षक संघर्ष समन्वय समिति,पूर्वी चम्पारण के मीडिया प्रभारी–मृत्युंजय ठाकुर ने दी।

## परिवहन विभाग की ओर से अच्छी पहल, अब आम लोगों को मिल सकेंगे गाड़ियों के वीआईपी नंबर

लखनऊ। वाहनों के शौकीन लोगों में गाड़ी के नंबर को लेकर काफी क्रेज देखने को मिलता है, लेकिन VIP और VVIP नंबर्स की ऑन लाइन (Online) बिडिंग प्रक्रिया में उनके हाथ वो गाड़ी नंबर नहीं लग पाता जिसे वो हासिल करना चाहते हैं. ऐसे लोगों के लिए बहुत अच्छी खबर है. परिवहन विभाग जल्द ही ऐसे फ्रीज नंबर्स को सामान्य करने जा रहा है जिसके बाद आम लोगों को भी VIP नंबर आसानी से मिल सकेंगे।

आम लोगों को भी मिल सकेंगे वीआईपी नंबर

सब कुछ ठीक रहा तो आम लोग भी वीवीआईपी और वीआईपी नंबर अपने वाहनों के रजिस्ट्रेशन के साथ प्लेट पर लिखवा सकेंगे. वो भी बिना ऊंची कीमत चुकाए हुए. यह संभावना उस प्रस्ताव के बाद बनी है, जिसमें कहा गया है कि कानपुर के ऐसे करीब 1000 VIP नंबर रिहा कर दिया जाए जो अब तक फ्रीज रहे हैं. ये नंबर 1, 2, 3, 4, 5, 6, 7, 8, 9 और 10 समेत एक सीरीज में करीब 250 होते हैं. दरअसल जिन विशिष्ट और अति विशिष्ट नंबरों की ऑनलाइन बोली में आवंटन नहीं होता है उसे फ्रीज कर दिया जाता है. बड़ी संख्या में ऐसे नंबरों को आम नंबर में बदलने के लिए परिवहन मुख्यालय स्तर पर बैठक हो चुकी है।

वीआईपी नंबरों को सामान्य करने प्रक्रिया शुरू

साल 2019 के पहले वीआईपी और वीवीआईपी नंबर परिवहन अफसरों के रहमो करम पर अतिरिक्त शुल्क के आधार पर आवंटित किए जाते थे. लेकिन कई तरह के विरोध सामने आने पर इस प्रक्रिया को ऑनलाइन कर दिया गया. इस कारण से नवंबर 2019 से विशिष्ट और अति विशिष्ट नंबरों की ऑनलाइन बोली के जरिए आवंटित करने की व्यवस्था लागू हुई. इसके लिए चहेते नंबर पाने के लिए लोग लाखों रुपये तक कि रकम चुकाते आये हैं. ऑनलाइन में अधिक कीमत की वजह से बड़ी संख्या में नंबर बंद हो गए इसलिए मुख्यालय स्तर पर कुछ वीआईपी और वीवीआईपी नंबरों को सामान्य करने की पहल शुरू हो गई है।

अफसरों का मानना है कि बड़ी संख्या में नंबर सामान्य श्रेणी में कन्वर्ट होंगे उनका आवंटन भी होगा. इस वजह से कुछ को छोड़ बाकी नंबरों को सामान्य क्लास में कन्वर्ट करने की योजना बनी है. एक सीरीज में 9999 नंबर होते हैं, इसका मतलब हर सीरीज में 275 नंबर फ्रीज हो रहे हैं।

## महिला कल्याण राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिभा शुक्ला से मांग की केन्द्रीय सरकार सेनानियों के उत्तराधिकारी को राष्ट्रीय परिवार घोषित करे

कानपुर नगर।स्वतन्त्रता सेनानियों के उत्तराधिकारी को राष्ट्रीय परिवार घोषित किया जाए कानपुर नगर के दक्षिण क्षेत्र के रतनलाल नगर में स्वतन्नता सेनानियों के उत्तराधिकारी के , सम्मान समारोह में उत्तर प्रदेश शासन की महिला कल्याण राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिभा शुक्ला से मांग की केन्द्रीय सरकार सेनानियों के उत्तराधिकारी को राष्ट्रीय परिवार घोषित करे, आजादी के अम्रत महोत्सव वर्ष पर कानपुर नगर के 29मेटो स्टेशन के नाम पर रखा जाए की मांग की इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में प्रतिभा शुक्ला ने आप की मांग को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के माध्यम से मां नरेन्द्र मोदी के पास भेजेंगे, इस अवसर पर सेनानियों के उत्तराधिकारी सर्वेश पाण्डेय ने कहा कि हमारे महान स्वतंत्रता सेनानी और कातिकारियो शहीदों ने खुशहाल और मजबूत भारत और साम्प्रदायिक सद्भाव का जो सपना संजोया आज उसमें कहीं न कहीं उसमें कमी दिखाई दे रही है उनका देशकी आजादी के पीछे जो मकसद था ,समाज का अंतिम व्यक्ति भी सत्ता में काबिज होकर देश का तीसरा स्थान मिला ।तात्या टोपे के प्रपौत्र विनायक राव टोपे ने कहा कि आज बड़े दुख की बात है कि जिन हमारे स्वतंत्रता सेनानियों तमाम कठिनाई सहकर देश को आजाद कराया था मगर आज उनके परिवार बेहद कठिनाई से गुजर रहे हैं उन्हें आज तक राष्ट्रीय परिवार घोषित नहीं किया जिनकी हम सेनानियों के उत्तराधिकारी पुनः केन्द्र सरकार व प्रदेश सरकार आजादी के अम्रत महोत्सव पर राष्ट्रीय परिवार घोषित किया जाए, इस अवसर पर सेनानियों के उत्तराधिकारी सतेन्द्र कुमार सिन्हा, विष्णु दत्त दीक्षित, सुमन दीक्षित विवेक सचान , राजेश शर्मा अधिवक्ता, रामकुमार सिंह स्वतन्त ,इस अवसर पर महापौर प्रमिला पाण्डेय जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती स्वनिल वरुण को शाल व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया । इस अवसर पर मुख्य रूप से सवश्री सिम्पल चौहान रमेश सिहवानी विमला चौहान आशा फेरवानी, प्रमोद सिंह रोहित सावित्री पासवान प्रतिभा गुप्ता, गीता दीक्षित ने स्वागत किया।

## मंत्री नरेन्द्र कश्यप ने जनपद वाराणसी में 147 दिव्यांगजनों को मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल का किया वितरण

- मंत्री ने दिव्यांगजनों का उत्साहवर्द्धन कर शासन की योजनाओं का लाभ लेने की अपील की गयी
- मंत्री ने दिव्यांगजनों के साथ सेल्फी भी खिंचवाई

दिनांक 06 अगस्त, 2022

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग राज्य मंत्री (स्वंत्रत प्रभार) नरेन्द्र कश्यप ने शनिवार को जनपद वाराणसी के दिल्ली पब्लिक स्कूल, विशोखर के परिसर में आयोजित कार्यक्रम में दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग द्वारा चिन्हित 147 चिन्हित दिव्यांगजनों को मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल का वितरण किया।



मंत्री नरेंद्र कश्यप द्वारा दिव्यांगजन हितार्थ विभिन्न योजनाओं, जैसे–दिव्यांग पेंशन योजना, दिव्यांग शादी विवाह प्रोत्साहन पुरस्कार, दुकान निर्माणध्संचालन योजना, कृत्रिम अंग निर्माणध्सहायक उपकरण वितरण, शल्य चिकित्साध्काक्लियर इम्प्लांट अनुदान, यू0डी0आई0डी0 कार्ड निर्माण, सुगम्य भारत अभियान, मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल आदि के बारे में अवगत कराया गया तथा दिव्यांग जनों का उत्साहवर्द्धन करते हुये, उन्हें शासन की योजनाओं का लाभ लेने की अपील की गयी।

## होली प्वाइंट एकेडमी में आयोजित हुआ मिशन शक्ति कार्यक्रम,छात्राओं को किया जागरूक

चन्द्रप्रताप सिंह जिला संवाददाता दैनिक अयोध्या टाइम्स इटावा

इटावा। मिशन शक्ति के अन्तर्गत होली प्वाइंट एकेड़मी में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं को "सुरक्षा", "सम्मान" एवं "स्वावलंबन" के प्रति जागरूक करना था। इस कार्यक्रम का आयोजन प्रशासन द्वारा चलायी जा रही योजना "मिशन शक्ति–4" के अन्तर्गत कराया गया। इस कार्यक्रम में विद्यालय की लगभग 150 छात्राओं ने सहभागिता की। इस कार्यक्रम का शुभारम्भ सब इंस्पेक्टर पूर्णा तिवारी यमहिला हेल्पलाइन डेस्कद्ध,सब इंस्पेक्टर अंशु मिश्रा,संस्था के निदेशक श्री प्रदीप चंद्र पाण्डेय,विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री आलोक तिवारी एवं श्रीमती नीरजा पाण्डेय द्वारा दीप प्रज्वलित करके किया गया एवं अतिथियों का माल्यार्पण कर उनका स्वागत किया।

इस कार्यक्रम में सब इंस्पेक्टर पूर्णा तिवारी द्वारा अपने उद्बोधन में कहा नारी की सबसे बड़ी शक्ति उसका स्वयं का आत्मविश्वास है जिससे विश्वास स्वरूप में वह समाज के सामने रखती है उन्होंने मोबाइल के "साइबर क्राइम" के संबंध में भी बच्चों को संक्षेप में जानकारी दी तथा इंटरनेट मीडिया के उपयोग हेतु सावधानी बरतने को भी सुझाव दिया उन्होंने प्रदेश में 1545 थानों में महिला हेल्प डेस्क के बारे में भी बताया उन्होंने महिलाओं को अपनी इच्छा शक्ति एवं साहस एवं दृढशक्ति के साथ समाज में आगे बढ़ने का भी सुझाव दिया। उन्होंने "चुप्पी तोड़ो खुल कर बोलो" का नारा भी दिया। उन्होने महिला सुरक्षा से संबंधित टोल फ्री नं0 1090, 181,112 के प्रयोग के बारे में भी बताया। इसी क्रम में सब इंस्पेक्टर अंशु मिश्रा अपने उद्बोधन में कहा कि हर छात्रा को चाहिए कि वह अपना लक्ष्य निर्धारित करे क्योंकि लक्ष्य निर्धारण से ही सफलता का रास्ता तय होता है उन्होंने कहा कि समय का प्रतिकार कीजिए, शोषण को सहन नहीं कीजिए। अपने अधिकारों की सही पहचान एवं घर की जिम्मेदारी के साथ–साथ हम समाज में भी परिवर्तन ला सकते हैं पुलिस को आप अपना साथी समझें। इसी क्रम में उन्होने कहा कि नारियों को भी नारी का सम्मान करना चाहिए। उन्होने नारी शिक्षा पर विशेष बल दिया। इस आयोजन में प्रधानाचार्य आलोक





तिवारी ने छात्राओं को शिक्षित बनकर शोषण के विरूद्ध आवाज उठाने के लिए प्रेरित किया। उन्होने कहा कि छात्राओं को आज के परिवेश को देखते हुए आत्म सुरक्षा का भी मंत्र दिया ।इस कार्यक्रम का संचालन श्रीमती निशी पाण्डेय एवं श्रीमती अनुराधा पाठक द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम के दौरान दिशा दुबे व अन्य छात्राओं ने नारी समस्या से संबंधित प्रश्नों को सब इंस्पेक्टर पूर्णा तिवारी के समक्ष रखा। जिसका उन्होने बड़ी कुशलता से संतोषपूर्ण उत्तर दिया। अंत में विद्यालय के निदेशक प्रदीप चंद्र पाण्डेय ने अपने उद्बोधन में कहा कि नारी उत्पीड़न रोकने के लिए महिलाओं का शिक्षित व आत्मनिर्भर होना अति आवश्यक हैं। नारी को सम्मानजनक व सुरक्षात्मक प्रवेश दिलाने के लिए समाज के प्रत्येक व्यक्ति को अपने घर के युवाओं को संस्कार बनाना बेहद जरूरी है तभी सशक्त नारी का निर्माण कर पाना संभव है इस अवसर पर आये सभी अतिथियों को उपहार एवं शॉल प्रदान कर उनका आभार प्रकट किया। इस कार्यक्रम में अमित श्रीवास्तव,अनुराग दीक्षित,अरूण मोटवानी,प्रमोद कुमार आदि थे।

## मोदी-योगी की डबल इंजन सरकार में पूरा हो रहा है राम मंदिर निर्माण का सपना

नई दिल्ली। राम जन्मभूमि भूमि पूजन की दूसरी वर्षगांठ का जश्न देशभर में दूसरे दिन भी बड़ी धूमधाम से मनाया जा रहा है। लोग आपस में एक दूसरे को मिठाई खिलाकर अपनी खुशी का इजहार कर रहे हैं। मेरठ के श्रद्धापूरी में भी महिलाओं ने एक दूसरे को मिठाई खिलाई और खुशी मनाई। श्रद्वापुरी फेस वन की रेखा वैश्य का कहना है कि जिस राम मंदिर का निर्माण करवाने के लिए हमारे पूर्वज आंदोलन करते हुए बलिदान हो गए उस राम मंदिर का निर्माण आज मोदी और योगी की डबल इंजन सरकार के चलते संभव होने जा रहा है। उनका कहना है कि भगवान ने मोदी को राम और योगी को लक्ष्मण बनाकर इस धरती पर भेजा है इसलिए यह दोनों मिलकर लोगों का कल्याण कर रहे हैं।

- राजगोपाल ने बताया मंदिर निर्माण आंदोलन का हाल

राम मंदिर निर्माण आंदोलन में कार सेवक के रूप में हिस्सा लेने वाले राजगोपाल कात्यायन कहते हैं कि उन्होंने आंदोलन में हिस्सा जरूर लिया था, लेकिन उन दिनों की परिस्थितियां देखते हुए उम्मीद नहीं थी की वो राम मंदिर निर्माण कार्य



अपनी आंखों से देख पाएंगे क्योंकि वह मंजर ही ऐसा था। उनको उस आंदोलन से अपने घर वापस आने की उम्मीद तक नहीं थी।

- हाथ टूटा था मगर हौसला नहीं

राजगोपाल का कहना है कि मेरठ से कई टुकड़ियों में कारसेवक इस आंदोलन में गए थे। उस समय मेरा हाथ टूटा हुआ था और ऑपरेशन के बाद रॉड डाली हुई थी, लेकिन फिर भी मेरा हौसला नहीं टूटा। मंदिर निर्माण के लिए आंदोलन में भाग लेने मैं फिर भी गया। एक स्थान पर चेकिंग के दौरान मेटल डिटेक्टर से चेक करते हुए मुझे प्रवेश करने से रोक दिया गया और कहा गया कि तुम्हारे हाथ में कुछ हथियार छिपा है इसको पहले निकाल कर आओ, लेकिन फिर भी मैंने उनसे काफी आग्रह किया और कहा कि मेरा हाथ टूट जाने के कारण ऑपरेशन करके रॉड डाली गई है अगर इससे आपको कोई परेशानी है तो आप इसको वापस ऑपरेशन करके निकाल सकते हैं। मैं इस आंदोलन में शामिल होने से नहीं रुकूंगा। वहीं कुछ देर जद्दोजहद के बाद राज गोपाल को अधिकारियों द्वारा आंदोलन में शामिल होने की अनुमति दे दी गई।

- तत्कालीन प्रदेश सरकार ने कराया था भीषण नरसंहार

देखते देखते आंदोलन हंगामे और बवाल में तब्दील होने लगा। राज गोपाल का कहा है कि तत्कालीन सरकार ने पुलिस के भेष में अपने लोगों को वहां भेजा और कारसेवकों पर गोलियां चलवाई। जिसके बाद उनको सरयू नदी में फेंक दिया गया। इतना बड़ा नरसंहार देखने के बाद राजगोपाल उम्मीद छोड़ चुके थे कि वह अपने घर वापस जाएंगे या फिर राम मंदिर निर्माण का दृश्य अपने जीवन काल में देख पाएंगे।

- मोदी और योगी सरकार में साकार हुआ राम मंदिर निर्माण का सपना

अब जब केंद्र में मोदी और प्रदेश में योगी सरकार बनने के बाद हालात बदले। राम मंदिर निर्माण का फैसला होने के बाद राम जन्मभूमि पर भूमि पूजन किया गया तो अब उनको लगता है कि आंदोलन में बलिदान हुए कारसेवकों का बलिदान जाया नहीं गया बल्कि इस राम मंदिर में उन बलिदानियों की माटी की सुगंध भी मिल गई है। राजगोपाल का कहना है कि अब जब 2024 तक राम मंदिर निर्माण हो जाएगा तो वह अपने जीवित रहते मंदिर की भव्यता देख सकेंगे।

### विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों को अमृत रत्न, अमृत अभिव्यक्ति आदि रत्नों से किया जाएगा सम्मानित

## जिलाधिकारी नेहा जैन के नवीन प्रयासों से जनपद के कार्मिको के कार्यो को मिलेगी पहचान

कानपुर देहात दिनांक 06 अगस्त 2022 । जिलाधिकारी नेहा जैन द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव के अन्तर्गत आजादी 75वें साल के दृष्टिगत आयोजित कार्यक्रमों की श्रृंखला में दिनांक 11–17 अगस्त, 2022 के मध्य को स्वतंत्रता सप्ताह के रूप में आयोजित किये जाने एवं इस विशेष अवसर पर ष्हर घर तिरंगा का विशेष आयोजन किये जाने हैं, जिसके अंतर्गत आजादी के अमृत महोत्सव वर्ष में ऐसे सम्भ्रान्त व्यक्तियों जिनका जन्म जनपद कानपुर देहात की पावन धरती पर हुआ है और उन व्यक्तियों की कर्मभूमि इस जनपद से अन्यत्र कहीं और है उनमें से कुछ ऐसे सम्भ्रान्त व्यक्ति जो अपनी जन्म भूमि के लिये कुछ विशेष करने की प्रबल भावनायें रखते हैं। ऐसे लोगों की भावनाओं के दृष्टिगत जनपद में एक पोर्टल के माध्यम से एक प्लेटफार्म देने का प्रयास जिलाधिकारी द्वारा किया गया है। आजादी के अमृत महोत्सव वर्ष के विशेष अवसर पर जनपद कानपुर देहात को सबके प्रयास से विकास के पथ पर अग्रसर किये जाने हेतु अमृत रत्न खोज करने हेतु जिलाधिकारी ने ऐसें सम्भ्रान्त व्यक्तियों से अपेक्षा की है कि वह वर्तमान में जहाँ कहीं भी हो यथा–इस जनपद में/किसी प्रदेश मेंध्देश या विदेश में हो अपने जनपद कानपुर देहात के लिये अपने गांव/ वार्ड /मोहल्ले या उसमें स्थित सरकारी स्कूल / कॉलेज/ आंगनबाडी केन्द्र/ अस्पताल आदि के लिये किसी भी रूप में अपना सहयोग अथवा संसाधन आदि के रूप में सहयोग प्रदान करना चाहते हैं तो आजादी के अमृत महोत्सव वर्ष में अपने गॉव एवं जनपद के लिये कुछ भी करने का यह सर्वोत्तम समय है। उन्होंने इस कार्य हेतु पोर्टल www.amritratnkd.in का विकास किया है जिस पर संबंधित अपना विवरण अंकित कर जिला प्रशासन को अपने कार्य का विवरण दे सकते हैं, जिससे उन संभ्रांत व्यक्ति से सम्पर्क कर आपके कार्य को आगे बढ़ाने मव मदद कर सकें। उन्होनें किसी प्रकार की तकनीकि समस्या आने पर ई–डिस्ट्रिक्ट मैनेजर तेजस्वी के मोबाइल नं0 9455922739 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

इसी क्रम में आजादी की 75वीं वर्षगांठ के अवसर पर आयोजित हर घर तिरंगा कार्यक्रम में तिरंगा फहराये जाने को लेकर प्रत्येक व्यक्ति के मन में देश भक्ति, स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों, शहीदों के प्रति सम्मान तथा स्वयं भी कुछ कर गुजरने का जज्बा रखते हैं, उक्त अनुभूति के दृष्टिगत जिलाधिकारी द्वारा जनपद के अधिकारियों एवं कर्मचारीगण जो आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर अपने भावों को प्रकट करना चाहते हैं वे अपनी गरिमापूर्ण अमृत अभिव्यक्ति को काव्य, गद्य, पद्य किसी भी रूप में अपने भावों को ई–मेल dmkandehat@gmail.com पर दिनांक 12.08.2022 तक उपलब्ध करा दें ताकि अमृत अभिव्यक्तियों को संकलित कर 15 अगस्त के अवसर पर पुस्तक का विमोचन किया जाएगा।

कार्यक्रमों की श्रृंखला में आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर प्रत्येक पंचायत घर आवासीय विद्यालयों जैसे नवोदय विद्यालय, कस्तूरबा गान्धी आवासीय विद्यालय (अन्य यदि कोई हों), वृद्वा आश्रम आदि में आजादी एवं देश भक्ति से ओतप्रोत फिल्में दिखाये जाने हेतु विशेष प्रयास किये जायेंगे जिससे न केवल मनोरंजन हो बल्कि जन–जन में आजादी की अलख एवं देश भक्ति के भाव जागृत हों सके एवं दिनांक 14.08.2022 को षविभाजन विभीषिका स्मृति दिवसष के अवसर पर विभाजन से सम्बन्धित फिल्म उक्त संस्थाओं में दिखाई जाने एवं व्यापक फोटोग्राफी कराते हुए प्रचार प्रसार किया जाने हेतु कहा।

उन्होंने कहा कि वृद्धजन जिनकी आयु 80 वर्ष से अधिक है उनके पास अनगिनत अनमोल यादें, स्मृतियों एवं बहुमूल्य अनुभव होते है, जो वर्तमान पीढ़ी के युवाओं एवं बच्चों के जीवन के लिये प्रेरणादायक हो सकते हैं परन्तु वर्तमान में तकनीकि के दौर में युवा एवं बच्चे अपनी दिनचर्या के अधिकांश समय में मोबाइल फोन पर व्यस्त रहते है जिससे आपसी बातचीत एवं मेलजोल विलुप्त होता जा रहा है। युवाओं एवं बच्चों को वास्तविक जीवन के अनुभवों आदि से रूबरू कराने के लिये वृद्वजन के अनगिनत अनमोल यादें, स्मृतियों एवं बहुमूल्य अनुभवों का उपयोग युवाओं के जीवन को प्रेरित करने हेतु एवं युवाओं एवं बच्चों में पढ़ने की आदत विकसित करने के लिये पुस्तकालय निर्माण पर जोर देते हुए, युवाओं में पढ़ने की रूचि बढ़ाने हेतु हयूमन लाइब्रेरी मूवमेन्ट प्रारम्भ की जाएगी, जिसके द्वारा जनपद के जो वृद्वजन अपने जीवन के दृष्टांत, स्मृतियाँ, बहुमूल्य अनुभवों को साझा करने के भाव रखते हैं। ऐसे वृद्वजनों का चिन्हांकन ग्राम पंचायत विकास अधिकारी/अध्यापकों/ इण्टर कॉलेज के प्रधानाचार्यो/ ग्राम बुद्धिजीवी वर्गों के सहयोग से किया जायेगा और वरिष्ठ कोषाधिकारी के माध्यम से सम्मानित वृद्वजनों का डाटाबेस बेसिक शिक्षा अधिकारी व जिला विद्यालय निरीक्षक के समन्वय से तैयार किया जाएगा, जिसके उपरान्त योजना बद्ध ढंग से गाँव के सार्वजनिक स्थल जैसे ग्राम पंचायत भवन, आंगनबाड़ी केन्द्र, सामुदायिक भवन, बड़े वृक्ष के नीचे, चबूतरे आदि में सौहार्दपूर्ण एवं गरिमापूर्ण ढंग से सप्ताह में न्यूनतम एक दिन शनिवार अथवा रविवार निर्धारित करते हुये गाँव के 10–15 आयु वर्ग के बच्चों को एकत्रित कर वृद्वजनों के द्वारा अपने संस्मरण स्मृतियों एवं अनुभवों को साझा करने हेतु श्रोता के रूप में बच्चों की उपस्थिति सुनिश्चित करायी जायेगी।

# कड़कनाथ इकाई प्रारंभः डा. कनौजिया

मो मुनब्बर ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स कन्नौज

कन्नौज। कृषि विज्ञान केंद्र अनौगी कन्नौज पर पोल्ट्री फार्मिंग के अंतर्गत कड़कनाथ पोल्ट्री इकाई प्रारंभ की गई । केन्द्र के अध्यक्ष डॉ वी. के. कनौजिया ने बताया कि कड़कनाथ मुर्गा इकाई की स्थापना का मुख्य उद्देश्य कृषकों तथा नवयुवकों को प्रशिक्षित करना है। जिससे वह रोजगार के अवसर पैदा कर सकें तथा खुद को आर्थिक दृष्टि से स्वावलंबी बना सकें। ष्आओ करके सीखेष को ध्यान में रखकर इस योजना की शुरुआत की गई है। आशा है कि, ग्रामीण नवयुवक यहां से प्रशिक्षण लेकर शीघ्र ही अपनी पोल्ट्री स्थापित करेंगे हैं। डॉ सी के राय ने बताया कि, कड़कनाथ भारतीय नस्ल की विशुद्ध काली नस्ल है, यह मध्य प्रदेश के धार झाबुआ क्षेत्र की मूल नस्ल है, जो पूर्व में ग्रामीण आदिवासियों द्वारा पाले जाते रहे हैं । उसका मांस लगभग काला तथा पौष्टिक गुणों से भरपूर होने के कारण एथलीट तथा खिलाड़ियों में बेहद प्रसिद्ध है। हाई प्रोटीन क्वालिटी की तथा एनर्जी वैल्यू के कारण इसकी मांग काफी तेजी से बढ़ रही है । अंडे तथा मांस दोनों काफी गुणकारी एवम अत्यंत स्वादिष्ट है, परंतु मुर्गियों की तुलना में कड़कनाथ मुर्गों की मांग ज्यादा है। एक मुर्गा लगभग 800 से 1000 की दर से बिक जाता है। यह नस्ल ग्रामीण परिवेश में आसानी से घुल मिल जाती है । तथा इसके घर के पीछे भी रख कर, घर बचा खाना, मक्का, बाजरा, गेहूं का दलिया खिला कर आसानी से पाला जा सकता है। कड़कनाथ मुर्गे



लगभग 5 माह में तैयार हो जाते हैं तथा प्रत्येक मुर्गे पर लगभग 300 की शुद्ध बचत हो जाती है। केन्द्र के वैज्ञानिक डॉ अरविंद कुमार, डॉ विनोद कुमार, डॉ सुशील कुमार, डॉ अमरेन्द्र यादव तथा प्रदीप कटियार ने इसकी उपयोगिता पर प्रकाश डालते हुए बताया कि यह ग्रामीण क्षेत्र के नवयुवकों के लिए कम लागत में अच्छा मुनाफा कमाने का एक व्यवसाय हो सकता है। तथा नवयुवक स्वरोजगार के रूप में इसे अपना सकते हैं।

# अज्ञात वाहन की चपेट में आने से एक गोवंश की घटना स्थल पर हुई मौत

दैनिक अयोध्या टाइम्स सुल्तानपुर ब्यूरो चीफ घनश्याम वर्मा। जयसिंहपुर कोतवाली क्षेत्र से होकर गुजरे बाँदा टाण्डा नेशनल हाइवे पर अज्ञात वाहन की चपेट में आने से एक गोवंश की दर्दनाक मौत हो गई । गोवंश की मौत के करीब बारह घण्टे बीत जाने के बाद भी दूसरा गोवंश अपने साथी के बिछड़ने के गम में सड़क पर बैठ हुआ है। वही सड़क किनारे पड़े मृत गोवंश के शरीर को दफनाने के लिये कोई भी जिम्मेदार महकमा आगे नही आ रहा है।

यह पूरा मामला

जयसिंहपुर कोतवाली क्षेत्र के बाँदा टाण्डा नेशनल हाइवे पर तिन्दौली गांव के पास बीती शुक्रवार की आधीरात सड़क पार करे दो गोवंशों में एक को अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी टक्कर इतनी जोरदार थी कि गोवंश सड़क के किनारे दूर जा गिरा और तड़पकर उसकी घटना स्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई ।जबकि दूसरा गोवंश साथी अपने साथी की मौत पर वही रात से ही सड़क पर बैठ गया है। सुबह सड़क से गुजर रहे राहगीरों और ग्रामीणों द्वारा उसे सड़क से उठाकर भगाने का प्रयास किया कि कही यह भी किसी वाहन की चपेट में आकर दुघर्टना का शिकार ना हो जाये



किन्तु दूसरा गोवंश करीब 12 घण्टे बीत जाने के बाद भी सड़क से उठने को तैयार नही हुआ और सड़क पर ही अपने साथी की मौत के गम में बैठा हुआ है। वही सड़क के किनारे पड़े मृत गोवंश के शरीर को भी कोई जनप्रतिनिधि, समाजसेवी या जिम्मेदार महकमा दफनाने के लिये सामने नही आ रहा। जिससे सड़क पर अब मृत गोवंश के शरीर को जंगली जानवर और चील , कौवे नोचना शुरू कर दिए है और दुर्गन्ध भी आनी शुरू हो गई है जिससे राहगीरों और ग्रामीणों को परेशानी हो रही है। ग्रामीणों द्वारा तिन्दौली ग्राम प्रधान द्वारा को मृत गोवंश के बारे में बताया गया किन्तु उनकी तरफ से भी इस पर कोई पहल नही की गई और न ही कोई कदम उठाया गया।

इस संबंध में जब स्थानीय पशु चिकित्सक राजेश कुमार वर्मा से बात की गई तो उन्होंने बताया कि हमारी जिम्मेदारी जीवित, बीमार व घायल पशुओं के इलाज तक कि है। मृत हुए पशुओं के शरीर को हटवाने की नही है।

# संक्षिप्त समाचार

### एक भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन

दिनांक 7 अगस्त 2022 को महानगर स्थित 'Teenie Weenie' शैक्षिक संस्था एवं 'Eternal by Rijha & Events' द्वारा एक भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन बच्चो के लिए किया जा रहा हैं, जिसमे मुख्य तौर पर जन्माष्टमी, रक्षाबंधन और दोस्ती दिवस को आधार बनाकर कार्यक्रम क्रियान्वित हैं, कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण मुख्य अतिथि के रूप में माननीय अपर्णा यादव जी द्वारा सावन माह के शुभ अवसर में पर्यावरण हरियाली की रक्षा हेतु पौधों को राखी बाँध दोस्ती करना एवं प्रकृति के प्रति प्यार व्यक्त करना हैं ।

इस कार्यक्रम के अंतर्गत संस्था के बच्चो द्वारा राखी बनाना, जन्माष्टमी रासलीला हेतु हांडी सजाना, कार्ड बनाना,राखी की थाल सजाना जैसी कार्यशाला आयोजित होगी एवं मुख्य अतिथि की उपस्तिथि में भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित है.।

सभी मीडियाकर्मी बंधुओं से अनुरोध है कि दोपहर 12.30 बजे पहुँच कर कार्यक्रम के स्तर को नई उँचाइया प्रदान करें एवं आप सभी के सम्मान में जलपान की उचित व्यवस्था कराई गयी है।

### भारत विकास परिषद नवोदय ने किया हर घर तिरंगा अभियान के तहत तिरंगा झंडा वितरण एवं तुलसी पौधा वितरण

आगरा।हमें आपको यह सूचित करते हुए एक आत्म संतुष्टि का अनुभव हो रहा है कि नवोदय परिवार ने संस्कृति माह के अंतर्गत अपने अगले सेवा कार्य के तहत शनिवार को श्रीराम चौक, कमला नगर पर सनातन धर्म में पूजनीय तुलसी पौधों को लोगों में वितरित किया एवं माननीय प्रधानमंत्री जी की मुहिम हर घर तिरंगा अभियान के तहत कार्यक्रम में आये हुए लोगों एवं आस पास के सभी दुकानदारों और राहगीरों को तिरंगा झंडा वितरित किया। कार्यक्रम में तिरंगा झंडे के प्रति हर तबके के लोगों में भरपूर उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम की शुरुआत नवोदय संरक्षक अरविंद चौधरी, संजीव अग्रवाल,विजय अग्रवाल,नवोदय अध्यक्ष डॉ अमित सिंघल, सचिव अनिल अग्रवाल (टोंटी भाई), कोषाध्यक्ष संजय गुप्ता एवं महिला संयोजिका शशी अग्रवाल द्वारा श्री राम मंदिर में पूजा अर्चना कर की गयी। इस अवसर पर नवोदय अध्यक्ष डॉ अमित सिंघल द्वारा नवोदय की ओर से आये हुए सभी लोगों को का स्वागत कर उन्हें तुलसी का पौधा भेंट किया गया। उन्होंने कहा कि आज के समय में पर्यावरण संरक्षण एक जटिल समस्या है और इसके निवारण के लिए इसमें सभी लोगो की सहभागिता की आवश्यकता है। पर्यावरण की रक्षा के लिए सरकार तो अपना काम कर ही रही है परन्तु हम भी अपने स्तर से कुछ छोटी छोटी बातो को अमल में लाकर पर्यावरण की रक्षा में अपना योगदान कर सकते है। इस अवसर पर उन्होंने भारत सरकार की मुहिम हर घर तिरंगा के तहत लोगों को तिरंगा झंडा वितरित करते हुए उनसे 13 से 15 अगस्त तक अपने घरों एवं प्रतिष्ठानों पर फहराने की अपील की।



कार्यक्रम का संचालन करते हुए नवोदय सचिव अनिल अग्रवाल (टोंटी भाई) ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण हम सभी लोगों की जिम्मेदारी है और हमें अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए पर्यावरण की रक्षा के लिए हर संभव प्रयास करने चाहिए। आज के समय में आवश्यकता है कि हर मनुष्य अपने स्तर पर सहयोग करके पर्यावरण को संतुलित रखने का प्रयास करें। पर्यावरण की रक्षा केवल किसी विशेष समूह, सामाजिक संस्था या सरकार द्वारा किये किये जा रहे कार्य अथवा कुछ जरुरी नियम बनाकर नहीं की जा सकती है। इस अवसर पर नवोदय परिवार की ओर से कोषाध्यक्ष संजय गुप्ता ने आये हुए सभी लोगों का धन्यवाद करते हुए उनसे पर्यावरण संरक्षण में अपना अधिक से अधिक योगदान देने की अपील की।

कार्यक्रम में श्रीनाथ गुप्ता,नितिन अग्रवाल, सुनील बंसल,शुभम अग्रवाल,पंकज अग्रवाल,गौरव बंसल, सीए दीपिका मित्तल,सचिन अग्रवाल,शेखर अग्रवाल,पवन बंसल, सुनील अग्रवाल,मोहित अग्रवाल,पीयूष सिंघल,विनीता अग्रवाल,अमित अग्रवाल,पार्थ अग्रवाल,आनंद मंगल,अंकुर अग्रवाल, राजकुमार अग्रवाल, रश्मि अग्रवाल, सचिन जैन,रूपल जैन, संदीप मित्तल, अंजू मित्तल,सुमित अग्रवाल, अनूप अग्रवाल आदि की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

### प्रदेश के राजकीय व निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में वर्ष 2022-23 हेतु प्रशिक्षण सत्र में प्रवेश लेने हेतु कुल 4,62,893 अभ्यर्थियों ने किया आवेदनः मंत्रीकपिलदेव

- औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में युवाओं को विभिन्न ट्रेडों में प्रशिक्षण प्रदान कर उन्हें कुशल (स्किल्ड) बनाया जा रहा है
- औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में ही नियमित रूप से रोजगार मेला और अप्रेंटिस मेला का आयोजन कर युवाओं को रोजगार के अवसर देने का कार्य किया जा रहा है

06 अगस्त 2022 लखनऊ। प्रदेश के व्यावसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने बताया कि प्रदेश के राजकीय व निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में वर्ष 2022–23 हेतु प्रशिक्षण सत्र में प्रवेश लेने हेतु 07 जुलाई 2022 से ऑनलाइन आवेदन आमन्त्रित किये गए थे। जिसमें उन्होंने बताया कि विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार अंतिम तिथि 04 अगस्त 2022 तक कुल 4,62,893 अभ्यर्थियों ने राजकीय व निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में वर्ष 2022–23 हेतु प्रशिक्षण सत्र में प्रवेश लेने हेतु आवेदन किया है। इसमें 3,31,486 अभ्यर्थियों ने राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में , 43,743 अभ्यर्थियों ने निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान तथा 87,664 अभ्यर्थियों ने राजकीय व निजी दोनों औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में आवेदन किया है।



मंत्री अग्रवाल ने बताया कि औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में युवाओं को विभिन्न ट्रेडों में प्रशिक्षण प्रदान कर उन्हें कुशल (स्किल्ड) बनाया जा रहा है। जिससे स्किल्ड युवा को विभिन्न कंपनियों में रोजगार के अवसर प्राप्त हो सके। उन्होंने बताया कि औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में प्रशिक्षण देने के साथ–साथ उन्हें रोजगार के लिए कही भटकना न पड़े, इसलिए औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में ही नियमित रूप से रोजगार मेला और अप्रेंटिस मेला का आयोजन कर युवाओं को रोजगार के अवसर देने का कार्य किया जा रहा है।

### नशे की लत से परेशान युवक ने खुद को फांसी लगा दी जान

- 'कानपुर दक्षिण' गोविंद नगर थाना क्षेत्र में स्थित सीटीआई समीप संजय नगर कच्ची बस्ती में रहने वाले 36 वर्षीय युवक ने खुद को फांसी लगाकर जान दे दी

कानपुर। जानकारी के अनुसार' युवक राजेश वर्मा 36 वर्ष पिता स्व० चुन्नीलाल मूल रूप से बर्रा 8 वरुण बिहार का निवासी था जोकि सीटीआई संजय नगर कच्ची बस्ती में लगभग 2 सालों से अपनी पत्नी पिंकी व दो बच्चों अनमोल 5वर्ष और माही 1वर्ष संग किराए का कमरा लेकर रहता था और गाड़ियों की कमानी का काम करता था। जिसकी दारू पीने के चलते काफी दिनों से तबीयत काफी खराब चल रही थी और वह काम पर नहीं जा पा रहा था।



बहनोई संतोष प्रकाश के अनुसार' काम पर ना जाने कारण घर में पैसे नहीं थे और तबीयत खराब होने के बावजूद राजेश रोज– रोज दारू पीकर घर आ जाते थे। जिसको लेकर उसकी पत्नी से आए दिन कहा सुनी होती थी लेकिन वह दारू पीना बंद नहीं करता था। जिससे वह खुद भी काफी परेशान था। जिसके चलते आज सुबह बच्चों को स्कूल छोड़ने के लिए पत्नी के घर से बाहर जाते ही राजेश ने खुद को कमरे में अकेला पाकर दीवार पर लगे पाइप से दुपट्टे का फंदा बनाकर खुद को फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली।

आनन्द बाबा

## सम्पूर्ण समाधान दिवस में 36 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुये तथा मौक पर 24 का हुआ निस्तारण

पीलीभीत। जिलाधिकारी पुलकित खरे की अध्यक्षता में तहसील कलीनगर का तहसील सम्पूर्ण समाधान दिवस सम्पन्न हुआ। सम्पूर्ण तहसील समाधान दिवस में कुल 36 शिकायती प्रार्थना–पत्र प्राप्त हुये, जिसमें जिलाधिकारी द्वारा मौके पर ही 24 शिकायतों का निस्तारण किया गया। अवशेष शिकायतों के सम्बन्ध में संज्ञान लेते हुए कहा कि अधिकारी अपनी–अपनी विभागीय शिकायतों का गुणवत्ता परक ढंग से निस्तारण करें, अधिकारी स्वयं शिकायतकर्ता की शिकायतों के निस्तारण हेतु मौका मुआइना अवश्य करें और शिकायतकर्ता सहित दोनों पक्षों को बुलाकर शिकायतों का निस्तारण कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि मा0 मुख्यमंत्री कार्यालय से जन सुनवाई की शिकायतों की गुणवत्ता की जांच की जा रही है, सभी अधिकारी दोनों पक्षों को बुलाकर गुणवत्तापूर्ण शिकायतों का निस्तारण करायें तथा निस्तारण आख्या पोर्टल पर अपलोड करें, जिससे कि शिकायतकर्ता द्वारा दोबारा शिकायत न की जा सके। राजस्व सम्बन्धी मामलों में जहां पर पुलिस प्रशासन की आवश्यकता हो तो वहां



पुलिस को साथ लेकर मौके पर निस्तारण कराया जाये।

तहसील सम्पूर्ण समाधान दिवस में पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार पी, मुख्य विकास अधिकारी धर्मेन्द्र प्रताप सिंह, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 आलोक कुमार, अधिशासी अभियन्ता विद्युत, अधिशासी अभियन्ता पीडब्लूडी, परियोजना निदेशक, जिला कृषि अधिकारी, जिला पूर्ति अधिकारी, उप जिलाधिकारी कलीनगर व तहसीलदार कलीनगर, खण्ड विकास अधिकारी पूरनपुर सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## मा0 सदस्य उ0प्र0 अल्पसंख्यक आयोग की अध्यक्षता में जनपद स्तरीय अधिकारियों के साथ बैठक सम्पन्न

पीलीभीत। परविन्दर सिंह जी, एडवोकेट, मा0 सदस्य उ0प्र0 अल्पसंख्यक आयोग लखनऊ द्वारा जिलाधिकारी पुलकित खरें, पुलिस अधीक्षक, एस0ओ0सी0 चकबन्दी, उपजिलाधिकारी, एन0एच0ए0आई के वरिष्ठ अधिकारी, अधिशासी अभियन्ता लोक निर्माण विभाग अधीक्षण अभियन्ता, लो0नि0वि0 मुख्य अभियन्ता, लो0नि0वि0, बरेली, अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका अधीक्षण अभियन्ता एवं अधिशासी अभियन्ता विद्युत एवं जनपद पीलीभीत के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक पीडब्लूडी गेस्ट हाउस में की गई। बैठक के दौरान मा0 परविन्दर सिंह जी द्वारा अधिशासी अभियन्ता विद्युत को निर्देशित किया गया कि अल्पसंख्यक समुदाय से सम्बन्धित उनके हित के लिये बीसलपुर तहसील के अन्तर्गत थाना बिलसण्डा में 257 परिवारों के लिये 10 घंटे से अधिक बिजली दिये जाने की व्यवस्था की जाये। सिंह द्वारा



यह भी बताया गया कि उ0प्र0 सरकार द्वारा मदरसों का मदरसा पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन भी करा दिया गया है, ताकि छात्राओं को उच्च शिक्षा प्रदान की जा सकें। इसके अतिरिक्त यह भी बताया गया कि मदरसों को बेसिक शिक्षा विभाग से जोड़ने के लिये भी उ0प्र0 सरकार से अनुरोध किया में एक पीरियड कुरआन, उर्दू के अलाबा अन्य विषयों की भी शिक्षा उपलब्ध कराई जाये, जिससे कि छात्रध्छात्राए अपने लक्ष्य को पा सकें।

## विद्युत पोल में आया करंट, चपेट में आए किशोर की मौत

पूरनपुर।रेलवे लाइन पर विद्युत पोल में करंट आने से चपेट में आकर किशोर की मौत हो गई।घटनाक्रम को लेकर खलबली मच गई।सूचना पर रोते लिखलते परिजन मौके पर पहुंचे।हादसे को लेकर परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

मूल रूप से बहराइच के निवासी निसार अहमद ढोलक रिपेयरिंग का काम करते हैं।वह पूरनपुर के रेलवे लाइन के किनारे तंबू लगाकर अपने परिवार के के साथ रहकर मेहनत मजदूरी कर भरण पोषण करता है।उसका 12 वर्षीय पुत्र विशाल शनिवार को नगर में किसी काम से गया था।वापस लौटने के दौरान रेलवे लाइन के किनारे होते हुए अपने तंबू में जा रहा था।रेलवे स्टेशन के पास एक कोठरी के ऊपर से गुजर रही हाईटेंशन लाइन की चपेट में किशोर आ गया।करंट लगने से किशोर की मौके पर ही मौत हो गई।घटनाक्रम की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया।रोते बिलखते परिजन मौके पर पहुंचे।घटनाक्रम को लेकर लोगों की भारी भीड़ मौके पर जुट गई।सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। लेकिन परिजनों ने पोस्टमार्टम कराने से इंकार कर दिया। इस पर पुलिस वापस लौट आई।हादसे को लेकर परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

## पहले महिला से अश्लीलता, फिर पुत्र को मारने का प्रयास

पूरनपुर।कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी एक महिला ने बताया कि उसके पति की मौत हो चुकी है।वह मेहनत मजदूरी कर अपने परिवार का भरण पोषण करती है। कुछ दिन पहले महिला ने धान की रोपाई की थी।उसकी मजदूरी लेने के लिए जा रही थी।इसी दौरान रास्ते में पहले से ही मौजूद एक युवक ने उसको देखकर अश्लीलता शुरू कर दी।महिला ने जब इसका विरोध किया तो युवक गाली गलौज कर उसको जमीन पर गिरा लिया।शोर–शराबा करने पर महिला को जमकर मारा पीटा।पीछे से युवक का एक अन्य साथी पहुंच गया। दोनों ने मारा पीटा।जिससे उसके चोटें आई।आरोप है कि कुछ देर बाद गांव का एक युवक घर के अंदर उसको खींचकर ले जाने लगा।वचाने दौडे पुत्र पर जान से मारने की नियत से गर्दन पर लात रखाकर हत्या का प्रयास किया।घटनाक्रम को लेकर खलबली मच गई।बड़ी संख्या में लोग मौके पर पहुंच गए।उन्होंने झगड़ा शांत कराया। कोतवाली पुलिस मामले की तहरीर दी गई है।

## अमरैयाकला लाल बाबा महाराज की 38वीं बरसी पर अखण्डपाठ के बाद भण्डारा

पुरनपूर। अमरैयाकला लाल बाबा महाराज की 38वीं बरसी पर अखण्डपाठ के बाद भण्डारा कराया गया। भण्डारा में रुद्रपुर, नैमिषसारण्य, गोपालदास गुड़गांव हरियाणा, रविन्द्र कुमार नन्द, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ जिला कार्यवाह कृष्ण पाल,



बीसलपुर, पीलीभीत, शाहजहांपुर से साधु संत व श्रृद्धालुओं ने पहुंचकर भण्डारे का प्रसाद ग्रहण किया। भण्डारा में बाबा मुरारीदास, महंत राजेश्वर दास साहब बीसलपुर खण्ड कार्यवाह, हर्ष गुप्ता, सुप्रोदी जोशी उर्फ गोल्डी, हर्ष प्रधान, कढेचौरा के लक्ष्मीकान्त भारद्वाज, दयाराम राजपूत, सियाराम भगत जी आदि मौजूद रहे।

## उ0प्र0 राज्य महिला आयोग की मा0 सदस्या द्वारा बीसलपुर वृद्धा आश्रम व न्यूरिया सामुदयिक स्वास्थ्य केन्द्र का किया गया औचक निरीक्षण

पीलीभीत। दिनाँक 05.08.2022 को उ0 प्र0 राज्य महिला आयोग की सदस्या श्रीमती अंजू प्रजापति द्वारा बीसलपुर में वृद्धा आश्रम का औचक निरीक्षण किया गया आश्रम में 17 महिलाएं एव 22 पुरूष थे इनके द्वारा समय पर दवाइयां उपलब्ध न कराने की शिकायत की गई इस समस्या के निस्तारण हेतु राज्य महिला आयोग की सदस्या श्रीमति अंजू प्रजापति द्वारा स्टाफ को ससमय दवाइयां उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गये साथ ही दिनाँक–06.08.2022 न्यूरिया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण किया गया निरीक्षण के दौरान स्टाफ से समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक उपस्थित मिले अन्य स्टाफ अनुपस्थित रहा एवं यहाँ की साफ– सफाई की व्यवस्था सन्तोषजनक नही पाई गई साथ ही उ0 प्र0 राज्य महिला आयोग की सदस्य द्वारा पी0 डब्ल्यू0 डी0 गेस्ट हाउस में महिला जन सुनवाई की गई जनसुनवाई के दौरान कुल 09 महिलाओं ने अपनी समस्या राज्य महिला आयोग की सदस्या के समक्ष रखीं श्रीमति त्रिलोकी देवी की समस्या थी कि उनका राशन का कोटा बन्द कर दिया गया है, कमला देवी की समस्या भूमि से सम्बंधित रही, श्रीमती अनोखी देवी की समस्या छेड़–छाड़ से सम्बंधित रहीं उपरोक्त समस्याओं के निस्तारण हेतु संबंधित विभाग को निर्देशित किया गया।

विकासखंड मरौरी के कल्याणपुर नौगवां में उ0प्र0 राज्य महिला आयोग की सदस्य द्वारा गर्भवती महिलाओं को पोषण किट देकर गोद भराई कार्यक्रम किया साथ ही जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया कार्यक्रम में ग्रामीण स्तर के लोगों को सरकार द्वारा चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई जिससे ग्रामीण सरकारी योजनाओं के प्रति बेहतर समझ बना सकें और कल्याणकारी योजनाओं का लाभ ले सकें। कार्यक्रम में जिला प्रोबेशन अधिकारी प्रगति गुप्ता द्वारा महिलाओं को मिशन शक्ति अभियान के अंतगर्त आत्मनिर्भर बनने हेतु जागरूक किया गया एवं विभाग द्वारा चलाई योजनाओं कन्या सुमंगला योजना , मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना विधवा पेंशन योजना के बारे में जानकारी दी साथ सभी विभाग



से आये अधिकारियों ने अपने विभाग से सम्बंधित योजनाओं के बारे में जानकारी दी एवं लाभार्थियों का चयन किया गया। महिला थाना एस0एच0 ओ0 द्वारा पुलिस विभाग द्वारा हेल्पलाइन नम्बरों की जानकारी दी गई एवं महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने की प्रेरणा दी गई। डॉ एस0 सिंह ने स्वास्थ्य विभाग से सम्बंधित योजनाओं के बारे में जानकारी दी।

कार्यक्रम के दौरान महिला कल्याण विभाग से महिला कल्याण अधिकारी सुवर्णा पांडे, संरक्षण अधिकारी रमनदीप कौर, शिक्षा विभाग, बाल विकास विभाग से सी0डी0पी0ओ0, ए0डी0ओ0 पंचायत ग्राम सचिव आरेर्न्द गंगवार वन स्टॉप सेंटर एवं पुलिस विकास विभाग से सभी अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## गुरू गोविन्द सिंह राष्ट्रीय एकता पुरस्कार हेतु आवेदन पत्र आर्मत्रित

पीलीभीत। प्रमुख सचिव, उत्तर प्रदेश शासन, राष्ट्रीय एकीकरण अनुभाग के द्वारा वर्ष 2022–23 के लिये ''गुरू गोविन्द सिंह राष्ट्रीय पुरस्कार'' दिये जाने से सम्बन्धित योजना के क्रियान्वयन हेतु निर्देश दिये गये है।

उक्त प्राप्त निर्देशों के जनपद के ऐसे पात्र व्यक्ति जिनके द्वारा मानवाधिकारों की रक्षा, सामाजिक न्याय एवं राष्ट्रीय एकीकरण के क्षेत्र में सर्वोत्कृष्ट कार्य किये गये हों तथा पूर्णतः समर्पित रहे हों, को सार्वजनिक रूप से सम्मानित करने के उद्देश्य से प्रदेश सरकार गुरू गोविन्दसिंह जी के जन्म दिवस (05 जनवरी) पर ''गुरू गोविन्द सिंह राष्ट्रीय एकता पुरस्कार'' प्रदान किये जाने एवं रूपये एक लाख का नगद पुरस्कार तथा प्रशस्ति पत्र दिये जाने की व्यवस्था की गयी है।

जिसके क्रम में जनपद से इस पुरस्कार के मापदण्डों को पूरा करने वाले पात्र महानुभावों के प्रस्ताव उनके द्वारा किये गये महत्वपूर्ण कार्यों का तथ्यात्मक विवरण एवं अभिलेखीय साक्ष्यों के साथ प्रारूप स्पष्ट आख्या सहित शासन को निर्धारित समयावधि में उपलब्ध कराने के निर्देश दिये गये है। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा समस्त खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि गुरू गोविन्द सिंह राष्ट्रीय एकता पुरस्कार का व्यापक प्रचार प्रसार करते हुये प्रस्तावक का नाम व पूर्ण विवरण भरकर दिनांक 25.09.2022 तक चार प्रतियों में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

## आगामी त्यौहारों व श्रावण मास के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जनपदीय पुलिस द्वारा की गई फुट पेट्रोलिंग

पीलीभीत।पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार पी. के निर्देशन में कानून व्यवस्था को प्रभावी एवं सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ बनाए रखने हेतु अपर समस्त क्षेत्राधिकारी/थाना प्रभारी द्वारा पुलिस बल के साथ अपने–अपने थाना क्षेत्रान्तर्गत पैदल गश्त करते हुए चौराहों, मार्केट तथा सार्वजनिक जगहों पर सघन चेकिंग अभियान चलाया गया तथा संदिग्ध व्यक्तियों/वाहनों/वस्तुओं की गहनता से चेकिंग करते हुए आम जनता में सुरक्षा एवं विश्वास का वातावरण बनाया गया।



## पुलिस अधीक्षक ने आगामी त्यौहारों व श्रावण मास के दृष्टिगत पीलीभीत शहर क्षेत्र में पैदल गश्त कर शांति व्यवस्था का जायजा लिया

पीलीभीत। पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार पी0 द्वारा आगामी त्योहारों व श्रावण मास के दृष्टिगत पुलिस फोर्स के साथ पीलीभीत शहर क्षेत्र में पैदल गश्त कर कानून व्यवस्था का जायजा लिया गया व नागरिकों से संवाद स्थापित कर आगामी त्यौहारों को सौहार्दपूर्ण तरीके से मनाने व शासन द्वारा निर्गत आदेशों व निर्देशों के मानकों का अनुपालन करने तथा कानून–व्यवस्था बनाये रखने हेतु पुलिस–प्रशासन की मदद करने की अपील की गयी। द्वारा नागरिकों से अफवाह एवं भ्रामक खबरों पर ध्यान न देने व अफवाह फैलाने वालों की सूचना तत्काल स्थानीय पुलिस को देने की अपील की गयी साथ ही चेतावनी भी दी गई कि अगर कोई भी व्यक्ति नियमों तथा कानून का उल्लंघन करते हुए पाया गया तो उसके विरुद्ध सख्त कार्यवाही की जाएगी। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक कोतवाली



भी मौजूद रहे।

## मतगणना के दौरान पुलिस की मनमानी हुई उजागर, हावी अवस्थाओं को छिपाने के लिए मीडिया कर्मियों को मतगणना स्थल से रखा दूर

पूरनपुर। खंड विकास अधिकारी कार्यालय परिसर स्थित सभागार में ग्राम प्रधान व क्षेत्र पंचायत सदस्य उपचुनाव की मतगणना एक घंटा विलंब से शुरू हो सकी। मतगणना स्थल पर ड्यूटी पर तैनात पुलिस कर्मियों द्वारा अपने कर्तव्य का पालन ना कर उड़ाई जा रही मौज के चलते हावी हुई अव्यवस्थाओं को छिपाने के लिए मतगणना स्थल से मीडिया कर्मियों को दूर रखा गया। यही नहीं मतगणना के दौरान मतपेटियों से निकले मतों बाबत जानकारी लेने गए मीडिया कर्मियों को पुलिस कर्मियों ने सभागार से बाहर निकाल दिया। मीडिया कर्मी मतगणना के दौरान बरती जाने वाली लापरवाही का कवरेज ना कर सकें इसके दृष्टिगत मीडिया कर्मियों को सभागार के बाहर भी ड्यूटी पर तैनात पुलिस कर्मियों ने रुकने नही दिया। साथ ही चौकाने वाली बात यह रही कि एआरओ के द्वारा मीडिया कर्मियों के बैठने की कोई व्यवस्था नहीं की गई। जबकि चुनाव के बाद मतगणना के दौरान मीडिया कर्मियों के लिए मीडिया सेंटर बनाया जाता है। मौके पर कुछ लोग चर्चा करते देखे गए कि मीडिया कर्मियों को मतगणना से दूर रखने का कारण किसी विशेष व्यक्ति को लाभ पहुंचाना तो नही है। फिलहाल ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों द्वारा मीडिया कर्मियों के प्रति बढ़ते गए व्यवहार ने निष्पक्ष मतगणना को संदेह के कठघरे में लाकर खड़ा कर दिया है।

## मानदेय को लेकर गरजीं आशाएं,सौंपा ज्ञापन, चार माह से मानदेय न मिलने से हो रही परेशानियां

पूरनपुर।चार माह से मानदेय न मिलने से आशाओं व संगिनीओं को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।जो मानदेय बढ़ाया गया था उसका भी भुगतान अभी नहीं हो सका है।इसको लेकर आशाओं को उनके भरण–पोषण के लिए परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।समस्या से परेशान आशाओं ने मानदेय को लेकर प्रदर्शन कर एमओआईसी को ज्ञापन सौंपा।

पूरनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र क्षेत्र के तहत आशाओ व संगिनिओं ने बताया कि चार माह से अभी तक उनका भुगतान नहीं किया गया है।इससे पहले जो मानदेय बढ़ाया गया था।वह जनवरी 2022 से लेकर अभी तक उसका भुगतान नहीं मिल सका है।ड्रेस का रुपया भी अभी तक नही मिल सका है।मानदेय न मिलने से आशाओं को आर्थिक संकट से जूझना पड़ रहा है।उनका कहना है कि आगामी रक्षाबंधन का त्यौहार आ रहा है। लेकिन अभी तक उनका मानदेय नहीं मिला।ऐसे में उन्हें रक्षाबंधन पर्व पर होने वाले खर्च को लेकर परेशान दिखाई दे रही हैं।उन्होंने बताया कि भुगतान को लेकर कई बार प्रभारी चिकित्सा अधिकारी से लेकर एमओआईसी तक अवगत कराया जा चुका है। उसके बावजूद कोई भी उनकी पीड़ा को नहीं समझी जा रही है। इससे पहले भुगतान को लेकर सांसद को भी पत्र भेजा था।कई माह बीत जाने के बाद भी अभी तक संज्ञान नहीं लिया है।शनिवार को भुगतान न मिलने से खफा आशाओं ने नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर एकत्र होकर विभागीय अधिकारियों खिलाफ जोरदार प्रदर्शन करते हुए नारेबाजी कर ज्ञापन एसडीएम को सौंपा।जिसमे शीघ्र ही मानदेय दिलाए जाने की मांग की है।इस



दौरान मोहिनी वर्मा,मंजू देवी,शकुंतला देवी,रेनू शुक्ला, मनीषा देवी, नीतू, संगीता, सावित्री,द्रोपदी,सुमन यादव,पूजा माला देवी,लक्ष्मी देवी सहित बड़ी संख्या में आशाएं मौजूद रही।

## मोहर्रम में जलूस निकालकर कर्बला पर मेल मिलाव किया गया

दैनिक अयोध्या टाइम्स मनोज कुमार यादव संवाददाता

भटनी देवरिया मोहर्रम के अवसर पर नगर के ठाकुर जी की कुटी में स्थित मदरसा मकतब जामिया इस्लामिया कादरिया उलूम ताजिए का जुलूस निकाला गया। नगर के विभिन्न मार्गो से होते हुए ठाकुर जी की कुटी में जुलूस निकालकर मिलाव किया गया जिसमे बड़ी मस्जिद के तजियादार समशुद्दीन अंसारी के रेख देख में होता है भारी संख्या में मंटी चार अलग अलग से मिलान किया जाता है जिसमे ढंका तास बजाते हुए रोड़ से निकल कर बड़ी मस्जिद तक पहुचकर जश्न धूमधाम से मनाया गया इसी इसी दौरान रोशन जमीर उर्फ कल्लू अख्तर अली सलीम अंसारी रियासत अनवर समशुद्दीन अंसारी, आफताब, निजामुद्दीन, भोलू उर्फ रियाजुद्दीन, असरफ अली,



मेहताब आलम, इमरान,आदि लोग मौजूद रहे

## तिरंगे के साथ जीयनपुर में सातवीं मोहर्रम का निकाला जुलूस, जीयनपुर पुलिस प्रशासन रहा अलर्ट

अयोध्या टाइम्स संवाददाता सगड़ी

सगड़ी– आजमगढ़– जीयनपुर में सातवीं मोहर्रम का जुलूस अपनी पुरानी रवायात के अनुरूप उठाया गया. कोरोना काल में 2 वर्षों तक लगी रही पाबंदियों के बाद इस वर्ष मोहर्रम कमेटी के अध्यक्ष नेहाल मेंहदी की देखरेख में तिरंगे के साथ जुलूस निकाला गया. जुलूस निकालने से पूर्व मजलिस को खेताब करते हुए मौलाना ने कर्बला की जंग के बारे में बताया. कर्बला में शहीद इमाम हुसैन और उनके साथियों को याद कर मजलिस में बैठे लोग रोने लगे बता दे कि सगड़ी तहसील क्षेत्र के जीयनपुर कस्बे में 7 मोहर्रम का जुलूस अपनी



पुरानी रवायत के अनुरूप उठाया गया। कोरोना काल मे 2 वर्षों तक लगी रही पाबन्दियों के बाद इस वर्ष सातवीं मोहर्रम का जुलूस मोहर्रम कमेटी के अध्यक्ष नेहाल मेंहदी के देख रेख में निकाला गया। सबसे पहले कुरैश नगर से नौहा पढ़कर कर्बला मैदान से राष्ट्रीय ध्वज के साथ जुलूस लेकर चुनूगपार मोंड और समतानगर होते हुए जीयनपुर चौक पर पहुंच कर। नौहा पढ़ कर या हुसैन या हुसैन कर मातम किया गया। उसके बाद जुलुस अलम और ढोल ताशों के साथ आजाद नगर होते हुए कर्बला के मैदान में जाकर जुलूस समाप्त हुआ। इस दौरान सीओ सगड़ी अनिल कुमार वर्मा व जीयनपुर कोतवाल यादवेंद्र पांडेय के नेतृत्व में पुलिस प्रशासन सतर्क रहा। सातवीं के जुलूस के दौरान नेहाल मेंहदी ने एक तरफ से रास्ते को खुलवा कर आवागमन को चालू रखा। यात्रियों को किसी भी प्रकार कोई समस्या नही हुई। इस अवसर पर नेहाल मेंहदी, जीशान मेंहदी, आदिल अब्बास, जफर इमाम, शहजान मेंहदी, नसीम अब्बास, अजहर अली, कैसर अली,जैद अली, आसिफ खान, तसुव्वर अली, अयाज अब्बास, सज्जाद, आमिर, रजा, आफताब मास्टर, इरशाद खान, आदि लोग रहे।

# संक्षिप्त समाचार

### टाप क्लास शिक्षा प्रदान किये जाने हेतु प्रधानमंत्री यशस्वी प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया जायेगा

पीलीभीत। पिछडा वर्ग कल्याण, उत्तर प्रदेश के द्वारा प्रधानमंत्री यंग अचीवर्स छात्रवृत्ति अवार्ड योजनान्तर्गत ओ0बी0सी0 एवं अन्य छात्रों को टाप क्लास शिक्षा प्रदान किये जाने हेतु प्रधानमंत्री यशस्वी प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया जायेगा। चयन मेरिट के आधार पर होगा। चयनित छात्रों को कक्षा 9–10 में अध्ययन हेतु रू0 75,000.00 तथा 11–12 में अध्ययन हेतु 1,25000.00 प्रति वर्ष छात्रवृत्ति प्रदान की जायेगी। उक्त योजना में आवेदन हेतु वेबसाइट ीजजचरूध्ध्लमज.दजं.ब.पद निर्धारित है। ऑनलाईन आवेदन 26.08.2022 तक किया जा सकता है। आवेदन में सुधार हेतु दिनांक 27.08.2022 से 31.08.2022 तक किया जा सकता है। प्रवेश पत्र दिनांक 05.09.2022 परीक्षा तिथि 11.09.2022 है। आवेदन हेतु माता पिताध्अभिभावक की वार्षिक आय 2,50,000.00 से अधिक नही होनी चाहिए। आवेदन करने के लिए छात्र के पास एक्टिव मोवाईल नम्बर, आधार नम्बर, आधार लिंक खाता, आय प्रमाण एवं जाति प्रमाण होना चाहिए। अधिक जानकारी के लिए जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी कार्यालय से सम्पर्क करें।

### अभ्युदय योजना के अन्तर्गत जिलाधिकारी ने छात्रध्छात्राओं को ऐथिक्स, सामान्य अध्ययन के सम्बन्ध में जिलाधिकारी द्वारा दी गई जानकारी

पीलीभीत। मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के अन्तर्गत जनपद में यूपीएससी/यूपीपीएससी/जेईई/एनईईटी/यूपीएसएसएससी/एसएससी जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे अभ्यर्थियों हेतु निःशुल्क कक्षाओं का संचालन ड्रमण्ड राजकीय इण्टर कॉलेज में शिक्षकों/अधिकारियों का गठित पैनल के द्वारा नियमित कक्षाएें संचालित की जा रही है। इसी क्रम में आज शनिवार को जिलाधिकारी श्री पुलकित खरे द्वारा प्रातः 8:30 बजे से 10:00 के मध्य सिविल सेवा परीक्षा हेतु ऐथिक्स, सामान्य अध्ययन विषय के सम्बन्ध में अभ्यर्थियों को पढ़ाया गया। इस दौरान उन्होंने अभ्यर्थियों को प्रोत्साहित करते हुये कहा कि परीक्षा की अच्छी तैयारी हेतु प्रत्येक माह लक्ष्य बना का तैयारी करें और प्रत्येक विषय का समय निर्धारित करते हुए टाइम टेबल से पढ़ाई करें। उत्तर लेखन में समय सीमा का ध्यान रखते हुये वितग वर्षों में पूछे गये प्रश्नों पर लिखने का प्रयास करें। इस दौरान बच्चों द्वारा भी विभिन्न विषयों पर अपनी जिज्ञासा एवं प्रश्नों के सम्बन्ध में जिलाधिकारी से चर्चा की गई।

### हर्बल खेती हेतु अनुदान निवेश के रूप में दिया जायेगा

पीलीभीत। जनपद के अनुसूचित जाति एवं जनजाति कृषको को सूचित किया जाता है कि उद्यान विभाग में 0.2 हैक्टेयर अनुदान पर शाकभाजी की खेती हेतु औद्यानिक विकास योजनान्तर्गत लतावर्गीय फसलें, मसाला मिर्च, टमाटर, संकर शिमला मिर्च, गेदा आदि की खेती करने के लिये पंजीकरण किये जा रहे है। अनुदान निवेश के रूप में दिया जायेगा। इसके अतिरिक्त हर्बल गार्डेन योजनान्तर्गत औषधीय खेती (सतावर/सर्पगन्धा) 0.2 हेक्टेयर करने पर अनुदान की व्यवस्था है। जो कृषक अनुदान पर उपरोक्त फसलों की खेती करने के इच्छुक है, अपना पंजीकरण http://dbt.uphorticulture.in पर अपने जनसुविधा केन्द्र पर करा सकते है या उद्यान विभाग में किसी भी कार्य दिवस में करा सकते हैं। पंजीकरण हेतु आधार कार्ड, बैंक पासबुक, भूमि की खतौनी, पासपोर्ट साइज फोटो तथा मोबाइल नम्बर लाना अनिवार्य है।

### दबंगो ने जेसीबी से तोड दिया गरीब का बना आवास विरोध पर जान से मारने की दी धमकी,वीडीओ वायरल

पूरनपुर।दबंगों ने ग्रामीण का मकान जेसीबी से तोड़ दिया।विरोध करने पर मारपीट की।पुलिस में शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दी।पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

कोतवाली क्षेत्र की पुलिस चौकी बलरामपुर क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत पिपरिया मझरा के मौजा गांव जगतपुर निवासी सूरज सिंह ने वताया कि वह चार जुलाई को बाहर गया हुआ था।उसकी पत्नी घर पर थी।आरोप है कि गांव के ही कुछ लोगों ने जेसीबी मंगवा कर उसका मकान गिरवा दिया।विरोध करने पर ग्रामीण को मारा पीटा और पुलिस में सूचना देने पर जान से मारने की धमकी दी।हालांकि पीड़ित ने इस मामले की सूचना बलरामपुर पुलिस को दी।लेकिन पुलिस ने कार्यवाही न करते हुए मामले में समझौता कराने के प्रयास शुरू कर दिए।पीड़ित ने बताया कि उसके मकान के मलबे में दबकर हजारों रुपए का घरेलू सामान भी नष्ट हो गया है।आवास गिराने के दौरान पीड़ित की पत्नी ने काफी रोकने का प्रयास किया।लेकिन दबंग नहीं माने,शोर–शराबा करने पर सभी मकान छोड़कर मौके से फरार हो गए। घटना की सूचना पुलिस को दी गई है।मामले का वीडियो किसी ने सोशल मीडिया पर बनाकर वायरल कर दिया। जो तेजी के साथ वायरल हो रहा है।

### शटर और दीवार तोड़ने पर दुकान स्वामी पर रिपोर्ट दर्ज मकान मालिक पर लगाया नगदी चोरी करने का आरोप

पूरनपुर।किराएदार द्वारा दुकान बंद कर जाते ही मकान मालिक ने शटर और दीवार तोड़कर लाखों रुपए का कपड़ा और नकदी चोरी कर ली थी।इस मामले में व्यापारियों ने सीओ से शिकायत कर कार्यवाही की मांग की थी।पुलिस ने दुकान मालिक के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरु कर दी है।

नगर के मोहल्ला वमनपुरी निवासी महेश चंद्र गुप्ता ने बताया कि मोहल्ले के रहने वाले सिद्धार्थ की दुकान में वर्ष 1974 से कपड़े की दुकान संचालित कर रहा है। इसका मुकदमा भी न्यायालय में विचाराधीन है।दो अगस्त को बंद दुकान से रात के दौरान मकान मालिक ने दुकान का शटर और दीवार तोड़कर उसमें रखा 18 लाख का कपड़ा और 5 लाख की नकदी चोरी कर ली।अगले दिन व्यापारी ने घटना का विरोध किया तो उसको जान से मारने की धमकी दी।शिकायत के बावजूद पुलिस ने कार्रवाई नहीं की।शुक्रवार को व्यापारी सुरक्षा फोरम के व्यापारियों ने सीओ वीरेंद्र विक्रम से शिकायत की थी। इसके बाद हरकत में आई कोतवाली पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है।कोतवाल अशोक पाल ने बताया मामले की रिपोर्ट दर्ज कर ली है।शीघ्र ही आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।

### नौकरी दिलाने का झांसा देकर युवक से हजारों की ठगी पीडित ने कोतवाली पहुंच कर मामले की दी तहरीर

पूरनपुर।पोस्टमैन की नौकरी दिलाने का झांसा देकर युवक से हजारों रुपए ठग लिए।कई माह बीत जाने के बाद भी नौकरी नहीं मिली।पंचायत के दौरान कुछ रुपए उसको वापस कर दिए।शेष रुपया अभी तक नहीं दिए गऐ।इसको लेकर पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

माधौटांडा थाना क्षेत्र के कस्बा कली नगर निवासी धर्मेंद्र ने बताया कि वर्ष 2015 में पूरनपुर कोतवाली क्षेत्र के गांव जितौरिया टांडा निवासी सुनील से उसकी मुलाकात हुई।पोस्टमैन की नौकरी दिलाने के लिए युवक ने पीडित से बात कही।इस पर युवक उसके झांसे में आ गया। नौकरी दिलाने के लिए उसने एक लाख अस्सी हजार दे दिए।काफी समय बीत जाने के बाद भी जब युवक ने नौकरी दिलाने की जानकारी की तो वह टालमटोल करने लगा।उसके बाद मामले को लेकर पंचायत भी की गई। पंचायत में चालीस हजार रुपए पीड़ित को दे दिए थे।शेष रुपया अभी तक नहीं दिया गया है।रुपए भी चले गए और नौकरी नहीं मिली।इस पर युवक ने अपने आपको ठगा महसूस समझा।धोखाधड़ी करते हुए पीड़ित से हजारों रुपए की ठगी कर ली।मामले की कोतवाली पुलिस को तहरीर दी गई है।कोतवाल अशोक पाल ने वताया मामले की तहरीर मिली है।इस पर जांच की जा रही है।जांच में मामला सही पाए जाने पर कार्रवाई की जायेगी।




दैनिक अयोध्या टाइम्स
RNI NO.: UPHIN/2015/67284



## वेदांता फाउडेशन द्वारा संचालित नंद घर परियोजना

ब्यूरो चीफ एस० बी० यादव अयोध्या टाईम्स अमेठी ,जिले में वेदान्ता फाउन्डेसन परियोजना के तहत इंडियन सोशल रिस्पांसिबिलिटी नेटवर्क के तत्वावधान में अमेठी जिले के नंद घर कटरा फूल कुंवर, हरदोईया, दुलपुरखुर्द, नेवादा किसुन गढ़, भैरमपुर, पूरे बना, पाली, नारा 3, भनौली, सिधियावां, पर विश्व स्तनपान सप्ताह मनाया गया। जिसमें मुख्य सेविका और क्लस्टर को ऑर्डिनेटर पंकज त्रिपाठी, अमरनाथ प्रजापति, अंकित शुक्ल और पंकज कुमार की उपस्थिति में उक्त केंद्रों पर नवजात बच्चे के एक घंटे के भीतर स्तनपान कराने के लिए लोगों को जागरूक किया गया, जिसमें मुख्य सेविका द्वारा सांस्थानिक प्रसव के लिए जागरूक किया गया। साथ ही बच्चे के 6 माह के होने पर ऊपरी आहार की शुरुआत करने के लिए जागरूक किया गया। इस कार्यक्रम में गांव की गर्भवती और धात्री महिलाओं ने



सहभाग किया।

## सीटेट बैनर तले मनाया गया जल अमृत महोत्सव कार्यक्रम

ब्यूरो चीफ एस० बी० यादव आयोध्या टाईम्स अमेठी जिले के विकाश खण्ड जगदीशपुर के ग्राम सभा ढुडेहरी में आज दिनांक 6 अगस्त 2022 को ग्राम पंचायत दुडेहरी मे .ग्राम प्रधान राजकुमार की अध्यक्षता में भारत सरकार एवं . उत्तर प्रदेश .राज्य सरकार द्वारा प्रायोजित जल जीवन मिशन के तहत हर घर में जल योजना के अंतर्गत अमृत जल महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें धीरज त्रिपाठी समन्वयक सेंटर आफ टेक्नोलॉजी एंड इण्टर . प्रिन्योरशिप डेवलपमेंट .ने समुदाय को शुद्ध पेयजल पीने के लिए प्रोत्साहन किए एवं सामान्य जल से होने वाले रोगों के बारे में जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम में आई हुई श्रीमती फूलमती आगनवाड़ी कार्यकत्री ने अपनी लाभार्थियों के साथ भाग लिए ।.उन्होंने एफ टी के के बारे में जानकारी प्रदान करते हुए कहीं की अपनों को स्वस्थ रखने के लिए शुद्ध पेयजल का प्रयोग करना अति आवश्यक होगा। हम लोग बड़े ही सौभाग्यशाली हैं कि सरकार द्वारा संचालित हर घर पर पेय शुद्ध जल योजना के लाभार्थी हैं । टीम लीडर उदय नाथ मिश्र ने जिले स्तर से संचालित शुद्ध पेयजल योजनाओं के बारे में जानकारी प्रदान की। इस कार्यक्रम में गांव के छेदीलाल, सुशीला, अरविंद, सीमा, सौरव, केश कुमारी, विजय कुमार ,राम लखन, संतु, आदि लोग कार्यक्रम में मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में ग्राम प्रधान



ने धन्यबाद ज्ञापन प्रदान किया और कहा कि हमारे प्रधानी –में सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का विकास हेतु मौका मिला है।

## पन्द्रह किलो अवैध गांजा के साथ तीन अभियुक्त गिरफ्तार

अयोध्या टाईम्स ब्यूरो चीफ एस० बी०यादव "नशा मुक्त अमेठी अभियान" के अन्तर्गत 15 किलोग्राम अवैध गांजा (अन्तर्राष्ट्रीय कीमत लगभग रुपए 06 लाख) व गांजा बिक्री के 1,23,160 रुपए नगद के साथ 03 अभियुक्त गिरफ्तार । जनपद अमेठी में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम



में व "नशा मुक्त अमेठी अभियान" के तहत दिनांक 06.08.2022 को उ0नि0 उमेश कुमार मिश्र थानाध्यक्ष रामगंज मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र, चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान 03 अभियुक्त 1.राम सुबेश कोरी उम्र करीब 38 वर्ष पुत्र राम दुलार कोरी नि0ग्राम कोठली नहरपुर थाना रामगंज जनपद अमेठी, 2.शिवशंकर सिंह उम्र करीब 21 वर्ष पुत्र स्व0 राजेन्द्र प्रसाद सिंह निवासी बोखारेपुर थाना कोतवाली देहात जनपद सुल्तानपुर व 3. शामली सिंह पत्नी राजेन्द्र प्रसाद सिंह नि0 बोखारेपुर थाना कोतवाली देहात जनपद सुल्तानपुर उम्र करीब 46 वर्ष को बाबूगंज रोड औझी मोड़ ग्राम रामपुर के पास से समय करीब 06रू15 बजे सुबह गिरफ्तार किया गया ।अभियुक्त राम सुबेश कोरी के कब्जे से गांजा बिक्री के 3000 रुपए नगद, अभियुक्त शिवशंकर सिंह के कब्जे से गांजा बिक्री के 40,060 रुपए नगद व अभियुक्ता शामली सिंह के कब्जे से गांजा बिक्री के 80,100 रुपए नगद व एक बोरी में 15 किलोग्राम गांजा बरामद हुआ । पूछताछ में गिरफ्तार अभियुक्तों ने बताया कि हम लोग गांजा उड़ीसा प्रदेश से मंगा कर क्षेत्र में फुटकर बेचने वाले लोगों को बेच देते हैं । हम लोगों के कब्जे से बरामद रुपए गांजा बिक्री के हैं । थाना रामगंज द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है ।

## सम्पूर्ण समाधान दिवस में समयानुसार शिकायतों का निस्तारण करें -जिलाधिकारी

अनुराग ठाकुर दैनिक अयोध्या टाइम्स (औरैया )–जिलाधिकारी प्रकाश चन्द्र श्रीवास्तव एवं पुलिस अधीक्षक चारू निगम की अध्यक्षता में आयोजित तहसील अजीतमल के सभागार में सम्पूर्ण समाधान दिवस पर ग्रामीण क्षेत्र से आए शिकायतकर्ताओं की समस्याओंध शिकायतों को सुनते हुए संबंधितों को निर्देशित किया कि शिकायतों का निस्तारण निष्पक्षता के साथ ससमय किया जाए। जिससे कोई भी फरियादी को शिकायत के लिए बार–बार न भटकना पड़े। उन्होंने कहा कि किसी भी स्तर से प्राप्त शिकायतों की समीक्षा संबंधित अधिकारी समय से करते हुए निस्तारण सुनिश्चित करें। जिससे किसी भी स्तर पर शिकायत लंबित न रहने पाए और आवेदक को बार–बार परेशान न होना पड़े।इस अवसर पर रामगोविन्द निवासी पैगम्बरपुर ने प्रार्थना पत्र देकर अवगत कराया कि ग्राम प्रधान द्वारा हैंडपंप का रिवोर फर्जी दिखाकर धनराशि आहरित कर ली गई है, जांच कराई जाए। जिस पर जिलाधिकारी ने डीपीआरओ को निर्देशित किया कि उक्त प्रकरण की जांच कराकर अग्रिम कार्यवाही करें, सुशीला देवी पत्नी शिव वीर निवासी सराय गांधीनगर अमिलिया ने अवगत कराया कि वह गरीब है और आवास नहीं मिला है।



जिस पर जिलाधिकारी ने उपजिलाधिकारी अजीतमल को निर्देश दिए कि जांच कर आवश्यक कार्रवाई करें, अनूप कुमार पालीवाल पुत्र जयनारायण पालीवाल निवासी बाबरपुर अजीतमल ने अवगत कराया कि पेयजल पूर्ति की समस्या टंकी चालू न होने के कारण बनी रहती है जिस पर जिलाधिकारी ने अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत बाबरपुर को निर्देश दिए कि तैयार टंकी को शीघ्र संचालित किया जाए, बलराम सिंह पुत्र बद्री प्रसाद निवासी अयाना ने आवेदन देकर बताया कि ग्राम निवासी अवधेश सिंह नाजायज परेशान करता है जिस पर जिलाधिकारी ने थानाध्यक्ष अयाना को जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने बीएसए को निर्देश दिए कि स्कूलों की विद्युत लाइन से यदि कहीं कोई पेड़ आदि छू रहा हो और करंट आने की संभावना हो तो तत्काल उसकी टहनी आदि कटवाए, जिससे किसी भी प्रकार की घटना से बचा जा सके।उन्होंने प्राप्त आवेदनों को सभी संबंधित अधिकारियों को प्राप्त कराए जाने के उपरांत निर्देश दिए कि समस्याओं का निस्तारण तेजी के साथ किया जाये। निस्तारण में किसी भी स्तर पर बरती गई लापरवाही के लिए संबंधित को जिम्मेदार मानते हुए कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी।

पुलिस अधीक्षक चारु निगम ने पुलिस विभाग से संबंधित शिकायतों को सुना और निर्देशित किया कि शिकायतों का निस्तारण गुणवत्ता के साथ किया जाए, जिससे पुनः उसके संबंध में शिकायतकर्ता को परेशान न होना पड़े।इस अवसर पर कुल 112 मामले आये, जिसमे से 10 मामलों का मौके पर निस्तारण किया गया तथा शेष 102 मामलों का निस्तारण निर्धारित समय सीमा के अन्तर्गत करने के लिए जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये।

इस अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ अर्चना श्रीवास्तव, उप जिलाधिकारी अखिलेश कुमार, परियोजना निदेशक हरेंद्र सिंह, जिला पूर्ति अधिकारी, प्र. जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, सीओ अजीतमल, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## तिलोई में 138 शिकायतें प्राप्त हुई तथा 05 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया
## पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को गंभीरता से सुनकर करें निस्तारणः डीएम

- तहसील तिलोई में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान मा. राज्यमंत्री ने सुनी जन समस्याएं
- शिकायतों को समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण तरीके से निस्तारण करने के दिए निर्देश

अयोध्या टाईम्स एस०बी० यादव ब्यूरो चीफ अमेठी 06 अगस्त 2022, आज जनपद की चारों तहसीलों में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। तहसील तिलोई में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान मा. राज्यमंत्री संसदीय कार्य चिकित्सा शिक्षा चिकित्सा स्वास्थ्य परिवार कल्याण तथा मातृ एवं शिशु कल्याण विभाग उत्तर प्रदेश श्री मयंकेश्वर शरण सिंह, जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्र एवं पुलिस अधीक्षक इलामारन जी ने जन समस्याएं सुनी तथा मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को प्राप्त शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के निर्देश दिए। संपूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी ने शिकायतकर्ताओं की समस्या सुनकर मौके पर अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि शिकायतें लंबित न रखी जाये, शिकायतों को गम्भीरता से लिया जाये। इस अवसर पर पुलिस से संबंधित प्रकरणों को पुलिस अधीक्षक इलामारन जी ने सुना एवं संबंधित अधिकारियों को निस्तारण के निर्देश दिए। इसके साथ ही जिलाधिकारी ने समस्त अधिकारियों को निर्देश दिए कि संपूर्ण समाधान दिवस में समय से आकर जन समस्याएं सुनें



तथा उनका निस्तारण कराना सुनिश्चित करें इसमें लापरवाही किए जाने पर संबंधित अधिकारी के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की जाएगी। आज संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान सर्वाधिक शिकायतें राजस्व विभाग, पुलिस विभाग तथा विकास विभाग से संबंधित प्राप्त हुई। जिनके निस्तारण हेतु जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने लेखपालों को निर्देश दिए कि गांव में जाकर निरंतर भ्रमण कर अवैध कब्जा सहित छोटे–मोटे विवाद निपटाएं। डीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि ग्रामीणों के शिकायती पत्र प्राप्त होते ही तुरन्त कार्यवाही अमल में लाई जायें ताकि तत्समय मौके पर ही निस्तारण किया जा सके। उन्होंने कहा कि जन सामान्य के कल्याणार्थ संचालित विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ पात्र लोगो को दिया जाना सुनिश्चित किया जाये। शासन द्वारा संचालित योजनाएं पात्र व्यक्ति तक अवश्य पहुंचनी चाहिए। आज तहसील तिलोई में कुल 138 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें 05 शिकायतों का मौके पर निस्तारण कराया गया, तहसील मुसाफिरखाना में 29 शिकायतें प्राप्त हुई जिसमें से 09 का निस्तारण किया गया, तहसील अमेठी में 56 शिकायतें प्राप्त हुई जिसमें 03 का निस्तारण किया गया तथा तहसील गौरीगंज में 45 शिकायतें प्राप्त हुई जिसमें से 05 शिकायतों का निस्तारण किया गया तथा शेष शिकायतों के निस्तारण हेतु पुलिस और राजस्व की संयुक्त टीमें मौके पर भेजी गई। जिलाधिकारी ने कहा कि शासन जन समस्याओं के निस्तारण के प्रति अत्याधिक गम्भीर है और इसमें उदासीनता एवं लापरवाही क्षम्य नही होगी। उन्होंने समस्त अधिकारियों को निर्देश दिए कि अपने–अपने कार्यालय समय से पहुंचे व जन समस्याएं सुनकर उनका निस्तारण करना सुनिश्चित कराएं।

सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान उपजिलाधिकारी तिलोई फाल्गुनी सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. विमलेंदु शेखर, प्रभागीय वनाधिकारी एम0एन0 सिंह, जिला विकास अधिकारी तेजभान सिंह, मा. विधायक तिलोई प्रतिनिधि कृष्ण कुमार सिंह, परियोजना निदेशक डीआरडीए आशुतोष दूबे, तहसीलदार तिलोई पवन शर्मा सहित समस्त जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

## पीस कमेटी की बैठक सम्पन्न

फुरसतगंज अमेठी।
मोहर्रम वा रक्षा बंधन के त्यौहार को लेकर न्याय पंचायत ब्रहमनी में बैठक का आयोजन किया गया ।जिसकी अध्यक्षता फुरसतगंज थाने के प्रभारी निरिक्षक मनोज कुमार सोनकर ने किया ।पीस कमेटी की बैठक में थाने के प्रभारी निरिक्षक मनोज कुमार सोनकर ने कहा कि त्यौहार को सकुशल सम्पन्न कराने को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह से तैयार है ।जो भी समस्या है उसको समय से निपटा दिया जाएगा। मोहर्रम वा रक्षा बंधन के दिन विद्युत की आपूर्ति पूरी रहनी चाहिए ।कोई भी जुलूस निकालने के पहले अनुमति लेनी पड़ेगी वही
एस आई वीरेन्द पाण्डेय ने कहा कि अराजक तत्वों पर पुलिस की पैनी नजर है ।जो यहाँ की गंगा जमुना की तहजीब है,उसको बिगड़ने नही दूंगा। जनता से आपसी सौहार्द से मनाने की अपील की। कहा कि त्योहार आपस में मिलजुल कर मनाना चाहिए। त्योहार में किसी भी तरह कि अफवाह नही फैलनी नही चाहिए।



जिससे कानून व्यवस्था खराब न हो वहीं आगे कहा कि त्यौहार में हुड़दंग और अफवाह फैलाने पर पुलिस की नजर है ।सब लोग आपस में मिल कर सौहार्दपूर्ण तरीके से एक दूसरे से मिलकर त्यौहार मनाये ।इस मौके पर राजेश कुमार फहीम मुन्ना सोनकर रऊफ राकेश कुमार मौर्या संत लाल इकबाल रंजवंत राजू गूजर राम विशुन अलीम सहित क्षेत्र के संभ्रांत लोग मौजूद रहे।

## एडीएम अमेठी अजित कुमार सिंह व वी के पाडेय पुलिस प्रशासन के नेतृत्व में तहसील अमेठी में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन संपन्न

अमेठी से संवाददाता रवि भूषण मिश्रा। अमेठी उत्तर प्रदेश। आज तहसील अमेठी में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन एडीएम वित्त एवं राजस्व अजित कुमार सिंह एवं वी के पांडेय पुलिस प्रशासन एवं प्रीति तिवारी उप जिलाधिकारी व मनोज कुमार तिवारी पुलिस क्षेत्राधिकारी अमेठी एवं बृजमोहन तहसीलदार एवं तहसील स्तर के समस्त अधिकारियों कर्मचारियों की मौजूदगी में संपन्न हुआ जिसमें कुल 56 शिकायतें आई। राजस्व से 10, पुलिस प्रशासन से 25, विकास विभाग संबंधित 15, अन्य विभाग से 6 शिकायतें आई। जिसमें एक मामला एडवोकेट संदीप कुमार शुक्ला ने काफी अरसो से पीड़ित परिवार कालिका प्रसाद पुत्र रामफेर, बाबूलाल सुत सजन,अजीत कुमार सुख बरसाती निवासी गण ग्राम पीपरपुर परगना तहसील



अमेठी जनपद अमेठी नें अपनी गाटा संख्या, 1120 हरिजन आबादी गाटा संख्या 1121 खलिहान है,जो कि राजस्व अभिलेख में दर्ज है कई बार शिकायत करने के बावजूद तहसील प्रशासन अमेठी द्वारा कब्जा मुक्त नहीं करवाया जा सका जबकि राजस्व द्वारा गठित टीम 2 बार भेजी जा चुकी है परंतु आज दिन तक कब्जा नहीं मिल सका पीड़ितो नें न्याय की गुहार शासन–प्रशासन से किया है।

एक मामला कुमुदलता मिश्रा ग्राम प्रधान अरसहनी विकासखंड भेंटुवा जनपद अमेठी ने अपनी ग्राम सभा के ग्राम पंचायत सचिवालय में अराजक, शरारती तत्वों द्वारा 06/08/ 2022 की रात्रि को पंचायत भवन का ताला तोड़कर डबल बैटरी और इन्वर्टर एवं कुछ अन्य आवश्यक उपकरणो की चोरी कर ली गई है एवं सीसीटीवी कैमरे को क्षतिग्रस्त कर दिया गया है ।ग्राम प्रधान ने अराजक तत्वों के खिलाफ एफ आई आर दर्ज कर उचित, कठोरतम व वैधानिक कार्यवाही की मांग की है।
जिससे की छति पूर्ति हो सके एवं अपराधियों पर अंकुश लग सके।

लंबित शिकायतों के संबंध में एडीएम अजित कुमार सिंह एवं पुलिस प्रशासन वी के पांडेय ने संबंधितो को कड़ी फटकार लगाते हुए, अग्रिम कार्रवाई के आदेश निर्देश जारी किए। संबंधित अधिकारियों समेत प्रीति तिवारी उप जिला अधिकारी अमेठी, योगेश वर्मा,संजय सिंह पूर्ति निरीक्षक, अनिल कुमार, पूर्ति निरीक्षक कार्यालय लिपिक, गिरीश तिवारी लिपिक सहायक अमेठी ने अमृत महोत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत सरकार द्वारा जारी घर–घर झंडा तिरंगा कार्यक्रम को सफल बनाने की लोगों से अपील किया है।

## लखनऊ विश्वविद्यालय से संबद्धता प्राप्त कालीचरण पीजी कालेज, लखनऊ में कार्यरत स्ववित्तपोषित शिक्षकों ने आने वाले शिक्षक दिवस पर अपने विनियमितीकरण/ यूजीसी वेतनमान के लिए चलाया पत्राचार अभियान

लखनऊ। अनुदानित महाविद्यालय स्ववित्तपोषित शिक्षक संघ के सह संयोजक डॉ शिवकुमार जी ने बताया कि विगत 15–20 वर्षों से अनुदानित महाविद्यालय के स्ववित्तपोषित पाठ्यक्रमों में न्ळब् द्वारा निर्धारित पूर्ण योग्यता के आधार पर असिस्टेंट प्रोफेसर के खोखले पदनाम के साथ 3–15 हजार वेतन पर कार्यरत प्रदेश के 16 विश्वविद्यालय व संबद्ध 303 अनुदानित महाविद्यालय के स्ववित्तपोषित शिक्षकों ने दिनांक 4–5 व 6 अगस्त को अपनी असहनीय दशा से केंद्र व राज्य सरकार को अवगत कराने के लिए एक पत्राचार अभियान सभी 75 जिलों से आरम्भ किया।



जिसके अंतर्गत सभी अनुदानित शिक्षकों ने महामहिम राष्ट्रपति महोदया, माननीय प्रधानमंत्री जी, माननीय राज्यपाल महोदया जी, माननीय मुख्यमंत्री जी व माननीय उच्च शिक्षा मंत्री श्री योगेंद्र उपाध्याय जी को पत्र प्रेषित कर अपनी वास्तविक स्थिति से अवगत कराते हुए यह बताने का प्रयास किया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अग्रणी व भविष्य के निर्माता कहे जाने वाले शिक्षक अपनी रोटी और अपने वजूद के लिए संघर्ष की स्थिति में आ गए हैं। कई शिक्षक, इस दुर्व्यवस्था के साथ ही काल–कवलित हो गए,कुछ ने आत्महत्या कर ली तथा कई सेवानिवृत्त हो गए और आधे से ज्यादा शिक्षक 45–50 वर्ष के ऊपर हो गए हैं। भौतिक सत्यापन की स्थिति में इनकी सम्भावित संख्या भी 2000 से अधिक नहीं है, फिर भी सरकार की आंखों के सामने यह दुर्व्यवस्था निरंतर जारी है।

इन शिक्षकों ने सिर्फ समस्या को ही नहीं रखा बल्कि अपने अनुभव और शिक्षक के स्वभाव के अनुरूप समस्या के स्थायी समाधान हेतु पूरे मैकेनिज्म को सरकार के सामने रखा है, जिससे उनकी दशा और दुर्दशा को बदला जा सकता है।

अनुदानित महाविद्यालयों के स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत नवीन पाठ्यक्रमों पर तत्काल रोक लगाकर सभी संचालित विषयों को अनुदान पर लेकर शिक्षकों का विनियमितीकरण कर एक समान व्यवस्था लागू की जा सकती है। उ. प्र. के सभी अनुदानित महाविद्यालयों के 2(F) व 12 (B) दर्जा प्राप्त होने के कारण इन महा विद्यालयों की जिम्मेदारी राज्य सरकार की होती है. उपर्युक्त प्रक्रिया के अनुपालन में कोई विधिक अड़चन नहीं है। पूर्व में स्ववित्तपोषित बी.एड. पाठ्यक्रम को अनुदान पर लेकर सरकार ने कुछ शिक्षकों को विनियमित कर उनकी समस्याओं का स्थाई समाधान प्रस्तुत किया है। वित्तीय उपादेयता की उलाहना देने वाले प्रशासकों को न्यूनतम व्ययभार का तरीका भी बताया जा चुका है ।अन्तिम रूप से उत्तर प्रदेश के सभी अनुदानित महाविद्यालय के स्ववित्तपोषित शिक्षकों ने अपने प्रदेश अध्यक्ष डॉ अरुणेश अवस्थी जी के नेतृत्व में सरकार के समक्ष विनियमितीकरण /यूजीसी वेतनमान की मांग को उम्मीद–पत्र के माध्यम से रखने का प्रयास किया।

## सी.आर.पी.एफ 93 बटालियन,प्रयागराज एवं प्रिम रोज शिक्षा संस्थान द्वारा हर घर तिरंगा जागरुकता अभियान

प्रयागराज ब्यूरो बृजेश केसरवानी दैनिक अयोध्या टाइम्स प्रयागराज ।खुलदाबाद। दिनांक 6 अगस्त 2022 दुपहर 3.30 बजे सी.आर.पी.एफ 93 बटालियन, प्रयागराज एवं प्रिम रोज शिक्षा संस्थान,स्टार वेलफेयर सोसाइटी द्वारा हर घर तिरंगा जागरुकता अभियान का आयोजन न्यू स्टार डेयरी खुल्दाबाद चौराहा प्रयागराज में किया गया। खुल्दाबाद चौराहे से होते हुवे रौशनबाग, गुरुद्वारा, सब्जी मंडी में रैली निकाल कर के लोगो को जागरूक किया गया और झंडो का वितरण बड़ी संख्या में किया गया। कुमार सौरव सेकंड इन कमांड, अजय कुमार सहायक कमान्डेंट सीआरपीएफ 93 बटेलियन के नेतृत्व में कार्यक्रम का आयोजन एवं संचालन संस्था के प्रबंधक फरहान आलम, आबिद चौधरी ,सीआर पीएफ के इंस्पेक्टर राजेश कुमार शर्मा के द्वारा किया गया ।वही दूसरी ओर आजादी का अमृत महोत्सव को जोश और उत्साह से मनाए जाने के संदर्भ में आम जन मानस को हर घर तिरंगा फैराने के लिए झंडा देकर जागरूक कुमार सौरव सेकंड इन कमांड द्वारा किया गया ।करीब 550–650 झंडे का वितरण खुल्दाबाद प्रयागराज के आस पास इलाको के तमाम मोहल्लों में घूम घूम पैदल मार्च कर के वितरण किया गया।आम जनमानस में बहुत उत्साह देखने को भी मिला और लोगो ने संकल्प लिया की अबकी बार हर घर तिरंगा ।ये अभियान आगामी 15 अगस्त तक अनवरत जारी रहेगा। कार्यक्रम में मुख रूप से सईद चौधरी, जाकिर, डॉ अतुल कुमार शर्मा,समर यशस्वी यादव, तौहीद अहमद, अनन्या मिश्रा, अनन्या तिवारी,शिवम दुआ, आदि उपस्थित रहे ।वही सीआर पीएफ 93 बटालियन से इंस्पेक्टर विक्रमा सिंह,इंस्पेक्टर रमेश कुमार, इंस्पेक्टर बच्चा लाल पांडेय,सब इंस्पेक्टर घनशेयम, ज्ञानदेवदास, शिव पूजन, विजय कुमार, मो. कमालुद्दीन, भगवती प्रसाद, हवलदार भुनेश्वर,विवेक दिवेदी एवं अन्य कार्मिक।

# संक्षिप्त समाचार

## 11 अगस्त 2022 दिन गुरूवार को अतिरिक्त अवकाश के रूप में घोषित

एस० बी० यादव ब्यूरो चीफ अयोध्या टाईम्स अमेठी। 06 अगस्त 2022, विशेष कार्याधिकारी/जिला जज कृष्ण पाल सिंह ने अवगत कराया है कि मा0 उच्च न्यायालय के कैलेण्डर 2022 के प्रस्तर–3 के अनुसार जनपद न्यायाधीश 05 दिन का स्थानीय अवकाश व प्रस्तर–7 के अनुसार अतिरिक्त अवकाश घोषित कर सकते है। उन्होंने बताया कि उक्त के अनुपालन में 13 जनवरी 2022 को अवकाश सम्बन्धी आदेश पारित किया गया था। इस क्रम में बकरीद (ईद–उल–जुहा) का त्यौहार 10 जुलाई 2022 रविवार को पड़ने के कारण उसके स्थान पर 11 अगस्त 2022 दिन गुरूवार को अतिरिक्त अवकाश के रूप में घोषित किया जा रहा है। उपर्युक्त प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए जनपद न्यायाधीश/विशेष कार्याधिकारी अमेठी गौरीगंज का कार्यालय 11 अगस्त 2022 गुरूवार को अतिरिक्त अवकाश के रूप में बन्द रहेगा।

## बी आर पी ने बिना टीम के ग्राम सभा की कर डाली सोशल आडिट

**टीम के सदस्यों ने सी डी ओ से की कार्यवाही की मांग**

अयोध्या टाईम्स एस० बी० यादव ब्यूरो चीफ अमेठी।
प्रदेश सरकार के दूसरे कार्यकाल में मुख्यमंत्री की देखरेख में जीरो टारलेंस पर कार्य हो रहा हैं। जब कार्यों को जांचने परखने वाले ही उसकी अनदेखी करने लगे तब कार्य की गुणवत्ता राम भरोसे ही होगी। जांच टीम का मुखिया ही बिना टीम के सदस्यों के साथ मनरेगा कार्यों और आवास का भौतिक व स्थलीय सत्यापन आफिस में बैठकर करने लगे तो उस पर उंगली उठाना लाजिमी है। गौरतलब हो कि विकास खंड शाहगढ के सोशल ऑडिट टीम के सदस्यों ने तहसील दिवस में मुख्य विकास अधिकारी डॉ अंकुर लाठर को शिकायती पत्र सौंपा है। जिसमें उन्होंने आरोप लगाया गया है कि ब्लाक में मनरेगा और आवास में नामित बी आर पी कमलेश त्रिपाठी ने जिला सूची के अन्तर्गत लगभग तीन ग्राम पंचायतों के रोजगार सेवक से मिलकर मनरेगा और आवास का बिना स्थलीय भौतिक सत्यापन के ही सोशल आडिट ब्लाक कार्यालय पर कर लिया गया। सिर्फ कागजी कोरम को पूरा करने के लिए बैठक की खाना पूर्ति की गई। सोशल आडिट टीम के सदस्य हरगिंदर सिंह, संगीता सिंह, मोती लाल, राजेन्द्र प्रताप कश्यप, राकेश कुमार पाण्डेय, राम बोध यादव, अजय प्रताप गौतम, श्रीकृष्ण, राम कुमार, बृजेश कुमार, रमेश चंद्र ने मुख्य विकास अधिकारी से बी आर पी के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से मवेशी ने तोडा दम

अयोध्या टाईम्स रिपोर्ट सद्दाम हुसेन फुरसतगंज अमेठी।
फुरसतगंज थाना क्षेत्र के ऊसरहा बाबा चौराहे के एफ डी डी आई के



निकट अज्ञात वाहन के टक्कर से मवेशी की मौके पर ही मौत हो गई। जहां एक तरफ सरकार छुट्टा गौवंश और मवेशियों के ऊपर लाखों रुपए खर्च कर गौशाला का निर्माण करा रही है। वहीं जिले के जिम्मेदार अधिकारियों के ऊपर कोई फर्क ही नहीं पडता है। आखिर कब तक गौवंश मवेशी रोड पर टहलते रहेंगे,और तड़प तड़प कर मरते रहेंगे। यह सोचने का विषय है।

## हर घर तिरंगा प्रधान प्रतिनिधि प्रवीण पटेल

संवाददाता प्रतीक पटेल अंबेडकर नगर। अंबेडकर नगर। अकबरपुर ग्राम पंचायत उकरा में प्रधान प्रतिनिधि जी द्वारा ग्राम



पंचायत उकरा में शासन द्वारा चलाए जा रहे आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर हर घर तिरंगा अभियान के सफल आयोजन हेतु जन जागरूकता फैलाने के लिए ग्राम प्रधान, ग्राम सचिव, रोजगार सेवक ,पंचायत सहायक, आदि लोगों द्वारा एक तिरंगा का रैली निकाली गई।

## तहसील दिवस पर जनसुनवाई आज

प्रयागराज ब्यूरो बृजेश केसरवानी दैनिक अयोध्या टाइम्स
आज दिनांक 06,08,2022 दिन शनिवार को जनपद प्रयागराज के तहसील बारा में जिलाधिकारी प्रयागराज संजय कुमार खत्री व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रयागराज शैलेश कुमार पांडेय द्वारा तहसील दिवस पर जनसुनवाई की गयी।

इस दौरान जनता से प्राप्त किया शिकायती पत्रों का निस्तारण किया गया एवम आवश्यक कार्यवाही हेतु सम्बन्धित थाना प्रभारी राजस्व विभाग की टीम को निर्देशित किया गया ।इस अवसर उपजिलाधिकारी बारा , सीओ बारा,प्रभारी निरीक्षक बारा कमलेश कुमार व थानाध्यक्ष शंकरगढ मनोज कुमार सिंह ,एसएसपी पीआरओ अजय कुमार मिश्र अन्य विभाग के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

## एमआईसी के अध्यक्ष अहसान उल्ला को किया सुपुर्द-ए-खाक

प्रयागराज ब्यूरो बृजेश केसरवानी दैनिक अयोध्या टाइम्स
प्रयागराज। शहर के सौ साल से भी अधिक पुराने हो चुके मजीदिया इस्लामिया इन्टर कालेज कमेटी के अध्यक्ष अहसान उल्ला का गुरूवार रात लगभग 12.30 बजे इंतकाल हो गया। वह 91 वर्ष के थे।
एक दिन पहले बुधवार को चलत–फिरते हुए वह गिर गए थे। सर में चोट आने के कारण उन्हें हॉस्पिटल में एडमिट किया गया था। कल अचानक हॉस्पिटल में ही उनकी तबीयत बिगड़ी और फिर संभल ना पाई और वह दुनिया–ए–फानी से रुखसत हो गए।
इसके पूर्व वे इलाहाबाद यूनिवर्सिटी के एमबी हाउस के भी अध्यक्ष पद पर रह चुके हैं। वह अपने पीछे भरापूरा खानदान छोड़ गए हैं। जिसमें उनके बेटे फरहान उल्ला मजीदिया इस्लामिया इन्टर कालेज कमेटी के बतौर प्रबंधक सेवा दे रहे हैं।
मरहूम के इन्तेकाल खबर मिलते ही उनके चाहने वालों का लोगों का घर पर तांता लगा रहा। लोगों ने घर पहुंचकर उनके करीबियों को ढांढस दिया। असर बाद मरहूम के जनाजे की नमाज उनके आवास पर ही पढ़ाई गई। जनाजे में हजारों लोग शामिल हुए। शुक्रवार को गुलाबबाड़ी स्थित कब्रिस्तान में सुपुर्द–ए–खाक किया गया।

## छूटे हुए लाभार्थियों का राशन कार्ड के आवेदन प्राप्त करने हेतु एक कैंप का आयोजन

भदफर सीतापुर।
उप जिला अधिकारी अनुपम मिश्रा के दिशा निर्देश में तहसील लहरपुर के विकासखंड बेहटा के अंतर्गत संभावित बाढ़ प्रभावित क्षेत्र रतौलीड़ीह में छूटे हुए लाभार्थियों का राशन कार्ड के आवेदन प्राप्त करने हेतु एक कैंप का आयोजन कुछ दिन पूर्व किया गया था जिसमें खाद्य पूर्ति निरीक्षक डॉ आलोक सिंह ने पात्र ग्रामीणों से आवेदन लेकर प्राथमिकता के आधार पर वंचित लाभार्थियों के राशन कार्ड निशुल्क बनवा कर वितरित करवाए तथा कुछ पात्र लाभार्थियों को राशन कार्ड प्राप्त नहीं हो सके थे जिसके लिए समाजसेवी आशुतोष द्विवेदी ने पूरा प्रयास किया जिसके चलते दिनांक 6 अगस्त 2022 दिन शनिवार को 24 परिवारों को पात्र गृहस्थी का राशन



कार्ड प्राप्त हो गए जिसमें तहसील प्रशासन लहरपुर का पूरा योगदान रहा वहीं पर ग्रामीणों को राशन कार्ड प्राप्त होने पर खुशी का ठिकाना नहीं रहा।

## उप जिलाधिकारी अनुपम मिश्रा व तहसीलदार शशी बिंद द्विवेदी की उपस्थिति में संपन्न हुआ संपूर्ण समाधान दिवस

लहरपुर सीतापुर। उप जिलाधिकारी अनुपम मिश्रा व तहसीलदार शशी बिंद द्विवेदी की उपस्थिति में संपन्न हुआ संपूर्ण समाधान दिवस । कुल 64 शिकायतें आई जिसमें 6 का मौके पर निस्तारण किया गया । शेष शिकायतों का त्वरित निस्तारण हेतु अधीनस्थ अधिकारियों को निर्देशित किया गया।



इसी दौरान अचानक पहचे सुबे की सरकार के कारागार राज्य मंत्री सुरेश राही पहुंचे तो अधिकारियों के पांव के नीचे से जमी तो जरूर किसक गई ।
अधिकारियों की उपस्थिति को देखकर तिलमिला उठे और गहनता से जांच पड़ताल कर एसडीएम से जानकारी जुटाने लगे तो पता चला कि ना तो शिक्षा विभाग से कोई अधिकारी उपस्थित थे ना ही पुलिस विभाग के एसएसओ उपस्थित थे नाही ब्लॉक के वीडियो उपस्थित थे जिस पर वहां मौजूद आला अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाते हुए शिथिलता बरतने वाले अधिकारियों के खिलाफ आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए ।गौरतलब है कि तहसील दिवस के दौरान मंत्री जी ने अधिकारियों के उपस्थिति रजिस्टर का भी निरीक्षण किया जिसमें ज्यादातर अधिकारी अनुपस्थित पाए गए अनुपस्थित पाए गए अधिकारियों को लेकर जिलाधिकारी अनुज कुमार सिंह को भी निर्देशित करते हुए कहा कि अनुपस्थित अधिकारियों कर्मचारियों के विरुद्ध आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करें जिससे सरकार की निचले स्तर के हर पीड़ित की शिकायत का निस्तारण हो सके। सरकार निचले स्तर पर ही कार्यवाही के लिए कटिबद्ध है। इस दौरान मौके पर चौकी इंचार्ज जेपी यादव उपस्थित रहे ।
तहसील दिवस की ऐसी स्थिति देख कारागार राज्य मंत्री ने तत्काल नहर गेस्ट हाउस में एक प्रेस वार्ता का आवाहन कर निरीक्षण में पाई गई वास्तविक स्थिति को प्रेस वार्ता के दौरान रूबरू कराते हुए कहा कि शासन की मंशा के अनुसार काम नहीं हो रहा है फरियादी अपनी फरियाद लेकर तो आ रहे हैं इन को न्याय नहीं मिल पा रहा है बार–बार दौड़ाया जा रहा है इसी को लेकर मंत्री जी ने आज स्वयं यह निरीक्षण किया था राशन कार्ड को लेकर 80: लोगों की नाराजगी बनी रहती है और लाजमी भी है क्योंकि निरीक्षण के दौरान तहसील दिवस के मौके पर आरो सप्लाई इंस्पेक्टर ही अनुपस्थित रहे तो राशन कार्ड संबंधी समस्याओं का कैसे हो निदान?

## उपमुख्यमंत्री श्री केशव प्रसाद मौर्य ने मां ललिता देवी की पावन धरा नैमिषारण्य में पधारे टेका माथा

सीतापुर । उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री श्री केशव प्रसाद मौर्य ने मां ललिता देवी की पावन धरा नैमिषारण्य में पधारे टेका माथा,। मांगा आशीर्वाद। प्रशासन के बहते भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे । प्रेसवार्ता के दौरान
उप मुख्यमंत्री ने अपनी सरकार व माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा किए जाने वाले



रहे पशीने।
इस अवसर पर उनके स्वागत हेतु मिश्रिख क्षेत्र के विधायक रामकृष्ण भार्गव जिला पंचायत सदस्य राम गोपाल अवस्थी ब्लाक प्रमुख मुनींद्र अवस्थी रामकिंकर पांडे व सैकड़ों विकास कार्यों के विषय में विस्तार से बताया तथा विपक्षी पार्टियों पर जमकर हमला भी बोला स इस मौके पर पुलिस प्रशासन सहित भारी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## नेहरू युवा मंडल ने चलाया घर-घर तिरंगा अभियान

औरैया। नेहरू युवा केंद्र भारत सरकार के तत्वाधान में घर–घर तिरंगा कार्यक्रम औरैया जनपद के ककोर गांव पंचायत घर में संपन्न हुआ। इस अवसर पर कार्यक्रम की मुख्य अतिथि विधायक गुड़िया कठेरिया की प्रतिनिधि चंद्रकांति मिश्रा भारतीय जनता पार्टी जिला उपाध्यक्ष ने कहा भारत सरकार युवाओं को बढ़ावा देने के लिए



विभिन्न कार्यक्रम विभागों द्वारा संचालित कर रही है। युवा इसका फायदा उठाकर लाभ लें , उन्होंने कहा भारत वर्ष आजादी की 75वीं वर्षगांठ अमृत महोत्सव कार्यक्रम के द्वारा मना रहा है।
स्वतंत्र भारत में सांस लेने वाले हर व्यक्ति को जानकारी होनी चाहिए कि देश की आजादी कैसे मिली है। तमाम ज्ञात–अज्ञात शहीदों ने शहादत दी है, उसमें सरदार भगत सिंह, चंद्रशेखर आजाद, तात्या टोपे , अब्दुल हमीद, रानी लक्ष्मीबाई , मंगल पांडे , झलकारी बाई व अवंती बाई सहित तमाम महिला पुरुष ने अपनी आहुति देकर हमें आजाद कराया है, जिससे हम आजाद भारत में सांस ले रहे हैं। अंग्रेजों की गुलामी से छुटकारा दिलाकर भारतीय संविधान में अपना जीवन यापन कर रहे हैं। इसी कड़ी में जिला समन्वयक अनवर वारसी ने कहा आजादी के अमृत महोत्सव की 75 वी वर्षगांठ मना कर युवा मंडल विकास कार्यक्रम के अंतर्गत घर–घर तिरंगा कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम से युवाओं को ज्यादा से ज्यादा जोड़कर युवा अपनी प्रतिभा को निखार कर सराहनीय कार्य में जुड़े। नेहरू युवा केंद्र 75 युवा मंडलों का गठन करेगा , जो युवा मंडल निष्क्रिय हैं उन्हें सक्रिय करने के लिए वह मंडल का सहयोग करेंगे। इस अवसर पर प्रमुख रूप से पूर्व नायब तहसीलदार सुमित पाल , लेखाकार सर्वेश कुमार बाथम , नरेश अग्रवाल , दीपू यादव , विकास दीक्षित , बिंदेश्वरी , प्रतिभा , गौरव , जागृति मिश्रा , आयुष व रचना सहित तमाम गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# आजादी के अम्रत महोत्सव पर हुआ कार्यक्रम

अनिल कुमार जिला ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स इटावा
इटावा। आजादी की 75वीं वर्षगाँठ के अमृत महोत्सव पर पूर्व माध्यमिक विद्यालय धरवार में माँ सरस्वती व माँ भारती के चित्र पर माल्यार्पण व पूजन हुआ । उसके बाद बच्चों ने राष्ट्रीय गीत आदि सांस्कृतिक कार्यक्रम कर मन मोह लिया।
इसके बाद राष्ट्रीय आय आधारित परीक्षा में चयनित स्कंध पुत्र उपदेश कुमार को फूलमालाओं व प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया।
प्रधानाध्यापक अमरपाल यादव ने बताया कि बच्चे को 4 वर्षों तक एक हजार रुपये की छात्रवृत्ति दी जायेगी।पूर्व माध्यमिक विद्यालय




गारमपुर जसवंतनगर से कृष्ण कुमार पुत्र शुशील कुमार ऋतिक राजपूत पुत्र यागवेन्द्र राजपूत इन दो होनहार बच्चों का चयन इस प्रतियोगता में हुआ है इसी प्रकार उच्च प्राथमिक विद्यालय नगला छत्ते जसवंतनगर से निखिल पुत्र मनोज प्रताप का चयन हुआ है। पूर्व माध्यमिक विद्यालय वलैयापुर जसवंतनगर से निशा पुत्री विनोद कुमार का चयन हुआ है। सभी बच्चों और विद्यालय परिवार को इस उपलब्धि पर जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ के ब्लाक अध्यक्ष राजेश जादौन द्वारा बधाई दी गई है और उन्होंने कहा हमारा संगठन और हमारे पदाधिकारी निरन्तर छात्र हित व शिक्षक हित को सर्वोपरि रखते है जिनका उदाहरण साक्षात आपके सम्मुख है। कार्यक्रम में हरिओम शिवहरे सुमनलता सत्यनारायण प्रसाद सलाउद्दीन ब्रजेन्द्र ज्योति हरिओम प्रदीप आदि उपस्थित रहे।

## सर्पदंश का इलाज सिर्फ एंटीवेनम ही है झाड़ फूँक बिल्कुल भी नही -डा. आशीष त्रिपाठी

अनिल कुमार जिला ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स इटावा
इटावा । थाना वैदपुरा क्षेत्र के अंतर्गत तिरुपति बालाजी महाविद्यालय मे एक नाग नागिन (स्पेक्टिकल कोबरा) का जोड़ा देखकर हड़कंप कट गया।
नर व मादा स्पेक्टिकल कोबरा को एक साथ देखकर महाविधालय के कर्मचारी बेहद दहशत में आ गये थे।
तब सूचना मिलते ही सर्पमित्र डॉ आशीष ने सफल रेस्क्यू कर महाविद्यालय परिवार को दहशत मुक्त किया। महाविद्यालय के प्रबंधक शिव मोहन सिंह व पूनम चौहान ने संयुक्त रूप से जानकारी देते हुये बताया कि,सुबह हम लोगो ने दोनों सर्पों को विद्यालय में एक जगह बैठे देखा था। तब नगर पालिका परिषद इटावा के ब्रांड एम्बेसडर व मिशन स्नेक बाइट डेथ



फ्री इंडिया के यूपी कोर्डिनेटर वन्यजीव विशेषज्ञ सर्पमित्र डॉ आशीष त्रिपाठी को सूचना दी गई जिसके बाद वे मात्र 10 मिनट में आये और सुरक्षित रेस्क्यू कर उनके प्राकृत वास में ले जाकर छोड़ दिया। महाविद्यालय प्रबंध समिति ने सर्पमित्र डॉ आशीष का विशेष आभार प्रकट किया। डॉ आशीष ने जानकारी देते हुये बताया कि,यह जोड़ा एक खतरनाक स्पेक्टिकल कोबरा सर्प का था जिसमें न्यूरोटॉक्सिक विष होता है । इसलिये मेरा आप सभी मेरे जनपद वासियों से निवेदन है कि,अब बरसात में सर्पों का निकलने का मौसम चल रहा है अतः इस समय रात्रि में या कहीं भी अंधेरे में जाते वक्त आप सभी को बेहद ही सावधान रहने की आवश्यकता है कृपया घर मे पुराना समान रखे हुये एरिया में या घर के बाहर कहीं भी जूते पहनकर व टोर्च लेकर ही निकले, यदि आपको कभी दुर्भाग्य से कोबरा या करैत की बाइट हो भी जाये तो किसी झाड़ फूंक कर ढाक बजाने वाले ढोंगी या किसी सरसों पढ़कर फेंकने वाले तांत्रिक के पास बिल्कुल भी झाड फूँक करवाने न जायें न ही घबराएं बल्कि,तत्काल ही बिना समय गंवाये ही उस पीड़ित व्यक्ति या महिला को जनपद के इमरजेंसी वार्ड ले जाकर तत्काल एडमिट करायें और जहरीले सर्पदंश पर एंटीवेनम ही लगवाये। जनपद इटावा में संस्था ओशन के द्वारा लोगो को लगातार ही जागरूक करने का ही अब एक बहुत बड़ा असर हो चुका है कि,अब लोगो ने किसी भी प्रकार के सर्पों या वन्यजीवों को मारना ही छोड़ दिया है अब सभी सर्पमित्र डॉ आशीष को लगातार उनके नम्बर 7017204213 पर कॉल कर सूचना देने लगे है। पहले जनता में ऐसा बदलाव नही था। डॉ आशीष जनपद में पुलिस सेवा 112 व वन विभाग के सहयोग से लगातार वन्यजीव व सर्प संरक्षण के कार्य मे लगे हुये है।

## नौकरी के नाम पर सरकारी धन का आहरण तो करते हैं परंतु अपनी महती भूमिका से कोसों दूर रहते हैं और बच्चों के भविष्य के साथ करते हैं खिलवाड़

शिक्षा व्यवस्था बेपटरी
भले ही केंद्र सरकार और प्रदेश सरकार शिक्षा व्यवस्था को लेकर अति संवेदनशील है और वहीं पर कुछ शिक्षक सरकारों के मंसूबों पर पानी फेरने का काम कर रहे हैं नौकरी के नाम पर सरकारी धन का आहरण तो करते हैं परंतु अपनी महती भूमिका से कोसों दूर रहते हैं और बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ करते हैं।
विकासखंड बेहटा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत गौर चौखड़िया स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय गौर चौखड़िया कंपोजिट विद्यालय में प्रधाना इंचार्ज अनुदेशक शिक्षामित्र और सहायक अध्यापक मिलाकर कुल नौ शिक्षक कार्यरत हैं आज सुबह मीडिया टीम 8.00 बज कर 10 मिनट पर विद्यालय पहुंच कर हाल देखा तो वहां पर मौजूद अमन कक्षा 6 इबरान कक्षा 7 और दयाराम कक्षा 3 के छात्रों ने बताया कि यहां पर गुरुजी 9.00 बजे के पहले नहीं पहुंचते हैं तथा वहीं पड़ोस विद्यालय के ठीक सामने रहने वाले छंगा ने बताया कि गुरु जी अपने ढंग से पढ़ाने आते हैं।
दूसरा मामला कम अपोजिट विद्यालय गुनिया खुर्द का है जहां मीडिया की टीम 8.00 बज कर 25 मिनट पर पहुंच कर विद्यालय का हाल देखा तो वहां छात्रों की संख्या काफी थी और वहां पर कोई भी शिक्षक मौजूद नहीं था कक्षा 4 के छात्र कुलदीप और कक्षा 3.00 के छात्र अहम और रुखसार कक्षा 3 के छात्रों ने बताया कि रोजाना गुरुजी 9.00 बजे के पहले नहीं आते हैं 9.00 बज जाएंगे तो गुरु जी आ



जाएंगे आ ही रहे होंगे अगर इसी तरीके से शिक्षकों का देर से आना और जल्दी जाने की प्रक्रिया चलती रही तो नौनिहाल छात्रों के भविष्य के साथ बहुत बड़ा विश्वासघात होगा। इस संबंध में खंड शिक्षा अधिकारी बेहटा यशवंत सिंह से फोन कर संपर्क साधने का प्रयास किया गया परंतु उन्होंने अपना फोन रिसीव करना उचित नहीं समझा।

## तिरंगा फहराने के साथ सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनायें त्यौहार-अभिषेक यादव

- ग्राम पंचायत जैतापुर प्रधान ने वितरित किए एक सैकड़ा तिरंगा

संवाददाता विमल पाण्डेय दैनिक अयोध्या टाइम्स
औरैया। अमृत महोत्सव के अंतर्गत शनिवार को विकासखंड औरैया क्षेत्र की ग्राम पंचायत जैतापुर में ग्राम प्रधान एवं पंचायत सचिव के नेतृत्व में ग्रामीणों को करीब एक सैकड़ा तिरंगा वितरित किये गये। इसके साथ ही प्रत्येक व्यक्ति को घर–घर तिरंगा लगाने के लिए अपील की गई तथा आने वाले त्योहारों को सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाये जाने के लिए आवाहन किया गया। इसके अलावा केंद्र व प्रदेश सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं के विषय में जानकारी देते हुए ग्रामीणों को योजनाओं का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया गया। इसके साथ ही केंद्र व प्रदेश सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के विषय में विस्तृत जानकारी दी।
देश की आजादी के अमृत



महोत्सव के अंतर्गत ग्राम पंचायत जैतापुर में शनिवार को राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा के वितरण कार्यक्रम संपन्न हुआ।
ग्राम प्रधान अभिषेक यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि उन्होंने ग्राम पंचायत सचिव घनश्याम मोहन पटेल के नेतृत्व में लगभग एक सैकड़ा ग्रामीणों को राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा का वितरण किया है। इसके अलावा उन्होंने एवं ग्राम पंचायत सचिव ने ग्रामीणों को व्यापक तौर पर आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर घर–घर तिरंगा लगाने के लिए प्रेरित किया है। इसके अलावा ग्रामीणों को केंद्र सरकार एवं प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के तहत जानकारी देते हुए योजनाओं का लाभ उठाने के लिए जागरूक किया है ग्रामीणों ने योजनाओं की जानकारी प्राप्त करने के उपरांत सरकारी योजनाओं का लाभ लेने के लिए आवेदन करने को कहा है। ग्राम प्रधान व ग्राम पंचायत सचिव नई ग्रामीणों से पुरजोर अपील करते हुए कहा कि 15 अगस्त का पर्व सभी को मिलजुल कर सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाना चाहिए। जिससे गंगा जमुनी तहजीब कायम रह सके। इसके अलावा आपसी भाईचारा को कायम रखते हुए मिलजुल कर त्योहारों को मनाए। ग्राम प्रधान व ग्राम पंचायत सचिव ने केंद्र की माननीय मोदी सरकार एवं प्रदेश की योगी सरकार के विकास कार्यों की ग्रामीणों को विस्तृत जानकारी दी है। ग्रामीणों ने घर– घर राष्ट्रीय ध्वज लगाने का संकल्प लिया है। तिरंगा कार्यक्रम के दौरान प्रमुख रूप से पंचायत सदस्य , आकाश कुशवाहा, मोहित राठौर , राकेश चौधरी , संजय संजय दुबे , नारद सिंह , मनोज कुशवाहा , रोजगार सेवक सूर्य प्रकाश सिंह व कंप्यूटर ऑपरेटर देवेंद्र कुमार कुशवाहा के अलावा अन्य ग्रामीण मौजूद रहे।

## अकीदत के साथ फफूँद नगर में निकला अलम का जुलूस, पिछले दो वर्षो से कोरोना के चलते नहीं निकला था अलम का जुलूस

संवाददाता विमल पाण्डेय दैनिक अयोध्या टाइम्स
०जगह जगह सबील लगाकर किया गया जुलूस का स्वागत।
फफूंद/औरैया। शनिवार को मोहर्रम पर्व के अवसर पर नगर में अलम का जुलूस बड़े ही अकीदत व होकर समाप्त हुए।
सबसे पहले अलम के जुलूस की शुरुआत मुहल्ला भराव से हुई जुलूस मुहल्ला ऊँचाटीला होता हुआ तिराहा चमनगंज पहुँचा इसके बाद अलम का जुलूस चमनगंज तिराहे से दोपहर तीन बजे रवाना होकर जहाँ से मुहल्ला सैदबाड़ा का अलम शामिल हुआ इसके बाद सारे अलमों का सैदबाड़ा स्थित मैदान में मिलाप हुआ और देर तक लोग गमगीन माहौल में मातम करते रहे इसके बाद अलम का जुलूस अपने अपने गंतव्य स्थानों के लिए रवाना पिछले दो वर्षो से कोरोना के चलते अलम का जुलूस न निकलने से सन्नाटा छाया था,वहीं इस वर्ष निकले जुलूस के दौरान समाजसेवी इजहार अहमद खान,सलीम अहमद खान मेव,सत्तार कुरैशी,सोशल कमेटी के नगर उपाध्यक्ष शारिक



गमगीन माहौल में निकाला गया जुलूस के दौरान जगह जगह लोगो को शर्बत पिलाकर व लंगर तकसीम कर स्वागत किया गया सभी अलम के जुलूस देर शाम मुहल्ला सैयदबाड़ा में एकसाथ पहुँचे जहां से अपने अपने गंतव्य स्थानों पर रवाना दिबियापुर फफूंद मार्ग स्थित मुहल्ला मेवातियांन पहुँचा जहाँ पर मुहल्ला जुबैरी, मुहल्ला केशरवानी तथा मुहल्ला मेवातियांन के अलम जुलूस में आकर शामिल हुए सभी अलम एकत्र होने के बाद अपने तय रास्ते से होते हुए मुहल्ला सैयदबाड़ा पहुँचे होकर देर शाम समाप्त हो गया।जुलूस के दौरान जगह जगह लोगो को शर्बत पीने के लिए बांटा गया तथा लोगों को लंगर तकसीम किया गया,और इस वर्ष अलम के जुलूस में मुस्लिम समुदाय के लोगों का एक हुजूम दिखाई दिया,जो खान,मुन्ना सिद्दीकी,अफजल अंसारी,नदीम खान, जान मु०,आदि लोग मौजूद रहे ।वहीं जुलूस के दौरान एसडीएम सदर के अलावा सुरक्षा की दृष्टि से फफूँद थाना प्रभारी के साथ भारी पुलिसबल मौजूद रहा।

# संक्षिप्त समाचार

## अखिल भारतीय ब्राह्मण एकता परिषद औरैया की मीटिंग अपरिहार्य कारणों से निरस्त

संवाददाता विमल पाण्डेय दैनिक अयोध्या टाइम्स
फफूंद औरैया 6 अगस्त । अखिल भारतीय ब्राह्मण एकता परिषद औरैया की प्रत्येक माह के प्रथम रविवार को होने वाली मीटिंग अपरिहार्य कारणों और जिला अध्यक्ष पंडित ब्रजकिशोर तिवारी की अस्वस्थता के कारण रद्द कर दी गई है अब यह मीटिंग अगस्त माह के अंतिम रविवार दिनांक 28 अगस्त 2022 को होगी मीटिंग के स्थान व समय की जानकारी शीघ्र दी जाएगी इस आशय की जानकारी जिला मीडिया प्रभारी गोपाल कृष्ण मिश्रा ने व वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष पंडित प्रदीप पांडे व जिला वरिष्ठ कोषाध्यक्ष पंडित विवेक दीक्षित के माध्यम से दी है


## कौशल विकास मिशन के अंतर्गत निकली तिरंगा यात्रा

संवाददाता विमल पाण्डेय दैनिक अयोध्या टाइम्स
बिधूना,औरैया। बिधूना में कौशल विकास मिशन के अंतर्गत शनिवार को कौशल विकास केंद्र के एक्शन प्वाइंट समिति प्रबंधक द्वारा प्रशिक्षणार्थी छात्रध्छात्राओं के साथ नगर में तिरंगा यात्रा निकालकर हर घर तिरंगा फहराने की लोगों से अपील की गई है। उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन के कौशल विकास केंद्र बिधूना के एक्शन प्वाइंट समिति के प्रबंधक अरविंद सिंह राजावत के नेतृत्व में केन्द्र के प्रशिक्षणार्थी छात्र–छात्राओं द्वारा बिधूना नगर की सड़कों पर तिरंगे हाथ में लेकर भारत माता की जय का उदघोष करते हुए तिरंगा यात्रा निकाली गई है। तिरंगा यात्रा में शामिल लोगों द्वारा 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा फहराने की भी लोगों से अपील की गई ।इस तिरंगा यात्रा में रजत सिंह भूपेंद्र सिंह राजावत, हीरा ठाकुर , संजीव शाक्य , उपेन्द्र सिंह , राजीव राठौर , अजय तिवारी , सचिन द्विवेदी , सलमान , अनुज सिंह , प्रखर प्रताप , अजय यादव व आशु राजावत आदि प्रमुख रूप से शामिल थे।



## पूर्व माध्यमिक विद्यालय में बाउंड्री वाल न बनने से गंदगी का अंबार

संवाददाता विमल पाण्डेय दैनिक अयोध्या टाइम्स
**०कई बार बीएसए व खंड शिक्षा अधिकारी को दिया जा चुका प्रार्थनापत्र**
कंचौसी,औरैया। सहार ब्लॉक के ग्राम लछियामऊ में स्थित पूर्व माध्यमिक विद्यालय की हालत खस्ताहाल है ।इस विद्यालय में बने समस्त कमरों में जरा सी वर्षा होने पर पानी टपकता है जिसके कारण बच्चो को बहुत परेशानी उठानी पड़ती है ।विद्यालय में बाउंड्री बाल न होने के कारण चारों ओर गंदगी का अंबार लगा रहता है। जब कि स्वच्छ भारत अभियान के तहत योगी सरकार स्वच्छता के प्रति विशेष ध्यान दे रही है। विद्यालय के आस–पास कूड़ा अथवा गन्दगी का छोटे– छोटे बच्चो पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है, और यही गन्दगी किसी न किसी बीमारी का कारण बन जाती है। इस संबंध में विद्यालय की ओर से खंड शिक्षा अधिकारी और जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को कई बार लिखित शिकायत भी दी जा चुकी है, लेकिन कोई समस्या का निराकरण नहीं निकला। इस संबध में प्रधानाध्यापक माघवेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि विद्यालय के चारो ओर बाउंड्री वाल न होने से मोहल्ले पड़ोस के लोग गोबर कूड़ा करकट आदि फैंकते है, जिससे संक्रामक बीमारी फैलने का खतरा रहता है। बदबू आती है, मना करने पर लोग नहीं मानते। विभागीय अधिकारियों को लिखित शिकायत की गई , लेकिन अभी तक बाउंड्री वाल का निर्माण नहीं कराया गया। बरसात का मौसम चल रहा है,संक्रमण फैलने का भी खतरा है।



## 15 अगस्त को बंद रहेंगे शराब व भांग के ठेका-डीएम

संवाददाता विमल पाण्डेय दैनिक अयोध्या टाइम्स
औरैया 06 अगस्त 2022– जिलाधिकारी प्रकाश चन्द्र श्रीवास्तव ने उ0प्र0 आबकारी देशी शराब, विदेशी मदिरा, बीयर एवं भांग की फुटकर बिक्री के अनुज्ञापनों एवं व्यवस्थापन नियमावली 2001 के क्रम में आबकारी अधिनियम खंड प्रथम के नियम 59 में प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए कहा है कि 15 अगस्त 2022 को स्वतंत्रता दिवस के दिन जनपद की समस्त देशी शराब, विदेशी मदिरा, बीयर एवं भांग के थोक एवं फुटकर अनुज्ञापनों से बिक्री की बन्दी घोषित करता हूँ। इस बंदी के लिए अनुज्ञापियों को कोई प्रतिफल देय नहीं होगा।

## संपूर्ण समाधान दिवस में किसी भी स्तर से प्राप्त शिकायतों को ससमय करें निस्तारण-डीएम

संवाददाता विमल पाण्डेय दैनिक अयोध्या टाइम्स
**शिकायत के निस्तारण की जानकारी संबंधित को अवश्य दें - जिलाधिकारी’**
औरैया 06 अगस्त 2022 – जिलाधिकारी प्रकाश चन्द्र श्रीवास्तव एवं पुलिस अधीक्षक चारू निगम की अध्यक्षता में आयोजित तहसील अजीतमल के सभागार में सम्पूर्ण समाधान दिवस पर ग्रामीण क्षेत्र से आए शिकायतकर्ताओं की समस्याओंध् शिकायतों को सुनते हुए संबंधितों को निर्देशित किया कि शिकायतों का निस्तारण निष्पक्षता के साथ ससमय किया जाए। जिससे कोई भी फरियादी को शिकायत के लिए बार–बार न भटकना पड़े। उन्होंने कहा कि किसी भी स्तर से प्राप्त शिकायतों की समीक्षा संबंधित अधिकारी समय से करते हुए निस्तारण सुनिश्चित करें। जिससे किसी भी स्तर पर शिकायत लंबित न रहने पाए , और आवेदक को बार–बार परेशान न होना पड़े। इसी तरह से तहसील बिधूना एवं पूजा में भी तहसील दिवस का आयोजन हुआ। जिसमें मौजूद अधिकारियों ने फरियादियों की शिकायतों को सुना।



अजीतमल में हुए संपूर्ण तहसील दिवस के अवसर पर रामगोविन्द निवासी पैगम्बरपुर ने प्रार्थना पत्र देकर अवगत कराया कि ग्राम प्रधान द्वारा हैंडपंप का रिवोर फर्जी दिखाकर धनराशि आहरित कर ली गई है, जांच कराई जाए। जिस पर जिलाधिकारी ने डीपीआरओ को निर्देशित किया कि उक्त प्रकरण की जांच कराकर अग्रिम कार्यवाही करें, सुशीला देवी पत्नी शिव वीर निवासी सराय गांधीनगर अमिलिया ने अवगत कराया कि वह गरीब है और आवास नहीं मिला है। जिस पर जिलाधिकारी ने उपजिलाधिकारी अजीतमल को निर्देश दिए कि जांच कर आवश्यक कार्रवाई करें,अनूप कुमार पालीवाल पुत्र जयनारायण पालीवाल निवासी बाबरपुर अजीतमल ने अवगत कराया कि पेयजल पूर्ति की समस्या टंकी चालू न होने के कारण बनी रहती है जिस पर जिलाधिकारी ने अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत बाबरपुर को निर्देश दिए कि तैयार टंकी को शीघ्र संचालित किया जाए,बलराम सिंह पुत्र बद्री प्रसाद निवासी अयाना ने आवेदन देकर बताया कि ग्राम निवासी अवधेश सिंह नाजायज परेशान करता है जिस पर जिलाधिकारी ने थानाध्यक्ष अयाना को जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने बीएसए को निर्देश दिए कि स्कूलों की विद्युत लाइन से यदि कहीं कोई पेड़ आदि छू रहा हो और करंट आने की संभावना हो तो तत्काल उसकी टहनी आदि कटवाए, जिससे किसी भी प्रकार की घटना से बचा जा सके। उन्होंने प्राप्त आवेदनों को सभी संबंधित अधिकारियों को प्राप्त कराए जाने के उपरांत निर्देश दिए कि समस्याओं का निस्तारण तेजी के साथ किया जाये। निस्तारण में किसी भी स्तर पर बरती गई लापरवाही के लिए संबंधित को जिम्मेदार मानते हुए कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी।
पुलिस अधीक्षक चारु निगम ने पुलिस विभाग से संबंधित शिकायतों को सुना और निर्देशित किया कि शिकायतों का निस्तारण गुणवत्ता के साथ किया जाए, जिससे पुनः उसके संबंध में शिकायतकर्ता को परेशान न होना पड़े। इस अवसर पर कुल 112 मामले आये, जिसमे से 10 मामलों का मौके पर निस्तारण किया गया तथा शेष 102 मामलों का निस्तारण निर्धारित समय सीमा के अन्तर्गत करने के लिए जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये ।इस अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ अर्चना श्रीवास्तव, उप जिलाधिकारी अखिलेश कुमार, परियोजना निदेशक हरेंद्र सिंह, जिला पूर्ति अधिकारी, प्र0 जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, सीओ अजीतमल, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## मार्गो पर पशुओं को बांधने से राहगीरों को हो रही परेशानी

सुधीर बंसल /रुदौली अयोध्या। रुदौली नगर पालिका प्रशासन की लापरवाही के चलते अतिक्रमण कारियों के हौसले बुलंद हैं। पशुपालक पशुओं को सरकारी मुख्य मार्ग पर बांधकर कब्जा जमा रहे हैं। मार्ग पर बांधे जा रहे पशुओं से मलमूत्र ने इंटरलाकिंग मार्ग की सूरत बिगाड़ दी है। मार्ग से निकलने वाले पैदल यात्रियों पर हमला कर देते हैं। रुदौली नगर पालिका के वार्ड अकबरगंज का काजीपूरा जो भेलसर–रुदौली मुख्यमार्ग से निकला लिंक मार्ग पर लाखों रुपये की लागत से इंटरलाकिंग कराई गई है। शाम होते ही मार्ग पर ही पशुपालकों द्वारा दर्जनों की संख्या में पशुओं को बांध दिया जाता है। जिस पर पैदल चलना दुश्वार हो जाता है। मार्ग पर मलमूत्र भी पड़ा रहता है। मोहल्ला वासियों ने कई बार इसकी शिकायत ईओ से की लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही है।



नगर पालिका ईओ रणविजय सिंह ने बताया कि इसकी जांच कराकर कार्यवाई की जाएगी।

## ओवरटेक करने के चक्कर में ट्रक में पीछे से घुसी इनोवा, एक की दर्दनाक मौत

पवन कुमार /रुदौली/अयोध्या। पटरंगा थाना अंतर्गत ग्राम गनौली स्थित पेट्रोल पंप के पास एनएच–27 पर शुक्रवार की देर रात एक दर्दनाक हादसे में युवक की मौत हो गई, जबकि एक बच्चा गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस के मुताबिक इनोवा कार ओवरटेक करने के चक्कर में एक ट्रक में जा घुसी थी। पुलिस ने बच्चे को सीएचसी रुदौली पहुंचाया, जहां से उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। हादसा शुक्रवार की रात लगभग साढ़े दस बजे के आसपास उस समय हुआ जब लखनऊ से अयोध्या की ओर जा रही एक इनोवा कार ओवरटेक के चक्कर में अपने आगे चल रहे ट्रक में पीछे से घुस गई। मृतक इनोवा सवार की पहचान शिवचन्द यादव (38)पुत्र जगप्रसाद निवासी ग्राम जलालपुर कोतवाली रुदौली के रूप में हुई। 12 वर्षीय नावेद निवासी ग्राम तकिया का



इलाज चल रहा है। थाना पटरंगा हाइवे चौकी प्रभारी जितेंद्र यादव के मुताबिक दोनों घायल को सीएचसी रुदौली भिजवाया गया था, जहां युवक को मृत घोषित कर दिया गया।

**इनोवा में सवार थे 4 से 5 लोग**

इनोवा में लगभग चार से पांच लोग सवार थे। मृतक व बच्चे को छोड़कर बाकी सब लोग सुरक्षित हैं। भेलसर चौकी प्रभारी दुवेश द्विवेदी ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। ड्राइवर ट्रक को घटनास्थल पर ही छोड़कर मौके से फरार हो गया।

## डीएम व कप्तान की अध्यक्षता में संपूर्ण तहसील समाधान दिवस के मोबाइल में व्यस्त व सोते दिखे अधिकारी

दैनिक अयोध्या टाइम्स

बाराबंकी। सरकार द्वारा जनता की समस्याओं को देखते हुए प्रत्येक महीने में दो बार संपूर्ण तहसील समाधान दिवस का आयोजन किया जाता है जिसके क्रम में आज 6 अगस्त दिन शनिवार को तहसील फतेहपुर में आयोजित तहसील संपूर्ण समाधान दिवस के अध्यक्ष जिला अधिकारी बाराबंकी तथा पुलिस अधीक्षक बाराबंकी रहे जिनके सहयोग में समस्त विभागों के लगभग अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे लेकिन किसी के अंदर इन उच्च अधिकारियों का भय नहीं दिख रहा था जिससे यह साफ जाहिर हो रहा है कि समस्त अधिकारी और कर्मचारी निरंकुश हो चुके हैं जिसमें कुछ जिम्मेदार अधिकारी अपने फोन के व्हाट्सएप और गेम में व्यस्त दिखाई दिए तो वहीं कुछ अपनी कुर्सी पर आराम फरमाते हुए सोते नजर आए उन्हें यह भी पता नहीं कि उन्ही के सामने उनके आला अधिकारी जनता से रूबरू होते हुए समस्याएं सुन रहे हैं लेकिन उन्हें इसकी कोई फिक्र नहीं जो समस्त



नियम कानून को ताक पर रखकर हम सिर्फ अपने द्वारा बनाए गए नियम कानून पर कार्य करते हैं जो इन आला अधिकारियों के सामने इस तरह की हरकत करते हैं तो सोचिए जनता के साथ कैसा व्यवहार करते होंगे खबर प्रकाशित होने के बाद अब देखना यह है कि इन सोते और गेम खेलते हुए अधिकारियों के प्रति उच्च अधिकारी कोई कार्रवाई करते है या ईन्हीं की तरह प्रशासन भी सो जाएगा।

## शांतिपूर्ण तरीके से निकला अलम का जुलूस मनाई गई मोहर्रम की सातवीं तारीख

दैनिक अयोध्या टाइम्स

बाराबंकी। तहसील रामसनेहीघाट के अंतर्गत ग्राम पंचायत मऊ में मनाई गई मोहर्रम की सातवीं निकला अलम का जुलूस शांतिपूर्ण जुलूस सरकार के नियमों का पालन करते हुए पुलिस प्रशासन की निगरानी में मऊ से चलकर राजेपुर, फतेहगंज , बोदवा और गोरपुर होते हुए शाम 5.00 बजे मऊ लाया गया । शांतिपूर्वक जुलूस का समापन किया गया इसमें काफी संख्या में बच्चों ने भाग लिया छोटे–छोटे बच्चे पैदल चलकर कई गांवों से होते हुए आलम को हाथ में लिए हुए मोहर्रम की सताई बड़े ही धूमधाम से मनाई मोहर्रम के सताई पुलिस प्रशासन की मौजूदगी में शांतिपूर्ण जुलूस निकाला गया एसआई घनश्याम वर्मा, दीवान अली अहमद, कांस्टेबल आशीष कुमार, कांस्टेबल मिथुन ,कांस्टेबल शैलेंद्र कुमार, महिला कांस्टेबल ममता और इरफान मौलवी ,कादिर ,आदिल, वारिस अली, सलामत अली मुन्ना, सलमान गांव के छोटे– छोटे बच्चे आदि लोग मौजूद रहे।



## उत्तर प्रदेश जिला मान्यता प्राप्त पत्रकार एसोसिएशन की बैठक ब्लाक सभागार में हुई आयोजित

पवन कुमार/रुदौली–अयोध्या। उत्तर प्रदेश जिला मान्यता प्राप्त पत्रकार एसोसिएशन इकाई तहसील रुदौली की प्रथम बैठक शनिवार को रुदौली ब्लॉक सभागार में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता हिन्दुस्तान अखबार के तहसील प्रभारी गंगा द्विवेदी ने किया। कार्यक्रम का संचालन लोकतंत्र की पवन हिन्दी मासिक पत्रिका के सम्पादक रामराज ने किया। बैठक में उपस्थित सभी पत्रकारों का माल्यार्पण कर स्वागत व अभिनन्दन किया गया तथा उन्हें संगठन के साथ सामंजस्य बना कर उसे मजबूती प्रदान करने का आह्वान किया गया। और संगठन की रीढ़ को मजबूत करने, पत्रकार उत्पीड़न, लेखनी को समाज हित में चलाने,15 अगस्त के अवसर पर भेलसर चौराहा कार्यालय पर झण्डा रोहण कार्यकम सहित आदि पर विस्तार पूर्वक चर्चा हुई। और संगठन द्वारा 15 अगस्त के अवसर पर झण्डा रोहण कार्यक्रम कराने पर सहमति बनी। खुली बैठक में सभी पत्रकार साथियों ने अपने अपने विचार व सुझाव दिए।

बैठक को संबोधित करतें हुए वरिष्ठ पत्रकार गंगा द्विवेदी ने पत्रकारों को निष्पक्षता के साथ निर्भीक होकर पत्रकारिता करनें की बात कही। और उन्होंने कहा कि संगठन से जुड़े किसी भी पत्रकार को किसी से डरने की आवश्यकता कत्तई नहीं है पत्रकार हित में मैं व संगठन का एक एक कार्यकर्ता सदैव अग्रणी भूमिका में आपके साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा रहेगा। संचालन कर



रहे वरिष्ट पत्रकार राम राज ने कहा कि लोकतंत्र को मजबूत करने में व्यवस्थापिका, कार्यपालिका ,न्यायपालिका सहित मीडिया अहम भूमिका निभाती है पत्रकारों की जायज मांगों को तभी माना जाएगा जब आप संगठित होकर एक स्वर में अपनी मांग को उठाएंगे जब आप संगठित रहेंगे तभी आपकी हर तरफ सुनी जाएगी क्योंकि एकता में सबसे बड़ा बल है। वरिष्ट पत्रकार विनय मिश्रा ने कहा कि संगठन को मजबूत बनाने के लिए हर संभव प्रयास करने की जरूरत है संगठन जितना मजबूत होगा हम भी उतने मजबूत रहेंगे। पत्रकार शेख आफताब ने कहा कि कार्य पालिका, न्याय पालिका और विधायिका को पत्रकारों को हित में सोचना चाहिए। पत्रकारों की मांग को हम मजबूती से रखेंगे। पत्रकारों के साथ कोई खड़ा नहीं है, ऐसे में अगर इनके साथ कुछ ऊंच नीच हो जाए, उसके लिए कानून बनना चाहिए। पत्रकार स्वेच्छा से जुड़े होते हैं,और पूरे बेबाकी के साथ कोई अंजाम सोचे हुए निष्पक्ष पत्रकारिता करते हैं। वरिष्ट पत्रकार विजय तिवारी ने बैठक को संबोधित करते हुये कहा कि पत्रकारों को एक रहने व एकता दिखाने की जरूरत हैं सुख दुःख में सभी के साथ कन्धे से कंधा मिलाकर खड़े होना चाहिए तभी हम लोगों को कामयाबी मिलेगी। वरिष्ट पत्रकार रेहान खान ने कहा कि सबसे बदतर स्थिति ग्रामीण क्षेत्र में पत्रकारिता करने वालों की है। पत्रकार हमारे संगठन का सदस्य हो या न हो हम सभी पत्रकारों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर काम करेंगे। पत्रकारिता कल भी जोखिम भरी थी और आज भी है। वरिष्ट पत्रकार रवि वैश्य ने कहा कि बिना पत्रकारिता के आधुनिक समाज की कल्पना नहीं की जा सकती है। उन्होंनें कहा कि कमजोर व चोट खाए हुए लोगों को जब पत्रकारिता से राहत मिलना शुरु होगा तब इसकी साख बचेगी। वरिष्ट पत्रकार राजेश मिश्रा ने कहा कि जब किसी भी पत्रकार के साथ कोई घटना होती है तो हमे एक साथ मिलकर लड़ाई लड़ना है, चाहे वह किसी भी अखबार, चौनल या वेब चौनल से हो पत्रकार की लड़ाई हम सबकी लड़ाई है। और हमे एक साथ संगठन के माध्यम से लड़ना है। इससे पत्रकारों का हौसला भी बढ़ेगा। वरिष्ट पत्रकार डॉ विक्रम पाल ने कहा कि किसी भी पत्रकार साथी के उत्पीड़न होने पर सबको संगठित होकर उसका डटकर मुकाबला करना चाहिए। वरिष्ट पत्रकार डॉ मो मुस्लिम ने कहा कि किसी भी पत्रकार का उत्पीड़न होने पर हम उसकी मदद के लिए हर समय तैयार हैं।और सभी पत्रकार साथी के सुख दुख में शामिल रहना चाहिए। वरिष्ट पत्रकार विजय प्रताप सिंह ने कहा कि संगठन द्वारा जो भी कार्यक्रम या सम्मेलन होगा उसमें बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेंगे। व संगठन के प्रति सदैव तत्पर रहेंगे और उन्होंने संगठन को मजबूत करने पर बल दिया। बैठक को राकेश श्रीवास्तव, विकास वीर यादव, अहमद सलीम, अमरजीत सिंह, आशीर्वाद गुप्ता, अनिल कुमार मिश्र उर्फ सुनील साजन, अनिल कुमार पाण्डेय, अबुबकर खान, शेख अरसलान, अलीम कशिस, विवेक गुप्ता, अहमद जिलानी, मो आलम, तौकीर सिद्दीकी सहित आदि ने संबोधित करते हुए संगठन को मजबूत बनाए जाने पर बल दिया और कहा कि किसी भी पत्रकार का उत्पीड़न संगठन कतई बर्दाश्त नहीं करेगा। इस अवसर पर पत्रकार अमरेश कुमार, मुनीर अहमद अंसारी, आसिफ शेख, दिलीप कुमार राजपूत, पवन कुमार, निहाल अहमद खान, एखलाक अहमद, इरफान अहमद, अनूप संघई, रमेश कुमार पाण्डेय, काजी सकेब, ललित कुमार, अम्ब्रेश कुमार, राम जी गुप्ता, सतीश कुमार यादव, आदि थे।

## सम्पूर्ण समाधान दिवस में डीएम एसएसपी ने सुनी फरियाद

• मिल्कीपुर–अयोध्या। जिलाधिकारी नीतीश कुमार की अध्यक्षता में मिल्कीपुर तहसील सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। समाधान दिवस में कुल 318 फरियादियों ने अपनी शिकायत दर्ज कराई। जिसमें से 2 शिकायतो का निस्तारण संबंधित अधिकारियों द्वारा मौके पर कराया गया। अन्य शिकायतों के लिए डीएम ने फरियादियों की समस्याएं सुनकर उनके निस्तारण के लिए सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया। मिल्कीपुर तहसील सभागार में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में फरियादियों की शिकायतें सुनने पहुंचे जिलाधिकारी नीतीश कुमार और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रशांत वर्मा से थाना कोतवाली इनायत नगर क्षेत्र के कहुआ गांव निवासी फरियादी शिव बहादुर दुबे ने कहा कि ग्राम पंचायत की जमीन पर अवैध कब्जा हो रहा है पांच बार समाधान दिवस में प्रार्थना पत्र दिया गया। लेकिन आज तक निस्तारण नहीं हो सका। एसडीएम ने बताया कि मैं स्वयं मौके पर जाकर जांच करके अवैध कब्जेदारो के खिलाफ कार्यवाही



सुनिश्चित कराऊंगा। हरदोईया पूरे तिवारी गांव निवासी अमोद कुमार ने पांच बार से प्रार्थना पत्र दिया है कि सरकारी नाली पर अतिक्रमण कर लिया गया है आज तक खाली नहीं कराया गया कई बार शिकायत समाधान दिवस में की गई। मंझनपुर गांव निवासी राजेंद्र कुमार ने प्रार्थना पत्र दिया है कि पैतृक भूमि पर गांव के अशोक दिनेश ने कब्जा कर लिया है 1997 से लगातार थाना व समाधान दिवस का चक्कर लगा रहा हूं अभी तक मेरी भूमि को कब्जा मुक्त नहीं कराया गया। बकचुना गांव निवासी उमेश कुमार तिवारी ने प्रार्थना पत्र देते हुए बताया है कि ग्राम समाज की जमीन पर गांव के लोगों द्वारा अवैध कब्जा कर लिया गया है ,इतना ही नहीं ग्राम प्रधान अपनी सगी भाभी व अन्य लोगों के नाम आवासीय पट्टा कर दिया है जिसका मामला संज्ञान में आने के बाद जिलाधिकारी ने उप जिलाअधिकारी को जांच कर कार्यवाही करने का निर्देश दिया है, कंदईकला निवासी अनीशा पत्नी मनोज कुमार ने प्रार्थना पत्र के माध्यम से अवगत कराया कि गांव में बने सामुदायिक शौचालय स्वच्छता हेतु पूर्व के ग्राम प्रधान व पंचायत अधिकारी द्वारा चयन किया गया था लेकिन आज तक मानदेय नहीं दिया जा रहा है। अधिकारियों ने समाधान दिवस में आने वाले फरियादियों की शिकायतों को गंभीरता से सुना और उनके निस्तारण के लिए अगल–अलग टीमें गठित कर दी है। डीएम ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप शिकायतों का निस्तारण समयबद्ध तरीके से सुनिश्चित करें। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी और लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों पर कार्रवाई की जाएगी। एसएसपी ने कहा कि फरियादियों की शिकायतों को गंभीरता से लेकर उसमें तत्काल आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करें। उपजिलाधिकारी अमित कुमार ने बताया कि समाधान दिवस में कुल 318 मामले आए जिनमें से 2 मामलों का निस्तारण मौके पर करा दिया गया जो राजस्व से संबंधित थे। इस मौके पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी, एसडीएम अमित कुमार जयसवाल, क्षेत्राधिकारी सत्येंद्र भूषण तिवारी, बीडीओ मिल्कीपुर मनीष मौर्या समेत तहसील व जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित हुआ संपूर्ण समाधान दिवस

दैनिक अयोध्या टाइम्स

बाराबंकी। आमजन की समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए प्रत्येक माह के प्रथम एवं तृतीय शनिवार को आयोजित होने वाले सम्पूर्ण समाधान दिवसों की कड़ी में माह अगस्त में तहसील फतेहपुर के सभागार में जिलाधिकारी डॉ. आदर्श सिंह की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित हुआ। इस अवसर पर डीएम ने आये हुए फरियादियों की समस्याओं की गम्भीरतापूर्वक सुनवाई की और निस्तारण के लिए सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

जिलाधिकारी ने अधिकारियों का आहवान्ह किया कि सम्पूर्ण समाधान दिवस के आयोजन की उपयोगिता, उपादेयता व सार्थकता को बनाए रखें। इसके लिए प्राप्त होने वाली शिकायतों का त्वरित व गुणवत्तापूर्ण



निस्तारण करें जिससे लोगों को राहत महसूस हो। उन्होंने सभी अधिकारियों को सुझाव दिया कि अपने स्तर पर विभिन्न माध्यमों से प्राप्त होने वाले प्रार्थना–पत्रों की नियमित रूप से समीक्षा कर उनका गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित कराएं। डीएम ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिया कि प्रार्थना–पत्रों का निस्तारण इस प्रकार से करायें कि फरियादी भी की गयी कार्यवाही से संतुष्ट हो जाएं और उन्हें दोबारा भाग–दौड़ न करनी पड़े। उन्होंने निर्देश दिया कि लम्बित सभी सन्दर्भों का तत्काल निस्तारण कराया जाय।

तहसील फतेहपुर में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 151 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। राजस्व विभाग से सम्बन्धित 59 प्रार्थना पत्र, पुलिस विभाग से सम्बन्धित 51 प्रार्थना पत्र, विकास विभाग से सम्बन्धित 06 प्रार्थना पत्र, कृषि विभाग से सम्बन्धित 5 प्रार्थना पत्र, खाद्य एवं रसद विभाग से सम्बन्धित 10 प्रकरण, सिंचाई विभाग से सम्बन्धित 02 प्रार्थना पत्र, शिक्षा विभाग से सम्बन्धित 02 प्रार्थना पत्र, लोक निर्माण विभाग से सम्बन्धित 02 प्रार्थना पत्र, विद्युत विभाग से सम्बन्धित 07 प्रार्थना पत्र, अन्य विभाग से सम्बन्धित 07 प्रार्थना पत्र प्रस्तुत हुए। मौके पर कुल 14 प्रार्थना पत्रों का निस्तारण किया गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर पुलिस अधीक्षक, उपजिलाधिकारी फतेहपुर, मुख्य चिकित्साधिकारी, प्रभागीय वनाधिकारी, क्षेत्राधिकारी पुलिस, परियोजना निदेशक, जिला विकास अधिकारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी, जिला कृषि अधिकारी, जिला पूर्ति अधिकारी, सहित जनपद स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

## मोहर्रम की सातवीं का जुलूस शहर में बड़े ही हर्ष उल्लास के साथ निकला

दैनिक अयोध्या टाइम्स

बाराबंकी। शहर में मोहर्रम की 7 वी का जुलूस मोहर्रम कमेटी अहले सुन्नत के अध्यक्ष ताज बाबा राईन के नेतृत्व व कमेटी के समस्त पदाधिकारियों की अगुवाई में फजलुर्रहमान पार्क से निकला जिसमें बड़ी तादात में ऊंट घोड़े सहित अलम व ताजिए दार ढोल पटा बाना वाले तमाम लोग मौजूद रहे जुलूस घंटाघर से होता हुआ धनोखर तालाब से बेगमगंज सुन्नी करबला पहुंचा तमाम जगहों पर रास्ते में लोगों ने सबील का इंतजाम किया छोटे–छोटे बच्चों से या हुसैन की सदाएं गूंजी जुलूस ए हुसैनी में लोगों ने शरबत बिस्किट आदि तमाम चीजें वितरित करके उनका सम्मान किया जुलूस सुन्नी कर्बला पहुंचा जिसमें पूर्व मंत्री अरविंद सिंह गोप सदर विधायक सुरेश यादव जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष धीरेंद्र वर्मा व्यापार मंडल के लोगों सहित राजनैतिक पार्टी के नेताओ व अराजनैतिक संगठनों तथा किसान नेताओं सहित मीडिया कर्मी और अनेक विभाग के लोग भी बड़ी तादाद में जुलूस में सम्मिलित हुए और पुलिस के आला अधिकारी तमाम पुलिस बल तथा कमेटी द्वारा नियुक्त किए गए सैकड़ों वारेंटियर ने जुलूस की कमान संभाली जिला प्रशासन द्वारा जुलूस में चप्पे–चप्पे पर ड्रोन कैमरे से से निगरानी जुलूस के मौके पर मुख्य रूप से संरक्षक शुऐब राईन,वरिष्ठ उपाध्यक्ष हाजी उसामा अंसारी,महामंत्री मोहम्मद आसिफ एडवोकेट, कोषाध्यक्ष रईस अंसारी, संगठन मंत्री सलमान उर्फ सल्लू,शकील सलमानी,रफीक सलमानी,हफीज सलमानी,जावेद लड्डन,महबूब अंसारी,रिजवान राईन,नसीम



खान,वसीम खान,बाबू खान वारसी,सेठी चौधरी,सुहैल अहमद अंसारी,मीडिया प्रभारी डॉक्टर बिलाल सहित हजारों की संख्या में लोग जुलूस में मौजूद रहे।

## उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में संपन्न हुआ तहसील समाधान दिवस, 64 फरियादियों की सुनी गई समस्याएं

दैनिक अयोध्या टाइम्स

बाराबंकी। उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित तहसील समाधान दिवस में 64 फरियादियों ने अपने विभिन्न समस्याओं से संबंधित शिकायती पत्र उप जिलाधिकारी को देकर समस्या निस्तारण की फरियाद किया।

जानकारी के अनुसार तहसील समाधान दिवस का आयोजन तहसील सभागार में उप जिलाधिकारी विजय कुमार त्रिवेदी की अध्यक्षता में संपन्न हुआ जिसमें क्षेत्र के 64 फरियादियों ने अपनी विभिन्न समस्याओं से संबंधित शिकायती पत्र सौंपा । ब्लॉक बनीकोडर अंतर्गत ग्राम पूरे कोट मजरे छदवल निवासी ने शिकायती पत्र देते हुए उप जिलाधिकारी से अनुरोध किया कि तालाब पट्टा का लगान 5ध8/2021 को जमा हुआ लेकिन रजिस्ट्री अभी तक प्राप्त नहीं हुई। एक वर्ष पूरा हो रहा है। उपजिलाधिकारी ने गंभीरता से



लेते हुए संबंधित विभाग के अधिकारी को पत्र प्रेषित कर समस्या का समाधान कराए जाने के निर्देश दिए । इसी क्रम में वजी उद्दीन पुर के निवासियों ने शिकायती पत्र देते हुए उप जिलाधिकारी से अनुरोध किया कि सरकारी नलकूप ट्यूबवेल विगत 1 वर्ष पूर्व लगा था जो सर्वे नक्शा के मुताबिक चारों तरफ पाइपलाइन डाली जानी चाहिए थी किंतु संबंधित जे ई तथा ठेकेदार के द्वारा तीन तरफ पाइप लाइन डाली गई पूरब तरफ पाइपलाइन ना डालें जाने से सैकड़ों बीघा जमीन असिंचित बनी हुई है इससे किसानों को पानी की सुविधा नहीं मिल पा रही है। इस मामले पर उपजिलाधिकारी ने गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभाग के अधिकारी को पत्र प्रेषित कर समस्या का समाधान कराए जाने के निर्देश दिए । इस अवसर पर तहसीलदार ज्ञानेंद्र सिंह ,नायब तहसीलदार प्रज्ञा त्रिवेदी ,खंड शिक्षा अधिकारी चंद्रशेखर यादव, खंड विकास अधिकारी रवि शंकर पांडे ,नगर पंचायत से मनीष श्रीवास्तव,वन विभाग से प्रभारी रेंज अधिकारी मोहित श्रीवास्तव सहित सभी तहसील स्तरीय अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# संक्षिप्त समाचार

## राम जन्मभूमि पर बन रहा भव्य मंदिर कांग्रेस को नहीं हो रहा हजम : अनूप चौधरी

दैनिक अयोध्या टाइम्स अजय मौर्या ब्यूरो चीफ अयोध्या

अयोध्या। रामनगरी अयोध्या पहुंचे रेल मंत्रालय सलाहकार समिति भारत सरकार के सदस्य अनूप चौधरी ने रामलला हनुमानगढ़ी का किया दर्शन पूजन किया वही मीडिया से बात करते हुए अनूप चौधरी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार आम जनमानस के हितों की रक्षा के लिए उनके सुख एवं सुविधाओं के लिए हमेशा तत्पर रहती है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत



सरकार ने रेल मंत्रालय ने सभी ने महिलाओं को विशेष सुविधा देने का कार्य किया साथी ही उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यह ऐतिहासिक फैसला लिया है कि रक्षाबंधन के दिन पर समस्त बहनों और माताओं को निशुल्क यात्रा के लिए बस चलाई जाएगी इसके लिए मैं मुख्यमंत्री को ह्रदय से धन्यवाद वह बधाई देता हूं वही कल 5 अगस्त के दिन को कांग्रेस के द्वारा काला दिवस बोलकर देश को करोड़ों करोड़ भगवान श्रीराम लला के भक्तों का अपमान किया है बेहद निंदनीय है मैं देश भर के सभी नौजवान साथियों से अपील करता हूं ऐ नौजवान साथियों जिस तरीके से आप लोगों ने काग्रेस पार्टी को कभी सिर पर चढ़ा कर रखा था आज उसको जमीन पर गिरा दिया है मुझे विश्वास है आप सभी लोग पूर्णता कांग्रेस मुक्त भारत देश बनाने में माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का साथ देंगे भारतीय जनता पार्टी को हर जगह मजबूत करेंगे, वही अनूप चौधरी ने कहा कि मैंने रामलला का दर्शन किया हनुमानगढ़ी पर हनुमान जी का दर्शन किया और भगवान रामलला हनुमान जी से प्रार्थना कि है कि वह देशवासियों को स्वस्थ रखें प्रसन्न रखें लंबी आयु दे हमारे प्रिय नेता प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी का एक ऐतिहासिक संकल्प है हर घर तिरंगा देश के उन तमाम वीर जवानों को वीर सपूतों को जिन्होंने इस देश कि आन बान शान की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति दे दी ऐसे वीर सपूतों को सम्मान देने का यह समय है आजादी का अमृत महोत्सव के तहत हम देशभर के सभी नौजवान साथियों से अपील करते हैं कि नौजवान साथियों आओ हम सब मिलकर हर घर तिरंगा लहरा कर और देश की आजादी के लिए अपने प्राणों को निछावर करने वाले शहीदों को नमन करें।

### कम्पोजिट विद्यालय नन्दीग्राम का मण्डलायुक्तने किया निरीक्षण

दैनिक अयोध्या टाइम्स अजय मौर्या ब्यूरो चीफ अयोध्या

अयोध्या। मण्डलायुक्त नवदीप रिणवा द्वारा गोद लिये गये कम्पोजिट विद्यालय नन्दीग्राम का निरीक्षण किया गया। विद्यालय में एक प्रधानाध्यापक, आठ सहायक अध्यापक, दो शिक्षा मित्र एवं दो अनुदेशक कार्यरत हैं। निरीक्षण के समय सभी अध्यापक उपस्थित पाये गये, विद्यालय में कुल नामांकित 352 छात्रध्छात्राओं के सापेक्ष 188 छात्र उपस्थित मिले, निरीक्षण के दौरान खेलो इंडिया के तहत खेल को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मण्डलायुक्त द्वारा बच्चों के साथ बैडमिन्टन भी खेला गया खेलने के उपरान्त मण्डलीय सहायक शिक्षा निदेशक (बेसिक) अयोध्या मण्डल, अयोध्या को निर्देशित किया गया कि विद्यालय परिसर में स्थित भूमि पर दो सप्ताह के अन्दर बैडमिन्टन कोर्ट बनवाना सुनिश्चित करें। मण्डलायुक्त द्वारा बच्चों के साथ शतरंज भी खेला गया, साथ ही अध्यापिका प्रतिभा सिंह को निर्देशित किया गया कि बच्चों के शतरंज खेलने हेतु प्रोत्साहित करें। कक्षा 6, 7 एवं 8 के छात्राओं द्वारा



बनायी गयी राखी की सराहना भी की गयी तथा कक्षा 02 के छात्र आदर्श, लक्ष्मी प्रतिभा पल्वी, प्रदीप से गणित, अंग्रेजी और हिन्दी के विषय से सम्बन्धित प्रश्न किये गये बच्चों द्वारा दिये गये उत्तर पर मण्डलायुक्त द्वारा प्रसन्नता व्यक्त की गयी। मण्डलायुक्त द्वारा वहां पर उपस्थित सभी छात्रध्छात्राओं, शिक्षकाओं, कर्मचारियों एवं सहायक शिक्षा निदेशक (बेसिक) अयोध्या मण्डल, अयोध्या से ताली भी बजवायी गयी. कक्षा 03 के छात्र रितेश, निर्मल, सौम्य, पीयूष, अनामिका से सभी विषय से सम्बन्धित प्रश्न पूछे गये जिन बच्चों द्वारा संतोषजनक जवाब दिया गया उनकी सराहना भी की गयी और ताली भी बजवायी गयी साथ ही मण्डलायुक्त द्वारा समस्त शैक्षिणक अध्यापकों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया गया कि छात्रध्छात्रायें अच्छे है आप लोग इनकी शैक्षिक गुणवत्ता बढ़ाने का प्रयास करें। निरीक्षण के दौरान विद्यालय परिसर में स्थित कुएँ को व्यवस्थित करने का निर्देश दिया गया जिससे बच्चों को कोई दिक्कत का सामना न करना पडे, विद्यालय परिसर में स्थित जालों व झाड़ झंखाड़ को भी नियमित साफ करने का निर्देश दिया गया साथ ही विद्यालय परिसर में उगी हुयी घास को भी साफ करने का निर्देश दिया गया, कक्षा 01 से 05 के बच्चों को हाथ धाने हेतु मल्टीपल हैण्डवाश लगा है, जिसमें बेस नही बना है मण्डलायुक्त द्वारा बेस (आधार) बनाने के लिए निर्देशित किया गया जिससे कि पानी बच्चों के कपड़ों पर न पड़ें। मण्डलायुक्त द्वारा निरीक्षण के दौरान दिव्यांग शौचालय का भी निरीक्षण किया गया। उसकी तत्काल पानी की आपूर्ति हेतु निर्देश दिया गया। मण्डलायुक्त द्वारा विद्यालय के खाद्यान्न के रख–रखाव कक्ष को साफ–सुथरा रखने हेतु निर्देशित किया गया, विद्यालय के मुख्य द्वारा के समतलीकरण का निर्देश डीपीआरओ को दिया गया जिससे विद्यालय परिसर के अन्दर सुचारू रूप से आवागमन हो सके। विद्यालय परिसर में स्थित जीर्णक्षीण कक्ष को ध्वस्तीकरण का निर्देश बीएसए को दिया गया। विद्यालय परिसर मे एन0पी0जी0एल0 परिसर को मरम्मत विद्यालय के हित में प्रयोग करने हेतु निर्देश दिया गया। विद्यालय परिसर के पास विद्यालय की खाली भूमि है मण्डलायुक्त द्वारा निर्देशित किया गया कि परिसर का सफाई करते हुए समतलीकरण किया जाए जिससे बच्चों के खेलने का मैदान विकसित किया जा सके। मण्डलायुक्त द्वारा सहायक शिक्षा निदेशक (बेसिक) अयोध्या मण्डल अयोध्या को निर्देशित किया गया कि पायी गयी कमियों का दो सप्ताह के अन्दर निराकरण कराना सुनिश्चित करें।" मण्डलायुक्त ने सभी बच्चों से कहा कि यह वर्ष आजादी के अमृत महोत्सव के साथ में मनाया जा रहा है। सभी बच्चे 13 अगस्त से लेकर 15 अगस्त अपने घरो पर तिरंगा फहराने के लिए अपने अभिभावक से कहे।

### डाक विभाग ने निकाली हर घर तिरंगा की प्रभात फेरी

दैनिक अयोध्या टाइम्स अजय मौर्या ब्यूरो चीफ अयोध्या ।अयोध्या। देश की आजादी के 75 वीं वर्षगांठ के उपलक्ष में संपूर्ण भारत "आजादी का अमृत महोत्सव" बड़े धूमधाम से मना रहा है । इसी क्रम में डाक विभाग हर घर तिरंगा अभियान के तहत आज सुबह 8:00 बजे प्रधान डाकघर अयोध्या से रिकाबगंज तक प्रभात फेरी कर लोगों को 13 से 15 अगस्त तक घर–घर तिरंगा फहराने के लिए जागरूक किया । इस दौरान पीके सिंह ने कहा कि प्रभात फेरी का मकसद जनमानस में देशभक्ति की भावना जगाना है और उन्हें आने वाली 13 से 15 अगस्त तक झंडा फहराने के लिए प्रेरित करना है । डाकघर में तिरंगा खरीदने की भारी भीड़ । साथ ही बताया कि मंडल के सभी उपडाकघरों में तिरंगा बिक्री के लिए उपलब्ध है मात्र 25 रुपये में मिल रहा तिरंगा । तिरंगा यात्रा में पी के सिंह ने हरी झंडी दिखाकर प्रधान डाकघर से रिकाबगंज चौराहा के लिए रवाना किया । इस दौरान भारत माता की जय, वन्देमातरम का उद्घोष रास्ते में किया गया । इस दौरान सीनियर पोस्टमास्टर एस आर गुप्ता, मुख्य विपणन अधिकारी सत्येंद्र प्रताप सिंह, डिप्टी पोस्टमास्टर सुमन पाण्डेय, दीपक तिवारी, पंकज सिंह, जय शंकर प्रसाद वर्मा, धीरेंद्र दुबे, दीपमाला, रेनू, विजय लक्ष्मी, उर्मिला, आदि मौजूद रहीं । वहीं दूसरी ओर समाजवादी पार्टी के नेता व उत्तर प्रदेश के पूर्व मन्त्री तेज नारायण पाण्डेय पवन ने अयोध्या प्रधान डाकघर पहुंचकर सीनियर पोस्टमास्टर से तिरंगा खरीद कर कहा कि 9 अगस्त क्रांति दिवस से लेकर 15 अगस्त आजादी दिवस तक सभी अपने घरों में तिरंगा फहराये । जो तिरंगा खरीदने में असमर्थ उन्हें हमारी तरफ से तिरंगा उपलब्ध कराया जायेगा ।



## बढ़ापुर थाना क्षेत्र के एक गांव में गुलदार ने आंगन में सो रही 6 माह की बच्ची को उठा कर ले गया

बढ़ापुर दैनिक अयोध्या टाइम्स संवाददाता शाहिद रजा खान । बिजनौर के बढ़ापुर थाना क्षेत्र के एक गांव से आंगन में सो रही 6 माह की एक बच्ची को गुलदार उठा ले गया।परिजनों ने इसकी सूचना वन विभाग व पुलिस को दी वन विभाग व पुलिस की टीम जंगलों में कर रही है तालाश परन्तु कई घंटे बीत जाने के बाद भी बच्ची का कोई भी पता नहीं चल पाया।गुलदार के खौफ से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है।थाना क्षेत्र के गांव नूरपुर अरब निवासी महबूब की पुत्री फिरोजा की शादी जीतपुर पडली निवासी अरशद के साथ करीब दो वर्ष पहले हुई थी। विवाह के करीब एक वर्ष से ही वह अपने मायके आयी हुई थी। शनिवार रात्रि फिरोजा व उसकी पुत्री सिदरा घर के आंगन में सो रही थी करीब2बजे के आसपास फिरोजा ने सिदरा को दुध पिलाया था। जिसके बाद अचानक उसकी फिरोजा की आंख खुली तो उसकी 6 माह की पुत्री सिदरा को चारपाई से गायब थी। फिरोजा ने सिदरा के बारे में परिजनों से पता किया तो किसी को भी सिदरा का पता नही था। जिसके बाद परिजनों ने घटना की सूचना डायल 112 को दी जिसके बाद पुलिस के मौके पर पहुचने के बाद आसपास के घरों लोगों मौके पर



पहुंच गए। जिसके बाद परिजनों ने पुलिस व ग्रामीणों के साथ पास के गन्ने के खेतों में खोजबीन की तो खेत मे मांस का टुकड़ा व खून के निशान मिले इसके साथ ही खेत मे गुलदार के पैरों के निशान भी मिले है।परिजनों ने बच्ची की तालाश खेतों में की।परन्तु बच्ची का कोई पता नहीं चल सका। ग्रामीणों ने इसकी सूचना वन विभाग व पुलिस को दी।वन विभाग व पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और बच्ची को तालाश किया परन्तु घंटों बीत जाने के बाद भी बच्ची का कोई भी पता नही चल पाया।परिजनों गुलदार के खौफ से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है।

## हेड ब्वाय उज्ज्वल व रिंकी चुनी गई हेड गर्ल

किरतपुर। दैनिक अयोध्या टाइम्स शरीफ मलिक प नहटौर रोड स्थित आर के इंटरनेशनल स्कूल में स्टूडेंट काउंसिल का गठन किया गया जिसमें चुनाव प्रक्रिया के चलते हैड बॉय उज्ज्वल व हेड गर्ल रिंकी चुनी गई। इसके साथ ही स्पोर्ट्स कैप्टन निशांक को बनाया गया नेहरू हाउस से तनिषा , कलाम हाउस से धैर्य, गांधी से आर्यन व टैगोर हाउस से यशिका हाउस कैप्टन चुने गए वाइस कैप्टन तूबा , हिफजा, रितु व अभिषेक बनाए गए । स्कूल के प्रबंधक दर्शित अग्रवाल ने बच्चों को बैच पहनाकर सम्मानित किया । स्कूल के प्रधानाचार्य नितिन बिश्नोई ने भी सभी बच्चों को सम्मानित कर उनके आने वाले भविष्य के लिए शुभकामनाएं देते हुए उनको अपनी ड्यूटी अच्छे से निभाने के लिए कहा इस कार्यक्रम में सभी अध्यापकों व बच्चों का पूर्ण सहयोग रहा ।




## शिकायत करना पड़ा भारी, खुदाई के दौरान निकला प्राचीन कुंआ-नईम शम्सी ने चबूतरे की भूमि को अपनी निजी संपत्ति बताकर पालिका के समर्सिबल को उखाड़ने की लगाई थी गुहार

(रिपोर्ट शेखर चौहान) कैराना संवाददाता दैनिक अयोध्या टाइम्स जनपद शामली कैराना। निजी संपत्ति बताकर नगर पालिका द्वारा स्थापित समर्सिबल को उखड़वाने की शिकायत करना भारी पड़ गया। जॉच के दौरान हुई खुदाई में प्राचीन



कुंआ मिला। नगर के मोहल्ला बिसातियान निवासी नईम शम्सी ने उच्चाधिकारियों सहित नगर पालिका प्रशासन को शिकायती पत्र देकर बिना अनुमति निजी संपत्ति पर समर्सिबल स्थापित करने का आरोप लगाते हुए उसे उखड़वाने की गुहार लगाई थी। तत्कालीन ईओ मणि अरोड़ा ने अवर अभियंता सूरज शर्मा के नेतृत्व में तीन सदस्य टीम गठित कर जॉच कर रिपोर्ट प्रेषित करने के निर्देश दिए थे। जॉच टीम ने गहनता से इसकी जॉच की तो मामला कुछ और ही पाया, जिसे चबूतरे की निजी भूमि बताया जा रहा था वहॉ खुदाई के दौरान प्राचीन कुंआ निकला, जो पालिका के अभिलेखों में आज भी दर्ज है। सूरज शर्मा ने बताया कि 1971 में नसीमुद्दीन द्वारा पालिका कार्यालय में प्रार्थना पत्र देकर कुएं की साईड दरवाजा खोलने की अनुमति ली गई थी,जिसके बाद ही उक्त भूमि पर अवैध कब्जा करते हुए कुंए का अस्तित्व ही समाप्त कर दिया गया।

## कृषि विज्ञान केंद्र में किसान मेले का आयोजन किया गया

दैनिक अयोध्या टाइम्स संवाददाता सलाउद्दीन सिद्दीकी प नगीना कृषि विज्ञान केंद्र नगीना के परिसर में कृषि विभाग की ओर से किसान मेले का आयोजन किया जिसमें कृषकों को जागरूक करते हुए किसानों को खरीफ फसल से संबंधित कृषि नगीना ने कृषक जागरूता मेला मैं संपन्न कराया गया। कृषक जागरूकता मेला में कृषकों को खरीफ फसल से संबंधित कृषि तकनीकी जानकारी, पोषक तत्व प्रबंधन और कीट व रोगों से बचाव के उपाय के साथ कृषि विभाग से





तकनीकी जानकारी, पोषक तत्व प्रबंधन और कीट व रोगों से बचाव के उपाय भी बताए गए। कृषि विभाग की ओर से किसान मेले मुख्य अतिथि अवधेश मिश्र ,जिला कृषि अधिकारी, बिजनौर की उपस्थिति में कृषि विज्ञान केंद्र के कृषि वैज्ञानिक व मनोज रावत, उप संभागीय कृषि प्रसार अधिकारी संबंधित सभी योजनाओं की जानकारी के बारे में विस्तार पूर्वक बताया गया। किसान मेले में प्रगतिशील कृषक शरद , अमर सिंह राणा अन्य कृषकों के साथ राम प्रसाद सहायक विकास अधिकारी कृषि, रमेश चंद एस एम एस उपस्थित रहे।

## विद्युत चोरी के दर्ज मुकदमों के मामले में विद्युत विभाग द्वारा कैंप लगाकर निस्तारण किया गया

जलालाबाद शामली रिपोर्टर फैसल मलिक तहसील संवाददाता दैनिक अयोध्या टाइम्स जनपद शामली।
चोरी के प्रकरणों में समन शुल्क एंव निर्धारित राजस्व वसूली एंव राजस्व निर्धारित संबंधित समस्याओं के लिए कैंप लगाया गया।उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड ने पत्र जारी कर कैंप लगाने का निर्णय लिया था। उसी क्रम को देखते हुए।जनपद शामली के थाना भवन विद्युत विभाग सब स्टेशन पर विद्युत चोरी के दर्ज मुकदमों के मामले में विद्युत विभाग द्वारा कैंप लगाकर निस्तारण किया गया।कैंप में निस्तारण के लिए सुबह से पांच व्यक्ति पहुंचे 5 में से 3 व्यक्तियों का



निस्तारण समाधान हुआ।इस मौके पर अधिशासी अभियंता विद्युत वितरण खंड तृतीय अधिकारी उदय प्रताप सिंह एवं एसडीओ पुष्प देव वह उनकी टीम मौजूद रही।एसडीओ पुष्प देव ने विद्युत उपभोक्ताओं की समस्याओं को जाना और उनका समाधान किया।शामली विद्युत वितरण खण्ड– तृतीय अधिशासी अभियंता श्री उदय प्रताप सिंह ने कंजूमरो से अपील करते हुए कहा राष्ट्रहित में बिजली चोरी ना करें बिजली चोरी करना अपराध है जिसमें विभिन्न धाराओं में आदमी को चोरी करते हुए विरोध किया जाता है जिससे उसको आर्थिक मानसिक नुकसान होता है। कैंप में समाजसेवी अनमोल, आशीष सिंगल, हरिओम उपाध्याय, सागर प्रजापति,आदि उपस्थित रहे।

## दुसरे दिन भी मिले दहशत के निशान,ग्रामीण परेशान

(रिपोर्ट शेखर चौहान) कैराना संवादाता दैनिक अयोध्या टाइम्स जनपद शामली कैराना। तेंदुए की आहट से ग्रामीणों को खौफ के साए में जीने को मजबूर होना पड़ रहा है। दूसरे दिन भी तेंदुए के पैरों के निशान मिलने से ग्रामीण दहशत में हैं। वहीं किसान द्वारा खेत में तेंदुआ देखे जाने की पुष्टि के बाद ग्रामीण सतर्क हो गए हैं। क्षेत्र के गांव जगनपुर के जंगल में आदमखोर तेंदुए के होने के निशानात मिले हैं। वहीं खेत पर गए किसान द्वारा जयसिंह प्रधान के खेत में तेंदुआ देखे जाने के बाद ग्रामीणों में दहशत व्याप्त है।डर इस कदर है कि किसानों ने खेतों पर जाना बंद कर दिया है और अगर जाते भी हैं तो दर्जनों किसान इकट्ठा होकर हाथों में लाठी–डंडे लेकर निकलते



हैं। ग्राम प्रधान राजेश कुमार की शिकायत पर शुक्रवार की दोपहर वन विभाग के उपनिरीक्षक आदित्य शर्मा के नेतृत्व में तीन सदस्य टीम गाँव में पहुँची थी और जंगलों में तेंदुए के पैरों के निशान मिलने के बाद ग्रामीणों को सतर्क रहने के निर्देश दिए थे। इस दौरान टीम ने जंगल में तेंदुए को पकड़ने के लिए सर्च अभियान भी चलाया था, लेकिन उसका कोई सुराग नहीँ लगा था,जिसके बाद टीम वापस लौट गई थी। आज फिर जयसिंह नामक किसान के खेत में तेंदुआ घूमता देखा गया,जिसके बाद ग्रामीणों में दहशत फैल गई। अभी तक वन विभाग की ओर से तेंदुए को पकड़ने के लिए कोई ठोस कदम नहीँ उठाये गए हैं। वन विभग की सुस्त कार्रवाई से ग्रामीण भी खफा है। उनका कहना है कि विभाग की ओर से आदमखोर तेंदुए को पकड़ने के लिए न तो कोई जाल लगाया गया है और न पिंजरे आदि को एक्टिव किया गया है।
खौफ! स्कूली छात्रों ने बदल रास्ता
जगनपुर के जंगल में तेंदुए की आहट का खौफ इस कदर है कि स्कूल जाने वाले छात्र एंव छात्राओं ने भी रास्ता बदल दिया है। अब शॉटकट रास्ते से नहीँ, बल्कि आम रास्ते से ही परिजनों की सुरक्षा में छात्र–छात्राएं स्कूल पहुँच रहे है। ग्राम प्रधान राजेश कुमार ने बताया कि तेंदुए ने आर्मी की तैयारियों के लिए दौड़ने वाले जवानों की रेस पर भी ब्रेक लगा दिया है।
ग्रामीणों ने चलाया जंगल में सर्च ऑपरेशनः ग्रामीणों ने वन विभाग की उदासीनता के चलते हाथों में लाठी–डंडे लेकर स्वंय अपनी सुरक्षा करने को मजबूर हैं। दर्जनों ग्रामीण एकत्रित होकर आदमखोर तेंदुए की तलाश में जंगल में कूद पड़े हैं और सर्च ऑपरेशन चला रहे हैं। पंजों के निशान तो मिल रहे हैं, मगर तेंदुए का कोई सुराग नहीँ लग रहा है।ग्रामीणों को डर है कि कहीं तेंदुआ किसी ग्रामीण का शिकार न कर ले, इसके लिए पूरी सतर्कता बरती जा रही है।

## शेरकोट में मंदिर के पुजारी की हत्या

दैनिक अयोध्या टाइम्स जिला प्रभारी वासिद खान । बिजनौर के थाना शेरकोट क्षेत्र में धामपुर–शेरकोट मार्ग हाईवे पर मनोकामना मंदिर के पुजारी की अज्ञात बदमाशों ने की पीट–पीटकर हत्या सुबह मंदिर की सफाई को पहुंची महिलाओं ने मंदिर का मुख्य दरवाजा खुलते नहीं देखा तो दूसरे दरवाजे के निकट सो रही उनकी पत्नी से दरवाजा खुलवाया। मंदिर परिसर में खून से सना शव पड़ा था पुजारी का पुजारी के सिर पर प्रहार किया गया जिलाधिकारी उमेश मिश्रा और एसपी दिनेश सिंह ने कईं थानों की पुलिस के साथ घटनास्थल का निरीक्षण किया पुजारी के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा
पुलिस की कई टीम अन्य जांच पड़ताल में जुटी प दरअसल आपको बता दें जनपद बिजनौर के थाना शेरकोट क्षेत्र के धामपुर–शेरकोट मार्ग पर मनोकामना मंदिर में पुजारी वेगराम सिंह निवासी गांव पुरैनी थाना नूरपुर पिछले कईं वर्षों से अपनी पत्नी जावित्री के साथ मंदिर में पुजारी हैं आज सुबह करीब चार बजे प्रतिदिन मंदिर सफाई के लिए जब कुछ महिलाएं पहुंची तो उन्होंने मंदिर के मुख्य दरवाजे को खटखटाया। जब मुख्य दरवाजा नहीं खुला तो उन्होंने दूसरे दरवाजे को जाकर खटखटाया। इस दरवाजे को पुजारी की पत्नी जावित्री देवी ने खोला। वह मंदिर स्थित कमरे के भीतर सो रहीं थी। मंदिर परिसर की ओर जब ये महिलाएं पहुंची तो उन्हें वेगराम सिंह मृत अवस्था में खून से लथपथ पड़े मिले।



और सिर से खून बह रहा था
घटना से मौके पर चीख–पुकार मच गई सूचना पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने घायल पुजारी को सीएचसी में भर्ती कराया जहां चिकित्सकों ने पुजारी को मृत घोषित कर दिया पुजारी के शव को कब्जे में लेकर पंचायत में भरकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल बिजनौर भिजवा दिया गया है और बिजनौर के जिलाधिकारी उमेश मिश्रा और एसपी दिनेश सिंह ने स्वांटध्सर्विलांस फील्ड यूनिट आदि टीम के साथ घटनास्थल का निरीक्षण किया गया है और घटना के शीघ्र अनावरण के लिए एसपी पूर्वी ओमवीर सिंह के नेतृत्व में तीन टीमें गठित की गई हैं।

## थाना थानाभवन पुलिस द्वारा 03 वाहन चोर गिरफ्तार,कर कब्जे से चोरी की मोटरसाइकिल बरामद की


जलालाबाद,शामली,तहसील संवाददाता(रिपोर्ट फैसल मलिकध दैनिक अयोध्या टाइम्स जनपद शामली।
पुलिस अधीक्षक शामली श्री अभिषेक के आदेशानुसार चलाये जा रहे संदिग्ध वाहनध्व्यक्ति चौकिंग अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक शामली के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी थानाभवन के कुशल नेतृत्व में थाना थानाभवन पुलिस द्वारा सूचना पर 03 वाहन चोरों को चोरी की 01 मोटरसाइकिल सहित गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है । गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना थानाभवन पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है । गिरफ्तार अभियुक्तगण से बरामदा मोटरसाइकिल के संबंध में पूछताछ की गई तो बताया कि उक्त मोटरसाइकिल को मौहल्ला हकीमान कस्बा व थाना थानाभवन से चोरी की थी।ज्ञात हो कि दिनांक 02.08.2022 को समय करीब दोपहर 1.30 बजे वादी श्री ईशु अरोड़ा पुत्र मनोहर लाल निवासी मौ0 हकीमान कस्बा व थाना थानाभवन जनपद शामली द्वारा वादी की मोटरसाइकिल होण्डा शाईन नम्बर–UP& 19A&9556 को मौहल्ला हकीमान से किसी अज्ञात चोर द्वारा चोरी करने के सम्बन्ध में थाना थानाभवन पर तहरीर दाखिल की गई थी । दाखिला तहरीर के आधार पर थाना थानाभवन पर मु0अ0सं0 279/2022 धारा 279,411 भादवि में अभियोग पंजीकृत किया गया था। नाम व पता गिरफ्तार अभियुक्तगण,नईम उर्फ सोनू पुत्र यासीन निवासी मौहल्ला रैतीसराय कस्बा व थाना थानाभवन जनपद



शामली।सावेज पुत्र शमशाद निवासी मौहल्ला खैल कस्बा व थाना थानाभवन जनपद शामली।वाजिद पुत्र मौ0 सईद निवासी मौहल्ला छत्ता बंगला कस्बा व थाना थानाभवन जनपद शामली।

## हाईटेंशन विद्युत तार गिरने से ट्रैक्टर में लगी आग, बाल-बाल बचा किसान

(रिपोर्ट शेखर चौहान) कैराना संवादाता दैनिक अयोध्या टाइम्स जनपद शामली कैराना। क्षेत्र के गांव मोहम्मदपुर राई में कंपेन लेकर जा रहे ट्रेक्टर पर अचानक हाईटेंशन विद्युत लाइन का तार गिर गया,जिसमें ट्रेक्ट में आग लग गई,जबकि किसान मामूली झुलस गया। किसान को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। शनिवार की देर सांय क्षेत्र के गाँव मोहम्मदपुर राई निवासी हाजी अफसरून के खेत पर जीरी काटने के लिए ट्रेक्टर द्वारा कंपेन मशीन लाई जा रही थी। इसी दौरान अचानक हाईटेंशन विद्युत लाइन का तार टूटकर ट्रैक्टर पर गिर गया, जिसके बाद उसमें आग लग गई जबकि किसान मामूली झुलस गया,जिसे



निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। ग्रामीणों का आरोप है कि घटना के घण्टों बाद भी विद्युत विभग का कोई भी अधिकारी मौके पर नहीं पहुँचा और न ही किसी ने फिन रिसीव किया। विद्युत विभग की लापरवाही के चलते किसानों में आक्रोश है।
झूलती हाईटेंशन विद्युत लाइन को सही कराने की लगाई थी गुहार
किसानों का आरोप है कि इससे पूर्व भी विद्युत विभाग के अधिकारियों को झूलती लाइन को बदलवाने के लिए कई बार शिकायत की जा चुकी है,लेकिन लापरवाह अधिकारी किसी बड़ी घटना के इंतजार में है। किसानों का यहां तक कहना है कि बार बार शिकायत के बाद भी कोई ध्यान नही दिया जाता है।
फीडर राम भरोसे
मोहम्मदपुर राई फीडर आजकल राम भरोसे ही चल रहा है, अगर कोई बड़ी घटना या फाल्ट हो जाता है तो विद्युत सप्लाई नहीँ कटती,जबकि अन्य स्थानों पर ऐसी ऑटोमेटिक मशीन लगी हैं, जो फाल्ट के तुरन्त बाद विद्युत सप्लाई बंद हो जाती है। लापरवाही का आलम यह है कि इस फीडर पर ऑटोमेटिक मशीन खराब होने के बाद उसे सही कराना भी गवारा नहीं समझ गया, जिससे कभी भी बड़ी जनहानि हो सकती है।

## समयबद्ध तरीके से गुणवत्ता के साथ करें शिकायतों का निस्तारण-डीएम -एसएसपी ने सम्पूर्ण समाधान दिवस में सुनी समस्याएं,33 में से चार शिकायती पत्रों का हुआ मौके पर निस्तारण

(रिपोर्ट शेखर चौहान) कैराना संवादाता दैनिक टाइम्स जनपद शामली कैराना। डीएम की अध्यक्षता में तहसील सभागार कक्ष में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान उनके समक्ष 33 शिकायती प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किए गए, जिनमें से चार का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। शेष बचे शिकायती पत्रों को यथाशीघ्र निस्तारण हेतु संबंधित विभागों को प्रेषित किया गया है। शनिवार को तहसील के सभागार कक्ष में जिलाधिकारी जसजीत कौर व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अभिषेक ने संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान फरियादियों की समस्याएं सुनी। इस दौरान सीडीओ शंभू नाथ तिवारी भी मौजूद रहे। डीएम ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप शिकायतों का निस्तारण समयबद्ध तरीके से सुनिश्चित करें। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी और लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों पर कार्रवाई की जाएगी। एसएसपी ने कहा कि फरियादियों की शिकायतों को गंभीरता से लेकर उसमें तत्काल आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करें। संपूर्ण समाधान दिवस में चकरोड, तालाब, शमशान व कब्रिस्तान की भूमि पर अवैध कब्जों को हटवाने एवं पक्के मकान बनवाने आदि से सबंधित शिकायतें प्राप्त हुई। जिनमें कैलाश चंद निवासी किशोरपुर व इकबाल निवासी एलम ने चकरोड की पैमाइस, रामपाल निवासी पंजीठ ने घेर पर विपक्षी के द्वारा किए जा रहे कब्जे को हटवाने,




हेमा निवासी कांधला ने पक्के मकान बनवाने सहित कुल 33 शिकायती प्रार्थना पत्र प्रस्तुत हुए, जिनमें से मौके पर 4 का निस्तारण कर दिया गया। शेष शिकायती पत्रों को यथाशीघ्र निस्तारण हेतु संबंधित विभागों को प्रेषित कर दिया गया। इस अवसर पर एसडीएम शिवप्रकाश यादव, तहसीलदार प्रियंका जायसवाल सहित सभी विभागों के अधिकारी एंव कर्मचारीगण मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### ससुरालियों पर पांच लाख रुपए नकद सहित सफारी कार की मांग पूरी न करने पर मारपीट गाली गलौज सहित जान से मारने की धमकी का आरोप

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो बिजनौर अफजलगढ़। गांव मुरलीवाला निवासी विवाहिता ने ससुरालियों पर पांच लाख रुपए नकद सहित सफारी कार की मांग पूरी न करने पर मारपीट गाली गलौज सहित जान से मारने की धमकी का आरोप लगाते हुए पति सहित सास ससुर आदि के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई। गांव मुरलीवाला निवासी विवाहिता भारती कश्यप पुत्री राजेन्द्र सिंह ने पुलिस में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि उसकी शादी 20 फरवरी 2022 को गांव शहजादपुर थाना शेरकोट निवासी अमित कुमार पुत्र राजेश सिंह के साथ हिन्दू रीति रिवाज के मुताबिक हुई थी। पीड़िता ने बताया कि उसका पति अमित कुमार ससुर राजेश सिंह,जेठ सोनू,रवि, जेठानी शोभा तथा अनीता गांव शहजादपुर थाना शेरकोट निवासी शादी के बाद से दहेज से खुश नही थे ओर दहेज की मांग करते चले आ रहे थे पीड़ित का कहना है कि यह लोग दहेज में पांच लाख रूपये सहित एक सफारी कार लाने की मांग कर रहे थे ओर यह लोग पैसे न देने पर मारपीट कर उसका उत्पीड़न कर रहे थे ओर जान से मारने की धमकी दे रहे थे 19 जुलाई 2022 को पीड़िता को जेठानी शोभा द्वारा जान से मार देने की बात कहते हुए पीड़िता के पति अमित कुमार ने पीड़िता का जान से मारने की नियत से गला दबाया तथा ससुरालियों ने घर से बाहर निकाल दिया कहने लगे की पहले अपने घर से पांच लाख रूपया नकदी व सफारी कार लेकर आओ फिर घर आना नहीं तो जिंदा जलाकर जान से मार देंगे। जिसके चलते पीड़िता ने आरोपियों के खिलाफ पुलिस को नामजद तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कराई। उधर कोतवाल मनोज कुमार सिंह ने पीड़िता भारती कश्यप की तहरीर पर गांव शहजादपुर थाना शेरकोट निवासी पति अमित कुमार ससुर राजेश सिंह तथा जेठ सोनू सहित छह लोगों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है। जांच कर कार्रवाई की जायेगी।

### चार लोगों पर गाड़ी में साइड लगने को लेकर दुकान में घुसकर गाली गलौज व मारपीट कर जान से मारने की धमकी का आरोप

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो बिजनौर अफजलगढ़। थाना क्षेत्र के गांव कादराबाद निवासी एक व्यक्ति ने गांव अनवरपुर चंडिका निवासी चार लोगों पर गाड़ी में साइड लगने को लेकर दुकान में घुसकर गाली गलौज व मारपीट कर जान से मारने की धमकी का आरोप लगाते हुए नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई। गांव कादराबाद निवासी पीड़ित दिनेश कुमार पुत्र धर्मपाल सिंह ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि शुक्रवार को दोपहर गांव विजयनगर बस स्टैंड पर गाड़ी में साइड लगने को लेकर एक विवाद हो गया था। पीड़ित दिनेश कुमार गांव विजयनगर स्थित स्पेयर पार्ट्स की वह दुकान पर बैठा था। तभी गांव अनवरपुर चंडिका निवासी दलवीर सिंह, उदयवीर सिंह,केशव तथा मोनू ने अकारण ही पीड़ित दिनेश की दुकान पर घुसकर उसके साथ मारपीट की तथा उसका स्पेयर पार्ट का सामान इधर–उधर फेंकने लगे पीड़ित के विरोध करने पर उसको जान से मारने की धमकी देते हुए वहां फरार हो गए पीड़िता ने पुलिस को तहरीर देकर नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई। उधर इस सम्बन्ध में कोतवाल मनोज कुमार सिंह ने रिपोर्ट दर्ज किये जाने की पुष्टि करते हुए जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जायेगी।

### कातिलाना हमले में वांछित पूर्व प्रधानपति के घर पर पुलिस ने मारी दबिश

(रिपोर्ट शेखर चौहान) कैराना संवाददाता दैनिक अयोध्या टाइम्स जनपद शामली कैराना। कातिलाना हमले वांछित पूर्व प्रधानपति के मकान पर पुलिस ने दबिश दी,लेकिन कोई सफलता है हाथा नहीँ लगी। कातिलाना हमले वांछित चल रहे क्षेत्र के गाँव मन्नामाजरा निवासी पूर्वप्रधानपति सरवेज के मकान पर शुक्रवार की देर रात्रि पुलिस ने दबिश डाली, लेकिन कोई सफलता नहीँ मिली। बताया जाता है कि वर्ष 2017 में मामूली कहा सुनी के बाद गाँव में गोली चल गई थी, जिसमें फरमान पुत्र भूरा उर्फ झग्गा, असजद पुत्र जबरा गोली लगने से घायल हो गए थे। पीड़ित ने सरवेज के खिलाफ कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया था। इसी मामले में पूर्व प्रधानपति वांछित चल रहा है।

### मामूली बात पर मारपीट कर किया घायल

कैराना। टैम्पू में बैठकर किसी कार्य से कैराना की ओर आ रहे ग्रामीण को रास्ते में मारपीट कर घायल किया।
शुक्रवार को क्षेत्र के गांव गोगवान निवासी इरशाद पुत्र जमील टैम्पू में सवार होकर कैराना किसी कार्य से आ रहा था, जैसे ही भूरा–झिंझाना मार्ग पर स्थित हरीशचन्द्र के बाग के निकट पहुंचा तो भूरा निवासी नीटू के साथ किसी बात को लेकर मामूली कहा सुनी हो गई और इसी दौरान इरशाद के साथ मारपीट कर उसे घायल कर दिया।पीड़ित ने कोतवाली पहुँचकर घटना की जानकारी दी। पुलिस ने घायल का मेडिकल कराने के बाद जाँच कार्रवाई शुरू कर दी है।

### दुसरे दिन भी मिले दहशत के निशान,ग्रामीण परेशान

कैराना। तेंदुए की आहट से ग्रामीणों को खौफ के साए में जीने को मजबूर होना पड़ रहा है। दूसरे दिन भी तेंदुए के पैरों के निशान मिलने से ग्रामीण दहशत में हैं। वहीं किसान द्वारा खेत में तेंदुआ देखे जाने की पुष्टि के बाद ग्रामीण सतर्क हो गए हैं।
क्षेत्र के गांव जगनपुर के जंगल में आदमखोर तेंदुए के होने के निशानात मिले हैं। वहीं खेत पर गए किसान द्वारा जयसिंह प्रधान के खेत में तेंदुआ देखे जाने के बाद ग्रामीणों में दहशत व्याप्त है।डर इस कदर है कि किसानों ने खेतों पर जाना बंद कर दिया है और अगर जाते भी हैं तो दर्जनों किसान इकट्ठा होकर हाथों में लाठी–डंडे लेकर निकलते हैं। ग्राम प्रधान राजेश कुमार की शिकायत पर शुक्रवार की दोपहर वन विभाग के उपनिरीक्षक आदित्य शर्मा के नेतृत्व में तीन सदस्य टीम गाँव में पहुँची थी और जंगलों में तेंदुए के पैरों के निशान मिलने के बाद ग्रामीणों को सतर्क रहने के निर्देश दिए थे। इस दौरान टीम ने जंगल में तेंदुए को पकड़ने के लिए सर्च अभियान भी चलाया था, लेकिन उसका कोई सुराग नहीँ लगा था,जिसके बाद टीम वापस लौट गई थी। आज फिर जयसिंह नामक किसान के खेत में तेंदुआ घूमता देखा गया,जिसके बाद ग्रामीणों में दहशत फैल गई। अभी तक वन विभाग की ओर से तेंदुए को पकड़ने के लिए कोई ठोस कदम नहीँ उठाये गए हैं। वन विभग की सुस्त कार्रवाई से ग्रामीण भी खफा है। उनका कहना है कि विभाग की ओर से आदमखोर तेंदुए को पकड़ने के लिए न तो कोई जाल लगाया गया है और न पिंजरे आदि को एक्टिव किया गया है।

### खौफ! स्कूली छात्रों ने बदल रास्ता

जगनपुर के जंगल में तेंदुए की आहट का खौफ इस कदर है कि स्कूल जाने वाले छात्र एंव छात्राओं ने भी रास्ता बदल दिया है। अब शॉटकट रास्ते से नहीँ, बल्कि आम रास्ते से ही परिजनों की सुरक्षा में छात्र–छात्राएं स्कूल पहुँच रहे है। ग्राम प्रधान राजेश कुमार ने बताया कि तेंदुए ने आर्मी की तैयारियों के लिए दौड़ने वाले जवानों की रेस पर भी ब्रेक लगा दिया है।

### ग्रामीणों ने चलाया जंगल में सर्च आपरेशन



ग्रामीणों ने वन विभाग की उदासीनता के चलते हाथों में लाठी–डंडे लेकर स्वंय अपनी सुरक्षा करने को मजबूर हैं। दर्जनों ग्रामीण एकत्रित होकर आदमखोर तेंदुए की तलाश में जंगल में कूद पड़े हैं और सर्च ऑपरेशन चला रहे हैं। पंजों के निशान तो मिल रहे हैं, मगर तेंदुए का कोई सुराग नहीँ लग रहा है।ग्रामीणों को डर है कि कहीं तेंदुआ किसी ग्रामीण का शिकार न कर ले, इसके लिए पूरी सतर्कता बरती जा रही है।

# वांछित अपराधी गिरफ्तार

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो रिपोर्ट बजरंगी गुप्ताउतरौला(बलरामपुर) थानाध्यक्ष श्रीदत्तगंज विपुल कुमार पाण्डेय के नेतृत्व मे शनिवार को



थाना श्रीदत्तगंज के उ0नि0 आलोक चन्द्रा मय टीम के द्वारा देखभाल क्षेत्र, भ्रमण एवं तलाश वांछित के दौरान सम्बन्धित मामला संख्या 2306/2021धारा 323/325/308/504/506 आईपीसी को0उतरौला का एक वर्ष से अधिक समय से फरार दो वारंटी अभियुक्त श्याम नरायन पुत्र बच्चूलाल निवासी ग्राम खम्हरिया आलादाद, थाना श्रीदत्तगंज, जनपद बलरामपुर शेषराम पुत्र बच्चूलाल निवासी ग्राम खम्हरिया आलादाद, थाना श्रीदत्तगंज, जनपद बलरामपुर को गिरफ्तार कर न्यायालय रवाना किया गया।

# तिरंगा अभियान लोगो की भागीदारी

दैनिक अयोध्या टाइम्स फतेहपुर 06 अगस्त 2022







जिला पंचायत राज अधिकारी फतेहपुर ने बताया कि आज जनपद में हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत समूह द्वारा तैयार किए झंडा का ग्राम पंचायत के प्रधान के माध्यम से ग्रामों में जनसामान्य को झंडो को 13 से15 अगस्त के बीच फहराए जाने हेतु वितरण किया गया ,इसके साथ ही हर घर तिरंगा अभियान लोगो की भागीदारी हेतु ग्राम पंचायत व विभिन्न विद्यालयों में गतविधिया आयोजित कराई गई।

जनपद में झंडा फहराने का कुल लक्ष्य 5.67 लाख है जिसमे 2.65 लाख झंडा शासन से मिलना है तथा 3.02 लाख जनपद स्तर पर तैयार कराना था। जनपद स्तर पर तैयार किए जाने वाले लक्ष्य के सापेक्ष 3.10 झंडे स्वयं सहायता समूह ,नगर पालिका,नगर पंचायत,विभाग व,संगठन के द्वारा तैयार ६ क्रय कर अपने लक्ष्य पूर्ण कर लिया गया है, इसके साथ ही जो झंडे समूह द्वारा तैयार किए गए है उन्हे ग्राम पंचायतों,विभागो द्वारा क्रय कर वितरण किया जा रहा है इसी प्रकार नगर पालिकाध नगर पंचायत द्वारा क्रय किए गया झंडे शहर वासियों को वितरित किए जा रहे है,विभागो ,संगठन और संस्थाओं द्वारा की झंडे अपने कर्मचारियों को वितरण किया जा रहा है।

# कुरावली में जिलाधिकारी ने सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर सुनी जनशिकायते

मनोज शर्मा,ब्यूरो चीफ

मैनपुरी 6 अगस्त, सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर तहसील कुरावली में जन–शिकायतें सुनने के उपरान्त जिलाधिकारी अविनाश कृष्ण सिंह ने उपस्थित अधिकारियों से कहा कि इस दिवस पर प्राप्त शिकायतों का स्वयं संज्ञान लेकर निस्तारण करें, यथा सभंव मौके पर जाकर समस्या का समाधान कराया जाये, अधीनस्थों की रिपोर्ट पर निस्तारण आख्या किसी दशा में न भेजी जाय, चकरोड, सार्वजनिक भूमि पर अनाधिकृत कब्जे किसी दशा में न रहें, पट्टों पर आवंटित पट्टेदार ही काबिज रहें यदि पट्टे की भूमि पर कहीं भी अनाधिकृत कब्जे न रहे, दाखिल खारिज के दौरान



विवरण भरते समय नाम, पता का विशेष ध्यान रखा जाय किसी भी दशा में प्रविष्टि के दौरान गलत नाम, पता अंकित न हो सुनिश्चित किया जाय। उन्होंने कहा कि सम्पूर्ण समाधान दिवसों में अधिकांश शिकायतें भूमि पर अनाधिकृत कब्जों की मिल रहीं है प्राप्त शिकायतों का प्रभावी निराकरण किया जाय अनाधिकृत कब्जा पुलिस, राजस्व टीम मौके पर जाकर हटवाये, यदि एक बार कब्जा हटवाने के बाद पुनः कब्जा किया जाय तो उसे भू–माफिया में चिन्हित कर उसके विरूद्व प्राथमिकी दर्ज करायी जाय। आज आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर तहसील कुरावली के दूर–दराज, आंचलों से आये 22 शिकायतकर्ताओं ने प्राथर्ना पत्र प्रस्तुत किए, जिनमें से 03 शिकायतों का मौके पर ही निराकरण कर फरियादियों को तत्काल राहत प्रदान की। न. मितकर निवासी बीना ने निजी भवन पर दबंगई, गुंडागदी के बल पर कब्जा करने, तिसौली नि. जसपाल सिंह ने आबादी पट्टा गाटा संख्या 2025 में 100 वर्ग मीटर भूमि पर अनाधिकृत कब्जा करने, दूल्हापुर नि. प्रताप सिंह ने संक्रमणीय भूमि की पैमाइश कराने, गणेशपुर नि. किताब सिंह ने गाटा संख्या 584 की पैमाइश कराने, न. किन्हर नि. सरवेन्द्र ने लेखपाल द्वारा चकरोड की गलत पैमाइश करने, निजामपुर निवासी मनीराम ने पैतृक भूमि पर जबरन कब्जा करने की शिकायत की, जिस पर उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निधारित समय सीमा में प्राप्त सभी शिकायतों को गुणवत्ता के साथ निराकरण करने हेतु निर्देशित किया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक कमलेश दीक्षित, उप जिलाधिकारी कुरावली युगान्तर त्रिपाठी, मुख्य चिकित्सा धिकारी डा. पी.पी. सिंह, प्रभागीय निदेशक सामाजिक वानिकी एस. एन. मौर्य, परियाजना निदेशक डीआरडीए के.के सिंह, क्षेत्राधिकारी कुरावली सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

# उद्योग ब्यापार मंडल मिश्रा गुट की बैठक संपन्न

असोथर संवाददाता/अमर केसरवानी

दैनिक अयोध्या टाइम्स फतेहपुर असोथर। नवसृजित नगर पंचायत असोथर में उद्योग ब्यापार मंडल मिश्रा गुट की बैठक मंडल अध्यक्ष लक्ष्मी चन्द्र आर्य की अध्यक्षता में प्राइवेट बस स्टैंड के समीप ब्यापारी सर्वेश मोदनवाल के अहाते में हुई जिसमें नगर के लगभग दो सैकड़ा ब्यापारियो ने भाग लिया अध्यक्षता कर रहे मंडल अध्यक्ष लक्ष्मी चन्द्र आर्य ने ब्यापारियो की समस्याओं से लडने के लिए संगठन मजबूती पर जोर डाला और बताया कि संगठन में 430 सदस्य बन चुके हैं और अभी भी सदस्यता अभियान अनवरत जारी है। बैठक में महामंत्री आनंद कुमार केसरवानी, सर्वेश मोदनवाल,आदि पदाधिकारियों ने ब्यापारियो के हितो के संबंध में चर्चा करने के साथ ही मुख्य रूप से दिल्ली में ब्यापार मंडल के राष्ट्रीय सम्मेलन में ज्यादा से ज्यादा ब्यापारियो को चलने के लिए प्रेरित किया साथ ही नगर पंचायत असोथर में उद्योग ब्यापार मंडल का सम्मेलन कराने की चर्चा की गई आये दिन ब्यापारियो को नाजायज परेशान करने वाले विभागों के खिलाफ आवाज उठाने की बात जोरदार तरीके से रखी गई और कहा कि ब्यापारियो का उत्पीडन किसी भी दशा में बर्दाशत नहीं किया जायेगा इसके लिए आर पार की लड़ाई लड़ी जायेगी जिसके बाद ब्यापार मंडल की एकता को लेकर जिंदाबाद के जयकारों से पांडाल गूं ज उठा।

इस मौके पर प्रमुख रुप से शम्भू, ओमप्रकाश, राजेश कुमार,छोटू गुप्ता,प्रिंशू गुप्ता,अभिषेक,दशरथ, मुन्नू



सिंह,श्री कृष्ण शुक्ल, छोटटन,लकी, उत्तम मोदनवाल, हरेंद्र निषाद आदि सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# अमृत महोत्सव अन्तर्गत आगामी 11अगस्त से 17अगस्त तक स्वतंत्रता सप्ताह तथा हर तिरंगा कार्यक्रम

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो रिपोर्ट बजरंगी गुप्ता उतरौला(बलरामपुर) प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रेरणा तथा प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में आजादी का अमृत महोत्सव अन्तर्गत आगामी 11अगस्त से 17अगस्त तक स्वतंत्रता सप्ताह तथा हर तिरंगा कार्यक्रम में क्षेत्रवासियों की शत –प्रतिशत सहभागिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से प्रधानाचार्य अबुल हाशिम खां की अगुवाई में स्कूलो में शिक्षारत छात्र–छात्राओं ने विशाल तिरंगा रैली निकाली।

जागरूकता रैली में शामिल छात्र–छात्राओं ने पूरे उत्साह और उमंग के साथ ष्योमे आजादी अमर रहेश हिन्दुस्तान जिन्दाबादश स्वतंत्रता संग्राम सेनानी अमर रहें,अमर रहें लगाये जा रहे गगन भेदी नारों जैसे इस बात की गारंटी ली कि आने वाले स्वतंत्रता सप्ताह तथा हर घर तिरंगा कार्यक्रम के लिए उतरौला पूरी तरह से तैयार है।जागरूकता रैली पर लोगों ने फूल पंखुड़ियों की बारिश कर मानो यह पैगाम भी दिया कि डीएम के नेतृत्व में आजादी का अमृत महोत्सव क्षेत्र में एक नई मिशाल कायम करेगा।मोहम्मद युसुफ उस्मानी इंटर कालेज से प्रधानाचार्य अबुल हाशिम खां ने हरी झंडी दिखाकर विशाल जागरूकता रैली को रवाना किया।इससे पूर्व रैली को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री की प्रेरणा से आयोजित हो रहे श्आजादी के अमृत महोत्सवश का मुख्य उद्देश्य यही है कि प्रत्येक नागरिक के मन में राष्ट्र प्रेम की भावना जागृत करते हुए स्वतंत्रता के प्रतीकों के प्रति सम्मान का भाव उजागर हो तथा



हम अपने राष्ट्र ध्वज जो हमारी अस्मिता तथा श्आन बान शान श्का प्रतीक का सम्मान कर गौरान्वित हो सकें।प्रधानाचार्य ने सभी से अपील की कि आजादी के 75वीं वर्षगांठ के अवसर पर हम अपने अमर सेनानियों को कैसे भूल सकते हैं।जिनकी कुर्बानियों की वजह से हमे आजाद मुल्क और संविधान प्राप्त हुआ है जो हमारे मौलिक अधिकारों को रेखांकित करता है।रैली में अध्यापक अब्दुर्रहमान सिद्दीकी,पंकज पाण्डेय,सलमान खान,आरिफ हुसैन,मोहीउद्दीन,बीएन सिंह,अफजाल मलिक,शहनवाज खान,सुहेल अहमद,नूरूद्दीन खां समेत सैकड़ों की संख्या में छात्र छात्राएं चल रहे थे।

# शिकायतों का समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण करें अधिकारी- डीएम

## जनपद स्तरीय संपूर्ण समाधान दिवस तहसील उतरौला सभागार में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में सम्पन्न

• दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो रिपोर्ट बजरंगी गुप्ता

बलरामपुर! शनिवार को शासन की मंशानुरूप आमजनमानस की शिकायतों एवं समस्याओं के प्रभावी ढंग से निस्तारण हेतु संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन जनपद के सभी तहसीलों में संपन्न हुआ।

तहसील उतरौला में जिलाधिकारी डा0 महेन्द्र कुमार ने संपूर्ण समाधान दिवस में सुनी फरियादियों की शिकायतें सम्बन्धित अधिकारियों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि सभी विभागाध्यक्ष शिकायतों का निस्तारण स्वयं करें, इसकी निगरानी निरन्तर करते रहे। उन्होंने कहा कि जमीनी विवाद, अवैध अतिक्रमण, नाली, चकरोट आदि मामलों में पुलिस एवं राजस्व की संयुक्त टीम द्वारा मौके पर जाकर विवाद का निस्तारण करें। सभी लेखपाल एवं राजस्व निरीक्षकों को निर्देश दिया गया कि सरकारी जमीनों पर किसी भी प्रकार का अवैध अतिक्रमण न होने दें। केन्द्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं का समस्त अधिकारी पात्र लाभार्थियों को लाभ अवश्य दिलाएं, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही क्षम्य



नहीं की जायेगी।

संपूर्ण समाधान दिवस में जनता की समस्याओं को सुनते हुये जिलाधिकारी ने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया कि आई0जी0आर0एस0 पोर्टल पर किसी भी प्रकार की शिकायत लम्बित न रहे, शासन एवं जनपद स्तर पर निरंतर इसकी निगरानी की जा रही है। शिकायत लम्बित होने पर सम्बन्धित अधिकारी की जिम्मेदारी सुनिश्चित करते हुये विभागीय कार्यवाही की जायेगी।

संपूर्ण समाधान दिवस उतरौला में कुल 77 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए जिसमें से मौके पर 14 शिकायतों का निस्तारण किया गया। शेष शिकायतों का तीन दिवस के भीतर संबंधित विभागों के अधिकारी स्थलीय सत्यापन करते हुए गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करेंगे।

इस दौरान पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सक्सेना, एसडीएम संतोष कुमार ओझा, तहसीलदार रामआश्रय, सीएमओ डा0 सुशील कुमार, पीडी चन्द्र प्रकाश, जिला विकास अधिकारी गिरीश चन्द्र पाठक, डीपीआरओ नीलेश प्रताप सिंह, उप निदेशक कृषि डा0 प्रभाकर सिंह, जिला कृषि अधिकारी आर0पी0 राना, समाज कल्याण अधिकारी एम0पी0 सिंह, जिला प्रोबेशन अधिकारी सतीश चन्द्र, बीएसए डा0 रामचन्द्र, जिला कार्यक्रम अधिकारी निहारिका विश्वकर्मा, सीओ उदय राज सिंह व अन्य जनपद स्तरीय अधिकारी /कर्मचारी उपस्थित रहे।

तहसील तुलसीपुर में अपर जिलाधिकारी राम अभिलाष की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन संपन्न हुआ। संपूर्ण समाधान दिवस में 48 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए जिसमें से मौके पर 07 प्रार्थना पत्र का निस्तारण कर दिया गया, शेष शिकायतों का संबंधित विभाग के अधिकारी तीन दिवस के भीतर स्थलीय सत्यापन करते हुए निस्तारण सुनिश्चित करेंगे। इस अवसर पर एसडीएम मंगलेष दूबे, सीओ कुँवर प्रभात् सिंह, तहसीलदार व अन्य तहसील स्तरीय अधिकारीध्कर्मचारीगण मौजूद रहे। तहसील बलरामपुर में मुख्य विकास अधिकारी संजीव कुमार मौर्या की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस संपन्न हुआ। संपूर्ण समाधान दिवस बलरामपुर में 42 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए जिसमें से मौके पर 08 प्रार्थना पत्रों का निस्तारण कर दिया गया, शेष प्रार्थना पत्रों का निस्तारण संबंधित विभागों के अधिकारी स्थलीय सत्यापन करते हुए तीन दिवस के भीतर निस्तारण करना सुनिश्चित करेंगे। इस दौरान एसडीएम राजेन्द्र बहादुर, सीओ राधारमण सिंह, तहसीलदार अरुण कुमार व अन्य तहसील स्तरीय अधिकारीध्कर्मचारी मौजूद रहे।

**मंत्री जयवीर सिंह ने आजादी के अमृत महोत्सव के अंतगर्त ''हर घर तिरंगा'' कार्यक्रम में की शिरकत**

# जनपद में 11 से 17 अगस्त के मध्य आयोजित होने वाले कार्यक्रम पूरी भव्यता के साथ आयोजित हों- जयवीर सिंह

• मनोज शर्मा ब्यूरो चीफ

मैनपुरी 6 अगस्त, पयर्टन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने आजादी के अमृत महोत्सव के अंतगर्त ''हर घर तिरंगा'' कार्यक्रम की तैयारियों की जानकारी लेते हुए कहा कि जनपद में 11 से 17 अगस्त के मध्य आयोजित होने वाले कार्यक्रम पूरी भव्यता के साथ आयोजित हों, इस अवधि में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों का डॉक्यूमेन्टेशन कराया जाए, आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार कर कार्यक्रम कराए जाएं, जनपद हर घर तिरंगा कार्यक्रम होने वाले कार्यक्रमों में प्रदेश में सबसे आगे रहे।



उन्होंने कहा कि सांस्कृतिक विभाग द्वारा प्रदेश से विलुप्त हो रही पुरानी विधाओं को पुनर्जीवित करने का तेजी से प्रयास किया जा रहा है, विभिन्न विधाओं से जुड़े कलाकारों को विभाग में सूचीबद्ध कर उन्हें प्रदेश के प्रत्येक जनपद में प्रचलित विधाओं पर आधारित कार्यक्रम कराए जा रहे हैं, कलाकारों के मानक तय कर उनका पारिश्रमिक निर्धारित किया गया है ताकि पुरानी विधाओं से जुड़े कलाकारों को लाभ मिले। उन्होंने कहा कि सांस्कृतिक कार्य विभाग द्वारा 11 से 17 अगस्त के मध्य प्रत्येक जनपद में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित कराए जाएंगे, इन कार्यक्रमों में कलाकारों को अपनी विधाओं को प्रदर्शित करने का अवसर मिलेगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश में इन कार्यक्रमों को भव्यता से संपन्न कराए जाने हेतु सांस्कृतिक विभाग द्वारा प्रत्येक जनपद को 05 लाख का बजट आवंटित किया गया है, प्रत्येक जनपद में सांस्कृतिक परिषद का गठन कर वहां पयर्टन अधिकारी की तैनाती की गई है जल्द ही पयर्टन विभाग के खाते में 10 लाख रु. की धनराशि और भेजी जाएगी जिससे पयर्टन को बढ़ावा देने के लिए निरंतर कार्यक्रम आयोजित हो सकें। उन्होंने कहा कि जनपद में प्रदेश की सांस्कृतिक विरासत को आगे बढाने और जनपद वासियों को इसकी जानकारी उपलब्ध कराने के उद्देश्य से प्रतिमाह एक भव्य कार्यक्रम आयोजित होगा, जिसमें देश–प्रदेश के मशहूर कलाकारों को देखने, सुनने का अवसर मिलेगा।

पयर्टन एवं संस्कृति मंत्री द्वारा अब तक की गई तैयारियों की जानकारी करने पर जिलाधिकारी अविनाश कृष्ण सिंह ने बताया कि आजादी के अमृत महोत्सव के अंतगर्त आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में जनपद के प्रत्येक व्यक्ति की सहभागिता सुनिश्चित कराने, प्रत्येक व्यक्ति को इन कार्यक्रमों से जुड़ने के लिए निरंतर कार्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं, प्रतिदिन किसी न किसी कस्बे में विद्यालयों के छात्रों द्वारा जन जागरूकता रैली आयोजित की जा रही है, जिसमें विशाल जनसमूह अपनी सहभागिता सुनिश्चित करा रहा है, 08 अगस्त को राजकीय इंटर कॉलेज से कम से कम 25 हजार छात्रों के साथ जनपद स्तरीय जागरूकता रैली का आयोजन होगा, यह रैली शहर के मुख्य मार्ग से होते हुए लोहिया पार्क पर समाप्त होगी, इस रैली में जनपद के प्रत्येक कस्बे, ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों की सहभागिता सुनिश्चित कराई जाएगी, ग्रामीण क्षेत्रों में भी प्रतिदिन रैलियों का आयोजन किया जा रहा है, 12 अगस्त को पुलिस लाइन से गोला बाजार, डीएम आवास होते हुए भाजपा कार्यालय, जेल चौराहा होते हुए पुलिस लाइन तक हाफ मैराथन दौड़ का आयोजन किया जा रहा है, हाफ मैराथन दौड़ में जनपद के अधिक से अधिक व्यक्तियों को शामिल करने के प्रयास होंगे, हाफ मैराथन दौड़ में प्रथम स्थान पाने वाले विजेता को रू. 10 हजार, द्वितीय स्थान पर रहने वाले को रू. 07 हजार एवं तृतीय स्थान पाने वाले को रू. 05 हजार का पुरस्कार प्रदान किया जाएगा।

जिलाधिकारी ने बताया कि स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर शहीद स्मारकों पर दीपोत्सव के कार्यक्रम आयाजित होगें, जनपद के सभी कायार्लयों पर सजावट होगी, मुख्य मार्गों पर लगे विद्युत पोल भी तिरंगा लाइटों से सजाये जाएंगे, मुख्य चौराहों पर निरंतर लाउडस्पीकर के माध्यम से देशभक्ति के गीत प्रसारित होंगे, स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों, वीर शहीदों के परिजनों, आश्रितों को विभिन्न स्तर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने पयर्टन मंत्री को बताया कि जनपद में अभिनव प्रयोग के तहत प्राथमिक विद्यालय से लेकर महाविद्यालय तक के छात्र–छात्राओं को देश को आजाद कराने में अपने प्राणों को आहुति देने वाले वीर बलिदानियों, स्वतंत्रता आंदोलन के तहत वर्ष 1800 से लेकर वर्ष 1950 के मध्य हुए विभिन्न आंदोलनों, भेद–भाव, छुआछूत मिटाने से लेकर देश को प्रगति के पथ पर ले जाने में अपना सहयोग देने वाले महापुरुषों के जीवन के बारे में बतायें जाने हेतु एक घण्टा की अतिरिक्त कक्षा संचालित हो रही है, ताकि बच्चों को भी अपने देश के गौरवमई इतिहास की जानकारी हो सके इसके अतिरिक्त छात्र–छात्राओं के मध्य पोस्टर, वाद–विवाद, निबंध, पेंन्टिग प्रतियोगितायें आयोजित करायी जा रही है, 13 अगस्त लेकर 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए प्रत्येक घर तक झंडा पहुंचे इसके लिए जनपद के समस्त विकासखंडों के ग्राम सचिवालयों में 02 लाख 06 हजार 976 झण्डों की उपलब्धता सुनिश्चित कराई गई है, नगरीय क्षेत्रों में सभी नगर निकायों पर 70 हजार 500 झंडे की व्यवस्था की गई है इसके अतिरिक्त 01 लाख 70 हजार झण्डे आगामी दो दिन में लघु एवं सूक्ष्म विभाग द्वारा उपलब्ध कराये जा रहे हैं, निर्धारित तिथियों में प्रत्येक घर, प्रतिष्ठान, सरकारी, गैर सरकारी कायार्लयों, सावर्जनिक स्थलों पर झंडा फहरे, सभी जनपद वासी उत्साह, उमंग के साथ आजादी के इस पर्व को मनाकर जनपद को अग्रिम पंक्ति में लाने में अपना योगदान दें, इस हेतु विशेष प्रयास किये जा रहे है, अब तक की तैयारियों, आगे आयोजित होने वाले कार्यक्रम की रुपरेखा से संस्कृति मंत्री संतुष्ट दिखे। इस दौरान पूर्व मंत्री, विधायक भोगांव राम नरेश अग्निहोत्री, जिलाध्यक्ष प्रदीप चौहान, पुलिस अधीक्षक कमलेश दीक्षित, मुख्य विकास अधिकारी विनोद कुमार, अपर जिलाधिकारी राम जी मिश्र, उप जिलाधिकारी सदर नवोदिता शर्मा, पूर्व विधायक अशोक चौहान, प्रांतीय उपाध्यक्ष आलोक गुप्ता, पूर्व जिलाध्यक्ष अरविंद तोमर, शिव प्रताप सिंह, उदय चौहान, सुमन चौहान, उत्तम गुप्ता, विनय मिश्रा, रोहित राजपूत, शेखर चौहान आदि उपस्थित रहे।

# श्री देवी मेला एवं ग्राम सुधार प्रदशर्नी के भव्य एवं ऐतिहासिक पंडाल में आजादी का अमृत महोत्सव का आयोजन किया

मनोज शर्मा ब्यूरो चीफ

मैनपुरी 6 अगस्त, श्री देवी मेला एवं ग्राम सुधार प्रदशर्नी के भव्य एवं ऐतिहासिक पंडाल में आजादी का अमृत महोत्सव कार्यक्रम के अंतगर्त बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित हर घर तिरंगा कार्यक्रम में जनपद के प्रत्येक विकास खंड के विभिन्न विद्यालयों से बाइक तिरंगा रैली के माध्यम से आए शिक्षकों, शिक्षा विभाग के अधिकारियों, कमर्चारियों, स्कूली बच्चों को संबोधित करते हुए प्रदेश के पयर्टन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि कायर्क्रम स्थल पर बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा स्वतंत्रता आंदोलन पर आधारित आयोजित प्रदशर्नी, प्राथमिक विद्यालयों के बच्चों द्वारा दी गई मोहक प्रस्तुति से महसूस हो रहा है कि जनपद के परिषदीय विद्यालयों का हर क्षेत्र में कायाकल्प हो चुका है, जनपद के प्राथमिक विद्यालयों में शिक्षा ग्रहण कर रहे बच्चे अब कान्वेंट स्कूल के बच्चों से किसी भी क्षेत्र में कम नहीं है, कायर्क्रम प्रस्तुत करने वाले सभी बच्चे प्रतिभावान हैं, यही बच्चे देश का भविष्य है, यही बच्चे आगे चलकर भारतीय प्रशासनिक सेवा, चिकित्सा के क्षेत्र, इंजीनियरिंग आदि क्षेत्रों में जाकर देश का नाम रोशन करेंगे, इन्हीं बच्चों के हाथों देश का भविष्य सुरक्षित होगा। उन्होंने कहा कि देश के भविष्य बच्चों को सवारने, बच्चें में छिपी प्रतिमा को निखारने का काम करने वाले सभी शिक्षक भी बधाई के पात्र हैं, जिन्होंने इन बच्चों को पूरी तरह विकसित किया है। पयर्टन एवं संस्कृति मंत्री ने आजादी के अमृत महोत्सव के अंतगर्त जनपद में अब तक हुए विभिन्न कायर्क्रमों, आज बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित कायर्क्रम एवं प्राथमिक विद्यालयों के बच्चों द्वारा दी गई मोहक प्रस्तुति से प्रफुल्लित होकर जनपद में सांस्कृतिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए रू. 05 लाख की धनराशि संस्कृति विभाग से अलग से उपलब्ध कराने की घोषणा करते हुए जिलाधिकारी से कहा कि उक्त धनराशि में से रू. 51 हजार की धनराशि आज के कायर्क्रम में मोहक प्रस्तुति देने वाले बच्चों को प्रोत्साहित करने हेतु उपलब्ध कराई जाए। उन्होने कहा कि 15 अगस्त 1947 को आजादी प्राप्त करने के बाद आज हमारा देश आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा है, देश के यशस्वी प्रधानमंत्री के कुशल नेतृत्व में देश हर क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ा रहा है, आजादी के अमृत महोत्सव में पूरा देश अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें, युवा पीढ़ी को देश के गौरवमयी इतिहास, आजादी पाने के लिए दिए गए बलिदानों की जानकारी हो इसके लिए निरंतर कायर्क्रम आयोजित किए जा रहे हैं, हर घर से तिरंगा कायर्क्रम में सभी लोग अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें और 13 अगस्त से लेकर 15 अगस्त तक अपने घरों पर झंडा अवश्य फहरायें। उन्होंने कायर्क्रम में उपस्थित शिक्षकों, शिक्षा विभाग के अधिकारियो, कमर्चारियों का आह्वान करते हुए कहा कि आप सब जनपद को इस आयोजन में प्रदेश में पहला स्थान दिलाने के लिए अपनी सक्रिय भूमिका अदा करें, इस अवधि में देश भक्ति पर आधारित ऐसे कायर्क्रम आयोजित हो जिसकी गूंज पूरे प्रदेश में सुनाई दे और जनपद को प्रदेश में पहला स्थान मिले। पयर्टन एवं संस्कृति मंत्री ने कहा कि जब पूरा विश्व कोरोना की महामारी से त्रस्त था, विश्व के विकसित देशों के सामने भयंकर संकट था तब हमारे देश के वैज्ञानिक दिन–रात मेहनत कर रहे थे और उनकी मेहनत का नतीजा सबसे पहले विश्व के सामने आया और हमारे देश के वैज्ञानिकों ने सबसे पहले दो वैक्सीन तैयार की और देश के यशस्वी प्रधानमंत्री ने देशवासियों को निःशुल्क वैक्सीन लगवाने के साथ–साथ मित्र देशों को भी वैक्सीन उपलब्ध कराई आज हमारा देश विश्व को नेतृत्व देने की क्षमता रखता है। उन्होंने सभी का आव्हान करते हुए कहा कि बिना किसी भेदभाव के सभी लोग स्वतंत्रता के इस राष्ट्रीय पर्व को हर्षोल्लास के साथ मनाएं। उन्होंने कहा कि आज मुझे प्रदेश में प्रधानमंत्री, राष्ट्रपति की अगुवाई से लेकर विदाई तक जो जिम्मेदारी मिलती है वह सम्मान पूरे जनपद वासियों का है। जिलाधिकारी अविनाश कृष्ण सिंह ने कायर्क्रम को संबोधित करते हुए कहा कि हम सब देशवासियों के लिए गौरव की बात है कि आज हमारा देश पूरे हर्षोल्लास के साथ आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा है, इस दौरान आयोजित होने वाले विभिन्न कायर्क्रमों में जनपद के बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक अपनी सहभागिता सुनिश्चित कराई जा रही है, सभी लोग पूरे जोश, जज्बे के साथ अपनी भागीदारी दे रहे हैं, पूरे जनपद में जश्न का माहौल है। विद्यालयों में प्रतिदिन छात्रों को देश के गौरवमयी इतिहास, वीर शहीदों के बलिदानों के बारे में बताया जा रहा है ताकि देश की महान विभूतियों, वीर बलिदानियों, महान व्यक्तित्व से प्रेरणा लेकर देश के भविष्य बच्चे ऊर्जावान, चरित्रवान बने और देश को प्रगति के पथ पर ले जाने में अपना योगदान दें। उन्होने उच्चस्तरीय कायर्क्रम आयोजित कराने एवं बच्चों बेहतर ढ़ग से प्रस्तुति हेतु तैयार करने के लिये शिक्षकों, शिक्षा विभाग के अधिकारियों को बधाई दी। जिलाध्यक्ष प्रदीप चौहान ने अपने संबोधन में कहा कि देश की नई पीढ़ी ने विभिन्न कायर्क्रमों, फिल्मों, धारावाहिकों आदि के माध्यम से आजादी पाने के लिए वीर सपूतों ने कितनी यातनाएं झेली, यह देखा है, आजादी पाने के लिए मिले कष्टों को महसूस किया है लेकिन आज समाज के प्रत्येक वर्ग, प्रत्येक व्यक्ति को स्वाधीनता आंदोलन के बारे में जानने, वीर सेनानियों के व्यक्तित्व को समझने का अवसर मिला है, सब लोग पूरी ऊर्जा के साथ इस अवधि में आयोजित होने वाले कायर्क्रमों में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें, अपने अंदर राष्ट्रीय चेतना जागृत करें, हर घर तिरंगा अभियान में दलगत राजनीति, निजी स्वार्थों से ऊपर उठकर देश प्रेम की भावना के साथ अपने–अपने घरों पर तिरंगा फहराकर विश्व को एकजुटता का संदेश दें। कायर्क्रम में प्राथमिक विद्यालय महुअन, उच्च प्राथमिक विद्यालय भांवत प्राथमिक विद्यालय टिंडोली, छबीलेपुर, कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय करहल, धिरोर आदि के बच्चों ने देशभक्ति पर आधारित मोहक प्रस्तुति दी, सभी प्रतिभागी बच्चों को पयर्टन एवं संस्कृति मंत्री, जिलाधिकारी, जिलाध्यक्ष, मुख्य विकास अधिकारी ने प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया।

# संक्षिप्त समाचार

## तहसील सभागार में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में एडीएम ने शिकायतें सुनी

रसूलाबाद कानपुर देहात। तहसील सभागार में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में एडीएम ने शिकायतें सुनी। कुल 122 शिकायते पंजीकृत आईं जिनमें 3 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण करा दिया गया। सबसे ज्यादा शिकायतें राजस्व विभाग की आई।



वही संपूर्ण समाधान दिवस में फरियादियों की लंबी भीड़ देखी गई। सम्पूर्ण समाधान दिवस में वन विभाग की सरकारी भूमि पर कई लोगों ने अवैध कब्जे की शिकायत आई।अपर जिलाधिकारी ने वन विभाग की भूमि पर जाँच के आदेश कर सम्बन्धित अधिकारियों को दिए है। समाधान दिवस में कई विभागों के अधिकारी नहीं पहुंचे जिसमें लोक निर्माण विभाग, विकास अधि0 पंचायत, कल्याण समाज विकास अधि0,गन्ना निरीक्षक सहित के नदारद होने के कारण अपर जिलाधिकारी ने सम्बन्धित विभागों को रिपोर्ट भेजी।,उन्होंने कहा नदारद पाये गये अधिकारी कर्मचारियों पर कार्रवाई होगी। अपर जिलाधिकारी ने कर्मचारियों को शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही पर सख्त कार्यवाही की चेतावनी दी है।

इस मौके पर पुलिस उपाध्यक्ष आशापाल सिंह, तहसीलदार राजकुमार चौधरी,अधिशाषी अधिकारी दिनेश शुक्ला,एसडीओ गौरव द्विवेदी, खण्ड शिक्षा अधिकारी मनोज कुमार सिंह सहित सम्बंधित कर्मचारी रहे।

## राजमंत्री कारागार ने किया जेल का निरीक्षण कैदियों को आचरण में सुधार लाने की कहीं बात

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो उरई। सूबे के कारागार होमगार्ड्स राज्यमंत्री ने शनिवार को अचानक जिला कारागार का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मुलाकात कक्ष का निरीक्षण कर फीता काटकर उसका शुभारंभ किया। इसके बाद कारागार मंत्री ने जेल का निरीक्षण करते हुए संबंधित अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए सूबे के कारागार होमगार्ड्स राज्यमंत्री धर्मवीर प्रजापति शनिवार को अचानक जिला कारागार पहुंच गए। जहां पर उन्होंने मुलाकात कक्षा का निरीक्षण करते



हुए फीता काटकर उस का शुभारंभ किया। इसके बाद राज मंत्री ने जिला जेल में बैंरकों के अलावा अस्पताल, पाठशाला का जायजा लिया। जहां पर उन्होंने कैदियों से अपने आचरण में सुधार लाने की अपील की, इससे पहले कारागार मंत्री को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। इसके बाद जेलर अधीक्षक नीरज देव ने राज्य मंत्री के माथे पर टीका लगाकर स्वागत किया गया।वही कार्यक्रम के अंत में उन्होंने जेल में लंबे वक्त से सजा काट रहे कैदियों की रिहाई के लिए जरूरी कार्यवाही के लिए जेल अधिकारियों को निर्देश दिया। इस दौरान जेल अधीक्षक के अलावा जेलर प्रेम सागर शुक्ला, उपकारपाल तारकेश्वर सिंह, उपकार पाल हौसला देवी, उपकार पाल पूनम तिवारी के अलावा समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

## लोक अदालत में 33 मामलों का हुआ निस्तारण

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो उरई। राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार शनिवार को जिला दीवानी न्यायालय जालौन में विशेष लोक अदालत का आयोजन किया गया। इसमें 33 विबादो का निस्तारण किया गया। इससे 36 वादकारी लाभान्वित हुए। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में आयोजित इस विशेष लोक अदालत का शुभारंभ जिला जज तरुण सक्सेना ने फीता काटकर दीप प्रज्ज्वलित



करते हुए किया। उन्होंने कहा कि फाइनेंस कंपनियों के बकायेदारों की परेशानियों को देखते हुए उन्हें लोक अदालत द्वारा यह अवसर दिया गया है कि वह अपने कर्जे से मुक्ति पा सकते हैं। साथ ही न्यायिक प्रक्रिया व अन्य कानूनी कार्यवाहियों से बचे रह सकते हैं। प्राधिकरण के सचिव राजीव सरन ने कहा कि भविष्य में भी ऐसी लोक अदालतों का आयोजन किया जाएगा। जिसमें वादकारी अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर अपने मामलों को निपटा सकते है। इस दौरान एडीजे प्रथम अरुण कुमार मल्ल, विशेष न्यायाधीश अंचल लवानिया, प्रमोद कुमार गुप्ता, एडीएम न्यायिक मोतीलाल यादव के अलावा फाइनेंस, बीमा कंपनी के प्रतिनिधि, अधिवक्ता आशुतोश चतुर्वेदी, राजेश श्रीवास्तव, उपेंद्र प्रताप सिंह आदि मौजूद रहे।

## राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन के जिला महासचिव कैलाश राजपूत ग्रामीण समस्याओं को लेकर बिसवां तहसील उप जिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन

हिंदी दैनिक अयोध्या टाइम्स तहसील क्राइम सवाददाता रमाकांत के साथ अर्जुनसिंह कि रिपोर्ट। जनपद सीतापुर



विकास खंड रेउसा के अंतर्गत ग्राम पंचायत चहलारी कैलाश राजपूत जिला महासचिव सीतापुर व सभी पदाधिकारी राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन के विसवा तहसील उप जिलाधिकारी को आवारा पशु से किसानों को निजात दिलाई जाए व ग्राम पंचायत चहलारी में बाढ़ के पानी से पुलिया टूटी पड़ी है आवागमन बंद रहता है पुनः पुलिया निर्माण निर्माण करायाजाए इसके संबंध मेंसौंपा ज्ञापन। और साथ में ज्ञापन में लिखित दिया गया है की अगर हमारी मांगे नहीं पूरी हुई तो 20 अगस्त 2022 को राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन विशाल धरना प्रदर्शन करेगा अगर कोई धरना प्रदर्शन में बाधाए आती है तो उसका जिम्मेदार उसका जिम्मेदार शासन प्रशासन होगा और साथ में धरना प्रदर्शन में परमिशन की मांग की क्योंकि विशाल धरना प्रदर्शन किया जाएगा। ज्ञापन देने वाले पदाधिकारियों के नाम इस प्रकार हैं। राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन के पदाधिकारी, कैलाश राजपूत जिला महासचिव सीतापुर

कमलेश गौतम ब्लॉक सचिव रेउसा

अलीअहमद ग्राम सभा अध्यक्ष चहलारी रेउसा

दिनेश चहलारी ग्राम पंचायत संगठन मंत्री

अर्जुन चौहान लालपुर ग्राम सभा सदस्य आदि लोग उपस्थित रहे।

# संक्षिप्त समाचार

## भाजयुमों के तीन दिवसीय प्रदेश प्रशिक्षण वर्ग का किया उद्घाटन

- भाजपा में प्रत्येक कार्यकर्ता के लिए कार्य और कार्यकर्ता की योजना निर्धारित

दै, अयोध्या टाइम्स ब्यूरो आगरा। आगरा को एसएनजी गोल्ड फतेहाबाद रोड पर भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्री स्वतंत्र देव सिंह ने भाजयुमों के तीन दिवसीय प्रदेश प्रशिक्षण वर्ग के उद्घाटन सत्र को सम्बोधित करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी राष्ट्रवादी राजनैतिक दल है जो भारत को सुदृढ़, समृद्ध एवं शक्तिशाली राष्ट्र के रूप में विश्व पटल पर स्थापित करने के लिए कृत संकल्पित है। भाजपा में प्रत्येक कार्यकर्ता के लिए कार्य और प्रत्येक कार्य के लिए कार्यकर्ता की योजना निर्धारित है। उन्होंने युवा मोर्चा को सम्बोधित करते हुए कहा कि यह सिर्फ भाजपा में ही संभव है कि यहां बैठे आप सभी युवाओं में से कल कोई पार्टी का प्रदेश अध्यक्ष बनकर मेरे स्थान पर खड़ा हो सकता है। श्री स्वतंत्र देव सिंह ने आगरा में भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का उद्घाटन करते हुए संगठन की कार्यपद्धति विषय पर सम्बोधित करते हुए उक्त बातें कहीं। श्री स्वतंत्र देव सिंह ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी में हम सभी विचारधारा के लिए कार्य करते हैं और उस विचारधारा के लिए कार्य करना तथा उस विचारधारा को सर्वग्राही, सर्वस्पर्शी व सर्वव्यापी बनाना हम सभी का कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि हमारा राष्ट्रवाद, हमारी सामाजिकता, हमारा सामूहिक धर्म हमारे व्यवहार से प्रकट होता है। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण हमारे संगठन की पुरातन परम्परा है। प्रशिक्षण के माध्यम से जनआकांक्षाओं की पूर्ति तथा जनता की सेवा करने के लिए उन्मुख कार्यकर्ताओं का निर्माण किया जाता है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस समेत सभी विपक्षी दलों की राजनीति के मूल में परिवारवाद, जातिवाद व क्षेत्रवाद है। वहीं भारतीय जनता पार्टी सिद्धान्तों व आदर्शो पर आधारित राजनैतिक दल है जो जन–जन की समृद्धि से राष्ट्र को समृद्ध बनाने के संकल्प से सिद्धि की ओर बढ़ रहा है।



उन्होंने कहा कि हमारे संगठन के लिए हमारी कार्यपद्धति अनिवार्य है। जिसके माध्यम से आज हम दुनिया के सबसे बडे संगठन हैं। हम विचारधारा के लिए काम करते है। इस लिए हमारी कार्यशैली व कार्यपद्धति अन्य पार्टियों से अलग है, जो हमारे दल को विशिष्ठता प्रदान करती है। श्री सिंह ने कहा कि भाजपा की आत्मा कार्यकर्ता है। सहज उपलब्धता, सादगी, निर्भीकता, अनुशासित आचरण, विश्वसनीयता, संवेदनशीलता, समय का प्रबंधन तथा वाक्कुशलता जैसे गुणों के साथ भाजपा कार्यकर्ता का निर्माण होता है। उन्होंने कहा कि संगठन की कार्यपद्धिति में विशेषरूप से कार्यकर्ता, कार्यक्रम, अनुशासन, परस्परता, सम्पर्क, संवाद, प्रवास, कार्यालय, बैठकें तथा संवैधानिक व्यवस्थाओं का अनुपालन निहित है। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से उपस्थित थे लोगों के नाम रू प्रदेश महामंत्री पंकज सिंह जी,प्रांशु दत्त द्विवेदी प्रदेश अध्यक्ष युवा मोर्चा, मनीष गौतम क्षेत्रीय अध्यक्ष युवा मोर्चा, गौरव राजावत क्षेत्रीय मंत्री ,सेलू पंडित युवा मोर्चा महानगर अध्यक्ष ,हरिओम रावत युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष आगरा, आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## पनवारी कांड में अदालत से बरी होने पर समर्थकों ने विधायक को लड्डुओं से तौला

दैनिक अयोध्या टाइम्स संवाददाता–ईशू चेनानी

अछनेरा। जिले के चर्चित पनवारी कांड में 32 साल बाद अदालत द्वारा क्षेत्रीय विधायक चौ. बाबूलाल सहित सभी आठ लोंगो को साक्ष्यों के अभाव में विशेष अदालत द्वारा दोषमुक्त करार दिए जाने पर शनिवार को विधायक ने समर्थकों के साथ किरावली में चौ. चरण सिंह प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और समथकों ने विधायक को फूल मालाओं और साफा और चांदी के मुकुट पहनाकर स्वागत किया और बाद में लड्डुओं से तौला गया तथा दूरदराज से आये समर्थकों को मिस्ठान वितरण किया गया। क्षेत्रीय विधायक ने समर्थकों के बीच अदालत



द्वारा बरी किये जाने पर इसे सत्य की जीत बताया और देश की न्याय व्यबस्था पर आस्था जताई। समर्थकों में चेयरमैन प्रतिनिधि किरावली विनोद अग्रवाल, चेयरमैन फतेहपुरसीकरी त्रिलोकचंद डिठवारिया, घँसू सरपंच,तनुज सिंघल,चन्दर पंडित,,नंदकिशोर उपाध्याय, अमरपाल मुखिया,रामनरेश इंदौलिया,प्रेमसिंह इंदौलिया,टीटू प्रधान महदऊ,नरेश चित्तौडिया, रवी प्रधान, श्रीओम सोलंकी आदि मौके पर मौजूद थे।

## अछनेरा के प्राचीन गुरुद्वारा में हुआ विशाल भंडारे का आयोजन

दैनिक अयोध्या टाइम्स संवाददाता–ईशू चेनानी

अछनेरा। कस्वा अछनेरा के मुख्य बाजार स्थित प्राचीन गुरुद्वारा में आज एक विशाल भण्डारे का आयोजन किया गया इस भण्डारे में कस्वे के सभी नागरिकों ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया शनिवार की सुबह को सबसे पहले गुरुद्वारा साहिब के ज्ञानी याद सिंह ने गुरुग्रंथ साहिब का पाठ किया इस दौरान सभी श्रद्धालुओं ने गुरुग्रंथ साहिब के पाठ का आनन्द प्राप्त किया ज्ञानी यादसिंह ने बताया कि जो श्रद्धालु गुरुग्रंथ साहिब के पाठ को श्रद्धापूर्वक सुनता है उसके सारे दुख गुरुनानक देव जी हर लेते हैं अर्थात उसे दुनिया भर के सुखों का एक अनोखा सुख प्राप्त



होता है अछनेरा के प्रसिद्ध डाक्टर राजेंद्र सचदेवा का कहना है कि इस विशाल भण्डारे का आयोजन नोयडा के सेवा निवृत्त उप महानिरीक्षक रमेशचन्द हुरिया द्वारा किया गया है डाक्टर राजेंद्र सचदेवा ने बताया कि महानिरीक्षक रमेशचन्द हुरिया ने गुरुद्वारा साहिब में एक मन्नत मांगी थी गुरु नानकजी ने उनकी मन्नत पूरी की मन्नत पूरी होने पर इस विशाल भण्डारे का आयोजन किया है। इस दौरान–डॉ राजेंद्रसचदेवा,करन हुरिया, अर्जुन हुरिया, सागर, निखिल, पीयूष सचदेवा,ज्ञानीयादसिंह, सुरेंद्रसलूजा,अमनअरोरा, पप्पूपंजाबी, यशचेनानी,भालाचेनानी,और अन्य श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## समाधान दिवस में शिकायतों का लगा अंबार

दैनिक अयोध्या टाइम्स संवाददाता–ईशू चेनानी अछनेरा। शनिवार को किरावली तहसील में चल रहे सम्पूर्ण समाधान दिवस मे मिलीं 124 शिकायतें मिली जिनमें से मौके पर ही 17 का निस्तारण किया गया और बाकी शिकायतों को निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को जांच के लिए भेज दिया गया ।तहसील किरावली में शनिवार को माह के प्रथम संपूर्ण समाधान दिवस में अपर जिलाधिकारी अजय कुमार और उपजिलाधिकारी किरावली अनिल कुमार सिंह, न्यायिक एसडीएम सृष्टि सिंह,कार्यवाहक तहसीलदार सीमा भारती ने शिकायतों को सुना ।सबसे अधिक शिकायतें राजस्व,ब्लॉक, पुलिस एवं बिजली से सम्बंधित थी। दिवस में अपर जिलाधिकारी के सामने ही थाना अछनेरा के गांव मई के दो पक्ष कांता प्रसाद पुत्र चूरामन और गजाधर पुत्र हरप्रसाद अपनी अपनी शिकायत लेकर पहुंचे और दोनो पक्ष एक–दूसरे पक्ष पर ज्यादा जमीन जोतने का आरोप लगा रहे थे। मामला बढ़ता देख उपजिलाधिकारी किरावली अनिल कुमार सिंह ने निरोधात्मक कार्यवाही करते हुए दोनो को सीपीआरसी 151 में भेजा जेल दिया। गांव अभुआपुरा निवासी भूपेंद्र सिंह ने बाजार में रासायनिक खादों की मूल्य से अधिक कीमत पर बिकने की शिकायत की तथा गांव दूरा के ग्रामीणों ने बिना स्टाफ के चल रहे प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर डॉक्टर और अन्य स्टाफ को नियमित करने की मांग की। गांव बाकन्दा के ग्रामीणों ने गांव के श्मशान भूमि जो कि खतौनी में दर्ज है को पड़ोसी काश्तकारों द्वारा जोत



लेने से श्मशान तक ग्रामीणों को हो रही परेशानी पर पैमाइश कर रास्ता निकलवाने की मांग की। सभासद बीना देवी द्वारा प्रधानमंत्री द्वारा चलाई जा रही स्वनिधि योजना में लॉन रिपेमेंट होने के बावजूद मैनेजर सेंट्रल बैंक किरावली द्वारा गरीबो को परेशान करने की शिकायत की। साथ ही प्राईवेट स्कूलो की मनमानी के चलते किरावली निवासी पुष्पेंद्र सिंह ने बाल शिक्षा अधिनियम आरटीई के तहत अपने बच्चे का नंबर आने पर लॉर्ड कृष्णा पब्लिक स्कूल किरावली में प्रधानाचार्य से एडमिशन के लिए कहा तो प्रधानाचार्य ने यह कोई धर्मशाला नहीं है कह कर बच्चे को भगा दिया इसकी शिकायत समाधान दिवस में की गई ।

## अटल स्मृति ट्रस्ट द्वारा मेधावी छात्रों को मिला सम्मान

दैनिक अयोध्या टाइम्स संवाददाता –ईशू चेनानी अछनेरा। रायभा अछनेरा रोड स्थित श्री सिद्धिविनायक डिग्री कालेज में आज अटल स्मृति ट्रस्ट द्वारा कालेज के मेधावी छात्र छात्राओं को सम्मानित किया गया इस दौरान सबसे पहले कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश सरकार की कैबिनेट मंत्री बेबीरानी मौर्य ने कालेज के चेयरमैन डॉ मुरारी लाल छोंकर के साथ मिलकर भारतमाता,माँसरस्वतीऔर देश के पूर्व यशस्वी प्रधानमंत्री अटलबिहारी वाजपेयी के चित्र पर दीपप्रज्वलित कर माल्यार्पण किया कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों ने भारतमाता के जयकारे लगाये केबिनेट मंत्री बेबीरानी मौर्य ने सिद्धिविनायक कालेज के मेधावी छात्र छात्राओं को मंच पर प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया और कालेज के सभी छात्रों का मनोबल बढ़ाया साथ ही परीक्षा में 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्र सिमरनजीत सिंह और मयूरीअग्रवाल के साथ साथ अनेक छात्र छात्राओं को प्रशस्ति



पत्रदेकर सम्मानित किया केबिनेट मंत्री बेबीरानी मौर्य ने बताया कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आव्हान पर अपने देश के सभी नागरिकों को 15 अगस्त के इस 75 वी सालगिरह पर हर घर तिरंगा लहरा कर इस अमृत महोत्सव को बड़े ही धूमधाम से मनाना चाहिए। महाविद्यालय के चेयरमैन डॉमुरारीलालछोंकर का कहना है कि जो छात्र कालेज में मन लगाकर पढ़ाई पर पूर्ण रूप से ध्यान देते हैं वही छात्र देश का नाम रोशन करते हैं सम्मानित करने से और भी छात्रों का मनोबल बढ़ता है इस दौरान–डॉ मुरारीलाल छोंकर, सविता शर्मा, ब्लॉक प्रमुख महाराजसिंह,गोविंदसिंहचौधरी,प्रवीणबिंदल,प्रशांत,राजूप्रधान,घनश्याम चौधरी प्रधान,और अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## भारत माता के जयकारों संग हर प्रतिष्ठान तक पहुंचाया तिरंगा



- आगरा सर्राफा मैन्यूफैक्चरर्स एसोसिएशन द्वारा आजादी के 75वें वर्ष (अमृत महोत्सव) पर किया हर घर तिरंगा अभियान का शुभारम्भ

दै, अयोध्या टाइम्स ब्यूरो आगरा। भारत माता के जयकारे और हाथों में देश की शान तिरंगा। देश के प्रति श्रद्धा भाव के साथ कुछ इसी अंदाज में आज आगरा मैन्यूफैक्चरर्स एसोसिएशन द्वारा आजादी के 75वें वर्ष के तहत मनाए जा रहे अमृत महोत्सव के लिए हर घर तिरंगा अभियान का शुभारम्भ किया। हर प्रतिष्ठान पर तिरंगे का वितरण कर राष्ट्र के प्रति अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन किया। कार्यक्रम का शुभारम्भ सेब का बाजार स्थित एसोसिएशन के कार्यालय पर एमएसली विजय शिवहरे ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। कार्यालय से लेकर चौबे जी के फाटक तक भारत माता के जयकारों संग हाथों में तिरंगा लेकर चलते व्यवसायियों के साथ सैकड़ों लोगों का हुजूम शामिल हुआ तो यह नजारा किसी उत्सव से कम नहीं लग रहा था। सभी सदस्यों द्वारा राष्ट्रगान के उपरान्त हजारों प्रतिष्ठानों पर 15 अगस्त के लिए तिरंगे का वितरण एसोसिएशन के महामंत्री बृजमोहन रैपुरिया के निर्देशन में किया गया। अध्यक्षता पवन दौनेरिया ने की। इस अवसर पर मुख्य रूप से नरेन्द्र बंसल, गणेश चंद गोयल, कुलभूषण गुप्ता (राम भाई), मुकेश गुप्ता, मनोज शर्मा, मनोज पीसी, मनीष जैन, मनीष आरएस, धर्मेन्द्र वर्मा, उल्लास, मुन्नालाल शिवहरे, गौरव, सुनील गुप्ता, खिल्लो सिंह, मंगल सिंह, अनिल जैन, देवेन्द्र गोयल, नितेश अग्रवाल, नीतेश शिवहरे आदि मौजूद थे।

## एल.टी.ए. एवं ऑटो ड्राइवर्स एसोसिएशन ने किया फेम के प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत

दै, अयोध्या टाइम्स ब्यूरो आगरा। कैंट रेलवे स्टेशन की पार्किंग में लोकल टूरिस्ट एसोसिएशन एवं ऑटो ड्राइवर्स एसोसिएशन ने फेडरेशन ऑफ आल इंडिया व्यापार मंडल के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष श्री भूपेंद्र सिंह सोबती का स्वागत एवं अभिनंदन किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ.अशोक शिरोमणी (पूर्व आई एम ए अध्यक्ष) एवं प्रख्यात हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ.डी.वी.शर्मा रहे।



एल टी ए और ऑटो ड्राइवर्स एसोसिएशन के सदस्यों ने भूपेंद्र सिंह सोबती को फूलमालाओं से लाद कर भव्य स्वागत किया। दोनों मुख्य अतिथियों ने अपने संबोधन में भूपेंद्र सिंह सोबती को बधाई एवं आशीर्वाद दिया। एल.टी.ए के अध्यक्ष अनिल शर्मा ने अपने स्वागत संबोधन में कहा कि फेडरेशन से आगरा के व्यापारियों को बहुत आशाएं हैं।और हम सभी यूनियन उनकी और बहुत आशाओं से देख रहे हैं। अपने संबोधन में सोबती ने कहा कि लगातार हो रहे सम्मान कार्यक्रमों से वो अभिभूत हैं और इस ऋण को वो आगरा की समस्याओं के लिए सड़क से लेकर सत्ता तक संघर्ष करके उतारेंगे।व्यापारियों और मजदूरों की प्रत्येक समस्या को उचित फोरम पर उठा कर समस्या के उचित समाधान तक संघर्ष करेंगे। मंच पर डॉ अशोक शिरोमणी,डॉ डी वी शर्मा,भूपेंद्र सिंह सोबती,फेडरेशन के जिला महामंत्री ब्रजेश पंडित,ट्रेवल प्रकोष्ठ के चेयरमैन दीप बघेल,एल टी ए के अध्यक्ष अनिल शर्मा,ऑटो ड्राइवर एसोसिएशन के सचिव इफ्राक अहमद,मुशीर भाई रहे।कार्यक्रम का संचालन फेम के जिला महामंत्री ब्रजेश पंडित ने किया। कार्यक्रम के अंत में अनिल शर्मा ने सभी को धन्यवाद दिया।

## कठिन समय में छात्रों को बेहतर करने को करे प्रेरित : तन्वी गोगिया



- रौशनी चौरिटबल ट्रस्ट की कार्यशाला में टीवी और ओटीटी फेम तन्वी गोगिया ने शिक्षकों को दिए टिप्स

दै, अयोध्या टाइम्स ब्यूरो

आगरा। रौशनी चौरिटबल ट्रस्ट की ओर से ट्रांस यमुना स्थित लिटिल एंजेल सीनियर सेकंडरी स्कुल में शिक्षण स्किल्स पर शिक्षकों की कार्यशाला का आयोजन किया गया। वर्कशॉप का शुभारम्भ स्कुल प्रबंधक किशन शाक्य, सुमित राहुल गोयल स्कुल के प्रधानाचार्य रामानंद चौहान, मुख्य ट्रस्टी डॉ. सरोज प्रशांत और अध्यक्ष मनोज बल ने दीप प्रज्वलन कर किया। टीवी और ओटीटी फेम तन्वी गोगिया ने शिक्षकों को अपनी क्षमताओं को बढ़ाने के टिप्स दिए। मोटिवेशनल वक्ता तन्वी गोगिया ने कहा कि शिक्षक छात्र का सबसे बड़ा चौंपियन होता है। हम अपने छात्रों को कठिन समय में प्रेरित करके उन्हें बेहतर करने में मदद कर सकते हैं। हर दिन, कल की तुलना में थोड़ा बेहतर करने की कोशिश करें। कही और का गुस्सा छात्रों पर न उतारे। अध्यक्ष मनोज बल ने बताया कि बच्चों की मनोस्थिति को ध्यान में रखते हुए शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने के लिए शिक्षक का अहम् योगदान होता है। शिक्षक किताबी ज्ञान देने के साथ पढ़ाई के प्रति रुचि पैदा करने में सक्षम होता है। इसी उद्देश्य को ध्यान में रहते हुए संस्था द्वारा दिल्ली से विख्यात मोटिवेशनल स्पीकर तन्वी गोगिया को आमंत्रित किया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य इशिता उपाध्याय, कोर्डिनेटर आरती कुमारी, शालिनी असवानी, अलका दुआ आदि मौजूद रहे।

## गुरुदीपिका योगक्षेम फाउण्डेशन ने दिया पर्यावरण संरक्षण का सदेश

दै, अयोध्या टाइम्स ब्यूरो

आगरा। के ग्राम नगला डीम में चल रही श्री शिव महापुराण कथा का आज आठवां दिन। गुरुदीपिका योगक्षेम फाउण्डेशन द्वारा आगरा के ग्राम नगला डीम में पौधारोपण किया गया। श्री शिवमहापुराण कथा के दौरान सुप्रसिद्ध कथावाचक डा. दीपिका उपाध्याय ने सभी भक्तों को प्रकृति की रक्षा का संदेश दिया। प्रसाद के रुप में सभी ग्रामवासियों को तुलसी के पौधे वितरित किए। गुरुदीपिका योगक्षेम फाउण्डेशन के निदेशक रवि शर्मा ने बताया कि फाउंडेशन के तत्त्वावधान में मंदिर परिसर में तुलसी के बिरवे लगाकर धरती को हरा भरा रखने का संकल्प लिया गया है। भक्तों के श्राप को भी भगवान सहर्ष धारण करते हैं। चाहे तुलसी हो, राधा हो या नारद– श्री हरि भक्तों के श्राप को भी हंसकर ग्रहण करते हैं और यही कारण है कि भगवान शिव को जितने श्री हरि प्रिय है उतना कोई नहीं। कारण स्पष्ट है श्रीहरि भगवान शिव के समान श्राप रुपी विष को भी हंसते हंसते पी जाते हैं।श शंखचूड़ और तुलसी का प्रसंग सुनाते हुए यह प्रवचन कथा वाचक डॉ. दीपिका उपाध्याय ने कहे। आगरा के ग्राम नगला डीम में चल रही श्री शिव महापुराण कथा का आज आठवां दिन था। आगरा की सुप्रसिद्ध कथावाचक डॉ दीपिका उपाध्याय की कथा सुनने के लिए ग्राम वासी ही नहीं बल्कि दूर दूर से भी शिव भक्त जुट रहे हैं। शंखचूड़ के पूर्व जन्म का वृतांत सुनाते हुए कथावाचक ने बताया कि यह भगवान शिव की माया का प्रभाव था जिसके कारण गोलोक में भगवान श्री कृष्ण का अनन्य भक्त श्रीकर नामक गोप राधा जी के श्राप से शंखचूड़ नामक दैत्य बन गया। राधा भी आंशिक शक्ति से तुलसी के रूप में आयीं। दोनों का विवाह हुआ। भगवान शिव ने दैत्य को मुक्त करने के लिए उसका वध करना चाहा किंतु तुलसी के सतीत्व के कारण न कर सके। श्री हरि ने



तुलसी के साथ छल किया तब भगवान शिव ने शंखचूड़ का वध किया। तुलसी का शरीर गंडकी नदी बन गया। आज भी शालग्राम शिला के रुप में श्री हरि नदी में विराजते हैं। आगे भगवान शिव के अनन्य भक्त बाणासुर की कथा सुनाते हुए कथावाचक डा. दीपिका उपाध्याय ने बताया कि बाणासुर के नृत्य से प्रसन्न हो कर भगवान शिव उस असुर की नगरी में वास करने लगे। भगवान श्री कृष्ण और बाणासुर के बीच भगवान शिव की माया से बैर हो गया। एक हजार भुजाओं से युक्त बाणासुर बड़ा ही अभिमानी था। उस अभिमानी दैत्य की भगवान श्रीकृष्ण ने चार भुजाएं छोड़कर शेष काट दी। तब बाणासुर ने भगवान श्रीकृष्ण से मैत्री की और अपनी पुत्री उषा का विवाह भगवान श्री कृष्ण के पौत्र अनिरुद्ध के साथ कर दिया। कथा के दौरान डा. राहुल शर्मा ने मंच व्यवस्था संभाली। इस अवसर पर होतीलाल, पीतम सिंह, राजेश, वीरेंद्र, जितेन्द्र, मनोज, टिंकू आदि उपस्थित रहे।

## ब्रेनबी नेशनल ओलम्पियाड में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

- ब्रेनबी नेशनल ओलम्पियाड 2022 के तीसरे चरण में आज बॉस्टन पब्लिक स्कूल में 200 से अधिक बच्चों ने लिया भाग

दै, अयोध्या टाइम्स ब्यूरो आगरा। एक ओर विद्यार्थियों को दिमागी कसरत कराते मशक्कत भरे सवाल तो वहीं दूसरी ओर कल्पनाओं से भरा रंग बिरंगा संसार था। जिसने बच्चों से खूब दिमागी कसरत कराई। मौका था बोस्टन पब्लिक स्कूल में आयोजित ब्रेनबी नेशनल ओलम्पियाड का। ब्रेनबी की निदेशक सोनाली खंडेलवाल ने बताया कि प्रतियोगिता में एलकेजी से कक्षा नौ तक के लगभग 200 से अधिक विद्यार्तियों ने भाग लिया। इस अवसर पर स्कूल के प्रधानाचार्य



अमृत कोर्नीलियस बी मौजूद थे। ड्राइंग एंड कलरिंग, हैंडराइटिंग, सामान्य ज्ञान व मैंटल मैथ सहित चार वर्गों में प्रतियोगिता आयोजित की गई। राइटिंग वर्क किए बिना मैंटल मैथ के सवालों के दिमागी कसरत से हल निकालने थे। वहीं ड्राइंग एंड कलरिंग प्रतियोगिता में विद्यार्तियों ने अपनी कल्पनाओं का अनोखा संसार कागज पर उकेरा। सामान्य ज्ञान व हैंड राइटिंग प्रतियोगिता में भी बढ़–चढ़ कर हिस्सा लिया। ब्रेनबी की निदेशक सोनाली खंडेलवाल ने बताया कि इस वर्ष आगरा से बाहर के विद्यार्थियों के लिए ऑनलाइन व आगरा के विभिन्न स्कूलों के विद्यार्थियों के लिए ऑफ लाइन प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है।

जिसमें विभिन्न प्रांतों (महाराष्ट्र, उप्र, राजस्थान, उत्तराखंड, कर्नाटक, तमिलनाडु, गुजरात, मध्य प्रदेश, उड़ीसा) के लगभग 3000 से अधिक विद्यार्थी भाग ले रहे हैं। 7 अगस्त को उत्तर भारत व 14 अगस्त को दक्षिण भारत के विद्यार्थियों के लिए ऑन लाइन प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। अगस्त माह के अंत में अवार्ड गिविंग सेरेमनी आयोजित की जाएगी। सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ प्रतियोगिता के विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत भी किया जाएगा।

## खूब मिले उपहार, अनाथ बेटियों ने मनाया तीज का त्यौहार

- मंडल के 25 वर्ष पूर्ण होने पर रजत जयन्ती समारोह भी मनाया

दै, अयोध्या टाइम्स ब्यूरो

आगरा। चेहरे पर अजब खुशी थी। जिसमें आंखे नम और ओठों पर मुस्कुराहट थी। मायके आने खुशी चेहरे पर कुछ इसी तरह झलक रही थी। अनाथ बेटियों को मायके का और उनके बच्चों को नाना–नानी का प्यार मिला। सावन के महीने में मायके पहुंची बेटियों के हाथों में मेहंदी रची और भाईयों की कलाई पर राखी भी बांधी। मौका था माधवी अग्र महिला मण्डल द्वारा बेटियों का मायका एवं विदाई समारोह का। जिसमें श्रीमद्दयानन्द अनाथालय की 40 विवाहित व अविवाहित बेटियों ने परिवार संग भाग लिया। बेटियों के आगमन पर चौक पुराया गया, माटी रंगाई गई। रात्रि निवास के दौरान अपने मन की बातों को संगठन की महिलाओं संग मां, चाची, ताई के रूप में साझा की। कार्यक्रम का शुभारम्भ अध्यक्ष पुष्पा अग्रवाल, महामंत्री उषा बंसल, कोषाध्यक्ष आभा जैन, संयोजिका वंदना अग्रवाल ने महाराजा अग्रसेन व महारानी माधवी की तस्वीर के समक्ष दीप जलाकर किया। मंडल के 25 वर्ष पूर्ण होने पर रजत जयन्ती समारोह का भी आयोजन किया गया।

सपरिवार मायके आयी बहनों के लिए मंडल की सदस्याओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए, जिसका शुभारम्भ गणेश वंदना के साथ रिद्दी बंसल ने किया। नाट्य प्रस्तुति के माध्यम से बुजुर्जों की सेवा करने का संदेश दिया। संचालन पवन आगरी ने किया।

भाई की कलाई पर राखी बांधी तो झलक आए आंसू : मायके पहुंची अनाथ बेटियों ने संरक्षक मंडल के सदस्यों (बीडी अग्रवाल, मोहनलाल,



सुरेशचंद गर्ग, सुनील विकल, मुकुन्द सिंघल, महेन्द्र गर्ग, विजय बंसल, संजय कुमार) की कलाई पर राखी बांधी तो खुशी के आंसू झलक आए। बहनों को सावन के महीने में भाईयों द्वारा ढेरों उपहार दिए गए।

इनकी रही विशेष उपस्थिति उषा मित्तल, आरती सामा, डॉ. रीता अग्रवाल, वत्सला प्रभाकर, शीला बहल, गरिमा, निधि, सीताराम अग्रवाल, विजय कुमार, मुकुन्द सिंघल, एमके गर्ग, सुनील बंसल, ओमप्रकाश गोयल, ममता गोयल, पद्मा बंसल रहे।

कल दोपहर 2 बजे होगी बेटियों की विदाई : माये आयी अनाथ बेटियों के रात्रि निवास के बाद 7 अगस्त को दोपहर 2 बजे बेटियों की विदाई की जाएगी। पति के माथे पर तिलक व बच्चों और बेटियों को उपहार दिए जाएंगे। रात्रि निवास के दौरान बच्चों को आकर्षक गेम खिलाए गए व बेटियों से उनके सुख–दुख साझा किए।

## मुहर्रम की सातवीं शरीफ के मौके पर रुबाई पाक, चादरपोशी, गुलपोशी, इत्र पाशी फातिहा ख्वानी व दुआ की गई



- हजरत ए अब्बास रदीअल्लाहो अन्हो ने मैदान ए करबला में वायदे वफा को बखूबी निभाया, सज्जादानशीन पीरजादा विजय कुमार जैन

दै, अयोध्या टाइम्स ब्यूरो

आगरा। ईदगाह कटघर कब्रिस्तान स्थित दरगाह आले पंजतनी पीर दस्तगीर पीर अलहाज तसद्दुक हुसैन अलमारूफ रमजान अली शाह चिश्ती साबरी रहमतुल्लाह अलैह के दरबार ए मुकद्दस में हजरत ए अब्बास अलमबरदार रदीअल्लाहो अन्हो की सातवीं मुहर्रम शरीफ के मौके पर चादरपोशी, गुलपोशी, इत्र पाशी करके रूबाई पाक जो बुजुर्गों से सीना ब सीना अता हुई हैं, पेश करके फातिहा ख्वानी करके मुल्क के अमन चौन और मुरीदीन की फलाह और वेहबूदी की खास दुआ की गई।

रूबाई पाक व दुआ के मौके पर दरबार के सज्जादानशीन पीरजादा विजय कुमार जैन ने कहा कि बुजुर्गों की बारगाह में रूबाई पाक पहले मुहर्रम से लेकर दसवें मुहर्रम तक पेश की जाती है ।आज हजरत सैय्यदना अब्बास अलमबरदार ने मैदान ए करबला में अपनी भतीजी से किए वायदे की वफा करते हुए दुश्मनों के बीच बहुत बहादुरी से लड़ते हुए पानी लाने चल पड़े , अपने बाजू शहीद होने के बावजूद पानी के मसकीजे को दांतो में दबाकर चंद कतरे पानी के पहुंचाकर अपने वायदे को बखूबी निभाते हुए जाम ए शहादत पीकर इंसानियत का सबक दुनिया वालों को दिया ।

सातवी मुहर्रम के मौके पर हजरत अब्बास अलमबरदार की बारगाह में मशहूर शायरो जनाब सय्यद तनवीर निजामी अकबराबादी, सय्यद रिजवान कर्रार अकबराबादी , शाहिद नदीम अकबराबादी, दिलकश जालोनवी, हाजी गुलजार अकबराबादी, दाऊद इकबाल अकबराबादी, राहत कादरी अकबराबादी, डा0 जमील ने अपने सलाम पेश करके अपनी खिराजे अकीदत पेश की । सभी को लंगर पेश किया गया । रूबाई पाक व दुआ के मौके पर सज्जादानशीन पीरजादा विजय कुमार जैन, सरकार सैय्यदना के सज्जादानशीन सय्यद मोहतशिम अबुलउलाई, सय्यद सलीम इरफानी , समी आगाई, अब्दुल सईद खान खलीफा रमजान खान साबरी, खलीफा जमील अहमद साबरी,राकेश चंदेल साबरी, उमेश चंदेल साबरी, पंडित जगदीश प्रसाद साबरी, पप्पू भाई, इरफान साबरी, अब्दुल जब्बार साबरी मुजफ्फरी , परवेज साबरी मुजफ्फरी, खलीफा कल्लू साबरी, खलीफा सईद साबरी, हाशिम साबरी, कासिम साबरी हाफिज इस्लाम कादरी, शरीफ अब्बास, नसीर भाई, सूफी हैदर अबुलउलाई , सय्यो भाई, गायत्री देवी साबरी, सरोज बाथम साबरी, राजकुमारी साबरी, शिवानी साबरी आदि मौजूद रहे।

## आगरा मंडल के प्रभारी उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने की समीक्षा बैठक

दै, अयोध्या टाइम्स ब्यूरो

आगरा। प्रदेश के उपमुख्यमंत्री और आगरा मंडल के प्रभारी ब्रजेश पाठक ने आज शनिवार को यहां विकास भवन में विकास कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि वृद्धावस्था, दिव्यांग व निराश्रित महिला पेंशन हेतु कोई पात्र व्यक्ति न छूटे, अधिकारी सभी ब्लॉक में कैंप लगा कर निस्तारण करें। निर्देश दिए कि बीट स्तर पर पुलिस सक्रिय रहे, किसी भी परिस्थिति में सड़क जाम न हो, वाहनों के बेतरतीब पार्किंग व सड़क पर अवैध पार्किंग न हो।

पाठक ने कहा कि विकास कार्यों और कानून व्यवस्था के मामले में आगरा को नम्बर वन बनाना है।उपमुख्यमंत्री ने बैठक में विभिन्न विभागवार योजनाओं, कार्यक्रमों की समीक्षा की व प्रगति रिपोर्ट देखी। आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत "हर–घर तिरंगा" कार्यक्रम की समीक्षा में बताया गया कि जनपद को 7.65 लाख झंडा निर्माण का लक्ष्य मिला था, जिसमें 7.68 लाख लक्ष्य से अधिक प्राप्त हुआ, शासन द्वारा 3.50 लाख झंडे प्राप्त हुए हैं। आगरा मेट्रो रेल परियोजना की समीक्षा में बताया गया कि प्रथम कॉरिडोर के उपरिगामी सेक्शन के अंतर्गत 80 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है। बैठक में जानकारी दी गई कि आगरा स्मार्ट सिटी के अंतर्गत कुल 19 परियोजनाएं स्वीकृत हैं, जिसमें से 16 परियोजनाएं पूर्ण हैं और तीन पर कार्य चल रहा है। उपमुख्यमंत्री ने महिलाओं, बच्चों संबंधी अपराधों के मामलों में निर्देश दिए कि पुलिस संवेदनशीलता से कार्यवाही करे, माफिया, अपराधी कोई भी हो पुलिस कानून के अंतर्गत कार्यवाही करे।

डिप्टी सीएम ने स्कूलों के ऑपरेशन कायाकल्प की समीक्षा करते हुए कहा कि नियमित स्कूलों का औचक निरीक्षण की व्यवस्था बनाई जाए तथा स्कूलों में शिक्षकों की उपस्थिति शत–प्रतिशत सुनिश्चित की जाए। स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि अस्पतालों में दवा का स्टॉक खत्म



होने से पूर्व मांग पत्र भेजा जाए, जिससे ससमय दवाइयों की पूर्ति हो जाए, रेबीज के इंजेक्शन पर्याप्त मात्रा में रहने चाहिए, कोई भी मरीज वापस नहीं लौटे।


दस हजार बन्दर पकड़े जायेंगे : समीक्षा बैठक में नगरायुक्त ने उपमुख्यमंत्री पाठक को बताया कि शहर में बंदरों की समस्या से निजात हेतु दस हजार बंदरों को पकड़ने को एजेंसी से करार हो गया है, वन विभाग की अनुमति मिलना शेष है।

ये रहे उपस्थित बैठक में केन्द्रीय एवं कानून मंत्री प्रो. एसपी सिंह बघेल, जिलाधिकारी प्रभु एन. सिंह, अध्यक्ष जिला पंचायत मंजू भदौरिया, विधायकगण डा.जीएस धर्मेंश, बाबूलाल चौधरी, छोटेलाल वर्मा, डा धर्मपाल सिंह, पुरुषोत्तम खण्डेल वाल, पक्षालिका सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रभाकर चौधरी, मुख्य विकास अधिकारी ए. मनिकन्डन सहित अन्य सम्बन्धित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# संक्षिप्त समाचार

## इब्रान खान के निर्देशन में बन रही भोजपुरी फिल्म पत्थर के फूल की शूटिंग महुआ के स्थानिया गांव में शुरु

दैनिक अयोध्या टाइम्स सुशीलाजित साहनी मुम्बई। ए.एस फिल्म प्रोडक्शन के बैनर तले इब्रान खान के निर्देशन में बन रही भोजपुरी फिल्म ष्पत्थर के फूलष की शूटिंग महुआ के स्थानिया गांव में शुरू हो गई है । फिल्म में मुख्य कलाकारों में सीतामढ़ी के श्रवण सुरु , प्रियंका महाराज के संग रोमांस करते नजर आएंगे जिनके साथी कलाकारों में सूरज सिंह, आर.के गोस्वामी , अनूप अरोड़ा , रूपा सिंह , पिंकी सिंह , अभय शर्मा नजर आएंगे ,




मेक अप आकाश, वेस भूषा मोहम्मद मुस्ताक राज, फिल्म के निर्देशक इब्रान खान हैं , निर्माता अक्षत अग्रवाल , अजीत सहगल और फिल्म के लेखक अमीर हमजा है,डी.ओ.पी विजय साहनी एवं जनसंपर्क अधिकारी सुशीलाजित साहनी व जितेन्द्र साहनी जित हैं ।


## जल जीवन मिशन के अंतर्गत रैली निकालकर किया गया जागरूक हर घर गंगा हर घर तिरंगा

दैनिक अयोध्या टाइम्स रिसिया बहराइच। ग्राम पंचायत मजुवा मुझेना ब्लॉक रिसिया जनपद बहराइच में महिला एवम बाल विकास संस्थान ने हर घर नल से जल योजना के अंतर्गत हर तिरंगा महोत्सव मनाया जिसमे संस्था द्वारा बताया गया की आगामी 10 दिन वा कई ग्राम पंचायतों में अमृत महोत्सव मनाए मनाया जाएगा जिसमे सभी घरों पे तिरंगा फहराने को लेके सबसे निवेदन किया व सबसे जल जीवन मिशन के तहत जो टंकी बन रही उसके कनैक्शन हेतु जागरूक किया जिसमे ग्राम प्रधान वा कार्यकर्ता अनमोल रंजन , सीमा, रेखा , सन्तोष वअन्य कार्यकर्ता मौजुद रहे।



## आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय द्वारा संचालित कृषि विज्ञान के नानपारा, बहराइच द्वारा केंद्र के प्रक्षेत्र पर मदर आचार्ड की स्थापना की

दैनिक अयोध्या टाइम्स रिपोर्ट देवेश पांडेय। केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष डॉक्टर के एम सिंह ने बताया मदर आचार्ड की स्थापना का मुख्य उद्देश्य कृषि विज्ञान केंद्र के कार्य क्षेत्र व जिले के सभी किसानों को एक उच्च गुणवत्ता के नवीन प्रजातियों के पौधे आसानी से उपलब्ध हो सके। मदर आचर्ड में आम अमरूद के पौधे लगाए गए। उद्यान वैज्ञानिक डॉ विष्णु प्रताप सिंह ने बताया आम की प्रजातियां में मल्लिका, अरुणिमा, नीलम, आम्रपाली, चौसा, लगड़ा, दशहरी, रामकेला, अंबिका, सुरखा, गौरजीत, आदि एवं अमरूद में प्रमुख प्रजातियां एल 49,श्वेता, धवल, ललित, इलाहाबाद सफेदा, एप्पल कलर, आदि के पौधे स्थापित की गयी। मदर आचार्य की स्थापना के समय केंद्र के वैज्ञानिक डॉ अरुण कुमार, डॉक्टर हर्षिता, डॉ मनीष कुमार डॉ सूर्य बली सिंह, जयेश, सचान, बृजेश, उपेंद्र सिंह उपस्थित रहे।



## ग्राम प्रधान के साथ निकली अमृत महोत्सव जागरूकता रैली

- ग्राम प्रधान मटेही व किसान संगठन पदाधिकारी गुरु प्रताप सिंह ने किया लोगों को जागरूक

दैनिक अयोध्या टाइम्स विधानसभा बलहा,बहराइच। ग्राम प्रधान मटेही अनिल कुमार चौहान व किसान संगठन पदाधिकारी बहराइच गुरु प्रताप सिंह ने हर घर तिरंगा अभियान को सफल बनाने के लिए सरकारी विद्यालयों में जाकर विद्यार्थियों के हाथों में तिरंगा देकर भारत माता की जय कहते हुए ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को जागरूक किया और राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस को मनाने के लिए और शहीदों को श्रद्धांजलि देने के लिए प्रेरित किया साथ ही वीर शहीदों के जयकारे लगाकर भारत सरकार द्वारा चलाए जा रहे अमृत महोत्सव को गति देने मे अपना योगदान दिया।



## फतेहाबाद में माथुर वैश्य युवा दल के कार्यकर्ताओं ने किया पौधारोपण सरस्वती शिशु मंदिर में 11 पौधे लगाए, देखभाल की जिम्मेदारी भी ली

संवादाता सभा जीत बर्मा फतेहाबाद आगरा

फतेहाबाद। पर्यावरण को बचाने के लिए तहसील फतेहाबाद क्षेत्र में लगातार पौधारोपण कार्यक्रम होते रहे हैं। इसी क्रम में फतेहाबाद कस्बे के शिवदयाल भामाशाह सरस्वती शिशु मंदिर में माथुर वैश्य युवादल मंडल फतेहाबाद के पदाधिकारियों ने पौधारोपण किये। इस दौरान विद्यालय परिसर में अलग–अलग स्थानों पर 11 पौधे लगाए गए। पौधारोपण करने के बाद संगठन के मंडल प्रमुख गौरव गुप्ता ने बताया कि युवा दल अब तक कई स्थानों पर पौधारोपण कर चुका है। आज सरस्वती शिशु मंदिर में 11 पौधे लगाए गए हैं, जिनकी देखभाल की जिम्मेदारी भी युवा दल के सदस्यों ने ली है। प्रत्येक सदस्य हर हफ्ते



आकर इन रोपे गए पौधों की देखभाल करेगा। वहीं युवा दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष आकाश मेरौठिया ने बताया कि पर्यावरण को बचाने के लिए पौधों का लगाया जाना बेहद आवश्यक है। बढ़ती आबादी से लगातार जंगलों को काटा जा रहा है और आबादी बसाई जा रही है। जो कि पर्यावरण के लिए बेहद खतरनाक है। पौधे लगाने के बाद उनकी देखभाल करेंगे तो पौधे वृक्ष बन कर भविष्य में पर्यावरण की शुद्धि के लिए काफी लाभदायक होंगे।

माथुर वैश्य युवा मंडल द्वारा किए गए इस कार्य की सरस्वती शिशु मंदिर के प्रधानाचार्य यज्ञेश्वर चतुर्वेदी ने सराहना की। इस दौरान वरुण पारौलिया, शंकर गुप्ता, संजय अनवारिया, दिलीप गुप्ता, जितेंद्र गुप्ता समेत अन्य सदस्य मौजूद रहे।

## सर्वसाधारण सूचना

दिलबहार पुत्र रसी उद्दी निवासी सुनगा थाना पयागपुर जनपद बहराइच का मूल निवासी हूं मेरे चार लड़के हैं जिसमें अनीश का चाल चलन ठीक ना होने के और मुझे शारीरिक व मानसिक तरीके से प्रताड़ित करता है जिससे मैं तंग आकर अपने बेटे अनीश को अपने चल अचल संपत्ति व अपनी जिंदगी से बेदखल करता हूं जिसके लिए मैंने सारी कानूनी प्रक्रिया पूरी कर दी है।भविष्य में हमारा अनीश से कोई मतलब नहीं है नाही किसी प्रकार की हमारी कोई जिम्मेदारी होगी।

## प्राचीन रामलीला की कार्यकारिणी घोषित,अनूप गुप्ता बने अध्यक्ष

अयोध्या टाइम्स संवाददाता

फरीदपुर। मेला संरक्षक के आवास पर आयोजित बैठक में प्राचीन रामलीला कमेटी की कार्यकारिणी घोषित कर अनूप गुप्ता को मेला अध्यक्ष का तमगा दिया! पदाधिकारियों ने खुशी का इजहार किया। प्राचीन रामलीला कमेटी मोहल्ला परा प्रबंध समिति की एक मासिक बैठक मेला संरक्षक रमेश चंद्र शुक्ला के निवास स्थान पर सरंक्षक राजेश मिश्रा की अध्यक्षता में सम्पन हुई जिसमे 184,185वा रामलीला महोत्सव की अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी एक बार पुनःसर्वसम्मिति से अनूप कुमार गुप्ता को सौपी गई.. महामंत्री –रजत वर्मा उर्फ वीरू,.. कोषाध्यक्ष... डॉ मनोज सक्सेना मुख्य मेला प्रबंधक –अशोक मौर्य,.. उप मेला प्रबंधक –प्रमोद बाल्मीकि को सर्वसम्मति से चुना गया , बैठक में विपिन बाल्मीकि, हरीश यादव,



अमित शुक्ला, मीना शर्मा, रौनक वर्मा, झाझंन लाल राठौर, कृष्ण मुरारी सागर, राजीव गुप्ता, हरीश शर्मा, राहुल शुक्ला, त्रिलोकी यादव, सतीश मिश्रा, शशिकांत साहू, आदि लोग मौजूद थे, बृजेश मिश्रा को मीडिया प्रभारी की जिम्मेदारी सौपी गई, अध्यक्ष अनूप गुप्ता ने बताया की शेष कमेटी आगामी 14अगस्त को गठित कर दी जाएगी।

## आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर राम नारायण इंटर कॉलेज में अध्यापकों की अगुवाई में भव्य तिरंगा याला निकाली गई



दैनिक अयोध्या टाइम्स बहराइच उत्तर प्रदेश। आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर राम नारायण सिंह इंटर कालेज में अध्यापकों की अगुवाई में भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई |इस रैली के माध्यम से जनता को राष्ट्रीय ध्वज की संहिता के बारे में जानकारी दी तथा कहा कि हर घर तिरंगा कार्यक्रम भारत सरकार द्वारा शुरू किया गया एक अभियान है जिसे आजादी का अमृत महोत्सव मनाने के लिए शुरू किया गया है |इसका मुख्य उद्देश्य लोगों जे बीच राष्ट्रीय ध्वज के बारे में जागरूकता फैलाना साथ ही नागरिकों के बीच देश भक्ति का आह्वाहन करना है |यह अभियान राष्ट्रीय ध्वज के सम्मान में है इसलिए सभी से आग्रह है कि राष्ट्रीय ध्वज के सम्मान में अपने अपने घरों पर तिरंगा फहराना है साथ ही साथ दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करना है |हर घर पर राष्ट्रीय ध्वज फहराना देश के प्रति हमारी देशभक्ति को प्रदर्शित करता है।

यह अभियान एक भारतीय नागरिकों को देश के प्रति उसकी जिम्मेदारी को याद दिलाएगा। प्रधानाचार्य गिरिजा शंकर पांडेय ने सभी से आग्रह किया कि भारत सरकार के इस अमृत महोत्सव को सफल बनाने में अपना अहम योगदान प्रदान करें साथ ही साथ इस बात का विशेष ध्यान रखें कि कही तिरंगा झंडा गिरने न पाए जिससे हमारी अखंडता बनी रहे |छात्र–छात्राओं ने तिरंगे के साथ रैली निकाली और देशभक्ति के नारे लगाए |लोगों को राष्ट्रप्रेम के लिए जागरूक किया |इस मौके पर प्रधानाचार्य गिरजा शंकर पाण्डेय, अमर बहादुर पटेल, राजेश चौबे, राकेश मिश्रा,सहित सभी शिक्षक, अभिभावक व बच्चे उपस्थित रहे।

## ब्राइटलैंड इंग्लिश एकेडमी के विद्यार्थियों ने निकाली तिरंगा रैली

- विद्यालय के नन्हे मुन्ने बच्चों ने निकाली अमृत महोत्सव को सफल बनाने के लिए तिरंगा रैली

दैनिक अयोध्या टाइम्स मिहिपुरवा, बहराइच। ब्राइटलैंड इंग्लिश एकेडमी मटेही गुरुद्वारा के विद्यार्थियों ने निकाली तिरंगा रैली इस तिरंगा रैली को सफल बनाने के लिए नन्हे नन्हे बच्चों से लेकर अध्यापक अध्यापिकाओं के साथ–साथ क्षेत्र के कई सम्मानित व्यक्ति भी शामिल हुए। हर घर तिरंगा अभियान को सफल बनाने के लिए भारत माता की जय के जयकारे लगाते हुए पूरा क्षेत्र भ्रमण किया गया |इस रैली के माध्यम से ग्रामसभा मटेही के घर घर जाकर स्वतंत्रता दिवस और हमारे देश



भक्तों के बारे में लोगों को जानकारी दी गई साथ में अमृत महोत्सव के विषय में लोगों को बताया गया कि हमें शहीदों की याद में और उनके सम्मान में सभी को अपने अपने घर तिरंगा लगाना है |इस रैली का संचालन कर रहे ब्राइटलैंड इंग्लिश एकेडमी के अध्यक्ष गुरु प्रताप सिंह व विद्यालय के प्रबंधक प्रधानाचार्य ,अध्यापक व अध्यापिकाए।

## घर के सामने खड़ी बाइक उठा ले गए चोर पुलिस नहीं की अभी तक कोई कार्यवाही



लखनऊ। सरोजनीनगर तहसील के अंतर्गत सेक्टर एफ विस्तार डी टू 205 मकान में रंजीत तिवारी रहते है जो रोजाना की तरह शाम को आने के बाद घर के सामने अपनी बाइक UP 32 HY 5074 खड़ी कर देते थे पर दूसरे दिन जब सुबह उठे तो देखा बाइक गायब ही उन्होंने तुरंत इसकी सूचना 112 पर दिया पर कोई कार्यवाही नहीं हुई मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076 पर भी कंप्लेंट दर्ज कराई उसके बाद उन्होंने थक हार के ट्रांसपोर्ट नगर पुलिस चौकी और सरोजनी नगर थाने पर लिखित एप्लीकेशन लिया पर अभी तक कोई पुलिस के द्वारा कार्यवाही नहीं हुई दरवाजे से मोटरसाइकिल गायब हो जाना बहुत बड़ी बात है एक अच्छी कॉलोनी से एक तरफ सरकार इतनी सतर्क है यहां चोरों का मनोबल दिन–ब–दिन बढ़ रहा है कहीं ना कहीं प्रशासन की लापरवाही देखी जा सकती है।।

## दबंग भूमफिया कब्जा करने के फिराक में लगातार कर रहे हैं प्रयास

उन्नाव। मिल रही जानकारी के अनुसार उन्नाव जिले के सदर तहसील के मनसुख खेडा चम्पापूर्वा की रहने वाली सुनीता देवी ने विगत पिछले दिनों जिलाधिकारी को शिकायती पत्र देते हुए बताया की मेरे पति अनिल कुमार की पैतृक जमीन गांव में हैं जमीन से संबंधित हमारे पास सभी अखिलेख भी मौजूद है इसके बावजूद मेरी जमीन पर जबरन गांव का ही सुंदर निषाद अपने दबंगई के बल बूते अवैध कब्जा करना चाह रहा है जब हम लोगों के द्वारा विरोध किया जाता है तों वह अपने दबंग साथियों के साथ हम लोगों से साथ गाली गलौज एवं मारपीट पर उतारू हो जाता है हम कई बार इसकी संबंधित अधिकारीयों को लिखित शिकायती पत्र के माध्यम से अवगत भी करा चुके हैं इसके बावजूद आज तक हम लोगों को न्याय नहीं मिला है।

जबकि सुंदर निषाद दबंग किस्म का आदमी है आज फिर एक बार मेरी जमीन पर अवैध कब्जे की नियत से मेरी पैतृक जमीन पर बांस बल्ली लगा कर बावन्डीवाल कर रहा था जब हम लोगों ने रोका तों हमारे साथ गाली गलौज करने लगा है हम थाने जाकर शिकायत भी की लेकिन थाने से पुलिस विभाग के कोई भी जिम्मेदार अधिकारी मौके पर नहीं आये है जिससे दबंग सुन्दर निषाद का मनोबल बढ़ा हुआ है हमारे साथ कभी भी कोई अनहोनी हो सकती है।

# जुगनू कर सकता नहीं उसे जो काम ज्वलित दिनमान करे, वह हाथ अभी तक मिला नहीं जो हाथ मेरा सम्मान करे

दैनिक अयोध्या टाइम्स बहराइच उत्तर प्रदेश। ''जुगनू कर सकता नहीं उसे जो काम ज्वलित दिनमान करे, वह हाथ अभी तक मिला नहीं जो हाथ मेरा सम्मान करे'' इन पंक्तियों के रचयिता और विगत 44 वर्षों से साहित्य साधना में रत डॉ0 अशोक 'गुलशन' ने साहित्य के क्षेत्र में अपनी विशिष्ट प्रतिभा से वैश्विक स्तर पर पहचान तो बना ली किन्तु अभी तक इनके साहित्यिक सेवाओं का उचित मूल्यांकन नहीं किया जा सका है। सर्बिया, इटली, ब्राजील और नाइजीरिया से साहित्यिक सेवाओं हेतु जहाँ इन्हें 04 डी0 लिट0 की मानद उपाधि प्रदान की गयी वहीं जॉर्डन, संयुक्त अरब अमीरात, इंडोनेशिया, फिलिस्तीन, मिस्र और भारत से 09 ऑनरेरी डॉक्टरेट की मानद उपाधि से नवाजा भी गया है। साहित्य के क्षेत्र में अब तक 35 देशों से 513 सम्मान,पुरस्कार, उपाधियों एवं प्रशस्ति पत्रों से सम्मानित डॉ0 गुलशन को नाइजीरिया और भारत से 09 अंतर्राष्ट्रीय सम्मान मिले हैं जिनमें इन्टरनेशनल डायमंड एवार्ड, महात्मा गाँधी इन्टरनेशनल नोबेल पीस एवार्ड, डॉ0 ए० पी०जे० अब्दुल कलाम इन्टर नेशनल अवार्ड, इंटरनेशनल गोल्डेन एवार्ड, अंतर्राष्ट्रीय मदर टेरेसा अवार्ड, इंटरनेशनल अचीवर्स एवार्ड, इंटरनेशनल गोल्ड स्टार एक्सीलेंसी एवार्ड, इंटरनेशनल एक्सीलेंसी एवार्ड तथा नोबेल इंटरनेशनल एवार्ड प्रमुख हैं इनके अतिरिक्त भारत के दिल्ली, म०प्र० ,हि०प्र० ,राजस्थान से इन्हें 09 राष्ट्रीय सम्मान, पुरस्कार मिले हैं जिनमें सुर साधना राष्ट्रीय सम्मान, डॉ0 अम्बेडकर भारत–भारती रत्न अलंकार, राष्ट्रीय हिन्दी सेवी सहस्त्राब्दी सम्मान, काव्य विभूति राष्ट्रीय सम्मानोपाधि, राष्ट्रीय काव्य कृति सम्मान, राष्ट्रीय साहित्य रत्न सम्मान, काव्य कौस्तुभ राष्ट्रीय सम्मानोपाधि, राष्ट्रीय रत्न एवार्ड एवं राष्ट्रीय सम्मान एवार्ड प्रदान किये गये हैं डॉ0 गुलशन की 25 पुस्तकें प्रकाशित हैं और 26 वीं पुस्तक हिन्दी दिवस पर प्रकाशित हो रही है इनकी पुस्तकें राजकीय पुस्तकालयों में आपूर्ति की जाती हैंद्य देश–विदेश की 1206 प्रकार के प्रमुख समाचार पत्र–पत्रिकाओं में इनकी लगभग तीन हजार रचनायें प्रकाशित हो चुकी हैं और साहित्य के क्षेत्र में इन्होंने 55 वर्ल्ड रिकार्ड बनाये हैं जिनमें विश्व की सबसे छोटी गजल, सबसे बड़ी गजल, सबसे लम्बी गजल, दोहा गजल, मुहावरा गजल, एक वर्ष में सबसे अधिक सम्मान पाने का तथा सबसे अधिक साहित्यिक सम्मान पाने का वर्ल्ड रिकार्ड इनके नाम दर्ज हैद्य सबसे लम्बा और अद्वितीय गीत लेखन के लिये वर्ल्ड बुक ऑफ रिकार्ड्स लन्दन द्वारा उन्हें सम्मानित किया गया है तथा इनके द्वारा 655 नामों के 12634 हिन्दी अखबारों के संकलन का रिकार्ड लिम्का बुक ऑफ रिकार्ड में दर्ज किया गया है। वर्ष 2011–12 में इनके हिन्दी साहित्य में योगदान विषय पर लखनऊ विश्वविद्यालय से एम0फिल0 हुई है तथा बुन्देलखंड विश्वविद्यालय के पीएच0डी0 के शोध ग्रन्थ में इनकी छोटी बहर की गजल सम्मिलित की गयी हैद्य भारतीय राजदूतावास की ओर से इन्होंने काठमांडू में प्रतिभाग किया है तथा भूटान, थाईलैंड और इंडोनेशिया के विश्व हिन्दी उत्सव में सम्मिलित हुये हैंद्य आकाशवाणी लखनऊ, जन सन्देश, पूर्वा पोस्ट टी0वी0 तथा नेपालगंज के एफएम चौनल पर इनकी अनेकों रचनायें प्रसारित हुई हैं। भारत के 17 राज्यों तथा उ०प्र० के 36 जनपदों से सम्मानित डॉ0 गुलशन को राज्य कर्मचारी साहित्य संस्थान द्वारा इनके कहानी संग्रह ' कागज के पंख' पर इक्यावन हजार रूपये की राशि सहित अमृत लाल नागर पुरस्कार, तथा काव्य संग्रह 'ख्वाब के साये' पर एक लाख रूपये की सम्मान राशि सहित डॉ0 हरिवंश राय बच्चन पुरस्कार एवं इंडोनेशिया में एक लाख रूपये की राशि सहित दुष्यन्त कुमार गजल सम्मान से सम्मानित किया गया हैद्य समाज सेवा हेतु इन्हें 23 देशों से 49 ऑनरेरी डॉक्टरेट तथा 01 डी0 लिट् सहित 1137 सम्मान, पुरस्कार, उपाधियाँ तथा प्रशस्ति पत्र प्रदान किये गये हैं। वर्ष 2007 से पद्मश्री पुरस्कार हेतु इनके नाम की संस्तुति जिलाधिकारी, आयुक्त, विधायक, सांसद केन्द्रीय मंत्री, राज्यमंत्री, महामहिम राज्यपाल तथा उ०प्र० सरकार द्वारा की जाती रही है।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में नानपारा में सम्पन्न हुआ सम्पूर्ण समाधान दिवस

दैनिक अयोध्या टाइम्स बहराइच उत्तर प्रदेश। आमजन की समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए प्रत्येक माह के प्रथम एवं तृतीय शनिवार को आयोजित होने वाले सम्पूर्ण समाधान दिवसों की कड़ी में माह अगस्त के प्रथम शनिवार को तहसील नानपारा में जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चन्द्र की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित हुआ। इस अवसर पर डीएम ने पुलिस अधीक्षक केशव कुमार चौधरी, उप जिलाधिकारी नानपारा अजित परेश, पुलिस क्षेत्राधिकारी नानपारा डॉ. जंग बहादुर यादव व अन्य अधिकारियों के साथ आये हुए फरियादियों की समस्याओं की गम्भीरतापूर्वक सुनवाई की और निस्तारण के लिए सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान तहसील के ग्राम सिरसिया निवासी विश्वनाथ पुत्र धनपत द्वारा खतौनी में नाम दुरूस्ती से सम्बन्धित दिये गये प्रार्थना को गम्भीरता से लेते हुए जिलाधिकारी ने तत्काल नाम दुरूस्त कराकर फरियादी धनपत को दुरूस्त खतौनी भी सौप दी।

इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी महेन्द्र कुमार पाण्डेय, परियोजना निदेशक डीआरडीए पी. एन. यादव, जिला कृषि धिकारी सतीश कुमार पाण्डेय, जिला प्रोबेशन अधिकारी विनय कुमार सिंह, जिला कार्यक्रम अधिकारी राज कपूर, जिला समाज कल्याण अधिकारी राम शंकर, पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी राजन कुमार, जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी वी.पी. सत्यार्थी, तहसीलदार शिव प्रसाद सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी सम्बन्धित खण्ड विकास अधिकारी, बाल विकास परियोजना अधिकारी, खण्ड शिक्षा अधिकारी, थानाध्यक्ष व अन्य अधिकारी मौजूद रहे। तहसील नानपारा में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त 119 में 27, महसी में प्राप्त 23 में 04, पयागपुर में प्राप्त 124 में 08, मिहींपुरवा (मोतीपुर) में प्राप्त 20 में 03, कैसरगंज में प्राप्त 94 में 06 तथा तहसील सदर बहराइच में प्राप्त 47 में 03 प्रार्थना–पत्रों का निस्तारण मौके पर किया गया।

# निर्माण कार्यों को समय से पूर्ण कराये कार्यदायी संस्था : जिलाधिकारी

दैनिक अयोध्या टाइम्स बहराइच उत्तर प्रदेश। शासन के सर्वोच्च प्राथमिकता वाले 37 सूत्रीय विकास कार्यक्रमों की मासिक समीक्षा हेतु शुक्रवार को देरशाम कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चन्द्र ने निर्देश दिया कि आनगोईंग प्रोजेक्ट्स को निर्धारित मानक व समयबद्धता के साथ पूर्ण करायें। डीएम डॉ. चन्द्र ने कार्यदायी संस्थाओं व प्रशासकीय विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिया कि नियमिति रूप से कार्यस्थल का निरीक्षण कर परियोजनाओं को पूर्ण कराये साथ ही यह भी सुनिश्चित करें कि जो प्रोजेक्ट पूर्ण हो गये हैं उन्हें उपयोग में भी लाया जाय।

नहरों के संचालन की समीक्षा करते हुए डीएम डॉ. चन्द्र ने निर्देश दिया कि कम वर्षा को दृष्टिगत रखते हुए सभी नहरों को रोस्टर के अनुसार पूरी क्षमता से संचालित करने के साथ–साथ यह भी सुनिश्चित किया जाय कि सभी नहरों की टेलों तक पानी की आपूर्ति हो, ताकि जिले के किसानों को सिंचाई कार्य में कोई समस्या न आये। निर्माण परियोजनाओं की समीक्षा के दौरान डीएम डॉ. चन्द्र ने अधि.अभि. लो.नि. वि. को निर्देश दिया कि हुजूरपुर–कैसरगंज मार्ग में जो कार्य अपूर्ण रह गया है उसे भी यथाशीघ्र पूरा कराएं।

स्वास्थ्य विभाग अन्तर्गत संचालित योजनाओं एवं कार्यक्रमों की समीक्षा के दौरान गोल्डेन कार्ड बनाये जाने की प्रगति अपेक्षाकृत सुस्त पाये जाने पर बड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए डीएम डॉ. चन्द्र ने निर्देश दिया कि प्रगति में अपेक्षित सुधार लाया जाय तथा अपने पदेन उत्तरदायित्वों को भलीभांति निर्वहन न करने वाले आयुष्मान मित्रों का वेतन भी बाधित किया जाय। डीएम ने कहा कि ऐसे गौआश्रय स्थल जहॉ पर हरा चारा तैयार है तो संरक्षित गोवंशों के उपयोग में लाया जाय। पेयजल परियोजनाओं की समीक्षा के दौरान निर्देश दिये गये कि सभी पेयजल परियोजनाओं की समीक्षा के लिए अलग से बैठक बुलाई जाय। ''आजादी का अमृत महोत्सव'' अन्तर्गत आगामी 11 से 17 अगस्त, 2022 तक ''स्वतन्त्रता सप्ताह'' तथा ''हर घर तिरंगा'' कार्यक्रम पर चर्चा के दौरान डीएम डॉ. चन्द्र ने विभागवार निर्धारित किये गये लक्ष्यों के सापेक्ष विभाग द्वारा की गई झण्डा की खरीद तथा वितरण की समीक्षा करते हुए निर्देश दिया कि सभी विभाग लक्ष्य के अनुरूप् शत–प्रतिशत खरीद के साथ ही झण्डा का वितरण कराना सुनिश्चित करें।

इसके अलावा अन्य बिन्दुओं की समीक्षा करते हुए सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिये गये।

इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी महेन्द्र कुमार पाण्डेय, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. ओ.पी. चौधारी, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी डॉ. अर्चना सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. चन्द्रपाल, उप निदेशक कृषि टी.पी. शाही, जिला पंचायत राज अधिकारी उमाकान्त पाण्डेय सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी मौजूद रहे।

## सेवायोजन कार्यालय में 08 अगस्त को आयोजित होगा रोजगार मेला

दैनिक अयोध्या टाइम्स

बहराइच उत्तर प्रदेश। जिला सेवा योजन कार्यालय, राजकीय आई.टी. आई. एवं उ.प्र. कौशल विकास मिशन बहराइच के संयुक्त तत्वावधान में मिशन रोजगार अन्तर्गत प्रत्येक सप्ताह आयोजित किये जाने वाले रोजगार मेले की कड़ी में 08 अगस्त 2022 को पूर्वान्ह 10:00 बजे से जिला सेवायोजन कार्यालय परिसर निकट एआरटीओ कार्यालय, बहराइच में रोजगार मेला आयोजित होगा।

इस रोजगार मेले में निजी क्षेत्र की कुल 02 कम्पनियों द्वारा प्रतिभाग किया जा रहा है। फ्यूचर ब्राइट आर्गेनिक हर्वल एण्ड आयुर्वेदिक प्रा. लि. द्वारा 22 से 35 वर्ष आयु वर्ग के स्नातक उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को सेल्स ऑफिसर्स के 60 पदों पर मासिक वेतर रू. 15000.00 तथा 18 से 50 वर्ष आयु वर्ग के हाईस्कूल उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को एल.आई.सी. एजेन्ट के 30 पदो पर मासिक वेतन रू. 6000=00 एवं कमीशन पर जाब लोकेशन बहराइच हेतु नियोजित किया जायेगा। आभ्यर्थियों का चयन साक्षात्कार के माध्यम से किया जायेगा। यह जानकारी देते हुए जिला सेवायोजन अधिकारी संजय कुमार ने बताया कि रोजगार मेले में उ.प्र. कौशल विकास मिशन व सेवायोजन कार्यालय में पंजीकृत अथवा अन्य अभ्यर्थी प्रतिभाग कर सकते हैं। इच्छुक महिला पुरूष अभ्यर्थी अपने बॉयोडाटा सहित समस्त शैक्षिक योग्यता के अंकपत्र, प्रमाण पत्र, आधार कार्ड मूलरूप में एवं उनकी एक–एक छायाप्रति तथा दो पासपोर्ट साइज फोटो के साथ निर्धारित तिथि 08 अगस्त 2022 को जिला सेवायोजन कार्यालय में उपस्थित होकर रोजगार मेले में प्रतिभाग कर सकते हैं।

## उपचुनाव में प्रधान की जीत पर राष्ट्रीय उपाध्यक्ष के घर जश्न का माहौल

जौनपुर। जौनपुर जिले की बक्सा ब्लॉक अंतर्गत सुजियामऊ गांव में अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा रा. के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं पूर्व ब्लाक प्रमुख श्रीपति उपाध्याय के घर उपचुनाव में नवनिर्वाचित प्रधान रमेश चंद मिश्र के चुने जाने पर उनके समर्थकों के साथ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष और प्रदेश उपाध्यक्ष का माल्यार्पण कर प्रधान द्वारा बधाई दी गई राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्रीपति उपाध्याय द्वारा वार्ता के दौरान उन्होंने बताया कि हमारे द्वारा तथा पदाधिकारीयों की लगन और मेहनत से यह जीत मिली है। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष द्वारा वार्ता के दौरान उन्होंने बताया कि पूरेहेमू गांव में प्रधान पद के लिए हुए उपचुनाव में रमेश चंद्र मिश्र ने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी लीलावती देवी को 39 मतों से पराजित किया रमेश चंद्र को कुल 250 मत तो वहीं लीलावती को 211 मत मिले उन्होंने बताया कि कई वर्षों के बाद कोई ब्राम्हण प्रधान हुआ है। उन्होंने अपने संगठन के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं का धन्यवाद करते हुए कहा कि प्रदेश उपाध्यक्ष संजय उपाध्याय पूरेहेमू गांव के ही पप्पू मिश्रा का विशेष योगदान रहा



लालजी पाण्डेय, डब्बू दुबे, पंकज उपाध्याय, विजय मिश्रा अटरा, पल्लू दुबे और बहुत से लोगों के प्रति आभार व्यक्त किया।

## सहारनपुर ईट निर्माण समिति के द्वारा जीएसटी व कोयले की रेट दरों के बढ़ने से की गई पूर्ण अनिश्चितकालीन हड़त

रिपोर्ट सदर तहसील प्रभारी दैनिक अयोध्या टाइम्स उत्तर प्रदेश सहारनपुर। अखिल भारतीय और उत्तर प्रदेश ईट निर्माता समिति के आह्वान पर सहारनपुर ईट निर्माण समिति के द्वारा 1 जुलाई से पूर्ण अनिश्चितकालीन हड़ताल की गई जिसको अध्यक्ष चौधरी बख्तावर सिंह व महामंत्री दीपक गर्ग के नेतृत्व में लगातार आगे ले जाया जा रहा है उनका कहना है कि जब तक हमारी मांगों को मान नहीं लिया जाता जब तक हम हैं पूर्ण अनिश्चितकालीन हड़ताल बंद नहीं करेंगे उन्होंने बताया कि भट्टों पर बढ़ती जीएसटी व कोयले की दरो में बढ़ोतरी से भट्टा मालिक भट्टा चलाने में असमर्थ है आपको बता दें कि जीएसटी की दर ईंट भट्टों के लिए एक प्रतिशत से बढ़ाकर 12 प्रतिशत कर दिया गया है। कोयले की दर सात हजार रुपये प्रति टन से बढ़ाकर 27 हजार रुपये प्रति टन किया गया है। इससे ईंट निर्माता परेशान हैं।जीएसटी बढ़ने पर ईंट के दामों में हो जाएगी बढ़त

तेजी से बढ़ती महंगाई के साथ ही ईंट भट्ठों पर बढ़ी जीएसटी का असर ईंटों पर भी पड़ा है। ईंटें महंगी हो गई है। 7000 प्रति हजार का आने वाले ईंट 8000 रुपये की हो गई है। यानी जीएसटी बढ़ने पर प्रति ईंट एक रुपये की बढ़त हो गई है। इसका असर सीधे तौर पर आम लोगों की जेब पर पड़ने वाला है अब तक ईंटों के निर्माण और व्यापार पर एक प्रतिशत जीएसटी लगता था और व्यापारियों को इनपुट पर क्रेडिट का दावा करने की छूट थी। सरकार ने 31 मार्च को जीएसटी दरों को



अधिसूचित किया है और यह एक अप्रैल से लागू हो गई है। उन्होंने बताया कि जिले से लेकर प्रदेश–देश में ईंट निर्माण कार्य बंद कर सभी भट्टा मालिक हड़ताल पर हैं।सहारनपुर के भट्टा मालिक भी भूख हड़ताल में योगदान दे रहे हैं।

# संक्षिप्त समाचार

## ब्लॉक नवाबगंज में भ्रष्टाचार की सारी हदें पार कर रहा है युवा कल्याण विभाग

दैनिक अयोध्या टाइम्स रिपोर्ट देवेश पांडेय। जैसा कि सरकार की मंशा है कि देश एवं प्रदेश का युवा पढ़े लिखे और आगे बढ़े इसीलिए युवा कल्याण विभाग को यह जिम्मेदारी दी गई है कि प्रत्येक विद्यालय से छात्रों को एकत्र कर खेलकूद प्रतियोगिता कराई जाए और उनका उत्साहवर्धन किया जाए ठीक इसके विपरीत नवाबगंज के युवा कल्याण अधिकारी कागजों तक ही सीमित कर देते हैं खेलकूद प्रतियोगिता ना ही कोई व्यवस्था ना ही छात्र बाहरी लोगों को बुलाकर खानापूर्ति कर दी जाती है और अपनी जेब गर्म कर ली जाती है यह भ्रष्टाचार बीते कई सालों से नवाबगंज में चल रहा है कई बार कार्यवाही के लिए पत्र भी लिखा गया है लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हुई है यदि इस बार भी कार्यवाही नहीं होती है तो मां राजेश्वरी देवी चौरिटेबल ट्रस्ट के बैनर तले एक बड़ा आंदोलन किया जाएगा जिसकी पूरी जिम्मेदारी शासन और प्रशासन की होगी।

## अमृत महोत्सव को लेकर फार्मासिस्टो ने की बैठक

दैनिक अयोध्या टाइम्स चीफ ब्यूरो निशी तिवारी गोंडा उत्तर प्रदेश। आजादी के अमृत महोत्सव कार्यक्रम के निमित्त सहायक आयुक्त औषधि मनोज कुमार, औषधि निरीक्षक रजिया बानो के निर्देश पर फार्मेसी एंड फार्मासिस्ट वेलफेयर एसोसिएशन के पदाधिकारियों की बैठक जिला चिकित्सालय स्थित बाबू ईश्वर शरण जी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि करके आहूत दी गई जिसमें आजादी के 75 वी वर्षगांठ पर सभी मेडिकल प्रतिष्ठानों पर राष्ट्रीय ध्वज लगाने के लिए सभी फार्मेसिस्ट मित्रों से आवाहन किया गया इस कार्यक्रम में कार्यक्रम प्रभारी सुधांशु मिश्रा, राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रभाकर नाथ पांडे, सुमित मोदनवाल, नौशाद खान, रोहित मिश्रा, वैभव श्रीवास्तव, सचिन वाल्मीकि, सौरभ शर्मा, रितिक श्रीवास्तव, विनय कुमार भारती, सदाकांत तिवारी, रोहित तिवारी, दीपक आदि पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## जानलेवा हमले के दोषियों की शीघ्र गिरफ्तारी के लिएय पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक गोण्डा को दिया प्रार्थना पत्र

दैनिक अयोध्या टाइम्स चीफ ब्यूरो निशी तिवारी गोंडा उत्तर प्रदेश। घटना गोंडा जिले के तहसील तरबगंज थाना उमरी बेगमगंज के अंतर्गत ग्राम पंचायत उमरी उमरी बेगमगंज का है। जहां पर दबंगो ने मकान बना रही पीड़िता बिट्टू देवी के परिवार तथा बचाव करने आए लोगों को मार पीटकर मरणासन्न कर दिया। पीड़िता बिट्टू देवी ने पुलिस अधीक्षक गोंडा को दिए गए प्रार्थना पत्र में बताया कि वह मकान बना रही थी उसी बीच विपक्षी मनोज कुमार पुत्र राजेश,विनोद कुमार पुत्र महावीर, चंदन सिंह पुत्र अर्जुन सिंह, रवि सिंह पुत्र फूलचंद सिंह, सूरजभान पुत्र सत्यदेव, रिंकू सिंह पुत्र तरुण सिंह भीम सिंह पुत्र तरुण सिंह,विनय पुत्र साधू, अखंड सिंह पुत्र राम कुमार सिंह, गोलू सिंह पुत्र सतीश सिंह निवासीगण ग्राम थाना उमरी बेगमगंज जिला गोंडा का अनिल सिंह पुत्र ननकऊ सिंह निवासी ग्राम सनौली मोहम्मदपुर दानपुरवा थाना उमरी बेगमगंज जिला गोंडा एकराय होकर जान से मारने की नियत से लाठी डंडा, मुक्का, थप्पड़ से प्रार्थिनी को मारने लगे, हल्ला गुहार पर रमेश पुत्र श्याम बिहारी हौसिला पुत्र रमई, शुभम पुत्र रामकिशोर,कृष्णानंद पुत्र श्याम बिहारी, राजबक्श पुत्र रामबहोर, राज किशोर पुत्र राम बहोर तथा रमेश की पत्नी हौसला की पत्नी रामजीत पुत्र प्रहलाद निवासी ग्राम व थाना उमरी बेगमगंज जिला गोंडा को गंभीर रूप से मारपीट कर घायल कर दिया तथा शुभम को इतना मारा कि वह मरने की कगार पर पहुंच गया। जिसकी प्रथम सूचना रिपोर्ट श्रीमती बिट्टू देवी ने थाना उमरी बेगमगंज में दर्ज कराई। जिस पर पुलिस ने गंभीर धाराओं में मुकदमा तो दर्ज कर लिया है लेकिन अभी तक कोई कार्यवाही नहीं की गयी है जिससे विपक्षीगण का मनोबल काफी बढ़ा हुआ है और प्रार्थिनी के परिवार को जान से मारने की धमकी देते रहते हैं जिससे प्रार्थिनी के पूरे परिवार को जान माल का खतरा बराबर बना हुआ है। पीड़िता श्रीमती बिट्टू देवी ने पुलिस अधीक्षक गोंडा को प्रार्थना पत्र देकर दोषियों की गिरफ्तारी के लिए उमरी बेगमगंज को निर्देशित करने की गुहार लगाई है।

## नेपियर हरी घास की बुवाई करते जिलाधिकारी बहराइच डॉ दिनेश चंद्र

दैनिक अयोध्या टाइम्स कैसरगंज। विकासखंड के अंतर्गत ग्राम पंचायत कसेहरी बुजुर्ग में जिलाधिकारी डॉ.दिनेश चंद्र व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक केशव कुमार चौधरी ने नेपियर घास की बुवाई का शुभारंभ किया।शुभारंभ के मौके पर उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश शासन के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के दिशा निर्देश के क्रम में आज हम लोग लावारिस गोवंश के लिए हरे चारे की व्यवस्था के उदेश्य से नेपियर घास बहुत ही उत्तम चारा है इससे गोवंश को इस प्रकार का हरा चारा देने से उनके शरीर को स्वस्थ रहेंगे। तथा उनके शरीर पर कोई दुष्प्रभाव नहीं पड़ेगा इस मौके पर खंड विकास अधिकारी कैसरगंज अजीत कुमार सिंह,थाना प्रभारी कैसरगंज दद्दन सिंह सिंह,पुलिस क्षेत्राधिकारी कैसरगंज कमलेश कुमार सिंह व ग्राम प्रधान विनोद कुमार गुप्ता सहित कई अन्य ग्रामीण बुवाई के समय मौजूद रहे।

## प्रधान पद के उपचुनाव सम्पन्न

- ग्राम पंचायत नकौडा में प्रधान पद निर्वाचित उम्मीदवार बृजेश कुमारी पत्नी वेदमित्र चौधरी ने विजय हासिल की

दैनिक अयोध्या टाइम्स कैसरगंज। विकासखंड कैसरगंज अंतर्गत ग्राम पंचायत नकौड़ा में प्रधान पद के उम्मीदवारों में जीत के लिए 5 उम्मीदवारों ने अपना पर्चा दाखिल किया था प्रधान पद के चुनाव में पाँच उम्मीदवारो ने अपने गांव में खूब जोर आजमाएं उक्त चुनाव में कुल 1236 मतदाताओं ने अपना बहुमूल्य मत दान किया।जिसमें प्रधान प्रत्याशी नीलू कुमारी पत्नी सोनू को 22 मत प्राप्त हुए,मंजू देवी पत्नी राम नरेश को 24 मत प्राप्त हुए,मंजेश वर्मा पत्नी जितेंद्र वर्मा को 192 मत प्राप्त हुए,जबकि देवी पत्नी मंसाराम को 482 मत व बृजेश कुमारी पत्नी वेद मित्र चौधरी को 516 मत प्राप्त हुए बताया जा रहा है कि सुबह से ही कांटे की टक्कर में बृजेश कुमारी पत्नी वेद मित्र चौधरी ने 34 मतों से जू देवी पत्नी मंसाराम को पराजित किया।इस मौके पर खंड विकास अधिकारी कैसरगंज अजीत कुमार सिंह,सहायक निर्वाचन अधिकारी अमित कुमार गुप्ता,सहायक विकास अधिकारी पंचायत राजेश कुमार चौधरी, एडीओ आईएसबी मदन गोपाल लाल कनौजिया सहित तमाम आलाधिकारी मौजूद रहे।



## डीएम व एसपी ने तहसील मनकापुर में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में फरियादियों की सुनी समस्याए



- संपूर्ण समाधान दिवस मनकापुर में जनसुनवाई के दौरान 145 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें 7 प्रार्थना पत्रों का त्वरित निस्तारण

दैनिक अयोध्या टाइम्स चीफ ब्यूरो निशी तिवारी गोंडा उत्तर प्रदेश। गोण्डा शासन की मंशानुरूप जन सामान्य की शिकायतों एवं समस्याओं का एक ही स्थल पर निस्तारण कराने के उद्देश्य से आज जनपद के समस्त तहसीलो में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें तहसील मनकापुर में जिलाधिकारी डॉ० उज्ज्वल कुमार, पुलिस अधीक्षक आकाश तोमर द्वारा आये हुये फरियादियों की समस्याओं को सुना तथा शिकायतों का त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने हेतु सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों को प्रेषित किया गया। तहसील मनकापुर में कुल 145 प्रार्थपा पत्र प्राप्त हुये जिसमें 07 शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही किया गया, शेष प्रार्थना पत्रो को सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों को प्रेषित करते हुये निर्देशित किए हैं कि निर्धारित समय सीमा के अन्तर्गत प्रकरण का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करते हुये आख्या तहसील में उपलब्ध करायें। उन्होंने कहा कि अवैध अतिक्रमण के मामले में पुलिस फोर्स के साथ मौके पर जाकर निस्तारिण कराना सुनिश्चित करें। साथ ही उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि तालाब, जमीन की पैमाइश, अवैध कब्जा, चकरोड, नाली के अतिक्रमण को पुलिस फोर्स के साथ हटवाने का कार्य करें। शिकायत कर्ताओं को मौके पर बुलाएं। उसके आने पर लिखित रूप से उल्लेख करें और निस्तारण के प्रकरण का फोटोग्राफी/वीडियोग्राफी भी करें। वहीं जनसुनवाई के अंत में तहसील परिसर में जिलाधिकारी ने पौधरोपण भी किये। इसके साथ ही तहसील परिसर में समस्त विभागों के द्वारा लगाये गये स्टालों का निरीक्षण किये और कहा की सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का प्रचार–प्रसार करते हुए पात्र व्यक्तियों को लाभान्वित भी करें। वही आंगनबाड़ी विभाग के कार्यकत्रियों द्वारा से अच्छा कार्य किये जाने पर उनको जिलाधिकारी के द्वारा प्रशस्ति पत्र भी दिया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक आकाश तोमर, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ० रश्मि वर्मा, डी.सी. एनआरएलएम, जिला विकास अधिकारी, उपनिदेशक कृषि, जिला पंचायत राज अधिकारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, एसओसी, अधिकारी, जिला कृषि अधिकारी, जिला पूर्ति अधिकारी सहित जनपद स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## डीएम ने किया दतौली, मछलीगांव, गुनौरा के अमृत सरोवर तालाब का निरीक्षण



दैनिक अयोध्या टाइम्स चीफ ब्यूरो निशी तिवारी गोंडा उत्तर प्रदेश। जिलाधिकारी डॉ0 उज्ज्वल कुमार ने आज तहसील मनकापुर के अंतर्गत ग्राम पंचायत दतौली, मछली गांव नानकार तथा गुनौरा में कराये जा रहे अमृत सरोवर तालाब के निर्माण का निरीक्षण किये। निरीक्षण के दौरान कहा कि और अच्छे से इसको तैयार किया जाय तथा इसके आस–पास पौधरोपण जरूर करायें, जिससे इसके आस–पास हरियाली व पर्यावरण का वातावरण रहे। इसके साथ ही इसका देख–भाल जरूर कराया जाय ताकि अमृत सरोवर तालाब की सुन्दरता और स्वच्छता बराबर बनी रहे, तथा वहां कार्य कर रहे श्रमिकों एवं बच्चों को तिरंगा झंडा का भी वितरण किये, और वहां पर सभी लोगों को बताया आजादी के अमृत महोत्सव अवसर पर 13 अगस्त से 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा के कार्यक्रम को मनाया जाय।

इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी दिनकर विद्यार्थी, डीसी मनरेगा संत कुमार, उपायुक्त स्वतः रोजगार नरेश बाबू सविता, खण्डविकास अधिकारी मनकापुर, संबंधित ग्राम पंचायत के ग्राम पंचायत अधिकारी, ग्राम प्रधान सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## कर्नलगंज कस्बे में अकीदत के साथ निकला सातवीं का जुलूस

दैनिक अयोध्या टाइम्स चीफ ब्यूरो निशी तिवारी गोंडा उत्तर प्रदेश
कर्नलगंज, गोण्डा। शनिवार को नगर में सातवीं का जुलूस ढोलक व अलम के साथ या हुसैन या हुसैन के नारों के साथ सकरौरा से सुबह प्रारम्भ हुआ। जहां ग्राम कर्नलगंज ग्रामीण के मेंहदीहाता, नचनी सहित नगर के अन्य अलम को इकटठा करते हुये यह जुलूस नगर के मुख्य मार्गो से होता हुआ शाम को बसस्टाप स्थित इमाम चौक पर पहुंचा। जहां नोहा व सलामी के बाद जुलूस का समापन किया गया। इस अवसर पर पायग भरने वाले तमाम लोगों ने भी इमाम चौक पर सलामी दी। जुलुस की अगुवाई अंजुमन सज्जादिया के सदर अकबाल रजा कुरैशी व कमेटी के



अन्य पदाधिकारी कर रहे थे। जुलूस में नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि शमीम अहमद अच्छन, फहीम अहमद पप्पू जिला उपाध्यक्ष सपा गोण्डा सहित कमेटी के सरंक्षक हाजी नजीर इंडियन, हाजी रफीउल्ला अंसारी, महामंत्री हाफिज गुडडू, यावर हुसैन श्मुन्ना नेताश उपाध्यक्ष, सिरताज कुरैशी उपाध्यक्ष, अजीम इदरीसी,अहमद अली अंसारी, कामिल कुरैशी, सिद्दीक रायनी, ननके कुरैशी,सूफी वारसी, असलम कुरैशी,अन्ना मंसूरी सहित काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय द्वारा संचालित कृषि विज्ञान के नानपारा, बहराइच द्वारा केंद्र के प्रक्षेत्र पर मदर आचार्ड की स्थापना की



दैनिक अयोध्या टाइम्स रिपोर्ट देवेश पांडेय। केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष डॉक्टर के एम सिंह ने बताया मदर आचार्ड की स्थापना का मुख्य उद्देश्य कृषि विज्ञान केंद्र के कार्य क्षेत्र व जिले के सभी किसानों को एक उच्च गुणवत्ता के नवीन प्रजातियों के पौधे आसानी से उपलब्ध हो सके। मदर आचर्ड में आम अमरूद के पौधे लगाए गए। उद्यान वैज्ञानिक डॉ विष्णु प्रताप सिंह ने बताया आम की प्रजातियां में मल्लिका, अरुणिमा, नीलम, आम्रपाली, चौसा, लगड़ा, दशहरी, रामकेला, अंबिका, सुरखा, गौरजीत, आदि एवं अमरूद में प्रमुख प्रजातियां एल 49,श्वेता, धवल, ललित, इलाहाबाद सफेदा, एप्पल कलर, आदि के पौधे स्थापित की गयी। मदर आचार्य की स्थापना के समय केंद्र के वैज्ञानिक डॉ अरुण कुमार, डॉक्टर हर्षिता, डॉ मनीष कुमार डॉ सूर्य बली सिंह, जयेश, सचान, बृजेश, उपेंद्र सिंह उपस्थित रहे।

## गोस्वामी तुलसीदास जी की जयंती पर धर्म रक्षा सेतु संगठन द्वारा छोटे बच्चों के लिए श्रीरामचरितमानस पर आधारित प्रश्नोत्तरी परीक्षा का कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें भारी संख्या में बच्चों ने प्रतिभाग किया

दैनिक अयोध्या टाइम्स चीफ ब्यूरो निशी तिवारी गोंडा उत्तर प्रदेश
करनैलगंज, गोंडा। धर्म रक्षा सेतु संगठन द्वारा नगर के ठठराही बाजार में स्थित श्री बालाजी मंदिर में गोस्वामी तुलसीदास जी की जयंती पर छोटे छोटे बच्चों के मध्य आयोजित प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम में श्रीरामचरितमानस पर आधारित मौखिक प्रश्न पूछे गए। इसमें अ वर्ग में तेजस वर्मा को प्रथम, अनय कौशल को द्वितीय तथा देवा सोनी को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। इसी प्रकार ब वर्ग में संचित सोनी को प्रथम, अनुज सोनी को द्वितीय तथा आयुष कौशल को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। स वर्ग में अनन्या सुल्तानिया को प्रथम, रजनीश कुशवाहा को द्वितीय तथा जान्हवी कौशल को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। इन बच्चों को अतिथियों द्वारा पुरस्कार प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। अन्य सभी प्रतिभागी बच्चों को भी सांत्वना पुरस्कार प्रदान किये गये। निर्णायक मंडल में वरिष्ठ पत्रकार अशोक शुक्ला, शिवनंदन वैश्य, अशोक सिंहानिया, संजीव मोदनवाल और कन्हैया लाल वर्मा शामिल थे। इस मौके पर आयुष सोनी, विशाल कौशल, विमल मिश्रा, तनिष्क चौरसिया, सागर सोनी, रामानंद मिश्रा, ओपी तिवारी, आदर्श



गुप्ता, अमित कौशल सहित कई धर्म रक्षक मौजूद रहे।

## विकास खंड हलधरमऊ के अधिकारियों,कर्मचारियों को शासन के आदेशों का नहीं है कोई भय

- शनिवार की सुबह 9 बजकर 50 मिनट तक नहीं खुला कार्यालय का ताला
- हलधरमऊ में अधिकारियों, कर्मचारियों का इंतजार करते दिखे फरियादी

दैनिक अयोध्या टाइम्स जिला चीफ ब्यूरो निशी तिवारी गोंडा उत्तर प्रदेश
कर्नलगंज,हलधरमऊ। जनता की समस्याओं के समाधान के लिए सीएम योगी के निर्देशानुसार राजपत्रित अधिकारियों को सुबह के 9रू00 बजे से जन सुनवाई के लिए अपने कार्यालय में उपस्थित रहना होता है। लेकिन, ब्लॉक मुख्यालय में सरकार के आदेश को दरकिनार किया जा रहा है। शनिवार सुबह पौने दस बजे तक कार्यालय का ताला बंद मिला।
हलधरमऊ खंड विकास कार्यालय में 9रू45 बजे पहुंची मीडिया टीम ने ब्लॉक मुख्यालय का जायजा लिया तो पाया कि खंड विकास अधिकारी व अन्य जिम्मेदार अधिकारी कर्मचारी भी पौने दस बजे तक






अपने कार्यालय से नदारद रहे। जबकि सरकार द्वारा सख्त निर्देश है कि सभी अधिकारियों को जनसुनवाई के लिए अपने कार्यालय में सुबह 9 बजे से मौजूद रहना है। जबकि समस्याओं को लेकर खंड विकास अधिकारी के इंतजार में शिकायतकर्ता ब्लॉक परिसर में घूमते नजर आए। ऐसे में जब विभाग का मुखिया ही नदारद मिला तो अन्य कर्मचारियों के मौजूदगी का प्रश्न ही नहीं उठता है। इसके उपरांत ब्लॉक परिसर में मौजूद अन्य कार्यालय का जायजा लिया गया तो वहां भी ताला लटकता मिला। यही नहीं यहाँ सुबह के 10 बजे तक कोई भी अधिकारी जनता की शिकायतें सुनने के लिए मौजूद नहीं था।
वहीं मीडिया की पड़ताल की भनक लगते ही ब्लॉक में हड़कंप मच गया। थोड़ी देर के बाद ब्लॉक के कुछ कर्मचारी पहुंचकर हड़बड़ी में ताला खोलते नजर आए जो मीडिया कर्मियों के कैमरे से बचने की कोशिश करते रहे। पड़ताल में ये तो जाहिर हो गया कि अधिकारी व कर्मचारी अपनी जिम्मेदारियों से दूर भाग रहे हैं।और उन्हें शासन एवं उच्चाधिकारियों का कोई भय नहीं है। प्रदेश के मुखिया के आदेशों का उल्लंघन करना तो कोई हलधरमऊ खंड विकास कार्यालय के अधिकारियों, कर्मचारियों से पूछे। इस दौरान शिकायतकर्ता परिसर में घूमते नजर आये। बताते चलें कि यदि यही हाल हर विभाग के अधिकारियों का रहता है तो फरियादी किससे फरियाद करें। इस संबंध में खंड विकास अधिकारी से कार्यालय का ताला बंद होने और उनके मौजूद ना होने के क्रम में दूरभाष पर संपर्क करने का प्रयास किया गया लेकिन उनसे संपर्क स्थापित नहीं हो सका।

## कर्नलगंज क्षेत्र में चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने में पुलिस नाकाम

- एक लाख नकदी व जेवर की हुई चोरी, पुलिस को खुली चुनौती

दैनिक अयोध्या टाइम्स जिला चीफ ब्यूरो निशी तिवारी गोंडा उत्तर प्रदेश
कर्नलगंज, गोण्डा। स्थानीय कोतवाली क्षेत्र में चोरों का आतंक बढ़ता जा रहा है, वहीं चोर आये दिन चोरी की घटनाओं को अंजाम देकर पुलिस को खुली चुनौती दे रहे हैं। लेकिन पुलिस उन पर अंकुश लगाने के बजाय चोरी की घटना को छुपाने का प्रयास करती रहती है। ताजा मामला कोतवाली कर्नलगंज क्षेत्र से जुड़ा है, जहाँ



शुक्रवार को कोतवाली अन्तर्गत ग्राम चंगेरिया निवासी भोलू सिंह ने कोतवाली में तहरीर दिया है। जिसमे कहा गया है कि गुरुवार की रात्रि चोर उसके घर मे चोरी की घटना को अंजाम देकर एक लाख रुपये नकद व दो सोने की अंगूठी चोरी कर ले गए हैं। यही नही चोर बक्सा आदि गांव के पास ही एक गन्ने के खेत में छोड़कर चले गए हैं। पीड़ित ने उक्त सम्बन्ध में मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही किये जाने की मांग की है। मालूम हो कि स्थानीय पुलिस क्षेत्र में बीते दिनों बसालतपुर गाँव के एक अधिवक्ता के यहाँ हुई चोरी का भी अभी तक खुलासा नहीं कर सकी है। वहीं इस घटना से पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल तो उठ ही रहे हैं वहीं चोर आये दिन क्षेत्र में चोरी की घटनाओं को अंजाम देकर पुलिस को खुली चुनौती देते नजर आ रहे हैं।
इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक सुधीर कुमार सिंह का कहना है कि प्रकरण संज्ञान में नही है, लेकिन यदि ऐसा है तो जांच कराकर कार्यवाही की जायेगी।

## पुलिस अधीक्षक गोण्डा आकाश तोमर ने थाना को0 देहात का किया औचक निरीक्षण, शिकायती प्रार्थना पत्रों के गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध निस्तारण करने के दिये निर्देश

दैनिक अयोध्या टाइम्स चीफ ब्यूरो निशी तिवारी गोंडा उत्तर प्रदेश
गोंडा। पुलिस अधीक्षक गोण्डा आकाश तोमर ने थाना को0 देहात का औचक निरीक्षण किया। जिसमें थाना परिसर, आरक्षी बैरक, भोजनालय, थाना कार्यालय, विवेचना कक्ष, सीसीटीएनएस कक्ष, महिला हेल्प डेस्क, साइबर हेल्प डेस्क आदि का निरीक्षण किया तथा निर्माणाधीन आरक्षी बैरक, सीसीटीवी व कम्प्यूटर सामग्री आपूर्ति के सम्बन्ध मे जानकारी प्राप्त कर संबंधित को आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया। पुलिस अधीक्षक ने रिकार्डो को अद्यतन करने व साफ सफाई रखने एवं महिला हेल्प डेस्क पर नियुक्त महिला पुलिसकर्मियों को आने वाली महिला फरियादियों की समस्याओं को सुनकर उनके प्रति सहानुभूतिपूर्वक व्यवहार करते हुए तत्काल निस्तारण कराने के निर्देश दिए साथ ही पुलिस अधीक्षक ने मिशन शक्ति अभियान के तहत महिला आरक्षियों को अपने–अपने बीट क्षेत्र में जाकर महिलाओं व बालिकाओं से वार्ता कर महिला हेल्पलाइन नंबर 1090, 181, 112, 1076, 1098, 108 व 102 के संबंध में विस्तृत जानकारी देकर जागरूक करने के भी निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक ने थाने के त्योहार, मासिक व अपराध रजिस्टर का अवलोकन किया तथा सभी अभिलेखो को अद्यावधिक रखने के निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक ने आई0जी0आर0 एस/जनशिकायतों के लंबित शिकायती प्रार्थना पत्रों की समीक्षा कर प्रत्येक आई0जी0आर0 एस0/धशिकायती प्रार्थना पत्रो का स्वयं मौके पर जाकर आवेदक की संतुष्टि को प्राथमिकता देते हुए गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध निस्तारण



करने एवं लम्बित विवेचनाओ का भी गुणदोष के आधार पर निस्तारण व वांछित अभियुक्तो की शीघ्र गिरफ्तारी करने के निर्देश दिए साथ ही निर्माणाधीन आरक्षी बैरक, इस मौके पर प्रभारी निरीक्षक कोतवाली देहात कमलाकान्त त्रिपाठी, पीआरओ राकेश सिंह व अन्य पुलिस अधिकारी कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## देशवासियों को सिखों की राष्ट्रभक्तिसे लेना चाहिए सीख : धामी

- उपजिलाधिकारी एवं तहसीलदार ने गुरुद्वारे में टेका माथा गुरुद्वारा सुंदर नगर एवं गुरुनानक चौक पर फहराया तिरंगा

दैनिक अयोध्या टाइम्स बहराइच उत्तर प्रदेश। आजादी के 75 में अमृत महोत्सव पर जिलाधिकारी डॉ दिनेश चंद्र के निर्देशानुसार हर घर तिरंगा अभियान को सफल बनाने के लिए आज उपजिलाधिकारी सदर सुभाष सिंह धामी और तहसीलदार सदर राजकुमार बैठा ने गुरुद्वारा गुरबाणी केंद्र सुंदर नगर में प्रबंध समिति की ओर से आयोजित कार्यक्रम में भाग लिया। उपजिलाधिकारी गुरुद्वारे में माथा टेका एवं गुरुद्वारा प्रबंध समिति के





अध्यक्ष सरदार जसबीर सिंह ने गुरुघर का सम्मान सिरोपा भेंट किया।

इस अवसर पर श्री धामी ने कहा कि सिख गुरुओं के इतिहास के पन्ने बलिदान व देशभक्ति से भरे हैं,सिखों को देशभक्ति के लिए राष्ट्र नमन करता रहेगा। देश के हर नागरिकों को सिखों की देशभक्ति से सीख लेनी चाहिए। हम सभी को स्वतंत्रता सप्ताह में हर घर में तिरंगा फहराना है। इसके उपरांत उन्होंने गुरुद्वारे एवं श्री गुरु नानक चौक पर तिरंगा फहरा कर तिरंगा अभियान की शुरुआत की।

इस अवसर पर जगतार सिंह,गुरमीत सिंह मिंटू, कुलबीर सिंह, देवेंद्र सिंह बेदी, जोरावर सिंह, बलजीत कौर, दलजीत कौर, चरणजीत कौर, पल्लवी केडिया, अभिलाषा दुबे, रीत कौर,समाजसेवी राकेश चंद्र श्रीवास्तव, परविंदर सिंह शम्मी, डॉ दानिश, ओंकार सिंह आत्मजीत सिंह, सिमरनजीत सिंह, सचिन श्रीवास्तव, सिद्धार्थ शंकर, राजकुमार मिश्रा, समेत कई लोग उपस्थित रहे।

## भारत नेपाल सीमा पर धड़ल्ले से हो रही है अवैध खाद कि तस्करी

मिहींपुरवा,बहराइच। खबर जनपद बहराइच केअंतरगर्त मिहींपुरवा तहसील स्थित भारत नेपाल बार्डर से सटे क्षेत्र बलइगांव कि है जहाँ से अवैध खाद कि तस्करी धड़ल्ले से हो रही है, ना संबन्धित थाना इस पर अंकुश लगाने में सक्षम है, और ना ही सशस्त्र सीमाबल, और ना ही कृषि विभाग ? चिंतन का विषय तो यह बना हुआ है कि सीमावर्ती क्षेत्र में प्रशासन किसी भी प्रकार के खाद, बीज,सीमेंट, इत्यादि का लाइसेंस जारी नहीं करता लेकिन इतनी भारी मात्रा में खाद दुकानदारों को बिक्री व नेपाल वासियों को खरीदारी के लिए कहां से मिलता है, स्थानीय लोगों ने बताया अगर दुकानदार के पास अगर स्थानीय लोग खाद लेने जाते है तो यह कह कर मना कर दिया जाता है कि खाद नहीं है वहीं नेपाल वासियों को दोगुना से भी ज्यादा दाम में बेच दिया जाता है, वहीं हमारे संवाददाता ने कृषि विभाग डी. ओ. से बात कि तो उन्होंने बताया कि अभी तीन दिन पहले कृषि विभाग व सशत्र सीमा बल कि संयुक्त टीम ने छापामार कर कई अवैध रूप से संचालित दुकानों को सीज कर मुकदमा दर्ज कराया गया।
इसीक्रम में बताया की अगर ज्यादा सख्ती दिखाई गयी तो स्थानीय किसानो को खाद की किल्लत हो जाएगी, लेकिन सोचने की बात यह है की जब सारा खाद नेपाल ही चला जाएगा और इसी तरह रेट बढ़ते रहे वह दिन दूर नहीं जो जो हाल नेपाल लोगों का है, वही भारत में रहने वालों का होगा, अब देखने बात यह है कब तक इस अवैध तस्करी को प्रशासन संज्ञान में ले कर कार्यवाही करता है, या भारत के किसानो के हक की खाद नेपाल को जाता रहेगा।

दैनिक अयोध्या टाइम्स
RNI NO.: UPHIN/2015/67284



# संक्षिप्त समाचार

## जौनपुर रामपुर थानाध्यक्ष का सम्मान सत्कार पुलिस सहयोग संस्था द्वारा किया गया



संवाददाता अयोध्या टाइम्स जौनपुर। जिले के रामपुर पुलिस इंस्पेक्टर दिव्य प्रकाश सिंह जी और समस्त टीम का सम्मान सत्कार पुलिस सहयोग संस्था टीम द्वारा हार फुल माला पहनाकर किया गया पुलिस सहयोग संस्था के संस्थापक पाल पंधारी स्वयं अपने टीम अभय सिंह, राजु पाल, मुकेश पाल, अमर सिंह, अंकित पाल, आशीष, उमेश और समस्त टीम को लेकर पहुंचे और जौनपुर जिला की महिला अध्यक्ष सोनी सिंह, भदोही जिला के अध्यक्ष अखिलेश पाल और उपाध्यक्ष शैलेश पाल को विशेष धन्यवाद किया वहाँ पहुचकर टीम का मनोबल बढाने के लिए।

## सैकड़ों ग्रामीणों का लगा बूस्टर डोज



संवाददाता अयोध्या टाइम्स। सुरियावां थानाक्षेत्र के मतेथू गांव में शनिवार को कोरोना से बचाव हेतु ग्रामीणों का टीकाकरण किया गया , जहां सैकड़ों ग्रामीणों ने बूस्टर डोज लगवाया है . मतेथू गांव के शिव मंदिर पर शनिवार को सुरियावां सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से आए चिकित्सकों की टीम ने करीब सैकड़ों ग्रामीणों को कोरोना से बचाव हेतु बूस्टर डोज लगाया है , बूस्टर डोज लगने की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीणों की भीड़ जुट गई थी।

## जमीन को लेकर हुआ विवाद

जैतपुर। थाना क्षेत्र के अंतर्गत काँहधरपुरा निवासी प्रमोद पुत्र तुलाराम जगह को लेकर मालती देवी से गाली गलौज एवं जान से मारने की धमकी देते हुए दंबगई दिखा कर विवाद कर रहे थे महिला ने इस घटना की सूचना पुलिस को दी मौके पर पहुंची जैतपुर पुलिस ने प्रमोद पुत्र तुलाराम को पकड़ कर थाने ले आई जहां से आगे से ना झगड़ने की चेतावनी देते हुए शांति भंग की कार्रवाई कर न्यायालय भेज दिया है।

## निबोहरा में बिना अनुमति के हो रहा था मिट्टी का खनन, पुलिस ने सूचना पर की छापेमारी, एक जेसीबी, ट्रैक्टर ट्रॉली को पकड़ किया सीज, खनन माफिया में हड़कंप

संवाददाता सभा जीत बर्मा फतेहाबाद आगरा

फतेहाबाद। थाना निबोहरा क्षेत्र के एक गांव में बिना अनुमति के खेत से अवैध मिट्टी उठा रहे ट्रैक्टर ट्रॉली और जेसीबी को पकड़कर पुलिस ने सीज कर दिया है। पुलिस की कार्यवाही से खनन माफिया में हड़कंप मचा हुआ है। पुलिस जब अवैध खनन में प्रयुक्त वाहनों को थाने लेकर आई तो सिफारिश के लिए फोन घनघनाए, लेकिन पुलिस ने किसी की एक न मानी। कार्यवाही करते हुए वाहनों को सीज कर दिया।



जानकारी के मुताबिक थाना क्षेत्र के महाराजपुर गांव में निबोहरा पुलिस को जेसीबी और ट्रैक्टर ट्रॉली से अवैध मिट्टी के खनन की सूचना मिली। पुलिस ने तकरीबन सुबह 10:30 बजे गांव पहुंचकर अवैध मिट्टी का खनन कर रही जेसीबी और ट्रैक्टर ट्रॉली को पकड़ लिया। पुलिस की कार्यवाही को देख खनन कर रहे लोग मौके से फरार हो गए। पुलिस एक जेसीबी और ट्रैक्टर ट्रॉली को पकड़कर थाने ले आई। मामले में थाना प्रभारी निबोहरा मनोज कुमार शर्मा ने बताया कि अवैध मिट्टी के खनन की सूचना पर थाना पुलिस गांव पहुंची, जेसीबी और ट्रैक्टर ट्रॉली से मिट्टी खोदी जा रही थी, इस दौरान जेसीबी चालक कोई भी कागज नहीं दिखा सका। बिना अनुमति के खेत से मिट्टी खोदने पर वाहनों को सीज किया गया है। तो वहीं खनन विभाग को रिपोर्ट भेज दी गई है।

## फतेहाबाद के ग्राम मीठपुरा में हिंसक कुत्ते ने किया भूसा लेने जा रही महिला पर हमला, अस्पताल में भर्ती

संवाददाता सभा जीत बर्मा फतेहाबाद आगरा फतेहाबाद। फतेहाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम मीठ पुरा में घर से अपने खेतों पर भूसा लेने जा रही एक महिला पर एक हिंसक कुत्ते ने हमला कर दिया। जिसके चलते महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। तत्काल परिजन फतेहाबाद के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर पहुंचे जहां उसका उपचार किया जा रहा है। कुत्ते ने महिला के दोनों पैरों में से तीन जगह से मांस नोच लिया। जिसके चलते महिला लहूलुहान हो गई। ग्रामीणों द्वारा कुत्ते को भगाया गया ।उसके बाद महिला को अस्पताल में भर्ती कराया। ग्रामीणों के मुताबिक जानवरो और अन्य लोगों पर भी हमला कर चुका है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम मीठपुरा निवासी रामकली पत्नी हरीराम शनिवार को दोपहर करीब 12रू00 बजे अपने घर से नजदीक में खेतों पर चारा लेने जा रही थी। अचानक से घात लगाए बैठे एक हिंसक कुत्ते ने रामकली पर हमला बोल दिया ।देखते ही देखते रामकली के दोनों पैरों में से कुत्ते ने तीन जगह से मांस नोच लिया। जिससे उसको काफी खून बह गया। रामकली के शोर मचाने पर उसके परिजन तथा ग्रामीण मौके पर पहुंचे तथा डंडे की मदद से कुत्ते को दूर भगाया। इसके बाद परिजन घायल अवस्था में महिला को फतेहाबाद के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर पहुंचे उनका उपचार किया गया। इस संदर्भ में फतेहाबाद के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सक डा प्रमोद कुशवाहा ने बताया कि महिला को हिंसक कुत्ते ने बुरी तरह हमला किया। महिला को तत्काल एंटी रेबीज इंजेक्शन के साथ–साथ अन्य उपचार भी किया गया है। महिला का उपचार किया जा रहा है। हाल ही में आगरा में एक कुत्ते ने एक अबोध बालिका पर हमला बोल दिया था। जिससे उसकी मौत हो गई थी। क्षेत्र में आवारा कुत्तों का आतंक बताया जा रहा है।



## ग्राम मुटाबई में नहीं हुआ ग्राम सचिवालय का निर्माण, पूर्व प्रधान ने की मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत

संवाददाता सभा जीत बर्मा फतेहाबाद आगरा फतेहाबाद। फतेहाबाद विकासखंड की ग्राम पंचायत मुटाबई में अभी तक ग्राम सचिवालय का निर्माण नहीं हुआ है ।पूर्व प्रधान प्रमोद रावत द्वारा इसकी शिकायत मुख्यमंत्री पोर्टल पर की गई है। पूर्व प्रधान प्रमोद रावत ने मुख्यमंत्री



पोर्टल पर शिकायत करते हुए बताया कि ग्राम मुटाबई में ग्राम सचिवालय का निर्माण 2020–21 में शुरू हुआ था ।उत्तर प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजना में से एक ग्राम सचिवालय का निर्माण अभी तक इस ग्राम पंचायत में नहीं हो सका है। जिसके चलते ग्रामीणों को अपनी शिकायतें लेकर खंड विकास कार्यालय तक आना पड़ता है ।उन्होंने शीघ्र ही निर्माण पूर्ण कराए जाने की मांग की है।

## सपूर्ण समाधान दिवस मे एसडीएम ने सुनी 29 शिकायतें, मौके पर एक भी शिकायत का नही हुआ निस्तारण

संवाददाता सभा जीत बर्मा फतेहाबाद आगरा। शनिवार को तहसील फतेहाबाद मे संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन एसडीएम जेपी पांडे की अध्यक्षता में आयोजित किया गया ।संपूर्ण समाधान दिवस मे कुल 29 शिकायतें मिली जिनमें मौके पर एक भी शिकायत का निस्तारण नहीं किया जा सका। शिकायतों के निस्तारण के लिए संबंधित विभाग के अधिकारियों को गुण दोष के आधार पर समय सीमा के अंतर्गत करने के लिए निर्देश दिये गए। संपूर्ण समाधान दिवस में निबोहरा के ग्राम मोहम्मदपुर में ग्रामीणों द्वारा स्कूल पर अवैध कब्जे की शिकायत की गई जिस पर एसडीएम ने खंड शिक्षा अधिकारी, निबोहरा पुलिस



,कानूनगो को टीम बनाकर नापतोल कर कब्जा हटवाने के निर्देश दिए। संपूर्ण समाधान दिवस मे एसडीएम जे.पी.पांडे, सीओ सौरभ सिंह, खंड विकास अधिकारी सुमंत यादव, पूर्ति निरीक्षक रमाकांत सिंह,बाल विकास परियोजना अधिकारी अंशिका गुप्ता, खंड शिक्षा अधिकारी वीरेन शर्मा आदि मौजूद रहे।

## अखिल भारतीय लोधी युवा महासभा ने राजेश लोधी को बनाया एत्मादपुर विधानसभा प्रभारी



संवाददाता सभा जीत बर्मा फतेहाबाद आगरा। आगरा अखिल भारतीय लोधी युवा महासभा ने एत्मादपुर विधानसभा के राजेश लोधी को विधानसभा प्रभारी नियुक्त किया गया हैं। अखिल भारतीय लोधी युवा महासभा के जिलाध्यक्ष उमेन्द्र राजपूत ने समाज के प्रति उनके सेवा भाव को देखते हुए प्रभारी बनाया है। जिलाध्यक्ष उमेन्द्र राजपूत ने कहां महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष आनंद लोधी के दिशा निर्देशन में समाज को शिक्षा राजनीति व्यवसाय इत्यादि क्षेत्रों में निरन्तर जागरूक किया जा रहा है लोधी युवा महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष आनंद लोधी का एक ही सपना हर घर हो इतिहास अपना इस लिये 1857 की प्रथम महिला स्वन्त्रता सेनानी रामगढ़ की रानी वीरांगना अवन्तिबाई लोधी का इतिहास घर घर तक पहुँचाया जा रहा हैं। लेकिन कुछ भारतीय इतिहासकारों ने हमेशा उनकी उपेक्षा की है।

वीरां रानी अवन्तिबाई लोधी ने देश के लिये बलिदान दिया था इस लिये देश के हर नागरिक को उन्हें याद करना चाहिए। में भाजपा सरकार से कहना चाहता हूं आजादी के अम्रत महोत्सव पर अवन्तिबाई लोधी जी को याद किया जाए और उनकी जयंती धूमधाम से मनाई जाए चूंकि वीरांगना अवन्तिबाई लोधी जी का 16 अगस्त को 191वी जयंती हैं। संसद भवन और राज्य भवन में कई महापुरुषों के चित्र लगे हैं अवन्तिबाई लोधी जी का भी चित्र मुख्य स्थान पर लगाया जाए समस्त लोधी समाज हमेशा से भाजपा को वोट देते आया है। अवन्तिबाई लोधी जी को यही सच्ची श्रद्धांजलि होगी और यही लोधी समाज की मांग है।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला उपाध्यक्ष धर्मेंद्र लोधी,विधानसभा अध्यक्ष गौरव लोधी राजीव लोधी मनोज राजपूत मुकुट सिंह लोधी टिंकू राम लोधी राजेश लोधी नवल किशोर राजपूत सुरेश राजपूत इत्यादि उपस्थित रहे।

## रोडवेज बस ने टेंपो को मारी टक्कर 3 यात्री गंभीर रूप से घायल

संवाददाता हिमांशु गुप्ता पिनाहट। थाना पिनाहट क्षेत्र के अंतर्गत अरनोटा मार्ग नहर पुलिया पर पर रोडवेज बस ने टेंपो को अपनी चपेट में लेकर टक्कर मार दी जिसमें सवार 3 यात्री गंभीर घायल हो गए सूचना पर पहुंची पुलिस ने परिजनों की मदद से घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया। जानकारी के अनुसार थाना पिनाहट क्षेत्र के अंतर्गत अरनोटा मार्ग पर शनिवार को एक रोडवेज सीएनजी बस संख्या यूपीएससी 80 बीटी 1232 ने यात्रियों को लेकर जा रहे टेंपो को अपनी चपेट में ले कर टक्कर मार दी। जिससे टेंपो क्षतिग्रस्त हो गया। टेंपो में सवार महिला यात्री जनक श्री निवासी गांव गुर्जा बासुदेव थाना पिनाहट सहित दो अन्य यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए। ग्रामीणों की



सूचना पर मौके पर पहुंची पिनाहट पुलिस ने परिजनों की मदद से घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। जहां से घायल महिला जनक श्री को चिकित्सकों ने बेहतर इलाज हेतु हायर सेंटर आगरा के लिए रेफर कर दिया। वहीं दो अन्य घायल यात्रियों को आनन–फानन में परिजनों द्वारा किसी निजी अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया है। जहां उनका इलाज जारी बताया गया है। वहीं पुलिस ने रोडवेज बस को कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

## इंडिया फ्लैग नक्शा और राखी बनाकर बच्चों ने किया अमृत महोत्सव का आगाज



अयोध्या टाइम्स संवाददाता

फरीदपुर। स्कूली बच्चों ने अपनी प्रतिभा निखारते हुए देश का राष्ट्रीय ध्वज भारत कानक्शा और रक्षाबंधन को राखी बनाकर अमृत महोत्सव का आगाज किया जिसे आगामी स्वतंत्रता दिवस को अंतिम रूप दिया जाएगा जिसकी तैयारियां जोर–शोर से चल रही है शासन से लेकर प्रशासन तक अंतिम रूप देने में जुटा है!

एसडीएम कॉलोनी स्थित राजीव मॉडर्न पब्लिक स्कूल के छात्र छात्राओं ने अमृत महोत्सव के तहत भारत का राष्ट्रीय ध्वज और नक्शे के अलावा भाई बहन के प्यार का प्रतीक रक्षाबंधन पर्व के मद्देनजर राखी बनाकर अपनी प्रतिभा को निखारा घर–घर तिरंगा कार्यक्रम के तहत लोगों से अपील की कि वह स्वतंत्रता दिवस पर कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए अपने अपने घरों सरकारी कार्यालयों एवं निजी प्रतिष्ठानों पर राष्ट्रीय ध्वज पर आकर देश की आजादी का जश्न मनाए जिससे महसूस हो हम सब आजादी के साए में जी रहे हैं विद्यालय के प्रधानाचार्य राजीव वर्मा ने बच्चों की प्रतिभा को सराहा और उनका हौसला अफजाई करते हुए आगामी कार्यक्रम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने की नसीहत दी।

## एसडीएम सीओ ने सुनी फरियादियों की समस्याएं, 73 शिकायतें हुई दर्ज, 8 का मौके पर निस्तारण

अयोध्या टाइम्स संवाददाता

फरीदपुर। शासन की पहल पर आयोजित समाधान दिवस में एसडीएम सीओ ने सुनी फरियादियों की समस्याएं और शिकायतों का हुआ मौके पर निस्तारण अन्य शिकायतों को संबंधित विभागों के हवाले किया गया है!



तहसील भवन में उप जिलाधिकारी अजय कुमार उपाध्याय की अध्यक्षता में आयोजित तहसील समाधान दिवस में विभिन्न विभागों से संबंधित 73 शिकायती प्रार्थना पत्र दर्ज किए गए जिसमें 8 शिकायतों का मौजूद अधिकारियों ने मौके पर ही निस्तारण कर दिया शेस शिकायतों को उनके संबंधित विभागों के अधिकारियों को सौंपते हुए उन्हें शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए। तथा वही संपूर्ण समाधान दिवस में सबसे अधिक शिकायतें राजस्व विभाग की आई ।तहसील संपूर्ण समाधान दिवस में उप जिलाधिकारी अजय कुमार उपाध्याय, पुलिस क्षेत्राधिकारी गौरव सिंह तहसीलदार शेर बहादुर एवं समस्त विभागों के अधिकारी कर्मचारी व थाना फरीदपुर,थाना भुता, थाना फतेहगंज पूर्वी,पुलिस के अधिकारी मौजूद रहे।

## नगला दलेल में जलभराव कीचड़ की स्थिति ग्रामीणों को संचारी रोगों का भय

संवाददाता हिमांशु गुप्ता पिनाहट। ब्लॉक पिनाहट के अंतर्गत ग्राम नगला दलेल में तालाब का पानी घरों के दरवाजे तक पहुंचने में कीचड़ एवं जलभराव की स्थिति बन गई है। जिससे से ग्रामीणों को संचारी रोगों का भय सताने लगा है। ग्रामीणों ने समस्या समाधान की मांग की है। आपको बता दें उत्तर प्रदेश सरकार स्वच्छ भारत स्वस्थ भारत मिशन के तहत अभियान चलाकर लोगों को जागरूक कर रही है। मगर सरकार के मंसूबों पर ग्राम पंचायत में तैनात कर्मचारी पलीता लगा रहे हैं। ऐसा ही मामला ग्राम पंचायत नगला दलेल गांव में देखने को मिला है। जहां गांव में बने तालाब बारिश के चलते उफान पर आ गया। और तालाब का पानी ग्रामीणों घरों के दरवाजे तक पहुंच गया। जिसके चलते कीचड़ और जलभराव की स्थिति बन गई है। गांव में चारों तरफ गंदगी फैली हुई है।

साफ सफाई व्यवस्था और सफाई कर्मचारियों के नहीं पहुंचने से स्थिति दयनीय बनी हुई है। गांव के मुख्य मार्ग दलदल में तब्दील हो गए हैं। बारिश के दिनों में गांव में गंदगी का अंबार लगा हुआ है। कीचड़ और जलभराव के रास्ते से होकर ग्रामीणों को गुजरना पड़ता है। गांव में फैली गंदगी को लेकर ग्रामीणों को संचारी रोगों का डर सता रहा है। ग्रामीणों के ग्रामीण साधु सिंह, कोमल सिंह, राधेश्याम, पप्पू आदि का आरोप है कि कई बार ब्लॉक अधिकारी कर्मचारियों एवं ग्राम प्रधान से मामले को लेकर शिकायत की गई मगर स्थिति जस की तस बनी हुई है। जिसे लेकर ग्रामीणों ने प्रशासन के उच्चाधिकारियों से गांव जलभराव एवं कीचड़ की स्थिति से निजात दिलाने की मांग की है।



## गांजा सुल्फा कारोबारी के घर पुलिस का छापा, रकम लेकर छोड़ा

अयोध्या टाइम्स संवाददाता

फरीदपुर, बरेली। फ्लाईओवर से लेकर बीसलपुर रोड तक गांजा सुल्फा कारोबारी लंबे अरसे से सुर्खियां बना हुआ था जिसकी चिंगारी मुख्यमंत्री पोर्टल के अलावा बरेली के आला अधिकारियों तक पहुंच गई बरेली की टीम ने सुल्फा गांजा कारोबारी के घर विगत सप्ताह देर रात दबिश दी लेकिन टीम कारोबारी को उठाकर नहीं ले गई सूत्रों के मुताबिक रकम लेकर छोड़ दिया! ज्ञात हो बीसलपुर रोड का फ्लाईओवर नशे के कारोबार के लिए लंबे समय से चर्चित है यहां पर पुलिस ने तस्करों के कई गैंग शिकंजे में लेकर जेल भेजे हैं वही गांजा सुल्फा कारोबार भी चरम पर है शाम ढलते ही असामाजिक तत्वों का जमावड़ा फ्लाईओवर के नीचे अवैध दुकानदारों के यहां लगता है जहां गांजा सुल्फा के अलावा शराब के जाम भी छलकते हैं यही नहीं बीसलपुर रोड पर भी गांजा सुल्फा का कारोबार खूब फल फूल रहा है दोनों जगह के कारोबार जब सुर्खियां बनने लगे तो मोहल्ले के किसी युवक ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर का फोटो वायरल कर दिया जिसकी जांच जिले के आला अधिकारियों को मिली इसी के तहत बरेली से देर रात पहुंची पुलिस टीम ने गांजा सुल्फा कारोबारी के घर दबिश दी सूत्रों के मुताबिक माल भी बरामद किया लेकिन मोटी रकम लेकर छोड़ दिया जो मोहल्ले में



चर्चा का विषय बना हुआ है नशे के कारोबार में कारोबारी के अलावा उसके बेटे रिश्तेदार और पड़ोसी भी शामिल बताए गए हैं जिसके यहां नगर के मोहल्ले के स्मैक तस्कर का आना जाना भी है जो काफी लंबे समय पहले इसमें एक तस्करी में जेल गया था लेकिन यहीगांजा सुल्फा कारोबार युवाओं को मौत की ओर धकेल रहा है उनकी जेब भी खाली करने में जुटा है देर रात में नशे के कारोबारी के घर असामाजिक तत्वों का आना जाना लगा रहता है जो मोहल्ले वासियों को नासूर है! मोहल्ले वालों के मुताबिक गांजा सुल्फा कारोबारी के घर थाने के दो सिपाहियों का आना जाना भी है जो नशे के कारोबार को बढ़ावा देने में साबित हो रहे हैं और महीना वसूल रहे ।

# शादी का झांसा देकर बलात्कारी चार युवकों पर मुकदमा दर्ज

अयोध्या टाइम्स संवाददाता

फरीदपुर। किशोरी कोफोन पर गुमराह करके बुलाकर कारखाने में जबरन खींच कर बलात्कार के मामले में पुलिस ने चार के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश तेज कर दी है पुलिस की दहशत से आरोपी घर छोड़कर फरार हो गए हैं! बता दे के मोहल्ले की किशोरी को 5 जुलाई की सुबह 4रू00 बजे मोहल्ले के ही एक युवक ने फोन पर गुमराह कर बुलाया और कहा कि तुम्हारे पापा गाड़ी पर बुला रहे हैं वह उस पर विश्वास कर चली गई। तभी उसे युवक ने जबरन पकड़कर कारचोबी के कारखाने में खींच कर ले गया और उसका मुंह बंद कर जान से मारने की धमकी देकर डरा धमका कर उसके साथ जबरन बलात्कार किया और उसे बाहर फेंक दिया युवती ने घर पहुंचकर घटना की जानकारी परिजनों को दी तभी परिजनों ने उक्त घटना की शिकायत युवक के परिजनों से कि तभी युवक के परिजनों ने उसकी गलती मानते हुए इस बात का आश्वासन दिया कि हम अपने बेटे की शादी तुम्हारी बेटी के साथ कर देंगे हमें 15 दिन का समय दो युवती के माता–पिता ने इज्जत व मान सम्मान के चलते निकाह की हामी भर दी और 22 जुलाई को निकाह की बात को लेकर मोहल्ले में ही पंचायत हुई और उसी पंचायत में दोनों का निकाह होने की बात तय हो गई युवती के पिता ने निकाह के शगुन के रूप में 10051 रुपए भी दे दिए और 1 सप्ताह के अंदर निकाह करने का वायदा किया गया परंतु 1 माह बीतने को है अब युवक के परिजन चार लाख की नगदी व एक बुलेट मोटरसाइकिल की मांग कर रहे हैं। युवती ने पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया है कि युवक के परिजनों ने एक राय होकर घटना को अंजाम दिया और उसके साथ बलात्कार करके उसकी जिंदगी बर्बाद कर दी है और अब शादी करने को भी तैयार नहीं है और शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी भी दे रहे हैं। पीड़ित युवती की तहरीर पर पुलिस ने जांच के बाद और आरोपियों पर मुकदमा दर्ज कर तलाश शुरू की है।

## यूरिया के लिए मचा हाहाकार, किसानों की लग रही कतार

अयोध्या टाइम्स संवाददाता

फरीदपुर। ग्रामीण इलाके में यूरिया खाद को लेकर हाहाकार मचा हुआ है किसान सूर्योदय से पहले ही आकर खाद बिक्री केंद्रों पर कतार लगा कर बैठ जाते हैं लेकिन गोदाम सचिव समय से आने को तैयार नहीं जिससे वह बेहद परेशान हैं।

सावन केमहीने में झमाझम होने वाली मानसूनी बारिश के ना होने के कारण इलाके के किसानों की जेब पर भारी बोझ पड़ा है जिससे उनकी अर्थव्यवस्था डगमगा गई है दूसरी तरफ धान की रोपाई होने के बाद धान में लगने वाली यूरिया खाद को लेकर किसान असमंजस में है क्योंकि भरपूर मात्रा में खाद क्रय केंद्रों पर खास ना पहुंचने के कारण उन्हें सामर्थ के अनुसार खाद मुहैया नहीं हो पा रही इलाके का किसान अपनी अपनी सोसाइटी पर सूर्योदय से पूर्व यूरिया खाद की आस में कतार लगाकर बैठ जाता है और कई घंटे इंतजार करना पड़ता है तब कहीं जाकर उनके आंसू पोछें जाते हैं ।



यही हाल स्टेशन रोड और बीसलपुर रोड किशोरा मोड़ के निकट स्थित गोदाम का है गोदाम सचिव समय से आने को तैयार नहीं जिससे किसानों को भारी संकट का अंदेशा है भरपूर मात्रा में खाद किसानों को मुहैया भी नहीं हो पा रही है क्योंकि खाद की कालाबाजारी पहले से ही अपने गोदाम फुल किए बैठे हैं उन्हें खाद रेट में बेतहाशा वृद्धि का इंतजार है किसानों ने शासन प्रशासन से यूरिया खाद की भरपूर सप्लाई करने की मांग की है।

## मानदेय न मिलने से आशा वर्कर, संगिनी भुखमरी की कगार पर विभाग कर रहा नजरअंदाज

अयोध्या टाइम्स संवाददाता

फरीदपुर। विभागीय अनदेखी के चलते लंबे अरसे से विभाग में तैनात आशा वर्कर एवं संगिनी मानदेय न मिलने से भुखमरी की कगार पर हैं उन्होंने आंदोलन करने का मन बना लिया है जिसका खामियाजा प्रशासन को भुगतना होगा!

स्वास्थ्य विभाग द्वारा नगर ब ग्रामीण इलाके की गर्भवती महिलाओं को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के मद्देनजर विभाग में संविदा पर आशा वर्कर और को तैनात किया है फरीदपुर ब्लॉक में लगभग250 आशा वर्कर काम कर रही हैं आशा वर्करों को नियंत्रित करने के लिए विभाग ने 8 संगिनी को तैनात किया है जो उन्हें व्यवस्थित कार्य करने की पल–पल की सलाह और प्रशासन को मुहैया कराने जाने वाली रिपोर्ट तैयार करती हैं आशा वर्कर प्रतिदिन अपने इलाके के गांव गांव जाकर गर्भवती महिलाओं का सर्वेक्षण करके के स्वास्थ्य और देखरेख की रिपोर्ट संगिनी को सौंपकर अपना दायित्व निर्वहन करती हैं आशा वर्कर और संगिनी महिलाओं के गर्भ से लेकर 50 तक की बखूबी जिम्मेदारी निभाती हैं और गर्मी बरसात सर्दी में दौड़ लगाकर विभागीय कार्यवाही भी पूरी करती हैंजिनका मानदेय भी ना के बराबर है फिर भी मजे की बात है ।

लगभग 5 महीने बीत जाने के बाद भी विभाग आशा वर्कर और संगिनी के मानदेय को नजरअंदाज किए हुए हैं जिससे वह भुखमरी की कगार पर हैं इनके जीवन यापन में विभागीय देखरेख के चलते ग्रहण लग गया हैसूत्रों से पता लगा विभाग के कुछ अधिकारी व कर्मचारी सुविधा शुल्क की मांग करके आशा वर्कर और संगिनी के मानदेय में बाधक बने हुए हैं यहां तक की अवकाश लेने पर भी सीएचसी पर तैनात कर्मचारी को सुविधा शुल्क मुहैया करना पड़ता है मानदेय वितरण में भी घोटाला किया जाता है तब कहीं जाकर अवकाश की मान्यता मिलती है अन्यथा की स्थिति में कर्मी अवकाश से वंचित रह जाता है मानदेय को लेकर मीडिया कर्मियों ने जब सीएससी अधीक्षक से बात की तो उन्होंने अपनी नव नियुक्ति का हवाला देकर पल्ला झाड़ लिया आशा वर्कर, संगिनी 5 माह से रुके हुए मानदेय को लेकर दर–दर भटक रही है अब आंदोलन पर




उतारू हैं अगर5 महा से रुके हुए मानदेय की तत्काल व्यवस्था नहीं की गई तो दोनों खेमे सीएससी परिसर को आंदोलन में तब्दील कर देंगे जिसकी जिम्मेदारी विभाग की होगी! मानदेय को लेकर आशा वर्कर और संगीत कई बार सीएससी परिसर में धरना प्रदर्शन भी कर चुकी है फिर भी विभाग की कान पर जूं नहीं रहेगा अब आंदोलन का रास्ता अख्तियार करना उनकी मजबूरी है।

## डीएम व सीडीओ ने किया औराई गौशाला का औचक निरीक्षण

संवाददाता अयोध्या टाइम्स

- गौवंशों के संरक्षित व्यवस्था पर प्रशासन गम्भीर : जिलाधिकारी
- गौवंश के संरक्षण के लिए आश्रय स्थलों में सुव्यवस्थित करें समस्त व्यवस्थाएं : सीडीओ

भदोही। जिलाधिकारी आर्यका अखौरी, मुख्य विकास अधिकारी भानु प्रताप सिंह ने औराई गौशाला का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ0 जय सिंह ने गौशाला का अवलोकन कराते हुए बताया कि गौशाला में मवेशियों को किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं है, भूसा, चारा, पानी पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। संरक्षक गोवंश के बारे में उन्होंने अवगत कराया कि समस्त गोवंश स्वस्थ अवस्था में हैं। निराश्रितध्बेसहारा गोवंश के संरक्षण हेतु निर्माणाधीन गो संरक्षण केंद्रों के संबंध में, माननीय मुख्यमंत्री जी की निराश्रित/बेसहारा गोवंश सहभागिता योजना अंतर्गत लक्ष्यों के निर्धारण, निराश्रित गोवंश के संरक्षण हेतु अपनाई गई रणनीति, संरक्षित निराश्रित गोवंश की संख्या, अवशेष निराश्रित गोवंश की संख्या, नवीन स्थापित अस्थाई गोवंश आश्रय स्थल संख्या, वृहद गौ संरक्षण केंद्र की क्रियाशीलता की स्थिति एवं निर्माणाधीन केंद्रों में गोवंश संरक्षण की स्थिति, अस्थाई गोवंश की संख्या के अनुरूप शेड की उपलब्धता, भूसा, हरे चारे संग केंद्रित आहार की उपलब्धता, संरक्षित गोवंश के स्वास्थ्य की स्थिति यथा स्वस्थ अथवा कमजोर, भरण पोषण हेतु धनराशि की उपलब्धता गोवंश के भरण पोषण हेतु प्राप्त धनराशि के सापेक्ष जनपद द्वारा प्रेषित उपयोगिता प्रमाण पत्र की स्थिति, गोवंश की देखरेख हेतु केयरटेकर/श्रमिकों की व्यवस्था, संरक्षित गोवंश में ईयर टैगिंग की स्थिति, नर गोवंश के बधियाकरण की स्थिति, जनपद के ऐसे विकासखंड जिसमें सबसे ज्यादा निराश्रित गोवंश हैं में क्षेत्रीय स्तर पर गोवंश संरक्षण हेतु क्या–क्या



किया जा रहा है, निराश्रित गोवंश के संरक्षण के प्रति जनमानस की सहभागिता की स्थिति, जनपद में निराश्रित गोवंश के संरक्षण के संबंध में किये गये कार्यो पर प्रकाश डाला। जिलाधिकारी ने औराई गौआश्रय स्थल पर विभिन्न रजिस्टरों–भूषा, गायों की उपस्थिति, चारा, सूपूर्दगी, चिकित्सा पंजिका का अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान गौवंशों के सुविधाओं में कमी तथा रजिस्टर/पंजिका अद्यतन न होने पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त करते हुए गौशाला को चुस्त, दुरूस्त रखने का निर्देश दिया। मुख्य विकास अधिकारी ने मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि जनपद के सभी गौआश्रय स्थलों पर भूषा खरीद एवं सुपूर्दग व्यक्तियों को दी जाने वाली आर्थिक राशि विषयक वित्तीय बिल/बैंक ट्रॉन्सफर अद्यतन कागजात प्रस्तुत करें।

# संक्षिप्त समाचार

## आरटीओ से बिना कंडम घोषित बाहनों को धडल्ले से काट रहे कबाड़

खुटार,शाहजहांपुर। नगर में कबाड़ का व्यापार धडल्ले से फल फूल रहा हैकुछ समय पहले हुई खानापूर्ति के तौर पर पुलिस की कार्यवाही से इन पर कोई प्रभाव पड़ता नजर नहीं आ रहा है प्रशासन जानबूझकर कर अनजान बना हुआ है कई बार पुलिस ने इन कबाडियों को कई बार गाडियों को काटते हुए भी पकड़ा लेकिन लीपापोती कर मामला शांत हो जाता है जवकि पुराने बाहनों को काटने से पहले आरटीओ में सरेंडर करना पड़ता है आरटीओ से जब बाहन कंडम घोषित जो जाता है तब ही कोई कबाड़ी उसे काट सकता है पर नगर का कोई भी कबाड़ी मानकों के मुताबिक काम नहीं करता है।नगर मे सामान्य तौर पर छोटी बड़ी चोरी की घटनाओं को अंजाम देने के बाद चोर इन कबाड़ीयों के पास ही चोरी का सामान बेंच देते हैं हालांकि कि पुलिस भी इस ओर खासकर ध्यान देने की जरूरत नहीं समझती है।

## दो पक्षों में चले लात घुसे, थाने पर दी तहरीर

अयोध्या टाइम्स अरुण बाथम कांट, शाहजहांपुर। थाना क्षेत्र के गांव मिथेपुर मैं दो बच्चों में जमकर मारपीट एवं गाली–गलौच की घटना हो जाने से दोनों पक्षों ने आने पर जाकर एक दूसरे पर लगाया आरोप तथा तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई है। जानकारी के अनुसार उक्त घटना थाना कांट क्षेत्र की है कांट गांव के मिथेपुर निवासी दो पक्षो में ने लातघुसो ब डंडों से पिटाई कर दी गांव मिथेपुर सुनील वर्मा पुत्र सुखपाल ने बताया कि उसका भाई पिंकू शाम 7रू30 बजे पत्नी के बुलावे पर वह चला गया विनोद व कैलाश के बीच कहासुनी हुई और बाद में उसे लात घुसा व डंडों से पिटाई कर दी। उक्त घटना की सूचना पुलिस कोदी तथा पीड़ित ने प्रार्थना पत्र देकर नामजद तहरीर दी है। इतने आरोप लगाया पीड़ित ने आरोप लगाते हुए बताया कि विनोद व उसके पिता कैलाश की पत्नी ने उसे बुलाया था उसका भाई सुनील वर्मा पुत्र सुखपाल का भाई पिंकू को बुलाया और गाली देने लगा गाली देने से मना किया विरोध करने पर उसे लात घुसो से और डंडो से पिटाई कर दी थाना कांठ पुलिस ने समुदाय केंद्र पर डॉक्टरी के लिएभेज दिया।

## कमिशनर ने शाहजहांपुर में हो रहे विकास कार्यो का किया निरीक्षण

अयोध्या टाइम्स अरुण बाथम शाहजहांपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशन पर अब मंडल के अधिकारी जिलों में पहुंचकर ना केवल समीक्षा बैठक कर रहे हैं बल्कि विकास कार्यों का निरीक्षण भी कर रहे हैं। इसी के चलते बरेली की कमिश्नर सेल्वा कुमारी ने शाहजहांपुर में



विकास कार्यों का निरीक्षण किया। नगर आयुक्त संतोष शर्मा और अपर जिलाधिकारी प्रशासन ने कमिश्नर को नगर निगम के कार्यों का निरीक्षण कराया। इस दौरान उन्होंने नयी बन रही नगर निगम की बिल्डिंग का निरीक्षण करने के साथ अंटा चौराहे पर बन रहे ऑडिटोरियम का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान चल रहे विकास कार्यों की उन्होंने सराहना की। दूसरी ओर नगर निगम से चलाई जा रही इलेक्ट्रॉनिक बसों का निरीक्षण करते हुए सेल्वा कुमारी ने स्वयं बस में बैठकर सफर किया। इस दौरान कई प्वाइंटों को चेक करते हुए उन्होंने अधिकारियों को दिशा निर्देश भी दिए। वहीं दूसरी ओर शाहजहांपुर में शहर की बढ़ती जनसंख्या को देखते हुए इलेक्ट्रॉनिक बसों की संख्या बढ़ाने के निर्देश भी दिये है।इस दौरान अधिकारियों द्वारा कराए जा रहे कार्यों की समीक्षा में उन्होंने सभी कर्मचारियों अधिकारियों की पीठ थपथपाई।

## अमर शहीदों की स्मृति एवं सम्मान में प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन

अयोध्या टाइम्स अरुण बाथम जलालाबाद, शाहजहांपुर। प्रेम किशन खन्ना राजकीय महाविद्यालय में आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत जनपद के अमर शहीदों की स्मृति एवं सम्मान में स्वाधीनता संग्राम में



जनपद की भूमिका प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता 75 का आयोजन आयोजन किया गया। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता प्राचार्य प्रोफेसर राजकुमार सिंह एवं पर्यवेक्षक डॉ शंभू दयाल की उपस्थिति में संपन्न कराई गई। क्विज प्रतियोगिता में 43 छात्र छात्राओं ने भाग लिया। विजेता छात्र–छात्राओं में शोभित वर्मा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया,द्वितीय स्थान पवन वर्मा एवं तृतीय स्थान शिवांगी अवस्थी ने प्राप्त किया। डॉ अरविंद कुमार, असिस्टेंट प्रोफेसर, प्रेम किशन खन्ना राजकीय महाविद्यालय, जलालाबाद आदि मौजूद रहे।

## केजीएन क्रिकेट टूर्नामेंट का जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि ने फीता काटकर किया उद्घाटन

- पहले दिन फतेहगंज ने कटरा टीम को किया पराजित

अयोध्या टाइम्स अरुण बाथम
शाहजहांपुर। जनपद के नगर जलालाबाद के निकट नगरिया के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के सामने खेल मैदान में आज केजीएन द्वारा तीन दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ किया गया। जिसका उद्घाटन जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि अभिषेक प्रताप सिंह ने फीता काटकर किया। आज पहले दिन कटरा और फतेहगंज पूर्वी के बीच रोचक खेल का मुकाबला हुआ जिसमें 7 विकेट से फतेहगंज टीम ने कटरा टीम को



पराजित किया। पहले क्रिकेट खेलते हुए कटरा के मात्र 85 रन ही बना सकी जबकि कतरा टीम ने 7 ओवर में ही मैच जीत लिया ।क्रिकेट टीम का आयोजन गौस मोहम्मद सब्जी वालों की तरफ से आयोजित किया गया। इसमें प्रमुख रूप से सुरजीत सिंह सलमान भाई महेंद्र सिंह लंबे सिंह विपिन चौहान आदि लोग मौजूद रहे। कल रविवार को जलालाबाद लातेहार के बीच क्रिकेट का मुकाबला होगा।

# जाइम या कैल्सियम लेने पर ही मिलेगी एक बोरी यूरिया

अयोध्या टाइम्स अरुण बाथम
मीरानपुर कटरा, शाहजहांपुर। नगर में यूरिया खाद की किल्लत के चलते किसानों को जरूरत के हिसाब से खाद नहीं मिल पा रही है।
किसान लगातार यूरिया के लिए बाजार के चक्कर लगा रहे हैं। दुकानदार किसानों को अन्य उपकरण खरीदने पर ही यूरिया खाद देते हैं। अन्य सामान न खरीदने पर किसानों को यूरिया खाद नहीं दी जा रही है। खाद विक्रेताओं पर नकेल कसने में विभाग पूरी तरह विफल है। यही कारण है कि किसानो का दुकानदार जमकर शोषण कर रहे हैं। बता दें कि नगर के कुछ दुकानदारों के पास यूरिया खाद पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है।
इस स्थिति का लाभ थोक से लेकर खुदरा विक्रेता तक उठा रहे हैं। स्थिति यह है कि दुकानदार की शर्त पर भी आवश्यकता के अनुसार यूरिया किसानों को नहीं मिल पा रही है। नगर में खुदरा बिक्रेता यूरिया के साथ उतनी ही कीमत का दूसरा उपकरण लेने पर ही किसान को यूरिया देते हैं। विक्रेताओं का कहना है कि इसी शर्त पर उन्हें थोक विक्रेताओं से यूरिया मिल रहा है। विभाग थोक विक्रेताओं पर नकेल नहीं कस पा रहा है। वे जिस शर्त पर यूरिया लेते हैं उसी शर्त पर बेच रहे हैं। कहीं कहीं तो कैल्सियम, पेप्टिसाइडस लेने पर यूरिया किसानों को दिया जा रहा है। यूरिया के साथ मिक्चर खाद या फिर कुछ अन्य सामान लेने की शर्त रखते हैं। किसान कहते हैं जब खेती करने का समय था तो डीएपी, पोटाश खाद नही मिल रहा था अब हम लोगो को यूरिया खाद की जरूरत है तो दुकानदार उसे मनमाने तरीके से बेच रहे हैं। खाद दुकान से यूरिया खाद खरीद कर ले जा रहे किसानो का आरोप है कि दुकानदार डेढ़ किलो जाइम या 2 किलो कैल्सियम लेने पर एक बोरी यूरिया देते है।

# जैतिपुर पुलिस ने डेढ़ करोड़ कीमत की स्मैक सहित अभियुक्तको किया गिरफ्तार



अयोध्या टाइम्स अरुण बाथम
शाहजहांपुर। पुलिस अधीक्षक एस आनन्द के निर्देशानुसार जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्रों में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान मैं जैतिपुर पुलिस ने स्मैक सहित एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। जिसके पास से पुलिस ने डेढ़ करोड़ कीमत की स्मैक बरामद की है । पकड़े गए तस्कर को पुलिस ने जेल भेज दिया है। आपको बतादें कि शाहजहांपुर के थाना जैतीपुर पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। जैतीपुर पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर एक मादक पदार्थ तस्कर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार किया गया तस्कर ओमपाल सिंह है। जो कि जिला बदायूं के बिनावर थाना क्षेत्र का रहने वाला है । गिरफ्तार किए गए तस्कर के पास से पुलिस ने चार सौ ग्राम स्मैक बरामद की है । पुलिस ने बताया कि तस्कर के पास से बरामद स्मैक की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत लगभग डेढ़ करोड़ रुपए है। पुलिस ने पकड़े गए मादक पदार्थ तस्कर ओमपाल सिंह को जेल भेज दिया है।

# खुटार सीमा पर पुलिस चौकी ना होने से बेखौफ निकल जाते हैं अपराधी

अयोध्या टाइम्स अरुण बाथम
मैलानी, शाहजहांपुर। जनपद से दुधवा राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित थाना खुटार क्षेत्र मैं मैलानी खुटार सीमा पर जनपद द्वारा पुलिस चौकी ना बनाए जाने के कारण बड़ी आसानी से नेपाल से होने वाली तस्करी तथा थाना क्षेत्र में घटने वाली घटनाओं को अंजाम देकर फरार होने वाले अपराधी बेखौफ होकर दूसरे जनपद में चले जाते हैं बताते चलें जनपद शाहजहांपुर से जाने वाला राष्ट्रीय राजमार्ग सीधे लखीमपुर के थाना पलिया होते हुए नेपाल सीमा पर अंतिम पुलिस चौकी गौरीफंटा है थाना खुटार से मैलानी के बीच जनपद शाहजहांपुर की सीमा पर कोई भी पुलिस चौकी नहीं निर्माण कराई गई है जबकि जनपद लखीमपुर खीरी के थाना मैलानी से सा सियागंज छेदीपुर मार्ग से होते हुए गोला बाईपास टेडवा पुल के निकट एक पुलिस चौकी निर्माण कराई जा चुकी है शाहजहांपुर के थाना खुटार क्षेत्र से मैलानी के बीच शाहजहांपुर की सीमा तक यदि एक पुलिस चौकी का निर्माण कराया जाए तो नेपाल से होने वाली दुपहिया एवं चार पहिया वाहनों से तस्करी करने वाले तस्करों को पकड़ा जा सकता है इतना ही नहीं थाना क्षेत्र में होने वाली दुर्घटनाएं एवं वारदातों को अंजाम देकर फरार होने वाले अपराधियों को भी आसानी से पकड़ा जा सकता है क्योंकि खुटार से मैलानी जाने के लिए केवल एक सड़क मार्ग ही है क्षेत्रीय नागरिकों ने खुटार मैला नी के बीच जनपद शाहजहांपुर की सीमा पर एक पुलिस चौकी निर्माण कराए जाने की जिला प्रशासन से मांग की है।

# खुटार सीमा पर पुलिस चौकी ना होने से बेखौफ निकल जाते हैं अपराधी

अयोध्या टाइम्स अरुण बाथम
मैलानी, शाहजहांपुर। जनपद से दुधवा राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित थाना खुटार क्षेत्र मैं मैलानी खुटार सीमा पर जनपद द्वारा पुलिस चौकी ना बनाए जाने के कारण बड़ी आसानी से नेपाल से होने वाली तस्करी तथा थाना क्षेत्र में घटने वाली घटनाओं को अंजाम देकर फरार होने वाले अपराधी बेखौफ होकर दूसरे जनपद में चले जाते हैं बताते चलें जनपद शाहजहांपुर से जाने वाला राष्ट्रीय राजमार्ग सीधे लखीमपुर के थाना पलिया होते हुए नेपाल सीमा पर अंतिम पुलिस चौकी गौरीफंटा है थाना खुटार से मैलानी के बीच जनपद शाहजहांपुर की सीमा पर कोई भी पुलिस चौकी नहीं निर्माण कराई गई है जबकि जनपद लखीमपुर खीरी के थाना मैलानी से सा सियागंज छेदीपुर मार्ग से होते हुए गोला बाईपास टेडवा पुल के निकट एक पुलिस चौकी निर्माण कराई जा चुकी है शाहजहांपुर के थाना खुटार क्षेत्र से मैलानी के बीच शाहजहांपुर की सीमा तक यदि एक पुलिस चौकी का निर्माण कराया जाए तो नेपाल से होने वाली दुपहिया एवं चार पहिया वाहनों से तस्करी करने वाले तस्करों को पकड़ा जा सकता है इतना ही नहीं थाना क्षेत्र में होने वाली दुर्घटनाएं एवं वारदातों को अंजाम देकर फरार होने वाले अपराधियों को भी आसानी से पकड़ा जा सकता है क्योंकि खुटार से मैलानी जाने के लिए केवल एक सड़क मार्ग ही है क्षेत्रीय नागरिकों ने खुटार मैलानी के बीच जनपद शाहजहांपुर की सीमा पर एक पुलिस चौकी निर्माण कराए जाने की जिला प्रशासन से मांग की है।

# पुवायां तहसील के अधिवक्ताओं ने तहसील में व्याप्त भ्रष्टाचार एवं अनियमितताओं के संबंध में डीएम को दिया 9 सूत्री ज्ञापन

अयोध्या टाइम्स अरुण बाथम
शाहजहांपुर। तहसील पुवायां में जिला अधिकारी उमेश प्रताप सिंह को समाधान दिवस पर तहसील के अधिवक्ताओं ने तहसील पुवायां में व्याप्त भ्रष्टाचार एवं अन्य मित्रों के संबंध में 9 सूत्री ज्ञापन देकर समस्या का समाधान कराने की मांग की है अखिल भारतीय संयुक्त अधिवक्ता परिषद के द्वारा तहसील प्रमाण के अधिवक्ताओं ने ज्ञापन देते हुए बताया कि वर्तमान तहसीलदार एवं उनके स्टाफ द्वारा लापरवाही की जा रही है कार्यालय से पत्रावली गायब हो गई है दोषियों के विरुद्ध अभी तक कार्यवाही नहीं की गई, तहसीलदार एवं तहसीलदार न्यायिक कोर्ट द्वारा राजस्व कार्ड कंप्यूटर प्रणाली का उपयोग नहीं किया जाता है बल्कि सेटिंग वाली पत्रावली यों की ही हस्तलिखित सूची बनाकर सुनवाई कर न्यायिक भ्रष्टाचार किया जा रहा है तहसील में सुविधा शुल्क शिष्टाचार बन गया है जो कि शासन की खराब कर रहा है ।
अतुल की भ्रष्टाचारी प्रथा बंद कराई जाए नियमित रूप से सभी नामांतरण संचालित कराया जाए अधिवक्ताओं के सीट पर जाने के लिए रास्ता कराया जाए तहसीलदार एवं तहसीलदार न्यायिक द्वारा केवल चार्ट कारों का ही कार्य किया जाता है इस प्रथा को बंद कराया जाए तहसीलदार हजारों गैर नामांतरण पत्रावली आए या तो लंबित है अथवा अनावश्यक साक्ष्य के अभाव में निरस्त की जा



रही है अधिकारियों ने कार्यालय पर प्राइवेट कर्मचारी खुलेआम सुविधा शुल्क की मांग करते हैं इस पर तत्काल कार्यवाही की जाए जिलाधिकारी को ज्ञापन देते समय अधिवक्ताओं में नीरज सिंह एडवोकेट राकेश चंद्र गुप्ता भगवान सिंह एडवोकेट सुनील पाठक एडवोकेट अवनीश सिंह एडवोकेट सुभाष शुक्ला एडवोकेट अरविंद मिश्रा एडवोकेट परीक्षित एडवोकेट कमल कांत बेस्ट एडवोकेट अश्वनी भटनागर एडवोकेट भूपेंद्र सिंह एडवोकेट रामचंद्र वर्मा एडवोकेट दिनेश चंद्र गुप्ता एडवोकेट रणवीर सिंह यादव एडवोकेट विजय प्रकाश मिश्रा एडवोकेट आदि अधिवक्ता मौजूद थे।

# शांति मार्च से पूर्व लिटिल फ्लावर कान्वेंट में हुई विभिन्न रचनात्मक प्रतियोगिताएं

- राखी मेकिंग कंपटीशन में कृष्णा गुप्ता और मेहंदी रचाओ प्रतियोगिता में जीविका यादव रही प्रथम

अयोध्या टाइम्स अरुण बाथम
पुवायाँ,शाहजहाँपुर। विश्व शांति दिवस पर नगर के प्रतिष्ठित लिटिल फ्लावर कॉन्वेंट स्कूल से एसडीएम आवास निगोही रोड होते हुए छात्र–छात्राओं द्वारा राजीव चौक तक शांति मार्च निकाला गया।जिसमें छात्र–छात्राओं ने विश्व के सभी देशों से शांति बनाए रखने की अपील की।उपरोक्त शांति मार्च में छात्र–छात्राएं हाथ में विश्व शांति की अपील करती हुई पट्टिकाएं पकड़े हुए थे।प्रधानाचार्य दीपक सक्सेना ने बताया कि ,ष्आज ही के दिन अमेरिका ने द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान जापान के 2 बड़े शहरों हिरोशिमा और नागासाकी को बमबारी से बिल्कुल तबाह कर दिया था।आज के परिवेश में भी विश्व के कई देश विश्व युद्ध के मुहाने पर खड़े हुए हैं। जो मानवता



के लिए बहुत बड़ा खतरा है। ऐसे में बच्चों ने विश्व शांति दिवस पर विश्व के सभी देशों से शांति बनाए रखने की अपील का संदेश दिया। शांति मार्च में उप प्रधानाचार्य कमल कुमार ,कवि प्रदीप वैरागी बृज भूषण शुक्ला ,आनंद शर्मा, गौरव मिश्रा, लखविंदर सिंह, इंद्रजीत कौर ,शिप्रा गुप्ता ,पवन सुखा मिश्रा, जलजत्रिवेदी ,जितेंद्र पाल, फैजान आलम, अमित कुमार, डीपी वर्मा आदि का विशेष सहयोग रहा।इससे पूर्व विद्यालय में बच्चों की विभिन्न रचनात्मक गतिविधियों का आयोजन किया गया।जिसमें कक्षा 3 से 12 तक के बच्चों ने प्रतिभाग किया।कक्षा 3 से 8 तक के बच्चों ने सुंदर और आकर्षक बर्थडे कार्ड बनाकर सभी को आश्चर्यचकित कर दिया।वहीं कक्षा 9 से 12 के छात्रों ने विभिन्न प्रकार की घरेलू वस्तुएं प्रयोग कर आकर्षक राखियां बनाकर सभी को अचंभित कर दिया।जो विशेष आकर्षण का केंद्र रही।कक्षा से 9 से 12 तक की छात्राओं ने मेहंदी रचाओ प्रतियोगिता में प्रतिभाग कर बेहतर प्रदर्शन किया।कक्षा 9 से 12 तक की मेहंदी रचाओ प्रतियोगिता में जीविका यादव, प्रभजोत कौर, सौम्या सिंह, सलोनी श्रीवास्तव, अनुरीत कौर ,सान्या शर्मा और कोमलदीप कौर ने प्रथम आस्था पटेल, रितिका शर्मा, सिमरनदीप कौर, चांदनी शर्मा श्वेतांजलि ने द्वितीय, परी गुप्ता जशनप्रीत कौर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।दूसरी ओर राखी मेकिंग कंपटीशन में कृष्णा गुप्ता ,उत्कर्ष बाजपेई, आर्यन पटेल, शुभम, राघवेंद्र द्विवेदी और संस्कार शर्मा ने प्रथम सौरभ वर्मा ,आशीष शर्मा, अर्पित शुक्ला, कृष्णा गुप्ता ,गौरव कुमार और हर्षित वर्मा ने द्वितीय उत्कर्ष भारद्वाज, आयुष कश्यप, मोहित कनौजिया, ऋतुराज गौतम और अभिनव शुक्ला ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।जिसमें कनक लता गुप्ता,प्रियंका पाल, रूपाली , शुभम मिश्रा, कल्पना राठौर,रुचि पांडेय लक्ष्मी गुप्ता आदि का विशेष सहयोग रहा।इस अवसर पर लिटिल फ्लावर विद्यालय प्रबंध समिति के प्रबंधक हरदेव सिंह और कोषाध्यक्ष महेश चंद्र गुप्ता ने बच्चों के रचनात्मक कार्यों की प्रशंसा करते हुए उन्हें आशीर्वाद प्रदान किया।

# जलालाबाद तहसील समाधान दिवस पर कुल 27 शिकायतों में 2 शिकायतों का मौके पर किया गया निस्तारण

अयोध्या टाइम्स अरुण बाथम
जलालाबाद, शाहजहांपुर। जलालाबाद तहसील समाधान दिवस कार्यक्रम में मुख्य समाधान अधिकारी अपर आयुक्त शाहजहांपुर सी डी ओ श्याम बहादुर सिंह ने सुनी जनता की समस्याएं कुल 27 शिकायतें जिसमें मात्र दो शिकायतों का समाधान हुआ। सबसे अधिक शिकायतें राजस्व से जुड़ी आई ।जिसमें कुछ शिकायतें विद्युत विभाग से भी संबंधित है एक शिकायत कर्ता ग्राम गुनारा थाना जलालाबाद निवासी कल्लू पुत्र इसहाक अपने घायल बेटे ठिलिया पर लेकर तहसील मुख्यालय पहुंचा जहां अधिकारियों ने तत्काल संज्ञान लिया वहीं शिकायतकर्ता कल्लू ने शिकायती पत्र देते हुए बताया कि बीते दिनों उसका 11 वर्षीय बेटा चाट के ठेले पर खड़ा था वही गांव गुनारा में 11000 वोल्टेज की लाइन का तार कतर कर बेटे के साथ 3 लोगों पर गिर गया इसमें कल्लू का पुत्र नदीम गंभीर रूप से घायल हो गया था उस समय तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जलालाबाद द्वारा मेडिकल कॉलेज शाहजहांपुर भेज दिया गया था जहां से सिविल हॉस्पिटल के लिए रेफर कर दिया गया शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया किस सिविल हॉस्पिटल में इलाज के दौरान जांचों में जमा पूंजी खर्च हो गई जिसके बाद उसकी छुट्टी कर दी गई लेकिन घायल बालक की हालत अभी भी गंभीर बनी हुई है जिस पर तत्काल संज्ञान लेते हुए सीडीओ श्याम बहादुर सिंह ने अधीक्षक अमित यादव को निर्देशित किया वही अमित यादव ने तहसील मुख्यालय पर एंबुलेंस मंगाकर तत्काल जिला अस्पताल भेज दिया तथा सीडीओ श्याम बहादुर में संबंधित से चिकित्सकों को तत्काल चिकित्सा मुहैया कराने के लिए निर्देशित किया एवं शिकायतकर्ता को हर संभव मदद करने का आश्वासन दियावहीं मौके पर मौजूद सहायक राजस्व निरीक्षक विनोद गुप्ता



निवासी जलालाबाद एवं कानूनगो अशोक कुमार घायल किशोर के परिजनों को एक , एक हजार रुपए की आर्थिक मदद की।दूसरी शिकायत लेकर पहुंचे सुमित गुप्ता निवासी याकूबपुर थाना जलालाबाद ने शिकायती पत्र देते हुए उप जिला अधिकारी को बताया की ग्राम याकूबपुर में बिजली के वोल्टेज की समस्या बहुत ही गंभीर रहती है एक घंटा लाइट सही आती है जिसके बाद वोल्टेज डाउन हो जाते हैं और सारी रात वोल्टेज कम रहते हैं जिससे सबसे बड़ी समस्या मोबाइल चार्ज करने एवं बच्चों को पढ़ने में आती है वहीं उप जिलाधिकारी ने तत्काल एसडीओ जलालाबाद को बिजली संबंधित समस्या के समाधान हेतु निर्देशित किया इस मौके पर उप जिला अधिकारी बरखा सिंह ग्रामीण एसपी संजीव बाजपेई तहसीलदार चमन सिंह नायब तहसीलदार चंद्रगुप्त सागर अधिशासी अधिकारी नगर पालिका दयाशंकर वर्मा अवर अभियंता बिजली विभाग महेंद्र सिंह सहित तमाम अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# ग्राम लुकमानपुर बहेड़ा में चौपाल लगाकर सुनी जनता की समस्याएं

शाहजहाँपुर। जिलाधिकारी उमेश प्रताप सिंह एवं पुलिस अधीक्षक एस0 आनन्द द्वारा तहसील पुवायां में विकास खण्ड क्षेत्र बंडा के ग्राम लुकमानपुर बहेड़ा में चौपाल लगाकर जनता की समस्याएं सुनकर उनका प्रभावी निस्तारण सुनिश्चित करने हेतु संबंधित को निर्देशित किया। ग्रामीणों द्वारा निराश्रित गौवंश आश्रय स्थल बनाये जाने की मांग पर जिलाधिकारी ने लेखपाल को निर्देशित किया गौशाला के निर्माण हेतु भूमि उपलब्ध करायें। उन्होने आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों की उपस्थिति, गोल्डन कार्ड बनाये जाने की प्रगति, शौचालय की स्थिति एवं विभिन्न योजनाओं के अन्तर्गत लाभान्वित किये गये लाभार्थियों की स्थिति की समीक्षा की।
जिलाधिकरी ने निर्देश दिये कि अपात्र लोगो के अन्त्योदय कार्ड समाप्त कर पात्रों को अन्त्योदय कार्ड जारी कर लाभान्वित किया जाये। उन्होने सभी प्रकार की पेंशन योजनओं के लाभार्थियों से अपील की है कि जिन लाभार्थियों ने अभी तक आधार नं0 नही लिंक कराया है वह तत्काल आधार नं0 लिंक करायें। राशन वितरण कोटे की दुकान का तत्काल आंवटन कराये जाने हेतु जिला पूर्ति अधिकारी को आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिये। पशुओं का टीकाकरण तत्काल सुनिश्चित कराये जाने हेतु भी निर्देशित किया। कोरोना वैक्सीन की बूस्टर डोज लागाये जाने की समीक्षा करते हुये उन्होने सभी से बूस्टर डोज लगवाने के लिये अपील की। पुलिस अधीक्षक श्री एस आनन्द द्वारा महिलाओं की समस्यायों को शीर्ष प्राथमिकता पर निस्तारण हेतु चौपाल में उपस्थित महिलाओं को बताया गया कि महिलाओं की किसी भी प्रकार की समस्या है या थाना जाने में असमर्थ है तो गांव में आने वाली विशेष महिला सुरक्षा टीमों को



अवगत कराए उनका निस्तारण तथा तत्काल प्रभाव से विधिक कार्यवाही की जाएगी। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी पुवायां शुशांत श्रीवास्तव, जिला विकास अधिकारी पवन कुमार, परियोजना अधिकारी अवधेशराम सहित संबन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

# जनता की शिकायतों एवं समस्याओं का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाये : डीएम



शाहजहांपुर। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान प्राप्त समस्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण निर्धारित समयावधि में सुनिश्चित किया जाये एवं निस्तारण के विषय में शिकायतकर्ता को सूचित करते हुए फीडबैक भी अवश्य प्राप्त करें। उक्त निर्देश जिलाधिकारी उमेश प्रताप सिंह ने तहसील पुवायां में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान दिए। जिलाधिकारी ने सभी शिकायतकर्ताओं की शिकायतों एवं समस्याओं को सुना एवम् गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने हेतु निर्देश दिये । सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान शिकायतकर्ता द्वारा की गयी शिकायत पर जिलाधिकारी द्वारा संज्ञान लेते हुये कार्यों में लापरवाही बरतने पर लेखपाल विकास यादव को निलंबित किए जाने का आदेश दिया। उन्होंने कहा कि तहसील प्रशासन की कार्यशैली में गत समाधान दिवस से थोड़ा सुधार हुआ है, अभी और सुधार अपेक्षित है। उन्होंने तहसील से संबंधित सभी विभागों के अधिकारियों को प्रेरित करते हुए कहा कि टीम भावना से कार्य करते हुए जनता को बेहतर सेवाएं उपलब्ध कराए। इस दौरान कुल 195 शिकायतें प्राप्त हुयी जिसमें से 03 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। तहसील पुवायां में अधिकतर शिकायतें जमीनी विवाद, अवैध कब्जा, राशन कार्ड, विद्युत आदि से सम्बन्धित प्राप्त हुयी। जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा की शिकायतों का गहनतापूर्ण परीक्षण कर विधिक निस्तारण सुनिश्चित करें, जिससे शिकायतकर्ता को एक ही समस्या के लिये बार बार शिकायत न करनी पड़े। उन्होंने कहा कि नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही अमल में लाई जाए। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान पुलिस अधीक्षक श्री एस आनन्द ने पुलिस विभाग से संबंधित प्रकरणों पर त्वरित एवं प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करने हेतु संबंधित पुलिस अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने जमीन संबंधी विवादों पर त्वरित कार्यवाही करने के भी निर्देश दिए, जिससे किसी भी प्रकार के उत्पन्न होने वाले विवादों तथा संभावित घटनाओं को रोका जा सके। उन्होंने राजस्व विभाग के अधिकारियों से अपेक्षा की कि वह संबंधित थाने से समन्वय कर भूमि विवाद के प्रकरणों को जल्द से जल्द निस्तारित कराए जाने के साथ आवश्यकतानुसार निरोधात्मक कार्यवाही भी सुनिश्चित कराएं।
इस अवसर पर उप जिलाधिकारी पुवायां शुशांत श्रीवास्तव, मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 पी0के0 वर्मा, जिला विकास अधिकारी पवन कुमार, परियोजना अधिकारी अवधेशराम सहित संबन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

# संक्षिप्त समाचार

## आजादी अमृत महोत्सव अंतर्गत हर घर तिरंगा अभियान की निकाली गई रैली

चित्रकूट। इंग्लिश मीडियम प्राइमरी स्कूल चकजाफर में आजादी अमृत महोत्सव के अंतर्गत हर घर तिरंगा अभियान रैली का शुभारंभ किया गया। प्रधानाध्यापिका शिल्पा चौहान ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य आजादी का अमृत महोत्सव अन्तर्गत प्रगतिशील भारत की आजादी के 75 साल और इसके लोगों, संस्कृति और उपलब्धियों के गौरवशाली इतिहास को मनाने के लिए भारत सरकार की एक पहल है। जिसके अंतर्गत सभी भारतवासी अपने आजादी के जश्न को पूरे उत्साह एवं उमंग के साथ अपने–अपने घरों में राष्ट्रीय ध्वज 13 से 15 अगस्त तक लगाकर मनाएं । बच्चों द्वारा रक्षा बंधन के लिए तिरंगा, रखियों का निर्माण एवं स्वतन्त्रता दिवस पर पोस्टर प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया गया। कार्यक्रम में प्रबन्ध समिति के सदस्यों के अतिरिक्त अभिभावक एवं ग्रामीणजन व समस्त शिक्षक उपस्थित रहे।



## अवैध शराब के साथ दो गिरफ्तार

चित्रकूट। पुलिस अधीक्षक अतुल कुमार शर्मा के निर्देश पर अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री की रोकथाम के लिए चलाये जा रहे अभियान के क्रम में चित्रकूट पुलिस ने 2 अभियुक्तों के कब्जे से 25 लीटर देशी शराब बरामद की। प्राप्त जानकारी के अनुसार सीतापुर चौकी प्रभारी प्रवीण सिंह तथा उनकी टीम द्वारा अभियुक्त गुलाब सिंह पुत्र वार सिंह निवासी बगलई थाना कर्वी जनपद चित्रकूट को 15 लीटर देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया । अभियुक्त के विरुद्ध थाना कर्वी में आबकारी अधीनियम के अन्तर्गत अभियोग पंजिकृत किया गया है। गिरफ्तारी के दौरान आरक्षी शुभम शर्मा, अभिषेक यादव आदि मौजूद रहे।

इसी प्रकार मऊ थाना के उप निरीक्षक विपिन मिश्रा तथा आरक्षी सत्यम पटेल द्वारा अभियुक्त राकेश पासी पुत्र भजन निवासी कटिया थाना मऊ जनपद चित्रकूट को 10 लीटर देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया । अभियुक्त के विरूद्ध थाना मऊ में आबकारी अधिनियम के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया है।

## एक सप्ताह के अन्दर कराएं समस्या का गुणवत्तापूण निस्तारण : डीएम

चित्रकूट। जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द तथा पुलिस अधीक्षक अतुल शर्मा की उपस्थिति में शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन तहसील सभागार मऊ में हुई। जिलाधिकारी ने जिला स्तरीय अधिकारियों से कहा कि शासन ने निर्देश जारी किया है कि समस्त कार्यालयध्यक्ष अपने–अपने कार्यालयों पर बैठक कर समस्या ग्रस्त व्यक्तियों की समस्याओं को सुनकर निस्तारण करेंगे। उन्होंने कहा कि शिकायतों के निस्तारण में गुणवत्ता का विशेष ध्यान दें, जो समस्या है उस समस्या के निस्तारण की तह तक जाएं, तभी निस्तारण गुणवत्तापूर्ण होगा। उन्होंने कहा कि आज जो संपूर्ण समाधान दिवस में समस्याएं प्राप्त हुई है, उनका संबंधित विभाग एक सप्ताह के अंदर निस्तारण गुणवत्तापूर्ण कराते हुए पोर्टल पर फीड कराएं। उन्होंने कहा कि आईजीआरएस में जो समस्याएं लंबित हैं, उनका भी तत्काल निस्तारण कर पोर्टल पर फीड कराया जाए। उन्होंने समस्त जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि जो समस्याएं प्राप्त हो उनका निस्तारण गुणवत्ता पूर्ण किया जाए क्योंकि निस्तारण के संबंध में शासन स्तर से संबंधित समस्याग्रस्त व्यक्ति से फीडबैक लिया जा रहा है, जो भी समस्याओं का निस्तारण करें, समस्या के निस्तारण के संबंध में संबंधित समस्याग्रस्त व्यक्ति को निस्तारण से अवगत भी कराया जाए। समस्याओं के निस्तारण में गंभीरता बहुत जरूरी है, कोई भी भूमि संबंधी मामले लंबित नहीं रहना चाहिए। भूमि संबंधित मामलों में जो पैमाइश की व्यवस्था है उसी के अनुसार कराए।



इस मौके पर उप जिलाधिकारी मऊ नवदीप शुक्ला, पुलिस क्षेत्राधिकारी मऊ सुबोध गौतम, बन्दोबस्त अधिकारी चकबंदी एस के शुक्ला, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ इम्तियाज, तहसीलदार मऊ शशि कांत मणि, जिला विकास अधिकारी आरके त्रिपाठी, परियोजना निदेशक ऋषि मुनि उपाध्याय, डीसी मनरेगा धर्मजीत सिंह, जिला पंचायत राज अधिकारी तुलसीराम, जिला विद्यालय निरीक्षक बलिराज राम, जिला बेसिक शिक्षाधिकारी लव प्रकाश यादव आदि मौजूद रहे।

## किन्नरों को शिक्षित बनाने के लिए स्कूलों में दिलाया जाएगा प्रवेश

चित्रकूट : किन्नरों को समाज की मुख्य धारा से जोड़ने के लिए प्रदेश की योगी सरकार ने कई सारी योजनाओं का शुभारंभ किया है। जिससे प्रदेश के किन्नर समाज अब अपने को गौरवान्वित महसूस कर रहा है यह बात उत्तर प्रदेश किन्नर कल्याण बोर्ड की सदस्य टीना मां ने अपने एक दिवसीय प्रवास के दौरान कही। उन्होंने अधिकारियों के साथ जिला स्तरीय समिति की बैठक ली और बताया कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किन्नर समाज के उत्थान के लिए कई योजनाएं शुरू की हैं, जिसमें किन्नरों के ट्रांसजेंडर आईडी कार्ड बनाए जाने की योजना महत्वपूर्ण है। उन्होंने बताया कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर पहली बार किन्नर कल्याण बोर्ड का गठन हुआ है और मुख्यमंत्री योगी ने किन्नर समाज को आगे लाने का कार्य किया है।



इसकी जिम्मेदारी उन्हें सौंपी गई है। उन्होंने बोर्ड के सदस्यों को निर्देश दिया कि प्रत्येक माह जिला स्तर पर बोर्ड की बैठक करके जिले में रहने वाले किन्नर समुदाय के लोगों की जानकारी एकत्र करें। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि किन्नरों को समाज की मुख्य धारा से जोड़ने के लिए केंद्र सरकार के ट्रांसजेंडर पोर्टल पर इनके पंजीकरण में तेजी लाये। इसके लिए जिला स्तर पर कैंप लगाया जाए। उन्होंने बताया कि भगवान श्रीराम ने भी किन्नरों से आशीर्वाद लिया था। उन्होंने कहा कि समाज के लोगों को अपने मौलिक अधिकार, संविधान और कानून की मर्यादा रखते हुए जीवन यापन करना चाहिए। जो किन्नर जनता के साथ बदसलूकी करे, वह किन्नर हो ही नहीं सकता हैं। बैठक में समाज कल्याण अधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह भदोरिया ने टीना मां को बताया कि किन्नर समाज के लिए अलग से कालोनी बसाई जाएगी, इस कालोनी में सभी सुविधाएं दी जाएंगी और इस समुदाय के उत्थान के लिए किन्नरों को शिक्षित करने के लिए स्कूलों में प्रवेश भी दिलाया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस समुदाय की उन्नति के लिए उत्कृष्ट कार्य करने वाले एनजीओ को भी सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इनकी सुरक्षा के लिए हर थाने में एक सेल बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि किन्नर समाज के लिए एक अलग से बेवसाइट बनाई गई है। इसके तहत कोई भी किन्नर व्यक्ति वेबसाइट ट्रांसजेंडर डाट डीओएसजेई डाट गर्वनमेंट डाट इन पर आनलाइन आवेदन कर सकता है। इसके उपरांत जिलाधिकारी के माध्यम से ट्रांसजेंडर पहचान पत्र एवं प्रमाण पत्र जारी कर दिए जाएंगे। बैठक में उप पुलिस अधीक्षक शीतला प्रसाद पांडेय, जिला कार्यक्रम अधिकारी मनोज कुमार, जिला प्रोबेशन अधिकारी रामबाबू विश्वकर्मा आदि मौजूद रहे।

## धार्मिक स्थलों को एक-दूसरे से जोड़ने का चल रहा कार्य



चित्रकूट। आयुक्त चित्रकूट धाम मंडल बांदा आर पी सिंह, पुलिस महानिरीक्षक परिक्षेत्र बांदा विपिन कुमार मिश्रा, जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द, पुलिस अधीक्षक अतुल शर्मा तथा मुख्य विकास अधिकारी अमित आसेरी की उपस्थिति में उत्तर प्रदेश सरकार की आकांक्षा के अनुसार जन सामान्य की सुविधार्थ उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री की उद्घोषणा एवं आशीर्वचन तथा परिवहन मंत्री की प्रेरणा एवं मार्गदर्शन के अनुरूप चित्रकूट बस स्टेशन से चित्रकूट–अयोध्या वातानुकूलित जनरथ सेवा का बस स्टॉप बेड़ी पुलिया चित्रकूट से बस का विधिवत पूजन अर्चन व फीता काटकर एवं बैठक कर तथा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।

मंडलायुक्त चित्रकूट धाम मंडल बांदा आर पी सिंह ने कहा कि आज के युग में हर व्यक्ति सुविधा भोगी है एवं आराम चाहता है, सुविधा पूर्वक आरामदायक स्थिति में अपने गंतव्य को पहुंचे। उन्होंने कहा कि यहां से अयोध्या जाने के लिए डायरेक्ट साधन पहले नहीं था अब इसकी सुविधा तीर्थ यात्रियों को मिलेगी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री एवं परिवहन मंत्री की इच्छा थी कि एक धाम से दूसरे धार्मिक स्थल को जोड़ें। उन्होंने कहा कि अयोध्या, मथुरा, विंध्याचल, बनारस आदि धार्मिक स्थलों जोड़ने का कार्य चल रहा है। परिवहन निगम धार्मिक स्थलों को जोड़ने का कार्य कर रहा है। इसी क्रम में एसी बस का चित्रकूट से अयोध्या तक चलाने का कार्य प्रारंभ हो रहा है। उन्होंने कहा कि 150 बसे चलाने की प्रक्रिया चलाई जा रही है और जनपदों में चलने लगी है। उन्होंने कहा कि 125 एसी बस एवं 100 सीएनजी 700 अन्य बसे हैं। उन्होंने कहा कि हमारे पास अच्छे किस्म कि बसे अच्छी नहीं है, किसी का शीशा टूटा, किसी का सीट टूटी है इसको देखते हुए परिवहन विभाग ने कार्य किया है। उन्होंने बताया कि 9000 बसे आने के बाद नई बसें पुराने बस का स्थान लेंगी। उन्होंने परिवहन विभाग के अधिकारीयो से कहा कि आप ऐसे ही ऊर्जा के साथ कार्य करते रहें। बसों की कमी नहीं होने पाएगी । आयुक्त ने कहा कि आप बस स्टॉप का उद्घाटन कराकर संचालन करें। उन्होंने कहा कि शहर से बस स्टाप हटाकर यहां से संचालन कराएं। शहर में दो मिनट का स्टाफ यात्रियों को उतारने के लिए समय निश्चिंत करें, लेकिन मुख्य बस स्टाफ नवीन बस स्टाफ को ही बनाया जाए। उन्होंने कहा कि इस अवसर पर आप लोगों को अच्छी सुविधा मिलने जा रही है।

जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने कहा कि मुख्यमंत्री की घोषणा के अनुरूप चित्रकूट से अयोध्या के लिए बस का संचालन किया जा रहा है जो मुख्यमंत्री की घोषणा की थी, आज वह साकार हो रहा है। इससे सभी लोगों को फायदा मिलेगा।

क्षेत्रीय प्रबंधक उत्तर प्रदेश परिवहन विभाग राजीव कुमार शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री एव परिवहन मंत्री के प्रेरणा स्रोत से चित्रकूट से अयोध्या तक बस चलाई जा रही है। आज चित्रकूट से अयोध्या तक की एसी बस संचालन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि बस अयोध्या से चित्रकूट एवं चित्रकूट से अयोध्या तक चलेगी। उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं के लिए आवागमन में सुविधा होगी।

इस मौके पर अपर जिला अधिकारी कुंवर बहादुर सिंह, तहसीलदार कर्वी राजेश कुमार पाठक, पुलिस क्षेत्राधिकारी नगर शीतला प्रसाद पांडेय, सेवा प्रबंधक उत्तर प्रदेश परिवहन विभाग विनय कुमार सिंह, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली कर्वी अशोक कुमार सिंह, चौकी प्रभारी सीतापुर प्रवीण सिंह आदि मौजूद रहे।

## सांसद पुत्र सुनील पर लगा ढाबे में मारपीट और तोड़फोड़ का आरोप

- सुनील ने आरोपों को बताया गलत

चित्रकूट। मानिकपुर क्षेत्र में स्थित पंचवटी ढाबा के संचालक ने बांदा चित्रकूट सांसद आरके सिंह पटेल के पुत्र सुनील पटेल पर कर्मचारियों के साथ मारपीट व तोड़फोड़ का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि रात में साढ़े 12 बजे वह साथियों के साथ आए थे। खाना मांगा, न देने पर बंदूक की बट व लात घूंसों से कर्मचारियों को पीटा व कुर्सी मेज आदि सामान तोड़ दिया। वैसे पुलिस ने अभी मामला दर्ज नहीं किया है। सांसद पुत्र ने अपने ऊपर लगे आरोप को गलत बताया है।

पंचवटी ढाबे के मालिक सुदीप कुमार ने थाने में तहरीर देकर बताया है कि शुक्रवार की रात में ढाबा बंद करके वह घर चले गए थे। कर्मचारी मोना पांडेय, दुर्गा प्रसाद कोल व शिशुपाल ढाबे के अंदर सो रहे थे। रात करीब साढ़े 12 बजे सांसद आरके सिंह पटेल के पुत्र सुनील पटेल अपने साथी अभिलाष सिंह, दो गनर व एक प्राइवेट गनर व दो अन्य व्यक्ति से साथ आए और ढाबा खोलने व खाना खिलाने के लिए कहा। कर्मचारियों के मना करने पर आग बबूला हो गए और गुस्से में गाली गलौज किया। जाली में हाथ डाल दरवाजा खोल कर अंदर आ गए। तीनों कर्मचारियों की बंदूक की बट व लात घूंसों से जमकर पिटाई की। ढाबे की कुर्सी व अन्य सामान को तोड़ फोड़ डाला। कर्मचारियों ने फोन करके उन्हें बुलाया। रात में ही डायल 112 को सूचना दी गई। प्रभारी निरीक्षक गिरेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि ढाबा संचालक ने तहरीर दी है। वहीं एसपी अतुल शर्मा ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। यदि घटना सत्य पाई जाती है तो तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया जाएगा। जबकि सांसद पुत्र सुनील पटेल का कहना है कि घटना में वह नहीं थे। दूसरे लोग गए थे। वैसे खाना को लेकर पहले मालिक से फोन पर बात हो गई थी। फिर भी कर्मचारियों ने शराब के नशे में अभद्रता की। जिस पर मारपीट कुछ लोगों से हुई है। उनका नाम गलत जोड़ा जा रहा है। मानिकपुर के पंचवटी ढाबा में हुए मारपीट का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। सांसद के पुत्र सुनील पटेल सहित अन्य आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज न होने से ढाबा संचालक नाराज है और समर्थकों के साथ थाना के पास धरना पर बैठ गए हैं। ढाबा संचालक सुदीप कुमार के साथ करीब एक दर्जन लोग थाने के सामने तिरंगा लेकर धरने पर बैठे हैं। उनकी मांग है कि मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जाए।

## फतेहाबाद में छात्रों ने निकाली तिरंगा रैली, लगाए नारे

संवादाता सभा जीत बर्मा
फतेहाबाद आगरा



फतेहाबाद। फतेहाबाद के जनता इंटर कॉलेज के छात्रों द्वारा आजादी की अमृत महोत्सव के अंतर्गत एक तिरंगा रैली निकाली गई। जिसमें बड़ी संख्या में छात्रों ने हिस्सा लिया। इस दौरान स्टाफ के साथ साथ छात्र भी नारे लगाते हुए चल रहे थे। प्राप्त जानकारी के अनुसार फतेहाबाद की जनता इंटर कॉलेज के कक्षा 6 से 12 तक के छात्रों ने एक तिरंगा रैली का आयोजन किया। इस दौरान प्रधानाचार्य डॉ शिव कुमार सिंह ने रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान रैली कॉलेज से शुरू होकर अंबेडकर चौक, बस स्टैंड ,खंड विकास कार्यालय, बाग कॉलोनी होती हुई विद्यालय पर संपन्न हुई ।इस दौरान बड़ी संख्या में छात्र हाथों में तिरंगा झंडा लेकर चल रहे थे। इस दौरान बच्चों ने जमकर नारेबाजी भी की ।विद्यालय के प्रधानाचार्य डा शिव कुमार सिंह ने बताया कि अमृत महोत्सव के तहत 8 अगस्त को स्वच्छता अभियान, 10 अगस्त को स्लोगन लेखन एवं पेंटिंग प्रतियोगिता, 11 अगस्त को स्वतंत्रता संग्राम पर आधारित नाटक प्रस्तुति कराई जाएगी ।इस दौरान बड़ी संख्या में छात्र मौजूद रहे।

# अनुशासन सफलता की सीढ़ी है - अशोक पासी अहमदाबाद

ओंकार नाथ चौधरी
बलरामपुर जनपद सामाजिक जागरुकता कार्यक्रम का आन लाइन आयोजन किया गया इस कार्यक्रम को ग्रामीण बौद्ध कल्याण सेवा संस्थान के संस्था प्रमुख ओंकार नाथ चौधरी द्वारा आयोजित किया गया बलरामपुर, लखनऊ,उन्नाव,श्रावस्ती, प्रतापगढ़ सीतापुर रायबरेली,प्रयागराज,इलाहाबाद, हरदोई,वाराणसी, लखीमपुर भदोही,फतेहपुर,कानपुर, बाराबंकी, पंजाब , विहार, प्रदेशों व जनपदों से पासी समाज के साथी ने अपने अपने विचारों को प्रस्तुत किया।


इस कार्यक्रम का संचालन श्री ज्ञान प्रकाश जी लखनऊ व श्रीमती रीता चौधरी श्रावस्ती द्वारा किया गया
राजेश सिंह प्रयागराज ने कहा कि सबसे ज्यादा से ज्यादा लोग अनुशासन में रहें अनुशासन में रहने से खुशहाली प्राप्त होती है शिवराम रावत उन्नाव ने कहा कि अनुशासन में रहना आवश्यक है अशोक पासी अहमदाबाद ने कहा कि अनुशासन सफलता की सीढ़ी हैं

राधेश्याम जी अहमदाबाद ने कहा कि अनुशासन हर चीज में आवश्यक है बिना अनुशासन के कुछ नहीं हो सकता

ज्ञान प्रकाश जी लखनऊ में कहा कि अनुशासन मेन कुंजी है अनुशासन ही जीवन को सफल यात्रा कराता है
रमेश महतो दरभंगा बिहार ने कहा कि अनुशासन पाठशाला का पहला विषय होता है अनुशासन ही देश को महान बनाता है

रामु रावत ने कहा कि अनुशासन जीवन का महत्वपूर्ण विषय है अनुशासन में हर कार्य बहुत सफल होता है स्कूल में पढ़ना लिखना अनुशासन में रहना है यदिअनुशासन नहीं होगा तो हम पढ़ लिख भी नहीं पाएंगे

इस कार्यक्रम में श्री ज्ञान प्रकाश जी लखनऊ ,श्री राजेश सरोज इलाहाबाद , डॉक्टर सुभाष चंद्र प्रयाग राज , श्री राम कुमार पासी जबलपुर, सुजीत कुमार बलरामपुर, अशोक महतो दरभंगा बिहार,नवीन भारती नालंदा बिहार, रामहित भारती प्रयागराज ,रमेश महतो दरभंगा बिहार, रमेश जी ,रानू कुमार, नीरज सरोज ,प्रदीप कुमार, अशोक कुमार पासी,अमरनाथ सरोज ,डॉ निर्मल राजवंशी ,प्रमोद कुमार, शुभम कुमार, सुरेश कुमार, शिवराम रावत उन्नाव से सुनील कुमार ,गोविंद कुमार उन्नाव, सुनील कुमार पासवान, सोनू पासी, शिव कुमार ,राधेश्याम गुर्जर ,अहमदाबाद, रामु रावत, रामकेश जी, दयाराम रावत रायबरेली ,राजीव कुमार भदोही आदि स्वाजाति बन्धु प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया कार्यक्रम का समापन नवीन भारती नालंदा विहार ने किया








## आठ को होगा मेजरमेण्ट कैम्प का आयोजन

चित्रकूट। समग्र षिक्षा अभियान के अन्तर्गत समेकित षिक्षा एक महत्वपूर्ण घटक है, जिसका उद्देष्य 6 से 14 आयु वर्ष के सभी प्रकार के दिव्यांग बच्चों को बाधा रहित वातावरण प्रदान कर षिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ना है। इसी क्रम में 8 अगस्त को यूईआरसी (कम्पो विद्यालय परिसर ट्राफिक चौराहा) नया बाजार कर्वी में एलिम्को कानपुर की टीम के सहयोग से मेजरमेण्ट कैम्प (मापन एवं चिन्हीकरण षिविर) का आयोजन किया जायेगा। जिसमे प्रत्येक दिव्यांग बच्चे को माप कर यह निर्धारित किया जायेगा कि उसको विद्यालय तक पहुंचने व षिक्षा ग्रहण करने में कौन सा उपकरण सहायक सिद्ध होगा। जिला बेसिक षिक्षाधिकारी लव प्रकाष यादव ने बताया कि परिषदीय विद्यालयों में अध्ययनरत् दिव्यांग बच्चे जिनको विगत वर्षों में कोई उपकरण प्राप्त नहीं हुआ, वह प्रमाण पत्र लेकर 8 अगस्त को मापन षिविर में प्रतिभाग करें, जिससे मापनोपरांत 19 अक्टूबर को सभी प्रतिभागी दिव्यांग बच्चों को निःषुल्क उपकरण उपलब्ध कराया जा सके। इसके अतिरिक्त जिला बेसिक षिक्षाधिकारी ने बताया कि षासन द्वारा वर्ष 2022–23 में 200 दिव्यांग बालिकाओं को स्टाईपेण्ड (वृत्तिका) उपलब्ध करायी जायेगी। जिससे दिव्यांग बालिकाओं का षिक्षा के प्रति रूझान बढ़े तथा 65 दिव्यांग बच्चे जो किसी न किसी सहयोग से विद्यालय पहुंचते है या कोई सहयोगी न मिलने के कारण विद्यालय नहीं पहुंच पाते हैं, उनको एस्कार्ट एलाउन्स प्रदान कर षिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ा जाना है। इसके अतिरिक्त अगस्त व सितम्बर माह में दिव्यांता प्रमाण पत्र उपलब्ध कराने के लिए मुख्य चिकित्साधिकारी की टीम के सहयोग से जनपद के 3 स्थानों पर 3 मेडिकल एसेसमेण्ट कैम्पस का अयोजन कराया जायेगा।

# सातवीं मोहर्रम को घीया मण्डी से निकला अलमों का जुलूस

☒ महिलाओं ने अलमों पर बांधे चांदी के मन्नत के धागे
☒ जामा मस्जिद पर अखाड़ेदारों ने करतब दिखाए

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो चीफ
मथुरा। मोहर्रम कमेटी शहर व सदर के तत्वाधान में शहर मथुरा में हजरत इमाम हुसैन की याद में ताजियेदारी, अलमदारी, अखाड़ेदारी का परामपरागत जुलूस सादगी के साथ निकाला जाता है। महिलाओं द्वारा



मोहर्रम के पवित्र माह में निकलने वाले 52 तलवारी अलमों में मुराद व मन्नत मांगने के लिए चांदी आदि धातुओं के धागे बाधें गए।

इसी क्रम में मोहर्रम कमेटी अध्यक्ष मौ० यूनुस गाजी व सचिव अबरार खान ने बताया कि आज सातवीं मोहर्रम को नबाव मंसूरी निवासी घीया मण्डी थाना कोतवाली मथुरा द्वारा अलमों व अखाड़े का जुलूस शाम 06 बजे करीब परम्परागत स्थान घीया मण्डी से प्रारम्भ होकर भरतपुर गेट, मनोहरपुरा, मटिया दरवाजा, बरवार पाड़ा, मण्डी रामदास, टेक नारनौल, विसायती खिड़की, हालनगंज, वृन्दावन गेट, होकर जामा मस्जिद चौक बाजार पहुंच कर लगभग एक से डेढ़ घंटा अखाड़ा जमा और अखाड़े के उस्ताद खलीफाओं द्वारा अपने अपने करतब दिखाए गए। इसके उपरांत कुशक गली, हनुमान टीला, काजीपाड़ा, चूड़ी वाली गली, नककारची टीला होकर चौक बाजार, घीया मण्डी पर पहुंचकर संपन्न हुआ। अलमों के जुलूस के साथ मोहर्रम कमेटी अध्यक्ष मोहम्मद युनूस गाजी व सचिव अबरार खान वारसी एवं समस्त मोहर्रम पदाधिकारी और पुलिस बल के साथ जुलूस की व्यवस्था बनाते हुए जुलूस के साथ चल रहे थे। और जगह जगह श्रद्धालुओं के लिए हजरत इमाम हुसैन की याद में शर्बत की प्याऊ व लंगर प्रसाद वितरण का सिलसिला चलता रहा। इसी क्रम में उन्होंने कहा कि मोहर्रम का महिना बहुत ही सादगी के साथ मनाया जाता है इसलिए आप सभी ताजियादार अलमदार, अखाड़ेदार जुलूसों में ढोल ना बाजाएं और अपने अपने जुलूसों को सादगी के साथ निकालें। इस मौके पर भूरा शेख, डॉ शबनम कुरैशी, निशात अहमद, राजू फारुकी, यासीन शाह, जहीर अब्बास जैदी, शहजाद बेग, मौ० आरिफ कुरैशी, मोहम्मद चांद, गुड्डू खान, नौशाद खान, हाजी सूफी सईद कुरैशी, कायम भाई, बंटी कुरैशी, नईम अब्बासी, आबिद कुरैशी, हाजी सलीम वारसी, आरिफ खान, सादान वारसी, अजलान वारसी, मोहर्रम कमेटी मीडिया प्रभारी शाहिद कुरैशी आदि मौजूद रहे।

# सीजेएम कोर्ट का आदेश हत्या का मुकदमा दर्ज कर कोतवाली पुलिस करे विवेचना

दैनिक अयोध्या टाइम्स संवाददाता दिगन्त श्रीवास्तव संत कबीर नगर। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट महेन्द्र कुमार सिंह की कोर्ट ने हत्या का मुकदमा दर्ज करके कोतवाली पुलिस को विवेचना करने का आदेश दिया । प्रकरण कोतवाली खलीलाबाद क्षेत्र के ग्राम बालूशासन का है । आरोप है कि पीड़िता के पति की तेलंगाना राज्य के हैदराबाद जनपद में हत्या कर दी गई है ।पीड़िता के अधिवक्ता सुधीर कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि राजमती पत्नी दुर्गा प्रसाद निवासी बालूशासन ने धारा 156 (3) naçla के अंतर्गत मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की कोर्ट में आवेदन किया । उसका आरोप है कि उसके पति दुर्गा प्रसाद पुत्र चिरकुट तेलंगाना राज्य के सिरकिला टाउन थाना तातेर जनपद हैदराबाद में काम करने गए थे। पति के साथ गांव का बरमदेव पुत्र हरिवंश भी गया था। दिनांक 8 मार्च 2022 को उसके पति और बरमदेव के बीच कहासुनी हो गई। पीड़िता के पति ने फोन करके कहा कि बरमदेव मुझे जान से मारने की धमकी दे रहा है । बातचीत के दौरान ही बरमदेव वहां आ गया और फोन पर सब बात सुनती रही । पीड़िता ने फोन पर हो रहे कहासुनी की बात बरमदेव की पत्नी को भी




सुनाया । जिसमें बरमदेव जान से मार डालने की धमकी दे रहा था । कुछ देर बाद ही दूसरे व्यक्ति का फोन आया कि तुम्हारा पति मर गया । प्रार्थिनी कोतवाली पुलिस का चक्कर लगाती रही। कोतवाली पुलिस ने यह कह कर पल्ला झाड़ लिया कि मामला दूसरे राज्य का है । निराश पीड़िता ने पोस्टमार्टम रिपोर्ट के साथ न्यायालय की शरण लिया। सीजेएम महेन्द्र कुमार सिंह की कोर्ट ने मुकदमा दर्ज विवेचना करने का आदेश कोतवाली खलीलाबाद पुलिस को दिया।

# बीकेयू टिकैत की रविवार को हो रही महापंचायत स्थल का जायजा लेने प्रदेश प्रवक्ता पहुँचे

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो चीफ
मथुरा। भारतीय किसान यूनियन टिकैत के राष्ट्रीय नेतृत्व के आह्वान पर दिनांक 7/अगस्त/2022 दिन रविवार समय दोपहर 12 बजे श्रीकृष्ण वनस्थली इंटर कॉलेज मानागढ़ी जनपद मथुरा मे किसान, मजदूर व युवाओं की महापंचायत का आयोजन किया जा रहा है। जिसको भाकियू के राष्ट्रीय प्रवक्ता चौधरी राकेश टिकैत सम्बोधित करेंगे। इसी संदर्भ में आज शनिवार दोपहर को प्रदेश उपाध्यक्ष बुद्धा सिंह प्रधान व प्रदेश प्रवक्ता गजेंद्र सिंह परिहार अपनी संयुक्त टीम के साथ महापंचायत स्थल पर जायजा लेने पहुंचे। बारिश की वजह से प्रोग्राम स्थल पर खराब स्थिति को देखते हुए उन्होंने प्रोग्राम स्थल को सुधारने का कार्य कराया। महापंचायत को जाने वाले रास्ता उबड़ खाबड़ होने के चलते प्रवक्ता ने चूक के अधिकारियों को अवगत कराया। अधिकारियों ने तुरंत एक टीम भेज कर रास्ते को सही करवाना शुरू कर दिया। प्रदेश प्रवक्ता के साथ बुद्धा सिंह प्रधान प्रदेश उपाध्यक्ष उत्तर प्रदेश, गजेंद्र सिंह परिहार प्रदेश प्रवक्ता उत्तर प्रदेश, रणवीर सिंह चाहर मंडल अध्यक्ष आगरा, जगदीश परिहार प्रमुख महासचिव आगरा मंडल, तेज बहादुर सोनी महासचिव





आगरा मंडल, देवेंद्र सिंह रघुवंशी जिला अध्यक्ष मथुरा, गजेंद्र सिंह गावर उपाध्यक्ष आगरा मंडल, मानसिंह बाबा, धीरी सिंह जिला महासचिव मथुरा, इंद्रपाल सिंह जिला सचिव मथुरा चंद्रभान सिंह प्रधान हथोड़ा छीतर सिंह कैप्टन मानागढ़ी घूरेलाल नेताजी मानागढ़ी, ओम प्रकाश नेताजी सुभाष चोपड़ा संजय अग्रवाल जिला कोषाध्यक्ष मथुरा करुआ सिंह प्रचार मंत्री आदि किसान क्षेत्र के सरदारी मौजूद रही।

# अवयस्क बालक संग किया अप्राकृतिक दुष्कर्म हुआ गिरफ्तार गया जेल

दैनिक अयोध्या टाइम्स जिला संवाददाता राहुल त्रिपाठी संत कबीर नगर । अवयस्क बालक के साथ अप्राकृतिक दुष्कर्म करने के एक




आरोपी को धनघटा पुलिस ने गिरफ्तार किया । गिरफ्तार आरोपी रामकेस पर एक नाबालिग बालक के साथ अप्राकृतिक दुष्कर्म करने का आरोप लगाया गया है । गिरफ्तार आरोपी को पुलिस ने न्यायालय रवाना किया। न्यायालय ने गिरफ्तार आरोपी को जेल भेज दिया। मामला धनघटा थानाक्षेत्र के एक गांव का है। पुलिस क्षेत्राधिकारी धनघटा रामप्रकाश ने बताया कि प्रकरण में पीड़ित बालक की मां ने अभियोग पंजीकृत कराया है। वादिनी का आरोप है कि दिनांक 5 अगस्त 2022 को उसके नाबालिग पुत्र के साथ आरोपी ने अप्राकृतिक दुष्कर्म किया । इतना ही नहीं उलाहना देने पर प्रार्थिनी के साथ मारपीट किया और जान से मारने की धमकी दिया । वादिनी के प्रार्थना पत्र पर पुलिस ने धारा 377 , 323 , 504 , 506 भादवि का अभियोग पंजीकृत किया । प्रभारी निरीक्षक थाना धनघटा कृष्ण देव सिंह ने बताया कि आरोपी रामकेस पुत्र राम पराग ग्राम तिघरा थाना धनघटा का रहने वाला है। उन्होंने बताया कि आरोपी रामकेस को गिरफ्तार कर लिया गया है।

# किशोर कुमार की 93 वीं जयंती पर किशोर कुमार फैंस क्लब ने गीत संगीत कार्यक्रम अयोजित मनाई जयंती

कुल्टी। कुल्टी किशोर कुमार फैन क्लब द्वारा किशोर कुमार की 93 वीं जयंती पर कुल्टी थाना मोड़ मैदान में 5वां किशोर कुमार सम्मान अवार्ड के साथ किशोर संगीत समारोह का आयोजन कर किशोर कुमार की जयंती मनाई गई। किशोर कुमार फैन क्लब द्वारा आयोजित कार्यक्रम का उद्घाटन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सेल ग्रोथ वर्क्स के कार्यपालक निदेशक ईडी राजन प्रसाद ने दीप जलाकर किया। इस अवसर पर वर्ष 2022 का किशोर सम्मान अवार्ड ख्यातिप्राप्त कवि एवम लेखक समीपेन्द्र लाहिड़ी को प्रदान किया गया।

इस अवसर पर पश्चिम बर्दवान जिला के ख्यातिप्राप्त कलाकारों ने किशोर कुमार की आवाज में अपनी गीत प्रस्तुत किया, किशोर कुमार फैन क्लब द्वारा वर्ष 2009 में किशोर सम्मान प्राप्त दुर्गा राना, वर्ष 2010 में किशोर सम्मान से सम्मानित जेम्स जैसे कलाकार शामिल थे।

इस अवसर पर किशोर कुमार के गीतों पर आधारित नृत्य नाटिका एवम गीतों पर नाटक का मंचन किया गया।

कार्यक्रम के आयोजन में किशोर कुमार फैन क्लब के सदस्य एवम विशिष्ट समाजसेवी उदय घोष के साथ जाने माने कलाकार बाबू प्रतिम, जिनके नेतृत्व में कलाकारों को मार्गदर्शन किया गया सहित बाबन सेनगुप्ता, अनुपम अधिकारी, लखिन्दर मुखर्जी, मृन्मोय मुखर्जी, पार्थो सेठ, सोमेन बनर्जी, कुमार आशीष विप्लव चटर्जी, बरुन बाउरी, जयंत चटर्जी, लखिनारायन दास, उत्तम मंडल, प्रसेनजित राय, समीर गुप्ता, शर्मिला दास सहित किशोर कुमार फैन क्लब के सभी



सदस्यों का विशेष योगदान रहा।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में सेल ग्रोथ वर्क्स के कार्यपालक निदेशक राजन प्रसाद, सीजीएम शुभाशीष सेनगुप्ता, महाप्रबंधक आरएस महावर, महाप्रबंधक देवाशीष घोष, महाप्रबंधक एमके भांगड़े, वरिष्ठ प्रबंधक जीशान आदिल, सेल रॉइट्स के सीईओ शुशांत भटाचार्य, महाप्रबंधक उज्ज्वल मुखर्जी, आसनसोल नगरनिगम के एमआईसी इंद्राणी मिश्रा, पार्षद पूनम देवी, पार्षद चौतन्य माजी समेत क्षेत्र के गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे ।

# राजेश हत्या कांड को आरोपियों ने दोहराया, हत्या में इस्तेमाल लोहे का पाइप बरामद



सलानपुर। सलानपुर थाना अंतर्गत जेमहारी हाटतोला निवाशी राजेश बाउरी की बीते 25 जुलाई को हुई हत्या मामले में पुलिस ने गिरफ्तार आरोपीयों भादू बाउरी(राजेश की पूर्व प्रेमिका), बहन पदमाबती सोरेन, पति अमित बाउरी से शनिवार अपराध की पुनरावृत्ति दोहराया एवं पूरे प्रकरण की पुलिस ने वीडियोग्राफी की। इस दौरान आरोपियों की निशानदेही पर कालिपथर मुचिडीह चौक डैम जलाशय से हत्या में इस्तेमाल लोहे की पाईप बरामद किया गया। आरोपीयों को लेकर पुलिस शनिवार को हत्याकांड स्थल अल्लाडीह नर्सरी के समीप समेत शव को दफनाये गये एंव बाइक को कुएं में डालने वाली जगह पर पहुँची। आरोपी ने क्राइम सीन को पुलिस के सामने दोहराया एवं अपराध की पूर्णवृति को चरितार्थ कर दिखाया। जिससे पुलिस को घटना की बारीकियों एवं हत्या के सही कारणों का पता चले एवं न्यायालय को साक्ष्य प्रस्तुत किया जा सके, जिससे आरोपियों को सजा मिल सके और आरोपियों ने किस कारण से राजेश बाउरी की हत्या की एंव कैसे हत्या की इस राज से पर्दा उठ सके। बतातें चले कि विगत 25 जुलाई से जेमहारी निवाशी राजेश बाउरी लापता था। जिसका शव विगत 29 जुलाई शुक्रवार को आरोपियों की निशानदेही पर एनटीपीसी पाईप लाइन के समीप काशीडांगा जंगल से जमीन के नीचे से बोरे में बरामद किया गया था। वही घटना को लेकर मृतक राजेश की पत्नी बंदना बाउरी द्वारा किये गये लिखित शिकायत दर्ज कर सालानपुर थाना कांड संख्या 170/23 दिनांक 29.07.2022 आईपीसी धारा –363/365, 302, 201, 34 के तहत मामले में कारवाई करते हुये पुलिस ने विगत 29 जुलाई को सन्देह के बिन्ह पर राजेश की पूर्व प्रेमिका भादू बाउरी, पति अमित बाउरी, भादू की बहन पदमाबती सोरेन से पूछताछ की जिसके बाद सभी ने अपना जुर्म कबूल कर लिया। साथ ही उनके निशानदेही पर 29 जुलाई देर रात को राजेश का शव बरामद किया गया, वही मामले में अधिक जाँच के लिये आरोपियों की 10 दिनों की पुलिस हिरासत पर न्यायालय भेज दिया गया। पुलिस हिरासत में आरोपियों की निशानदेही पर मृतक राजेश की बाइक की बरामदगी अल्लाडीह नर्सरी के समीप परित्यक्त कुएं से की गई।

वही शनिवार मामले को लेकर हत्या के आरोपीयों को लेकर पुलिस ने हत्या की जगह अल्लाडीह नर्सरी के समीप, कालिपथर मुचिडीह चौक डैम जहाँ उसके शव के साथ आरोपियों ने रात होने का इंतजार किया एंव हत्या में शामिल लोहे के पाइप एंव राजेश के मोबाइल फोन को डैम में फेंका एंव अल्लाडीह नर्सरी के समीप परित्यक्त कुएं जहाँ पर राजेश की बाइक को फेंका था वहाँ पहुँची एंव आरोपीयों ने पुनः क्राइम सीन को दोहराया, जिससे आरोपीयों के खिलाफ और अधिक सबूत इक्कठा किया जा सके। बताया जा रहा है कि क्राइम सीन दोहराने के दौरान आरोपीयों ने बताया कि राजेश अमित की पत्नी भादू(राजेश की पूर्व की प्रेमिका) जिसे राजेश बहुत दिनों से परेशान कर रहा था। जिसको लेकर भादू, पति अमित, बहन पदमाबति राजेश से मिलने विगत 25 जुलाई शाम अल्लाडीह नर्सरी के समीप मिलने गये थे। जहाँ कहा सुनी के बाद भादू ने लोहे की पाइप से राजेश के सर पर हमला किया । जिसमें उसकी मौत हो गई। जिसके बाद आरोपियों ने राजेश के शव को पास के जंगल मे छुपा कर तीनो पास के मंदिर में रात होने का इंतजार करने लगे, रात होते ही आरोपियों ने रजेश के शव को बोरे में बांध कर राजेश के ही बाइक से शव को पहले मुचिडीह चौक डैम के पास ले गये वहा जगह ना मिलने पर सड़क सुमसान होने का इंतजार करने लगे और हत्या में इस्तेमाल पाइप एंव राजेश के फोन को मुचिडीह चौक डैम में फेंक दिया बाद में शव को काशीडांगा के जंगल मे गढ़े में दफन कर बाइक से तीनों अल्लाडीह नर्सरी के पास पहुँचे जहाँ अमित ने राजेश की बाइक को परित्यक्त कुएं में फेंक कर, वहाँ से तीनों रेलवे लाइन होते हुए अपने घर सालानपुर भगराम चले आये। वही आरोपियों की पुलिस हिरासत की अवधि खत्म होते ही एकत्रित सभी सबूतों को न्यायालय के सामने सुपुर्द करेगी।

# कोल् इंडिया कल्याण बोर्ड भामस सदस्य अशोक मिश्रा ने संकतोड़िया अस्पताल का किया निरीक्षण, असंतोष जताया

सांकतोड़िया। कोल इंडिया कल्याण बोर्ड भामस के सदस्य अशोक मिश्रा ने शनिवार को सांकतोड़िया स्थित ईसीएल अस्पताल का निरीक्षण कर असंतोष व्यक्त किया। अस्पताल में बिना यूनिफार्म में डॉक्टर एवं स्टाफ को देख भड़क गए। ईसीएल को कल्याणमुलक कार्यों में काफी पीछे बताया। उन्होंने इन सारे कमियों को कोल इंडिया के निदेशक कार्मिक विनय रंजन से शिकायत करने की बात कही। इस वक्त उनके साथ ईसीएल के महाप्रबंधक (सिविल) अभय कुमार, महाप्रबंधक (सीएसआर एवं कल्याण) बी के झा बीएमएस प्रदेश के मंत्री महेंद्र गुप्ता कल्याण बोर्ड के सदस्य नवल किशोर सिंह खान श्रमिक कांग्रेस (बीएमएस) के क्षेत्रीय सचिव दयाचंद नोनिया, खान श्रमिक कांग्रेस के सचिव (ईसीएल मुख्यालय) मृत्युंजय कुमार सिंह सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

जानकारी के अनुसार शनिवार को कोल इंडिया कल्याण बोर्ड के सदस्य अशोक मिश्रा ने सांकतोड़िया अस्पताल के विभिन्न वार्डों, कमरे, बाथरूम एवं दवा स्टोर, एक्सरे आदि का निरीक्षण किया। मरीजों से अस्पताल का भोजन से संबंधित जानकारियां ली। मरीजों को मिल रहे भोजन को देख संतुष्टि जाहिर की। लेकिन किचन में खाने की सामग्री की गुणवत्ता को अच्छा नहीं बताया। आटा के बोरे में पानी और आटा गीला देख नाराजगी व्यक्त की। इस बीच अस्पताल में बिना यूनिफार्म में डॉक्टर एवं स्टाफ को देखा तो माजरा बिगड़ गया। वे भड़क गए। पूछा कि बिना ड्रेस के ड्यूटी क्यों कर रहे हैं? इस अप्रत्याशित प्रश्न से सभी अकबका गए। किसी ने गोल मटोल जवाब दिया तो किसी ने खुलकर कहा कि विगत छः वर्षों से कपड़ा नहीं मिलने का आरोप लगाया। इस पर अशोक मिश्रा गुस्सा गए। यही सवाल अस्पताल



प्रबंधन से पूछा तो उन्होंने कहा की सीएमओ छुट्टी पर हैं। मैं दो दिन से चार्ज में हूं। अब इस विषय में सीएमओ ही बता सकती हैं। उन्होंने कहा कि एक कर्मी को सालाना कंपनी पांच हजार ड्रेस के लिए देती है। आखिर में यह पैसा कहां जाता है? किसी को छः वर्षों से तो किसी को पांच वर्षों से ड्रेस नहीं दिया गया है। तो इसकी राशि का क्या हुआ यह जांच का विषय है। उन्होंने एक्सरे मशीन के कागजात मांगा तो अस्पताल प्रबंधन की ओर से कोई कागजात नहीं पेश किया गया। कहा एक्सरे का कोई चिकित्सक नहीं है । अस्पताल प्रबंधन हिसाब बताने से कतराने लगे। श्री मिश्रा ने कोल इंडिया में सबसे छोटी कंपनी एनइसी की इस विषय मे सराहना की। उन्होंने अस्पताल का निरीक्षण किया, ईसीएल अस्पताल की स्थिति से बेहतर बताया।

# मथुरा और मंडल के अधिकारियों की देखरेख में हो रहा है राष्ट्रीय ध्वज का अपमान मथुरा की इंडस्ट्रीज कर रही हैं

☒ प्रधानमंत्री जी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के होते हुए राष्ट्रीय ध्वज का मथुरा की इंडस्ट्रीज वाले अपमान कर रहे हैं

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो चीफ
मथुरा। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार अभी तक जो फैक्ट्री राष्ट्रीय ध्वज छापने का काम कर



रही हैं उन फैक्ट्रियों पर अभी तक कोई कार्यवाही नहीं हुई है जवकि इन खबरों को मथुरा जिले के जितने भी अधिकारी है और मंडल के आईजी डीआईजी कमिश्नर और डीजीपी लखनऊ तक इस खबर को पढ़ चुके होंगे क्योंकि इन सभी के पास दैनिक अयोध्या टाइम्स की और ग्लोबल टाइम्स 7 डिजिटल न्यूज नेटवर्क की खबर इन अधिकारियों के पास पढ़ चुकी हैं आज तक मथुरा की इंडस्ट्रीज पर कोई भी कार्यवाही नहीं हुई है इससे पहले भी खबर चल चुकी हैं राष्ट्रीय ध्वज का हो रहा है अपमान मथुरा की इंडस्ट्रीज एवं कटिंग कर रहे कारीगर कर रहे हैं राष्ट्रीय ध्वज का अपमान पैरों से खून्द रहे हैं और कूड़ेदान मैं डाल रहे हैं और नाड़े बना रहे हैं मथुरा की फैक्ट्रियों में कूड़ेदान में पढ़े हुए हैं राष्ट्रीय ध्वज को मथुरा के फैक्ट्री वाले जानबूझकर राष्ट्रीय ध्वज का अपमान कर रहे हैं क्या राष्ट्रीय ध्वज का मथुरा के फैक्ट्री वालों को पता नहीं है क्या यह राष्ट्रीय ध्वज है क्या कोई अधिकारी इन फैक्ट्रियों में घूमने गया है क्या जिन फैक्ट्रियों में राष्ट्रीय ध्वज का छपाई का काम हो रहा है वह मथुरा की करीब 75 परसेंट फैक्ट्री यह राष्ट्रीय ध्वज छाप रही हैं।




यह बैनर फैक्ट्री वाले राष्ट्रीय ध्वज को देखते हुए भी इस पर लगाम नहीं लगा रहे हैं और इन मथुरा की फैक्ट्रियों पर राष्ट्रीय ध्वज छापने का कोई भी लाइसेंस नहीं है और जो फैक्ट्री राष्ट्रीय ध्वज को छाप रही हैं उनका नाम ब्रज उद्योग. बरसाना साड़ी. कन्हैया लाल. अक्षरा फैब्रिक. सुशील प्रिंट. राजश्री साड़ी सेंटर. रसिया साड़ी सेंटर पाली खेड़ा. घनश्याम साड़ी सेंटर. जयशंकर साड़ी सेंटर. हनुमान टेक्सटाइल. रेखा साड़ी सेंटर. नैना टेक्सटाइल एवं ऐसी अन्य फैक्ट्रियां राष्ट्रीय ध्वज को छाप रहे हैं इसमें अधिकारी और राजनेता भी सम्मिलित हैंअधिकारियों की देखरेख में छापा जा रहा है।

मथुरा की फैक्ट्रियों में फिर भी उस राष्ट्रीय ध्वज का अपमान हो रहा है क्या उत्तर प्रदेश सरकार इन मथुरा की फैक्ट्री वालों पर और अधिकारियों पर और राजनेताओं पर कोई कार्यवाही होगी या राष्ट्रीय ध्वज का अपमान होता रहेगा कुछ फैक्ट्री वाले तो ऐसे भी हैं जिन पर जीएसटी नंबर नहीं है मगर फिर भी इंडस्ट्रीज लगाकर बैठे हुए हैं और राष्ट्रीय ध्वज को अपनी फैक्ट्री में छाप रहे हैं जो कि कुछ साइज हैं जो 8 रुपए का राष्ट्रीय ध्वज पड़ता है उसे राजनेता खरीद कर ओने पौने दामों में आगे सप्लाई कर रहे हैं इससे पता लगता है इसमें कितनी धांधली बाजी हो रही है और मथुरा की इंडस्ट्रीज वाले जो भी कलर का पानी होता है उसे नालों के द्वारा जमुना नदी में कलर के पानी को बहा देते हैं जिससे पे जमुना नदी का पानी गंदा हो रहा है और पोलूशन हो रहा है उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री एवं देश के प्रधानमंत्री कहते हैं जमुना मैया को पोलूशन मुक्त करेंगे जब के उत्तर प्रदेश सरकार एवं भारत सरकार इस जमुना नदी पर करोड़ों रुपए खर्च कर चुकी है मगर आज तक जमुना मैया मैं गंदा पानी डालने से आज तक न कोई अधिकारी रोक पाया है ना कोई मंत्री रोक पाया है जब कि मथुरा में 2 .2 मंत्री रह चुके हैं और अब भी मथुरा में एक मंत्री जी हैं वही नहीं देख रहे हैं इससे प्रतीत होता है कि इस खेल में कौन कहां तक इस भ्रष्टाचार में लिप्त है जब कि पोलूशन की खबरें पहले भी चल चुकी है मगर अधिकारी कोई भी कार्रवाई करने से बचते हैं क्योंकि उनकी जेब गरम होती है हर महीने सूत्रों की माने तो मथुरा की इंडस्ट्रीज को दिखावे के लिए नोटिस भेजे हुए हैं और मथुरा वृंदावन नगर निगम भी कुछ नहीं करती है क्योंकि नगर निगम की भी जेल गर्म होती है।

## संक्षिप्त समाचार

### नियामतपुर स्थित सूर्य मंदिर में लगी निःशुल्क योग शिविर

नियामतपुर। नियामतपुर स्थित श्री सुर्य मंदिर परिसर अंतर्गत नवनिर्मित योग भवन में हरिद्वार से स्वामी रामदेव जी के आदेश पर विश्व स्तर पर योगाभ्यास कराने का क्रम देश के हर क्षेत्रों में अनुभवी योग शिक्षकों द्वारा किया जा रहा और इसी तरह सुर्य मंदिर के योग भवन में योगगुरु डॉक्टर रामा रावत जी द्वारा नित्य योगाभ्यास का शिविर लगाया जाता है। जहाँ शरीर को निरोग और दुरुस्त करने के हर तरह के योगाभ्यास गुरुजी द्वारा सिखाया जाता है। दो घंटे तक का चलने वाला योग शिविर में काफी लोग लाभ उठा रहे हैं। सबसे बडी बात इस शिविर में कोई शुल्क नहीं लिया जाता है। यह शिविर सेवार्थ हेतु चलाया जाता है। जिससे हर व्यक्ति लाभ उठा सकते हैं।



### मथुरा गोवर्धन मार्ग पर गांव दतिया के समीप सड़क दुर्घटना में स्कूली छात्रा की हुई मौके पर मौत

दैनिक अयोध्या टाइम्स त्रिलोकी नाथ अग्रवाल रिपोर्ट मथुरा। मथुरा तहसील के गांव तोष निवासी मोहन सिंह की बेटी कुमकुम राधा माधव



इंटर कॉलेज गोवर्धन रोड बाकलपुर में कक्षा 11 की छात्रा है कुमकुम स्कूल से पढ़ाई करके छुट्टी के बाद अपनी साइकिल से अपने घर तोष के लिए जा रही थी दतिया गांव के समीप पीछे से तेज गति से आते हुए ट्रक ने कुमकुम की साइकिल को टक्कर मार दी जिससे छात्रा की मौके पर ही मौत हो गई जिसमें रोड निर्माण का कार्य कर रही कंपनी के द्वारा भी लापरवाही प्रतीत होती है रोड को फोर लाइन किया जा रहा है लेकिन उसकी उचित चौड़ाई नहीं की जा रही वाहनों को बचने में काफी परेशानी होती है आए दिन दुर्घटनाएं इस तरीके से होती रहती है प्रशासन इस खबर से बेखबर है।

### 5 किलो 7 सौ ग्राम अवैध गांजा बरामद जुर्म स्वीकार करने पर एक वर्ष का कठोर कारावास

दैनिक अयोध्या टाइम्स जिला संवाददाता राहुल त्रिपाठी संत कबीर नगर। जुर्म स्वीकार करने पर एक गांजा तस्कर को अपर जनपद एवं सत्र न्यायाधीश त्वरित न्यायालय द्वितीय काशिफ शेख की कोर्ट ने एक वर्ष के कठोर कारावास का सजा सुनाया। कोर्ट ने आरोपी रामाश्रय चौहान पर सजा के साथ पांच हजार रुपए का अर्थदण्ड भी लगाया है। अर्थदण्ड का भुगतान न करने पर आरोपी को एक माह की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। आरोपी के पास से पांच किलो 7 सौ ग्राम अवैध गांजा बरामद हुआ था। मामला धनघटा थानाक्षेत्र का है। विशेष लोक अभियोजक एनडीपीएस एक्ट हरिकेश त्रिपाठी ने बताया कि प्रकरण में एसओजी प्रभारी अजीत कुमार मिश्र ने अभियोग पंजीकृत कराया था । उनका आरोप था कि दिनांक 16 जनवरी 2012 को एसओजी प्रभारी अजीत कुमार मिश्र क्षेत्र भ्रमण के दौरान धनघटा थानाक्षेत्र के नेतवापुर चौराहे पर मौजूद थे । मुखबिर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति अवैध गांजा लेकर जा रहा है । इतने में एक संदिग्ध व्यक्ति आता दिखाई दिया । हम पुलिस वालों को देखकर भागने के प्रयास में था । घेर कर पकड़ लिया गया । नाम पता पूछने पर अपना नाम रामाश्रय चौहान पुत्र पृथ्वीपाल चौहान ग्राम चपरा पूर्वी थाना धनघटा बताया । तलाशी लेने पर उसके पास से 5 किलो 700 ग्राम अवैध गांजा बरामद हुआ । इसके वैध कागजात की मांग करने पर प्रस्तुत नहीं कर सका । आरोपी रामाश्रय चौहान के विरुद्ध धनघटा थाने धारा 8 ६ 20 एनडीपीएस एक्ट का अभियोग पंजीकृत किया गया । विवेचना के उपरांत पुलिस ने न्यायालय में आरोप पत्र प्रेषित किया । विशेष लोक अभियोजक हरिकेश त्रिपाठी ने बताया कि मामले में अजीत कुमार मिश्र का कोर्ट में बयान अंकित हो चुका था । इसी बीच आरोपी रामाश्रय चौहान ने स्वेच्छा से अपना अपराध स्वीकार कर लिया । पक्षों की बहस सुनने एवं पत्रावली पर उपलब्ध साक्ष्यों का अवलोकन करने के पश्चात आरोपी को दोषसिद्ध करार दिया । आरोपी रामाश्रय चौहान ने अपने वृद्धावस्था का हवाला देते हुए अपराध क्षमा करने की याचना किया। अपर जनपद एवं सत्र न्यायाधीश त्वरित न्यायालय द्वितीय काशिफ शेख की कोर्ट ने एक वर्ष के कारावास और पांच हजार के अर्थदंड का सजा सुनाया।

### तिरंगा संकल्प यात्रा की सफलता हेतु आप आयोजित करेगी तिरंगा शाखा

☒ जिलाध्यक्ष की उपस्थिति वाला कार्यक्रम ही होगा वैध : रमेश यादव

दैनिक अयोध्या टाइम्स संवाददाता दिगन्त श्रीवास्तव संतकबीर नगर। आम आदमी पार्टी जिले में तिरंगा शाखा का आयोजन करेगी। यह तिरंगा शाखा आगामी 14 अगस्त को प्रदेश कार्यालय पर आयोजित तिरंगा संकल्प यात्रा को सफल बनाने के लिए आयोजित किया जाएगा । जिलाध्यक्ष की उपस्थिति वाले कार्यक्रम को ही वैधानिकता प्राप्त होगी । इसलिए कोई भी कार्यक्रम जिलाध्यक्ष की अनुमति के बिना आयोजित नहीं किया जाना चाहिए । इसकी जानकारी पार्टी के जिलाध्यक्ष रमेश चन्द्र यादव ने प्रेस प्रतिनिधियों से वार्ता के दौरान दिया ।जिलाध्यक्ष रमेश यादव ने कहा कि रविवार 7 अगस्त को जिले के बेलहरकला प्राथमिक विद्यालय पर तिरंगा शाखा का आयोजन किया जाएगा । यह कार्यक्रम महान स्वतंत्रता सेनानी नेता जी सुभाष चन्द्र बोस की स्मृति में आयोजित होगा । इस दौरान उनके योगदान एवं कृतित्व के विषय में लोगों को जागरूक किया जाएगा । इस कार्यक्रम में स्वच्छता अभियान भी चलाया जाएगा । जिलाध्यक्ष ने कहा कि कोई भी कार्यक्रम उनकी उपस्थिति के



बिना वैध नहीं होगा । इसलिए ऐसा कोई कार्यक्रम आयोजित न किया जाए।

उन्होंने कहा कि तिरंगा संकल्प यात्रा में जिले के तीनों विधानसभाओं मेंहदावल , खलीलाबाद एवं धनघटा से अधिक से अधिक कार्यकर्ता प्रतिभाग करेंगे । जिलाध्यक्ष ने कहा कि प्रदेश प्रभारी एवं राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने 25 मई 2022 को मुझे पुनः जिलाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी है । प्रदेश कार्यालय ने 30 पदाधिकारियों की जिला कार्यकारिणी को संस्तुति प्रदान किया है । इसमें रमेश चंद्र यादव जिलाध्यक्ष , आलोक श्रीवास्तव जिला महासचिव , सुधीर सिंह , बलवंत राय , राम गोपाल तिवारी , अमरपाल पांडेय , अरविंद यादव , राम जियावन गौतम उपाध्यक्ष , सभाजीत कुमार कोषाध्यक्ष , ब्रह्मदेव सिंह जिला मीडिया प्रभारी की जिम्मेदारी दी गई है । अजय नारायण दूबे , श्री प्रकाश शुक्ला , राम आशीष , सगीर अहमद खान , कर्मवीर यादव , मलखान सिंह , जोखन महाराज जिला सचिव , बैजनाथ यादव , अम्बिका राय , सौरभ त्रिपाठी , लालचंद यादव , राम उजागर गौतम , विजय यादव , विजय मौर्य , जयराम यादव , सचिन कुमार , राम निवास मौर्य , शिव शंकर चौधरी , मनोज कुमार और पंकज शर्मा को जिला कार्यकारिणी सदस्य नामित किया गया है ।

## स्वर्गीय पुनदेव सहनी जी, आज हमारे बीच नहीं रहेउनका अचानक स्वर्गवास हो जाना उनके परिवार एवम मत्स्य पालन संघ और हम सभी के लिए अपूर्णीय छती : वीआईपी नेता चन्द्रेश्वर कुमार



(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार) पूर्वी चम्पारण। चंदेश्वर कुमार, प्रखण्ड अध्यक्ष,विकासशील इंसान पार्टी पकड़ीदयाल जिला पूर्वी चम्पारण ने कहा कि स्वर्गीय पुनदेव सहनी जी, आज हमारे बीच नहीं रहे, उनका अचानक स्वर्गवास हो जाना, उनके परिवार एवम मत्स्य पालन संघ और हम सभी के लिए अपूर्णीय छती हैं, पुनदेव सहनी जी , अकौना ललबेगिया के निवासी थे, एवम मत्स्य पालन संघ, बिहार के प्रदेश महामंत्री थे,उन्होंने लोगों के आवाजों को उठाते थे ,और हमेशा लोगों के हित में काम करते थे।तीन दिन पहले उनसे मेरी बात हुई ,तो वह ठीक थे, आज सोसल मीडिया के माध्यम से मुझे पता चला ,कि उनका देहांत हो गया!

मैं जिला से बाहर होने के कारण, उनके दाह संस्कार में शामिल नहीं हो पाया, किंतु मैंने उनके परिवार में ,उनके छोटे पुत्र पप्पू कुमार से बात किया और उन्हें सांत्वना दी, पप्पू ने बताया कि दो दिन पहले अचानक उनका तबियत बिगड़ी, आनन फानन में मोतिहारी , रहमानिया में भर्ती करवाया, उसके बाद रेफर कर दिया तो हम लोग उन्हें बेहतर इलाज के लिए मुजफ्फरपुर के नोबेल हॉस्पिटल मे भर्ती कराया ,लेकिन आज उन्होंने नोबेल हॉस्पिटल में अंतिम सांस ली। मैं ईश्वर से प्रार्थना करता हूं की इनके दिव्यंगत आत्मा को शान्ति दे।

## शिक्षकों ने विभिन्न मांगों को लेकर डीईओ का पुतला दहन किया




(ओमप्रकाश सिंह, संवाददाता दैनिक अयोध्या टाईम्स, चिरैया)। शिक्षक संघ समन्वय समिति पूर्वी चंपारण के बैनर तले शिक्षक संघ समन्वय समिति के जिला संयोजक प्रमोद कुमार यादव के आह्वान पर समिति के चिरैया प्रखंड अध्यक्ष भारत भूषण यादव की अध्यक्षता में शनिवार को बी.आर.सी .चिरैया के समक्ष जिला शिक्षा पदाधिकारी, पूर्वी चंपारण का पुतला दहन किया गया। पुतला दहन के दौरान समिति के प्रखंड अध्यक्ष भारत भूषण यादव ने शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षकों के विभिन्न समस्याओ जैसे नवप्रशिक्षित के बकाया वेतन,15 प्रतिशत का अंतर वेतन, मातृत्वा अवकाश सहित अनेक मांगो को जिला शिक्षा पदाधिकारी द्वारा उसका निराकरण न कर अपने अड़ियल रवैया के कारण नवप्रशिक्षित शिक्षकों के वर्षों से बकाया अंतर वेतन आदि का भुगतान नही किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अगर जिला शिक्षा पदाधिकारी एक सप्ताह के अंदर शिक्षकों की मांगोऔर उनके समस्याओं का निराकरण नही किया जाता है तो 16 अगस्त को जिला मुख्यालय में धरना–प्रदर्शन किया जाएगा।

मौके पर प्रखंड सचिव सह प्रखंड संयोजक कुमारी नीलू, रविन्द्र आर्य, इस्लाम अंसारी, अशोक बैठा, सुरेंद्र कुमार, विद्यानंद प्रसाद, सियाराम कुमार, संतोष कुमार, दिनेश कुमार आदि सहित दर्जनों शिक्षक मौजूद थे।

## 65वी वाहिनी एस एस बी द्वारा आम नागरिकों के बीच हर घर तिरंगा जागरूकता कार्यक्रम किया संपन्न

पंचानन सिंह अयोध्या टाइम्स बगहा पश्चिमी चंपारण। 65वी वाहिनी सशस्त्र सीमा बल बेतिया शिविर बगहा के द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत हर घर तिरंगा कार्यक्रम के तहत स्थानीय रेलवे परिसर बगहा तथा अनुमंडल कार्यालय बगहा के प्रांगण मे जाकर हर घर तिरंगा बैनर का प्रदर्शन किया गया साथ ही आम नागरिकों को इस कार्यक्रम से अवगत कराया गया ।सर्वप्रथम 65वी वाहिनी के दिशानिर्देशो को भालिभांति विस्तार से बताया गया ।इसके अलावा तिरंगे झंडे कि गरिमा को बनाए रखते हुए इसे 13 से 15 अगस्त 2022 तक हर घर मे फहराने का आह्वान किया गया।तत्पश्चात रैली अनुमंडल कार्यालय बगहा के परिसर मे हर घर तिरंगा तथा भारत माता की जय–जयकार के साथ पहुंची । उक्त परिसर के अलावा व्यवहार न्यायालय बगहा के प्रांगण मे भी रैली के माध्यम मे आम लोगो



बल कर्मियों के द्वारा जागरूकता रैली का आयोजन किया गया जिसकी अगुआई भावेश धनवंत सहायक कमानेंट 65वी वाहिनी के द्वारा आर बी सिंह उप कमांडेंट के नेतृत्व मे की गई ।रेलवे परिसर बगहा मे भावेश धनवंत सहायक कमानेंट 65वी वाहिनी के द्वारा तिरंगे झण्डे के महत्व तथा भारतीय झण्डा संहिता 2002 के अनुसार झण्डा फहराने से संबन्धित को जागरूक किया गया ।दीपक मिश्रा, भाप्रसे, अनुमंडल अधिकारी, बगहा के माध्यम से उक्त कार्यालय के प्रांगण मे आम लोगो को हर घर तिरंगा कार्यक्रम से अवगत कराया गया।कार्यक्रम के माध्यम से उप कमांडेंट आर बी सिंह, ( कार्यवाहक कमांडेंट) 65वी वाहिनी भावेश धनवंत,उप निरीक्षक रितेश कुमार समेत वाहिनी के बल कर्मी मौजूद रहे।

## कुम्हार प्रजापति द्वारा 7 सूत्री मांगों को लेकर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन का आयोजन किया गया

पंचानन सिंह अयोध्या टाइम्स बगहा पश्चिमी चंपारण। कुम्हार प्रजापति समन्वय समिति पटना के आह्वान पर बेतिया जिला मुख्यालय के समीप कुम्हार प्रजापति समाज ने 7 सूत्री मांगों को लेकर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन का आयोजन किया गया। जहां जिलाधिकारी के माध्यम से बिहार के मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपा है। कुम्हार प्रजापति समाज की मांग है कि कुम्हार प्रजापति जाति को अनुसूचित जाति की सूची में शामिल किया जाए,बिहार माटी कला बोर्ड की स्थापना का गठन किया जाए ,जनसंख्या बल के आधार पर राजनीतिक भागीदारी सुनिश्चित किया जाए, राज्य सरकार के विभिन्न आयोगों बोर्ड एवं नियमों में उचित प्रतिनिधित्व किया जाए, कुम्हार समाज के बच्चों के कौशल विकास के लिए मुफ्त प्रशिक्षण की व्यवस्था की जाए साथ ही साथ कुम्हारी उद्योग विकास संस्थान की स्थापना की जाए,नगर निगम नगर पालिका अधिसूचित क्षेत्र समिति जिला परिषद तथा क्षेत्रीय विकास प्राधिकार द्वारा निर्मित दुकानों से कुम्हारों को अपनी कलाकृतियों की बिक्री हेतु रियायती दर पर 25 पर्सेंट दुकान आवंटित किया जाए, संविधान सभा के सदस्य रत्नरपा कुम्हार की आदमकद प्रतिमा पटना में स्थापित किया जाए। इन्हीं से मांग को लेकर आज प्रजापति के द्वारा बेतिया में विशाल धरना प्रदर्शन का आयोजन किया गया।जहां हजारों की तादात में कुम्हार प्रजापति समाज के लोग प्रदर्शन में शामिल हुए।

## प्रखंड सभागार में मुहर्रम पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक किया गया



ब्यूरो चीफ सुभाष सहरसा बिहार मुहर्रम पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक गणमान्य नागरिकों की जिसमें जिसमें ओपी अध्यक्ष ज्ञानानंद अमरेंद्र के अध्यक्षता में हुआ। अंचल अधिकारी सुक्रांत राहुल इस दौरान सुक्रांत राहुल ने कहा कि डीजे नहीं बजाने की चेतावनी दी है। तथा सरकार की गाइडलाइन के अनुसार डीजे बजाने पर रोक लगाने की बात बताएं जिसके द्वारा गाइडलाइन का उल्लंघन किया जाएगा। उनके ऊपर सख्त से सख्त एवं कड़ी से कड़ी कार्रवाई किए जाने की बात बताएं। बैठक के दौरान समिति के सदस्यों से त्योहार के गरिमा बनाए रखते हुए शांतिपूर्ण तरीके से मनाने कहा गया। अधिकारियों ने निर्देश दिया कि ताजिया या सवारी अपने निर्धारित रूट से ही निकालें। सवारी या ताजिया निकलने के दौरान ध्यान दें कि कोई उपद्रवी तत्व जुलूस में शामिल न हो। सवारी या ताजिया निकालने के दौरान किसी प्रकार का वाद विवाद या झगड़ा न हो। मोहर्रम के अवसर पर कोई भी करतब स्वयं एवं दूसरे को सुरक्षित रखते हुए ही करें। त्योहार के दौरान किसी भी स्थिति में कानून व्यवस्था नहीं बिगड़नी चाहिए न ही किसी की सांप्रदायिक भावनाओं को ठेस पहुंचे। मौके पर उपस्थित गोलमा पूर्वी पंचायत के मुखिया रंजन यादव, गोलमा पश्चिमी मुखिया पति रंजीत कुमार सिंह, गोलमा पूर्वी सरपंच विष्णु देव यादव, राष्ट्रीय जनता दल के जिला किसान प्रकोष्ठ के अध्यक्ष सत्यनारायण यादव, पटरघट सरपंच पति मोहम्मद शब्बीर आलम,जदयू प्रखंड अध्यक्ष राज किशोर साह, जदयू प्रखंड युवा अध्यक्ष अभिषेक प्रताप सिंह, गोविंद सादा, अशोक सिंह, बच्चन देव यादव, मोहम्मद नसीर, समिति पति राहुल कुमार यादव, मोहम्मद इंसान, मोहम्मद मुर्शीद, एवं अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे।

## 11 अगस्त के दिन कदापि न करें रक्षाबंधन

हर्षबर्धन संवाददाता दैनिक अयोध्या टाइम्स अरेराज पूर्वी चम्पारण बिहार 11 अगस्त को रात्रि 8:25 के बाद और 12 अगस्त को प्रातः 7:17 तक करें रक्षा बंधन चुकी 11 अगस्त को दिन भर और रात्रि 8:25 तक भद्रा व्याप्त है। और शास्त्रों के अनुसार भद्रा चाहे कहीं भी लगी हो किंतु श्रावणी कर्म रक्षाबंधन भद्रा में नहीं किया जा सकता है। शास्त्रों के अनुसार भद्रा रहित पूर्णिमा में रक्षाबंधन करना शास्त्र सम्मत और लाभकारी होता है। 'पूर्णिमा 11अगस्त को प्रातः 09रू35 से शुरू हो रहा है जो कि 12 अगस्त को प्रातः 07रू17 तक रहेगा। और भद्रा 11 अगस्त को प्रातः 09:35 से शुरू हो रही है जो कि उसी दिन रात्रि 08रू25 तक है। हालाकि यह भद्रा पाताल मे है। जबकि शास्त्रों के अनुसार –

ष्तत्सत्वे तु रात्रावपि तदन्ते कुर्यादिति निर्णयामृते।ष

ष्एवं इदं प्रतिपद्युतायां न कार्यम्ष।।

अर्थात– रक्षाबंधन का कार्य रात्रि में भी किया जा सकता है, किंतु भद्रा और प्रतिपदा में कदापि नहीं करना चाहिए। यद्यपि 11 अगस्त को भद्रा पाताल लोक में है, किंतु श्रावणी, रक्षाबंधन एवं फाल्गुनी में यह परिहार मान्य नहीं है। अतः 11 अगस्त को भद्रा की समाप्ति 08 बजकर 25 मिनट के बाद रक्षाबंधन कर सकते है या फिर 12अगस्त को प्रातः 07रू17 तक रक्षाबंधन का पर्व मनाये, लेकिन भद्रा काल मे या प्रतिपदा मे रक्षाबंधन कदापि न करें। रक्षाबंधन और संस्कृत दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं। हरि ॐ गुरुदेव!

## पैदल नेपाल से दिल्ली की यात्रा पर निकले शेख मुन्ना का रक्सौल विधानसभा पूर्व कांग्रेस प्रत्याशी रामबाबू यादव सहित सैकड़ों लोगों ने किया जमकर स्वागत

(संजय कुमार अनुमंडलीय ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स रक्सौल पूर्वी चंपारण)। अपने बाएं हाथ में हिंदुस्तान की शान तिरंगा, दाए हाथ में नेपाली झंडा, पीठ पर एक बैग व जुबान पर भाईचारे की बात लेकर एक नेपाली युवक 1500 किलोमीटर की पैदल यात्रा पर निकले हैं. नेपाल से दिल्ली की



यात्रा पर निकले युवक का पहचान परसा जिले के छपकहिया निवासी 25 वर्षीय शेख मुन्ना के रूप में हुई है. अब तक 24 दिनों की यात्रा पूरी कर चुके बीरगंज घंटाघर से पैदल कस्टम होते हुए शनिवार दोपहर को रक्सौल में प्रवेश किए, जहां नहर रोड स्थित हाईवे पर रक्सौल के पूर्व विधानसभा प्रत्याशी वरीय राजद नेता रामबाबू यादव के नेतृत्व में सैकड़ों लोगों ने उन्हें फूल माला पहनाकर स्वागत किया व पूरे गर्मजोशी से हौसला अफजाई भी किया. पैदल यात्रा पर निकले युवक ने बताया है कि उनका 1500 किलोमीटर तक पैदल यात्रा करने का लक्ष्य है, साथ ही बताया है कि हम नेपाल से दिल्ली स्थित नेपाली दूतावास तक की सफर दोनों देशों के मध्य बेहतर संबंध स्थापित करने के लिए कर रहे हैं. हम पैदल बीरगंज से कई राज्यों से गुजरते हुए दिल्ली जाएंगे ,जहां हिंदुस्तान के माननीय विदेश मंत्री से मिलकर नेपाल एवम भारत के बीच बेहतर संबंध स्थापित करने व कुछ प्रमुख बिंदुओं पर भी प्रकाश डालेंगे. बातचीत के क्रम में उन्होंने बताया है कि भारत और नेपाल के मध्य संबंध अनादि काल से है. दोनों पड़ोसी राष्ट्र है, इसके साथ ही दोनों राष्ट्रों की धार्मिक सांस्कृतिक, भाषायी एवं ऐतिहासिक स्थिति में बहुत अधिक समानता है. भारत और नेपाल मित्रता एवं सहयोग के अद्वितीय संबंध को साझा करते हैं जो खुली सीमाओं तथा दोनों देशों के लोगों की परस्पर प्रगाढ़ नातेदारी एवं सांस्कृतिक संबंधों से साफ साफ दिखाई देता है. इस अवसर पर यात्री मुन्ना ने बताया कि हिंदुस्तान में प्रवेश करते ही सीमाई क्षेत्र रक्सौल में हमारा पुरजोर स्वागत व अभिनंदन किया गया , मैं इसके लिए समस्त हिंदुस्तानवासी सहित स्वागत करने वाले बंधुओं को दिल से बधाई व धन्यवाद देता हूं. इस मौके पर राजद नेता रामबाबू यादव ने कहा कि भारत और नेपाल के बीच सदियों से बेटी रोटी का संबंध रहा है .इस संबंध को कोई भी समाप्त नहीं कर सकता है. जो इनके द्वारा किया जा रहा है , उसे कोई साधारण पुरुष नहीं कर सकता है ,मैं इनके हौसले को सलाम करता हूं. साथ ही राजद नेता रामबाबू यादव ने भारत सरकार से यात्रा के क्रम में मुना को सुरक्षा प्रदान करने की अपील भी की हैं. स्वागत करने वालों में सोमेश्वर कुशवाहा, मोहम्मद सलाउद्दीन, कुणाल राय ,रामानुज पटेल ,सुभाष यादव, आदित्य कुमार ,रामानंद यादव, चंदेश्वर पंडित, मनोज राय ,साधु राम, ओमप्रकाश राम, सुनील पटेल आदि सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## कुम्हार प्रजापति का हुआ उग्र प्रदर्शन 7 सूत्री मांगों को लेकर सैकड़ों की तादात में शामिल हुए लोग

दैनिक अयोध्या टाइम्स गोपाल कुमार ठाकुर चीफ ब्यूरो

शिवहर,सीतामढ़ी। कुम्हार जाति को अनुसूचित जाति में शामिल करने , सता में उचित भागीदारी दिलाने, माटी कला बोर्ड की स्थापना सहित अन्य मांग पत्र पर विचार कर निर्णय लेने को लेकर बिहार कुमार (प्रजापति) समन्वय समिति शिवहर के द्वारा शहर में प्रदर्शन करते हुए समाहरणालय गेट पर प्रदर्शन कर किसान मैदान में धरना पर बैठ गए हैं।जिला समाहरणालय गेट पर अनुमंडल दंडाधिकारी मोहम्मद इश्तियाक अली अंसारी ने शांतिपूर्ण प्रदर्शन करने तथा जिलाधिकारी को एक ज्ञापन देने को कहा है । बिहार कुमार (प्रजापति) समन्वय समिति के जिला सचिव रामनाथ पंडित, जिला अध्यक्ष धरीक्षण पंडित, जय मंगल पंडित सचिव प्रखंड ,रामलाल प्रखंड अध्यक्ष, संजय कुमार पंडित सहित सैकड़ों की तादाद में प्रदर्शन करते हुए धरना पर बैठे हुए हैं।बताया है कि बिहार कुमार( प्रजापति) समन्वय समिति की राज्य इकाई के आलोक में जिले के तमाम कुम्हार प्रजापति के लोग कुम्हार समाज के हित एवं कल्याण हेतु बिहार सरकार के समक्ष पूर्व से लंबित मांग पर अब तक विचार नहीं किए जाने के कारण हम लोग धरना प्रदर्शन पर बैठे हुए हैं। धरना पर बैठे नेताओं ने बताया है कि बिहार प्रांत के संपूर्ण भू–भाग पर रहने वाले 90 लाख आबादी वाले कुम्हार (प्रजापति) जाति का एकमात्र सामाजिक प्रजातांत्रिक पर निबंधित 30 वर्षों से भी अधिक पुरानी संस्था है। इस संस्था का मूल उद्देश्य कुम्हार जाति का आर्थिक ,सामाजिक, शैक्षणिक एवं सर्वांगीण विकास करने एवं उनके अंतर्गत राजनीतिक चेतना जागृत करने को लेकर प्रयत्नशील है।



ताया है कि हमारा समाज शिल्पी समाज का श्रेणी में आता है, जो अपने शिल्पकाला से समाज के सभी वर्गों की सेवा करता चला आ रहा है ,किंतु अत्यंत दुख के साथ कहना पड़ रहा है कि बिहार की कुम्हार जाति की स्थिति काफी दयनीय है। इस बाबत अनुरोध किया गया है कि संगठन की मुख्य मांगों पर विचार करते हुए कुम्हार जाति को अति पिछड़ा वर्ग से अनुसूचित जाति में शामिल करें एवं अन्य मांगों को पूरा करें, जिससे बिहार के समस्त प्रजापति समाज को यह महसूस हो सके कि आप हमारे सच्चे हितैषी है।

## शांतिपूर्ण और भयमुक्त वातावरण में मुहर्रम मनाने हेतु सभी दंडाधिकारियों और पुलिस पदाधिकारियों के साथ बैठक सम्पन्न



(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार)

☒ मुहर्रम पर्व के अवसर पर विधि व्यवस्था संधारण एवं अन्य प्रशासनिक व्यवस्थाओं को सफलतापूर्वक सम्पन्न करने को लेकर जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक किशनगंज ने निर्गत किए संयुक्त आदेश

☒ प्रभारी डीएम ने वर्चुअल माध्यम से सभी बीडीओ,सिओ, एसएचओ के साथ बैठक कर दिए कई निर्देश

☒ बिना लाइसेंस मुहर्रम के दौरान कोई भी जुलूस नहीं निकलेगा

☒ सभी संवेदनशील एवम महत्वपूर्ण स्थानो पर पर्याप्त संख्या में तैनात होंगे दंडाधिकारी एवम पुलिस पदाधिकारी

☒ उन्होंने धारा 107 के तहत अधिक से अधिक निरोधात्मक कार्रवाई करने एवम बंध पत्र पर अमल करने के दिया निर्देश'

☒ जिला प्रशासन सोशल मीडिया पर 24 घण्टे रख रहा है नजर

☒ उपद्रवी एवम अफवाह फैलाने वाले तत्वों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई का दिया निर्देश

जिलाधिकारी श्री श्रीकांत शास्त्री एवं पुलिस अधीक्षक डॉ इनामूल हक मेंगनु ने संयुक्त आदेश निर्गत कर मुहर्रम पर्व के अवसर पर विधि व्यवस्था संधारण एवं अन्य प्रशासनिक व्यवस्थाओं का सफलतापूर्वक सम्पन्न करने को लेकर दण्डाधिकारी और पुलिस पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की है स रचना भवन,डिआरडीए में प्रभारी डीएम सह अपर जिला दंडाधिकारी, अनुज कुमार ने सभी दंडाधिकारियों को मुहर्रम पर्व पर विधि व्यवस्था हेतु ब्रीफिंग किया स साथ ही, एसडीएम ने वर्चुअल मोड में सभी बीडीओ,सिओ,थाना प्रभारी के साथ बैठक कर अबतक की तैयारियो का विस्तृत समीक्षा किया एवम संबंधित अधिकारियों को कई आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। प्रभारी जिलाधिकारी ने कहा कि बिना लाइसेंस के मुहर्रम के दौरान कोई भी जुलूस नहीं निकाला जाएगा। उन्होंने निर्देश दिया कि आयोजन समिति के सभी प्रमुख लोगों से उनके पासपोर्ट साइज फोटो और पता उनके मोबाइल नंबर के साथ लिए जाएं। उन्होंने कहा कि मुहर्रम के जुलूस के मार्ग की जानकारी पूर्व से ही कर ले एवम उसका भौतिक सत्यापन भी कर ले। उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित कर ले कि निर्धारित मार्ग से विचलन किसी भी स्थिति में नही होनी चाहिये। प्रभारी जिलाधिकारी ने कहा कि अंतिम सोमवारी और मुहर्रम को देखते हुए सभी महत्वपूर्ण एवम संवेदनशील स्थानो पर पर्याप्त संख्या में दंडाधिकारी और पुलिस पदाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की गई है। ऐसे में सभी प्रतिनियुक्ति अधिकारी अपने कर्तव्य स्थल पर ससमय पूर्ण रूप से मुस्तैद रहेंगे। उन्होंने कहा कि शांति समिति की बैठक अनिवार्य रूप से कर ली जाए। दोनों पर्वों के आयोजन को लेकर आपसी सहमति से समय और मार्ग का निर्धारण कर लें। उन्होंने धारा 107 के तहत अधिक से अधिक निरोधात्मक कार्रवाई करने एवम बंध पत्र पर अमल करने के निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि जिला साइबर सेल एवम सूचना एवम जनसंपर्क की सोशल मीडिया टीम द्वारा 24 घण्टे सोशल मीडिया पर नजर रखी जा रही है। उन्होंने कहा कि उपद्रवी तत्वों एवम अफवाह फैलाने वाले व्यक्ति पर कड़ी कार्रवाई करने से थोड़ी से भी नही हिचके। प्रभारी जिलाधिकारी ने कहा कि अनुमंडल एवं जिला स्तर पर नियंत्रण कक्ष पूरी गतिविधियों पर नजर बनाए रखेगा एवम हर छोटी बड़ी घटना की जानकारी संबंधित अनुमंडल पदाधिकारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी आदि को देना सुनिश्चित करेगा। अनुमंडलाधिकारी अमिताभ कुमार ने कहा कि डीजे पर पूर्व प्रतिबंध रहेंगे। उन्होंने कहा कि सभी डीजे मालिक मुहर्रम और श्रावणी मेले में डीजे का प्रयोग नहीं करें सउन्होंने कहा कि उल्लंघन करने पर उनका डीजे जब्त किया जाए और प्राथमिकी दर्ज किया जाए। प्रभारी डीएम ने विद्युत विभाग के कार्यपालक अभियंताओं को निर्देश दिया कि जर्जर बिजली तार को ठीक करवा लें,साथ ही जुलूस के दिन सुरक्षा के दृष्टिकोण से सभी आवश्यक कदम उठाए। उक्त बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, वरीय उप समाहर्ता, रंजीत कुमार, डीपीआरओ अमित कुमार उपस्थित थे।

# संक्षिप्त समाचार

### 13 अगस्त को व्यवहार न्यायालय परिसर बगहा में होगा राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन

पंचानन सिंह अयोध्या टाइम्स बगहा पश्चिमी चंपारण बगहा। राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन दिनांक–13.08.2022 को व्यवहार न्यायालय परिसर बगहा में किया जा रहा है। राष्ट्रीय लोक अदालत में सुलहनीय आपराधिक वाद, दुर्घटना बीमा दावा वाद,पारिवारिक विवाद (तलाक को छोड़कर), माप–तौल,श्रम एवं नियोक्ता से संबंधित वाद,वेतन,भत्ता एवं अवकाश प्राप्ति से संबंधित वाद,राजस्व से संबंधित वाद,बिजली (असुलहनीय को छोड़कर),पानी बिल, टेलीफोन बिल,बैंक ऋण तथा वन अधिनियम के सुलहनीय वादों का सुलह–समझौते के आधार पर निपटारा किया जायेगा।जिला विधिक सेवा प्राधिकार, पश्चिम चम्पारण द्वारा जिले के सभी सुलहनीय वादों के पक्षकारों से अपील की गयी है कि दिनांक–13.08.2022 को राष्ट्रीय लोक अदालत में अपने वादों को सुलह–समझौते के आधार पर तत्काल समाप्त कराएं।



### गोली मारकर आरोपी फरार

(प्रेमचंद्र साह प्रखंड संवाददाता अयोध्या टाइम्स मैनाटांड़ पश्चिमी चंपारण) मैनाटांड़। थाना इनरवा क्षेत्र में बरवा पंचायत के कोल्हापुर गांव के 63 वर्षीय प्रेमचंद दास को गोली मारकर तीन बाइक सवार फरार हो गए प्रेमचंद दास और उनकी पत्नी अपने खेत में धान सोहनी करने अपने खेत में गए हुए थे शनिवार के दिन में उसी दौरान तीन आरोपियों ने उन्हें गोली मारकर फरार हो गए उन्हें इलाज के लिए मैनाटांड़ स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक उपचार के लिए भेजा गया हॉस्पिटल प्रभारी विजय कुमार चौधरी ने इलाज करते समय देखा कि उनकी हालत गंभीर रूप में हैं तो उन्हें बेतिया के लिए रेफर कर दिए मामला को पता चलता है कि उनकी आपसी विवाद भाई भाई में 3 साल पुरानी है और गोली मारने वाला उनके भाई के लड़के हैं मामला को छानबीन इनरवा थाना अध्यक्ष प्रकाश कुमार जी कर रहे हैं।



### हर घर तिरंगा कार्यक्रम को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं का बैठक

दैनिक अयोध्या टाइम्स अनुमंडल ब्यूरो चीफ विनय कुमार पांडे महाराजगंज भगवानपुर हाट। हर घर तिरंगा कार्यक्रम की सफलता हेतु भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक ब्रह्मस्थान गाँव में महेश ब्रह्म बाबा मंदिर परिसर में मंडल अध्यक्ष सुजीत कुमार पांडेय की अध्यक्षता में हुईद्य आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में 13 से 15 अगस्त तक हर घर पर तिरंगा फहराने के कार्यक्रम के लिए प्रत्येक शक्ति केंद्र पर प्रभारी नियुक्त किया गयाद्यभाजपा जिला मंत्री अवधेश कुमार पांडेय के ने कहा कि अमृत महोत्सव पर सभी घरों में तिरंगा फहरेगाद्य मौके पर भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष प्रफुल्ल राज पांडेय, कोषाध्यक्ष अमिताभ कुमार,किसान मोर्चा के महामंत्री विजय शंकर पांडेय, महामंत्री दारा सिंह, संजीव पांडेय, शिवेश पांडेय, शिवशंकर पांडेय, अनुज पांडेय छोटू, आदि थे।



### बिजली चोरी में आठ लोगों पर दर्ज हुई प्राथमिकी

नागेंद्र कुमार राजा अनुमंडल ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स बिहार शरीफ नालंदा। खंड के हरदासबीघा एवं पैगंबरपुर में शनिवार को विद्युत छापामारी दल ने छापेमारी कर आठ लोगों को टोका फंसा कर बिजली का उपयोग करते रंगे हाथ पकड़ा। इस संबंध में कनीय अभियंता नितेश यादव के द्वारा थाना में नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। इस संबंध में विद्युत कनीय अभियंता ने बताया कि हरदासबीघा में चंदन कुमार द्वारा आवासीय परिसर में टोका फंसा विद्युत चोरी किया जा रहा था। उनपर 43499 रुपए एवं इसी गांव के रंजन कुमार पर 32701 रुपए वहीं पैगंबरपुर के मधुसूदन सिंह पर 125459 रुपए,सुबोध सिंह पर 40642 रुपए, विनय कुमार पर 29340 रुपए,शिव कुमार पर 117061रुपए,मनोज सिंह पर 34419 रुपए,प्रमोद सिंह पर 35353 रुपए का जुर्माना लगाते हुए विधुत राजस्व की चोरी के आरोप में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है ।उन्होंने बताया कि छापेमारी दल में संतोष कुमार,नवीन कुमार,राजन सिंह,धर्मवीर कुमार एवं चंद्रभूषण सिंह आदि शामिल थे।

### जीविका के द्वारा एक दिवसीय प्रखंड स्तरीय सम्मान कार्यक्रम पारिवारिक आहार विविधता अभियान 2022 का आयोजन किया गया

साकेत राज दैनिक अयोध्या टाइम्स बेलछी। बेलछी प्रखंड अंतर्गत आज दिनांक 6/8/2022 को जीविका कार्यालय बेलछी में प्रखंड परियोजना प्रबंधक संजय कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में एक दिवसीय प्रखंड स्तरीय सम्मान कार्यक्रम परिवारिक आहार विविधता अभियान 2022 के तहत सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया! इस कार्यक्रम की मुख्य अतिथि ठक्‍ बेलछी उषा कुमारी सिंह थी! परिवारिक आहार विविधता अभियान में उत्कृष्ट कार्य करने वाले ग्राम संगठन के रूप में आरती, सागर और राधा ग्राम संगठन को सम्मानित किया गया इसके अलावा जीविका के तीन कर्मियों रितु रानी हेना कैसर एवं रूबी कुमारी को उनके उत्कृष्ट कार्य करने के लिए ठक्‍ उषा कुमारी सिंह एवं ठच्ड संजय कुमार मिश्रा क्षेत्रीय सम्यक अमित कुमार जीविकोपार्जन विशेषज्ञ राहुल कुमार कार्यालय सहायक नीतीश कुमार प्रियंका शामिल थी!



### अरेराज में योग की वार्षिक परीक्षा शनिवार को शांतिपूर्वक हुई संपन्न

डी एन कुशवाहा अरेराज पूर्वी चंपारण। महर्षि पतंजलि योग और प्राकृतिक चिकित्सा प्रशिक्षण संस्थान अरेराज,मोतिहारी के परिषद में योग के वार्षिक परीक्षा शनिवार को आखरी दिन शांतिपूर्वक संपन्न हुई। संस्था के संचालक बिक्की कुमार ने बताया कि इस परीक्षा में अरेराज, मोतिहारी, तुर्कौलिया, बेतिया, पहाडपुर, गोपालगंज एवं अन्य जिलों के परीक्षार्थीयों ने भाग लिया। यह परीक्षा रवि सर ,राहुल पाण्डेय, नवनीत तिवारी,अमित कुमार,सुभम राय की कड़ी निगरानी में सम्पन हुई। संचालक बिक्की कुमार ने कहा कि योग करोना काल से हर कोई अपना रहा है। योग के माध्यम से हर बीमारी को काबू में किया जा सकता है ।बिक्की ने बताया कि हमारे यहां योग का सारे कोर्स कराये जाते हैं। जैसे –डिप्लोमा, पिजीडिप्लोमा,सर्टिफिकेट कोर्स, नेचरोपैथी इत्यादि तथा रैरामेडिकल कोर्स कराया जाता है। संचालक ने बताया कि हमारे यहा योग के साथ –साथ फिटनेस क्लास और डांस क्लास भी कराई जाती है। इस वार्षिक परीक्षा मे मुख्य योगदान , रवि जी,अनुप कुमार,चन्दन कुमार, अनु,खुशी, संजना,रेखा,मनीष तथा सोनू का योगदान रहा।



# सपना चौधरी की एक झलक पाने के लिए बूढ़े और जवान में लगी होड़



शैलेन्द्र कुमार चंचल, अनुमंडल ब्यूरो चीफ बिहार शरीफ। बॉलीवुड की सनसनी कही जाने वाली आइटम गर्ल सपना चौधरी की एक झलक पाने के लिए नालंदा जिला मुख्यालय बिहार शरीफ में गुरुवार को तब अफरा–तफरी मच गई जब सपना चौधरी एक शोरूम के उद्घाटन के मौके पर पहुंची थी. ऐसा नहीं है कि सपना चौधरी की एक झलक पाने की लालसा केवल बिहार शरीफ के युवाओं में ही थी, बल्कि क्या बूढ़े और क्या जवान ! सभी सपना को बस एक बार निहारने की होड़ में लगे थे। इस मौके पर सपना चौधरी की सुरक्षा में तैनात बाउंसर और पुलिस के जवानों को भारी मुश्किलों का सामना करना पड़ा. अनियंत्रित हो रही भीड़ को काबू में रखने के लिए पुलिस को कई बार हल्के बल प्रयोग का भी सहारा लेना पड़ा. मौका था बिहार शरीफ में चुन्नी लाल मेगा मार्ट के उद्घाटन का. सपना चौधरी जब हरियाणवी गाने,तेरी आंखन का यह काजलृ की बज रही धुन के बीच जब मंच पर चढ़ी तो युवाओं के साथ बच्चे और बूढ़े भी उसकी एक झलक पाने के लिए मचल पड़े. इस मौके पर सपना चौधरी ने कहा कि मेरी बोलीवुड में एंट्री आज से चार साल पहले ही हो चुकी है. अब मैं हॉलीवुड का रुख कर चुकी हूं. जब उनसे पूछा गया कि भोजपुरी फिल्मो के बारे में उनका क्या ख्याल है, तो सपना ने कहा कि भोजपुरी फिल्मों के कलाकार काफी एनर्जेटिक होते हैं. मैंने उनके साथ भी काफी काम किया है. उनमें ऊर्जा कूट–कूटकर भरी होती है. सपना चौधरी बिहार शरीफ में दो घंटे बिताकर वापस पटना के रास्ते दिल्ली लौट गई।

# दिन हो या रात 450 रूपया की दर से कलाबजारी हो रहा है युरिया

दैनिक अयोध्या टाइम्स से नरकटियागंज संवाददाता दीपू साह किसान महासभा नरकटियागंज, प्रखंड के बरवा बरौली पंचायत में जारी यूरिया कलाबजारी पर किसानों द्वरा आक्रोसित होने पर अखिल भारतीय किसान महासभा नेता ममताज आलम ने गहरी नाराजगी जाहिर करते हुए प्रेस



विज्ञप्ति जारी कर कहा की भाजपा–जदयू सरकार में किसान खेती के लिए जंग लड़ रहा है।भाजपा–जदयू की किसान विरोधी सरकार कह रही है की प्रदेश में यूरिया किल्लत नही है और यूरिया 96 प्रतिशत तक स्टाक में है।पर आज किसान यूरिया की कलाबजारी से सदमे में हैं और कह रहे हैं की एक तो शुरूआती दौर में बारीस नही हुई जैसे–तैसे खेती हुआ पर आज यूरिया की कलाबजारी न तो जीने दे रहा और न मरने दे रहा है।यहां का रूपवलिया बजार स्थित खाद बिक्रेता तबरेज आलम रात हो या दिन धड़ल्ले से बोरा का बोरा यूरिया 450 रूपया की दर से कलाबजारी कर रहा है जब इसकी सुचना प्रखंड कृषी पदाधिकारी को दी जा रही है तो उनकी मोबाइल बंद आ रहा है और खाद विक्रता कह रहा है की प्रखंड से अनुमंडल तक शिकायत करो कोई फर्क नही पड़ने वाला, कलाबजारी मे सब शामिल हैं क्यो की पदाधिकारीयो को भी उनका शेयर दिया जाता है।इस प्रकार देखा जाये तो प्रखंड कृषी पदाधिकारी का मोबाइल का बंद आना और खाद विक्रेता की बात से स्पष्ट होता है की दोनो की मिलिभगत से ही कलाबजारी चरम पर है।इसलिए हम प्रखंड मे जारी यूरिया कलाबजारी को बंद करने व खाद विक्रेता तथा प्रखंड कृषि पदाधिकारी की भूमिका की जांच एवम खाद विक्रेता पर कारवाई की मांग करता हुं ताक किसानो को यूरिया की किल्लत से दो–चार नही होना पड़े।

# भंगहा थाना क्षेत्र में महिलाएं सुरक्षित नही क्विक रेस्पॉन्स टीम का कितना असर

अयोध्या टाइम्स बगहा पश्चिमी चंपारण। बिहार पुलिस में मुख्यालय में अपर पुलिस महानिदेशक के निगरानी में महिला उत्पीड़न के खिलाफ व असहाय लोगो की मदद के लिए डायल 112 के आलोक में जिला स्तर पर टीम तो गठित कर दिया गया परंतु पदाधिकारियों के मानसिकता में बदलाव नही आया।आदेश चाहे हेडक्वार्टर का हो या डी०आई०जी० रेंज ऑफिस का,थाना स्तर पर अपने गति से काम करना अपनी परम्परा है। मिसाल के लिए भंगहा थाना क्षेत्र के वार्ड नं०–9 सेरहवा निवासी समित्री देवी पति–लालबाबू साह के साथ महिला उत्पीड़न करने वाले अभियुक्तों ने इज्जत लूटने का प्रयास 31 जुलाई की रात में ही किया,04 अगस्त 2022 को भंगहा थाने को कार्यवाई करने का सूचना मिला परंतु इस प्रकरण में महज दफादार पीड़ित के दरवाजे तक थाना आने के लिए कहकर चले गए। इस मामले में अभियुक्त इतने दबंग है कि उनसे थाने वाले भी डरते है। तो पीड़िता को न्याय कौन देगा? आरक्षी उप महानिरिक्षक चंपारण रेंज बेतिया को पीड़िता के पति लालबाबू साह ने इस बात की सूचना 04 अगस्त 2022 को साहब के व्हाट्सएप्प पर दे दी।क्योंकि लालबाबू अभी मजदूरी करने केरल गया हुआ है,जहाँ बाढ़ की मार झेल रहा है। दूसरी तरफ उसके गांव का सुभाष चौधरी उसकी पत्नी की इज्जत से खेलने का प्रयास कर रहा है, अब इस प्रकरण में देखना है कि पीड़ित को उच्च स्तर पर या निचले स्तर पर कब और कैसे न्याय मिलता है।

# मशरक थाना पुलिस ने शराब कें मामलों में 8 को किया गिरफ्तार, प्राथमिकी दर्ज

हरि किशोर सिंह ब्यूरो चीफ मशरक (सारण)। मशरक थाना पुलिस ने शनिवार को थाना क्षेत्र के अलग–अलग गांवों में शराब बेचने और पीने के मामलों में 8 शख्स को गिरफ्तार कर लिया वही गिरफ्तार पर कानूनी कार्रवाई करते हुए व्यवहार न्यायालय छपरा भेज दिया। मामले में थानाध्यक्ष रितेश कुमार मिश्रा ने बताया कि अवैध शराब के खिलाफ थाना पुलिस और एएलटीएफ टीम के द्वारा चलाए जा रहे अभियान में ब्राहीमपुर गांव में मकान के अंदर कमरें में शराब बेचते कर्ण कुमार पिता धर्मनाथ साह को 5 के साथ बंसोही गांव निवासी ब्रजेश कुमार पिता विक्रमा सिंह, अभिजीत कुमार सिंह पिता लालबाबू सिंह,पंकज कुमार महतो पिता कृष्णा महतो को गिरफ्तार कर लिया गया।वही शराब के मामले में वर्षों से फरार चल रहे डुमरसन गांव निवासी विक्की कुमार पिता प्रदीप कुमार साह को गिरफ्तार कर लिया गया साथ ही लखनपुर गांव से सत्येन्द्र कुमार महतो पिता जवाहीर महतो,राजन राय पिता स्व हजारी राय और तरैया थाना क्षेत्र के डुमरी छपिया गांव निवासी भरत कुमार पिता मैनेजर राय को शराब के नशें



लीटर देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया वही बंसोही पुलिस चेक पोस्ट पर बाइक बीआर 04एजे 9819 की डिक्की में 5 लीटर देशी शराब और 4 पीस फ्रूटी पैक अंग्रेजी शराब में गिरफ्तार किया गया।

सभी गिरफ्तार पर प्राथमिकी दर्ज कर कानूनी कार्रवाई के लिए छपरा न्यायालय भेज दिया गया।

# नेपाल से दिल्ली के लिए पैदल यात्रा पर निकले मुन्ना भाई

☒ पैदल नेपाल से दिल्ली के लिए निकले मुन्ना का कांग्रेस के पूर्व प्रत्याशी ने किया जमकर स्वागत

दैनिक अयोध्या टाइम्स संवाददाता डॉ मनीष कुमार सिंह मोतिहारी पूर्वी चम्पारण रक्सौर्ल। नेपाल के परसा जिला अंतर्गत छपकैया निवासी शेष मुन्ना बीरगंज घंटाघर से पैदल कस्टम होते हुए रक्सौल में प्रवेश किए। वे 24 दिनों के पैदल यात्रा पर नेपाल से दिल्ली जाने के लिए निकलें है, जिनका स्वागत विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी रामबाबू यादव ने बाईपास नहर रोड पर सैकड़ों लोगों के साथ फूल माला पहनाकर स्वागत किया। इस संबंध में श्री यादव ने कहा कि यह साधारण इंसान नहीं कर सकता है, मैं इनके जज्बे को सलाम करता हूं। इनका हौसला बढ़ाने के लिए लोगों ने तालियों से फूल माला से स्वागत किया। श्री यादव ने कहा नेपाल से सदियों से बेटी–रोटी का संबंध है। नेपाल की बेटी की शादी भारत में होता है और भारत की बेटी की शादी नेपाल में होता है। इसमें कभी–कभी दुर्भाग्यपूर्ण संधि विच्छेद हो जाते हैं, उसी को मजबूत करने के लिए हिंदुस्तान के प्रशासन और नेपाल के प्रशासन कभी–कभी विच्छेद हो जाता है। इसको भी मजबूत करने के लिए आज युवा समाजसेवी शेष मुन्ना ने यह प्रण किया है कि पैदल कई राज्यों से गुजर कर दिल्ली जाएंगे, वहां दिल्ली में नेपाल एंबेसी एवं हिंदुस्तान के विदेश मंत्री से मिलकर विभिन्न बिंदुओं पर प्रकाश डालेंगे और दोनों देश को सदियों से चला



आ रहे इस संबंध को मजबूत करेंगे। इस अवसर पर शेष मुन्ना ने कहा कि हिंदुस्तान में घुसते ही सीमाई क्षेत्र रक्सौल में जोरदार स्वागत और अभिनंदन किया गया, मैं इसके लिए हिंदुस्तान और स्वागत करने करने वाले लोगों की दिल से धन्यवाद और बधाई दे रहा हूं। स्वागत के साथ–साथ श्री यादव ने कहा कि जिस–जिस रास्ते से आ जा रहे हैं भारतीय प्रशासन इनकी सुरक्षा उपलब्ध कराए। मौके पर सोमेश्वर कुशवाहा, राजद नेता मो सलाउद्दीन, रामानुज पटेल, सुभाष यादव, कुणाल रॉय, आदित्य कुमार, राजद नेता रामानंद यादव, चंदेश्वर पंडित, मनोज राय, साधु राम, ओमप्रकाश राम, सुनील पटेल सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# मुहर्रम त्योहार को लेकर जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने की बैठक कई अधिकारी रहे मौजूद



दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो चीफ सिवान गगन कुमार पाण्डेय

सिवान के जिलाधिकारी अमित कुमार पाण्डेय ने स्पष्ट कहा कि मुहर्रम त्योहार में बिना लाईसेंस के कोई भी जुलूश नहीं निकलेगा। जुलूश अपने पूर्व के निर्धारित रूट पर ही चलेगा। सभी समिति के लोग निर्धारित समय पर ही अपना जुलूस निकालेंगे। दो वर्ष के उपरांत यह मुहर्रम का जुलूश निकाला जा रहा है। इसलिए सभी से आग्रह और अपील है कि शांतिपूर्ण और भाईचारे के वातावरण में इस त्योहार को मनाएं। जुलूश में डीजे पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध रहेगा। यह माननीय उच्च न्यायालय के आदेश से पूर्व से ही बंद है। यदि नियमों का उल्लंघन किया जायेगा तो प्राथमिकी दर्ज करते हुए विधि–सम्मत कार्रवाई की जायेगी। जिलाधिकारी ने स्पष्ट कहा कि मुहर्रम के त्योहार में डीजे पूर्ण रूप से प्रतिबंध रहेगा। अस्त्र और शस्त्र का प्रदर्शन नहीं होगा। किसी की भी धार्मिक भावना को ठेस नहीं पहुंचाना है। मुहर्रम जुलूश को शांतिपूर्ण ढ़ंग से सम्पन्न कराने के लिए जिला में पर्याप्त संख्या में सशस्त्र बलों की प्रतिनियुक्ति की जा रही है। अफवाह को न फैलायें और न इसपर ध्यान दें। समिति के लोग अपने स्तर से फोटोग्राफी और वीडियोग्राफी अवश्य करायें। जिला प्रशासन के द्वारा सभी स्थलों पर वीडियोग्राफी और फोटोग्राफी की व्यवस्था की जायेगी। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि सभी थानों में शांति समिति के सदस्यों की बैठक कर ली गई है। जुलूश में कानून को हाथ में लेने पर तत्काल प्राथमिकी दर्ज करते हुए कार्रवाई सुनिश्चित की जायेगी। उन्होंने कहा कि इस मुहर्रम के त्योहार को शांतिपूर्ण एवं भाईचारे के वातावरण में मनाएं जिससे कि ऐतिहासिक बन जाये। उन्होंने शांति समिति के सदस्यों को कहा कि युवा वर्ग को सही–सही जुलूस के नियम कानून के बारे में समझा दें। बिना लाईसेंस के कोई भी जुलूश को निकालने की अनुमति नहीं होगी। अपना आचरण और व्यवहार खराब नहीं होने दें। लाईसेंस लेने के लिए संबंधित थाना में आवेदन देना है। धार्मिक त्योहार को शांतिपूर्ण ढ़ंग से मनाने के लिए डीजे के प्रयोग पर पूर्ण पाबंदी रहेगी।

हथियारों का प्रदर्शन नहीं होगा और न कोई नशे में जुलूस में शामिल होगा। किसी भी थाना क्षेत्र में यदि डीजे का प्रयोग होगा तो डीजे को जप्त करते हुए कठोर कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने शांति समिति के सदस्यों से अपील किये कि शांतिपूर्ण ढ़ंग से मुहर्रम त्योहार को मनायें और यादगार बनायें। सभी को अपनी–अपनी जिम्मेवारियों का अनुपालन करना होगा। मुहर्रम त्योहार के अवसर पर विधि–व्यवस्था संधारण के लिए पर्याप्त संख्या में सशस्त्र पुलिस बलों की प्रतिनियुक्ति रहेगी।

# जेडीयू ने अपने ही नेता आरसीपी सिंह की खोली पोल, बेहिसाब संपत्ति बनाने का लगाया आरोप

नागेंद्र कुमार राजा अनुमंडल ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स बिहार शरीफ (नालंदा)। बिहार में सत्तारूढ़ जदयू ने अपनी ही पार्टी के नेता व पूर्व सांसद आरसीपी सिंह को नोटिस जारी किया है। आरसीपी सिंह पर जेडीयू ने बड़ा आरोप लगाया है। जेडीयू का कहना है कि आरसीपी सिंह ने पार्टी में रहते हुए करोड़ों रुपये की बेहिसाब संपत्ति अपने और अपने परिवार नाम कर दे। बिहार जेडीयू के अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने आरसीपी सिंह को कारण बताओ नोटिस भेजकर अकूत संपत्तियों और अनियमितताओं पर जवाब मांगा है।इसमें कहा गया है कि सिंह और उनके परिवार के नाम पर 2013–2022 से पंजीकृत अचल संपत्तियों के विवरण में विसंगतियां हैं। इसलिए वे जल्द से जल्द इस नोटिस का जवाब दें। यह नोटिस नालंदा जिला के पार्टी प्रखंड प्रमुख के आरोप के बाद सिंह को भेजा गया है। नोटिस के मुताबिक, सिंह पर जेडीयू में रहते हुए साल 2013 से 2022 तक अकूत संपत्ति बनानेध्जुटाने के आरोप हैं।बताया जाता है कि जिन प्रॉपर्टी को हासिल करने का सिंह पर आरोप है, उनमें नालंदा के दो प्रखंडों में खरीदी गई 40 बीघा भूमि भी है। रोचक बात है कि इन संपत्तियों का जिक्र सिंह के चुनावी हलफनामे में कहीं नहीं मिलता है। ऐसे में पार्टी की सीधा आरोप है कि उन्होंने यह चीज छिपाकर रखी।कुशवाहा द्वारा सिंह को भेजे गए नोटिस में कहा गया है कि नालंदा जिला जदयू के दो साथियों ने साक्ष्य के साथ शिकायत की है। इसमें कहा गया है कि अब तक उपलब्ध जानकारी के अनुसार आपके एवं आपके परिवार के नाम से वर्ष 2013 से 2022 तक अकूत अचल संपत्ति पंजीकृत कराई गई है। इसमें कई प्रकार की अनियमितताएं नजर आती हैं। आप लंबे समय से जनता के सर्वमान्य नेता नीतीश कुमार के साथ अधिकारी व राजनीतिक कार्यकर्ता के रूप में काम करते रहे हैं। आपको माननीय नेता ने दो बार राज्यसभा का सदस्य, पार्टी का राष्ट्रीय महासचिव, राष्ट्रीय अध्यक्ष तथा केंद्र में मंत्री के रूप में कार्य करने का अवसर पूर्ण विश्वास व भरोसे के साथ दिया। आप इस तथ्य से भी अवगत हैं कि माननीय नेता नीतीश कुमार भ्रष्टाचार पर जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाते हैं। इतने लंबे सार्वजनिक जीवन के बावजूद उन पर कभी कोई दाग नहीं लगा और न उन्होंने कोई संपत्ति बनाई। निर्देशानुसार पार्टी आपसे अपेक्षा करती है कि शिकायत का बिंदुवार जवाब दें। कुशवाहा ने नोटिस का तत्काल जवाब देने का भी अनुरोध किया है।



जेडीयू ने अकूत संपत्ति के मामले में आरसीपी सिंह से जवाब मांगा है। प्रदेशाध्यक्ष उमेश सिंह ने कहा कि वे जल्द से जल्द उनके और उनके परिवार से जुड़ी संपत्ति के मामले में अपनी राय स्पष्ट करें।बता दें कि जेडीयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष रहे आरसीपी सिंह सियासत में आने से पहले वह उत्तर प्रदेश काडर के आईएएस अफसर थे। वह साल 2010 से 2022 तक बिहार से राज्यसभा सांसद रहे। यही नहीं, वह जनता दल यूनाइटेड के अध्यक्ष भी रह चुके हैं। सिंह, जदयू के कोटे से दो बार राज्ससभा जा चुके हैं। उन्हें इसके बाद केंद्र में इस्पात मंत्री बनाया गया। सिंह का लंबे समय से पार्टी आलाकमान से संबंध खराब चल रहे हैं। इसी वजह से उन्हें राज्यसभा का टिकट नहीं मिला और फिर केंद्रीय मंत्री का पद गंवाना पड़ा था। फिलहाल आरसीपी सिंह के पास पार्टी और सरकार में कोई पद नहीं है। अब जेडीयू नेतृत्व ने ही उनपर गंभीर आरोप लगाए हैं।

# जिला पदाधिकारी का पयनिय नजर सभी खाद विक्रेताओं पर

☒ किसान सेवा केंद्र लालगढ़ छावनी को निलंबित किया गया

दैनिक अयोध्या टाइम्स सुमित सिंह

शिवहर,सीतामढ़ी। आप सभी को इस जानकारी से अवगत करा दिया जाए कि किसान सेवा केंद्र लालगढ़ छावनी डुमरी कटसरी प्रो गौरव कुमार यह जानकारी प्राप्त हुई है कि उपयुक्त विषय के संबंध में कई दिनों से लगातार स्थानीय कृषकों के द्वारा विरुद्ध शिकायत पत्र प्राप्त हुआ जिसके आलोक में अधोहस्ताक्षरी के अस्तर से जांच कराया गया जिसमें लगाए गए सभी आरोप सत्य पाया गया हैं जिसके कारण तत्काल प्रभाव से आपकी अनुज्ञप्ति संख्या कैस्-20503092171 967 को निलंबित किया गया।

# अगर आप मरने के बाद भी कई जिस्मों में जिंदा रहना चाहते है तो रक्तदान करे : एस एस फाऊंडेशन सिवान



दैनिक अयोध्या टाइम्स अनुमंडल ब्यूरो चीफ विनय कुमार पांडे महाराजगंज सिवान। शुक्रवार को देर रात सिवान निवासी मो इब्राहिम का हिमोग्लोबिन मात्र 3 ग्राम था जैसे ही सर्व स्माइल फाउंडेशन ट्रस्ट को पता चला तो तुरंत रात के 9 बजे पुलिस लाइन निवासी रक्तवीर माजीद को सादर अस्पताल बुलाकर रक्तदान कराकर मो इब्राहीम का जान बचाए , इस नेक काम के लिए मजीद भाई को दिल से सलाम पूरे टीम के तरफ से।

अगर आप की वजह से किसी की जिन्दगी बचती हैं तो आपको जो संतुष्टि का एहसास होगा उसे शब्दों में बयाँ करना मुमकिन नही हैं। दोस्तो उम्मीद हैं जब भी मौका मिले आप भी इस रक्तदान महादान में जरूर शामिल होंगे और किसी की जिंदगी को बचाने में अपना सबसे महत्वपूर्ण योगदान देंगे और किसी के जीवन का आधार बन जाएंगे। मौके पर उपस्थित रहे संस्थापक सह अध्यक्ष कैफ सुल्तान,कलीम रजा,सोनू अली, नवाज आलम,छोटू भाई इत्यादि।

# बापूधाम मोतिहारी रेलवे स्टेशन पर मजदूरों को कराया गया भोजन

दैनिक अयोध्या टाइम्स संवाददाता डॉ मनीष कुमार सिंह मोतिहारी पूर्वी चम्पारण । मिशन अन्नपूर्णा रसोई जरूरतमंदों को एक थाली खुशियों वाली की 29 वी साप्ताहिक सेवा का आयोजन बापूधाम मोतिहारी रेलवे स्टेशन डीसी पर किया गया जहां रोजमर्रा की मजदूरी करने वाले मजदूर, ऑटो चालक, ठेला चालक ,रिक्शा चालक ,यात्रीगण, जरूरतमंद लोगों ने भरपेट भोजन का स्वाद चखा और अपने आत्मा को तृप्त किया आज के मिशन अन्नपूर्णा रसोई का शुभारंभ आर्ट ऑफ लिविंग के कुशल प्रशिक्षक आनंद कुमार और देवराहा बाबा गुरुकुल आश्रम सेवा परिषद के अध्यक्ष विनय कुमार शर्मा सामाजिक कार्यकर्ता राहुल शर्मा ने संयुक्त रूप से भोजन वितरण कर किया मौके पर श्री आनंद कुमार ने कहा कि ना कोई जात ना कोई धर्म सभी संप्रदाय के लोग प्रेम पूर्वक अन्नपूर्णा रसोई का भोजन करते हैं यहां से सभी लोग भोजन कर आत्म संतुष्ट होकर जाते हैं एक अलग ही उनके चेहरे पर खुशी रहती है और कोई यहां से भूखा नहीं जाता है इस मिशन अन्नपूर्णा रसोई के संचालक राम भजन और आजीवन सहयोगी विनोद जालान बधाई के पात्र हैं जो ऐसा नेक मानव सेवी कार्य कर रहे हैं मौके पर लगातार कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग दे रहे सामाजिक कार्यकर्ता विकी कुमार रविंद्र कुमार राजेश कुमार इत्यादि लोग लगे रहे।



# संक्षिप्त समाचार

## यूरिया खाद के लिए लंबी कतार में खड़े हैं लोग

दैनिक अयोध्या टाइम्स विजय बैठा पुरनहिया प्रखंड पुरनहिया,शिवहर। प्रत्येक प्रखंड क्षेत्र में यूरिया खाद के लिए लोग काफी परेशान हैं लोगों को खाद समय पर नहीं मिल रहा है सुबह से लेकर शाम तक लंबी कतार में खड़े रहने के बावजूद भी यूरिया खाद नहीं मिल पा रहा है कभी लिंग का समस्या रहता है। तो कभी दुकानदार बोलता है कि खाद खत्म हो चुका है क्योंकि दुकानदार कालाबाजारी करता है और उसे काफी दामों पर बेचता है। किसान खून पसीना जलाकर खेतों में धान के फसल को लगाया है जिससे किसान काफी दुखी है बिहार सरकार अगर समय पर यूरिया खाद देती तो किसानों को इतनी परेशानी नहीं होती।



## चार पहिये वाहन से कुचलने से दो की मौत

दैनिक अयोध्या टाइम्स संवाददाता विजय बैठा पुरनहिया। बखार चंडीहा पंचायत के बखार निवासी बनारसी साह व बखार ओझा टोला निवासी बुलेन्द्र पटेल की मौत शनिवार की सुवह सीतामढ़ी जिले के डुमरा थाना के विश्वनाथ पुर चौक के पास स्थित एनएच पर चार पहिये वाहन से कुचलने से हो गयी है।परिजनों से मिली जानकारी के अनुसार दोनों मृतक अपनी पुत्री के ससुराल कोम्हरा विशनपुर मवेशी खरीदने गये थे।मवेशी देखने के बाद दोनों एक ही बाईक से अपने घर लौट रहे थे, इसी बीच सडक से क्रास करने के वक्त पीछे आ रहा दोपहिया वाहन मृतक के वाहन मे जोरदार टक्कर मार दी, जिससे दोनों की घटना स्थल पर ही मौत हो गयी।मृतक के पास आधार कार्ड से दोनों की पहचान हुई जिससे मृतक के परिजन को स्थानीय लोगों ने खबर की।परिजनों ने एम्बुलेंस से शव को लाकर गांव मे दाह संस्कार कर दिया है।एक ही गांव से एक साथ हुई दो मौत से गांव और मृतक के परिवार मे मातम छा गया है।परिजनो का रो रो कर बुरा हाल है।महिलाएं शव से लिपटकर दहाड़ मार कर रो रही थी, जिससे वहां उपस्थित लोगों का कलेजा फट रहा था।

## कोटवा थाना परिसर में शांति समिति की बैठक

(संवाददाता अर्जुन राय अयोध्या टाइम्स कोटवा। मुहर्रम को लेकर कोटवा थाना परिसर में शनिवार को शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रभारी थानाध्यक्ष जितेंद्र कुमार ने की। बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि मुहर्रम के दौरान डीजे पर पूर्णतः



प्रतिबंध है । लाउडस्पीकर का प्रयोग एसडीओ के अनुमति से किया जा सकता है। वहीं धारदार हथियार का प्रयोग खेल के दौरान नहीं करना है अन्यथा शस्त्र अधिनियम के तहद प्राथमिकी दर्ज की जायगी। बिना लाइसेंस का ताजिया जुलूस नहीं निकालना है। बैठक के बाद उपस्थित लोगों ने जूलूस के मार्ग की जानकारी दी। समाजसेवी वीरेंद्र प्रसाद सिंह ने कहा कि कोटवा बाजार में अतिक्रमण के कारण लगातार जाम की समस्या रहती है। वहीं ओवरब्रिज के नीचे अवैध दुकान लगाने से भी यह समस्या लगातार बनी हुई है। इस बाबत प्रशासन ने समुचित कार्रवाई का भरोसा दिया। मौके पर प्रभारी थानाध्यक्ष के अलावा पीएसआई राजीव कुमार, रामायण सिंह,डॉ मंतोष सहनी, सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे।

## मशरक मुख्य डाकघर में अमृत महोत्सव के अवसर पर हर घर राष्ट्रध्वज फहराने हेतु राष्ट्रध्वज उपलब्ध

हरि किशोर सिंह ब्यूरो चीफ अयोध्या टाइम्स मशरक (सारण)। आजादी के 75 वे वर्ष पूर्ण होने पर पूरे भारतवर्ष में आजादी का अमृत महोत्सव मनाया जा रहा है, देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के द्वारा पूरे देश वासियों से निवेदन किया गया है कि आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर 13 अगस्त से लेकर 15 अगस्त तक हर घर राष्ट्रध्वज तिरंगा झंडा ठहराया जाए, आम नागरिकों को सुविधा उपलब्ध कराने को लेकर भारतवर्ष के सभी डाकघर में राष्ट्रध्वज तिरंगा उपलब्ध है जो 25 रुपया प्रति कीमत की दर से उपलब्ध कराया जा रहा है। आज मशरक मुख्य डाकघर में काफी संख्या में देशभक्तों के द्वारा राष्ट्रध्वज को खरीदा गया। मशरक मुख्य डाक घर के उप डाकपाल अरुण कुमार सिंह ने बताया कि सभी डाकघरों में अमृत महोत्सव को लेकर हर घर राष्ट्र ध्वज तिरंगा जो 13 अगस्त से 15 अगस्त तक फहराना है सफल कराने हेतु सभी नागरिकों को सिर्फ 25 प्रति झंडा उपलब्ध कराया जा रहा है, डाकघर से काफी संख्या में लोग आकर राष्ट्रध्वज तिरंगा का खरीदारी कर रहे हैं।

## मशरक थाना में लगा जनता दरबार पहुचे फरियादी

हरि किशोर सिंह ब्यूरो चीफ अयोध्या टाइम्स मशरक (सारण)।मशरक थाना परिसर में आयोजित साप्ताहिक जनता दरबार में शनिवार को मुख्य रूप से एसआई लक्ष्मण प्रसाद, अंचल निरीक्षक सैफुल्लाह रहमानी, अंचल बड़ा बाबू मुख्य रूप से उपस्थित रहे, शनिवार को भूमि विवाद को लेकर 3 नया आवेदन प्राप्त हुआ।वही पहले से 1 मामले लंबित थे। प्राप्त नये और पुराने आवेदन के आलोक में दोनों पक्षों के द्वारा विवादित भूमि के प्रस्तुत दस्तावेज का अंचल निरीक्षक सैफुल्लाह रहमानी एवं एसआई लक्ष्मण प्रसाद ने अवलोकन करते हुए मामले का निपटारा किया गया। अंचल निरीक्षक सैफुल्लाह रहमानी ने बताया कि आज के जनता दरबार में 1 मामले लंबित थे जिन पर सुनवाई करते हुए निष्पादन कर दिया गया वही नया 3 मामला आया जिस पर सुनवाई करते हुए 2 मामले का निपटारा कर दिया गया और बचें एक मामलों में विपक्षी पार्टी को नोटिस निर्गत करते हुए कागजात की जांच–पड़ताल शुरू कर दी गई है ।



## शराब पीकर हंगामा करते चार युवक गिरफ्तार

साकेत राज दैनिक अयोध्या टाइम्स बेलछी। बेलछी प्रखंड अंतर्गत सकसोहरा क्षेत्र के लच्छूचक पुल के पास चार युवक शराब के नशे में धुत होकर हंगामा करते हैं पकड़े गए! सकसोहरा थाना डेली रूटीन चेकप के तहत जब वाहन जांच एवं शराब के खिलाफ अभियान चला रहा था तो उसी समय चार युवक शराब के नशे में धुत पाया गया जिसे सकसोहरा थाने की पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया! गिरफ्तार अभियुक्त किसतु कुमार रंजन कुमार राजू पासवान प्रमोद पासवान सभी पटना के निवासी को शराब के नशे में धुत पाया गया!



## छपरा में जहरीली शराब पीने से मरने वालों की संख्या हुई 10 कई लोग अब भी सदर अस्पताल में भर्ती

(मुस्कान राज दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो,चीफ वैशाली,बिहार) वैशाली। छपरा में जहरीली शराब पीने से मरने वालों की संख्या हुई 10, कई लोग अब भी सदर अस्पताल में भर्ती। सुबह तक पटना के पीएमसीएच में 7 मौत हो चुकी है।इसके पहले छपरा में 3 लोगों की मौत हुई है।जहरीली शराब पीने वाले अभी भी कई लोग अस्पताल में भर्ती है। जहरीली शराब पीने वाले लोग सदर अस्पताल में भर्ती है। बड़ी संख्या में लोगों के आंखों की रोशनी चली गई है। मामले में डीएम और एसपी ने बताया कि इस मामले पर उनकी प्रथम दृष्टया है और बताया कि जहरीली शराब पीने से लोगों की मौत हो रही है।फिलहाल घटना की सभी बिंदुओं की जांच की जा रही है।

## मुख्यमंत्री अल्पसंख्यक रोजगार ऋण योजना वित्तीय वर्ष 2020-21 एवं 2021-22 के दावा आपति के संबंध में सूचना का प्रकाशन

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार)
सहायक निदेशक अल्पसंख्यक कल्याण विभाग किशनगंज के द्वारा उपरोक्त विषय के संबंध में कहना है कि जिला चयन समिति द्वारा प्राप्त सहमति के आलोक में मुख्यमंत्री अल्पसंख्यक रोजगार योजना वित्तीय वर्ष2020–21 एवं 2021–22 हेतु प्राप्त आवेदनों के साक्षात्कार में शामिल सभी आवेदकों के मूल्यांकन के पश्चात योग्य पाए गए आवेदकों एवं विभिन्न कारणों से अयोग्यध्रद्द हुए आवेदनों की सूची जिला चयन समिति के निर्देशानुसार अधिभार मेघा अंक के साथ तैयार की गई है के संबंध में दावा आपत्ति आमंत्रण हेतु प्रेस नोट इस पत्र के साथ संलग्न कर आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित की जा रही है।
सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मुख्यमंत्री अल्पसंख्यक रोजगार योजना वित्तीय वर्ष 2020–21 एवं 2021–22 हेतु प्राप्त आवेदनों के साक्षात्कार में शामिल सभी आवेदकों के मूल्यांकन के पश्चात योग्य पाए गए आवेदकों एवं विभिन्न कारणों से अयोग्य रद्द हुए आवेदनों की सूची जिला चयन समिति के निर्देशानुसार अधिभार मेघा अंक के साथ तैयार की गई है । तैयार की गई सूची में किसी प्रकार की दावा आपत्ति यदि हो तो आवेदक द्वारा स्वयं उपस्थित होकर संगणक विहित प्रपत्र में जिला अल्पसंख्यक कल्याण कार्यालय किशनगंज में दिनांक 6 अगस्त 2022 से 13 अगस्त 2022 तक समर्पित किया जा सकता है। संसूचित अवधि में आवेदक द्वारा यदि किसी प्रकार का दावा आपत्ति नहीं दी जाती है तो भविष्य में किसी प्रकार से विचारणीय नहीं होगा। प्रकाशित सूची को किशनगंज जिला के वेबसाइट किशनगंज डॉट एनआईसी डॉट इन एवं जिला अल्पसंख्यक कल्याण कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

## ब्रम्हाकुमारी में अलौकिक रक्षा बंधन महोत्सव मनाया गया

दैनिक अयोध्या टाइम्स गोपाल कुमार ठाकुर चीफ ब्यूरो शिवहर। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय शिवहर द्वारा आजादी का अमृत महोत्सव के अवसर पर अलौकिक रक्षाबंधन महोत्सव का आयोजन किया गया। सीनीय सेवा केंद्र राज योग प्रशिक्षण केंद्र पर बड़े धूमधाम के साथ जिला प्रभारी ब्रम्हाकुमारी बहन भारतीय दीदी एवं जिले के विशिष्ट भाई बहनों की उपस्थिति में आयोजित कार्यक्रम किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से नगर परिषद के निवर्तमान चेयरमैन अंशुमान नंदन सिंह भाजपा जिला मंत्री व रंजीत डेंटल क्लीनिक के डायरेक्टर डॉ नूतन माला सिंह, पिपराही स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ रमाशंकर साह, जिला बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष शिशिर कुमार सहित पूर्व जिला परिषद सदस्य सामाजिक कार्यकर्ता अजब लाल चौधरी मौजूद थे। अलौकिक रक्षाबंधन महोत्सव पर बहन भारती ने बताया कि रक्षाबंधन का यह त्यौहार हमें पवित्रता के दृढ व्रत एवं मर्यादाओं के मीठे बंधन की याद दिलाता है। इस बंधन में हम सब की सुरक्षा भी है व प्रगति भी है। उन्होंने बताया कि यह पर्व हमें परमात्मा सने के पवित्र बंधन से बांध कर उनकी छत्रछाया एवं रक्षा कवच का अनुभव कराता है जो हमारी मनोविकारो , एवं पाप कर्मों से रक्षा करते हैं और सुख–शांति संपन्न जीवन का वरदान देते हैं। उन्होंने बताया है कि यह भारतीय परंपराओं का एक ऐसा पर्व है जो केवल भाई बहन के रिश्ते के साथ–साथ सांस्कृतिक सामाजिक महत्व भी रखता है।जहां यह पर्व भाई बहन के रिश्ते को मजबूत बनाता है वहीं दूसरी ओर यह पर्व हमें समाज एवं प्रकृति की सुरक्षा भी सीखलाता है। पिछले



15 वर्षों से अपनी कुशल प्रभारी ब्रह्मा कुमारी भारती दीदी के नेतृत्व में आध्यात्मिक के प्रचार–प्रसार के साथ–साथ समाज के सभी क्षेत्रों का एक सूत्र में जोड़ने का काम कर रही है उन्होंने बताया कि जैसे रक्षाबंधन का पर्व स्नेह का प्रतीक है, ठीक वैसे ही ब्रह्मा कुमारी आध्यात्मिक संस्था एक श्रेष्ठ एवं संपन्न समाज का जीवंत उदाहरण है। बहन भारती ने उपस्थित अतिथियों सहित ब्रम्हाकुमारी के सदस्यों को जीवन के 7 मूल मंत्रो का शपथ भी दिलाया है। कहां है कि मैं शक्तिशाली आत्मा हूं, हमेशा खुश रहता हूं मेरा शरीर हमेशा स्वस्थ है, सारे रिश्ते बहुत प्यारे हैं, मेरा घर स्वर्ग है ,भगवान हमेशा मेरे साथ है।क्त अवसर पर

## संक्षिप्त समाचार

### एस.एस.बी. ने चलाया तिरंगा अभियान

दैनिक अयोध्या टाइम्स संवाददाता डॉ मनीष कुमार सिंह मोतिहारी पूर्वी चम्पारण। स्थानीय एस.एस.बी. कैम्प 71 वीं बटालियन के कार्यवाहक कमांडेंट श्री दिव्य रंजन सिंह के निर्देशानुसार और श्री दिनेश कुमार ममोत्रा, उप कमांडेंट के नेतृत्व में आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत हर घर झंडा, हर घर तिरंगा के तहत एक जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। रैली कचहरी चौक मोतिहारी, बलुवा– नगर थाना होते हुए गाँधी चौक मोतिहारी पहुंची, जहाँ पर स्थानीय नागरिकों के द्वारा रैली के ऊपर पुष्प वर्षा किया गया और रैली का स्वागत किया गया स रैली का नेतृत्व कर रहे श्री दिनेश कुमार ममोत्रा ने वहाँ उपस्थित सभी नागरिकों को आजादी के महत्व के बारे में बताया और उन्हें आजादी के इस अमृत महोत्सव के अवसर पर अपने घर पर झंडा फहराने के लिए प्रेरित किया साथ ही उन्हें फ्लैग कोड में हुवे बदलाव को भी बताया स जगह–जगह लोगों ने खड़े होकर के भारत माता की जय वंदे मातरम के नारे लगाए इसके पश्चात रैली गाँधी स्मारक मोतिहारी पहुंची, जहां गांधी वाटिका में मुख्य अथिति चिकित्सक डॉ आशुतोष शरण और समाजसेवी राम भजन के




द्वारा चंपा के पौधें लगाकर सभी को इस कार्यक्रम के तहत अपने घरों पर तिरंगा झंडा लगाने का संकल्प दिलाया स मौके पर सुप्रसिद्ध चिकित्सक डॉ आशुतोष शरण ने कहां की जब घर घर होगा तिरंगा जब चारों तरफ हम रोज देखेंगे अपने देश की आन बान और शान तिरंगे को तो हमारे मन में तिरंगे की छवि उतर जाएगी और सबों के अंदर राष्ट्रप्रेम उत्पन्न हो जाएगा समाजसेवी राम भजन शहर वासियों को सशस्त्र सीमा बल के द्वार हर घर झंडा के प्रति जागरूकता अभियान चलाने के लिए बधाई दिया और कहा कि इससे हमारे राष्ट्र के प्रति देशभक्ति और तिरंगे के प्रति सम्मान उत्पन्न होगा इस अवसर पर श्री दिनेश कुमार ममोत्रा, उप कमांडेंट, चिकित्सक डॉ. आशुतोष शरण, , मेयर प्रत्याशी शिव कुमार जी, निरीक्षक ऐस0 इमकोंग ऐओ, उप निरीक्षक पंकज पांडेय, रजनीश कुमार, सहायक उप निरीक्षक हरदेव सिंह और बड़ी संख्या अन्य गणमान्य व्यक्तियों के साथ एस एस बी के जवान शामिल थे।

### अखिल भारतीय कुशवाहा सभा द्वारा गणेश सिंह कुशवाहा के उत्कृष्ट कार्य को देखते किया सम्मानित

डी.एन.कुशवाहा रामगढ़वा पूर्वी चंपारण। अखिल भारतीय क्षत्रिय कुशवाहा महा सभा के द्वारा कुशवाहा समाज को एक मंच पर लाने के लिए अथक प्रयास कर रहे हैं गणेश सिंह कुशवाह के उत्कृष्ट कार्यों को देखते हुए उन्हें सम्मानित किया गया। इस अवसर पर महासभा के पदाधिकारियों ने कहा कि गणेश सिंह कुशवाहा जी के द्वारा वहीं पर है निरूस्वार्थ भाव से किए जा रहे सामाजिक कार्यों एवं कुशवाहा समाज के अधिक से अधिक लोगों को जोड़ने के लिए प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

### बीपीएससी हेडमास्टर भर्ती परीक्षा में रघुनाथपुर 2 विद्यालय के शिक्षक मो. जियाउद्दीन ने मारी बाजी शुभचिंतकों में हर्ष

डी.एन.कुशवाहा रामगढ़वा पूर्वी चंपारण। स्थानीय प्रखंड क्षेत्र के रघुनाथपुर प्लस टू विद्यालय के जीनियस शिक्षक मो. जियाउद्दीन ने



बीपीएससी हेड मास्टर की परीक्षा में उत्तीर्ण होकर अपने परिवार समाज तथा विद्यालय सहित रक्सौल अनुमंडल का नाम ऊंचा किया है। ज्ञात हो कि रक्सौल अनुमंडल में दर्जनों शिक्षकों ने अपने भाग्य की आजमाइश की थी। लेकिन एकलौता मोहम्मद जियाउद्दीन ने हेडमास्टर की परीक्षा में बाजी मारी है। मोहम्मद जियाउद्दीन के उत्तीर्ण होने पर विद्यालय के प्राचार्य आशीष पचौरी, एसजीएम प्लस टू विद्यालय रामगढ़वा के प्राचार्य बृजेश्वरम देव, शिक्षक रंजन कुमार गढ़वाल, अजय कुमार, अंबिका बैठा,एम के मिशन आवासीय विद्यालय भलुवहिंया रामगढ़वा के निदेशक ध्रुव नारायण कुशवाहा, रेशमा देवी प्लस टू विद्यालय के प्रधानाध्यापक अनिल कुमार सिंह, शिक्षक डॉ राजीव तथा मोहम्मद जुबैर सहित सैकड़ों शिक्षकों ने हर्ष व्यक्त किया है।

### प्रखंड प्रमुख उप प्रमुख एवं पंचायत समिति सदस्यों का प्रशिक्षण हुआ संपन्न

डी.एन. कुशवाहा रामगढ़वा पूर्वी चंपारण। स्थानीय प्रखंड कार्यालय परिसर में विगत 3 दिनों से चल रहे नवनिर्वाचित प्रखंड प्रमुख, उप प्रमुख व पंचायत समिति सदस्यों का प्रशिक्षण शनिवार को संपन्न हो गया। इस महत्वपूर्ण प्रशिक्षण में रामगढ़वा एवं रक्सौल के सभी पंचायत समिति सदस्यों ने भाग लिया। वही प्रशिक्षण के दौरान प्रत्येक पंचायत समिति सदस्यों को



600–600 रूपए वितरण किया गया। इस अवसर पर प्रशिक्षक राघवेंद्र झा ने प्रखंड प्रमुख प्रमुख,उप प्रमुख एवं पंचायत समिति सदस्यों को उनके अधिकार एवं कर्तव्यों की विधिवत जानकारी दी। मौके पर रामगढ़वा प्रमुख पति व चंपापुर पंचायत के प्रमुख श्रीकांत दुबे, उप प्रमुख अरविंद पांडे, शारदा देवी, अजय प्रसाद, अवधेश कुमार चौरसिया, प्रियंका कुमारी, हसीना खातून, लालबाबू यादव तथा नन्हे राजकुमार सहित अन्य समिति सदस्य उपस्थित थे।

### वह घर हो या कॉलेज केंपस या क्लासरूम उस स्थल को स्वच्छ रखना आवश्यक है

दैनिक अयोध्या टाइम्स संवाददाता डॉ मनीष कुमार सिंह मोतिहारी पूर्वी चम्पारण पीपराकोठी। स्थानीय पंडित दीनदयाल उपाध्याय उद्यानिकी एवं वानिकी महाविद्यालय में शनिवार को स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का से डीन रमेश कुमार झा ने दीप प्रज्वलित कर कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। तथा महाविद्यालय के सभी वैज्ञानिकों कर्मचारियों एवं छात्रों को के द्वारा स्वच्छता को लेकर शपथ लिया गया। इस अवसर पर डीन ने कहा कि हमारे तन मन के साथ स्थल तीनों की सफाई बहुत जरूरी है। हम जहां रहते



हैं वहां कम से कम उस स्थल को स्वच्छ रखना आवश्यक है। चाहे वह घर हो या कॉलेज कैंपस या क्लासरूम। हमें अपने आसपड़ोस को भी स्वच्छ रखने की जरूरी है. कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ नीरज तथा मंच का संचालन निखिल कुमार सिंह ने किया। मौके पर डॉ सुरेश कुमार वर्मा, डॉ पंकज सिंह, डॉ वरुण, डॉ आनंद प्रकाश, राकेश डॉ नीरज, डा रामप्रवेश प्रसाद, डॉ राम कुमार राम,श्रद्धानंद,राहुल कुमार,रोशन, रत्नेश कुमार मंडल, मोहित, बालेश्वर, आशुतोष कुमार, अखिलेश कुमार, शिवानंद कुमार, मधुरेंद्र कुमार, रोशन कुमार, सुमन राज भारती, नेहा राज, अभिषेक कुमार राम, अश्विनी कुमार, नवीन कुमार, मौजूद थे।

### लोगों ने बड़ी धूमधाम से शहीद रामफल मंडल जी का जयंती समारोह मनाया

नागेंद्र कुमार राजा अनुमंडल ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स बिहार सरीफ (नालंदा)। आज रामफल मंडल जी की जयंती पर माल्यार्पण करने वालों में दिलीप कुमार, अमोद कुमार, रवि मंडल, अरविंद धानुक, प्रमोद कुमार, विनय राउत, सोनू कुमार, रूपेश कुमार, नागेंद्र प्रसाद, प्रदीप कुमार, कृष्णा कुमार, विक्रम कुमार, विरमनी मंडल, राहुल कुमार, शशिभूषण कुमार, शशिकांत कुमार एवं सैकड़ों कार्यकर्त्ता शामिल हुये!



## बाइक दुर्घटना में महिला गंभीर रूप से घायल, इलाज के बाद पीएमसीएच रेफर

हरि किशोर सिंह ब्यूरो चीफ अयोध्या टाइम्स मशरक (सारण)। मशरक थाना क्षेत्र के डुमरसन बाजार अवस्थित एनएच 227–ए मुख्य सड़क पर एक बच्चे को बचाने के क्रम में बाइक दुर्घटनाग्रस्त हो गया, बाइक पर एक पुरुष सहित दो महिला सवार थी , जिसमें एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई, उसके बाद भाजपा किसान मोर्चा प्रकोष्ठ मंडल अध्यक्ष ब्रजेश कुमार सिंह के द्वारा कुछ लोगों के सहयोग से गंभीर रूप से घायल महिला को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मशरक पहुंचाया गया, जहां ड्यूटी पर मौजूद चिकित्सक डॉ संजय कुमार ने गंभीर रूप से घायल महिला का इलाज करते हुए बेहतर इलाज के लिए पीएमसीएच पटना रेफर कर किया। घायल महिला की पहचान ग्राम हरपुरजान निवासी स्वर्गीय दारोगा सिंह की 75 वर्षीय पत्नी राज कली कुंअर के रूप में हुआ है। इस




संबंध में घायल राजकली कुअर के पुत्र हरबंस सिंह ने बताया कि मैं अपने बाइक से अपनी माता को लेकर निजी काम से मशरक आ रहा था, उसी क्रम में डुमर्सन बाजार के समीप एक बच्चे को बचाने के क्रम में बाइक दुर्घटनाग्रस्त हो गया जिससे मेरी मां गंभीर रूप से घायल हो गई, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मशरक में इलाज के बाद पीएमसी पटना रेफर कर दिया गया है।

## समाहरणालय सभाकक्ष में आज जिला खनन टास्क फोर्स समिति की बैठक जिलाधिकारी प्रणव कुमार की अध्यक्षता में हुई



(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार)
समाहरणालय सभाकक्ष में आज जिला खनन टास्क फोर्स समिति की बैठक जिलाधिकारी प्रणव कुमार की अध्यक्षता में हुई। बैठक में वरीय पुलिस अधीक्षक जयंत कांत भी उपस्थित थे। बैठक में मिट्टी का अवैध खनन एवं परिवहन ,बालू का अवैध रूप से बिक्री करना, ईट भट्ठा संचालकों से रॉयल्टी भुगतान की प्राप्ति,अवैध खनन पर करवाई ,रॉयल्टी संग्रहण, माइनिंग प्लान एवं ओवरलोडिंग इत्यादि बिंदुओं की समीक्षा की गई। जिला खनन पदाधिकारी ने बताया कि जुलाई माह में 40 छापेमारी की गई और 40 वाहनों को जप्त किया गया है जबकि 7200000 की जुर्माना वसूल किया गया।
जिलाधिकारी ने पूछा छापामारी के दौरान एक भी गिरफ्तारी क्यों नहीं की गई? उन्होंने हिदायत देते हुए कहा कि छापेमारी में तेजी लाएं साथ ही ऐसे तत्वों को गिरफ्तार करें और प्राथमिकी दर्ज करना सुनिश्चित करें।जिला खनन पदाधिकारी को रॉयल्टी भुगतान के संबंध में प्रतिवेदन प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी ने अवैध खनन पर रोक को लेकर खनन पदाधिकारी के अलावा एसडीओ और सभी सीओ को भी निर्देशित किया है कि लगातार क्षेत्र भ्रमण कर अवैध खनन को लेकर छापामारी करें।
अवैध खनन के संबंध में कोई सूचना प्राप्त होती है तो स्थानीय थाने का सहयोग लेते हुए त्वरित कार्रवाई करें। राजस्व संग्रहण, अवैध ईंट भट्ठा संचालन पर नियमानुसार कार्रवाई करें।अवैध खनन पर सभी संबंधित पदाधिकारी निगरानी रखेंगे और संयुक्त छापामारी करेंगे। ओवरलोडेड वाहनों के संचालन पर भी नजर रखने और जुर्माना वसूलने को कहा गया है। इस संबंध में जिला परिवहन अधिकारी को विशेष निर्देश दिए गए। बैठक में उपस्थित वरीय पुलिस अधीक्षक ने कहा कि औचक छापेमारी में पुलिस के द्वारा हर संभव मदद की जाएगी। उन्होंने खनन पदाधिकारी को निर्देश दिया कि जहां कहीं भी कोई कठिनाइयां हो तो तत्काल सूचित किया जाए। उन्होंने उपस्थित सभी पुलिस अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जिला प्रशासन के साथ समन्वय स्थापित करते हुए अवैध बालू खनन एवं मिट्टी परिवहन को लेकर पूरी मुस्तैदी के साथ कार्य करना सुनिश्चित करें।
बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी पूर्वी ज्ञान प्रकाश ,अनुमंडल पदाधिकारी पश्चिमी बृजेश कुमार, जिला जन संपर्क अधिकारी कमल सिंह, जिला खनन पदाधिकारी, उत्पाद अधीक्षक ,जिला परिवहन पदाधिकारी ,सभी डीएसपी ,एवं सभी थानों के थानाध्यक्ष उपस्थित थे।

## प्रसव के लिए आई महिला को स्वास्थ्यकर्मी नें धक्का देकर अस्पताल से निकला बाहर

☒ रात 10 बजे बीच सडक पर महिला नें दिया बच्चे को जन्म, जांच मे जुटे वरीयधिकारी
दैनिक अयोध्या टाइम्स अनुमंडल ब्यूरो चीफ विनय कुमार पांडे महाराजगंज गोरेयाकोठी,सिवान। जामो अस्पताल में प्रसव के लिए आई महिला का प्रसव अस्पताल से बाहर सड़क पर होने को लेकर ग्रामीणों ने जमकर हंगामा किया। गर्भवती महिला की पहचान गोपालगंज जिले के माझा प्रखंड के



पथरा गांव की आजाद हुसैन की पत्नी सायरा खातून के रूप में की गई है। जो अपने मायके बरौली प्रखंड के महमदपुर नीलामी गांव से आई हुई थी। बताया जाता है कि पीड़ित महिला सायरा खातून गर्भवती थी। दर्द पीड़ा होने पर जामो अस्पताल पहुंची जहां अस्पताल के कर्मियों द्वारा इमरजेंसी का हवाला देते हुए अस्पताल से बाहर कर दिया। पीड़ित महिला सायरा खातून जब अस्पताल से अकेले बाहर आई तो अस्पताल से महज 500 गज दूरी पर मुख्य मार्ग पर पीड़ित महिला ने जन्म दे दिया। जब महिला बीच सड़क पर कड़ाह आ रही थी, तो आसपास के लोगों ने अस्पताल में पहुंचकर अस्पताल प्रबंधन के विरुद्ध हंगामा करना शुरू कर दिया तथा संबंधित एएनएम पर कार्रवाई की मांग कर रहे थे।हंगामा की सूचना पर पहुंची जामो पुलिस के काफी प्रयास के बाद मामला शांत हुआ। स्थानीय मुखिया सविता सिंह को इसकी जानकारी हुई तो आनन–फानन में अस्पताल पहुंची तथा अस्पताल के कुव्यवस्था को लेकर अपने समर्थकों के साथ नारेबाजी करने लगी तथा अस्पताल गेट में ताला जोड़ दिया। वहीं अस्पताल की समुचित व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए वरीय अधिकारियों से मांग करने लगी। वहीं आसपास के लोगों ने अस्पताल प्रबंधन के विरुद्ध कड़ी आपत्ति जताई है। अस्पताल में नहीं होता इमरजेंसी इलाज जामो अस्पताल में चिकित्सकों के नहीं रहने से बाजार वासियों को घोर कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है आए दिन मरीज दम तोड़ देते हैं। नाम के लिए बड़ा अस्पताल बना है लेकिन सुविधा के नाम पर कोई सेवा उपलब्ध नहीं है।

## बिहार का सियासी भूचाल जेडीयू नेता आरसीपी सिंह पर भ्रष्टाचार का आरोप

दैनिक अयोध्या टाइम्स पत्रकार सुमित सिंह। आप सभी को इस जानकारी से रूबरू करा दिया जाए कि जदयू के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पूर्व केंद्रीय मंत्री आरसीपी सिंह की मुश्किलें बढ़ती ही जा रही है। राज्यसभा के टिकट कटने के बाद वे लगातार फंसते जा रहे हैं। जदयू ने पहले आरसीपी का राज्यसभा का टिकट काटा, अब उन्हें पार्टी से अलग–थलग कर दिया है।आप सभी को बता दिया जाए कि इसी कड़ी में प्रखंड के जदयू अध्यक्ष राकेश मुखिया ने आरसीपी पर बड़ा आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि नालंदा के अस्थावां ब्लॉक में 40 बीघा इस्लामपुर, ब्लॉक में 30 बीघा तथा राजगीर और बिहार ब्लॉक में भी आरसीपी सिंह के नाम या इनके परिवार के नाम पर जमीन वर्ष 2010 से 2022 के बीच खरीदी गई है।
जो कि मुख्यमंत्री के जीरो टोलरेंस के विपरीत है। उन्होंने कहा कि आरसीपी ने इन सभी संपत्तियों का जिक्र 2016 के राज्यसभा चुनाव के वक्त भी अपने हलफनामे में दायर नहीं किया था। वही बिहार जेडीयू के अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने आरसीपी सिंह को कारण बताओ नोटिस भेजकर अकूत संपत्तियों और अनियमितताओं पर जवाब मांगा है।इसमें कहा गया है कि सिंह और उनके परिवार के नाम पर 2013–2022 से पंजीकृत अचल संपत्तियों के विवरण में विसंगतियां हैं। इसलिए वे जल्द से जल्द इस नोटिस का जवाब दें। यह नोटिस नालंदा जिला के पार्टी प्रखंड प्रमुख के आरोप के बाद सिंह को भेजा गया है। नोटिस के मुताबिक, सिंह पर जेडीयू में रहते हुए साल 2013 से 2022 तक अकूत संपत्ति बनानेध्जुटाने के आरोप हैं।बताया जाता है कि जिन प्रॉपर्टी को हासिल करने का सिंह पर आरोप है, उनमें नालंदा के दो प्रखंडों में खरीदी गई 40 बीघा भूमि भी है। रोचक बात है कि इन संपत्तियों का जिक्र सिंह के चुनावी हलफनामे में कहीं नहीं मिलता है। ऐसे में पार्टी की सीधा आरोप है कि उन्होंने यह चीज छिपाकर रखी।कुशवाहा द्वारा सिंह को भेजे गए नोटिस में कहा गया है कि नालंदा जिला जदयू के दो साथियों ने साक्ष्य के साथ शिकायत की है। इसमें कहा गया है कि अब तक उपलब्ध जानकारी के अनुसार आपके एवं आपके परिवार के नाम से वर्ष 2013 से 2022 तक अकूत अचल संपत्ति पंजीकृत कराई गई है।
इसमें कई प्रकार की अनियमितताएं नजर आती हैं। आप लंबे समय से जनता के सर्वमान्य नेता नीतीश




कुमार के साथ अधिकारी व राजनीतिक कार्यकर्ता के रूप में काम करते रहे हैं। आपको माननीय नेता ने दो बार राज्यसभा का सदस्य, पार्टी का राष्ट्रीय महासचिव, राष्ट्रीय अध्यक्ष तथा केंद्र में मंत्री के रूप में कार्य करने का अवसर पूर्ण विश्वास व भरोसे के साथ दिया। आप इस तथ्य से भी अवगत हैं कि माननीय नेता नीतीश कुमार भ्रष्टाचार पर जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाते हैं। इतने लंबे सार्वजनिक जीवन के बावजूद उन पर कभी कोई दाग नहीं लगा और न उन्होंने कोई संपत्ति बनाई। निर्देशानुसार पार्टी आपसे अपेक्षा करती है कि शिकायत का बिंदुवार जवाब दें।
कुशवाहा ने नोटिस का तत्काल जवाब देने का भी अनुरोध किया है।जेडीयू ने अकूत संपत्ति के मामले में आरसीपी सिंह से जवाब मांगा है। प्रदेशाध्यक्ष उमेश सिंह ने कहा कि वे जल्द से जल्द उनके और उनके परिवार से जुड़ी संपत्ति के मामले में अपनी राय स्पष्ट करें।बता दें कि जेडीयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष रहे आरसीपी सिंह सियासत में आने से पहले वह उत्तर प्रदेश काडर के आईएएस अफसर थे। वह साल 2010 से 2022 तक बिहार से राज्यसभा सांसद रहे। यही नहीं, वह जनता दल यूनाइटेड के अध्यक्ष भी रह चुके हैं। सिंह, जदयू के कोटे से दो बार राज्ससभा जा चुके हैं। उन्हें इसके बाद केंद्र में इस्पात मंत्री बनाया गया। सिंह का लंबे समय से पार्टी आलाकमान से संबंध खराब चल रहे हैं। इसी वजह से उन्हें राज्यसभा का टिकट नहीं मिला और फिर केंद्रीय मंत्री का पद गंवाना पड़ा था। फिलहाल आरसीपी सिंह के पास पार्टी और सरकार में कोई पद नहीं है। अब जेडीयू नेतृत्व ने ही उनपर गंभीर आरोप लगाए हैं।

## सभी किसान भाइयों को आवश्यक सुचना युरिया को लेकर कल से किसान भाइयों को मिलेगा सहुलियत

हर्षबर्धन संवाददाता अरेराज दैनिक अयोध्या टाइम्स पूर्वी चंपारण बिहार
कल श्रीमती ममता राय जी,माननीय अध्यक्ष जिला परिषद्, पूर्वी चम्पारण की अध्यक्षता में जिले में यूरिया के किल्लत एवं बिचौलियो के माध्यम से हो रहें कालाबाजारी एवं जामाखोरी पर रोक लगाने हेतु समिक्षा बैठक का दिखा असर पूर्वी चम्पारण जिला को 2661.66 MT IFFCO_UREA मिला,युरिया कहाँ– कहाँ और किस स्थान पर बटेगा उसकी सुची निम्नलिखित हैं। आप अपने सुविधा अनुसार नजदिकी बिक्री केंद्रों से IFFCO UREA ले सकतें हैं। आप सभी किसान भाई से निवेदन हैं बिक्री केन्द्रों पर शांतिपूर्ण लाइन लगाकर 266.50 में हि यूरिया का उठाव करें। अगर किसी के द्वारा कोई अनियमितता हो रही हैं तो आप तुरंत अपने सम्बंधित जिला परिषद् सदस्य को सूचित करें।

## गर्भवती महिलाओं में एनीमिया होना खतरनाक : सीएस

नितेश कुमार तिवारी दैनिक आयोध्या टाइम्स संग्रामपुर मोतिहारी । गर्भवती महिला हमेशा अपने व होने वाले बच्चे को स्वस्थ देखना चाहती है। परन्तु स्वास्थ्य के प्रति लापरवाही कभी कभी भारी पड़ जाती है, इससे बचने के लिए सचेत रहकर सुरक्षित जीवन जीने की आवश्यकता है – यह कहना है पूर्वी चम्पारण के सिविल सर्जन डॉ अंजनी कुमार का। उन्होंने बताया कि गर्भवती महिलाओं में शरुआती तौर पर एनीमिया का होना आम बात है, परन्तु यह अधिक समय तक रहने पर खतरनाक हो जाता है। एनीमिया के कारण जच्चा– बच्चा की जान पर भी खतरा हो सकता है। इससे बचने के लिए समय समय पर महिला चिकित्सकों से जाँच कराएँ, सलाह लें एवं खुशहाल जिंदगी पायें। एनीमिया से बचने के लिए इन चीजों का प्रयोग जरूरी है जैसे– पालक, हरी सब्जी व मछली, दूध व अंडा आदि का नियमित सेवन। ये शरीर में आयरन की मात्रा को बढ़ाते हैं। सीएस ने बताया कि गर्भावस्था में बहुत अधिक चाय व कॉफी के सेवन से बचना चाहिए। अच्छी नींद लेनी चाहिए। गुड़ और चना का सेवन काफी लाभप्रद होता है। इसके साथ चुकंदर, सूखे मेवे व मौसमी फल जरूर लें।

## डाकघर में 25 रुपये में मिलेगा तिरंगा बिहार में 7 करोड़ तिरंगा झंडा बेचने का लक्ष्य

(संजय कुशवाहा अनुमंडलीय ब्यूरो चीफ, दैनिक अयोध्या टाइम्स रक्सौल पूर्वी चंपारण)
रक्सौल रू देश में आजादी के अमृत महोत्सव के मौके पर हर घर तिरंगा अभियान को अब डाकघर भी बढ़ावा देगी. बिहार के सभी डाकघरों में आज से 25 रुपये में तिरंगा झंडा बेचा जा रहा है. पटना में पोस्ट चीफ मास्टर जनरल किशन कुमार शर्मा ने बताया कि बिहार के नौ हजार से ज्यादा डाकघर में तिरंगा झंडा उपलब्ध कराया गया है, जिसे 25 रुपये में लोगों को बेचा जाएगा.पोस्ट चीफ मास्टर जनरल किशन कुमार शर्मा ने बताया कि श्हमारा लक्ष्य है कि बिहार में डाकघर के माध्यम से 7 करोड़ तिरंगा झंडा की बिक्री की जाए. जिसको लेकर हम लोगों ने काम करना शुरू कर दिया है. बिहार के सभी डाकघर में तिरंगा झंडा भी पहुंचना शुरू हो गया है. हमें उम्मीद है कि 7 करोड़ तिरंगा झंडा हम डाकघर के माध्यम से बिहार में बेच पाएंगे.श्पोस्ट चीफ मास्टर जनरल ने बताया कि डाकघर को जो लक्ष्य दिया गया है।
उसपर वे सभी खड़ा उतरेंगे. उन्होंने कहा कि आज से बिहार के सभी डाकघर में राखी का लिफाफा भी उपलब्ध कराया गया है, जो वाटर प्रूफ है. लिफाफे की कीमत 10 रुपये रखी गई है. लोग इसमें राखी रखकर अपने सगे संबंधियों को आसानी से भेज सकेंगे।

## बालिकाओं को दिया गया संदेश जब मां बने तो स्तनपान जरूर करें स्तनपान नहीं करने से ब्रेस्ट कैंसर होता है

दैनिक अयोध्या टाइम्स संवाददाता डॉ मनीष कुमार सिंह मोतिहारी पूर्वी चम्पारण। इनरव्हील क्लब ऑफ मोतिहारी लेक टाउन ने बड़ा बरियारपुर स्थित बालिका गिरह में कैंसर अवेयरनेस कार्यक्रम का आयोजन किया इस कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि श्रीमती ममता झा जी A-D-C-p] समाज कल्याण डॉक्टर रंभा पांडे, चाइल्ड लाइन की मधु सिंह जी, प्रेसिडेंट संगीता चित्रांश, सचिव मीरा सिंह ,ने संयुक्त रूप से कैंसर अवेयरनेस जागरूकता कार्यक्रम का उद्घाटन किया! Doctor रंभा पांडे ने स्तनपान क्यों जरूरी है इसके बारे में बालिकाओं को विस्तार रूप से जानकारी दी बालिका गिरी में सभी उपस्थित बालिकाओं को ब्रेस्ट कैंसर के बारे में जानकारी दें!
वही A-D-C-P ममता झा जी ने सभी बच्चियों को बताया कि आप सभी सामाजिक रूप से शादी करें और जब मां बने तो स्तनपान जरूर करेंगे स्तनपान नहीं कराने से ब्रेस्ट कैंसर होता है।
वही चटर प्रेसिडेंट संगीता चित्रांश ने कहा मां का पहला गढ़ा पीला दूध बच्चे के जन्म के बाद तुरंत खिलाना चाहिए अमृत समान होता है गड्ढा दूध पिलाने से जिससे बच्चे में रोग प्रतिरोधक क्षमता की संभावना कम हो जाती महिलाओं को हारमोंस भी सही से काम करता है डॉक्टर अंबा पांडे ने बताई की कैंसर तो बहुत तरह के होते हैं लेकिन महिलाओं यूटरर्स का कैंसर में लापरवाही बिल्कुल नहीं होनी चाहिए। यह कैंसर जानलेवा होता है और तुरंत महिला डॉक्टर से चेकअप कराने इस कार्यक्रम का संचालन कुमकुम शुक्ला ने की। कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित आबिदा शमीम,



ISO चंद्र लाता वर्मा, अलका सिन्हा ,उषा श्रीवास्तव, अंजू श्रीवास्तव, कार्यक्रम का धन्यवाद ज्ञापन बालिका गृह की अध्यक्ष पूजा श्रीवास्तव।

## बचे हुए भोजन को न करे बर्बाद हमें दे सुचना - सोसाइटी हेल्पर ग्रुप

दैनिक अयोध्या टाइम्स अनुमंडल ब्यूरो चीफ विनय कुमार पांडे महाराजगंज सिवान। शनिवार को सोसाइटी हेल्पर ग्रुप ट्रस्ट टीम को जैसे ही सूचना मिली की सिवान शहर के दखिन टोला में एक घरभोज मै खाना बचा हुआ है तो टीम के सदस्य ने दखिन टोला पहुंचकर खाना को सिवान स्टेशन ले जाकर गरीबों और असहाय रिक्शा चालक ठेला चालक के बीच भोजन का वितरण किया गया। मौके पर सोनू कुमार पटेल, केशव जी ,मुरारी, अनुज,कंचन सोनी सहित सभी सदस्य मौजूद थे।

# प्रयोगशाला में जांच से पहले टीबी की खुद जांच करना सिखा रहे मनु

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार) मोतिहारी। टीबी की प्रयोगशाला में जांच करना मेरा काम है, पर एक स्वास्थ्य कर्मी होने के नाते टीबी के बारे में जागरूकता फैलाना हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए। जिसे मैंने अपने जीवन में उतारा है। इसके लिए अपने घर के आस पास से बेहतर कोई जगह हो ही नहीं सकती। ये पढ़ने में जितना साधारण लगता है, इसके ठीक उलट टीबी उन्मूलन के लिए उतना ही आवश्यक है। इस काम को साकार करने में यक्ष्मा केंद्र में लैब टेक्नीशियन के पद पर कार्यरत मनु सिंह जुटे हैं। मनु सिंह ने बताया कि देश को 2025 तक टीबी से मुक्त कराने में स्वास्थ्य विभाग लगा हुआ है। जागरूकता द्वारा सही समय पर इलाज कराकर इससे बचा जा सकता है। उन्होंने बताया कि जब भी टीबी के मरीज अपनी जाँच व इलाज कराने जिला यक्ष्मा केंद्र पर आते हैं, उन्हें समय पर सभी दवाओँ का सेवन करने की बात बताने के साथ इसके लक्षण दिखाई देने पर उसे बिना देर किए जाँच कराकर तुरंत नियंत्रित करने की सलाह देते हैं।

मनु सिंह ने अपने ग्राम बनकटवा, जो सुगौली प्रखंड क्षेत्र में है, वहाँ भी क्षेत्र के लोगों को जागरूक कर रहे हैं। इसी वजह से टीबी मरीजों की पहचान में भी तेजी आई है, उनका मानना है कि मैं पिछले कई वर्षों से टीबी की जाँच कर रहा हूं। मैंने कुछ अलग करने की सोची तो मुझे लगा कि जो काम मैं कर रहा हूं, उसी में कुछ और बेहतर किया जा सकता है। इसके बाद मैंने अपने गांव समेत आसपास के गांवों में टीबी को लेकर लोगों को जागरूक करना शुरू कर दिया। ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को थोड़ी जानकारी कम रहती है शहर के मुकाबले। अगर वहां के लोग भी टीबी के लक्षण और इसके बचाव के बारे में जान लेंगे, तो इस बीमारी को जड़ से समाप्त करने में काफी मदद मिलेगी। यह सोचकर मैंने लोगों को जागरूक करने का काम शुरू किया।



मनु सिंह ने बताया कि पहले लोग टीबी संक्रमित होते थे तो फैक्ट्रियों में मजदूरी करते हुए जाँच नहीं करवाते थे, उनका स्वास्थ्य बिगड़ जाता था, तब देर होने के बाद लोग सरकारी अस्पताल में दिखाने पर टीबी की पुष्टि होने पर इसका इलाज करवाते थे, परन्तु अब सरकार के अथक प्रयासों का फल देख रहे हैं कि लोग जागरूक होकर खुद खांसी, बुखार जैसे लक्षण दिखाई देते ही खुद जाँच करवाते हैं जिनमें कई लोग संक्रमित होते हैं तो कई टीबी से संक्रमित नहीं भी होते हैं।

## 44 वाहिनी द्वारा मंगुराहा से लेकर भितिहारवा गांधी आश्रम तक हर घर झंडा हर घर तिरंगा कार्यक्रम का आयोजन किया गया



दैनिक अयोध्या टाइम्स से नरकटियागंज संवाददाता दीपू साह आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत दिनांक 06.08.2022 को समय 8:30 बजे से 11:00 बजे तक 44 वाहिनी ससस्त्र सीमा बल की सीमा चौकी "ए" समवाय मंगुराहा में "हर घर झंडा/ हर घर तिरंगा" अभियान–2022 के तहत सीमावर्ती क्षेत्र में Flag Code की विशेषताओं से अवगत कराते हुए सीमा क्षेत्र मंगुराहा से भितिहरवा गाँधी आश्रम तक "हर घर झंडा/हर घर तिरंगा" कार्यक्रम आयोजन किया गया।

जिसमे वाहिनी द्वारा झंडा, बैनर एवं प्रचार वाहन से देश भक्ति गीत के साथ रैली निकाली गई । रैली मे स्थानीय लोग, स्कूल के बच्चे व अध्यापक शामिल हुए । कार्यक्रम के दौरान लगभग 100 स्कूल के बच्चे, स्थानीय नागरिक व 44 वाहिनी सशस्त्र सीमा बल, एवं क्षेत्रक मुख्यालय बेतिया के 02 प्रशिक्षु सहायक कमांडेंट, 04 अधीनस्थ अधिकारी, तथा 07 अन्य बल कार्मिकों सहित , कुल 13 बलकर्मी उपस्थित रहे ।

# अस्पतालों में पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार) बेतिया। जिले में 01 अगस्त से चल रहे स्तनपान सप्ताह की सफलता को लेकर अभियान तेज है। विभिन्न स्वास्थ्य केन्द्रों पर स्तनपान सप्ताह को लेकर विभिन्न तरह के कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में मैनाटांड़ प्रखंड के चपरिया टोला स्थित हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर पर भी स्तनपान को लेकर पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। सीएचसी मैनाटांड़ के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ विजय कुमार चौधरी ने बताया कि प्रखण्ड के सभी हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर में पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।



जिसमें अस्पताल की सभी नर्सिंग स्टाफ शामिल हुईं और स्तनपान को लेकर अपने–अपने विचार रखे। इस दौरान स्तनपान से संबंधित फोटो भी बनाये गये और स्लोगन भी लिखा गया। प्रतियोगिता में बीएचएम अशोक कुमार पाण्डेय, सीएचओ आशीष कुमार अग्रवाल, आशा चंपा देवी, आशा फैसिलेटेटर कौशल्या देवी समेत अन्य नर्सिंग स्टाफ मौजूद थे। सिविल सर्जन डॉ बिरेंद्र कुमार चौधरी ने विश्व स्तनपान सप्ताह को लेकर बैरिया सीएचसी का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि जन्म के बाद छः महीने तक मां का दूध अमृत समान होता है। इसे नजर अंदाज न करें। निरीक्षण के दौरान सीएचसी प्रभारी डॉ मिथिलेश कुमार व डीपीसी अमित कुमार गुप्ता मौजूद थे। डीपीएम सलीम जावेद ने बताया कि विश्व स्तनपान सप्ताह की सफलता को लेकर लगातार विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन कर सामुदायिक स्तर पर लोगों को जागरूक करने का प्रयास किया जा रहा है। सभी स्वास्थ्य केंद्रों पर स्तनपान से संबंधित फोटो लगाया जा रहा है, ताकि स्तनपान को बढ़ावा मिल सके।

## बगहा विधिज्ञ संघ की मतगणना शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न

पंचानन सिंह अयोध्या टाइम्स बगहा पश्चिमी चंपारण। बगहा विधिज्ञ संघ भवन के ऊपरी मंजिल पर शनिवार को बार चुनाव के मतों की गिनती निर्धारित समय से आधा घंटा विलंब



से शुरू हुई। मतदान पदाधिकारी मिथिला शरण सिंह ने बताया की चुनाव परिणाम शनिवार को देर शाम 7 बजे तक जारी हुआ। जिसमें अध्यक्ष पद पर द्विजेंद्र नाथ तिवारी232 मत पाये और महासचिव पद पर उपाध्याय सुनील कुमार228 मत पाकर चुनाव जीते। उपाध्यक्ष पद पर अनंत प्रसाद, महफूज आलम और ब्रज भूषण नाथ तिवारी, संयुक्त सचिव पद पर अभिषेक कुमार, श्याम कुमार पांडेय और प्रमोद गुप्ता जीते। चुनाव पदाधिकारी ने बताया की सबसे पहले कार्यकरिणी समिति सदस्य की गिनती का काम शुरू हुआ। जिसमे संजय सिंह, विनोद कुमार पांडेय, हिमांशु कुमार, रमेश कुमार पांडेय, सुशील कुमार पांडेय, सतीश कुमार विजयी रहे। उसके बाद पुस्तकालयाध्यक्ष पद पर महाराणा प्रताप सिंह, अंकेक्षक पद पर शिव कुमार राव तथा कोषाध्यक्ष पद पर रघुनाथ प्रसाद गुप्ता विजय रहे। सहायक सचिव पद पर रत्नेश कुमार तिवारी, शाहजहां अंसारी और बलराम यादव जीते।

# जवाहर इंटरनेशनल स्कूल में आयोजित हुआ सावन फेस्टिवल

☒ सफलता के लिए प्रतियोगिता आवश्यक : संतोष रौशन

मोतिहारी पूर्वी चंपारण। जवाहर इंटरनेशनल स्कूल लक्ष्मीपुर मोतिहारी के परिसर में आज सावन फेस्टिवल का आयोजन किया गया। इसके अंतर्गत बच्चों के बीच राखी ,मेहंदी एवं फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता आयोजित की गई। इस दौरान स्कूली बच्चों ने सावन के थीम पर आकर्षक नृत्य प्रस्तुत कर भाव विभोर कर दिया।कार्यक्रम का दीप प्रज्ज्वलित कर विधिवत उद्घाटन विद्यालय के निदेशक संतोष रौशन ने किया। इस मौके पर विद्यालय के निदेशक ने कहा कि प्रत्येक बच्चों में अलग–अलग प्रतिभाएं छिपी हुई रहती है, जरूरत है समय–समय पर वैसे बच्चों को अवसर प्रदान कर प्रोत्साहित करने का। उन्होंने कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतियोगिता अतिआवश्यक है। निदेशक श्री रौशन ने हाल ही में सीबीएसई मैट्रिक में सार्वाधिक अंको से उत्तीर्ण छात्रों का उदाहरण देते हुए कहा कि लक्ष्य बनाकर पढ़ने से शत–प्रतिशत सफलता अवश्य प्राप्त होती है।इस दौरान हुए मेंहदी प्रतियोगिता में प्रथम कक्षा, दशम के रुपाली कुमारी, द्वितीय स्थान कक्षा नवम के दीक्षा कुमारी तथा तृतीय स्थान कक्षा सात की साक्षी कुमारी को प्राप्त हुआ। वही राखी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्रीति कुमारी, द्वितीय स्थान कक्षा 7 की साक्षी राज तथा तृतीय स्थान कक्षा 5वी की प्रतीक्षा कुमारी को प्राप्त हुआ। फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान कक्षा पांचवी के संस्कार रौशन, द्वितीय स्थान कक्षा सातवीं प्रीति कुमारी, तथा कक्षा दशम की कनकलाता को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। सांस्कृतिक कार्यक्रम में कक्षा 9 कि ग्रुप को प्रथम, द्वितीय स्थान, कक्षा द्वितीय की हर्षिता रंजन तथा तृतीय स्थान कक्षा आठ के ग्रुप को प्राप्त हुआ। सभी सफल प्रतिभागियों को




विद्यालय की ओर से शिक्षिका नूतन कुमारी द्वारा प्रशस्ति पत्र एवं पुरस्कार दिए गए। अन्य प्रतिभागियों में कक्षा 8 के साक्षी कुमारी, संस्कृति कुमारी, निधि कुमारी, पलक कुमारी ,तस्लीम, निशांत कुमार, साक्षी राज, कनक लता ,अंजली कुमारी, साक्षी भारती, दीपिका कुमारी, रागिनी कुमारी , अभिलाषा कुमारी, मिनी कुमारी ,गुनगुन कुमारी, श्वेता कुमारी आदि की सराहनीय प्रस्तुति रही। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय की शिक्षिका अनीमा कुमारी, श्वेता कुमारी, रेनू सिन्हा, सुलोचना कुमारी, बिंदेश्वरी बिहारी लाल, आनंद कुमार , श्रेया , स्मिता श्रीवास्तव , नंदकिशोर कुमार तथा संजय कुमार सिंह अन्य लोगों ने मुख्य भूमिका निभाई। कार्यक्रम का संचालन कक्षा नवम की अंशु कुमारी ने की।

# सीतामढ़ी जिले में कुल 1911.60 मे0 टन (42480 बैग) यूरिया उर्वरक आवंटित किया गया है

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार) इफको कंपनी के यूरिया उर्वरक का रैक 5 अगस्त को सीतामढ़ी में लगा है इफको के क्षेत्रीय पदाधिकारी द्वारा बताया गया है कि इस रैक से सीतामढ़ी जिले में कुल 1911.60 मे0 टन (42480 बैग) यूरिया उर्वरक आवंटित किया गया है आच्छादन के समानुपातिक आवश्यकतानुसार उर्वरक विक्रेताओं, पैक्सो, स्वावलंबी समितियां तथा अन्य को उर्वरक उपावंटित किया जा रहा है। प्रत्येक उर्वरक दुकान पर एक कृषि कर्मी की प्रतिनियुक्ति की गई है जिनके पर्यवेक्षण में उपावंटित उर्वरक की बिक्री की जाएगी कर्मियों द्वारा भौतिक सत्यापन के पश्चात ही उर्वरक की बिक्री की जाएगी। यूरिया उर्वरक की बिक्री सरकार द्वारा निर्धारित मूल्य 266.50 पैसे (45 कि0ग्रा0 प्रति बैग) की दर से बिक्री किया जाएगा। निर्धारित मूल्य से अधिक मूल्य पर उर्वरक की बिक्री करने पर उर्वरक दुकानदार सहित प्रतिनियुक्त कर्मियों को जिम्मेदार मानते हुए अग्रेतर कार्रवाई की जाएगी। सभी उर्वरक विक्रेता प्रखांडों के किसानों को नियमानुसार खाद देना सुनिश्चित करेंगे। इफको कंपनी द्वारा प्रखंडवार आवंटित की गई उर्वरक की मात्रा (1) प्रखांड का नाम–बैरगनिया , उर्वरक दुकान का नाम – बैरगनिया नगर पैक्स–13.50 टन, (300 बैग), बेलगंज पैक्स–13.50,(300 बैग), भकुरहर पैक्स–15.75,(350 बैग), मुसाचक पैक्स–15.75,(350 बैग),व्यापार मंडल, बैरगनिया–15.75,(350) बैरगनिया प्रखण्ड को कुल आवंटित उर्वरक–74.25 मे0 टन (1650 बैग)

(2) प्रखंड का नाम–बाजपट्टी , उर्वरक दुकान का नाम – रतवारा पैक्स–13.50 टन, (300 बैग), माधोपुर पैक्स–13.50,(300 बैग),ग्रीन एग्रो वॉल्युशन, मोहनपुर डूमरा–15.75,(350 बैग), बाजपट्टी प्रखण्ड को कुल आवंटित उर्वरक–42.75 मे0 टन (950 बैग)

3) प्रखंड का नाम–बथनाहा , उर्वरक दुकान का नाम रू– पंथपाकर सोखा के0एस0एस0 एस0एस0 लि0–15.75 टन, (350 बैग), मटियार कला पैक्स–15.75 ,(350 बैग), पोखरभिंडा के0एस0 एस0एस0एस0 लि0 पैक्स–18.00, (400 बैग), भुतही के0एस0एस0 एस0एस0 लि0 पैक्स–31.50,(700 बैग), सीतामढ़ी सदर अनु0 के0एस0एस0एस0एस0 लि0 रीगा –4.50,(100), ग्रीन एग्रो वॉल्युशन, मोहनपुर डूमरा–4.5,(100 बैग), बथनाहा प्रखण्ड को कुल आवंटित उर्वरक–90.00 मे0 टन (2000 बैग) (4) प्रखंड का नाम–बेलसंड , उर्वरक दुकान का नाम – बिस्कोमान केन्द्र–90.00 टन, (2000 बैग), वॉल्युशन, मोहनपुर डूमरा–4.5,(100 बैग), बेलसंड प्रखण्ड को कुल आवंटित उर्वरक–94.50 मे0 टन (2100 बैग) (5) प्रखंड का नाम–चोरौत , उर्वरक दुकान का नाम – बाररी बेहटा पैक्स –9.00 टन, (200 बैग), चोरौत पूर्वी पैक्स–6. 75,(150 बैग), चोरौत उतरी पैक्स–6.75,(150 बैग), चोरौत प्रखण्ड को कुल आवंटित उर्वरक–22.50 मे0 टन (500 बैग)

6) प्रखंड का नाम–डूमरा , उर्वरक दुकान का नाम – बिस्कोमान केन्द्र बाजार समिति –135.00 टन, (3000 बैग), विशवनाथपुर पी0के0एस0एस0एस0एस0–15. 75,(350 बैग), बलुआ के0एस0एस0 एस0एस0 लि0 पैक्स–15.75,(350 बैग), भुतही के0एस0एस0एस0एस0 लि0 पैक्स–4.50(100बैग),भूपभैरो पैक्स–18.00(400बैग), डूमरा प्रखण्ड को कुल आवंटित उर्वरक–189.00 मे0 टन (4200 बैग) (7) प्रखांड का नाम–मेजरगंज, उर्वरक दुकान का नाम रू– मेजरगंज पैक्स –15.75 टन, (350 बैग), खैरवा पैक्स–15.75,(350 बैग), डुमरी कला पैक्स–18.00,(400 बैग), कोआरी मदन पैक्स–15.75,(350 बैग), सीतामढ़ी सदर अनु0 के0एस0एस0एस0एस0 –22. 50,(500), ग्रीन एग्रो वॉल्युशन, मोहनपुर डूमरा–9.00,(200 बैग), मेजरगंज प्रखण्ड को कुल आवंटित उर्वरक–96.75 मे0 टन (2150 बैग)

(8) प्रखंड का नाम–नानपुर, उर्वरक दुकान का नाम– कल्याणी के0एस0 एस0एस0एस0 लि0–15. 75 टन, (350 बैग), मझौर पैक्स–13.50,( 300 बैग), कोईली के0एस0एस0 एस0एस0 लि0 पैक्स–15.75,(350 बैग), बिरार पैक्स लि0–15.75,(350 बैग), रायपुर पैक्स लि0 –15.75,(350), ददरी पैक्स लि0–13.50,(300 बैग), ग्रीन एग्रो वॉल्युशन, मोहनपुर डूमरा–13.50,(100 बैग), नानपुर प्रखण्ड को कुल आवंटित उर्वरक–103.50 मे0 टन (2300 बैग) (9) प्रखंड का नाम–परिहार , उर्वरक दुकान का नाम – कोइरिया पीपरा पैक्स–18.00 टन, (400 बैग), खौरवा मलाही पैक्स–13.50,(300 बैग), भेड़रहिया पैक्स–13.50,(300 बैग), बबुरवन पैक्स–15.75,(350 बैग), नरंगा उतरी पैक्स लि0–13. 50,(300 बैग) धनहा पैक्स लि0–13.50,(300 बैग), सिरिसिया पैक्स लि0–15.75,(350 बैग), बथुआरा पैक्स लि0–15.75,(350 बैग), ग्रीन एग्रो वॉल्युशन, मोहनपुर डूमरा–9.00,(200 बैग), भुतही के0एस0एस0 एस0एस0 पैक्स लि0–4.50,(100 बैग), परिहार प्रखण्ड को कुल आवंटित उर्वरक–132.75 मे0 टन (2950 बैग) (10) प्रखांड का नाम–परसौनी उर्वरक दुकान का नाम गिसारा पैक्स–18.00 टन, (400 बैग), परसौनी मैलवार पैक्स–15.75, (350 बैग), ग्रीन एग्रो वॉल्युशन, मोहनपुर डूमरा–4. 50,(100 बैग),परसौनी प्रखण्ड को कुल आवंटित उर्वरक–38.25 मे0 टन (850 बैग) (11) प्रखंड का नाम–पुपरी , उर्वरक दुकान का नाम रू–हरदिया पैक्स–15.75 टन, (350 बैग), बिस्कोमान केन्द्र, पुपरी –67.50,(1500 बैग), पुपरी प्रखण्ड को कुल आवंटित उर्वरक–83.25 मे0 टन (1850 बैग) (12) प्रखंड का नाम–रीगा , उर्वरक दुकान का नाम – बिस्कोमान केन्द्र रीगा–90.00 टन, (2000 बैग), पकड़ी पैक्स लि0–15.75,(350 बैग),रेवासी पैक्स लि0–15.75,(350 बैग), अनमोल एजेन्सी–15.75,(350 बैग), बलदेव एफ0पी0ओ0–15. 75,(350 बैग),कुशुमारी पैक्स लि0–15.75,(350 बैग), प्रसाद के0एस0एस0 एस0एस0 लि0–13. 50,(300 बैग), अन्हारी पैक्स लि0–13.50,(300 बैग), ग्रीन एग्रो वॉल्युशन, मोहनपुर डूमरा–11. 25,(250 बैग), रीगा प्रखण्ड को कुल आवंटित उर्वरक–207.00 मे0 टन (4600 बैग) (13) प्रखंड का नाम–रुन्नीसैदपुर , उर्वरक दुकान का नाम – बगही रामननगर पैक्स लि0–15.75 टन, (350 बैग), अथरी पैक्स लि0–15. 75,(350 बैग), रैण विशुनी पैक्स–15.75,(350 बैग), मानिक चौक दक्षिणी पैक्स–13.50,(300 बैग),गिद्धा फुलवरिया पैक्स लि0–15.75,(350 बैग), मेहसौल के0एस0एस0एस0एस0 लि0–15. 75,(350 बैग), रुन्नीसैदपुर मध्य पैक्स लि0–15.75,(350 बैग), बुलन्दपुर पैक्स लि0–15.75,(350 बैग), मानिक चौक उतरी पैक्स लि0–13.50,(300 बैग), महिन्दवारा पैक्स लि0–15. 75,(350 बैग), मोरसण्ड पैक्स लि0–15.75,(350 बैग),धनुषी पैक्स लि0–15.75,(350 बैग),टिकौली पैक्स लि0–13. 50,(300 बैग), कौड़िया लालपुर पैक्स लि0–13.50,(300 बैग), सीतामढ़ी सदर अनु0के0एस0 एस0 एस0एस0 रीगा लि0–22. 50,(500 बैग), रुन्नीसैदपुर प्रखण्ड को कुल आवंटित उर्वरक–234.00 मे0 टन (5200 बैग) (14) प्रखांड कानाम सोनबरसा , उर्वरक दुकान का नाम –विशनपुर आधार पैक्स–13. 50 टन, (300 बैग), मढिया पैक्स लि0–13.50,(300 बैग), भलुआहा पैक्स–13.50,(300 बैग),मड़पा पैक्स–18.00,(400 बैग),जयनगर पैक्स लि0–13.50,(300 बैग),दोस्तिया पैक्स लि0–13. 50,(300 बैग), इंदरवा पैक्स लि0–15.75,(350 बैग), सोनबरसा संयुक्त के0एस0एस0एस0एस0 लि0–13.50,(300 बैग),बजरंज संयुक्त के0एस0एस0एस0एस0 लि0–13.50,(300 बैग), मानिक चौक उतरी पैक्स लि0–13. 50,(300 बैग),भुतही के0एस0एस0एस0 एस0 लि0–31. 50,(700 बैग), सोनबरसा प्रखण्ड को कुल आवंटित उर्वरक–173. 25 मे0 टन (3850 बैग) (15) प्रखंड का नाम–सुप्पी , उर्वरक दुकान का नाम –सीतामढ़ी सदर अनु0के0एस0एस0एस0 एस0–40.50 टन, (900 बैग), सुप्पी प्रखण्ड को कुल आवंटित उर्वरक–40.50 मे0 टन (900 बैग) (16) प्रखंड का नाम–सुरसंड , उर्वरक दुकान का नाम रू– बिस्कोमान केन्द्र सुरसंड–90.00 टन, (2000 बैग), आमना पैक्स लि0–13.50,(300 बैग), बघाड़ी पैक्स–13.50,(300 बैग), मलाही पैक्स–13.50,(300 बैग), डाढावारी पैक्स लि0–13.50,(300 बैग), सुरसंड प्रखण्ड को कुल आवंटित उर्वरक–132.75 मे0 टन (2950 बैग) (17) प्रखांड का नाम–बोखड़ा, उर्वरक दुकान का नाम रू– खड़का वसंत उतरी पैक्स–15.75 टन, (350 बैग),बोखड़ा प्रखण्ड को कुल आवंटित उर्वरक–15.75 मे0 टन (350 बैग) इसके साथ वेयर हाउस में सुरक्षित 129.60 मे0 टन (2880 बैग) जिले में कुल उर्वरक प्राप्त 1782.00 मे0 टन (39600 बैग) जिले में पर्याप्त मात्रा में उर्वरक उपलब्ध है जिला प्रशासन एवं राज्य सरकार द्वारा उर्वरक की कालाबाजारी पर निगरानी रखी जा रही है। उर्वरक अधिकृत विक्रेता से बैग पर छपे अधिकतम खुदरा मूल्य पर पॉस बायोमेट्रिक से ही क्रय किया जायेगा एवं बिक्री रसीद दिया जायेगा।

6 अगस्त को सभी प्रखंडों में प्रखंडवार उर्वरक की मात्रा बैरगनिया 7.560, बाजपट्टी 35. 145, बथनाहा 77.237, ींप बेलसंड, 7.245 बोखरा 6.750, चोरौत 69.840, डुमरा 54.855, मेजरगंज 4.005, नानपुर 53.775, परिहार 49.635 परसौनी 22.680, पुपरी 105.975, रीगा 11.750, रुनीसैदपुर 80.270 सोनबरसा 31. 489, सुप्पी 13.635, सुरसंड 91. 125. कुल 722.971 टन।

किसी भी आम जनता को उर्वरक मिलने में परेशानी या कठिनाई हो रही है तो पैनिक ना हो। उर्वरक की कालाबाजारी एवं अनिमियता की शिकायत मिलती है तो जिला प्रशासन के कंट्रोल रूम नंबर 06526–250316 पर कॉल कर शिकायत कर सकते हैं। या उर्वरक वितरण में अनियमितता और निर्धारित मूल्य से अधिक पर बिक्री की शिकायत दूरभाष संख्या–0612–2233555 पर प्रतिदिनः सुबह 10:00 बजे से 6:00 बजे तक। डी.ए.पी. का निर्धारित मूल्य–1350 रुपये प्रति बोरा (50 किलोग्राम) यूरिया का निर्धारित मूल्य–266.50 प्रति बोरा (45 किलोग्राम)।

# गर्भवती महिलाओं में एनीमिया होना खतरनाक : सीएस



(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार) मोतिहारी। गर्भवती महिला हमेशा अपने व होने वाले बच्चे को स्वस्थ देखना चाहती है। परन्तु स्वास्थ्य के प्रति लापरवाही कभी कभी भारी पड़ जाती है, इससे बचने के लिए सचेत रहकर सुरक्षित जीवन जीने की आवश्यकता है – यह कहना है पूर्वी चम्पारण के सिविल सर्जन डॉ अंजनी कुमार का। उन्होंने बताया कि गर्भवती महिलाओं में शरुआती तौर पर एनीमिया का होना आम बात है, परन्तु यह अधिक समय तक रहने पर खतरनाक हो जाता है। एनीमिया के कारण जच्चा–बच्चा की जान पर भी खतरा हो सकता है। इससे बचने के लिए समय समय पर महिला चिकित्सकों से जाँच कराएँ, सलाह लें एवं खुशहाल जिंदगी पायें। सदर अस्पताल में कार्यरत महिला चिकित्सक डॉ सुरुचि कुमारी ने बताया कि खून में आयरन यानी लौह तत्व की कमी एनीमिया कहलाती है। रक्त में हीमोग्लोबिन का स्तर सामान्य से कम हो जाने पर शरीर में ऑक्सीजन का प्रवाह बाधित होता है। जिससे गर्भवती महिलाओं में एनीमिया, प्रसव के दौरान या इसके बाद कई जटिलताओं व जोखिम को जन्म देता है। जैसे समय से पूर्व प्रसव का दर्द, जन्म के समय शिशु का वजन कम होना, कमजोर शिशु, मृत शिशु का जन्म आदि। गर्भावस्था में संक्रमण का भी खतरा रहता है। परजीवी संक्रमण जैसे मलेरिया, डेंगू या हुक वर्म आदि के कारण भी शरीर में खून की भारी कमी हो जाती है। इसलिए बीमारियों से बचाव करना भी गर्भवती महिलाओं के लिए बहुत जरूरी है। सिविल सर्जन डॉ अंजनी कुमार ने बताया कि गर्भवती महिला की हर माह प्रसव पूर्व जांच आवश्यक है। ताकि एनीमिया का पता लगाया जा सके। उन्होंने बताया कि एनीमिया के हल्के प्रभाव को संतुलित आहार से पूरा किया जा सकता है। जबकि गंभीर एनीमिया के लिए दवाइयों का इस्तेमाल होता है। गंभीर एनीमिया का तुरंत उपचार जरूरी है। अन्यथा जोखिम बहुत अधिक होता है। एनीमिया से बचने के लिए इन चीजों का प्रयोग जरूरी है जैसे– पालक, हरी सब्जी व मछली, दूध व अंडा आदि का नियमित सेवन। ये शरीर में आयरन की मात्रा को बढ़ाते हैं। सीएस ने बताया कि गर्भावस्था में बहुत अधिक चाय व कॉफी के सेवन से बचना चाहिए। अच्छी नींद लेनी चाहिए। गुड़ और चना का सेवन काफी लाभप्रद होता है। इसके साथ चुकंदर, सूखे मेवे व मौसमी फल जरूर लें।

# संक्षिप्त समाचार

## दो समुदायों के बीच हिंसक झड़प में कई घायल, पुलिस कर रही है कैंप

मोहिउद्दीननगर दलसिंगसराय (विकास कुमार पाण्डेय, अनुमंडल ब्यूरो चीफ) ! जिले के मोहिउद्दीन नगर थाना क्षेत्र में मोदीनगर बाजार स्थित थाना चौक के पास दो पक्षों में शनिवार को आपसी तनाव उत्पन्न हो गया, जिसके बाद दोनों पक्षों के बीच जमकर मारपीट हुई! मारपीट की



घटना में कई लोग जख्मी हो गए जिन्हें उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है ! सूचना मिलते ही पुलिस के आला अधिकारी घटनास्थल पर पहुंचकर स्थिति को नियंत्रित किया !रू मोहिउद्दीन नगर थाना के थानाध्यक्ष उमेश कुमार पासवान के नेतृत्व में पहुंची पुलिस टीम ने दोनों पक्षों को समझाकर शांत कराया एवं घायलों को प्राथमिक उपचार हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मोहिउद्दीननगर भेजा। गौरतलब है कि मोहर्रम एवं रक्षाबंधन का त्यौहार होने की वजह से दो समुदायों के बीच उत्पन्न तनाव पुलिस के लिए चिंता का विषय बना हुआ है ! घटना के संबंध में थानाध्यक्ष उमेश कुमार पासवान ने बताया कि दोनों पक्षों को शांत करा दिया गया है तथा स्थिति नियंत्रण में है, हालांकि स्थिति को तनावपूर्ण देखते हुए पुलिस अधीक्षक समस्तीपुर सहित अन्य वरीय पदाधिकारियों को स्थिति की जानकारी दे दी गई है ! सूचना पर घटनास्थल पर पहुंचे अनुमंडलाधिकारी मो. जफर आलम, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी ओमप्रकाश अरुण, प्रखंड विकास पदाधिकारी ओम प्रकाश, राजस्व अधिकारी हेमंत अंकुर सहित पदाधिकारियों ने घटनास्थल का मुआयना करते हुए हरैल गांव के घायल युवक दीपक से उसके गांव जाकर घटना का ब्यौरा लिया। इसके बाद सभी पदाधिकारी दूसरे पक्ष मो. रिजवान अहमद खान से भी घटना की जानकारी ली। दोनों पक्षों ने अपनी–अपनी बात अधिकारियों के समक्ष रखी। मौके पर इंस्पेक्टर जैकांत साव, मोहनपुर ओपी से एसआई मोनू राय,संजय कुमार कुशवाहा आदि सैकड़ों की संख्या में पुलिस बलों ने पहुंचकर स्थिति को नियंत्रण में लिया एवं तनावपूर्ण स्थिति को देखते हुए घटनास्थल पर पुलिस कैंप कर रही है।

## शिशु के संपूर्ण विकास के लिए स्तनपान जरूरी विश्व स्तनपान सप्ताह पर एनआरसी में माताओं की काउंसलिग

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार) शिवहर। नवजात शिशुओं के पोषण को ध्यान में रखते हुए जिले में सात अगस्त तक विश्व स्तनपान सप्ताह मनाया जा रहा है। स्तनपान का मुख्य उद्देश्य नवजात एवं शिशुओं में बेहतर पोषण सुनिश्चित कराना है। साथ ही उनकी रोग प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत कर उन्हें संक्रामक रोगों से सुरक्षित करना है। स्तनपान सप्ताह के मद्देनजर आशा व आंगनबाड़ी सेविकाओं सहित अस्पतालों की नर्स, एएनएम, ममता, चिकित्सक एवं



अन्य स्वास्थ्य कर्मी की ओर से प्रसूताओं व धात्री महिलाओं को नियमित स्तनपान के लिए जागरूक किया जा रहा है। इसी कड़ी में सदर अस्पताल में संचालित पोषण पुनर्वास केंद्र में भर्ती बच्चों की माताओं की काउंसिलिंग की गई। केंद्र की एफडी चित्रा मिश्रा ने महिलाओं की काउंसिलिंग कर स्तनपान के फायदे बताए। इस अवसर पर नर्सिंग स्टाफ सरोजिनी यादव, एएनएम खुशबू कुमारी, सावित्री कुमारी उपस्थित रहीं। चित्रा मिश्रा ने महिलाओं को बताया कि छह माह तक शिशुओं को सिर्फ स्तनपान कराना चाहिए। इसके बाद शिशु को संपूरक आहार देना शुरू कर देना चाहिए। उन्होंने बताया कि मां का दूध शिशु के मानसिक विकास, डायरिया, निमोनिया व कुपोषण से बचाव के लिए आवश्यक है। मानसिक एवं शारीरिक विकास के लिए स्तनपान अत्यंत आवश्यक है। इसका शिशु व बाल जीवन पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। शिशु के बेहतर विकास के लिए कम से कम दो साल तक स्तनपान कराना चाहिए। संपूरक आहार से बच्चे का उपयुक्त शारीरिक एवं मानसिक विकास होता है तथा बच्चा कुपोषणजनित कई तरह के बीमारियों से बचा रहता है।आइसीडीएस की ओर से भी जिले में आंगनबाड़ी सेविकाएं गर्भवती व धात्री महिलाओं के बच्चों को स्तनपान कराने के लिए जागरूक कर रहीं हैं। सेविकाएं शिशु के जन्म के एक घंटे के अंदर से लेकर छह माह तक लगातार बच्चों को मां का दूध पिलाने को प्रेरित कर रहीं हैं। माताओं को कोविड –19 में नियमों का पालन करते हुए मास्क लगाकर व दोनों हाथों को अच्छी तरह धोकर स्तनपान कराने के बारे में बताया जा रहा है।

## दहेज के लिए पत्नी की हत्या करने के आरोपी को दस वर्ष का कठोर कारावास

☒ एडीजे फास्ट ट्रैक द्वितीय की कोर्ट ने सुनाया फैसला , लगाया दस हजार का अर्थदंड

दैनिक अयोध्या टाइम्स संवाददाता दिगन्त श्रीवास्तव संत कबीर नगर। दहेज के लिए पत्नी की हत्या करने के आरोपी पति को अपर जनपद एवं सत्र न्यायाधीश फास्ट ट्रैक द्वितीय काशिफ शेख की कोर्ट ने दस वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई । कोर्ट ने सजा के साथ आरोपी सिंटू उर्फ सुधीर पर दस हजार रुपए का अर्थदण्ड भी लगाया है । अर्थदण्ड का भुगतान न करने पर आरोपी को तीन माह की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी । मामला कोतवाली खलीलाबाद क्षेत्र के ग्राम नाऊडांड का है । जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी विशाल श्रीवास्तव ने बताया कि प्रकरण में मृतका के भाई राम उजागिर ग्राम सिकरी थाना धर्मसिंहवा ने अभियोग पंजीकृत कराया था । वादी का आरोप है कि अपनी बहन संगीता की शादी ग्राम नाउँडाड निवासी सिंटू उर्फ सुधीर पुत्र सुग्रीम से किया था । बहन का गौना वर्ष 2010 में हुआ था । विदाई के दो माह बाद से ही पति सिंटू उर्फ सुधीर दहेज को लेकर बहन को प्रताड़ित करने लगे । ससुराल वाले दहेज में एक लाख रुपए नकद तथा मोटर साइकिल की मांग को लेकर दबाव बनाने लगे । कहे कि




दहेज नहीं ले आओगी तो तुम्हारी हत्या कर देंगे । बहन गरीबी का कारण बताकर मांग पूरी न होने की असमर्थता व्यक्त करती रही । पति सिंटू उर्फ सुधीर ने आपस में सांठगांठ करके दिनांक 9 जनवरी 2014 को समय लगभग दस बजे रात में उसकी बहन संगीता की हत्या कर दिया । प्रकरण में पुलिस ने दहेज उत्पीड़न एवं दहेज हत्या का अभियोग पंजीकृत किया । विवेचना के उपरांत पुलिस ने न्यायालय में आरोप पत्र प्रेषित किया । जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी विशाल श्रीवास्तव ने बताया कि अभियोजन ने आठ गवाहों को न्यायालय में प्रस्तुत किया । साक्षियों ने अभियोजन कथानक का समर्थन किया । अपर जनपद एवं सत्र न्यायाधीश त्वरित न्यायालय द्वितीय काशिफ शेख की कोर्ट ने पक्षों की बहस सुनने एवं पत्रावली पर उपलब्ध साक्ष्यों का अवलोकन करने के पश्चात आरोपी सिंटू उर्फ सुधीर को दोषसिद्ध करार देते हुए दस वर्ष के कठोर कारावास का सजा सुनाया ।